तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।40।।
ओं ह्रीं त्रैलोक्यनाथाह्लादकारकपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीरसागर की समुज्ज्वल, अमल लहरों से धवल।
देवता गाते निरन्तर, आपके हैं गुण विमल।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।41।।
ओं ह्रीं परमोज्ज्वलगुणसहितपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वाचस्पती के तुल्य निर्मल, विशद-प्रतिभादायनी।
आपकी है अर्चना ज्यों, पूर्णिमा की चांदनी।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।42।।
ओं ह्रीं वाचस्पतिसमानपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवनिधि चतुर्दश रत्न का, स्वामित्व जो चक्रेश को।
खग देव नर द्वारा समर्चित, पूजता तीर्थेश को।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।43।।
ओं ह्रीं चक्रवर्तिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोनों कुलों की शान्ति को निज, गुण विभूषित जो करें।
रमणीयता वरती उन्हें जो, शान्ति जिन पूजा करें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।44।।

ओं ह्रीं उभयकुलकमलविकासन सूर्याशुसमाचरण प्रतिष्ठितगुणमण्डिताय अत्यन्त सुन्दराकृतिपुत्रवन्तिगेहमण्डनपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अर्चना शुभ भाव से, अरिहन्त की जो नित करें।
श्रावकोत्तम व्रतधरन, सद्बुद्धि को वे नर वरें।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।45।।

ओं ह्रीं श्रावकसद्वृत्तकरणबुद्धिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

शारदी नव ज्योत्स्ना-सग, कीर्ति का विस्तार हो।
प्रभु अर्चना हो मात्र शुभ, जिनके लिये आधार हो।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।46।।

ओं ह्रीं परमोज्ज्वलकीर्तिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कल्याणकर्त्री, राजलक्ष्मी, धनदसम वे नर वरें।
जिनराज की शुभ भावना से, जो नर सतत पूजा करें।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।47।।

ओं ह्रीं कल्याणकरराजधनदसमलक्ष्मीपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तिर्यंच नारक भव कभी, जिन भक्त को मिलता नहीं।
नर देव भव शुभ लोक में, पाते प्रभू के भक्त ही।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।48।।

ओं ह्रीं नरकतिर्यग्गतिरहित नरसुरगतिसहित भवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भावना षोडश विमल प्रभु, अर्चना से प्राप्त हों।
तीर्थंकर पदवी मिले, जिससे कि निश्चय आप्त हो।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।49।।

ओं ह्रीं षोडशकारणभावनासाधनबलपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोकदुर्लभ स्वप्न सोलह, नाथ माता देखती।
एकजननी पद प्रसव, निजपूज से अवलोकती।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।50।।

ओं ह्रीं जिनजननीतुल्यैकजननीपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थेश वन सुरशैल पर, होता विशद अभिषेक है।
जिन अर्चना का हृदय जिनके, प्रकट विमल विवेक है।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।51।।

ओं ह्रीं मेरुशिखरे स्नानयुक्तपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

संसार भोग शरीर से, निर्वेद दीक्षा-दायकम्।
नरजन्म प्रभु की अर्चना से, शुभ मिले शिवकारकम्।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।52।।
ओं ह्रीं सिद्धसाक्षिदीक्षाकारिभवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनचन्द्र के निर्मल सुशासन, के असीम प्रभाव से।
वज्रवृषभ नाराच संहनन, प्राप्त पूजन-भाव से।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।53।।
ओं ह्रीं वज्रवृषभनाराचसंहननमुक्तिप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नत्रयामृत से विभूषित, ध्यान के उपयोग से।
निर्मल यथा विख्यात हो, जिन अर्चना के योग से।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।54।।
ओं ह्रीं यथाख्यातरत्न त्रयाचरणयुक्तबलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निज ध्यान में तल्लीन, आतमस्वाद अम्मृत चख सके।
तीर्थेश शान्ति जिनेश पूजन से, निजातम लख सके।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।55।।
ओं ह्रीं स्वात्मध्यानामृत स्वादसहितभवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

राजती बारह सभा जिन, समवसरणे सर्वदा।
त्रैलोक्यपति की अर्चना से, प्राप्त होती सुखप्रदा।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।56।।
ओं ह्रीं समवसरणविभूतिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भगवान को दिव्य-ध्वनी, दिनरात में चतुवार हो।
जिननाथ पूजन से मिले, कैवल्य, बेड़ पार हो।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।57।।
ओं ह्रीं सत्केवलज्ञानविभूषिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टकर्मों से रहित, गुण अष्ट युत परमात्मा।
निर्भय निरंजन सिद्धपद, पाता सुधी धर्मात्मा।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।58।।
ओं ह्रीं निरंजनपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चित्त को आनन्द देती, नाथ की दिव्यार्चना।
सम्यक्त्या प्रभु के पुजारी, की करें सुर वन्दना।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।59।।
ओं ह्रीं चिदानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके विमल मुखचन्द्र से, अम्मृत वचन अनुपम झरें।
त्रैलोक्य की सम्पत्तियाँ, प्रभु के पुजारी को वरें।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।60।।
ओं ह्रीं वचनानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिननाथ के तन की अलौकिक, दिव्य परमाणु-प्रभा।
देखकर होती प्रफुल्लित, देव नर पशु की सभा।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।61।।
ओं ह्रीं कायानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वार्थवर्गों का प्रसाधक, नाथ मनसा चिन्तनम्।
तीर्थेश की दिव्यार्चना का, है महत् अतिशय फलम्।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।62।।
ओं ह्रीं अर्थवर्गसिद्धसाधनकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु के गुणों का संस्तवन, निज वाणि-वीणा से करें।
वे काम-वर्ग-प्रसाधिनी, उत्कृष्ट महिमा को वरें।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।63।।
ओं ह्रीं कामवर्गसाधनकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिननाथ पूजा से सफल, निजदेह को जो नर करें।
आश्चर्य क्या यदि मोक्ष-लक्ष्मी, को सहज ही वे वरें।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।64।।
ओं ह्रीं मोक्षवर्गसाधनसिद्धकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निर्लिप्त श्री जिनराज चौंसठ, ऋद्धियों के नाथ हैं।
झुक रहे शत इन्द्र के पद, पंकजों के माथ हैं।।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना।
श्री शान्तिनाथ जिनेश की मैं, नित करूँ आराधना।।65।।
ओं ह्रीं चतुःषष्टिऋद्धिसमानांगाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

शत एक विंशति तीर्थंकर, जिनचन्द्र की पूजा करों।
विघ्नौघ के शान्त्यर्थ मैं, पूणार्घ्य चरणों में धरों।।66।
ओं ह्रीं शतैकविंशतिकोष्ठात्मकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अरिहन्त के अतिरिक्त कोई, है नहीं जग में शरण।
संसार सागर में सुनौका, मात्र हैं प्रभु के चरण।।
इतीष्टप्रार्थनां कृत्वा पुष्पांजलिं क्षिपेत्।
ओं ह्रीं अर्हंजगच्छान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रवशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।
(जातिपुष्प या लवंग से 108 बार जाप देवें)

जयमाल

शान्तिनाथ भगवान के, गुण हैं अपरम्पार। निराधार संसार में, हैं सबके आधार।।
पंचम श्री चक्रीश हैं, द्वादशवें रतिनाथ। षोडशवें तीर्थेश को, सदा नवाऊं माथ।।
जय शान्तिप्रभो चिद्रूपराज, जगजलनिधि में अद्भुत जहाज।
जय कर्मविनाशक शान्तिनाथ, जय विघ्नविनाशक शान्तिनाथ।।
गुणवारिधि जय हे शान्तिनाथ, जय मुक्तिवधू के प्राणनाथ।
जय आत्महितंकर शान्तिनाथ, जय कामविनाशक शान्तिनाथ।।
जय पाप क्षयंकर शान्तिनाथ, भुवनत्रय-कीर्तित शान्तिनाथ।
जय सम्यक्दर्शन हेतु नाथ, शिवमार्ग-विधायक शान्तिनाथ।
जय भवगृह-अर्गल शान्तिनाथ, भवदुख-विध्वंशक शान्तिनाथ।
जय मातृ शुभे जय शान्तिनाथ, त्रिभुवन त्राता पितु शान्तिनाथ।।
जय शान्तिनाथ शिवनाथ प्रभो! जय हित-सन्देशक नाथ विभो।
जित जन्म जरा औ मृत्यु जयी, जय रोग-शोक-हर कर्मजयी।।
शिवसुख के साधन शान्तिनाथ, भवभय के हारी शान्तिनाथ।
जय मानवली के मदमर्दक, जय शान्तिनाथ गुणगुणवर्धक।
तस्करकृतदुःख-विनाशक हे ! भय भूत पिशाच विदारक हे।
नवग्रह कृत बाधा दूर करो, व्यालादि विपति चकचूर करो।
जय भव्य-सरोज-दिवाकर हो, जय शिवसुख-पद्म-प्रभाकर हो।।

ओं ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पाप-पंक में मग्न, विश्व के हैं सब प्राणी। मल-प्रक्षालन.... हेतु, नाथ की मंगल वाणी।।
प्रभु-पद-पंकज में जलधारा, अर्पित करते जो प्राणी।।
हो निश्चय नित्य विश्व में, शान्तिसुधा वह कल्याणी।।

।।शांतये शान्तिधारा।।

श्री शान्तिनाथ भगवान को, जो पूजे मन लाय। स्वर्गों में संशय नहीं, निश्चय शिवपुर जाय।।

इत्याशीर्वादः

ॐ

श्री वृहत् निर्वाण विधान (कविवर जगतराम जी कृत)

श्री वर्धमान निर्वाण पूजा

दोहा

त्रिशला सिद्धारथ तनुज, नाथवंश वर पाय। महावीर जिन-चरणयुग, मोकों होहु सहाय।।1।।

महावीर ने जा समै, गमन कियो शिवखेत। सोई समय विचारकें, पूजें सुधी स्वहेत।।2।।

ओं ह्रीं श्री महावीरातिवीरसन्मतिवर्धमानादिकानेकनामसंयुक्त भगवज्जिनेन्द्र! अत्रावतर अवतर सम्वौषट्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधकरणम्।

(चौपाई)

मंगल निर्वाणक, महावीर, प्रात समै पूजो भवि धीर।

दस अतिशय जनमत जिनपाय, केवलज्ञान माहिं दसगाय।।

तिनि जिनवर प्रति चरनन ओर, वे जलधार जुगल कर जोर।

मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर।।

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके सुरकृत चौदह सार, ये अतिशय चौंतीस चितार।

तिन जिनवर प्रति पूजनधारि, भ्रमरलुब्ध वरचन्दन गार।।

मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर।।

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट प्रातहारजजुत देव, जिनकी करें इन्द्रशत सेव।
तिनजिनवर प्रतिमा अवलोक, लेवर शालि अखण्डितपोख॥
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर॥
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

चार अनन्त चतुष्टय सार, ये गुण छयालीस हैं जगतार।
श्री जिनप्रतिमा पूजों सार, ले वर सुमन विविध परकार॥
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर॥
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्षुधातृषादि आठ-दश-दोष, हरत शिवगवर भवदधि सोस।
तिनि जिनवर प्रतिबिम्ब निहार, पूजनको भरिनेवज थार॥
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर॥
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोकालोक भेद जिनगाय, जीव अजीव तत्त्व दरसाय।
तिन प्रतिबिम्ब निरख निजहेत, दीपक ले निर्मल अतिचेत॥
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर॥
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

मिथ्याभ्रमकर भ्रमे अनादि, जगतजीव जग में बहु बादि।
तिनको शिवगति सार बताय, तिनप्रति धूप दशांग चढ़ाय॥
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर॥
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवृष उपदेशो हितकार, चलो जात अब ताई सार।
परमत खण्डन-मण्डन लोक, तिनप्रति लेफल चरणन ढोक।।
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर।।
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके समोशरण में साध, चौदह सहश एकदश बाध।
ऐसे जगत प्रभु पद पाय, ले जलादि पूजों जिनराय।।
मंगल निर्वाणक महावीर, प्रातः समय पूजो भविधीर।।
ॐ ह्रीं श्री निर्वाणकल्याणप्राप्ताय श्री महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

पुष्पोत्तर तजि धवल, जु छट्ट अषाढ़ की। उत्तर फाल्गुन माहिं, बसे वर मायकी।।
अवधि अमरपति जान, रतन बरसाइयो। कुन्दनपुर हरि आय, सु मंगल गाइयो।।
ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्लषष्ठीदिने गर्भमंगलमण्डिताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

दिवस पंचदस मास वसु, बरस पचत्तर सार। रहे जु चौथे काल के, वीर लियो अवतार।।

(सुन्दरी छन्द)

शुक्लचैत्र चतुर्दशि के दिना, नखत उत्तराफाल्गुन सुन गना।
सजिगजेन्द्र गिरीन्द्र न्हवाइयो, लखि जिनेन्द्र सुमंगल गाइयो।।

दोहा

मृगपति का पगचिन्ह तसु, तन उतुंग कर सात। हेमवरण जिनबिम्ब नित, पूजहुँ भव्य प्रमात।।
ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदशीदिने जन्ममंगलप्राप्ताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

आयु बहत्तर बरस, कुंवरपद तीस जू। सो लखि अथिर उदास, भये जगदीश जू।।
करि लौकान्तिक देव, सुथिर निज थल गये। रचि शिविका झठ नव्य, प्रभू तामें लये।।
पुरतें निकट न दूर, मनोहर बन गये। चन्द्रकान्ति मणिमयी, शिलालखि सुर ठये।।
शिविकातें, पधराय, तहाँ सुरगण खड़े। दुविध परिग्रह त्याग, प्रभु समरस बढ़े।।
प्राची दिशि सन्मुख, पद्मासन माँड़ि के। नमः सिद्ध कहि, पञ्चमुष्टि कच काढ़ि के।।
निज आतम समदेव, सिद्ध सब साख दे। त्र्योदश विध चारित्र, धरयो अभिलाख दे।।
मगसिर मास दसें सुदि, जनम नखत परो। ता दिन परम दिगम्बर, पद प्रभु जी धरो।।
साल विटप तर बैठि, बेर अपराहिनी। दीक्षा गही मिलाय, शीघ्र शिव भामिनी।।

दोहा

जिन शिरकेश पवित्र अति, रतन पिटारे धार। क्षीरोदधि पधराय हरि, निजथल गये नृतकार।।
ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णदशम्यां तपोमंगलमण्डिताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

तन ममत्व तजि विश्वपति, शिलापट्ट वर पाय। आरूढ़े तप धरत ही, चौथो ज्ञान उपाय।।
अजर अमर अव्यक्त जो, अजपा ताको ध्याय। ध्यानसिद्धि के अर्थ प्रभु,
अचल मेरुसम थाय।।

गुप्ति तीन गढ़ तुल्य भये तिनके महा। संजम बख्तर तुल्य भये कहना कहा।।
कर्म-शत्रु जीतन की रुचि लागी तबै। गुण अनेक सेना भट होत भए तबै।।
अनशनादि तप धारिजु द्वादश भाति जी। ध्यान विषें सुविशेष शुद्धता पाय जी।।
अट्ठावीस मूलगुण अग्रेसुर कढ़े। कर्म प्रवल अरि तिनहिं जीतने प्रभु बढ़े।।

(गीतिका छन्द)

लेश्याशुकल गजराज चढ़ि के, भूप अनुप्रेक्षा ढुके।
धाय धर्म-कृपाण गहि अरि, महि-सेना पर झुके।।
उत्कृष्ट जिन परिणाम, कटकतनी सुरक्षा कारनै।
वर ज्ञानरूप प्रधान, अग्रेसुर कियो जगतारने।।

(अडिल्ल)

अति विशुद्ध परिणाम सैन्यपति छाइयो। रागादिक अरि हनन प्रबल उद्यम कियो।।
ध्यान जतन कर मूल प्रगट कर तन्त्र के। करे चलाचल वीर जिनेश्वर सत्र के।।
अधःकरन के भाव जो प्रथमहिं भाय के। हो परिणाम न अन्य क्षपक दिश जाय के।।
शुकल ध्यान असि प्रथम ध्याय ता करम ले। प्रबलमोह करि घात, जाय बारम थले।।

(गीतिका छन्द)

ता थलैं दूजे शुकल बल त्रय, घातिया हनि जय लयो।
चढ़ि तेर में गुणस्थान श्रीजिन, समोसरन विभो ठयो।।
रचि कोट वेदी भूमि पर मध, थंम तूपादिक(?)जहीं।
जोजन प्रमान जु सोभगी, निरवार पद पूजत तहीं।।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करत विहार जिनेश भविक उपदेशते। सकल संघ कर युक्त चरम तीर्थेश ते।।
नाना विध अतिशय कर युक्त प्रभू तहाँ। आनि विराजे विपुलाचल पर्वत जहाँ।।
जहँ दिव्यधुनि प्रतिशब्द जय जय सभामण्डप भवन में।
धर्मोपदेश सो आइयो, तिन निकट निर्वानक समै।।
तब सुर असुर इन्द्र करि, अर्चित सवकार जानकें।

पावापुरी उद्यान सार, तहाँ पधारें आन कें।।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णामावस्यायां मोक्षमंगलमण्डिताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इत्युच्चार्य कर्णिकायां पुष्पांजलि क्षिपेत्।

(रागविलावल)

प्रकृति सात महावीर प्रभू, जिन प्रथम विदारी।
तीन आठ जे भानि के, नव छत्तीस सिधारी।।
दस में लोभ द्वादशें, सोलह तहाँ जु टारी।
त्रेसठ प्रकृति खिपाइयो, तिन जिन की बलिहारी।।1।।

दोहा

सैतालिस प्रकृति हनी, कर्म घातिया वीर।
नाम तीनदश आयु त्रय, नाशि भये महावीर।।2।।

ॐ ह्रीं निर्वाणकल्याणप्राप्ताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

पंच नामधर ते सुगुरु, पावापुर वन आय। शेष करम रिपु जीतने, शिवमग चलन उपाय।

(छन्द मात्रिक)

आये जहँ त्रिजगपति, ध्यान कीनो महा। तृतिय पद शुकल माड़ो, सुहानो तहाँ।।
तब प्रभू दिव्यध्वनि, शब्द-रहिते भये। अन्त के दिवस वा-की, चतुर्दश रहे।।
प्रभु गये उल्लङ्घि कर, तेर गुणस्थानतें। चढ़ अजोगे शुकल, तुरिये पद ध्यानतें।।
जोग सु निरोध करि, चरम-जुग समय जे। हनि बहत्तर चरम, समय त्र्योदश जजे।।

चौद में अन्त सु अघातिया जय लई। चेतना शक्ति वर ज्योति परगट भई।।
भांति यों अष्ट अरि कर्मदल हनि गये। उर्ध्व जिन गमन कर शिवपुरी थिर गये।।
पक्षवर भ्रमर, कार्तिक अमाबस दिना। स्वातिवर नखत परभात समया गिना।।
लोक के शिखर जिनदेव आरूढ़ि यो। सुख अनन्तो निरन्तर जहाँ पूरियो।।
मोह अरि बीस वसु प्रकृति जुत क्षय कियो। प्रथम क्षायिक सम्यक्त्व गुन प्रगटियो।।
पंच भट सहित ज्ञानावरन चूरियो। तब अनन्तो दुतिय ज्ञानगुन पूरियो।।
दर्शनावरण नव प्रकृति जुत दलमलो। तब अनन्तो सुदर्शन तृतिय गुन मिलो।।
अन्तराय कराय जा पंच भटन जुत हनो। तब तुरिय वीर्य गुन जिन अनन्तो बनो।।

(पद्धरी छन्द)

तेरानव भट जुत नाम मार, पंचम सूक्षम गुण प्रगट सार।
चवकटक सहितकर आयुनाश, छटवाँ अवगाहन गुन प्रकाश।।
हनि गोत्र करम को जोर ताय, सातम जु अगुरुलघु गुण उपाय।
जिन युगल वेदनी घाति पाय, गुण अष्टम अव्यावाध पाय।।
इन आदि अनन्तें गुन समाज, पायो प्रभु मुक्तिपुरी स्वराज।
तबही सुरेश बल अवधि पाय, निजसेन साज सब देव आय।।
तादिन वह पुरी प्रकाशरूप, दीपन समूह करके अनूप।
धरती आकाश सब दिशनि मांहि, दीपक माला प्रजुलित लखांहि।।
तब परमौदारिक प्रभु शरीर, मंगल पंचम लखि सुर गहीर।
शुभगन्ध पहुप आदिक मनोग, वसु द्रव्यनिकर पूजा नियोग।।
फिर चन्दन अगरादिक लियाय, तब वर उतुंगसुर सब रचाय।
जिनतन मंगलमय तहँ सचाय, तब अग्निकुमार सुशीश नाय।।
तिन मुकुटनि करि ज्वाला उठाय, भस्मीकृत शबसब होत तहाय।
सब सुर जय-जय कर तासु ओर, उर आनद परम सुभक्ति सोर।।
तब प्रथम इन्द्र आदिक सुराय, कर भस्म वन्दना सीस नाय।

कहते यह पुरुषोत्तम महान, बर धर्म तीर्थनायक सुजान।।
सो देखो अस्त भयो दिनेश, अब मिथ्यातम भ्रमकर प्रवेश।
ये प्रानी वृषतें विमुख होय, करके निज इच्छा मार्ग सोय।।
जग में सु प्रवरतेंगे विशाल, इमि पश्चिम (?) सुरगण भक्तिमाल।
अपनी पवित्र लखि अमरराय, पुनिकर पूजा निजथान जाय।।
तादिनतें अब या भरत खेत, दीपावलिका प्रगटी उपेत।
प्रति वर्ष भव्य पूजा कराय, निर्वाण समय उत्सव सु पाय।।
पीछे सुन नर नारिन समाज, कर मोदक ले परिवार साज।
अति आनन्द मंगल निरतसोय, कीनोंतिन अतिही कहसुकोय।।
ते सन्मति मति दे अरज येह, तुम करुणासागर विमल नेह।
भटके बहुकाल अनन्त बादि, तुम बिन कृपालु जगमें अनादि।।

(अडिल्ल)

या भव-वन के मांहि, बहुत दुख पाइयो। जानो ज्ञान प्रसाद, तुमहिं तट आइयो।।
ताते कहने मांहि, कछू आवे नहीं। वांछितार्थ पद तुम कर, पाऊँ प्रभु सही।।
ॐ ह्रीं निर्वाणकल्याणकप्राप्ताय महावीरजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीतिका छन्द)

या भांति निर्वानक सु पूजन, समय की जो विधि कही।
सो नय प्रमाण के न्याय करि, भव्य तुम जानों सही।।
यह समय लखि जिन पूज उत्सव, करन भक्ति जु वश सही।
दुर्गतिहरण सुखहेत भवि, करिये परमरुचि कर सही।।

दोहा

तीन बरस वसुमास दिन, पंद्रह रहे सु सार। महावीर शिवपुर गये, चौथे काल मँझार।

ॐ ह्रीं निर्वाणकल्याणप्राप्ताय महावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निर्वाणकाड विधान के बाद है -

(त्रिभंगी छन्द)

श्री वीर जिनेसुर, नमत सुरेसुर, वसु विधिकर जुग पद चरचं।
वहु तूर बजावें जिनगुन गावें, ध्यावें पावें मुक्तिपदं।।

इत्याशीर्वादः

ॐ ह्रीं निर्वाणमंगलमण्डितमहावीरजिनेन्द्राय नमः।

(इस मन्त्र का 108 जाप्य देना चाहिए)

वर्तमान चतुर्विंशतिजिन-निर्वाणभूमि पूजा

दोहा

मंगलकारी सर्व जिन, दाता परम चितारी। फलद रचाकर चित्त हम, पूजत कर सिर धारि।।1।।

(अडिल्ल)

दीप अढ़ाई माहिं, मेरुपन सोभिते। पंच विदेह सु भूमि, तहाँ मन मोहते।।
तिन मधि तीर्थंकर, मंगल सुखदाय जी। रहें सदा जहाँ इन्द्र, जजें शिरनाय जी।।

(गीतिका छन्द)

शिरनाय सुरगण खग नरेश्वर, करें महोत्सव नित नये।
परिवार युत भर पुण्यकोष, प्रतच्छ लखि श्री जिन जये।।
विहरंत केवल गणधरादिक, करत वर उपदेशते।
तहँ सुनहिं अति रुचि धारि-भविजन, त्यागगृहतप करहिं ते।।3।।

(अडिल्ल)

कालचतुर्थम सार, सदा वरते जहाँ। यति श्रावकद्वय धर्म चले शाश्वत वहाँ।।
तीर्थाधिप चक्री, हलिहरि प्रतिहरि घने। उपजे पुरुष अनूप, जहाँ शिवमग बने।।4।।

दोहा

जहाँ न मिथ्यामारगी, एक धरम अरिहन्त। इन्द्रादिक आवें जहाँ, करे भक्ति भगवंत।।5।।
भरतैरावत दश विषें, कालचक्र द्वय जोग। तामधि जम्बूद्वीप यह, दक्षिण भरत मनोग।।6।।

(अडिल्ल)

अब इस पंचमकाल, पाय इस क्षेत्र सो। विद्यमान तीर्थंकर, मंगल नाहिं सो।।
ताते परम उछाह, सुमन बचसो रचो। सिद्धभूमि थल पाय, हरष पूजा सुचो।।7।।
वृषभनाथ जिन आदि, वीर पर्यन्त जी। चौबिस सब इस क्षेत्र, भये भगवन्त जी।।
कल्याणक तिन सर्व, पूज्य हरि कर भये। अब सिद्धालयमाहिं, यहाँ जिन पूजिये।।8।।

ॐ ह्रीं वर्तमानचतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्राणि! अत्र अवतरतावतरत संवौषटं।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

(अथाष्टकम्)

अडिल्ल

कनक कलश में छीर, उदक निरमलहि ले। इन्द्र जजें हम शकति, नाहिं वह जल मिल।
तृषा-निवारण-हेतु, जजों हितकरि अदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि केशर कुंकुम, जल सोहिलो। परम सुरभि लहि भँवर, करहिं तापर किलो।।
भव आताप निवारण, कारण आनदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

शशि मोती सम शालि, अखंडित वीन के। परम सुगन्धी उज्ज्वल, उत्सव चीन के।।
अक्षयपद के हित जजों, जिन चरणदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुमनस्वर्णमय सुरतरु, के सम ल्यायके।। विविध प्रकार बनाय, सुगन्ध मिलायकें।।
मन्मथदाह निवार जजों, जिन पुण्यदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

बाबरपुरी पिराक, तुरत घृत में कढ़े। बहुत सुगन्ध लखात, हृदय आनन्द बढ़े।।
क्षुधानिवारण कंचन, थार सम्हारदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय कंचन जड़ित, दीप अति सोहने। बहु सुगन्ध नहीं धूम, लखत मनमोहने।।
तिमिरविनाशक दीपक, ले पूजों सदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारन सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन अगर कपूर, आदि दश कूटकें। सुरभिसार अलि, मत्त जुरे कर टूटके।।
धूप दहन में खेत, कर्म अरि हों विदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

खारक दाख लवंग, लायची आनिये। श्रीफल वर बादाम, जायफल जानिये।।
ये फल दूषणरहित, मुक्ति-फल हेतदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

वारि सुगन्ध सुरत्न, पहुप उरु धोयके। दीपधूपफल वसु, विधि अर्घ सँजोयके।।
या विधि अर्घ सँजोय, स्वपर हित ज्ञानदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तत्त वितत घन सुषिर, साजि वाजिन सवै। मंगलगीत उचारि, नारिनर मिल तवै।।
शुचिकर सब श्रृंगार, जजों विधि से तदा। कैलाशादिक थान, मुकति मारग सदा।।
ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा

अट्टावर्याम्म उसहो, चम्पाए वासुपुज्जजिण्णाहो। उज्जते णेमिजिणो,
पावाए णिव्वुदी महावीरो।।

(अडिल्ल)

अष्टापद आदीश, ईश जगतार जी। वासुपूज्य चम्पापुर, परम उदार जी।।

नेमिनाथ गिरनार वीर पावापुरी। मुक्ति गमन इन थान, नमन तिन नितकरी।।

ॐ ह्रीं यथाक्रमं सिद्धपदप्राप्तेभ्यः वासुपूज्यनेमिनाथ महावीरजिनेन्द्रभयः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा

वीसंतु जिणवरिंदा, अमरासुरवंदिदा धुदकिलेसा। सम्मेदे निरिसिंहरे, णिव्वाणपथा णमो तेसिं।।

अडिल्ल

अजितनाथ जिन आदि, जिनेश्वर बीसजी। अमर असुरगण जिनपद, नावत सीस जी।।

गिरि सम्मेद शिखरतें, लोक शिखर गये। तिन जिनवर उर ध्याय, नाय शिर जय जये।।12।।

ॐ ह्रीं सम्मेदाचलान्निर्वाणपदप्राप्ततीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

शिवथल प्रापण मास तिथि, नाम सवनि सुखकार।

वर्णन सुरभि सुलुब्धचित, भयो भ्रमर आकार।।1।

(पद्धरी छन्द)

जय ऋषभदेव कैलाशशीश, वदि माघचतुर्दशि मुक्ति ईश।

चम्पापुर द्वादश में जिनेश, भादों सुदि पंचमितिथि सुदेश।।2।।

गिरनारनेमि जिन मुक्तिथान, आषाढ़ सुदी आठें महान।

पावापुरतें प्रभु वीरनाथ, कार्तिक वदि चौदश प्रणमि माथ।।3।।

पुनि शिखर सम्मेद उतंग सीस, तहँ अतिपवित्र वर कूट बीस।

तिनके अब ग्रन्थ प्रमान नाम, भाषों जिन मुक्तिकरन सुठाम।।4।।

जय सिद्धकूट मन सिद्धि ठाम, जिन अजित लयो शिवनारि धाम।
जय चैत्र शुकल पंचमि महेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।5।।
जय धवल दत्त गिरि शोभनीक, जिन संभव शिवतियवरीठीक।
जय चैत्र सुदी छठ दिन नरेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।6।।
जय आनंदकूट महामनोग, लहि अभिनंदन शिवनारि जोग।
जय छठ वैशाख शुकल सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।7।।
जय अचलनाम इक कूटसार, जिन सुमतिभये भव-उदधि पार।
जय चैत सुदी ग्यारस महेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।8।।
जय मोहन कूट समेद शीश, पदमप्रभ मुक्त भये महीश।
जय फागुन सुदि सातें नरेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।9।।
जय वर प्रभासनामा सुकूट, तहँतें सुपार्श्वप्रभु करम टूट।
जय फागुन सुदि सातें सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।10।।
जय ललितकूट प्रभु परम ठाम, चंद्रप्रभ लहि तहाँ मुक्तिधाम।
जय भादों सुदि सातें सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।11।।
जय सुप्रभकूट पूजें महेश, जय पुष्पदन्त हम हर कलेश।
जय भादोंसुदि नवमी सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।12।।
जय विद्युतवर शुभकूट थान, हनिशीतल प्रभु तहाँकर्ममान।
जय आश्विनसुदि एकम सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।13।।
जय संकुलनामा कूट तास, श्रेयांस कियो जग शीसवास।
जय श्रावणसुदि बारस तिथेस, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।14।।
जय वीर सुसंकुलनाम तास, लहि विमलविमल पदताहि पास।
जय सुदि अषाढ़ आठें महेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश।।15।।
जय नाम स्वयंभू कूट वेश, वरी शिवनारि अनंत जिनेश।

जय द्वादशि चैत्रसुदी सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥16॥
जय सीरीदत्त वर कूट जास, पंचमगति श्रीजिन धर्म पास।
जय चैत्र अमावस तहँ नरेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥17॥
जय शान्तप्रभासी कूट जेह, प्रभु शान्ति जगत शिवपुर वसेह।
जय ज्येष्ठ भ्रमर भू तिथि सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥18॥
जय कूट ज्ञानधरसरस ठौर, प्रभु कुन्थु भये त्रयभुवन मौर।
जय वदि वैशाख प्रथम दिनेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥19॥
जय नाटककूट समेद शीस, जय अरहनाथ हुव मुकति ईश।
जय चैत्र अमावस तिथि सुदेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥20॥
जय संवलकूट पवित्र थान, हनि मल्लि मल्ल कमन अमान।
जय फाल्गुन सुदि पंचमि प्रवेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥21॥
जय निर्जरकूट पवित्र गाय, मुनि सुव्रत मुक्ति वधू रमाय।
फाल्गुन वदि बारस सोदिनेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥22॥
यह कूट मित्रधर परमठाम, नमिनाथ पधारें मुक्ति धाम।
जय सुदि वैशाख चतुर्दशेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥23॥
जय कूट सुवर्ण सुभद्र नाम, प्रभुपारस तजि सब जगतकाम।
जय श्रावण सुदि सातें खगेश, सम्मेद शिखर आये सुरेश॥24॥
शिवगमन समय इनको बखान, अनुक्रम लखि अंकहि नाम जान।
जिन प्रथम द्वतिय चौथे गुणेश, पंचम सप्तम अष्टम जिनेश॥25॥
एकादश दशम जिनेन्द्र देव, पूर्वान्ह समय शिव मार्ग लेव।
पुनि बारस तेरस चौदमीस, षोडस सत्रम उनईस बीस॥26॥
वावीसम तेवीसम जिनेश, किये निशासमय शिव में प्रवेश।
तीजे नवमें छठवें जिनुक्त, ये दिनके पिछले पहर मुक्त॥27॥

जय पंद्रम जिनजु अठारमेय, इकईसम वीर जिनेश सेय।
इनकी अरुणोदय बेलसार, जिन मुक्ति वधू सँग मिलन कार।।28।।
जय ऋषभ नेमि अरुवासुपूज्य, पद्मासन शिवलहि जगतपूज्य।
अवशेष ऊर्ध्व आसन प्रवीन, निर्वाण पुरी प्रति गमन कीन।।29।।

(सोरठा)

मोह प्रबल गढ़ तोर, सकल करम रिपु मारियो।
लोकशिखर की ओर, गमन कियो अविचल भये।।30।।
ॐ ह्रीं वर्तमानकालसम्बन्धितचतुर्विंशतिजिनेन्द्राय नमः।

(108 बार जाप देना)

प्रत्येक निर्वाण पूजा
दोहा

तीर्थंकर भगवान के, वन्दों पंच कल्यान। अतिशय ठाम मनोगसव, वन्दों शिर धरि ध्यान।।

ढार (ते साधु मेरे उर वसो)

साधु जहाँ निजध्यान धरि, पावें सु केवल ज्ञान।
वन्दों सुठौर प्रशस्त जो, तीर्थ प्रधान जहान।।
जा थान सों केवलपुरी, निर्वाण पहुँचे जान।
पूजों सु थान पुनीत जो, जा सम सु थान न आन।।
ॐ ह्रीं वर्तमानकाल-सम्बन्धि-जिनेन्द्राद्यसंख्यातमनुय
अत्र अवतरतावतरत संवौषटं आह्वाननम्।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

अष्टक (ढार कार्तिक की)

प्रानी उज्ज्वल जल मुनिचित्त सौ, भूस्पर्श बिना करधार हो।
प्रानी सुवरण घट भर ल्याइये, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी चन्दन सरसम शीतलो, वीर केशर कुंकुम गार हो।
प्रानी भवआताप निवारिकें, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी कुन्दकलीसम शालि ले, अरु बीन अखंडित थार हो।
प्रानी श्रेष्ठ अखैपद कारने, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी परम सुगन्धी फूल ले, पुनि परख प्रछाल सो आन हो।
प्रानी कामदहन के कारने, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी मोदक खाजे आदि जे, पकवान विविध मनहार हो।
प्रानी कञ्चन थार संजोयके, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी दीपक जोति सुहावनी, जिमि रतन अमोलक सार हो।
प्रानीकर धरि परम उछाहसों, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी गंध सहित वर धूप ले, पावक मँह खेवत सार हो।
प्रानी अशुभ करम अरिजारने, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी दाख लवंग सु लायची, पिस्तादिक आम अनार हो।
प्रानी अजर अमरपद कारने, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रानी जल फलादि वसु द्रव्यले, कर कनक रकेवी धार हो।
प्रानी जिनवांक्षक जिन जोयकें, जिन मुनिगण पूजन कार हो।।
प्रानी सिद्ध-भूमि थल पायकें, अरु अतिशय मंगल ठाम हो।
भवि परम उछाह सुधार कें, जिन मुनिपद पूजन कार हो।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

उत्तम भाव उपाय, श्री जिन तीरथ वन्दना।
कीजे मन वच काय, नय प्रमाण के न्याय कर।।
ॐ ह्रीं प्रत्येकनिर्वाणातिशयक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येकार्घ्य

गाथा

वरदत्तो य वरंगो, सायरदत्तो य तारवरणयरे। आहुट्टयकोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसि।।

(गीतिका छन्द)

वरदत्त और वरङ्ग यतिवर, और सायरदत्त जी।
इन आदि साड़े तीन कोड़ी, मुनी हर दुखसत्त जी।।
तारबर नगर समीपतें वसु, कर्महर शिवपद लयो।

जल आदि अर्घ बनाय नित, उर धार हम पूजन ठयो।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीवरदत्त-वरांगकुमारसायरदत्तादिपंचाशल्लक्षकोटित्रयमुनीनां निर्वाणस्पदश्रीतारंगा-सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा

णेमिसामि पज्जण्णो, संबुकुमारो तहेव अणुरुद्धो। बाहत्तरि कोडीओ, उज्जन्ते सत्तसया सिद्धा।।

(गीतिका छन्द)

श्रीनेमिनाथ प्रद्युम्न जी अरु, सम्बुकुमार दयाल जी।

अनुरुद्ध मुनि इत्यादि जे, षट्-काय के रखपाल जी।।

सातसैं बहत्तरकोडि मुनि, गिरनार तें शिवपद लयो।

जल आदि अर्घ बनाय तिन, उर धारि हम पूजन ठयो।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीं नेमीनाथ प्रद्युम्न-शम्बुकुमारानुरुद्धादिमुनीनां सप्तशतकोत्तरद्वासप्ततिकोटिसंख्याना मुक्तिस्थानेभ्यः श्री गिरनारसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- रामसुदा वेण्णिजणा, लाडणारिदाण पंचकोडीओ।

पावागढ़वरसिंहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

जुगल रामसुत्त कर्मनि घात, लाड़ देश नृप आदि विख्यात।

पांच कोडि पावागढ़ शीश, मुकति गये वन्दों तिन ईश।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीरामचन्द्रस्य लाडनरेन्द्रपुत्रयादिमुनीनां पंचकोटिप्रमितानां निर्वाणास्यपदेभ्यः श्रीपावागढ़ सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- पंडुसुआ तिण्णिजणा, दविडणारिदाण अट्टकोडीओ।
सेत्तुजयधिरिसिंहरे, णिव्वाण गया णमों तेसिं।।

(छन्द मात्रा 20)

पाण्डुसुत तीन नृप सो, देश द्राविड़ तने। आदि वसु कोडि मुनि तरणतारण भने।।
शीश सेत्तुञ्जयगिरि-तें परमपद लयो। तिनहिं हम मन वचन, कर सु पूजन ठयो।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीयुधिष्ठिर-भीमार्जुनादिमुनीनां वसुकोटिप्रमितानां निर्वाणास्पदेभ्यः श्री शत्रुंजय-सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- सत्ता जे बलभद्दा, जदुवणारिदाण अट्टकोडीओ।
गजपंथे गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

(छन्द मात्रा 20)

सात वल भद्र अरु, नृपति जदुवंशिये। आदि वसु कोड़ि मुनि, करम विध्वंसिये।
शीस गजपन्थगिरि-तें परमपद लयो। तिनहिं हम मन-वचन, काय कर सिर नयो।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीवलभद्रादिवसुकोटिप्रमितमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः श्रीगजपन्थसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- राम हणू सुग्गीओ, गव्यगवाक्खो य णीलमहाणीलो।
णवणवदीकोडीओ, तुंगीगिरि णिव्वुदे वन्दे।।

(ढार भरथरी को)

रामहनू सुग्रीवजी, अरुगवयगवाख्य नील अवर महानील जी।
इन आदिक दक्ष, तेगुरु पूजों भावसों जी।।

निन्यानवे कोडीउ, तुंगीगि रि शिवपद लेइउ।
तिनको कर जोड़ जी, ते गुरु पूजों भाव सों जी।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीराम-हनुमन्तकुमार-सुग्रीव-सुडील-गव-गवाख्यनील-महानील-कुमारादि-नवनवति-कोटि- प्रमितमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः श्रीमांगीतुंगी-सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- णंगाणंगकुमारा, कोडपञ्चद्धमुणिवरा सहिया।
सुवणागिरिवरसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसि।।
नंगानंग कुँवर जुग भास, पांच कोड़ि अरु लाख पचास।
सोनागिरि चड़ि लहि भवतीर, तिनहिं नमन हम करत सुधीर।।

ॐ ह्रीं श्रीनंगानंगकुमारादिसार्धपञ्चकोटिमुनीनां निर्वाणापदेभ्यः श्री सोनागिरि सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- दहमुहरायस्स सुवा, कोडीपञ्चद्धमुणिवरा सहिया।
रेवाउहयतडग्गे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

(चौपाई)

दसमुखराय तने सुत और, साड़े पांच कोड़ि मुनि जोर।
रेवानदी उभय तट पाय, मुक्ति गये वन्दों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री रावणपुत्रादिसार्धपंचकोटि-प्रमितानां-मुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः श्रीरेवारोधोभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- रेवाणइए तीरे, पच्छिमभायम्मि सिद्धवरकूडे।
दो चक्की दह कप्पे, आहुट्टयकोडिणिव्वुदे वंदे।।
ढार ''ते साधु मेरे उर बसो''
रेवानदी तट भाग पश्चिम, सिद्धिवर तहँ कूट।

दो चक्रवर्ति अनंग दस, तहँते करम अरि छूट।।
इन आदि साड़े तीन कोड़ि, मुनीश शिवपद पाय।
जल आदि अर्घ बनाय तिन, उरधार मंगल गाय।।

ॐ ह्रीं श्रीचक्रवर्तिद्वयकामदेवदशकादिसार्धत्रय-कोटिमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः रेवानदीपश्चिमदिग्भागस्थ- सिद्धवरकूटसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा -

बडवाणीवरणयरे, दक्खिणभायम्मि चूलगिरिसिंहरे।
इन्द्रजीद कुम्भयणो, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

(चौपाई)

बड़वानी बड़नयर सुहाई, दक्षिणभाग चूलगिरि गाई।
इन्द्रजीत घटकर्ण तहाँ ते, मुक्ति गये हम नमत यहाँ ते।।

ॐ ह्रीं श्री इन्द्रजीतकुम्भकर्णयो निर्वाणास्पदेभ्यः बड़वानी बड़नगर ग्रामयो दक्षिणदिग्भागस्थचूलगिरिसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

पावागिरिवरसिहरे, सुवण्णभद्दाइ मुणिवरा चउरो।
चेलणाणईतडम्मे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

(गीतिका छन्द)

वरनगर निकट उत्तंग परवत, नाम पावागिरि परो।
ताके समीप नदी जु चेलना, नाम तट ताको धरो।।
वर ध्यान मुनिवर चार सुवरण, भद्र आदि महान जो।

लहि मुक्तिथान अनन्तसुख, तिनको त्रिकाल प्रणाम जो॥11॥

ॐ ह्रीं श्रीसुर्णभद्रादिचतुर्णा मुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः पावागिरिशिख रेभ्यः अथवा चेलनानदीतटेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- फलहोड़ी वरग्रामे, पच्छिमभायम्मि द्रोणगिरिसिहरे।
गुरुदत्ताइमुणिदा, णिव्वाणगया णमो तेसि॥

(ढार परमादी की)

फलहोड़ी वर ग्राम, पश्चिम दिशि के माहीं। द्रोणगिरिवर नाम, पर्वत के सिर तांहीं॥
गुरुदत्तादि मुनीश, पंचमगति तहँ पाई। तिनि मुनिकों कर जोर, पूजत अर्घ बनाई॥12॥

ॐ ह्रीं श्री गुरुदत्तादिमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः श्री फलहोड़ीबड़ग्राम पश्चिम दिग्भागस्थद्रोणगिरिसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

णायकुयारमुणिदो, बालि महाबालि छेय अच्छेया।
अट्ठावय गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥

(ढार परमादी की)

नागकुमार मुनीन्द्र, बाल महाबाल जी। छेद अभेद ऋषीन्द्र, तिगुन-माल सुधार जी॥
गिरि कैलाश महान, जु शिखरतें परनी। शिविरमणी सुखकार, वन्दन तिननित करनी॥

ॐ ह्रीं श्रीबाल-महाबाल-नागकुमारादिमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः श्री कैलाशगिरिसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- अच्चलपुर वरणयरे, ईसाणे भाए मेढगिरिसिहरे।
सोहुट्ठयकोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥

(पद्धरि छन्द)

अचलापुर की दिशि ईशान, गिरिमेरु शिखर धर परम ध्यान।

आहूठकोड़ि मुनि मोक्ष पाय, तिनकों, त्रिकाल हम शीश नाय।।

ॐ ह्रीं श्री सार्धत्रयकोटिमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः अचलापुरग्रामस्य ईशान दिग्भागस्थ श्री मुक्तागिरिसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

वसस्थलवरणियरे, पच्छिमभायम्मि कुंथुगिरिसिहरे।

कुलदेसभूसणमुणी, णिव्वाणगयाणमो तेसिं।।

(ढार जौगी रासा की)

वनसथलपुर निकट मनोहर, पच्छिम भाग दिशाने।

नाम कुन्थुगिरि शिखर तहाँ पर, करम कुलाचल भाने।।

कुलभूषण दिशभूषण स्वामी, वेश दिगम्बर धारी।

योगनिरोध परमपद पायो, तिनहिं प्रणाम हमारी।।

ॐ ह्रीं श्री कुलभूषण-देशभूषणमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः

वंशस्थलगिरिपश्चिमदिग्भागस्थकुन्थलगिरि-सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- जसरहरायस्य सुआ, पंचसयाइं कलिंगदेसम्भि।

कोडिशिलाकोडिमुणी, णिव्वाणगयाणमो तेसिं।।

(सुन्दरी छन्द)

नृप यशोधर के सुत पांच सौ, सरस देश कलिंग विषें सु जे।

रूचिर कोटिशिला मुनिकोटि जे, गये मुक्ति तिन्हें कर जोड़ जें।।

ॐ ह्रीं श्री यशोधरपुत्रस्य कलिंगदेशेशीयपंचशतकभूपत्यादिकोटिप्रमितमुनीनां निर्वाणास्पदेभ्यः कोटिशिलासिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

पासस्स समवसरणे, सहिया वरदत्त मुणिवरा पंच।

रेस्सिदीगिरिसिहरे, णिव्वाणगयाणमो तेसिं।।

अडिल्ल

समोसरण वर सहित, पार्श्वजिनदेव जी। रेसन्दीगिरि पर्वत, आये देव जी।।

श्री वरदत्त आदि मुनि, राज तहां गये। निर्वानक ते साध, पूज्य त्रयजग भये।

ॐ ह्रीं श्री वरदत्तादिपंचर्षीश्वराणां निर्वाणास्पदेभ्यः श्रीरेशन्दीगिरि (नयनागिरि)सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(चौपाई)

निःबृति जीवन जेह प्रमान, चतुरवीस जिन आदि बखान।

दौसै साड़े चौदा कोड़ि , द्वादश शतक इक्यासी जोड़ि ।।

और असंख्य परम ऋषिराज, लोकशिखर लहि तजि जगकाज।

इसही भरतक्षेत्रतें वीर, तिनहिं चितारि जजत हम धीर।।

ॐ ह्रीं

चतुर्विंशतितीर्थंकरादिद्वादशशतैकाशीप्युत्तरद्विशतसार्धचतुर्दशकोटिमुख्यमुनीनामन्येषां चासंख्यातमुनिवराणां निर्वाणापदेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

सरस गाथन के अनुसार जी, परम महालघु बरननकार जी।
अवरजिन शासन अनुसारजे, मुनिसमूह जजों उर धार जे।।

दोहा

पाटिलपुर के निकट तें, सेठ सुदर्शन सार। पायो अविचल ठाम जहँ, सुख अनन्त अविकार।

ॐ ह्रीं श्री सुदर्शनश्रेष्ठिन: निर्वाणास्पदेभ्यः पाटलिपुत्रस्थारामसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

जलगत थलगत सरित उदधिगत जानि ये। परवतगत सिद्धनि के, थोक प्रमानिये।।
कुल गिरिवर गत नाम, कुधर गत जानिये। कंचनगिरि गत जे, शिवलोक विषें ठये।।
कुन्ड-द्रहनि गत, वन उपवन गत सार ये। गिरि गर्भनतें गत भव, एक सिधारये।।
सब नरथल तें, शिवपद पायो सार जू। सिद्धसमूह चितार जजों, उर धार जू।।

ॐ ह्रीं श्रीसर्वक्षेत्रसम्बन्ध्यनेकमुनिवराणां सिद्धक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री अतिशय क्षेत्र पूजा

गाथा -

पासं तह अहिणंदण, णायछहि मंगलाउरे वंदे।
अस्सारम्भे पट्टणि, मुणिसुव्वओ तहेव वंदामि।।

(गीतिका छन्द)

श्री पार्श्वनाथ जिनेश को जमि, त्योंहि अभिनन्दनहिं को।
आयो समवसृत मंगलापुर, रम्यता कवि कहिय को।।
तातें उभै जिन मंगलापुर, बंदि मन वचन तन तहाँ।

आशारमे पट्टन विषें समव-सरण मुनि सुव्रत जहाँ।।

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथभिनन्दनयोः समवसरणास्पदङ्गलापुरक्षेत्राय, मुनिसुव्रतस्य समवसरणास्पदाशारम्यपट्टनक्षेत्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा- बाहुबलि तह बदंमि, पोयणपूरत्थिणापुरं बंदे।
संती कुंथव अरिहो, वाराणसिए सुपासपासं च।।

(ढाल सीमन्धर जी की वन्दना की)

पोदनपुर बाहूबली वंदामी हो, शांति कुन्थु अरनाथ।
हस्तिनापुर तीन जिन वंदामी हो, अष्टांगै नय माथ।।
पुनिनगर वाराणसि विषैं हो, जिन पारस और सुपार्श्व जी।
वंदहु त्रिविध त्रिकाल भव हो, हरहु पीर कृपाल जी।।
भगवान ईश्वर सुगत विष्णु, श्रीजिन विपुल अपार जी।
जिननाम इन्द्र धरणेन्द्र चक्री, भक्ति करहिं महान जी।।

ॐ ह्रीं श्री

बाहुबलिचरणाश्रितपोदनपुराय, शान्तिकुन्थवरहचरणस्पृष्टहस्तिनागपुराय, सुपार्श्वपार्श्वपदाश्रित वाराणसीक्षेत्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

मह्वराये अहिछित्रे, वीर पासं तहेव वंदामि।
जंबुमुणिदो वंदे, णिव्वुइपतोबि जंबुवणगहणे।।

(पद्धरी छन्द)

मथुरा अहिक्षेत्र महाविशाल, महावीर पार्श्व वन्दों त्रिकाल।
जामुनके घन तहँ वनसुठान, शिवपाय जम्बु मुनिवर प्रमान।।

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथमहावीरचरणस्पृस्टमथुराहिक्षेत्रेभ्यः जम्बुनाम्नोऽन्तिमकेवलिनो निर्वाणस्पदक्षेत्राय मथुरानिकटे यमुनावनाय च अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

पञ्चकल्लाणठाणइं, जाणवि संजादमच्चलोयम्भि।

मणवयकायसुद्धी, सव्वे सिरसा णमस्सामि।।

(चौपाई)

इस वर मनुष लोक के मांहि, पञ्च कल्याण ठाम जे पाहिं।

सर्व तीर्थ मन वचतन ध्याय, ते थल पूजों अर्घ बनाय।।

ॐ ह्रीं अधद्वितीयद्वीपेषु सप्तत्युत्तरशतार्यक्षेत्रेषु यानि यानि पंचकल्याणकसंयुक्तस्थानानि तेभ्यः सर्वेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

अग्गलदेवं वंदमि, वरणयरे णिंयडकुंडली वंदे।

पास सिवपुरि वंदमि, होलगिरि संखदेवम्भि।।

(भुजंगी छन्द)

वरनगरतीऊनकुंडन विषैं, अग्गलदेव श्रीआदि देवानके थान हैं।

तिनहिं पग बंदिअरु पार्श्वजी, वंदिपुनि शिवपुरविषैं बंदिजोर हाथ हैं।

और होल्लयगिरि नाम पर्वतजहाँ, संखदेवम्मि कहिये जगन्नाथ हैं।

संखवर चिन्हसंजुक्त श्रीनेमि प्रभूतिनहिं पग बंदिकर जोर जुग हाथ हैं।।

ॐ ह्रीं आदिनाथपदांकितवरनगरक्षेत्राय, पार्श्वनाथपदाश्रितशिवपुरक्षेत्राय शंखचिन्हसंयुक्त-नेमिनाथचरणस्पृष्टहोलागिरिक्षेत्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

गोम्मटदेवं वंदमि, पञ्चसयं धणुहदेहउच्चतं।

देवा कुंडति बुट्टी, केसरिकुसुमाण तस्स उबरिम्भि।।

(चौपाई छन्द)

गोम्मटदेवं शरीर ऊँचाई, धनुष पाँच सौ, सुर बरसाई।

ऊपर केशर कुसुम महान, बंदो तिनहिं जोर जुग पान।।

ॐ ह्रीं पञ्चविंशत्युत्तर-पञ्चशतधनुः कायविराजितगोम्मटदेवपदाश्रितगोम्मटक्षेत्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

णिव्वाणठाण जाणिवि, अइसयठाणाणि अइसएसहिया।

संजादमिच्चलोए, सव्वे सिरसा णमस्सामि।।

सोरठा

जो निर्वान सु ठाम, सुन्दर महा मनोग जे। पुनि अतिशय जुत ठाम, मध्यलोक तीरथ यजे।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् मर्त्यलोके यानि निर्वाणक्षेत्राणि अतिशयक्षेत्राणि च सञ्जा-तानि तेभ्यः सर्वेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पाँच प्रकार के केवलियों की अर्चना

सर्वज्ञ विश्वपदार्थ ज्ञायक, समोसरन जो अवनि तैं।

चउकाल अथवा इन्द्र गणधर, सभानायक प्रसन तैं।।

उचरन्त दिव्यध्वनि अनक्षर आदि अतिशय जहँ घने।

सातिशय केवलि श्रीजिनेश्वर, तिनहिं पूजें हित तने।

ॐ ह्रीं अनन्तदर्शनसुखवीर्याद्यनन्तगुणमण्डितेभ्यः शातिशयकेवलिजिनेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(ढाल जोगीरासा की)

थिति उतकृष्टी कोटि पूर्व में, आठ बरस घट भाई।
बन्ध प्रकृति जे सर्वनाशि इक, सातावेदनि पाई।।
सत्त्व प्रकृति पच्चासी को भनि, उदय बियालिस धारी।
लेश्या शुकल ध्यान पद तीजो, परमानंद पदकारी।।
आठ लाख पुनि सहस अठानवे, पाँचसै दोय बखाने।
हैं उत्कृष्ट सजोग केवली, तेरहवें गुण ठाने।।
जहँ नव क्षायिकलब्धि अधिक हों, दोष अठारह भाने।
सुरकृत गन्धकुटी निर अतिशय, केवलि जिन सो ठाने।।

ॐ ह्रीं अनन्तदर्शनाद्यनन्तगुणमण्डितनिरतिशय केवलिजिनेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीतिका छन्द)

सुरनरपशु करके तथा, स्वमेव ही प्रापत भयो।
अतिघोर वीर महा उपद्रव, जीत केवलि-पद ठयो।।
इक समय में इक बार ही लखि, सकल लोक अलोकने।
उपसर्ग-केवलि-चरम-तन धर, तिनहिं हम पूजन ठने।।

ॐ ह्रीं उपसर्गप्राप्तकेवलिजिनेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उपसर्ग दुर्धर पाय अन्तमुहूर्त में कर्म घातिया।
कर अन्त केवलज्ञान ले पुनि, शेष कर्म विनाशिया।।
लहि मुक्ति ज्ञानै अन्तकृत-केवलि परमगुरु गुन भजें।
जे एक तीर्थंकर समय जो, होंय दश दश जिन जजें।।

ॐ ह्रीं अन्तःकृत्केवलिजिनेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीतिका छन्द)

जे ज्ञान पंचम धारि, पै उपदेश प्रभु नाहीं करें।
ते मूककेवलि जानि तिन, पूजन सकल भव अघ हरें।।
यह कथन सामायिक सुपाटी, देख टीका के विषें।
पुनि और जैन विशेष श्रुत कर, ठीक बुधि इहठा लिखें।।
ॐ ह्रीं मूककेवलिजिनेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

पन परमेष्ठी, जिनगिरा, रत्नत्रय वृष येहि। आचार्यदिक मुनि सबै, इन सबको प्रणमेहि।।
ये पद सर्व प्रकार ही, पूजित लोक-मँझार। इनका विनय विचार कर, पुनि जयमाल उचार।।

(पद्धरि छन्द)

नित नमों परमगुरु आत्मवन्त, जे मूलोत्तर गुण धरण सन्त।
बाबीस परीषह सहत शूर, गिरिशिर तरुतल सरतीर पूर।।
लखिजगत अथिर निज निंदमूल, सुखदुख तृणधन अरि मित्रतूल।
निज आतमलीन विरक्त देह, जे मुक्ति-वधू प्रतिधर सनेह।।
जे दोविध संयम धरणधीर, जे द्वादश विधतप तपत वीर।
जे त्र्योदश विध चारित्र धारि, ते साधु नमों उर गुण चितारि।।
जे मास दोय चव षट प्रजन्त, केश लोंच करें निजकर महंत।
जिनके ब्रत मंत्रनतें सु न्हान, जे धर्म शुकल ध्यावत सुध्यान।।
जे शास्त्र कमण्डलु मोरपिच्छ, महाकोमल तार खुली जुतुच्छ।
लघुमूल्य शरद लागे न जास, संयम कारण राखें जु पास।।
जे षटरस त्याग करें अहार, उपशान्त क्षुधा वृषकाज सार।

षट् आवश्यक संजम सुपक्ष, वैयावृत पालन प्रानरक्ष।।
सिर नाभि प्रमान न द्वार जेह, नहिं करत प्रवेश गृहस्थ-गेह।
जे अन्तराय मल दोष टार, इकवार असन पख मासकार।।
जे करणहेतु ना अशन लेत, बलवृद्धि न काज न स्वाद हेत।
तनुवर्धन काज न देहकान्ति, नहिं आयुवर्धन सदा जु शान्ति।।
लखि अति उपसर्ग दयाअभाव, अति रोगविषें नहिं अशन चाव।
ब्रह्मचर्यभाव संन्यास माँहि, इन कारन लघुभोजन कराहिं।।
जे वीरासन खड्गासनीय, धनुषासन वज्रासन मुनीय।
गोदोहन पद्मासन जु वीर, नानाविधि आसन धरनधीर।।
जिनके पनविधि स्वाध्याय चित्त, स्वाध्याय वाचना माँहि नित्त।
जे चार सुधाता पाय वेश, स्वाध्याय करें सब ही मुनेश।।
कर पग जलतें शुचिकर प्रक्षाल, घर पद्मासन कर नमस्कार।
जे शास्त्र उच्चार करें हमेश, मरयादापूर्व सवै मुनेश।
जे अवधि तुरि धर चरमज्ञान, इन धारक मुनि कहिये महान।
पुनि राजऋषीश्वर ये चितार, अक्षीण विक्रिया ऋद्धि धार।।
जे बुद्धि-औषधी ऋद्धिवन्त, ते परम ऋषीश्वर परम सन्त।
जे देव ऋषीश्वर गगनगामि, जे परम ऋषी केवलि प्रमान।।
दीपक चिरकाल तने जु सोय, मन-बल पुनि ज्ञान विशेष होय।
सँहनन वर वैराग्य भाव, एकाविहारि मुनगुण लखाय।।
जे द्वादशांग श्रुतज्ञान पाय, ता बल जुगश्रेणि चढ़े सु धाय।
जे चार ज्ञानधर पन सु जेहिं, गुरुनिकट न दीक्षा सीख देहिं।।
प्राश्चितनामा तप मांहि जेहि, गुरुकहिं तामाफिक दण्डलेहिं।
जे नानावि धके धारि नेम, ध्यावत, अध्यातम ध्यान जेम।।

जे कारण संघ-कदाच साध, द्वादश योजन ताई न बाध।
जावे जो बरषाकाल माहिं, तो दोष लगे तिनको जु नाहिं।।
जे दोष विशेष लग ज्ञानहानि, प्रायश्चितकर शुद्धि न ताहि जानि।
तो संघबाह्य मुनि काढ़ि देहिं, ज्यों नागवेलि दल गलत तेहिं।।
जे तीन वर्ण धर तन निरोग, वासी सुदेस निकषाय जोग।
इन्द्री सुपूर्ण मुनि पूर्णदेह, दीक्षाधर नरबरचिन्ह येह।।
जिनके जिनवचन नसों उछाहिं, सुनिये पुनि धारण ग्रहण ताहिं।
सुविचारत तत्त्वस्वरूप भाव, जे दीक्षाधर नर गुन लखाव।।
कहुँ अवधि ज्ञानविन तुरिय ज्ञान, कहुँ मनपर जयविन अवधि ज्ञान।।
मनपरचय अवधि विना ऋषीस, लहि केवलज्ञान समस्त दीस।।
जे चढ़ि अजोग गुणथल विशाल, लघु पंचाक्षर उच्चरन काल।
लागे जो ता उत काल वास, तहाँ तिष्ठ सकल करि कर्म्मनास।।
जे पंडित पंडित मरण पाय, इक समय विषें शिवलोक जाय।
ते गुरु गुण उरधर ''जगतराय'', प्रणमै त्रिकाल निजशीष नाय।।

(कवित्त)

रत्नत्रय वृष क्षमा धैर्य धर, घने शास्त्र पढ़ि पायो पार।
कुलवर तन मनोग बहुदिनके, दीक्षित मोक्षाभिलाषी सार।
ज्ञान विराग भावना चउ जुत, इत्यादिक गुण लखि गणधार।
तिनको आचारजपद दें सब, सर्व संघ आज्ञा दातार।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादिगुणमण्डितेभ्य: ऋषीश्वरेभ्यः पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाथा-

जो जण पढई तियालं, णिव्वुइकंडवि भावसुद्धए।
भुंजदि णरसुरसुक्खं, पच्छा सो लहइ णिव्वाणं।।

(सुन्दरी छन्द)

पढ़हि जे तिरकाल सुचाव सों, निवृतिकांड मनोहर भाव सों।
भुगत सुरनरके सुख तापिछै, लहें मुक्ति पुरी सुख तें अछै।।

इत्याशीर्वादः

(गीतिका छन्द)

श्रुति देब गुरु जिनबिम्ब जिनगृह, द्रव्य तीरथ जे भने।
जिनगेह भूथल पंचमंगल, क्षेत्र तीरथ ये गने।।
कल्याणकाल अरु सिद्धचक्र, व्रतादि तीरथ काल ये।
जे रत्नत्रय हैं भाव-तीरथ, ताहि नावत भाल ये।।

सोरठा

द्रव्य क्षेत्र अरु काल, भाव तीर्थ ये चार हैं।
शिथिलाचारहिं टाल, धर्मरूप इनथल रहो।।
इनथल पुण्य जुबन्ध इमि, जिमि सुवृष्टिको नाज।
अघ इनथल बन्धन कठिन, वज्रलेप न इलाज।।

(सखी छन्द)

निर्वान गिरा नहिंजानी, जिन शारद ना पहिचानी।
ताविन शब्दारथनाहिं, निशि दीप विना गृह माहिं।

इति निर्वाणभूमिसमुच्चयपूजा समाप्ता।।

ॐ

सम्मेद शिखर विधान (श्री कविवर जवाहरलाल छतरपुर म.प्र. कृत)

(दोहा छन्द)

सिद्धक्षेत्र तीरथ परम् है उत्कृष्ट सुथान। शिखरसमेद सदा नमों, होय पाप की हान।।
अगणित मुनि जँहते गये, लोकशिखर के तीर। तिनके पद-पंकज नमो, नाशे भवकी पीर।।

(अडिल्ल छन्द)

है उज्ज्वल यह क्षेत्र, सु अति-निरमल सही। परम पुनीत सुठौर, महागुण की मही।।
सकल-सिद्धि-दातार, महा-रमणीय है। बन्दों निजसुख हेतु अचलपद देत है।।

(सोरठा)

शिखरसमेद महान, जग में तीर्थ प्रधान है। महिमा अद्भुत जान, अल्पमती मैं किमिक हो।।

(सुन्दरी छन्द)

सरस उन्नत क्षेत्र प्रधान है, विपुल उज्ज्वल तीर्थ महान है।
करहिं भक्तिसुजे गुणगायके, वरहिं सुरशिव के सुख जायके।।

(अडिल्ल छन्द)

सुर हरि नर इन आदि, और बन्दन करें। भवसागर तें तिरें, नहीं भव में परें।।
सफल होय तिन जन्म, शिखर दरशन करें। जन्म-जन्म के पाप, सकल छिन में टरें।।
श्री तीर्थंकर जिनवर जुबीस, अरु मुनि असंख्य सब गुणन ईश।
पहुँचे जँहते कैवल्य-धाम, तिनको अब मेरो है प्रणाम।।

(गीतिका छन्द)

सम्मेदगढ़ है तीर्थ भारी, सबहि को उज्ज्वल करे।
चिरकाल के जे कर्म लागे, दर्शतें छिन में टरें।।
है परमपावन पुण्यदायक, अतुल महिमा जानिये।
है अनूप सुरूप गिरिवर, तासु पूजन ठानिये।।

(दोहा)

श्री सम्मेदशिखर सदा, पूजो मन वच काय। हरत चतुर्गति दुःख को, मनवान्छित फलदाय।।

ओं ह्रीं श्री सम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्र ! अत्र अवतर अवतर सम्वौषट्।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्र मम सन्निहि भव भव वषट्।

अथाष्टक (अडिल्ल छन्द)

क्षीरोदधि सम नीर सु निरमल लीजिये। कनककलश में भरके धारा दीजिये।।
पूजों शिखरसम्मेद सुमन वच काय जी। नरकादिक दुख टलें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

पयसों घसि मलयागिरि चन्दन लाइये। केसर आदि कपूर सुगन्ध मिलाइये।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः संसारतापविनाशनाय चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल धवल सुवास सुउज्जवल धोयके। हेमरतन के थार भरों शुचि होय के।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरतरु के सम पुष्प अनूपम लीजिये। कामदाहदुखहरण चरण प्रभु दीजिये।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः कामवाणविध्वंसनाय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

कनकथार नैवेद्य सु षटरसतें भरें। देखत क्षुधा पलाय सु जिन आगे धरे।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लेकर मणिमय दीप सुज्योति प्रकाश है। पूजत होत सु ज्ञान मोहतम नाश है।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः मोहान्धकारविनाशनाय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

दशविध धूप अनूप जगनि में खेवहूं। अष्टकर्म को नाश होत सुख लेवहूं।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

एला लोंग सुपारी श्रीफल लाइये। फल चढ़ाय मन वांछित शिवफल पाइये।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्धाक्षत पुष्प सु नेवज लीजिये। दीप धूप फल लेकर अर्घ्य सु कीजिये।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पद्धरी छन्द

श्री विंशति तीर्थंकर जिनेन्द्र, अरु, असंख्यात जँहतें मुनेन्द्र।
तिनकों करजोरिकरों प्रणाम, तिनको पूजों तिस सकल काम।।
पूजों शिखरसमेद सु, मन वच काय जी। नरकादिक दुख टरें, अचलपद पाय जी।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द

जे नर परम सुभावन तें पूजा करें। हरि हलि चक्री होय राज छह खँडकरें।।
फेरि होय धरणेन्द्र इन्द्रपदवी धरें। नानाविध सुखभोगि बहुरि शिवतिय वरें।।

जोगारासा छन्द

श्रीसम्मेदशिखर गिरि उन्नत, शोभा अधिक प्रमानो।
विंशति तिहिं पर कूट मनोहर, अद्भुत रचना जानो।।
श्रीतीर्थंकर बीस जहांतें, शिवपुर पहुँचे जाई।
तिनके पद-पंकज जुग पूजों, अर्घ्य प्रत्येक चढ़ाई।।
ओं ह्रीं विंशतितीर्थंकराद्यसंख्यातमुनि सिद्धप्रदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

1. श्री अजितनाथ सिद्धिधरकूट

प्रथम सिद्धिवरकूट सु जानो, आनंद मंगल दाई।
अजितनाथ जँहतें शिव पहुँचे पूजों मनवचकाई।।
कोड़िजु अस्सी एक अरबमुनि, चौवन लाख जु गाई।
कर्मकाटि निर्वाण पधारें, तिनको अर्घ्य चढ़ाई।

ओं ह्रीं सिद्धिवरकूटतः श्री अजितनाथ जिनेन्द्रादि एक अरब अस्सीकोटि चौवनलाख मुनि-सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

2. श्री सम्भवनाथ धवलदत्तकूट

धवलदत्त है कूट दूसरो, सब जियको सुखकारी।
श्रीसम्भव प्रभु मुक्ति पधारें, पापतिमिर कों टारी।।
धवलदत्त दे आदि मुनी नव, कोड़ाकोड़ी जानो।
लाख बहत्तरसहसबि यालिस, पँचशतकऋषि मानो।।
कर्मनाशकरि शिवपुर पहुँचे, बन्दों शीश नवाई।
तिनकेपदजुग जजों भावसों, हरसि हरसि चितलाई।।

ओं ह्रीं धवलदत्तकूटतः श्रीसंभावनाथजिनेन्द्रादि नौकोड़ाकोड़ी बहत्तरलाख ब्यालीस हजार पांच सौ मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

3. श्री अभिनन्दननाथ, आनन्दकूट (चौपाई छन्द)

आनंदकूट महासुखदाय, अभिनन्दन प्रभु शिवपुर जाय।
कोड़ाकोड़ि बहत्तर जान, सत्तरकोटि छत्तिस लखमान।।
सहस बियालिस शतकजु सात, कहे जिनागम में इह भाँत।
ये ऋषि कर्म काट शिव गये, तिनके पदयुग पूजत भये।।

ओं ह्रीं श्री आनन्दकूटतः श्री अभिनन्दनजिनेन्द्रादि बहत्तर कोड़ा कोड़ी सत्तरकोड़ी छत्तिसलाख ब्यालिस हजार सात सौ मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

4. सुमतिनाथ, अविचलकूट (अडिल्ल छन्द)

अविचल चौथो कूट महासुखथान जी। जँहतें सुमतिजिनेश गये निर्वान जी।।
कोड़ाकोड़ी एक मुनीश्वर जानिये। कोड़ि चौरासी लाख बहत्तर मानिये।।
सहस इक्यासी और सातसौ गाइये। कर्म काटि शिव गये नमों शिर नाइये।।
सो थानक मैं पूजों मनवचनकाय जी। पाप दूर हो जाय अचलपद पाय जी।।

ओं ह्रीं अविचलकूटतः श्री सुमतिनाथजिनेन्द्रादि एककोड़ाकोड़ी चौरासीकोड़ि बहत्तरलाख इक्यासी हजार सात सौ मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

5. पद्मप्रभ, मोहनकूट

मोहनकूट महान परम सुन्दर कह्यो। पद्मप्रभ जिनराज जहां शिवपुर लह्यो।।
कोटि निन्यानवे लाख सतासी जानिये। सहस तितालिस और मुनीश्वर मानिये।।
सप्त सैकरा सत्तर ऊपर बीस जू। मोक्षगये मुनि तिनहिं नमों नितशीश जू।।
कहे ''जवाहरलाल'' दोय कर जोर के। अनिनाशी पद दे प्रभु कर्मनि तोरि के।।

ओं ह्रीं मोहनकूटतः श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्रादि निन्यानवे कोड़ि सतासी लाख तेतालीस हजार सात सौ नव्वे मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

6. सुपार्श्वनाथ, प्रभास कूट (सोरठा छन्द)

कूट प्रभास महान, सुन्दर जनमन मोहनो। श्रीसुपार्श्व भगवान, मुक्ति गये अघनाश के।।
कोड़ाकोड़ि उनचास, कोड़ि चौरासी जानिये। लाख बहत्तर मान, सात सहस है सात सौ।।
और कहे ब्यालीस, जँहते मुनि शिवको गए। तिनहिं नमें नित शीश, दास जवाहर जोर कर।।

ओं ह्रीं प्रभासकूटत: श्रीसुपार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि कोडा कोडि चौरासी कोडि बहत्तर लाख सात हजार सात सौ वियालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

7. श्री चन्द्रप्रभ, ललितकूट (दोहा छन्द)

पावन परम उतंग है, ललितकूट है नाम। चन्द्रप्रभु शिवपुर गये, बन्दों आठों याम।।

नौसे अर बसु जानिये, चौरासी ऋषि मान। कोड़ि बहत्तर यों कहे, अस्सी लाख प्रमान।।

सहस चौरासी पंचशत, पचवन कहे मुनिन्द। वसु करमन को नास कर, पायो सुख को कन्द।।

ललितकूटतें शिव गये, बन्दों शीश नवाय। तिन पद पूजों भावसों, निजहित अर्घ्य चढ़ाय।।

ओं ह्रीं ललितकूटतः श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रादि नौसौचौरासी अरब बहत्तर कोड़ि अस्सी लाख चौरासी हजार पांचसौपचपन मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

8. श्री पुष्पदन्त, सुप्रभकूट (पद्धरि छन्द)

श्रीसुप्रभकूट सुनाम जान, जँह पुष्पदन्त को मुक्तिथान।

मुनिकोड़ाकोड़ि कहे जुभाख, नव ऊपर नव धर कहे लाख।।

शतचार कहे अरु सहस सात, ऋषि अस्सी और कहे विख्यात।

मुनिमोक्ष गये हरि कर्मजाल, वन्दों करजोरिनवाय भाल।।

ओं ह्रीं सुप्रभकूटतः श्रीपुष्पदन्त जिनेन्द्रादि एककोड़ाकोड़ि निन्यानवे लाख सात हजार चार सौ अस्सी मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

9. श्री शीतलनाथ, विद्युतकूट (सुन्दरी छन्द)

सुभग विद्युत कूट सु जानिये, परम अद्भुतता परमानिये।

गये शिवपुर शीतलनाथ जी, नमहुतिनपदकरधर माथ जी।।

मुनिजु कोड़ाकोड़ि अठारहू, मुनिजु कोड़िवियालिस जानहू।

कहे और जु लाख बतीस जू, सहस व्यालिस कहेययतीश जू।।
अवर नौ सौ पाँचसु जानिये, गये मुनि शिवपुर को मानिये।
करहिं जे पूजा मन लायके, धरहिं जन्म न भव में आयकें।।

ओं ह्रीं विद्युत्प्रभकूटतः श्रीशीतलनाथ जिनेन्द्रादि अठारह कोड़ाकोड़ि व्यालिसकोड़ि बत्तीसलाख व्यालीसहजार नौसौपांच मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

10. श्रेयांसनाथ, संकुलनाथ (जोगीरासा)

कूट जु संकुल परम मनोहर, श्री श्रेयांस जिनराई।
कर्म्मनाश कर शिवपुर पहुँचे, बन्दों मनवचकाई।।
छयानव कोड़ाकोड़ि जानो, छयानव कोड़ि प्रमानो।
लाख छियानवे सहसमुनीश्वर, साढ़े नव अब जानो।।
ता ऊपर व्यालीस कहे हैं, श्री मुनि के गुण गावें।
त्रिविधयोगकरि जो कोई पूजें, सहजानंद पद पावें।।
सिद्ध नमों सुखदायक जग में, आनंद मंगलदाई।
जजों भावसोंचरण जिनेश्वर, हाथ जोड़ि शिरनाई।।
परममनोहर थान सु पावन, देखत विघन पलाई।
तीन काल नित नमत 'जवाहर' मेटो भव भटकाई।।
जँहतें श्री मुनि सिद्ध भये हैं, तिनको शरण गहाई।
जापद को प्रभु प्राप्त भये हो, सो पद देहु मिलाई।।

ओं ह्रीं संकुलकूटतः श्रीश्रेयांसनाथ जिनेन्द्रादि छयानवे कोड़ाकोड़ि छियानवेलाख नौहजार पांचसौव्यालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

11. विमलनाथ, सुवीरकुलकूट (कुसुमलता छन्द)

श्री सुवीरकुल कूट परम सुन्दर सुखदाई। विमलनाथ भगवान जहाँ पंचमगति पाई।।
कोडि जुसत्तर सात लाख षट्सहस जु गाई।सात शतक मुनि और वियालीस जानो भाई।

दोहा-

अष्टकर्म को नष्ट कर, मुनि अष्टमक्षिति पाय।
तिनप्रति अर्घ्य चढ़ावहुं, जनम मरण दुख जाय।
विमलदेव निर्मल करण, सब जीवन सुखदाय।
मोतीमुख वन्दत चरण, हाथ जोर शिरनाय।।

ओं ह्रीं सुवीरकुलकूटतः श्रीविमलनाथ जिनेन्द्रादि सत्तरकोड़ि सातलाख छह हजार सात सौ व्यालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

12. अनन्तनाथ, स्वयम्भूकूट (अडिल्ल छन्द)

कूट स्वयम्भू नाम परम सुन्दर कह्यो। प्रभु अनन्त जिननाथ जहाँ शिवपद लह्यो।।
मुनि जु कोड़ाकोड़ि छियानवे जानिये। सत्तर कोड़ि जु सत्तरलाख प्रमानिये।।
सत्तर सहस जु और सातसै गाइये। मुक्ति गये मुनि तिनको शीश नवाइये।।
कहे 'जवाहरलाल' सुनो, मन लायके। गिरिवर को नित पूजों अतिसुख पायके।।

सोरठा-

पूजत विघन पलाय, ऋद्धि सिद्धि आनद करे।
सुरशिवको सुखदाय, जो मनवच पूजा करे।।

ओं ह्रीं स्वयम्भूकूटतः श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्रादि छियानवेकोड़ाकोड़ि सत्तरकोड़ि सत्तरलाख सत्तरहजारसातसौ मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

13. धर्मनाथ, सुदत्तकूट (चौपाई छन्द)

कूट सुदत्त महाशुभ जान, श्रीजिन धर्मनाथ को थान।
मुनि कोड़ाकोड़ि उनईस, और कहे ऋषि कोड़ि उनीस।।
लाख जु नव नौसहस सुजान, सात शतक पंचानव मान।
मोक्ष गये वे कर्मन चूर, निशदिन ताहि नमो भरपूर।।
महिमा जाकी अतुल अनूप, ध्यावतवर इन्द्रादिक भूप।
शोभित महाअचलपद पाय, पूजों, आनदमंगल दाय।।
दोहा- परम पुनीत पवित्र अति, पूजत शत सुरराय।
तिह थानक को देखकर, मोतीसुत गुण गाय।
पावन परम सुहावनों, सब जीवन सुखदाय।
सेवत सुर हिर नर सकल, मनवांछित फलदाय।।

ओं ह्रीं सुदत्तकूटतः श्रीधर्मनाथ जिनेन्द्रादि उन्नीस कोड़ाकोड़ि उन्नीसकोड़ि नौ लाख नौ हजार सातसौ पंचानवे मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

14. शान्तिनाथ शान्तिप्रभ कूट (सुगीतिका छन्द)

श्री शांतिप्रभ है कूट सुन्दर, अतिपवित्र सु जानिये।
श्री शांतिनाथ जिनेन्द्र जँहते, परमधाम प्रमानिये।।
नव जु कोड़ाकोड़ि मुनिवर, लाखनव अब जानिये।
नौ सहस नवसै मुनि निन्यावन, हृदय में धर जानिये।।

दोहा-

कर्मनाश शिव को गये, तिन प्रति अर्घ्य चढ़ाय।

त्रिविधयोगकरि पूज है, मनवांछित फलदाय।।

ओं ह्रीं शांतिप्रभकूटतः श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्रादि नौकोड़ाकोड़ि नौ लाख नौ हजार नौ सौ निन्यानवे मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

15. कुंथुनाथ, ज्ञानधरकूट (गीतिका छन्द)

ज्ञानधर शुभकूट सुन्दर, परम मनमोहन सही।

जँहतें श्री प्रभु कुन्थुस्वामी, गये शिवपुर की मही।।

कोड़ा सु कोड़ी छयानवै मुनि, कोड़ि छयानव जानिये।

अरुलाखवत्तिससहसछयानव, शतकसात प्रमानिये।।

दोहा-

और कहे व्यालीस मुनि, सुमरो हिये मँझार।

तिनपद पूजों भावसों, कर भवदधि से पार।।

ओं ह्रीं ज्ञानधरकूटतः श्रीकुन्थुनाथ जिनेन्द्रादि छयानवेकोड़ाकोड़ि छयानवेकोड़ि बतीसलाख छयानवे हजार सात सौ व्यालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

16. अरहनाथ, नाटककूट

दोहा-

कूट जु नाटक परम शुभ, शोभा अपरम्पार।

जँहतें अर जिनराज जी, पहुँचे मुक्ति मँझार।।

कोड़िनिन्यावजानिमुनि, लाखिनिन्यावन और।

कहे सहस निन्यानवै, बन्दों कर जुग जोर।

अष्टकर्म को नष्ट करि, मुनि अष्टमक्षिति पाय।
ते गुरु मम हृदयें वसो, भवदधि पार लगाय।

सोरठा-

तारण तरण जहाज, भवसमुद्र के बीच में। मेरी बाँह, डूबत ते राखो मुझे।।
अष्ट करम दुखदाय, ते तुमने चूरे सबै। केवलज्ञान उपाय, अविनाशी पद पाइयो।।
मोतीसुत गुण गाय, चरणन शीश नवायके। मेटो भव भटकाय, मांगत अब वरदान यों।।
ओं ह्रीं नाटककूटतः श्रीअरहनाथ जिनेन्द्रादि कोड़ाकोड़ि निन्यानवेलाख निन्यानवेहजार मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

17. मल्लिनाथ, सम्बलकूट (सुन्दरी छन्द)

कूट सम्बल परमपवित्र जू, गये शिवपुर मल्लिजिनेश जू।
मुनिजुछ्यानवेकोड़ि प्रमानिये, पदजजत हृदय सुखआनिये।।

(मोतीदास छन्द)

भजों प्रभुनाम सदा सुखरूप, जजों मन में धर भाव अनूप।
टरें अघपातक जांहि जु दूर, सदा जनकोसुख आनदपूर।।
डरें ज्यों नाग गरुड़को देखि, भजेगजजुत्थजु सिंहय पेखि।
तुम नाम प्रभु दुखहर्ण सदा, सुखपूर अनूपम होय मुदा।।
तुम देव सदा अशरण शरणं, भटमोहबली प्रभु जी हरणं।
तुमशरण गहो हम आय अबै, मुझ कर्मबली दृढ़ चूर सबै।।
ओं ह्रीं सम्बलकूटतः श्रीमल्लि नाथजिनेन्द्रादि छ्यानवेकोड़िमुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

18. मुनिसुव्रतनाथ (मदाबलिप्तकपोल छन्द)

मुनिसुव्रत जिननाथ सदा आनद के दाई। सुन्दर निर्जरकूट जहांतें शिवपुर जाई।।
निन्यानव कोड़ाकोड़ि कहे मुनि कोड़ि सत्याना। नौ लख जोड़ मुनीन्द, कहे नौ से निन्याना।।
सोरठा- कर्मनाश ऋषिराज, पंचमगति के सुख लहे।
तारणतरण जहाज, मो दुख दूर करो सकल।।

(भुजंगप्रयात छन्द)

बली मोह की फौज प्रभु जी भगाई, जग्योज्ञान पंचममहा सौख्यदाई।
समोसर्ण धरणेन्द ने तब बनायो, तबैदेव सुरपति सभी शीशनायो।।
जयजय जिनेन्द्रं सुशब्दं उचारी, भए आजदर्शन सबै सौक्खकारी।
गये सर्वपातक प्रभु मूरहीते, जबै दर्श कीने प्रभ दूरहीतें।।
सुनीनाथ श्रवनन जु तेरी बढाई, गहो शरण हमने तुम्हारो सुआई।
बली कर्म नाशे जबै मुक्तिपाई, तिन्हें हाथ जोरे सदाशीश नाई।।

ओं ह्रीं निर्जरकूटतः श्रीमुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्रादि निन्यानवेकोड़ाकोड़ि सत्तानवेकोड़ि नौ लाख नौ सौ निन्यानवे मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

19. नमिनाथ, मित्रधरकूट (जोगीरासा)

कूट मित्रधर परम मनोहर, सुन्दर अति छविदाई।
श्रीनमिनाथ जनेश्वर जँहतें, अविनाशी पद पाई।
नौसे कोड़ाकोड़ि मुनिवर, एक अरब युत जानों।
लाख पैंतालिस सातसहसअरु, नौसैव्यालिस मानो।।

दोहा-

वसु करमन को नाश कर, अविनाशी पद पाय।

पूजों चरण सरोज को, मनवांछित फलदाय।।

ओं ह्रीं मित्रधरकूटतः श्रीनमिनाथ जिनेन्द्रादि नौसौकोड़ाकोड़ि एकअरब पैंतालिसलाख सात हजार नौसौ व्यालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

20. पार्श्वनाथ, सुवर्णभद्रकूट

दोहा-

सुवरणभद्र जु कूट पै, श्री प्रभु पारसनाथ। जँहते शिवपुर को गये, नमों जोरि युग हाथ।।

(त्रिभंगी छन्द)

मुनि कोड़ि वियासी, लाख चौरासी, शिवपुरवासी, सुखदाई।

सहसपैंतालिस, सातसौव्यालिस तजि के आलस गुणगाई।।

भवदधितें, तारण, पतितउधारण, भवदुखहारण, सुखकीजे।

यह अरज हमारी सुन त्रिपुरारी, शिवपद भारी, मोहिदीजे।

(पद्धरि छन्द)

यह दर्शनकूट अनन्त लह्यो, फल षोडशकोटि उपास कहो।

जग में यह तीर्थ कह्यो भारी, दर्शन तें पाप कटें सारी।।

(मोतीदास छन्द)

टरें गति बंदत नर्क तिर्यंच, कबहु दुख को नहि पावें रंच।

यही शिवका जग में है द्वार, अरे नर बन्दो कहत 'जबार'।।

दोहा-

पारसप्रभु के नामतें, विघन दूर टरि जांय।

ऋद्धिसिद्धि निधिआनिकें, मिलि है निशदिन आय।।

ओं ह्रीं सुवर्णभद्रकूटत: श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि व्यालीस करोड़ चौरासीलाख पैंतीसहजार सात सौ व्यालीस मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

जे नर परम सुभावनसों पूजा करें। हरि हलि चक्री होय राज्य षट्खंड करें।।

फेरि होंय धरणेन्द्र इन्द्रपदवी धरें। नानाविध सुख भोगि बहुरि शिवतिय धरें।।

इत्याशीर्वादः

अथ समुच्चयपूजा

दोहा-

या विध बीस जिनेश के, बीसों शिखर महान।

और असंख्य मुनीश जँह, पहुँचे शिवपद थान।।

ओं ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

(गीतिका छन्द)

पदमद्रह को नीर निरमल, हेमझारी में भरों।

तृषारोग निवारने को, चरणतर धारा करों।।

सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।

सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन कपूर मिलाय केसर, नीरसों घसि लाइये।
जिनराज पाप विनाश हमरे, भवाताप मिटाइये।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्र के सम ल्याय तन्दुल, कनकथारन में भरों।
अक्षय सु पद के कारणं, जिनराजपद पूजा करों।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कुन्द कमला दिक चमेली, गन्ध पर मधुकर फिरें।
मदनबाण विनाशवे को प्रभुचरण आगे धरें।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज मनोहर थाल में भर, हरष कर ले आवनें।
करहु पूजा भाव सों, नर क्षुधारोग मिटावनें।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप ज्योति प्रकाश करके, प्रभु के गुण गावनें।
मोहतिमिर विनाश करके, ज्ञानभानु प्रकाशनें।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूप सुन्दर ले दशांगी, ज्वलन माहिं सु खेइये।
वसु कर्मनाशन के सु कारण, पूज प्रभु की कीजिए।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

उत्कृष्ट फल जग माहि जेते, ढूँढ कर ले आइये।
जों नेत्र रसना लगें सुन्दर, फल अनूप चढ़ाइये।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्म हर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

वसुद्रव्ययुत शुभ अर्घ्य लेकर, मन प्रफुल्लित कीजिये।
तबु दास यह वरदान मांगे, मोक्षलक्ष्मी दीजिये।।
सम्मेदगढतें मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनि संचये।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नित करें जो नरनारि पूजा, भक्तिभाव सु लायके।
तिनको सुजस यह कहें 'जवाहर' हरष मनमें धारके।।
ते हों सुरेश नरेश खगपति, समझ पूजाफल यही।
सम्मेदगिरि की करहुँ पूजा, पाय हो शिवपुर मही।।।

ओं ह्रीं असंख्यातमुनि सिद्धपद प्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कवित्त

परम शिखरसम्मेद, सबहि को हैं सुख करता। बन्दें जे नरनारि, तिन्हों के अघ सब हरता।।
नरकपशु गति टरें, सौख्य जग के बहु पावें। नरपति सुरपति होय, फेरि शिवपुर को जावें।।

दोहा

जे तीरथ बन्दे नहीं, सुने धर्म नहिं सार। ते भववन में भ्रमहिंगे, कबहुँ न पावें पार।।
नरभव उत्तम पाय के, श्रावककुल अवतार। पूजा जिनवर की करें, ते उतरें भवपार।।
सबविध जोग जुपायजे, शिखर न बंदे सार। रतन पदारथ पाय ते, देत समुद्र में डार।।

श्री आदिनाथ, सर्वसिद्धवरकूट (कैलाशगिरि)

प्राणी हो आदीश्वर महाराज जी, अष्टापद शिवनाथ हो।

पूजत सुर हरि नर सकल, सो पावे पद निर्वान हो।।

प्राणी हम पूजत इतही सदा, यह नाशे भवभव भीतिहो।

प्राणी पूजों मनवचकाय कर, अष्टापद से निर्वान हो।।

ओं ह्रीं श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्रादि दशसहस्र मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्री कैलाशगरि सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्य (मन्दारगिरि)

सोरठा

वासुपूज्य जिनराज, चम्पापुरतैं शिव गये। मनवचजोग लगाय, पूजों पदजुग अर्घ्य ले।।

ओं ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्रादि एकसहस्र मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीचम्पापुरसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री नेमिनाथ, ऊर्जयन्तकूट (गिरनार)

दोहा

नेमीश्वर तजि राजमति, लीनो दीक्षा जाय। सिद्ध भये गिरिनारतें, पूजों अर्घ्य चढ़ाय।

ओं ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्रादि दिसम्बुप्रद्युम्नानिरुद्धेत्यादि बहत्तरकोड़ि सात सौ मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्री गिरनार सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीमहावीर स्वामी

(सुन्दरी छन्द)

वर्धमान जिनेश्वर पूजिये, सकल पातक दूर सु कीजिए।

गये पावापुरतें मुक्ति को, तिनहि पूजत अर्घसंयुक्ति सों।।

ओं ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्रादि षटत्रिंशन्मुनि सिद्धपदप्राप्तेभ्यः पावापुरस्थ पद्मसरोवरस्थ सिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चौबीसगणधर, प्रथम टोक

दोहा

तीर्थंकर चौबीस के, गणनायक हैं जेह। तिनकों पूजों अर्घ्य ले, मनवच धारि सनेह।।

ओं ह्रीं चतुर्विंशति जिनगणधरचरणकमलेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्धक्षेत्र जे और हैं, भरतक्षेत्र के ठाहि। और जु अतिशयक्षेत्र हैं, कहे जिनागम मांहि।।

तिनके नाम सु लेत ही, पाप दूर हो जाय। ते सब पूजों अर्घ्य ले, भव भव में सुखदाय।।

ओं ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि सिद्धक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप अढ़ाई मांय, सिद्धक्षेत्र जे और हैं। पूजों अर्घ्य चढ़ाय, भवभव के अघ नाश हैं।।

ओं ह्रीं सार्धद्वीपद्वये विद्यमानसिद्धक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

पूजों तीस चौबीस परमसुखदाय जु। भूत भविष्यत् वर्तमान गुणगाय जू।।
कहे विदेह के बीस नमों शिर नाय जू। अर्चों अर्घ्य बनाय सुविघन पलाय जू।।

ओं ह्रीं श्रीभूतभविष्यवर्तमानकाल सम्बन्धित्रिंशच्चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यः विदेहक्षेत्र विद्यमान-विंशतितीर्थंकरेभ्यश्च अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

चैत्य अकृत्रिम जे कहे, तीन लोक के मांय। ते सब पूजों अर्घ्य ले, हाथ जोड़ शिरनाय।।

ओं ह्रीं त्रिलोकसम्बन्ध्यकृत्रिमजिनालयजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (लोलतरंग छन्द)

मनमोहन तीरथ शुभ जानो, पावरपरम सुक्षेत्र प्रमानो।
उन्नत शिखर अनूपमसोहे, देखत ताहि सुरासुरमोहे।।

दोहा

तीरथ परम सुहावनो, शिखरसमेद विशाल। कहत अल्पबुधि उक्तिसों, सुखदायक जयमाल।

(चौपाई छन्द)

सिद्धक्षेत्र तीरथ सुखदाई, वन्दत पाप दूर हो जाई।
शिखर शीशपर कूट मनोग्य, कहे बीस अति शोभायोग्य।।
प्रथम सिद्धिवरकूट सुजान, अजितनाथ को मुक्तिसुथान।
कूट तनों दर्शन फल एह, कोटि बतीस उपास गिनेह।।
दूजो धवल कूट है नाम, सम्भवप्रभु जँहते शिवधाम।
दरश कोटि प्रोषध फलजान, लाख वियालिसकहो बखान।।
आनदकूट महा सुखदाय, जँहते अभिनन्दन शिव जाय।
कूट तनो दरशन यों जान, लाख उपास तनो फलमान।।
अविचल कूट महासुख देश, मुक्ति गये जँह सुमतिजिनेश।
कूटभाव धरि पूजे कोय, एक कोटि प्रोषध फल होय।।
मोहनकूट मनोहर जान, पद्मप्रभ जँहते निर्वान।
कूटपूजफल लेहु सुजान, कोटि उपास कहो भगवान।।
मनमोहन है कूट प्रभास, मुक्ति गये जँह नाथ सुपास।
पूजें कूट महाफल होय, कोटि बतीस उपासजु सोय।।
चन्द्रप्रभ को मुक्ति सुधाम, परमविशाल ललित घटनाम।
कूट तनो दर्शनफल जान, प्रोषध सोलह लाख बखान।।
सुप्रभ कूट महासुखदाय, जँहतें पुष्पदन्त शिव पाय।
पूजे कूट महाफल लेव, कोटि उपास कहो जिनदेव।।
श्री विद्युतवर कूट महान, मोक्ष गये शीतल धरिध्यान।

पूजें त्रिविधयोग कर कोय, कोटि उपासतनो फल होय।।
संकुलकूट महाशुभ जान, श्रीश्रेयांस गये शिव थान।
कूट तनो दर्शन फल सुनो, कोटि उपास जिनेश्वर भनो।।
कूट सुवीर परमसुखदाय, विमलजिनेश जहां शिवपाय।
मनवच दरश करे जो कोय, कोटि उपासतनो फलहोय।।
कूट स्वयम्भू सुभग सु नाम, गये अनन्त अमरपुर धाम।
यही कूट को दर्शन करे, कोटि उपास तनो फल धरे।।
है सुदत्तवर कूट महान, जँहते धर्मनाथ निर्वान।
परमविशाल कूट है सोय, कोटि उपासदरशफल होय।।
कूट शान्तिप्रभ सुन्दर कह्यो, शांतिनाथ जँहते शिवलह्यो।
कूट तनो दर्शन है सोय, एककोटिप्रोषधफल होए।।
परम ज्ञानधर है शुभकूट, शिवपुर कुन्थु गये अघ छूट।
जाको पूजे जो कर जोड़ि, फल उपवासकह्यो इककोड़ि ।।
नाटककूट महाशुभ जान, जँहतें शिवपुर अर भगवान।
दर्शन करे कूट जो कोय, छयानव कोड़िवासफलहोय।।
संवलकूट मल्लि जिनराज, जँहते मोक्ष भये शुभकाज।
या दरशनफल कहो जिनेश, प्रोषध एक कोटि शुभवेश।।
निर्जरकूट कहो सुखदाय, मुनिसुव्रत जँहतें शिवपाय।
कूट तनो अब दर्शन सोय, एक कोटिप्रोषधफल होय।।
कूट मित्रधरतें नमि मुक्त, पूजत पाँय सुरा सुर युक्त।
कूट तनो फल है सुखकन्द, कोटि उपास कहो जिनचंद।
श्री प्रभु पार्श्वनाथ जिनराज, चहुँगति से छूटे महाराज।
सुवरणभद्र कूट को नाम, तासों मोक्ष गये सुखधाम।।

तीन लोक हितकरन अनूप, बंदत ताहि सुरसुर भूप।
चिंतामणि सुरवृक्ष समान, ऋद्धिसिद्धि मंगल सुखदान।।
नवनिधि चित्राबेलि समान, जाते सौख्य अनूपम जान।
पारस और कामसुरधेन, नानाविध आनद को देन।।
व्याधिविकारजांहिसब भाज, मनचिन्ते पूरे हों काज।
भवदधिरोग विनाशक सोय, औषधि जगमें और न कोय।।
निर्मल परम थान उत्कृष्ट, बन्दत पाप भजें अरू दुष्ट।
जोनर ध्यावत पुण्य कमाय, जश गावत सब कर्म नशाय।।
कटें अनादिकाल के पाप, भजें सकलछिन में सन्ताप।
नरपति इन्द्र फणेन्द्रजु सबैं, और खगेन्द्र मृगेन्द्र जु नवै।
नित सुरसुरी करें उच्चार, नाचत गावत विविध प्रकार।
बहुविध भक्तिकरें मन लाय, विविध प्रकार वादित्र बजाय।।
दृम दृम दृमता बजे 'मृदंग' घन घन घंट बजे मुहचंग।
झुनझुन झुनझुन झुनियां झुने, सर सर सर सारंगी धुने।।
मुरली बीन बजे धुनि मिष्ट, पटहा तूर सुरान्वित पुष्ट।
सब सुरगणथुति गावतसार, सुरगण नाचत बहुत प्रकार।।
झननन ननना, नुपूर वान, तननन नना तोरत तान।
ताथिइ थिइ थिइ थेई चाल, सुरनाचत नावत निजभाल।।
गावत नाचत नाना-रंग, लेत जहां सुर आनद संग।
नित प्रतिसुर जँह बंदतजाय, नानाविध के मंगल गाय।।
अनहदधुनि को मोद जु होय, प्रापति वृषकी अतिही होय।
तातें हमको सुख दे सोय, गिरिवर बंदोकर धरिदोय।
मारुत मन्द सुगन्ध चलेय, गन्धोदक जँह नित वरषेय।

जियकी जाति विरोध नहोय, गिरिवर बंदो करधरि दोय।।
ज्ञान चरण तप साधनसोय, निजअनुभव कोध्यानजु होय।
शिवमन्दिर को द्वारो सोय, गिरिवर बंदोकर धरि दोय।।
जो भवि वन्दे एकहि वार, नरक निगोद पशु गति टार।
सुरशिवपद को पावे सोय, गिरिवर बंदोकर धरि दोय।।
जाकी महिमा अगम अपार, गणधर कहत न पावें पार।
तुच्छबुद्धि मैं मतिकर हीन, कही भक्तिवश केवल लीन।।

(धत्ता छन्द)

श्रीसिधखेतं, अतिसुख-देतं, शीघ्रहिं भवदधि पार करं।
अरिकर्मविनाशन शिवसुखकारन, जयगिरिवरजगतारवरं।।

ओं ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

शिखर सु पूजे जो सदा, मनवचतन चित लाय।
दास 'जवाहर' यों कही, सो शिवपुर को जाय।।

(इत्याशीर्वादः)

श्री सम्मेदशिखर पूजा विधान समाप्तम्

ॐ

पञ्चमेरु पूजन विधान (कवि श्री टेकचंद्र जी कृत)

अथ व्रतमाहात्म्यवर्णन (सर्वदीर्घ वेसरी छन्द)

वानी पूजों देवा केरी। तातैं टूटे मोहा जेरी।।
साधा ध्याऊँ सांचा भाऊँ। या भौ माही नाहीं आऊँ।।1।।

सर्वदीर्घ जोगीरासा की चाल

देवा सेवा सो या भौ में आवा जावो हारै।
आपा तार्यो औरे तारैं ज्यों नावा औतारै।।
जाका ध्याना जोगी आना पापा हानाकाजै।
ऐसो नाथो द्योमो साथो भौ-भौ साता साजै।।2।।
साधा साधो जो या भौ में जाके रागा नाहीं।
आपा साधै प्रानी नावा ध्यानाध्येना माहीं।।
तापा आपै जापा जापै मोको राखै सोही।
मेरो सीसा याके पावे नाखो दीना होही।।3।।
ऐसे देवा याकी वानी साधा तीनो सोही।
मीको ज्ञानो ऐसी दीजौ मो पै राजी होही।।
तातैं नांदी दीपा पांचों मेरा पूजा सारी।
पूरी हो जावैं सा कीजौ ऐसी वांछा म्हारी।।4।।।

वेसरी छन्द

या पूजा श्रीपाले कीनी। काया रोगा की खय लीनी।।
या पूजा सो लोका देवैं। जो जीवा नीका ह्वै सेवैं।।5।।

सर्वलघु दोहा

वरत यह सुखकरन लख। समचित कर सिव सहल।।
पहल करम सर्व नस मजय, कर यह वरत जु टहल।।6।

चौपाई

यो व्रत मयणा सुन्दर करौ। सुभट सातसें को दुख हरौ।
ताकर जगमैं महिमा पाय। इस लख भव पूजौ मनलाय।।7।।

अडिल्ल छन्द

वरस एक में वार तीन यह व्रत करैं। कार्तिक फागुन सुदी अषाढ़ विषैं धरैं।।
करैं वर्ष लग आठ तथा वृष तीन जी। शक्ति बड़ीका धर करैं परवीन जी।।8।।

सोरठा

शक्ति बड़ी धर सोय, करै बहुत दिन भी सही।
उद्यापन फिर होय, नाहीं व्रत दूनो करै।।9।।

गीता छन्द

पीछै जु शक्ति प्रमाण अपनी द्रव्य तैं पूजा करैं।
उपकरण सुन्दर छत्र चामर लायकें मंदिर धरैं।।
पुस्तक लिखावैं दान करुणा देय दीन बुलाय जी।
इस रीति धर्म उद्योत ठाने जीव सो शिवपाय जी।10।।

पद्धरी छन्द

याविध अनेक महिमा निधान। यह वरतकहों धुनि में प्रमाण।।

कविकवलों गुणभाषै अपार। बहु कहिये कहांजग मांहिसार।।11।।

(इति व्रतमहिमा समाप्त)

समुच्चय पूजा

स्थापना (चाल जोगीरासे की)

पांचो मेरु महान कनक को, तिन पै जिनके थानों।
गिनत असी तिन माहि बिम्ब हैं, रतन मई पुन खानों।।
देव खगा तौ जाय जजै वहां, हम यहाँ भावना भावैं।
तातैं मेरन के जिनबिम्ब सु, थापन थाप जजावैं।।

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्यशीतिजिनालयस्थबिम्बसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वननम्

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्यशीतिजिनालयस्थबिम्बसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्यशीतिजिनालयस्थबिम्बसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

निर्मल मन सो ही जल उज्ज्वल भाजन भाव करायो।
आर्ज्य भाव रस सोही जीवा ता बिन पय धर लायो।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्यशीतिजिनालयस्थबिम्बेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शीतल भाव कियौ शुभ चंदन भक्त गंध को धारी।
मंद मोह झारी करता मैं भर लायौ सुखकारी।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ बिम्बेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

भाव अखंडित उज्ज्वल सोही अक्षत सुभग बनाये।
नानाभक्त उपाय उक्तै पुण्य बंधको आये।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरु संबंध्य शीति जिनालयस्थ बिम्बेभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

भाव प्रफुल्लित फूल बनाये बहुविध भक्ति सुरंगा।
विनयवान तामें गंध नीकी पुष्पन लायो चंगा।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो काम वाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

परणत परम मनोज्ञ तने मैं शुभ नैवेद्य बनायौ।
नानारस नयद्वार घनी यह भक्तभाव कर आयौ।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यक्ज्ञान प्रकाश सकल तत्वनको दीप बनाई।
धर्म ध्यान बहुतेज अगनि में जारी प्रीति बढ़ाई।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।

ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टकरम शुभ चंदन पीस्यौ ताकी धूप बनाई।
धर्म ध्यान बहुतेज अगनि में जारी प्रीति बढ़ाई।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पाप रहत परणाम किए फल समता थाल भराये।
आनंद होत सुलेय हाथ में बहुविध जिन गुन गाये।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसे आठों द्रव्य मनोहर ताको अरघ बनाई।
निर्मल भाव बनाय रकेवी ता धर शीश नवाई।।
वीसी चार सवै जिन मन्दिर पाँच मेरु के जानौं।
सो मैं मन वच काय जजत हों करन पाप को हानौं।।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्य शीति जिनालयस्थ जिन बिम्बेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पाँचों मेरु असी जिन धाम। हैविन किये ध्रुव तिस ठाम।
तिन मध बिम्ब देव जिनराय। सो मैं पूजो अर्घ चढ़ाव।
ॐ ह्रीं पञ्चमेरुसंबंध्यशीतिजिनालयस्थबिम्बेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रथम सुदर्शन मेरु की पूजा

अडिल्ल छन्द

मेरु सुदरशन जान बड़े विस्तार जी। मानूं स्वर्ग थंभन कूं थंभा सार जी।।
जापैं षोडश धाम जिनेसुर के सही। सो हम थापन थाप जजैं इस ही मही।।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसंबंधिषोडशजिनालयस्थजिनचैत्यालयस्थबिम्बसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वननम्

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसंबंधिषोडशजिनालयस्थजिनचैत्यालयस्थबिम्बसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसंबंधिषोडशजिनालयस्थजिनचैत्यालयस्थबिम्बसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (चौपाई)

निरमल नीर गंग को लाय। झारीं मणि मय माहिं धराय।।
मेरु सुदरशन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

बावन चंदन सो घिसवाय। लायो प्रभु पातरमें जाय।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत मुक्ताफल से लाय। उज्ज्वल खंडविना सुखदाय।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कलप द्रमके सुखरूप। लायो माला गूंथ अनूप।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य बनाय। मोदक आदिभले सुखदाय।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतनमई तमहार। लायो धर पातर मैं सार।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सारधूप दशगंध बनाय। खेऊँ जिन चरनन सुखदाय।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफलखारक अनिफल और। लायो भक्त हिये धर जोर।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलचंदन अक्षत पुह लेय। चरू दीपक फल धूप सुखेय।।
मेरु सुदर्शन जिनके धाम, षोडश पूजों तीरथ ठाम।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि षोडश जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घ (पद्धरि छन्द)

वनभद्रसाल जिन थार चार। विन कीने शाश्वत पुण्यकार।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।1।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभद्रशालसंबंधिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदन वन चव जिन थान जान। सों तीर्थ पापहारी सु मान।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।2।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुनंदनवनसंबंधिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चव जिन थल सोहे मनस थान। सब रतन खण्ड उपमा निधान।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।3।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसौमनसवनसंबंधिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन थल चव पांडुक वन मझार। खुर खग पूजों तहाँ भक्ति सार।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।4।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुपांडुकवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चव गज दंतो चव जिन सुगेह। महां सुन्दर देखें होय नेह।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।5।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुचतुर्गजदन्तसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जंबु वृक्षै जिन थान सोय। रचना मणि मय तहां बिंब जोय।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।6।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुजम्बूवृक्षस्थजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन थान शालमलि वृक्ष ठांहि। मुख मकहमा कहते पार नाहिं।।
तैं पूजों वसु द्रव अर्घ लाय। संबंध सुदर्शन मेरु पाय।।7।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुशाल्मलिवृक्षस्थजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुदरशन मेरुदक्षिणदिसाय। जिनथान कुलाचल पैजो पाय।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।8।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिदक्षिणदिक्कुलाचलस्थजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिश याही मेर जानि। जिन भवन कुलाचल पै सु थान।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।9।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिउत्तरदिशात्रयकुलाचलस्थजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुदरशन मेरु पूरब दिशाय। जिन थान वक्ष्यारन सीस पाय।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।10।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुपूर्वदिशासम्बन्ध्यष्टवक्ष्यारगिरिस्थजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पच्छिम दिश येही मेरु सार। विक्ष्यारन पै जिन भवन धार।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।11।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुपच्छिर्मदिशासम्बन्ध्यष्टवक्षारगिरिस्थजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इस मेरु सुदरशन पूर्व जाय। विजयारध पै जिनभवन पाय।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।12।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिपूर्वदिशायाः षोडश विजयार्धपर्वतस्थजनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पच्छिम सुदरशन मेरु ठांहि। वेताडन पै जिन भवन पांहि।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।13।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिपश्चिमदिशि विजयार्धपर्वतस्थजनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इस मेरु सुदरशन दछन जानि। रूपाचल पै इक जिन सुथानि।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।14।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुदक्षिणदिशि एक रूपाचलस्थैकजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिश इसही मेरु जान। विजयारध पै जिन भवन मान।।
तिनमें जिनबिंब मनोज्ञ सोय। जिनके पद पूजों दीन होय।।15।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुउत्तरदिशिरूपाचलस्थैकजिनालयाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीस चाश्र वैताढ़ सोल वक्ष्यार जी। दोय विरछ षट कुलाचला लख सार जी।।
षोडश वनके थान चार गज दंत है। ह्या इक इक जिन भवन जजों ते संत हैं।।16।।
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्ध्यष्टसप्ततिजिनालयेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ जयमाला

दोहा

मेरु सुभग थानक भलौ, तीरथ पातक नास। जजौ थान इस संग के, मन वच तन ह्वै दास।।1।

चाल-तेगुरु की

मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।टेक।।
ऊँचो जोजन लाख है, सब कनक स्वरूप।
नीचै की मणि तेज है, बहु घेर अनूप।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।2।।

भद्रसाल वन मेरु की, जड़ भौम मझार।
ता ऊपर फिर जाइये, वन नन्दन सार।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।3।।
ता ऊपर वन सोम है, तीजौ वन सोय।
ऊपर पांडुक वन कहो, चौथो अवलोय।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।4।।
इस वन वन, चव जानिये, श्रीजिनवर ठाम।
कनक रतन जड़िये सही, सब करो प्रणाम।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।5।।
ठाम ठाम सर बावड़ी, शुभ महल अनूप।
देव तहां क्रीड़ा करैं, वापक गुन रूप।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।6।।
कै चारन मुनि जाय हैं, जिन वंदन काज।
ध्यान धरैं शुभ थानमें, पावै शिवराज।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।7।।
पांडुक वन में जानिये, मघ चूलक ठाम।
वैडूरक मणिमय सही, रंग हरत सुधाम।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।8।।
जोजन तुंग चालीस है, तिस ऊपर जोय।
केस अन्तरै स्वर्ग है, सौधर्म जुग सोय।।
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय।।9।।
इत्यादिक महिमा-घनी, कवलों वरनाय।
सहस जीमतै कीजिये, तोहु पार न पाय।।

मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय॥10॥
सब गिरि में परधान है, यह मेरु महान।
याके अन परवार है, तहां जिनके थान॥
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय॥11॥
तीस चार वैताढ हैं, षोडश वक्ष्यार।
और कुलाचल षट सही, गजदंत वृक्ष सार॥
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय॥12॥
एक एक जिन थान हैं, मैं पूजों सार।
मेरु सुदरशन है सही, केचन वरन अपार॥
मेरु सुदरशन सोहनौ, तीरथ पद सुखदाय॥13॥

दोहा

मेरु मांहि मन राखिये, तहां अकृत्रिम थान।
जिनके मुनि चारण तहाँ, तातै नमि पुनि आनि॥14॥
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

(इति सुदर्शन मेरु पूजा सम्पूर्ण)

अथ द्वितीय विजयमेरु पूजा (गीता छन्द)
खंड धातकी पूर्व दिशको विजय मेरु सुथान है।
तिस ऊपरै जिनधाम षोडश अकीर्तन पुन धाम है॥
इन आदि और कुलाचलादिक मेरु संबंधी सही।
जिन थान कूं यहाँ थापि पूजूं भक्त तै पुनकी मही॥1॥
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयानि! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इत्याह्वननम्।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयानि! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयानि! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (अडिल्ल छन्द)

नीर निरमलो गंग धारको लाइये। सुन्दर झारी घालि हरष बहु पाइये।।
जनम-मरण दुख हरन महा थुति गायजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन बावन अगर गंधले सार जी। निरमल नीर घसाय आप कर धार जी।।
भौ तपरोग मिटावनकौ गुन गायजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल खंड विनाही लाइयौ। प्राशुक जलतैं धोय शुद्ध करवाइयौ।।
थान अखयका लोभ धार मैं आयजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कनक चांदी के प्राशुक लेयजी। तिनको हार बनाय शोभजुत जेयजी।
कामदहन के काज भक्त धर आयजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस नैवेद्य आदि मोदक सही। कीनैं शुभ आचार सहित अब इस मही।।
भूखरोग खय काज आज हम आयजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति *स्वाहा।*

मणिमय दीपक लेय जोत परकाश जी। कंचन पातर धार होय प्रभु दास जी।।
मेटन मिथ्या ध्यांत पूजने आय जी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप मनोज्ञ बनाय बंध दश डार जी। खेवन आयौ अगनि माहि थुति धारजी।।
कर्म दाह फल चाह और नहीं आयजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लौंग बदाम सुपारी सारजी। खारिक आदि अनेक और फल धारजी।।
कारण शिव फल लोम आप पे आयजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गंध तंदुल पुह चरु ले दीपजी। धूप फला विध आठ अरघ शुभ टीपजी।।
नाना सुख के काज पाप खयदायजी। पूज्य जिनालय विजयमेरु जुतपायजी।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घ (जनजंपि की चाल)

विजय मेरु की भौम में बन भद्रसाल सुखदाई जी।
च्यार जिनालय मणिमई ते पूजो अर्घ बनाई जी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।1।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिभद्रसाल वनस्थचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदन वन या ऊपरै तिस महिमा अधिक विचारो जी।
विजयमेरु शुभस्थान है यह तीरथ निर्मल जानोजी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।2।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुनंदनवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इस ऊपर वन सोम है तहां देव विद्याधर जावें जी।
चारि जिनालय हैं तहां ते पूजों मैं अघ ढावैं जी।।
विजयमेरु तीरथसही तहां जिनथल मुनिशिव जावै जी।।मन वच भक्त लगाय कैं।।3।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु सौमनसवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पांडुक वन सब ऊपरे जहां रतनमई जिन गेहा जी।
चारि जिनालय जिन कहे ते पूजों अरघ समेहा जी।।
विजयमेरु तीरथ सही तहां जिनथल मुनिशव पावैंजी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।4।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु पांडुकवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विजय मेरु दक्षिण दिशा जंबू वृक्ष बहु विस्तारो जी।
तापैं इक जिन गेह है सो पूजौं अरघ संवारौ जी।।
विजयमेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग नित सारो जी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।5।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु दक्षिणदिशास्थजंबूवृक्षस्यैकजिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिश इस मेरु की शाल्मली वृक्ष जानौं जी।
तापै जिन मंदिर सही ते पूजों अरघ चढ़ानौं जी।।
विजयमेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानौं जी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।6।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुउत्तरदिशायाः शाल्मलिवृक्षस्यैक जिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विजयमेरु गजदंत पै जिन थानक है पुन्य दाईजी।
सो चारों थल बंदिये ले अरघ महा हरषाई जीं।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानौं जी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।7।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु चतुर्गजदन्तोपरिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विजयमेरु दक्षिणदिशा गिरि जीन कुलाचल सारोजी।
तिन पै जिन थानक सही ते पूजों हरष अपारो जी।।
विजय मेरु तीरथ सही, पूजैं सुर खग यह थानों जी।। मन वच भक्त लगाय कैं।।8।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु दक्षिणदिशायाः त्रिकुलाचलेषु त्रिजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिश इस मेरु की गिर कहे कुलाचल तीनौं जी।
तिन पै जिन मन्दिर सही ते पूजो भक्ति नवीनो जी।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।9।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु संबंध्युत्तरदिशायास्त्रिकुलाचलेषु त्रिजिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दक्षिण दिस वेताढ है गिरि विजय मेरु तैं जानों जी।
तिन पै जिनथल विन किये ते पूजौं हरष बढ़ानों जी।।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।10।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुदक्षिणदिश्येकविजयार्धोपर्येकजिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विजयमहागिरि मेरु की विजयारध पश्चम सोलाजी।
तिनपैइक-इक जिनभवनते पूजैं अघहोय खोलाजी।।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।11।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु पश्चिमदिशायांषौडशविजयार्धपर्वतेषु षोडशजिन चैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विजय मेरु की उत्तरैं विजयारध एक सुथानो जी।
तापै इक जिन थान है सो पूजों कर सम्मानों जीं।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।12।।
ॐ ह्रीं विजयमेरोरुत्तरदिश्येकविजयार्धोपर्येकजिनचैत्यालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरब दिस इस मेरु की विजयारध महा गिरिदा जी।
तिन पै षोडश जिन भवन पूजैं मिट है अघ फंदाजी।।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।13।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुपूर्वदिशि षोडशविजयार्धेषुषोडशजिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरब दिस इस मेरु की बसु परवत सार विक्ष्यारो जी।
तिनपै जिन थल आठ हैं ते पूजों मन वच धारोजी।।
विजय मेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।14।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुपूर्वदिश्यष्टवक्ष्यारेष्वष्ट जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पच्छम विजय सुमेरु की आठ बिक्ष्यार सुजानौ जी।
आठ तिनों पै जिनभवन ते पूजों अरघ सुआनौ जी।।
विजयमेरु तीरथ सही पूजैं सुर खग यह थानों जी। मन वच भक्त लगाय कैं।।15।।
ॐ ह्रीं विजयमेरु पश्चिमदिश्यष्टवक्ष्यारेष्वष्ट जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द

विजय मेरु संग इस प्रकार वन चार जी। गजदंता वृक्षदोय कुलाचल सार जी।।
विजयारध चौंतीस वक्ष्यार सुजानिये। इन पै जे जिन थान जजौं अर्घ आनिये।।
ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ जयमाला - दोहा

विजय मेरु दूजो सही, जान अकिरतन थान। या संबंध जे जिन भवन,
पूजैं सुर खग आन।।1।।

मुनियानन्द की चाल

मेरु विजया विषैं थान जिनके सही। बिम्ब तिनमें जिसे देव जिन छवि कही।।1।।

दिष्ट नाशा दिये ध्यान पदमासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।2।।

शांति मुद्रा बिना राग सुखदायजी। मानु अब दिव्य धुनि खिरैगी आयजी।।

इन्द्र से दीन होय करै अरदासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।3।।

ध्यान में मुनि जिन बिम्ब जे ध्याय है। आपनौ रूप ऐसो कियो चाय हैं।।

जोय जिन ध्यान नहीं होय जग आसना। देखते नाश होय पाप की वासना।।4।।

भक्त मन मोहनी देह जिनराय की। देखते बढ़े उर राग सुखदाय जी।।

मोक्ष तिय नित चहै रूप तिन भासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।5।।

देखते मूर्ति जिन राय सुध आय है। सोम अति सोहनी काय जिनराय है।।

लखै शुभ ध्यान दुर ध्यान की वासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।6।।

आदि इनको घनी ऊपमा दायजी। अकिरतम देव जिन बिम्ब में पाय जी।।

तीर्थ मंगल करा और समता सना। देखते नाश होय पाप की वासना।।7।।

बिम्ब सब रतन मय तजे बहु धारजी। जोति तिनकी कनै दबै शशिसारजी।।

कनक मय गेह जिन धरें परकासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।8।।

बड़े विस्तार जिन थान को जानिये। कोटि त्रय वेष्टि रचना घनी मानिये।।

वाग वन महल वापी सुदुख नाशना। देखते नाश होय पाप की वासना।।9।।

दूसरे मेरु विजय तनी विधि कही। वरनतै सोभ पुण्य रास भवयनि लही।।

तीर्थ सिद्ध क्षेत्र मुनि करै कर्म नासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।10।।

विजय यह मेर बहु घेर में जानिये। देव खग गमन तहँ सदा तिस थानिये।।

जजैं ते जाय हम करैं यहँ उपासना। देखते नाश होय पाप की वासना।।11।।

दोहा विजय मेरु गुनमाल को, जपें जोय भवि कोय। ताको तीरथ लाभ हैं,

दिये भाव फल होय।।12।।

ॐ ह्रीं विजयमेरुसंबंधिजिनालयेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(इति विजय मेरु पूजा समाप्त)

अथ तृतीय अचलमेरु पूजा

॥ वेसरी छन्द॥

मेरु अचल सम्बंधि जिनाला, सो पूजै सुर खग गुनमाला।

हम तौ सकत हीन हैं भाई, तातैं यहाँ थपि भावन भाई॥1॥

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयान्यत्रावतरतावतरत संवौषट् इत्याह्वननम्।

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयान्यत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयान्यत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम ।

अथाष्टक (अडिल्ल छन्द)

नीर निरमलो कनक पात्र धर लायजी। उज्ज्वल सार सुगन्ध मनोहर आयजी।

अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। पूजों भक्त बढ़ाय फलै भव हानजी॥1॥

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन चारु सुगंध अगर मिलवाय जी। प्राशुक पानी लाय घस्यो थुति गायजी॥

अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। पूजों ताफल भव आताप मिटावजी॥2॥

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखंड अनूप गंध धारी सही। धवल रंग मुकता फलसे पुन की सही॥

अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। पूजों ता फल अक्षय पदकों पायजी॥3॥

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कलप वृक्ष सार गंध दायक सही। कंचन चांदी फुल आपनै कर मही॥

अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजों पद मदन तनौं खय जानिजी॥4॥

ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस शुभ लाय कियौ नैवेद्यजी। मोदक आदि बनाय लिए निरवेद जी।।
अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजों फल भूख तनी होय हानिजी।।5।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक मणिमयसार जोति तम नासना। कनक पात्र धर लाय करौ धुति भासना।।
अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजों फल होय मिथ्यातम नास जी।।6।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर चंदन आदि जो दशधा धूपजी। अगनि मध्य खेऊँ निज हौन अरूपजी।।
अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजौं फल कर्म दहै शिव जायजी।।7।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री फल लौंग बादाम सुपारी सारजी। आदि इने अनि आनि फला सुखकारजी।।
अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजौं फल मोक्ष हौनकी जानिजी।।8।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुष्प चरु दीपक सही। धूप और फल आठ लेय अरघे टही।।
अचल मेरु सम्बन्ध जिते जिन थानजी। सो पूजौं फल अमल हौन हित आनजी।।9।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक अर्घ

।। चौपाई ।।

अचल मेरु को भौम मझार, भद्रसाल जानौ वनसार।
ताके मध चव जिनवर थान, ते हौं पूजों शक्ति प्रमान।।1।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुभद्रशालसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदन नाम महा बन सोय, अचल मेरु के ऊपर जोय।
ताके मांहिं चार जिनथान, तेऊ पूजों शक्ति प्रमान।।2।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुनंदनवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु के ऊपर सोय, सोमनस नाम वन अद्भुत जोय।
तामें चार जिनालय जान, ते हों पूजों शक्ति प्रमान।।3।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु सौमनसवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पांडुक वन सब ऊपर जोय, अचल मेरु सम्बन्धी सोय।
ता विच चार जिनालय जानि, ते हूँ पूजों शक्ति प्रमान।।4।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु पांडुकवनसम्बन्धिचतुर्जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु की दक्खिन दिशा, जंबू वृक्ष ऊपरे लसा।
एक जिनेसुरजी का थान, सो ही पूजों शक्ति प्रमान।।5।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु दक्षिणदिशस्थजंबूवृक्ष्यैकजिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु की उत्तर सोय, सालमली वृक्ष मणमय जोय।
तापै एक जिनेसुर थान, सोहू पूजौं शक्ति प्रमान।।6।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुत्तरदिशायाः शाल्मलिवृक्षोपर्य्येक जिनचैत्यालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु के चार बखान, गजदंता परवत हित दान।
तिनपै चार जिनालय जान, तेहू पूजौं शक्ति प्रमान।।7।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु चतुर्गजदन्तोपरिचतुजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचलमेरु की दक्षिण सोय, तीन कुलाचल गिर शुभ जोय।
जिन पै तीन जिनालय जान, ते हू पूजौं शक्ति प्रमान।।8।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु दक्षिणदिशि त्रिकुलाचलेषु त्रिजिनचैत्यालयोभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु उत्तर दिस जाय, तीन कुलाचल परवत पाय।
तिन पै तीन जिनालय जान, ते हू पूजौं शक्ति प्रमान।।9।।
ॐ ह्रीं अचलमेरुत्तर दिशि त्रिषुकुलाचलेषु त्रिजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु की पूरब जोय, आठ वक्ष्यार महा गिर पाय।
तिन इक इक पै है जिनथान, तेहों पूजौं शक्ति प्रमान।।10।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु पूर्वदिश्यष्टवक्ष्यारगिरिष्वष्ट जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पच्छम अचल मेरु को जोय, आठ बक्ष्यार बढ़े गिर सोय।
तिन पै आठों ही जिन थान, तेहूँ पूजौं शक्ति प्रमान।।11।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु पश्चिमदिश्यष्टवक्ष्यारेष्टवष्टजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु की पूरब जोय, हैं बिजारथ षोडशसोय।
तिन पै षोडश ही जिन थान, सो हौं पूजौं शक्ति प्रमान।।12।।
ॐ ह्रीं अचलमेरु पूर्वदिशि षोडशविजयार्धेषु षोडशजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अचल मेरु की दक्षिण भौम, बिजयारध गिर है इक सोम।
ता ऊपर इक जिनको थान, सोहू पूजौं शक्ति प्रमान।।13।
ॐ ह्रीं अचलमेरु दक्षिणदिश्येकविजयार्धोपर्येक जिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु अचल की पश्चिम जेइ, षौडश विजयारध गिर लेइ।
तिन सबपै इक-इक जिनथान, सो हैं पूजौं शक्ति प्रमान।।14।।

अचलमेरु की उत्तर धरा एक खगाचल पर्वत परा।
तापै एक जिनालय जान, सों हौं पूजौं प्रमान।।15।।

खंड धातकी दक्षिण जाय, इष्वाकार एक गिर पाय।
ता पै एक जिनालय मान, सो हौं पूजौं शक्ति प्रमान।।16।।

ॐ ह्रीं अचलमेरु पश्चिमदिशि षोडशविजयार्धेषु षोडशचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अचलमेरु उत्तरदिश्येक विजयार्धस्यैकजिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं धातकीखंडदक्षिणदिश्यवक्ष्वाकारपर्वतोपर्यक जिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं धातकीखंडस्योत्तरदिश्यि क्ष्वाकारपर्वतोपर्येकजिनालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ जयमाला

उत्तर दिश खँड धातकि माहिं, इक्ष्वाकार मध्य में पाहिं।
ता पै एक जिनालय मान, सोमैं पूजौं शक्ति प्रमान।17।।

ऐसे अचल मेरु विध जोय, सो-सो धरा जिनालय सोय।
ते हौं अरघ लाय हरषाय, पूजौं सब जिन थल थुति गाय।।18।।

दोहा

अचल मेरु पै जिन न्हवन, होय मुनि शिव जाय। तातैं तीरथ निरमलौ, मैं पूजौं गुन गाय।।1।।

॥ वेसरी छन्द ॥

अचल मेरु सम्बन्धी जानौं, हैं जिन थान सु कहौ बखानौ।
अरु पर्वत गिर याकी लारा, सुन तैं जीव लहै पुर सारा॥2॥
जहां-जहां जिन मन्दिर होई, सो-सो थान कहौं सुनि सोई।
चव्वन षोडश जिन थल धारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥3॥
चार कहे गजदंता भाई, इन पै चव जिन गेह बताई।
सो भी रतन मई शुभकारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥4॥
जम्बू शाल्मली वृक्ष जानौं, इन जुग पै जुग जिनथल मानौं।
तहँ भी सुर खग का पै सारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥5॥
षोडश गिर वक्ष्यार हैं भाई, तिन पै षोडश जिन गृह पाई।
तहा जाय पूजौं शुभ धारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥6॥
विजयारथ चौंतीसा जानौ, ते सब चांदीमय तन थानौ।
तिनपै चौतिस जिनथल भारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥7॥
इक्ष्वाकार दोय गिर जानौ, इन पै दोय जिनालय मानौ।
तहां सुरखग पूजैं हितकारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥8॥
इत्यादिक जिन मंदिर भाई, सबै थान जिय की सुखदाई।
ये सब तीरथ थान अपारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥9॥
जो पूजै परतछ तहँ जाई, ताके उदय पुन्य होय भाई।
हम परोक्ष गुन गावें प्यारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥10॥
हम यहां पूज्य भावना भावैं, ताही कर भव सफल करावैं।
गावै राग धार गुन भारा, सुन तैं जीव लहै पुन सारा॥11॥

दोहा

खंड धातकी पछम दिश, अचल मेरु शुभ धाम।

ता सम्बन्ध तीरथ सवै, जजौं जिनेश्वर ठाम।।12।।

ॐ ह्रीं धातकीपश्चिमदिश्यचलमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इति अलचमेरु पूजा समाप्त।

अथ चतुर्थ मंदिर मेरु संबंधी जिनालय पूजा

(मुनियानन्द की चाल)

अर्घ यह कर धरा पूर्व दिशा जानिये। मेरु चैथा भला मंदर सुख मानिये।।

तासम्बन्धी जिते जिन थानका है सही। सो सकल थापि इहां जजौ पुन्य की मही।।

ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिन चैत्यालयानि अत्र अवतर अवतर संवौषट् इत्याह्वनम्।

ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिन चैत्यालयानि अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिन चैत्यालयानि अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (भंजंगप्रयात छन्द)

लियानीर प्राशुक भले पात्र माहीं। धरी भक्त उरमें लिये हाथ ठाहीं।।

करूँ वीनती गुनन की गाय माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धी जिनाला।।1।।

ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भला अगर चंदन घसा नीर माहीं। धरे गंध बहु भंवर गुंजार लाहीं।।

लिया पात्र माहीं कहं भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।2।।

ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

भले खंडविन तंदुला सोध लाया। घने उज्जला सोभदाई सुहाया।।
धरें पात्र माहीं पढ़ी भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।3।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

लिए फूल शुभ वृक्ष के गंधदाई। करी माल नीकी भली जुक्त लाई।।
धरी आपने हाथ कह भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।4।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद नाना भरे स्वाद लाया। घने मेलि रस मोदकादिक बनाया।।
धरे पात्र करले पढ़ी भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।5।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लिए दीप मणिमल महा जोति धारी। गया अंध तिनतें जगे छोड़ि सारी।।
लिए आरती गाय सुख भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।6।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

करी धूप दशधा लगी गंध आनी। घसी नीरतैं जोर बारीक ठानी।।
धरी अगनि पै हरष कह भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।7।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

लिए श्रीफला लौंग बादाम भारी। भले खारका और जानौं सुपनारी।।
चले पात्र में धार पढ़ भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।8।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

धरैं नीर चंदन अक्षत पहुप भारी। नईवेद दीपक भला धूप थारी।।
धरी अर्घ करले भली भक्त माला। जजौं मेरु मन्दिर सम्बन्धि जिनाला।।9।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुसम्बन्धिजिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्थ प्रत्येक अर्घ (मुनियानन्द की चाल)

मेरु मंदिर तनी भौम में जानिये। महा बन भद्रसाला सुखद मानिये।।
तास मध्य चार जिन थान पुण्य की मही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।1।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुभद्रसालवन सम्बन्धिचतुर्जिनचैत्यालयभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऊपरैं मेरु मन्दिर तनो जानिये। नन्दन वन सोभिए महा सुख मानिये।।
ता विषैं चार जिनराज मन्दिर सही। सो जजौं अर्घ सों वीनती मुख कही।।2।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु नन्दनवनसम्बन्धिचतुर्जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मन्दिर तने ऊपरे सारजी। सौमवन है सही सकल सुख कारजी।।
ता विषै चार जिन देव मंदिर सही। सो जजौं अर्घसों वीनती मुख कही।।3।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु सौमनसवनसम्बन्धिचतुर्जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऊपरै मेरु मन्दिर तने जानिये। पांडुवन सोहनो तीर्थ सो मानिये।
चार जिन थान विन कि तहां हैं सही। सो जजो अर्घतें वीनती मुख कही।।4।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु पांडुकवनसम्बन्धिचतुर्जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मन्दिर दक्षिण दिशा जोय जी। वृक्ष जंबू कहौ रतन मय सोयजी।।
तास ऊपर कहौ थान जिनको सही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।5।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु भद्रसालवनसम्बन्धिचतुर्जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मन्दिर तनी दिशा उत्तर गिनौ। सालमल वृक्ष सो मणिमई धुनि भनौं।।
एक जिन गेह विन कियो तहां है सही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।6।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुत्तदिशि शाल्मलिवृक्षोपर्येकजिनचैत्यालयार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मंदिर तनें चार गजदंत जी। तिन विषैं चार जिन थान अघ तंतजी।।
देव खगजाय जिन सेव करहैं सही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।7।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुश्चतुर्गगजदन्तेषु चतुर्जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मन्दिर तनें दक्षिन दिश भौमजी। तीन गिर कुलाचल जान अति सोमजी।।
तिन विषैं तीन जिन थान शुभ की मही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।8।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु दक्षिणदिशि त्रिषु कुलाचलेषु त्रिभ्यः जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिश मेरु मन्दिर तनी जानिये। तीन परवत भले कुलाचल मानिये।।
तिन विषैं तीनहीं थान जिनके सही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।9।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरुत्तदिशि त्रिषु कुलाचलेषु त्रिभ्यः जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु पूरब दिशा मन्दिर की जानिये। आठ वक्ष्यार गिर बड़े शुभ मानिये।।
तिन विषैं आठ ही जिन भवन है सही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।10।।
ॐ ह्रीं मंदिरमेरु पूर्वदिशासम्बन्ध्यष्टवक्षारगिरिष्टाभ्यः जिनालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पच्छिम दिश मेरु मन्दिर तनी जोइये। आठ वक्षार गिर कनक मय सोइये।।
तिन विषै आठ जिन थान शुभको मही। सो जजौं अर्घ तैं वीनती मुख कही।।11।।
पद्मप्रभु पूजक पानत धुजत भव भव मांगत शरणं।।
जय पद्मप्रभु पूजा कराय, सूरज ग्रह दूषण तुरत जाय।
नौ योजन समवसरण बखान, घण्टा झालर सहित वितान।।
शतइन्द्र नमत तिस चरन आय, दशशत गणधर शोभा धराय।
वाणी घनधोर जु घटा जोर, धन शब्द सुनत भवि नचै मोर।।
भामण्डल आभा लसत भूर, चन्द्रादिक कोट कला जु सूर।
तहां वृक्ष अशोक महां उतंग, सब जीवन शोक हरे अभंग।।
सुमनादिक सुर वर्षा कराय, वे दाग चंवर प्रभुपै ढराय।
सिंहासन तीन त्रि लोक ईश, त्रय छत्र फिर नग जड़त शीश।।

मत भई आवत मकरन्द सार, त्रय धुलि सार सुन्दर अपार।
कल्याणक पांचों सुख निधान, पंचम गति दाता है सुजान।।
साढ़े बारह कोड़ी जु सार, बाजै दिन वेद बजे अपार।
धरणेन्द्र नरेन्द्र सुरेन्द्र ईस, त्रिलोक नमत कर धरि ऋषीस।।
सुर मुक्त रमा वर नमत बार, दोऊ हाथ जोड़ कर बार बार।
याके पद नमत आनंद होय, दूति आगे दिनकर छिपत जाय।।
मन शुद्ध समुद्र हृदय विचार, सुख दाता सब जनको अपार।
मन वच तन कर पूजा निहार, कीजे सुखदायक जगत सार।।

ॐ ह्रीं सूर्यग्रह अरिष्टनिवारक श्रीपद्मप्रभु जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब जन हितकारी, सुख अति भारी, मारी रोगादिक हरणं।
पापादिक टारै ग्रह निरवारै, भव्य जीव सब सुख करणं।।

इति आशीर्वादः परिपुष्पांजलिं क्षिपेत।

चन्द्र अरिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभु पूजा

निश पति पीड़ा, ठन गोचर लग्न विषै परे। वसु विधि चतुर सुजान, चन्द्रप्रभू पूजा करे।।
चन्द्रपुरीके बीच चन्द्रप्रभु अवतरै। लक्षण सोहे चन्द्र सबनके मन हरैं।।
भव्य जीव सुखकाज द्रव्य ले धरत हैं। सोम दोषके हेत थापना करत हैं।।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभु जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक

कंचर झारी जडत जडात, क्षीरोदक भर जिनहिं चढ़ात।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।।
चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।

जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर केशर घनसार, चरचत जिन भव ताप निवार।

जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।

चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

खण्डरहित अक्षत शशिरूप, पूंज चढाय होय शिवभूप।

जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।

चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुन्द कमलिनी अभंग, कल्पतरु जस हरै अमंग।

जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।

चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

धेवर बावर मोदक लेऊ, दोष क्षुधाहर थार भरेउ।

जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।

चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय दीपक धृत जु भरेउ, बाती वरत तिमिर जु हरेउ।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।
चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।
ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कालागुरुकी कनी खिवाय, वसु विधि कर्म जु तुरत नसाय।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।
चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।
ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल अम्ब सदा फल लेउ, चोच मोच अमृत फल देउ।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।
चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।
ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध पुष्पं शालि नैवेद्य, दीप धूप फल ले अनिवेद्य।
जगत गुरु हो, जै जै नाथ जगत गुरु हो।
चन्द्रप्रभु पूजौ मन लाय, सोम दोष तातै मिट जाय।
ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन बहु फल जु तन्दुल लीजिये। दुग्ध शर्करा सहित सु विजन कीजिये।।
दीप धूप फल अर्घ बनाय धरीजिये। पूजों सोम जिनेन्द्र सुदुःख हरीजिये।।
ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

चंदप्रभु चरणं सब सुख भरणं करणं आतम हिल अतुलं।
दर्द जु हरण भव जल तरणं, मरन हरं शुभकर विपुलं।।
भव्य मन हृदय मिथ्यात तम नाशकम्। केवलज्ञान जग-सूर्य प्रतिभासकम्।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
वर्धनं चंद्रमा धर्म जलानिधि महा। जगत सुखकार-शिव माग प्रभने महा।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
ज्ञात गम्भीर अति धीर वर वीर हैं। तीनहूँ लोक सब जगतके मीर है।।
विकट कंदर्पको दर्प छिन में हरा। कर्म वसु पाय सब आप ही तैं झरा।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
सोमपुर नगर में जन्म प्रभु ने लहा। क्रोध छल लोभ मद मान माया दहा।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
देह जिनराजकी अधिक शोभा धरे। स्फटिकमणि कांति तांहि देख लज्जा करे।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
आठ अरु एक हजार लक्षण महा। दाहिने चरणको निशपति गह रहा।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।
कहत 'मनसुख' श्री चन्द्रप्रभु पूजिये। सोम दुख नाशके जगत भय धूजिये।।
चंद्रप्रभु चरण मन हरण सब सुखकरं। शाकिनी भूत ग्रह सोम सब दुखहरं।।

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पाप ताप के नाश को, धर्मामृत रस कूप। चंद्रप्रभु जिनं पूजिये होय जो आनंद भूप।।

इत्याशीर्वादः

मंगल अरिष्टनिवारक श्री वासुपूज्य पूजा

वासुपूज्य जिन चरण युग भूसुत दोष पलाय। ताते भवि पूजा करो, मनमें अति हरषाय।
वासुपूज्य के जन्म समय हरषायके। आये गज ले साज इन्द्र सुख पायके।।
लै मंदिर गिर जाय जु न्हवन करायके। सोंपे माता जाय जो नाम धराय के।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिन! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

कनक झारी अधिक उत्तम रतन जड़ित सु लीजिये।
पद्म द्रहको जल सुगंधित कर धार चरनन दीजिये।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड मलय जु महा शीतल सुरभ चंदन विस धरौ।
जिन चरन चरचों भविक हित सों पाप ताप सब हरौं।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखण्डित सुरभि मंडित थारी भर कर मैं गहों।
अक्षत सु पुंज दिवाय जिन पद अखय पदमें जो लहों।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुन्द गुलाब चम्पा, पारिजातक अति घने।
पहूँच पूजत चरन प्रभुके कुसुम शर तब हो हने।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजो हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

गौ घृत सद्य मंगाय भविजन दुग्ध मिश्रित शर्करी।
चरु चारु लेकर जजों जिनपद, क्षुधा वेदन सब हरी।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि जडित कंचन दीप सुन्दर घृत तामें भरो।
उद्योत कर जिन चरण आगे, हृदय मिथ्यातम हरो।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

काला अगर धन सार मिश्रित देव फूल सुहावने।
खेवत धुंआ सो सुरंग मोदित, करत वसु कर्म हने।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल अनार जो आम नींबू, चोच मोच सुधा फलं।
जिन चरन चरचत फलन सेती, मोक्षफल दाता रलं।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।
ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधन अक्षत पुष्प विंजन, दीप धूप फलोत्तमं।
जिनराज अर्घ चढ़ाय भविजन, लेऊ मुक्ति सुखोत्तमं।।
भूतनय दूषण दूर नाश जु सकल आरत टारके।
श्रीवासुपूज्य जिन चरन पूजौ हर्ष उरमें धारके।।
ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

सुरभित जल श्रीखण्ड कुसुम तन्दुल भले। विंजन दीपक धूप सवा फल सों रले।।
वासुपूज्य जिन चरण अर्घ शुभ दीजिए। मंगल ग्रह दुख टार सो मंगल लीजिए।।
ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

मंगल ग्रह हरनं मंगल करनं, सुखकर शिव-रमणी वरन।
आतम हित करनं भवजल तरनं, वासुपूज्य सेवत चरन।।

पद्धति छन्द

इन्द्र नरेन्द्र खगेन्द्र जु देव, आय करें जिनवर की सेव।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।टेक।।
विजया जननी मन हर्षाय जनक जु वासुपूज्य सुखदाय।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
शुभ लक्षण कर लक्षित काय, चम्पापुर जन में जिनराय।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
महिषा अंक चरनमें परो, देखत सबका संशय हरो।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
फाल्गुन असि जो चौदश जान, हो वैराग्य सु धरियो ध्यान।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
घता घातिया केवल पाय, जैनधर्म जगमें प्रगटाय।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
षट शत एक मुनीश्वर भयो, गिरि मन्दार शिव लहि गयो।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।
मंगल हेतु जजों जिनराय, मंगल ग्रह दूषण मिट जाय।
वासुपूज्य जिनपूजा करो, मंगल दोष सकल परिहरो।।

धत्ता छन्द

पूजन प्रभु की कीजे, दोष हरीजे, छीजे पातक जन्म जरा।

सुख होय अविकारी ग्रहदुखहारी, भवजल भारी नीरतरा।।

ॐ ह्रीं भौम अनिष्टनिवारक श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इतिश्री भीमअरिष्टनिवारक श्री वासुपूज्यजिनपूजन संपूर्ण।

बुधग्रह अरिष्ट निवारक अष्ट जिनपूजा

सौम्य ग्रह पीड़ा करैं, पूजों आठ जिनेश।
आठ गुण जिनमें लसें, नावत शीश सुरेश।।
विमलनाथ जिन नमों, नमो जु अनन्तनाथ जिन।
धर्मनाथ जिन बंद बंद हौं, शांति शांति जिन।।
कुन्थु अरह जिन सुमरि, सुमरि पुनि वर्धमान जिन।
इन आठों जिन जजों, भजों सुख करन चरन तिन।।
बुध महाग्रह अशुभता धरत करत दुख जोर जब।
आह्वाननम् कर तिष्ठ तिष्ठ, सन्निधि करहु तव।।

ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिन जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्, परिपुष्पांजलि क्षिपेत्।

अथाष्टक (गीता छन्द)

हेम झारी जड़ित मन जल भरों क्षीरोदक तनं।
धार देत जिनराज आगे, पाप ताप जु नाशनं।।

विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभि सुमरत लेऊं चंदन, घिसों कुमकुम संग ही।
जिन चरन चरचत मिटे ग्रीषम, मोह ताप जु भाग ही।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखंड उभय कोट समान शुभ जू अति घने।
ले कनक थार भराय भविजन, पुज देत सुहावने।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मन्दार माली मालती मच कुन्द मरुवो मोतिया।
कमल कुन्द कुसुम करना, काम बाण जु घातिया।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत शुद्ध, मिश्रित शर्करामृत, करहु विजन भावसों।
ग्रहशांति के होत जिनके, चरन चरचों चावसों।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।

ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि जडित हाटक दीप सुन्दर खातका घनसार है।
सर्पि सहित शिखा प्रकाशित, आरती तमहार है।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

लोभा अगर कर्पूर चंदन, लौंग चूरन लेइये।
वन्हि धूम वि वर्जितम जिन चरन आगे खेइये।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पपादक जिन श्रीफल, फल समूह चढ़ाइये।
भक्ति भाव बढाय करके, सरल श्रीफल लीजिये।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ सलिल चंदन सुमन, अक्षत क्षुधा हर चरु लीजिये।
मणि दीप धूपक फल सहित, वसु द्रव्य अर्घ करीजियें।।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदनं आदिक दरब, पूजों वसु जिनराय।
सोम्य ग्रह दूषण मिट, पूरन अर्ध चढ़ाय।
विमलनाथ अनंतनाथ, सु धर्मनाथ जु शांत ये।
कुन्थु अरह जु नमिय जिन महावीर आठों जिन जजे।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो महाअर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

विमलनाथ जिन नमों, नमों जु अनन्तनाथ जिन।
धर्मनाथ पुनि नमों, नमों शांति कर्ता तिन।।
कुन्थुनाथ पद वन्द, वन्दन हों अरहनाथ जिन।
नमिय प्रणमि जिन पाय, पाय जिन वर्धमान जिमि।।
ये आठों जिनरायको, हाथजोड़ शिर धरत हों।
सोम तनुज दुःख हरनको, मंगल आरति करत हों।।

पद्धड़ी छन्द

जय विमल विमल आतम प्रकाश। षट् द्रव्य चराचर लोक वास।।
जय जय अनन्त गुण हैं अनन्त। सुर नर जस गावत लहे न अन्त।।
जय धर्म धुरन्धर धर्मनाथ। जग जीव उधारन मुक्ति साथ।।
जय शांतिनाथ जग शांति करन। भव जवीन के दुःख दारिद्र हरन।।
जय कुन्थु जिन कुन्थादि जीव। प्रतिपालक कर सुख दे अतीव्।।
जय अरह जिनेश्वर अष्ट कर्म। रिपु नाम लियो शिव रमन शर्म।
जय नमिय नमिय सुर वर खगेश। इन्द्रादि चन्द्र थुति करत शेष।।
जय वर्धमान जग वर्धमान। उपदेश देय लहि मुक्ति थान।
शशि सुत अरिष्ट जिनेन्द्र पाय।। मन वच तनकर जुग जोड़ हाथ।
मनसिन्धु जलधि तव नवत माथ।।
ॐ ह्रीं बुधग्रहारिष्टनिवारक श्रीअष्टजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ये आठ जिनेश्वर नमत सुरेश्वर, भव्य जीव मंगल करनं।
मन वांछित पूरे पातक चूरे, जन्म मणसागर तरनं
॥ इत्याशीर्वाद।

गुरु अरिष्टनिवारक श्री अष्ट जिन पूजा

मन वच काय शुद्ध कर, पूजों आठ जिनेश।
गुरु अरिष्ट सब नाश हो, उपजे सुख विशेष॥

छप्पय

ऋषभदेव जिनराज, अजित जिन संभवस्वामी।
अभिनन्दन जिन सुमति, सुपारस शीतल स्वामी॥
श्री श्रेयांस जिनदेव, सेव सब करत सुरासुर।
मन्वांछित दातार, मारजित तीन लोक गुरु॥
संवौष्ट् ठः ठः तिष्ठ सुसन्निधि हूजिये।
गुरु अरष्टिके नाशको, आठ जिनेश्वर पूजिये॥
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक

उज्ज्वल जल लीजे, मन शुचि कीजे हाटकमय भृंगार भरं।
जिन धार दिवाई, तृषा नसाई, भवजल निधि वे पार परं॥
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं॥
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर चंदन दाह निकन्दन, कुमकुम शुभ ले घनसारं।
चरचों जिन चरनं, भव तप हरनं, मनवांछित सब सुख निकरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सरल शाली कृष्ण जीरक, वसुमती जो मन हरं।
उभय कोटक, अरु अखण्डित, अखय गुण शिवपद धरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पकं चमेली, करन केतकी, मालती मरुवो मोल सरं।
कमल कुमुद गुलाब कुन्दजु, सरन जुही शिव-तिय वरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवरहि सु बावर पुवा पुरेयै, मोदक फैनी घेवरं।
सुरहि घृत पय शर्कराजुत, विविध चरु क्षुध क्षयकरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिकर जड़ित सुवर्ण थाल ले, कदली सुत घृत मांहि तरं।
दीपक उद्योतं, तम क्षय होतं, निज गुण लखित भार भरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन अगर, लोंग सुतरंग, विधि द्रव्य ले सुरभितरं।
खेवत जिन आगे, पातक भागे, धूवा मिस वसु कर्मजरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम सुपारी श्रीफल भारी, चोच मोच कमरख सु वर।
लैके फल नाना, शिव सुख थाना, जिनपद पूजत देत तुरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन फूल तन्दुल तूल, चरुदीपक लै धूप फलं।
वसु विधिसे अरचे, वसुविधि विरचै, कीजे अविचल मुक्तिधरं।।
ऋषभ अजित सम्भव, अभिनंदन, सुमति सुपारस नाथ वरं।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर, पूजत सुरगुरु दोष हरं।।
ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

मन वच काया शुद्ध पवित्र जु हूजिये। लेकर आठों दरव आठ जिन पूजिये।
मंगलीक वसु वस्तु पूर्ण सब लीजिये। पूरन अर्घ मिलाय आरती कीजिये।।

ॐ ह्रीं गुरुअरिष्टनिवारक श्री अष्टजिनेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

सुर गुरु दुख नाशन, कमलपत्रासा, वसुविधि वसुजिन पूजकरं।
भव भव अघहरनं, सबसुखकरनं, भव्यजीव शिवधामधरं।।
जय धर्म-धुरंधर ऋषभ धार, जय मुक्ति कामनी कन्त सार।
जय अजितकर्म अरि प्रबल जान, जय जीतलियो सगुणनिधान।
जय सम्भव सम्भव दम्भ छेद, जय मुक्ति रमा लइयो अख्ेद।
जय अभिनन्दन आनंदकार, जय जय जन सुखकर्ता अपार।।
जय सुमति देव देवाधिदेव, जय शुभमतिजुत सुरकरहि सेव।
जय जय सुपार्श्व सुख परमज्ञान, जय लोकालोक प्रकाशमान।।
जय जन्म-जरा मृत वन्हि हर्न जय तिनका हमको नित्य शणं।
जय श्रेयकरन श्रेयांसनाथ, जय श्रेयसपद दय मुक्ति साथ।।
जय जय गुणगरिमा जग प्रधन जय भव्य कमल परकाश भान।
जय मनसुखसागर नमत शीश, जय सुरगुरु दोषन मेट ईश।।

ॐ ह्रीं गुरुअरिष्ट निवारक श्री अष्ट जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः

(दोहा)

आठ जिनेश्वर पूजते, आठ कम दुख जाय। अष्ट सिद्धि नव निधि लहैं, सुरगुरु होय सहाय।।

शुक्र अरिष्टनिवारक श्री पुष्पदन्त पूजा

पुष्पवन्त जिनरायको, भवि पूजौं मन लाय। मन वच काय शुद्धसों, कवि अरिष्ट मिट जाय।।

अडिल्ल छन्द

गोचरमें ग्रह शुक्र आय जब दुख करै। पुष्पदन्त जिन पूज सकल पातक हरै।।

आह्वानन कर तिष्ठ सन्निधि हूजिये। आठ द्रव्य ले शुद्ध भावसों पूजिये।

ॐ ह्रीं शुक्रग्रह अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

परिपुष्पांजलि क्षिपेत्।

अथाष्टक (सोरठा)

निर्मल शीत सुभाय, गंगाजल झारी भरौ। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कुम कुम लेइ घिसाय, कनक कटोरीमें धरौं। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल अक्षत लाय भाव सहित तुष परिहरौ। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल चमेली जाय, जुही कुन्द जु केवरो। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

विजन विविध बनाय, मधुर स्वाद युत आचरों। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कंचन दीप कराय, कदलीसुत बाती करों। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।
ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर कपूर मिलाय, लोंग धूप बहु विस्तरौं। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।
ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

चोच मोच फल पाय, सरस पक्क लीजे हरों। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।
ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक लै आय, अर्घ देत पातक हरो। कवि अरिष्ट मिट जाय, पुष्पदन्त पूजा करौं।।
ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन ले फूल और अक्षत घने। दीप धूप नैवेद्य सुफल मनमोहने।।
गीत नृत्य गुण गाय अर्घ पूरण करो। पुष्पदन्त जिन पूज शुक्र दूषण हरौ।
ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

मन वच तन ध्यावो, पाप नसावो, सब सुख पावो अघ हरणं।
ग्रह दूषण जाई, हर्ष बढ़ाई, पुष्पदन्त जिनवर चरणं।।

(पद्धड़ी छन्द)

जय पुष्पदन्त, जिनराज देव, सुर असुर सकल मिल करहि सेव।

जय फाल्गुन सुदि नौमी बखान, सुरपति सुर गर्भकल्यान ठान।।
जय मार्गशीर्ष शशि उदय पक्ष, नौमी तिथि जगमें भये प्रत्यक्ष।
जय जन्म-महोत्सव इन्द्र आय, सुर गति ले इन्द्र न्हवन कराय।।
जय वज्रवृषभ नाराच देह दश शत वसु लक्षण सुनहि गेह।
जय राजनीति कर राज कीन, मगसिरसित पड़वा तप सु लीन।।
जय घता घाति या कर्म धीर, निज आतम शक्ति प्रकाश वीर।
जय कार्तक सुदी दुतिया महान, लहि केवलज्ञान उद्योत भान।।
जय भव्य जीव उपदेश देय, जग जलदि उबारन सुजस लेय।
जय भादों सुदी आठें प्रसिद्ध, इन शेष कर्म प्रभु भये सिद्ध।।
जय जय जगदीश्वर भये देव, भृगु तजहिं दोपहर करत सेव।
जय मनवांछित तुम करत ईश, मनशुद्ध जलधि तुम नमत शीश।।

ॐ ह्रीं शुक्र अरिष्टनिवारक पुष्पदन्त जिनेन्द्राय पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब गुण अधिकारी, दूषण हारी, भारी रोगादिक हरनं।
भृगु सत दुख जाई, पाप मिटाई, पुष्पदन्त पूजत चरणं

।। इति आशीर्वादः।

शनि अरिष्टनिवारण श्री मुनिसुव्रत जिनपूजा

(दोहा)

जन्म लग्न गोचर समय, रवि सुत पीड़ा देय। तब मुनिसुव्रत पूजिये, पातक नाश करेय।।

(अडिल्ल छन्द)

मुनिसुव्रत जिनराज काम जिन करनको। सूर्य पुत्र ग्रह क्रूर, अनिष्ट जु हरन को।
आह्वानन कर तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः करो। होय सन्निधि जिनराय, भव्य पूजा करो।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अर्थाष्टक (चाल कातक)

प्राणी गन्धोदक ले सीयरो, निर्मल प्रासुक ले नीर हो।

प्राणी झारी भर त्रय धार दे, जासे कर्म-कलंक मिटाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी चंदन घिस मलियागिरी, अरु कुम कुम तामें डार हो।

प्राणी जिनपद चरचों भावसों, जासों जन्म जरा जर जाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी उज्वल शशिसम लीजिये, एजी तंदुल कोट समान हो।

प्राणी पांच पुज्ज दे भावसों, अक्षय पद सुखदाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी बेल चमेली केवडो, करनार कुमुद गुलाब हो।

प्राणी केतकी दलसे पूजिये, तब कामबाण मिट जाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी विंजन नाना भांतिके, एजी षट रस कर संयुक्त हो।

प्राणी जिन पद पूजों भावसों, तब जाय क्षुधादिक रोग हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी रतन जोत तम नासनी, कर दीपक कंचन थार हो।

प्राणी जिन आरती कर भावसों, एजी भव आरत तम जाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी चंदन अगर कपूर ले सब खेवों पावक मांहि हो।

प्राणी अष्ट करम जर क्षार हो, जिन पूजत सब सुख होय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी आम अनार पियूष फल, चौच मोच बादाम हो।

प्राणी फलसों जिनपद पूजिये, एजी पावे शिव फलसार हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी निरादिक वसु द्रव्य ले मन वच काय लगाय हो।

प्राणी अष्ट कर्मका नाश है एजी अष्टमहागुण पाय हो।। प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

जल चन्दन ले फूल और अक्षत घने। चरु दीपक बहु धूप महाफल सोहने।।

पूरण अर्घ बनाय जिन आगे हूजिये। मुनिसुव्रत जिनराय भावसों पूजिये।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनि सुव्रत जिन पंचकल्याणक प्राप्ताय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

मुनिसुव्रत सुव्रत करन, त्याग करन जगजाल। शनि ग्रह पीड़ा हरनको, पढ़ो हर्ष जयमाल।।

(पद्धरि छन्द)

जय जय मुनिसुव्रत त्रिजगराय, शत इन्द्र आय माथा नमाय।
जस जय पद्मावती गर्भ आय, साबन वदी दुतिया हर्षदाय।।
जय जय सुमित्र घर जन्म लीन, वैशाखकृष्ण दशमी प्रवीन।
जय जय दश अतिशय लसत काय, त्रयज्ञान सहित हित मित कहाय।।
जय जय तन लक्षण सहस आठ, भवि जीवन में थुतिकरन पाठ।
जय जय सौधर्म सुरेश आय, जन्म कल्याणक करियो सु भाय।।
जय जय तप ले वैशाख मास, सुदी दशमी कर्म कलंक नाश।
जय जय वैशाख जो असित पक्ष, नौमी केवल लहि जग प्रत्यक्ष।।
जय जय रचियो तब समवसरन, सुर नर खग मुनिके चित्त हरन।
जय छियालीस गुण सहित देव, शत इन्द्र आय तहां करत सेव।।
जय जय फागुन वदी द्वादशीय, शिवनाथ वसे मुनि सिद्ध लीय।
जय जय शनि पीडा हरन हेत, मनसुखसागर कर सुख निकेत।।

ॐ ह्रीं शनि अरिष्टनिवारक श्री मुनिसुव्रत जिन अनर्घपद प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(धत्ता छन्द)

मुनिसुव्रत स्वामी सब जग नामी, भव्य जीव बहु सुख करनं।
मन वांछित पूरैं पातक चूरैं, रविसुव्रत पीड़ा हरनं।।

इति आशीर्वाद।

राहु अरिष्टनिवारक श्री नेमिनाथ जिनपूजा

गोचर में जब आय पीड़ा करे, नेमिनाथ जिनराज तबै पूजा करे।
आठ द्रव्य ले शुद्धभाव हि आनके, श्याम पुष्प मन लाय भक्तिको ठानके।।
पूजों नेम जिनेश भव्य चित्त लायके, राहु देय दुख दुष्ट राशिमें आयके।
कर आह्वाननम् तिष्ठः तिष्ठः ठः ठः उच्चरों, होय सन्निधि शक्ति भक्त पूजा करों।।

ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्। परिपुष्पांजलि क्षिपेत्।

अष्टक (गीतिका छन्द)

कनक झारी मणिजडित ले, शीत उदक भरायके।
प्रभु नेम जिनके चरण आगे, धार दे मन लायके।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।

ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखंड मलय मिलाय केसर, कवली सुत तामें घिसो।
जिन चरण चरचत भाव धरके, पाप ताप तबै नसौं।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।

ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अनूपम सालि सम्भव, कनक भाजन लेइये।
जिन अग्रपुंज चढ़ाय भवि जन, एकचित्त मन देइये।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल कुन्द गुलाब गुंजा केतकी करना भले।
सुमन लेके सुमन सेती, पूजते जिन अघ टले।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

विंजन विविधरस जनित मनहर क्षुधादूषण को हरे।
भर थार कंचन भावसेती, नेमिजिन आगे धरे।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमई दीपं अनूप भरके, चन्द ज्योति सु जगमगे।
निज हाथ लै प्रभु आरती कर, मोह तब ही भगै।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरू लोभान लेके, और द्रव्य सुगन्ध मय।
जिन चरण आगे अपनी पर घर, धूप धूम सुरभि भमैं।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अम्बा बिजोरा नारियेल, श्रीफल सुपारी सेवको।
फल ले मनोहर सरस मीठे, पूज ले जि नदेव को।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध अक्षत पुष्प सुरभित, चरु मनोहर लीजिये।
दीप धूप फलौघ सुन्दर अर्घ, जिन पद दीजिये।।
जब राहु गोचर समय दुख दे, देय दुष्ट स्वभाव सों।
तब नेम जिनके भाव सेती, चरण पूजों चाव सों।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आठ द्रव्य ले सार नेम प्रभु पूजिये। राहु होय ग्रह शांति पाप सब धूजिये।।
मन वांछित फल पाय होय बड़ भागसो। जो पूजे जिन देव बड़े अनुरागसो।।
ॐ ह्रीं राहु अरिष्टनिवारक श्रीनेमीनाथ जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

श्री नेम जिनेश्वर जगपरमेश्वर, जीव दया जु धुरंधरं।
मैं शरणन आयो शीश नमायो, सिंधु सुत दूषण हरनं।।

(पद्धरि छन्द)

जय जय जिन नेम सुनेम धार, करुणा कर जग जन जलधि तार।
जय कार्तक सुदि छठमी प्रधान, शिवदेवी उर अवतरे आन।।
जय जय सावन सुदी छठ सुदेव, इन्द्रादि न्हवन विधि करहि सेव।
जय जय यदु कुल मंडित दिनेश, सुर नर खग स्तुति करत शेष।।
जय जय शुचि शुक्ल उदास होय, छठको तप कर निज आत्म जोय।
जय जय निर्मल तन निर्विकार, भामण्डल छवि शोभा अपार।
जय जय आश्विन सुदी ज्ञान भान, तिथि प्रथम प्रहर जग सुख निधान।
जय जय सावन छठ शुक्ल पक्ष, सब लोकालोक कियो प्रत्यक्ष।।
जय जय वसु विध विधि सकल नास, लहि सुख अनन्त शिव लोक वास।
जय जय अजरामर पद प्रधान, हो त्रिभुवन पति लोकाग्र थान।।
जय जय छाया सुत परिहरन, मनसुख समुद्र जु गहिये शरन।।
ॐ ह्रीं अरिष्टनिवारक श्री नेमीनाथ जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(धत्ता छन्द)

भव जन सुखदाई होउ सहाई, मन वच काया गावत हो।
सब दूषण जाई पाप नसाई, नेम सहाई छावत हो।

।।इत्याशीर्वाद।।

केतु अरिष्टनिवरक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ पूजा

(दोहा)

केतु आय गोचर विषै, करें इष्टकी हान। मल्लि पार्श्व जिन पूजिये, मन वंछित सुख खान।।

(अडिल्ल छन्द)

मल्लि पार्श्व जिन देव सेव, बहु कीजिये। भक्ति भाव वसु द्रव्य शुद्ध कर लीजिये।।
आह्वाननम् कर तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः करौ। मम सन्निधि कर पूज हर्ष हियमें धरौ।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल नन्दीश्वर)

उत्तम गंगाजल लाय मणिमय भर झारी। जिन चरण धार दे सार, जन्म जरा हारो।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड मलय तरु ल्याय, कवली सुत डारी। घि केसर चरणनि ल्याय, भव आताप हरी।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल अक्षत अविकार, मुक्ता मम सोहैं। भरले हाटक मय थाल, सुर नर मन मोहैं।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

ले फूल सुगन्धित सार, अलिगुंजार करै। पद पंकज जिनहि चढाय, काम विथा जु हरै।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

विंजन बहुत प्रकार, षट् रस स्वाई मई। चरु जिनवर चरण चढ़ाय कंचन थार लई।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि दीपक धूप भराय, चंद्रकली बाती। जगज्योति जहां लहकाय, मोहतिमिर घाती।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु चंदन लाय, धूप दहन खेइ। मोदित सुरगण ह्वै जाय, रुचि सेती लई।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बहु चोच मोच बादाम, श्रीफल फल देई। अमृत फल सुख बहु धाम लीजे मन लेई।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन समन सु लेय तन्दुल अगहारी। चरु दीप धूप फल लेई, अर्घ करूं भारी।।
मैं पूजों मल्लि जिनेश, पारस सुखकारी। ग्रह केतु अरिष्टनिवार, मनसुख हितकारी।।
ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

लै वसु द्रव्य विशेष सु मंगल गायके। गीत नृत्य करवाय जु तुर बजायके।।
मनमें हर्ष बढ़ाय, अर्घ पूरण करौं। केतु दोषको मेंट पाप सब परिहरौं।।

ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय महाअर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

जय मल्लि जिनेसुर सेव करे सुर, पार्श्वनाथ जिन चरण नमो।
मन वच तन लाई अस्तुति गाई, करौं आरती पाप गमों।।

पद्धड़ी छन्द

जय जय त्रिभुवन पति देव देव, इन्द्रादिक सुरनर करहि सेव।
जय जय निज गुण ज्ञायक महंत, गुण वर्णन करत न लहतअंत।।
जय जय परमातम गुण अरिष्ट, भव पद्धति नाशन परम इष्ट।
जय जय अष्टादश दोष नाश कर दिन सम लोकालोक भास।
जय जय वसु कर्म कलंक छीन, सम्यक्त्व आदिवसु सुगुण लीन।
जय जय वसु प्रतिहारज अनूप, वसुनी शुभ भूमिके भये भूप।।
जय अदेह तुम देह धार, वर्णादि रहित में रूप सार।
जय जय अजरामर पद प्रधान, गुण ज्ञान आलोकालोक मान।।
जय जय सुख साता बोधदर्श, निज गुण जुत परगुण नहीं पर्श।
जय जय चित्त शुद्ध समुद्र सार, कर जोर नमों हों बार बारं।

ॐ ह्रीं केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अघं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः।

ॐ

रत्नत्रय विधान (कविवर पण्डित टेकचन्द जी विरचित)

प्रस्तावना बेसरी छन्द

सरधो जानो पालो भाई, तीनों में कर राग जुदाई।
लै लै नीका द्रव्य सुसारा, पूजे पाओ मोक्षगारा।।

नाराच छन्द

भला सुज्ञान दर्शना-चरित्तरा सुसार है। भवसमुद्रनाव मोक्ष-पन्थ का अधार है।।
यही जु पन्थ सिद्धि का, नहीं जु और जानिये। जजों सुदर्श ज्ञान वा चरित्र भक्ति आनिये।।
सार येहि तीन रत्न, पारखी मुनीन्द्र हैं। लहें जु राज छांडि या, बिना गुणी न सोह हैं।।
नहीं जु राग द्वेष ताहि, पाइये कदा सही। तीन रत्नरूप वस्तु, चित्त में जिन्हों लही।।
मुनीन्द्र याहि पायके, न पांय फिर भवा सही। जिनेन्द्र याहि पायके, प्रिया शिवा तिया गही।
यही जु तीन मानका, जु मोक्षपन्थ जानका। यही जु ज्ञान केवला, निकट्ट वेग आनका।।
यही जु तीन रत्न इन्द्र, चन्द्र को नहीं मिलें। खगा फणीन्द्र चक्रि को, न भूप को धरा तलें।।
मुनी बिना सराग के, न पाइये कभी सही। जु तीन होय एकठे, जिनेन्द्र के गुणा यही।।
नमों जु ज्ञान दर्शना, चरित्र जो शिवा पथा। रहे सदा हिये सुभक्ति, मो तने इन्हीं कथा।।
भवान्तरे मिलें सु मोहि, तीन रत्न आयके। चाह और मोय ना, सुनो जु अर्ज ध्यायकें।।

गीतिका दन्द

ये तीन रत्न अपार मौलिक, पारखी विरलो सही।
जिये मोह अन्ध न भेद पावे, खेद जो बहुतो लही।।
होवे निकट भव अब्धि जाके, सो लहे सहजहिं भया।

मुनि होय राज्य विहाय पावे, शाश्वती पद इन दया।।
इनहीं प्रभावै मोक्ष पावे, कर्म नाशे भवकरा।
सुख होय सब दुख खोय, सहजहिं स्वर्ग पावे मनहरा।।
ये ज्ञान सम्यक दर्श चारित, तीन ही सुखदाय हैं।
इन धार जग में पूज्य पदवी, लहे जिनधुनि गाय है।।

अडिल्ल छन्द

रत्नत्रय भव हरे, स्वर्ग शिवदाय जी। रत्नत्रयसम आभूषण, ना दिखलाय जी।।
याकी महिमा देख, इन्द्र से पग परे। ये त्रय ज्ञान बढाय, सिद्धथल ले धरें।।

चौपाई छन्द

रत्नत्रय जिन भव भरमाय, रत्नत्रय तजि पाप कमाय।
अब हम उर वाञ्छा यों थही, मिले हि तू रत्नत्रय सही।।

सोरठा

यह रत्नत्रय सार, शरण मिल्यो हमको सही। भवधि तारनहार, तातें मैं पल पल नमों।।

दोहा

रत्नत्रय जग में कहा, मुक्ति महा फलदाय। योग शुद्ध करके नमों, भवतति लेहुँ नसाय।।

अथ समुच्चय पूजा

स्थापना: गीतिका छन्द

सत्य दर्शन ज्ञान चारित, मोक्ष मारग जिन कहे।
मोक्षाभिलाषी धरें इनको, इन बिना शिव ना लहे।।
यों जानि तीनों रत्न पूजों, ध्याय के इसही धरा।
उर भक्ति धर मन वच काया, ता फलें सब अघ हरा।।

ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञान चारित्ररूपरत्नत्रयधर्म! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

पुष्पांजलि क्षिपामः।

अष्टकम् (चाल मुनियानन्दी)

नीर निरमल पदम, कुण्ड को सार जी। उज्ज्वलो क्षीरसम, सरस या धार जी।।
रत्नझारी विषें, लेय गुण गाय के। जजों दरशन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

बावनों चन्दना, अगर शुभ लाइये। नीर निरमल थकी, घसि सुरभि लाइये।।
कनक पियाले विषें, धरि सुगुन गाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: सुगन्धम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्वेत अक्षत सुभग, शुद्ध नख सिख सही। गन्धधर यों यथा, फूल कुन्दा कही।।
धार पातर विषें, आप कर लायके। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कल्पवृक्ष के, रंग नाना धरें। गन्ध आपनो थकी, भ्रमर मन वश करें।।
पुष्प ऐसे तनी, माल कर लाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग नैवेद्य जो, भले रस धार जी। सद्य मोदक घने, स्वाद करतार जी।।
यों चरू कंचन के, पात्र धर लाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय महा, ज्योतिकर्त्ता सही। तेज ताके कने, ध्वान्त भागे सही।।
धार शुभपात्र में, दीप कर लाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशधा महा, गन्ध पूरित कही। बहु चन्दनादि शुभ, द्रव्य संयुत सही।।
लेय कर धूप यों, अगनि में लाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोग खारक भले, श्रीफला सार जी। सुभग बादाम पुँगी, फलाधार जी।।
इन आदि लेय फल, आप कर लायके। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर चन्दन अक्षत, फूल चरु जानिये। दीप अरु धूप फल, अर्घ्य कर आनिये।।
धारि उर भक्ति गुन, गाय सुख पाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दरश ज्ञान वृत्त ये, रत्न शुभ हैं सही। यही तीन रत्न शिव, लोक को दें मही।।
जान यों अर्घ्य, ले, आय उमगाय के। जजों दर्शन सुज्ञान, वृत्त हरषाय के।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल

तीन रत्न मुनिराज धन, अविनाशी वि न छेह। इन्द्र स्तुतिवाँछा करे, कवि मांगत है येह।।

त्रिभंगी छन्द

सम्यक दृक जाके, हो शिव ताके, दोष न बाके होय कदा।
सम्यक् शुध जानो, हो भ्रम हानो, तत्त्व पिछानो, मोक्ष पदा।।
चारित शुध धारें, सम्यक लारे, भवदधि तारे नाव जिसो।
यह तीनों रत्ना कर इन यत्ना, गुरुवच इतना पूज तिसो।।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।
शुभ ज्ञान उपावा सो शुध भावा, शिवमग धारा कर्म हरे।
शुध चारित नीका, सुखदा जियका, शिवतिय पियका मीत जिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।
तिस सम्यक् पाया दोष उड़ाया, जिनगुण गाया, ज्ञान धरं।
ले सम्यक् ज्ञानी, अम्मृत पानी, भवतप हानी, पुष्ट करं।।
चारित भवसागर, नाव उजागर, पार उतारन, जान तिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।
सुध सम्यक् सारं, भविजिय धारं, है भव तार, सिद्ध थलं।
यह सम्यक् ज्ञानं, भ्रमतम हानं, यह विध जानो, युक्तकल।।
चारित शुध सोई, शिवमग जोई, तारक जो हो, नाव जिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।

सम्यक् परभावा, नहिं भवदावा, मरण मिटावा, सुखकारी।
जो सम्यग्ज्ञानी, दया-निधानी, सब विधिजानी, गुणधारी।।
सम्यक् चारित्ता, जग जिय मित्ता, सज्जन चित्ता, मित्र जिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।
सम्यक् धन जाके, सुर नत बाके, कभी न वाके धन-धारी।
जे सम्यग्ज्ञानी, मिथ्याभानी, ज्ञान पिछानी, सुखकारी।।
चारितधर जोगी, शिवतिय भोगा, मोक्षनियोगी, जीव जिसो।
यह तीनों रत्ना कर इन यत्ना, गुरु वच इतना पूज इसो।।
सम्यक् सुध सो ही, लखे न मोही, सत्य जु सो ही, कर्म टरे।
जिन भाषित ठाने, निज पर जाने, सम्यग्ज्ञान सोहि धरे।।
जो चारित धारें, कर्म निवारे, आत्म सुधारें, ध्यान जिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।।
सम्यक् सरधाना, कुगुरु छुड़ाना, बुध परधाना, मोक्ष चहा।
सो सम्यज्ञानी, जिनध्वनि जानी, सब विध मानी, और कहा।।
जे चरित धारी, निज अघहारी, पुण्य भंडारी, जान जिसो।
यह सम्यक् धारा सबको प्यारा, अघ तैं न्यारा धर्म धरे।।

दोहा

सम्यग्दर्शन ज्ञान सह, चारित देहु मिलाय। तीनों शिवमग जिन कहे, जो होते शिवदाय।।

ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सम्यग्दर्शन पूजा

अडिल्ल छन्द

सम्यग्दर्शन सोय, जहाँ वसुमद नहीं, शङ्कादिक वसु दोष, रहें जामें नहीं।
नहीं मूढ़ता तीन, अनायतन षट नहीं, या विध समकित थाप, जजों शुभथल मही।

ओं ह्रीं श्री अष्टांगसम्यग्दर्शन! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इत्याह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्। परिपुष्पांजलि क्षिपामः।

अथ अष्टकम् - गीता छन्द

वर नीर सागर क्षीर जैसो, उज्जवलो सुखदाय जी।
शुभगन्ध निर्मल स्वाद याको, सद्य शुद्ध सुल्याय जी।।
धरि रतनझारी हाथ ले निज, भक्ति उर में बहु धरी।
मैं जजों सम्यक् दरस मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

बाबनो चन्दन सुगन्ध सु, नीर संग घसि लाय हो।
शुभ अगर आदि मनोज्ञ गन्ध, सु तास में मिलवाय हों।।
ले कनक पातर भावशुभ तैं, भक्ति धन-लक्षहिं धरी।
मैं जजों सम्यकदरशमल बिन, भाव सों थुति उच्चरो।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखण्डित बीन नख शिख, शुद्ध उज्जवल लाय जी।
शुभ गन्धमय अति धोय नीके, आप कर सुखदाय जी।।
कर भले पातर मांहि तिनको, भक्ति शुभ फलदा करी।
मैं जजों सम्यकदरशमल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल शुभतर वरन नाना, जाति हू बहुविध सही।
अतिगन्ध युत सुरवृक्ष के शुभ, जाय उपमा ना कही।।
कर माल तिनकी हाथ ले निज, भावना सुध उर धरी।
मैं जजों सम्यकदरशमल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य मोदक आदि नीके, और भी बहुविध कही।
तिन मांहि नाना मेल रसको, स्वाद की मानों मही।।
चरु करी या विध धारि पातर, भक्ति मन वच तन धरी।
मैं जजों सम्यकदरश मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर दीप मणिमय ज्योति धारो, नाश-कर तम को सही।
धर मध्य पातर हेम के शुभ, आरती करनी चही।।
उर भक्ति मनवचकाय धरि करि, विनय तें मुख थुति करी।
मैं जजों सम्यकदरश मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशधा द्रव्य ले के, करी है सुखकार जी।
तिस मांहि गन्ध अपार प्रसरत, भ्रमर शब्द उचार जी।।
इस जाति की शुभ धूप लेकर, अग्नि में थुति कर धरी।
मैं जजों सम्यकदरश मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल सुपारी लोंग खारक, चोच मोच बदाम जी।
इन आदि और अनेक फल ले, महाशुभ के धाम जी।
ले भक्ति कर धर सुभग बासन, आपने कर ले धरी।
मैं जजों सम्यकदरश मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप सु फल सही।
सब मेल अर्घ्य बनाय नीको, भले पातर मैं लही।।
उर भक्ति मन वच काय करके, एक ध्यान सु तैं करी।
मैं जजों सम्यकदरश मल बिन, भाव सों थुति उच्चरी।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य - त्रिभंगी छन्द

मम नाना मामा, अतिबल ठामा, धन के धामा सुखदाई।
तिन राज सुमानें, सब जग मानें, वचन प्रमानें सब भाई।।
यह 'जाति' सुमद्दा, जानि निषिद्दा, अघ की हद्दा, जान हिये।
याको जु निवारे, सम्यक् सारे, शिवपद धारें, जजि थुति ये।।
ओं ह्रीं जातिमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

है बाप हमारा, सुत धन वारा, सब को प्यारा ज्ञानमई।
सुत दारा मेरा, नृप ढिग केरा, काम करेरा, जान सई।।
यह 'कुलमद' जानो अघ को थानो, तज वच मानो, बात हिये।
सम्यक् या बिन सो, मोक्ष करन सो, जजि भाव मन सों, भक्ति दिये।।
ओं ह्रीं कुलमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मैं बहुत कमाऊँ, द्रव्य उपाऊँ, सब दिश जाऊँ खेप लई।
मो में बुध नीकी, बनज करे की, युक्ति धरे को बात सई।।
जँह ही मैं जाऊँ, आदर पाऊँ, नव-निधि लाऊँ, जान हिये।
यह 'धन' का मद्दा, जान निषिद्दा, सम्यक् शुद्धा, जजि थुति ये।।
ओं ह्रीं धनमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो रूप हमारो, और न धारो, मोसें हारो, मद जिसो।
सुर हू लखि लज्जे, यों छवि छज्जे, बहु कहा कहिज्जे, जान इसो।।
यह 'रूप' मदा है' ज्ञान जुदा है, सम्यक् दाहै आप मई।
तज याको भाई, जजि थुति लाई, सम्यक् पाई मोक्ष सई।।
ओं ह्रीं रूपमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मैं तपसी भारी, शक्ति अपारी, वास धरारी वरष मई।
चंचल मन जीत्या, भवभय भीत्या, नहिं तन मीत्या जान भई।।
यह 'तपमद' जानो, अघ को थानो, दोष बड़ानो, कर हानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई मुनि मानी।।
ओं ह्रीं तपोमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हम बहु बनवाना, मल्ल समाना, गजमद हाना, जोध सही।
मेरे बल आगे, अरिभय लागे, को मो आगे, धीर कही।।
यह 'बल' को मद है, अघ को हद है, सब हित रद है करि हानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई मुनि मानी।।
ओं ह्रीं बलमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मैं बहुश्रुत जोई, भरम न कोई, चर्चा जोई, बात करो।
मैं षट् मत जोये, पंडित टोये, सब मत जोये, ज्ञान धरो।।
'विद्यामद' ये ही, तजि भवि जेही, सरधा ये ही जिनवानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानो।।
ओं ह्रीं विद्यामदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मोकों नृप जाने, मुखिया माने, जग सन्माने, हुकुम घनों।
चाहों मैं मारों, तथा उघारों, वचन उचारों सोइ ठनों।।
यह मद 'अधिकारी' तज भवधारी, भाव सम्हारी धुनि ठानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं अधिकारमदरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जँह शंका आवे, धरम नशाये, पाप बढ़ावे, दुखदाई।
शंका जब होई, सम्यक् खोई, सरधा वोई मन लाई।।
यह 'शंका' मद है, फल अति खल है, त्याग सु-कल है, मन आनी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं शंकामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो वृष-रस चाखे, फल अभिलाखे, जगसुख भाखे, मोहि मिले।
मैं जिनवृष सेऊँ, खगथल लेऊँ, सुरसुख वेऊँ, चाह फले।।
यह वाञ्छा जानो, काँक्षा मानो, तज वच आनो, जिनवानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं काँक्षामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पर वस्तु सु जोवे, घिन चित बोवे, अरति बढ़ोवे, मन माँहीं।
यह वस्तु बुरी है, क्यों जु धरी है, कौन करी है, दुखदाई।।
यह दोष विचिकित्सा, अघ को अंशा,त्यागो मनसा, श्रुतज्ञानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं विचिकित्सामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो भेद न पावे, शीश नवावे, भक्ति बढ़ावे, वेद कही।
सब को गुरु माने, ज्ञान न आने, धर्म न जाने, शुद्ध सही।।
यह मूढ़ स्वभावा, पाप बढ़ावा, तज सुख दावा, मन आनी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं मूढ़तामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पर अवगुण जोई, ढके न सोई, मुख कह कोई, पाप धरा।
पर के छल देखे, कहत विशेखे, सो अघ भेखे जान खरा।।
कह दोष पराया, यह अघ भाया, त्याग सुभाया, बुध आनी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं अनुपगूहनमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लख धर्म पराया, दोष बढ़ाया, पाप उपाया, मन ल्याई।
या धर्म बढ़ाऊँ, सो विधि लाऊँ, ज्ञान बढ़ाऊँ, चित ल्याई।।
यह अवगुण जानो, अतिथि सुमानो, तजि हित आनो शुभ जानी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं अस्थितिकरणमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मी जन जोवे, हरष न होवे, समचित सोवे अघ-हारी।
वृषथान निहारे, नेह न धारें, सकति सम्हारे, अधिकारी।।
यह बत्सल नाहीं, पाप बढ़ाई, तज मन लाई, बुध आनी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई,जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं अवात्सल्यमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उत्सव नहिं जाने, हरष न आने, नाहिं सुहाने, मन मांहि।
नहिं ताहि सरावे, जस नहिं गावे, पाप कमावे, चित ठांही।।
यह दोष बड़ा है, त्याग जुड़ा है, धर्म बड़ा है, मन आनी।
सम्यक् सुध सोई, जजि अघ खोई, जिनध्वनि जोई, मुनि मानी।।
ओं ह्रीं अप्रभावनामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौपाई छन्द

ना सर्वज्ञ, न तारन हार, ताको पूजत देव निहार।
सो यह देवमूढ़ता जोय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं देवमूढ़तारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म दया बिन सो है सही, धारण करे प्रतीक्षा नहीं।
सो यह धर्ममूढ़ता सोय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं धर्ममूढ़तारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वीतराग नहिं नगन शरीर, सेवे कुगुरु राग धर धीर।
सो यह गुरूमूढ़ता जोय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं गुरुमूढ़तारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मनाश बिन देव कहाय, तिनको परशंसै थुति गाय।
यह अनायतन दोष सुजोय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुदेवप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ताहि कुदेव सेवक हूं जान, परशंसै मन में हित आन।
यह अनायतन दोष जु होय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुदेवसेवकप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दयारहित ही धर्म सु मान, फिर ताकी परशंसा ठान।
यह अनायतन दोष जु होय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुधर्मसेवकप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हिंसा धर्म सेवकी जान, ताको परशंसै शुभ मान।
यह अनायतन दोष जु होय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुधर्मसेवकप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

राग द्वेष धर प्रज्ञावान, ये गुरु परशंसै बिन ज्ञान।
यह अनायतन दोष जु होय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुगुरुप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कुगुरुन की सेवा जो करे, ताकी परशंसा चित धरे।
यह अनायतन दोष जु होय, इस बिन जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुगुरुसेवकप्रशंसानायतनदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह द्यूत व्यसन है पाप-मूल, यह खेल लहे जिय दुःखशूल।
दे अपयश वध बन्धन सु जोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं द्युतव्यसनरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आमिष-खाये मन अशुचिवान, हिंसा या सम होवे न आन।
तिस देखत ही मन मलिन होय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं आमिषव्यसनरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पीके मदिरा मूर्छा लहाय, सब सुध बुध अपनी दे गमाय।
यह मदिराव्यसन सुधर्म खोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं मदिराव्यसनरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गणिका गिन पातल जूठ जेम, अति लोकनिन्द्य परसिद्ध येम।
यह व्यसन नरकपद-दाय जोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं गणिकाव्यसनरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जे जीव घास खा वन वसाय, तिन को मारे पारधि कुभाय।
यह व्यसन नरक मारग सुजोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं आखेटव्यसनरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परद्रव्य हरें दुठ चोर जान, लहि वध बन्धन जगनिन्द्य थान।
यह चौर्यव्यसन दुखदाय जोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं चौर्यव्यसनरहिताय श्रीसम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परनारि व्यसन दुठ जीव धार, सो लहें नरक दुख पापभार।
यह व्यसन महादुखदाय जोय, इस बिन जजि सुध सम्यक्त्व सोय।।
ओं ह्रीं परनारिव्यसनरहिताय श्रीसम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौपाई छन्द

किये दान संक्राती सुजान, होय सुखी जीव नहिं दुःख मान।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुपर्वदानदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ग्रह पूजें सुख साता मान, नहिं पूजें दुख-कूप बखान।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं चन्द्रसूर्यादिग्रहपूजारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पूजें भूमी भूपति थाय, इस विधि मिथ्याभाव उपाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं भूमिपूजारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हिंसामग जो सेव कराय, मिथ्या मन्त्र जन्त्र पुजवाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुधर्मसेवारहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पर्वत पूजें दीरघ जान, जाके जजे होय हित मान।।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं पर्वतादिपूजामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उदधि नदी सपरें अघ जाय, होय पुण्य जिय को सुखदाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं उदधिस्नानमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि मांहि जीवित जर जांय, देवपना वे जीव लहाँय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं अग्निपातमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कुगुरु सेवतें साता पाय, यह दे ऋद्धि परम सुखदाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं कुगुरुसेवामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि देव कर मानें सही, पूजे दीपक हो शुभ कही।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं अग्निसेवामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गाय मूत्र अति पूत बताय, या लागे तन निर्मल थाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं गोमूत्रसेवामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गज घोटक वृष सेव कराय, इन सेये इन लाभ लहाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं वाहनसेवामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

असि बरछी भाला बन्दूक, पूजें शक्ति लहें ना चूक।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं शस्त्रपूजामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बालक पूजें देव सु मान, सो सब मिथ्यातम मतिमान।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं बालकपूजामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गिरितें पड़तो काम छुड़ाय, तो वांछित सुख को जन पाय।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं गिरिपतनमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हिंसक देव दया बिन जान, देखत क्रूर, जजें सुख मान।
ऐसो भरम जहां नहिं होय, इस विध जजि सुध समकित सोय।।
ओं ह्रीं हिंसकदेवसेवामलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निशा अहार करे नहिं जोय, जाके उर करुणा बहु होय।
मांसाहारी निश को खाय, या बिन जजि सुध समकित भाय।
ओं ह्रीं निशाहारमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अनगाल्यो जल पीवे नांहि, दयासहित उर धर्म सुभाय।
ऐसो गुण जाके बहु होय, सो समकित पूजें सुख होय।
ओं ह्रीं अगालितजलपानमलरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इत्यादिक गुणजुत जो होय, कहे दोष ते एक न जोय।
निश्चय अरु व्यवहार सुधाय, सो समकित पूजों थुति लाय।।
ओं ह्रीं सर्वदोषरहिताय श्री सम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल

समकित सांचा धर्म है, मोक्षवृक्ष को मूल। श्रद्धा करना गाढ-उर, हरे विषय अधशूल।।

बेसरी छन्द

समकित सार धर्म का बीजा, याते पाप-मैल सब छीजा।
याही तें जगपूज्य कहावे, यो ही जामन मरण मिटावे।।
समकित सो नाहीं धन कोई, समकित कल्पवृक्ष सम होई।
समकित के गुण मुनिगण गावें, समकित जामन मरण मिटावे।।
समकित ही सब कारज सारे, समकित मिथ्यारोग निवारे।
समकित शुद्ध धर्म कहलावे, समकित जामनमरण मिटावे।।
समकित रतन जास मन माहीं, ता सम अभूषण जग नांही।
समकित सुर-शिव थान दिखावे। समकित जामनमरण मिटावे।।
समकित बिन मुनि को शिव नाहीं, समकित सहित जीव शिव पाहीं।
समकित देव धर्म बतलावे। समकित जामनमरण मिटावे।।
समकित अग्नि कर्म निज जारे, समकित मोह-मल्ल को मारे।
समकित ही भ्रम दूर हटावे। समकित जामनमरण मिटावे।।
समकित ते हरि को पद होई, समकित फल अहिमिन्द्र सु होई।
समकित सहित मुक्तिपद पावे। समकित जामनमरण मिटावे।।

दोहा

समकित मेरे शीश पर करो वाय यह आस। समकित गुण ही मुख रहे, जब तक तन में स्वास।

ओं ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शनाय अर्घ्यम्।

श्री सम्यग्ज्ञानपूजा प्रारम्भ

मति श्रुति अवधिज्ञान मन लाय, मनपर्यय केवल समुझाय।
ये ही पांचों सम्यग्ज्ञान, पूजों थाप यहाँ हित आन।।

ॐ *ह्रीं श्री अष्टबिधसम्यग्ज्ञान! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।*
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

पुष्पांजलि क्षिपामः।

भुजंगप्रयात छन्द

लिया नीर चोखा, पदम कुण्ड केरा। महा निर्मला गन्ध, जुत मर्म हेरा।।
भर्यो स्वर्ण झारी, घनी भक्ति लाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

भला गन्ध धारी, लिया चन्दना है। घिसा नीर से फेर, कर वन्दना है।।
धर भक्ति उर से, भले पात्र लाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

भले तन्दुला ऊजरे खण्ड नाहीं। धरें गन्ध नीकी भली शोभ मांहीं।।
लिये हाथ अपने घनी भक्ति भाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय अक्षतान निर्वपामीति स्वाहा।

भले गन्धयुत फूल ले माल कीनी। घने वर्ण के कोमला भक्ति चीनी।।
धरे हाथ माहीं भली भक्ति गाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य नीका हितू जान जिय का। भले मोदकादी रस डारि नीका।।
धरें पात्र में हाथ ले भक्ति गाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करे दीप तपनाश शुभ रत्न केरा। धरे थाल मांही खुशी चित्त मेरा।।
करों आरती हर्ष सह भक्ति पाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धरी धूप दशधा भली गन्ध धारी। लिये चन्दनागुरु सुगन्धी है भारी।।
करों वीनती अग्नि में खेय भाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

लिये श्रीफला लोंग खारक बदामा। इन्हे आदि फल और बहुजात कामा।।
धरे पात्र मांही घनी भक्ति लाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

लियो नीर चन्दन अखत पुष्प जानो। नैवेद्य फल दीप अरु धूप मानो।।
करो अर्घ्य सुन्दर घनी भक्ति गाई। जजों ज्ञान सम्यक, घना सौख्यदाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(प्रत्येकार्घ्य बेसरी छन्द)

सपरस इन्द्रिय तें सब जाने। विषय आठ ताकी विधि माने।।
सम्यक-सहित ज्ञान जो होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं स्पर्शनेन्द्रियद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रसना तें जो विषय पिछाने। पांच भेद सब अंश सु आने।।
सम्यक-सहित ज्ञान जो होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं रसनेन्द्रियद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

घ्राणेन्द्रि य जाने जो भाई। दोय भेद ताकी विधि गाई।।
सम्यक-सहित ज्ञान जो होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं घ्राणेन्द्रियद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चक्षू विषय पञ्चविध जाने। लाल पीत श्यामादिक माने।।
सम्यक-सहित ज्ञान तें होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं नेत्रन्द्रियद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रोत्रेन्द्रिय तैं शब्द पिछाने। तीन भेद ताके पहिचाने।।
सम्यक-सहित ज्ञान तैं होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं श्रोत्रेन्द्रियद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो जो मन विकल्प तें जोवे। भई होयगी अब जो होवे।।
सम्यक-सहित ज्ञान तें होई। सो मतिज्ञान जजों मद खोई।।
ओं ह्रीं श्रीमनोद्वारसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौपाई छन्द

ग्यारह अंग पूर्वादि सु जान। अंग बारहों सुरति बखान।।
ये सब सम्यक सहित सुभाय। सो श्रुतज्ञान जजों हर्षाय।।
ओं ह्रीं श्रीअंगपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

खावे जतन जतन तें चले। बोले जतन जतन तें हले।।
अचारांग क्रिया यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं आचारांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अध्ययन विधि विनयादिक और। निज परिणति वेदन जग मौर।।
सूत्रकृतांग विषें यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीसूत्रकृतांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीव थान उन्नीस बताये। तथा चार सौ षट् श्रुत गाये।।
अंग स्थान मांहिं यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीस्थानांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

होवें जो जो धर्म समान। द्रव्य क्षेत्र कालादिक मान।।
समवायांग यथाविधि कही।। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीसमवायांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अस्ति नास्ति आदिक स्याद्वाद। एकानेक करे जो वाद।।
व्याख्याप्रज्ञप्ति अंग यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीव्याख्याप्रज्ञप्तिश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिन अतिश्य जिनध्वनि प्रगटाय। समवसरण आदिक गुण गाय।।
ज्ञातृकथा अंग में यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीज्ञातृकथाश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एकादश प्रतिमा विधि जोय। और बहुत श्रावक विधि होय।
अंग उपासक मैं यों कही। सो श्रुत सम्यक पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीउपासकाध्ययनांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एक एक जिन समय मंझार। अन्तःकृत केवलि षट् चार।।
अन्तः कृतांग माँहि यों कही। सो श्रुत सम्यक् पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीअन्तःकृतदशांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एक एक जिन वारें सोय। दश दश मुनि अहमिन्द्र जु होय।।
अंग अनुत्तर में यों कही। सो श्रुत सम्यक् पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीअनुत्तरोत्पादकदशांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गई वस्तु लिख मूठी माँहि। पूंछे प्रश्न कहे मुनि ठाँहिं।
प्रश्न व्याकरण अंग यों कही। सो श्रुत सम्यक् पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीप्रश्नव्याकरणांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ अरु अशुभ कर्मफल जान। तीव्र जु मन्द विपाक बखान।।
सूत्रविपाक अंग यों कही। सो श्रुत सम्यक् पूजों सही।।
ओं ह्रीं श्रीविपाकसूत्रांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द

व्यय ध्रौव्य अरु उत्पाद द्रव्यलक्षण सही। गुण पर्यय द्रव माँहि, और बहुविध कही।।
यह पूरब उत्पाद, माँहि व्याख्यान है। सो श्रुत सम्यक ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीउत्पादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जामें दुर्नय तथा, सुनय व्याख्यान है। अस्तिकाय अरु द्रव्य, तत्त्व शुभ ज्ञान है।।
अग्रायण पूरब में, यों व्याख्यान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीअग्रायणीपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य आत्म पर वीर्य, काल वीरज सही। वीरज उभय अपार, तपो वीरज कही।।
वीरज गुण अनुवाद, माँहि यों ज्ञान है।। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीवीर्यानुवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अस्ति नास्ति वस्त्वादि, स्वभाव विषें सही। नित्यानित्य अनेक, एक आदिक कही।।
अस्ति नास्ति पूरब में, ऐसो ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीअस्तिनास्तिप्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आठ ज्ञान फल विषय, नाम वर्णन सही। और अवान्तर भेद, ज्ञान के सब कही।।
ज्ञानप्रवाद सु पूरब, में व्याख्यान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीज्ञानप्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भेद वचन सत असत, उभय अनुभव सही। वचनगुप्ति अरु भाषा, द्वादश जो कही।।
सत्प्रवाद सु पूरब, इहविध ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीसत्प्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निश्चय आत्म अभेद, भेद व्यवहार है। जीव पूज्य वा नहीं, पूज्य निर्धार है।।
इस विधि आत्मप्रवाद, पूर्व में ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीआत्मप्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मभेद तिन नाम, बन्ध चवविध सही। उदय सत्त्व को आदि, कर्मरचना सही।।
पूरब कर्म प्रवाद, माहि व्याख्यान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीकर्मप्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जामें समिति गुप्ति, अनुप्रेक्षादिक कही। पाप त्यागविधि और, महातप अघ नहीं।।
प्रत्याख्यान सु पूरब, इस विधि ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीप्रत्याख्यानप्रवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विद्या-साधन मन्त्र, जन्त्र विधि जानिये। स्वर लक्षण अरु स्वप्न, आदि विधि मानिये।।
पूरब यह विद्यानुवाद, शुभ थान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीविद्यानुवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिन कल्याणक उत्सव, त्रेसठ पद सही। ज्योतिषि गमन विचार, शकुन आदिक कही।।
यों पूरब कल्याण, वाद में ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीकल्याणानुवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आयुर्वेद सु मन्त्र, जन्त्र तन्तर घने। इस साधन की कला, और महिमा भने।।
पूरब प्राणानुवाद, मांहि बहु ज्ञान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीप्राणानुवादपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छन्द तथा व्याकर्ण, संगीत कला सही। चौंसठ तिय की कला, काव्य की विधि कही।
क्रियाविशाल सु पूरब, मति को थान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीक्रियाविशालपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक का कथन, मोक्ष व्याख्या सही। गणितशास्त्र के सूत्र, और सब विधि कही।।
त्रिलोकबिन्दु यह पूर्व, महासुख थान है। सो श्रुत सम्यग्ज्ञान, जजों थुति आन है।।
ओं ह्रीं श्रीत्रिलोकबिन्दुपूर्वश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जोगीरासा छन्द

समताभाव सकल जीवन पै, सम दम संयम भावे।
आरत रौद्र ध्यान निरवारै, धर्म शुक्ल उर लावे।।
ऐसो कथन कियो जिस माहीं, सो सामायिक जानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीसामायिकप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जामें चौबीसों जिन स्तवन, अतिशय की विधि गाई।
गर्भ जन्म तपज्ञान मोक्ष की, और घनी विधि आई।।
अंग चतुर्विंशति स्तवन में, जिनचर्चा पहिचानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीचतुर्विंशतिस्तवप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिन प्रतिमाजिन मान लीजिये, भक्ति घनी मन लाई।
तीर्थंकर इक को सिर नावत, हाथ जोडि कर भाई।।
वन्दनांग ये नाम जास को तामें या विधि जानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीवन्दनाप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जा परमाद थकी अघ उपजे, ताके मेंटन भाई।
पश्चात्ताप विधी ईर्यापथ, पाक्षिक वार्षिक गाई।।
कहा अंग प्रतिक्रमण प्रभू ने, दोषहरण को थानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीप्रतिक्रमणप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन ज्ञान चरित्र सुतप की, विनय कीजिये भाई।
गुरुजन गुणिजन को भी कीजे, विनयभाव शुभ लाई।।
इत्यादिक इस विनय अंग में, विनयाचर बखानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीविनयप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नरदेवों के वन्दन की विधि, नति आवर्त सु भाई।
परदक्षिण शुद्धी आदिक भी, श्रुति जैसी बतलाई।।
क्रम-क्रम सकल कही है यामें, शुभदायक सुखदानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीकृतिकर्मप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि यों भोजन पानी लेवें, यों चालें यों सोवें।
ऐसे वचन कहें मुख सेती, ऐसे अघमल धोवें।।
मुनि आचार भनी इस मांही, दश वैकालिक मानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीदशवैकालिकप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनी सहें वावीस परीषह, तिन फल सकल जताये।
देव अचेतन नर तिर्यक्कृत, जो उपसर्ग बताये।।
उत्तराध्ययन प्रकीर्णक मांहीं, सकल शुभाशुभ जानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीउत्तराध्यनप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह आचार मुनीश्वर जोगा, यह जोगा है नाहीं।
हो अयोग्य आचरण कभी तो, दण्डयोग मुनि माहीं।।
इत्यादिक अंग कल्पविहारैं, कहो सकल चित मानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीकल्पव्यवहारप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि की किरिया द्रव्यक्षेत्र पुनः काल भव यों जागा।
सो ही विधि योगीश्वर ठाने, उपजे आत्म-प्रयोगा।।
कल्पाकल्प प्रकीर्ण अंग में, ऐसी वार्ता जानों।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीकल्पाकल्पप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनकल्पी अरु स्थविरकल्पी, शिक्षा दीक्षा दानी।
पोषण आतम शुद्धि समाधी, किरियासकल बखानी।।
उत्तमचर्या या आराधन, ओर घनीविध जानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीमहाकल्पप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्निकाय देवकुल में ज्यों, पावे सुरतन भाई।
पूजा ज्ञान तपस्या समकित, निर्जर हेतु बताई।।
पुण्डरीक अंग मांहि कह्यो यह, कथन जीव सुखदानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीमहापुण्डरीकप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

किस तप ध्यान थकी मुनि उपजे, अहमिन्दर पद पाई।
किस तपतैं वा कौन ध्यानतैं, इन्द्रादिक हो भाई।।
इत्यादिक विधि जामें गाई, पुण्डरीक सो जानो।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीमहापुण्डरीकप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो जो अघ परमाद बढ़ावे, ता नाशन विधि गाई।
जो जो पाप मिटे या विधितें, सो सो सकल बताई।।
नाम निषिधिका कहातास का, ज्ञानागार बखानों।
या अँग को मैं लेय अर्घ्य कर, पूजों मन वच आनो।।
ओं ह्रीं श्रीनिषिद्धिकाप्रकीर्णकांगश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गीतिका छन्द

हैं आठ भेद निमित्त के सो, ज्ञान अद्भुत है सही।
तिसज्ञानकी महिमा लखतही, भाव मिथ्या ना रही।।
यह भलो ज्ञान अनूप फलदा, होय सम्यक सहित जो।
सो जजों मन काय यह श्रुत, अरघ तें थुति कहक जीं।
ओं ह्रीं श्रीअष्टांगनिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आकाश में रवि चन्द्र तारा, मेघ-पटलादिक सही।
सन्ध्या समय के चिन्ह और, अनेक बातन को कही।।
जो होय इनके निमित्त सेती, शुभाशुभ सो जानि ये।
अन्तरीक्ष हेतुक ज्ञान पूजों, श्रेष्ठ सम्यक् मानिये।।
ओं ह्रीं श्रीअन्तरीक्षनिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि में रत्नादि कंचन, धातु खानि सुजान है।
इन आदि और अनेक रचना, भूमि की पहिचान है।।
सो लखे ऐसो निमित्त ज्ञानी, शुभाशुभ जाने सही।
भौमको यह निमित्त लखि करि, जजों सम्यक् श्रुत सही।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यग्भौमनिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनुज तिर्यक देह के शुभ, अशुभ चिन्ह सु जानिये।
नख सुकेशादिक सुलखि कर, इष्ट अनिष्ट बखानिये।।
यह अंग निमित्त ज्ञान अद्भुत, महासुखदा जोय जी।
मैं जजों अंग निमित्त सम्यक, ज्ञान श्रुत सो होय जी।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यग्निमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुन शब्द नर तिर्यंच के जो, शुभाशुभ जाने सही।
खर शब्द घूघू काक श्याल, सु सेहिका की ध्वनि कही।।
इन आदि वच सुन कहे सुखदा, निमित्तस्वर जो जिन कही।।
मैं जजों यह श्रुतज्ञान सम्यक, अर्घ्य मन वच काय ही।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यक्स्वरनिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तिल मसा भोंरी गांठ रेखा, पांव कर में जोय है।
तिस निमित्तज्ञानसुसकल जानें, शुभाशुभ जो होय है।।
यह ज्ञान व्यंजन निमितनी को, शुभाशुभ निर्धार जी।
मैं जजों यह श्रुतज्ञान सम्यक, अर्घ्य मन वच काय जी।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यग्व्यंजननिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तन वृषभ स्वस्तिक कलश वज्र, सुमच्छ इन आदिक सही।
सब जोय लक्षण देखि इनको, शुभाशुभ भाषे यही।।
यह ज्ञान लक्षण निमित आछो, भले फल को दाय है।
मैं जजों यह श्रुतज्ञान सम्यक, अरघ ले सुख पाय है।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यग्लक्षणनिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तहँ पट सु भूषण शीश के कर, वर पगों के जान जी।
तिनको जु काटें मूषाकादिक, भेद तिनको आन जी।।
यह भेद शुभ अर अशुभ भाखै, देखि के सुख दुख सहे।
यह छिन्न निमित्त सुज्ञान नीको, पूज्यमन वचतन चहे।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यक्छिन्ननिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो लखे सुपना शुभाशुभ को, भेद सुख दुख आन जी।
इन आदि अंग अनेक समझे, सकल भेद सु आज जी।।
यह ज्ञान निमित्त निमित्तजी को, बड़े अतिशय धार जी।
सो जजों सम्यक सहित मनवच, श्रुतज्ञान सु सार जी।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यक्स्वप्ननिमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये ही आठो निमितज्ञान हैं, जग में अचरजकारी।
तिनको देखि भरम सब जावे, और घने गुण धारी।।
सम्यक जुत यह महाज्ञान नद याको मुनि अवगाहैं।
ऐसो लखि के मैं भी मन वच, अर्घ्य जजों हरषाहैं।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यङ्-निमित्तश्रुतज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोक असंखे क्षेत्र सुजाने, काल असंखो भाई।
द्रव्य लखे परमाणू, सूक्षम, गांव आदि अधिकाई।।
ऐसो सर्वावधी ज्ञान लखि, मुनि बिन और न पावे।
तातें मैं या ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीसर्वावधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोक असंख्यो जाने क्षेत्रो, वरष असंख्यो कालो।
कार्माण तन सुख में जोवे, द्रव्य अपेक्षा बालो।।
परमावधि सु ज्ञान बड़ा है, सर्वावधि लघु पावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हो, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीपरमावधिसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीनों लोक क्षेत्र की जाने, काल पल्य परिमाने।
द्रव्य अपेक्षा कार्माण तन, भाव यथावत् जाने।।
अति उत्तम यह ज्ञान विषय है, देशावधी जनावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीदेशावधिसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उपजे जबतें अवधिज्ञान उर, आप महा सुखदाई।
तबहीं तैं यह बढ़े आयु लों, नाहीं कबहुं घटाई।।
वर्धमान यह अवधिज्ञान है, समकित जुत मुनि पावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीवर्धमानसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हीयमान जी अवधि कह्यो है, ताको यह सोभावा।
उपजे तब ही तें घटवो कर, अंश सकल निरदावा।।
याका अंश बढ़े नहिं कबहू, जिनवानी यों गावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीहीयमानसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उपजे जा भव में उर आवे, अवधिज्ञान सुखकारी।
आयु अन्त तक रहे साथ में, पीछे परभव लारी।।
अनुगामी है नाम इसी का, अवधिज्ञान कहलावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीअनुगामिसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जब जिस क्षेत्र रमें उपजे उर, ज्ञान अवधि सुखदाई।
तिसही थानक में थिति जाकी, और क्षेत्र नहिं जाई।।
अवधिज्ञान यह अननुगामिनी, परभव संग न जावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीअननुगामिसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जितने अंशों में पैदा हो, उतना ही प्रिय भाई।
आयु अन्त लों तहाँ रहे थिर, घट बढ़ हो न कदाई।।
ज्ञान अवधि यह जान अवस्थित, सम्यक रूप लहावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीअवस्थितसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अवधिज्ञान उपे जबतें उर, कबहूं घट बढ़ जाई।
अंश बढ़े कबहूं बहु जानो, कबहूं अंश घटाई।।
यह अनवस्थित अवधिज्ञान है, सम्यक जुत फल पावे।
तातें मैं यह ज्ञान जजत हों, यातें मो ढिग आवे।।
ओं ह्रीं श्रीअनवस्थितसम्यगवधिज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सरलभाव मन विकल्प जाने, कुटिलभाव नहिं जाने।
उत्तम सात आठ योजन भव, क्षेत्र काल की जाने।।
ऋजुमति मनपर्यय यों जाने, मनचिन्तित प्रिय भाई।
पर मन के विकल्प जो जाने, ताहि जजों सुखदाई।
ओं ह्रीं श्रीऋजुमतिमनपर्ययसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विपुलमती मनपर्यय ज्ञानी, पर के मन को पावे।
सरल गूढ़ जो मन के विकल्प, सारे भेद लखावे।।
क्षेत्र अढ़ाई द्वीप काल भी, पल्य असंखो जानो।
ऐसे विकल्प जाने पर मन, ज्ञान पूज्य सो जानो।
ओं ह्रीं श्रीविपुलमतिमनपर्ययसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीनलोकनिःसीम अलोक की, काल तीन की जाने।
जीव अजीव तत्त्व बरतेंगे, वर्तें बरतत जाने।।
गुणपर्याय लसें सो सो तब, जो जो स्वांग बनाये।
इत्यादिक सब जाने केवल, ज्ञान जजों थुति लाये।।
ओं ह्रीं श्रीकेवलज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसे मतिश्रुत अवधिज्ञान लखि, मनपर्याय सुखदाई।
केवलज्ञान अनादि अपारी, जानत खेद न पाई।।
याविध पाँचों ज्ञान सुसम्यक, पूज्य कहे जिनवानी।
तातें अर्घ्य बनाय जजो ये मोहि मिलें सुखदानी।।
ओं ह्रीं श्रीसम्यग्ज्ञानाय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल

दीखे ज्ञान थकी सकल, ज्ञानभानु सो जान। मैं पूजों मन वचन तन, मो उर प्रकटो आन।।

चाल मुनियानन्दी

ज्ञानी की आन सब लोक परमान जी, ज्ञान ही कर्म को मूल तें ढाय जी,
ज्ञान पुण्य पाप की राह बतलाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान ही देय शिव स्वर्ग थानक मही, ज्ञान तैं चक्रधर अर्धचक्री कही।
ज्ञान ही लोक में सर्व सुखदाय हैं, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान तैं कर्म अरि जीतना जान है, ज्ञान तैं आपने पाप जिय हान है।
ज्ञान ही लोक का गुरु हितदाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान ते वृत्त तप ध्यान शुभ होय जी, ज्ञान ही सकल उर भरम को खोय जी।
ज्ञान अधमैल को धोय सुध लाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान चक्षू भले गूढ़ अर्थ जानिये, ता थकी भेद शुभ वा अशुभ जानिये।

ज्ञाननदवारि तें पापमल जाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान ही लोक का श्रेष्ठ रत्न जानिये, ज्ञान ही धर्म सब जीवहित आनिये।
ज्ञानगज कर्मवन नाश करवाय है। ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान तें लोकदुःख जाय भव आन की, ज्ञान तें मोक्षतिय वरत है जान जी।
ज्ञानरवि होय मिथ्यात्वतम जाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञानसम कर्मक्षयकर नहीं जानिये, मोहमदहरन को भलो भट मानिये।
ज्ञान सों सकल उर दुःख मिट जाय है, ज्ञान यों जजों उर दसों मम आय है।।
ज्ञान जगभेद सब जान भ्रम भान जी, ज्ञान तें मिटैं उर क्रोध छल मान जी।
ज्ञान उर होय तब धर्म मन भाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
ज्ञान मति भेद शत तीन छत्तीस जी, ज्ञान श्रुत अंग पूर्व भेद सर्व ईश जी,
अविध के भेद त्रय तथा बहु थाय हैं, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।
मनपर्यय ज्ञान के भेद दो जानिये, ज्ञान शुद्ध केवला एकविध मानिये।
इन विषैं गुन घना भलो फलदाय है, ज्ञान यों जजों उर बसो मम आय है।।

दोहा

देव धर्म गुरुज्ञान तैं, पाये जिय शि वधाम। तातें मैं शुध ज्ञान को, मन वच करों प्रणाम।।

ओं ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय जयमालार्घ्यम्।

।।इति सम्यग्ज्ञानपूजा समाप्ता।।

सम्यक्चारित्र पूजा प्रारम्भ

(अडिल्ल छन्द)

पंच महाव्रत सार समिति पाँचों सही, गुप्ति तीन मिल तेरहविध जिनध्वनि कही।
यो ही शुभ चारित्र भवोदधि नाव है, सो मैं पूजों थाप यहां कर चाव है।।

ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

जोगीरासा की चाल

क्षीरसमान मनोज्ञ सुनिर्मल, त्रस जीवन बिन जानो।
उज्ज्वल क्षीरोदधिको जल ले, देखत उर हरषानो।।
कनकझारि में धरकर लायो, भक्ति धार सुखदाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

बावन चन्दन अगर मिलायो, नीर सुसंग घिसायो।
ताकी गंध मत्त हो अलिगण, चउ-दिस से उड़ आयो।।
ऐसो चन्दन गन्धसहित जो, कनकपात्र धरि लाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल मुक्ताफल से, खण्ड बिना चुनवाये।
श्रेष्ठ सुगन्धित विविध जातिके, जो मन अति हरषाये।।
ऐसे अक्षत कनकथाल धरि, प्रचुरभक्ति उर लाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल मनोहर अति सुखदाई, नाना-रंग के प्यारे।
गन्ध महा जिन मांहि घनी है, धार सुभग-आकारे।।
तिन फूलन की माला करि मैं, भक्ति घनी मन लाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस मिलवाय बनाये, चरु अति ही सुखदाई।
मोदक आदि मनोहर जानो, ज्यों नैवेद्य सुगाई।।
सो हम नीके पातन में धरि, विनयसहित पुनदाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतन तने करि लीने, घनी ज्योति बहु धारी।
कनकथाल भरि निजकर लायो, करन आरती भारी।
मन वच तन शुभ भावन से मैं, भक्ति हिये बहु लाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप भली दाहे तन बह्नी, तातें भगति पियारी।
नानागंध तिस मांहि मेलि के, कीनी अति सुखकारी।
ऐसे दशधा धूप हाथ ले, अग्नी माहि जलाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग बदाम सुपारी, खारक पिस्ता जानो।
और अनेक भले फल करले, आयों अति हरषानो।।
नीके पात्र धार के तन मन, भाव भक्ति सब लाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षतसुपहुप चरु, दीप धूप फल प्यारे।
मिला सर्व को अर्घ्य बनायो, सुन्दर पात्र पसारे।।
अपने कर ले करो आरती, नानाविध गुण गाई।
पूजों सम्यक्चारित मन वच, काय अंग सब नाई।।
ओं ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य (चाल जोगीरासा)

जिन आज्ञाजुत मुनि वच बोले, सुन सब जिय सुख पावें।
हिंसावचन नहीं ऋषि भाखें, करुणा अति मन ल्यावें।।
शुद्ध अहिंसा व्रत तब होवे, वच अपने वश राखें।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं वचनाहिंसामहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन से हिंसाभाव निवारे, करुणाजुत मन धारी।
महावरत तब होय अहिंसा, मन राखें हितकारी।।
मुनि किरपानिधि सबजगबंधू, मन तें दोष न भाखें।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, करके व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं मनोहिंसारहिताहिंसामहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

षट्कायिक जीवन पीड़ाहर, मारग देख सु चालें।
सूक्ष्म बादर सब पर करुणा, चार हाथ लखि हालें।।
शुद्ध अहिंसा व्रत तब होवे, यह जिनवाणी भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं ईसासमितिसहिताहिंसामहाव्रतयुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पिछीकमंडलुपुस्तक निजकर, जोवें धरें उठावें।
दयाभाव सब जीवन ऊपर, तातें यह विधि लावें।।
महावरत तब शुद्ध अहिंसा, त्रस थावर की राखें।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, करके व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं आदाननिक्षेपणसमितियुताहिंसामहाव्रतयुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीवदया के हेतु महामुनि, दोष हटाकर खावें।
समतासागर सब जियबन्ध, खान पान सुध पावें।।
तबहिं अहिंसाव्रत की शुद्धी, होय इसी विधि राखें।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, करके व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं एष्णसमितिसहिताहिंसामहाव्रतयुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम महाव्रत जान अहिंसा, सो या विधि समझायो।
पांच भावना ताकी ऐसी, इनसे शुद्ध बतायो।
यही अहिंसा महासुव्रत है, सब जीवन पत राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं पंचभावनायुताहिंसामहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्रोधसहित वच असत कहा है, करे प्रतीति न कोई।
तातें क्रोध बिना सच भाषे, वचन महाशुभ होई।।
ऐसो सत्य-महाव्रत धारी, जग गुरुराज सुभाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं क्रोधरहितसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोभ तनें वश सांच न बोले, ना परतीति शुभाई।
लोभ बिना परमारथ भाषे, सत्य-वचन सुखदाई।।
या विध सत्य महाव्रत उत्तम, भवदधि परता राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं निर्लोभभावनायुतसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भयजुत प्राणी सांच न बोले, कहे झूठ उकताई।
भय से भीत अन्यथा भाषे, यह निश्चय लखि भाई।।
भीति बिना जो होय महाव्रत, सो जिय का सत राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं भयरहितसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हास्य विषें सब सांच न जाने, हास्य सत्य को घाते।
हास्य तहां सतवैन न उपजे, हास्य बिना सत पावे।।
तातें हास्य बिना जु महाव्रत, शुद्ध होय जिन भाखें।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं हास्यरहितसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वच शास्त्रानुकूल ही कहना, वच अनुवीचि प्रमानो।
शास्त्रविरुद्ध कहे नहिं कबहूं, सत्य-विरतधर मानो।।
जो अनुवीचि वच प्रिय होवे, सत्य-महाव्रत भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं अनुवीचिभाषणयुतसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पांच भावना सत्य विरत को पाल कहे सच वचना।
सत्यमहाव्रत-सहित भावना, पाप हरे सुख झरना।।
ऐसे सत्य-महाव्रत की जो, पल पल महिमा राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं अनुवीचिभाषणयुतसत्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सूने घर में नाहीं जावे, जाने चोरी त्यागी।
भूमि परी विसरी परवस्तू, लेय नहीं विन रागी।।
सो अचौर्य महाव्रतधर यति, भव प्रतिज्ञा राखे।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, करके व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं शून्यगृहप्रवेशरहिताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऊजड़गृह में वास करे तो, चोरी दूषण पावे।
तातें छोड़े घर के मांही, मुनि नहिं ध्यान लगावे।।
व्रत अचौर्य यह जान महाव्रत, जिनमन वश में राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं निर्जनगृहवासरहिताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निजथल पर का आना रोके, सो चोरी अघ पावे।
व्रत अचौर्य में यातें यतिजन, औगुण मोटो लावे।।
शुद्ध अचौर्य महाव्रत जानो, जो यह दोष न राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं परोपरोधाकरणयुताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाता दे सो भोजन ले मुनि, आप न सेन बतावे।
देय इशारा भोजन ले तो, चोरी दूषण पावे।।
दोष बिना लीय शुद्ध भोजन, सो अचौर्यव्रत भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं भैक्ष्यशुद्धियुताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आपस मांहो धर्मी जनसों, विसम्बाद ना करहीं।
समता धार त्याग यह दूषण, व्रत अचौर्य मन धरहीं।।
धर्मी से गोवत्सप्रीतिसम, प्रीति किये सुख चाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं सधर्माविसंवाददोषरहिताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंच भावना ऐसी इन जुत, वृत्त अमल सु कहावे।
इन्हें भुलाये चोरि दोष हो, नाहिं निमित्त मिलावे।।
दोष गये सुध होय अचोरी, महाविरत ध्वनि भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं पंचभावनायुताचौर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारिकथा सुनके जो मनमें, तिय अनुराग बढ़ावे।
ताको शील लहे दूषण को, या बिन शील रहावे।।
रामाराग कथा से वर्जित, ब्रह्मचर्य शुभ भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं स्त्रीरागकथाश्रवणदोषरहितब्रह्मचर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अति सुन्दर नारी तन देखे, वार वार धरि रागा।
ताकि शील सुरत्न विरत को, मोटो अवगुन लागा।।
ऐसे दोष बिना सुशील व्रत, भवदधि परता राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं स्त्रीमनोहरांगनिरीक्षणदोषरहितब्रह्मचर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिपद पहले राजसमय में, भोग किये ये भारी।
तिनकी याद किये से दूषण, शील लहे दुखकारी।।
पूर्वरतानुस्मरण रहित यों शील महाव्रत राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं स्त्रीमनोहरांगनिरीक्षणमलदोषरहितब्रह्मचर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन नाहिं गरिष्ट करें मुनि, शील सुरक्षा काजे।
दधि घृत मेवादिक के खाये, ब्रह्मचर्य व्रत लाजे।।
तातें ऐसा भोजन तजि के, शील महाव्रत राखें।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं वृष्येष्टरसभोजनदोषरहितब्रह्मचर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अपने तन के मंजन चूरन, न्हवन धोवना लावे।
ऐसी किरिया जो मुनि राखे, शीलदोष को पावे।।
तातें तन श्रृंगाररहित जो, शील महाव्रत राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं स्वशरीरसंस्कारत्याग महाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंच भावना ऐसी पालें, शील करन शुभ भावे।
ताको मुक्ति मनोहर रमणी, वेगहिं पास बुलावे।।
ऐसो शील महाव्रत नीको, जो मुनि दृढ़ करि राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं पंचभावनायुक्त ब्रह्मचर्यमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कोमल कठिन चीकरी रूखो, लघु शीतोष्ण महानो।
ऐसे आठ विषय सों विकरत, परिग्रहत्याग सुजानो।।
आतम के अनहित के कारण, तामें मन नहिं राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं स्पर्शनेन्द्रियशुभाशुभविषयरहितपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

खट्टा मीठा कडुआ जानो, अरु कषायलो भाई।
और चरपरा पाँच विषय में, रसना बहु ललचाई।।
ये रसना के भाग शुभाशुभ, भोग परिग्रह राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं रसनेन्द्रियशुभाशुभविषयरहितपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नासा इन्द्रिय विषय शुभाशुभ, भोग परिग्रह सोई।
गंध विषय ललचाय जीव ते, परिग्रही अतिमोही।।
तातैं इनके त्यागि भये जे, परिग्रहत्यागी भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।

ओं ह्रीं घ्राणेन्द्रियशुभाशुभविषयरहितपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नेत्र सुजाने लाल पीत वा, श्याम सब्ज अरु श्वेता।
तामें राग द्वेष उपजावे, परिग्रही जनचेता।।
इनि को त्याग सुत्याग परिग्रह, मन वच तन कर राखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं नेत्रेन्द्रियशुभाशुभविषयरहितपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीन शब्द हैं सचित अचित अरु, मिश्र शब्द सुखदाई।
इनमें राग रु द्वेष करे मुनि, सोइ परिग्रह भाई।।
ताते इनके त्यागे परिग्रह, त्याग महाव्रत भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं श्रीत्रेन्द्रियशुभाशुभविषयरहितपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पांच भावना पंचम व्रत की, त्याग कहो इन मांही।
इन जुत परिग्रहत्याग महाव्रत, शुद्ध होत शक नाहीं।।
पांच भावना सहित होय जो महाव्रती मुनि भाखे।
या जुत सम्यक्चारित सोई, पूजों व्रत अभिलाखे।।
ओं ह्रीं पंचभावनायुतपरिग्रहत्यागमहाव्रतसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

चार हाथ भू शोध, पांव मुनिवर धरें। इत उत देखन त्याग, कायनिज वश करें।।
सो शुध ईर्यासमिति, महा सुखदाय हैं। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं यत्रतत्रावलोकनदोषरहितेर्यासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जब मुनि करें विहार, दयानिधि सार जी। चाले नहीं सुताव, बड़े डग धार जी।।
ऐसो दोष निवार, समिति पग धार है। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं शीघ्रगमनदोषरहितेर्यासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रागवचन सुन यतो, राह चलते नहीं। राग द्वेष कर चंचल, चित करते नहीं।।
तातें ईर्यासमिति, शुद्ध सुखदाय हैं। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं पथिकगमनकालरागवचनश्रवणचित्तचांचल्यदोषरहितेर्यासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

राह चलत वच दुष्ट, श्रवण करके सही। द्वेषभाव करि करे, चित्त को चल नहीं।।
तब शुभ ईर्यामिति, होय हितदाय है। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं मार्गगमनकालदुष्टवचनश्रवणदोषरहितेर्यासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

राह चलत श्री मुनिवर, कबहुँ न यों करें। पड़ी वस्तु पग कर तें, कबहुँ न ले धरें।।
सो यह दोष निवार, समिति सुध लाय है। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं मार्गस्थवस्तुग्रहणदोषरहितेर्यासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व दोष तें रहित, मुनी मग जाय है। जूना के परमान, भूमि दिखवाय हैं।।
ऐसी समिति दयालु, भाव कर लाय हैं। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं सर्वदोषरहितेर्यासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो जि स देश मंझार, वस्तु को नाम है। सो ही कहना सत्य, वचन शुभधाम है।।
जनपद सत् कथनीय, समिति सुखदाय हैं। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं जनपदसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रौढ़िक जाको नाम, सकल जन यों कहे। सोई कहना संवृति, सत सुधि में रहे।।
ऐसो भी वच भाषा, समिति सु जानिये।या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं संवृत्तिसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चित्र मनुज हय हाथी, वृष के कीजिये। फिर तिनको नर पशू, नाम रख लीजिये।।
यही थापना सत्य, समिति वच जानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं स्थापनासत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जाको जग में नाम, प्रसिद्ध सुगाइये। सोई कहना नाम, दोष नहिं पाइये।
नामसत्य यह सार, समिति वच जानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं नामसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह रंग काला पीला, लाल हरा सही। ऐसा कहना रूप, सत्य भाषा सही।।
ये ही भाषा सत्य, वचन मन आनिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजों शिवदाय है।।
ओं ह्रीं रूपसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यहै पदारथ बड़ा, यहै छोटा सही। कहे अपेक्षा, वचन, घने परगट मही।।
यही सत्य परतीति, समिति वच जानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजे हित मानिये।।
ओं ह्रीं प्रतीत्यसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नैगमनय की रीति, वचन सो भाषिये। कर मन ठीक जू वस्तु, हिये में रखिये।।
सत् है सो व्यवहार, समिति वच आनिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजे हित मानिये।।
ओं ह्रीं व्यवहारसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

शक्र विषें बल ऐसा, भू उल्टी करे। भूमी जान अनादि, नाहिं कबहूँ टरे।।
ऐसा कहना संभावित, सत जानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजे हित मानिये।।
ओं ह्रीं संभावनासत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु असंखे द्वीप, नरक सुर थल सही। कंदमूल में जीव, अनन्ते जिन कही।।
भावसत्य संजोय, समिति वच जानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजे हित मानिये।।
ओं ह्रीं भावसत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

का को किसकी उपमा, देकर भाषिये। ज्यों दानी सुरवृक्ष, जगत में आंकिये।।
सो उपमा सत जान, समिति वच ठानिये। या जुत सम्यग्वृत्त, जजे हित मानिये।।
ओं ह्रीं उपमासत्यभाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्राण जांय तो जाय, असत भाषें नहीं। भाषें तो सत्य बैन, जिसे जिनध्वनि कही।।
सो ही भाषासमिति, भव्य उर आनिये। या जुत सम्यग्वृत्त, पूज्यतम मानिये।
ओं ह्रीं भाषासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पात्रनिमित्त सु भोजन, जो दाता पचे। तो यह दोष 'उद्देशिक', दाता सिर रचे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं औद्देशिकदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पात्र जनों को देख रसोई जो करे। दाता 'अध्यदि' दोष, आपने सिर धरे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं दोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि को दे भोजन, अचित मिलायकें। 'पूतिकर्म' यह दोष, सुदातृ उपाय के।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं पूतिकर्मदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि को भोजय देय, असंयमि साथ जी। तो दाता के दोष, 'मिश्र' विख्यात जी।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं मिश्रदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

थानान्तर भोजन दे, मुनि को लायकें। तो 'स्थापित' ले दोष, दातृ अधिकाय के।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं स्थापितदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव पितर को कियो, मुनी को दे सही। तो दाता बलि दोष, आप सिर ले सही।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं बलिदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वेग बेग वा धीरे, मुनि को आहार दे। प्रावर्तित' अघ सोय, दातृ के सिर बँदे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं प्रावर्तितदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिभोजन का थान, प्रकाशित जो करे। प्राविष्करण' सुदोष, दातृ निजशिर धरे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं प्राविष्करणदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विद्या-क्रीत अहार, मुनि को दान दे। क्रीतदोष' तब दाता, के ही शिर बँदे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं क्रीतदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऋण कर कृत आहार, मुनी को दे सही। सो दाता 'ऋण' दोष, आप सिर ले कही।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं प्रामृष्यदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निजी अन्न बदलाव, दान मुनि को करे। 'परिवर्तन' अघ सोय, दातृ सिर पर धरे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं परिवर्तनदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अन्य ग्राम तें आय, दान मुनिको करें। 'अभिघट' कहि अघसोय, आप सिर पर धरे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं अभिघटदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बँधी वस्तु मुख खोल, दान दे लाय जी। 'उद्भिन' अघ सिर दातृ, लेय अति भाय जी।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं उद्भिनदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऊपर खन की वस्तु लाय मुनि दान दे। 'मालारोहण' नाम, दातृ अघ सिर सु ले।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं मालारोहणदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

त्रास और भयकार, दान मुनि को करे। दोष 'अच्छेद्य' सुनाम, आपने सिर धरे।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं अच्छेद्यदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जाको धनी न होय, दान दे और जी। 'अनीशार्थ' अघ दातृ, लहे तिस ठौर जी।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं अनीषार्थदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

षोडश दोष सुजान, मुनी आहार में। दाता पाले जान, सोय बुध सार में।।
सो भोजन मुनि तजे, एषणा लाय जी। या जुत सम्यग्वृत्त, जजो शिवदाय जी।।
ओं ह्रीं षोडशोद्गमनदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चाल जोगीरासा

जाय यती दाता के घर में, बालक नाहिं खिलावे।
नहिं श्रृंगारे नहिं पुचकारे, बालक को न रमावे।।
'धात्री' दोष तजे मुनिवर यह, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं धातृदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाता के घर जाय यतीश्वर, इत उत बात बतावे।
देशान्तर की कहे वार्ता, तो मुनि दोष बढ़ावे।।
'दूत' दोष यह तजे महामुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं दोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निमित्तज्ञान की बात कहे मुनि, दाता को सुखदाई।
भोजन फेर गहे घर बाके, तो सिर दोष चढ़ाई।।
निमितदोष ऋषिराज तजे यह, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं निमित्तदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाता के घर जाके मुनिवर, कह प्रभुता की बातें।
इस विधि से सुन्दरतम भोजन, कबहुं यतीजन पाते।
यह 'आजीवक' दोषतजे यति, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं आजीवकदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि दाता को सुसुहावन, बात कहे घर जाई।
भोजन ताके आप करे ऋषि, तो अघ लेय उपाई।।
दोष 'वनीपक' तजिमुनि याको, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं वनीपकददोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि दाता के घर जाकर, औषधि-भेद बतावे।
नाड़ी देख सुरोग बतावे, फिर भोजन को खावे।
दोष 'चिकित्सा' त्याग के, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं चिकित्सादोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि भोजन लेय क्रोधयुत, दाता के घर जाई।
तो मुनि के शिर दोष चढ़त हैं, सो भोजन दुखदाई।।
'क्रोध' दोष यह तजे मुनीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं क्रोधदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हम तपसी दीरधकुल धारी, ज्ञान धरें अधिकाई।
यों कह भोजन ले दाता घर, मानसहित हो भाई।।
'मानदोष' यह तज के मुनिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं मानदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन को मुनि जाय नगर में, दाता के घर जाई।
भोजन लेय कपटकर चित्त में, नाना छल दिखलाई।।
'मायादोष' तजे इसको मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं मायादोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लोभविवश हो दाता के घर, ले भोजन यति जाई।
स्वादलम्पटी रसना पोड्यो, तो शिर दोष चढ़ाई।।
'लोभ' दोष को तज के यतिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं लोभदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन पहले दाता की थुति, जो मुनिराज उचारे।
तो अपने तप संयम माहीं, दूषण ही निरधारें।
पूरबथुति अघ को तजके यों, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं पूर्वस्तुतिदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन दाता के घर ले मुनि, पीछे यह विधि लावे।
दाता की थुति करके भारी, आप दोष लिपटावे।।
पीछे थुति यह दोष त्याग मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं पश्चात्स्तुतिदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिभोजन ले जिस दाता घर, ता प्रसन्नता काजे।
अपनी विद्याएँ दिखला के दोष आपको साजे।।
विद्यादोष त्याग यह मुनिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं विद्यादोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन्त्र तन्त्र जंत्रादिक अतिशय, चमत्कार बतलावें।
पीछे भोजन लेय यतीश्वर, तो शिर पाप बंधावें।।
मन्त्रदोष यह तज के योगी, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं मन्त्रदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि काजल नेत्रनि को दे, चूरन आदि बतावे।
यो कर भोजन ले दाता घर, तो सिर दोष बंधावे।।
'चूरण' अघ को छोड़ महामुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं चूर्णदोषरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वशीकरण आदिक की युक्ति, गृहियों को दिखलावे।
पीछे से मुनि भोजन लेवे, तो संयम मल पावे।।
'मूलकर्म' दूषण तज के यह, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं मूलकर्मदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन भक्ष्य अभक्ष्य कियो है, यो शंका करि खाये।
तो मुनि अपने संयम में यों, शंकित दोष लगावे।।
ऐसो 'शंकित' दोष त्याग मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं शंकितदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाता के कर चिकने होवे, चिकने वासन जोवें।
तामें भोजन जो मुनि लेवें, तो सदोष वे होवें।।
मृक्षितदोष तजें यह मुनिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं मृक्षितदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सचित वस्तुपर रक्खा भोजन, मुनिवर कबहुँ न खावे।
अपने संजम भार लाभ या, सावधान चित लावें।।
यह निक्षिप्त दोष तजिके मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं निक्षिप्तदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन ढांके सचित वस्तु सों तो यति नाहीं खावे।
ऐसो कारण आय मिले तो, भोजन ही तज जावे।।
'पिहित' दोष को छोड़ यतीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं पिहितदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पूरब नेह थकी भोजन लें, तो मुनि दूषण पावे।
हारदोष यह त्याग यतीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं हारदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सूतक रोगी वृद्ध बाल जो, जलती अग्नि बुझावे।
गर्भवती तिय होय नपुंसक, इनि कर मुनि नहिं खावे।।
दायकदोष तजे मुनिनायक, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं दायकदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आंचल सो बालक तज नारी, जो मुनि को पड़गाहे।
तो ताके कर को भोजन ऋषि, आय कबहुं नहिं खाहे।।
सम्व्यवहरण दोष तजि के मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं सव्यवहरणदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वस्तु सचित्तअचित्त मिली जो, भोजन मैं मुनि खावे।
तो उसके अतिदूषण लागे, जग में निन्दा पावे।।
मिश्रदोष यह तजे मुनीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं उन्मिश्रदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जली और अधपक्की चीजें, वा अप्रासुक लाई।
भोजन में यतिवर को देवें, तो लेवें न कदाई।।
दोष अपरिणत को मुनि त्यागें, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं अपरिणतदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पात्र खड़ी हड़ताल गेरु से, यदि लिपटा हो भाई।
भाजी खिचड़ी कड़ी आदि या, लिपटी देय दिखाई।।
'लिप्तदोष' माने सत साधू, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं लिप्तदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वस्तु हात से द्रवित होय जो, या प्रदत्त तज खावे।
तो मुनिनायक अपने संयम, माहीं दोष लगावे।
त्यजनदोष यह तजकें मुनिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं परित्यजनदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उष्ण मांहि शीतल शीतल में, उष्ण मिलाकर खावें।
तो अपनो सत संजम नीको, ताके दोष लगावें।
दोष संयोजन नाम त्याग गुरु, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं संयोजनदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बत्तिस ग्रास मुनी का भोजन, सो ही उत्तम होई।
यासें अधिक न मुनिवर खावें, आज्ञा भंग न सोई।।
अप्रमाण इस अघ को छोड़े, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं अप्रमाणदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मीठो भोजन रुचि से खावे, दाता को जु सरावे।
बहु आसक्त होय भोजन ले, सो सिर दोष मड़ावे।।
दोष अंगार तजे गुरु याको, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं अंगारदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो भोजन मन चाहत नाहीं, खावत अरुचि कराहे।
दाता की निन्दा फिर ठानें, तो निज संयम दाहे।।
धूमदोष याको मुनि त्यागें, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं धूमदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

ऐसे तेइस दुगुन मल, टालत हैं मुनिराय।
तब भोजन करते सही, ते गुरु जजों सुभाय।।
ओं ह्रीं षट्चत्वारिंशद्दोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि के भोजन रते नभ से, काक वीट कर जावे।
देखे, मुनि तो भोजन छांड़े, हिये खेद ना लावे।।
काकदोश यह तजें यतीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं काकान्तरायरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अपने पग जो अशुचि वस्तु से, लिपटे होंय कदाई।
देखे मुनि तो भोजन छांडे, अन्तराय गिन भाई।।
दोष अशौच्य तजे मुनि याको, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं अशौच्यान्तरायरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मुनि भोजन को मग जातें, करता वमन निहारे।
तो तादिन आहार तजे यह, अन्तराय सु विचारे।।
छर्दि दोष को तज के मुनिवर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं छार्दिदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रुदन करन्ते परको देखे, भोजन-बेला कोई।
अन्तराय तो होय मुनी को, भोजन करे न सोई।।
'रुदनदोष' यह तजे महामुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं रुदनान्तरायरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निज पर को मुनि लोहू देखें, भोजन बेला कोई।
अन्तराय तो लहें सुगुरुवर, समताधर जित सोई।।
'रुधिरदोष' यह तजे मुनीश्वर, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं रुधिरदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अश्रुपात निज पर के देखें, भुक्तिकाल मुनिराई।
अन्तराय तो गिनें जगद्गुरु, करुणासागर भाई।।
'अश्रुपातदूषण' यह तज के, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं अश्रुपातान्तरायरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

'भोजन हेतु पात्र को जंघा, ऊपर गेहि चढ़ावे।
तो मुनिनाथ तजे भाजन को, अन जल पिये न खावें।।
'जंघानाम' दोष तजकें यति, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं जंघास्पर्शान्तरायरहितैषणासमितिसहित सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

साधु हाथ यदि घुटने नीचे, का इस्पर्श लहावे।
अन्तराय तो माने यतिवर, भोजन-गृद्धि हटावे।।
तज 'प्राव्रत्यदोष' कोनिश्चय, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं प्रावत्यान्तरायरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सिर नाभीतल नीचा करके, द्वार निकाल बुलावे।
अन्तराय तो माने यतिवर, आगमविधि को ध्यावे।।
'नाभ्यधोनिर्गमन' दोष तजि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं नाभ्यधोनिर्गमनदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तजी वस्तु भोजन में आई, निश्चय से जब जाने।
अन्तराय माने सत्साधू, आकुलता नहिं आने।।
'प्रत्याख्यान' जु दोष तजे यह, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं प्रत्याख्यानान्तरायदोषरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीवघात निज परकर सेती, भोजन-बेला होई।
तो मुनि देख तजे भोजन को, दयाभाव धर सोई।।
'जन्तूवधदूषण' तजके मुनि, समिति एषणा पाले।
या जुत सम्यक्चारित पूजों, सो मेरे अघ टाले।।
ओं ह्रीं जन्तुवधान्तरायरहितैषणासमितियुत सम्यक्चारित्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन करते हाथों में से, काक ग्रास ले जावे।
शुभ दुतिया माघ सुदी को, पायो केवल लब्धी को।
श्री वासुपूज्य भवतारी, हम पूजत अष्ट प्रकारी॥
ॐ ह्रीं माघशुक्ला द्वितीयायां श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥12॥

छठि माघ वदी हट घाती, केवल लब्धी सुख लाती।
पाई श्री विमल जिनेशा, हम पूजत कटत कलेशा॥
ॐ ह्रीं माघकृष्णा षष्ठयां श्रीविमलनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥13॥

वदि चैत अमावसि गाई, जिन केवलज्ञान उपाई।
पूजूं अनन्त जिन चरणा, जो हैं अशरण के शरणा॥
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा अमावस्यां श्रीअनंतनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥14॥

मासांत पौष दिन भारी, श्री धर्मनाथ हितकारी।
पायो केवल सदबोधं, हम पूजूं छोड़ कुबोधं॥
ॐ ह्रीं पौषपूर्णिमायां श्री धर्मनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥15॥

सुदि पूस इकादसि जानी, श्री शान्तिनाथ सुखदानी।
लहि केवल धर्म प्रचारा, पूजूँ मैं अध हरतारा॥

ॐ ह्रीं पौषशुक्ला एकादश्यां श्री शांतिनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

वदि चैत्र तृतीया स्वामी, कुन्थुनाथ गुण धामी।
निर्मल केवल उपजायो, हम पूजत ज्ञान बढ़ायो।।
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा तृतीयां श्री कुन्थुनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

कार्तिक सुदि बारस जानो, लहि केवलज्ञान प्रमाणो।
पर तत्त्व निजत्व प्रकाशा, अरनाथ जजों हत आशा।।
ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ल द्वादश्यां श्री अरहनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

वदि पूस द्वितीया जाना, श्री मल्लिनाथ भगवाना।
हत घाती केवल पाये, हम पूजत धन लगाये।।
ॐ ह्रीं पौषकृष्णा द्वितीयां श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

वैसाख वदि नौमी की मुनिसुव्रत जिन केवल को।
लहि वीर्य अनन्त सम्हारा, पूजूं मैं सुख करतारा।।
ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा नवम्यां श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

अगहन सुदि ग्यारस आए, नमिनाथ ध्यान लौ लाए।
पाया केवल सुखदाई, हम पूजत चित हरषाई।।

ॐ ह्रीं अगहनशुक्ला एकादश्यां श्री नमिनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं
निर्वपामीति स्वाहा॥21॥

पडिवा शुभ क्वार सदी को, श्री नेमिनाथ जिनजी को।
इच्छो केवल सत ज्ञानं, हम पूजन ही दुःख हानं॥
ॐ ह्रीं आश्विनशुक्ला प्रतिपदायां श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥22॥

तिथि चैत्र चतुर्थी श्यामा, श्री पार्श्वप्रभू गुण धामा।
केवललहि तत्त्वप्रकाशा, हम पूजत कर शिव आशा॥
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा चर्तुथ्यां श्री पार्श्व जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥23॥

दशमी वैशाख सुदी को, श्री वर्द्धमान जिनजी को।
उपजो केवल सुखदाई, हम पूजत विघ्न नशाई॥
ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ला दशम्यां श्री वर्द्धमान जिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥24॥

जयमाला (सृग्विणी)

जय ऋषभनाथ जी ज्ञान के सागरा, घातिया घातकर आप केवल बरा।
कर्म बन्धनमई सांकला तोड़कर, आपका स्वाद ले स्वाद पर छोड़कर॥1॥
धन्य तू धन्य तू धन्य तू नाथ जी, सर्व साधु नमें तोहि को नाथ जी।
दर्श तेरा करैं ताप मिट जात हैं, मर्म भाजें सभी पाप हट जात है॥2॥
धन्य पुरुषार्थ तेरा महा अद्भुतं, मोहसा शत्रु मारा त्रिघाती हतं।
जीत त्रैलोक्य को सर्वदर्शी भए, कर्म सेना हती दुर्ग चेतन लए॥3॥

आप सत तीर्थ त्रयरत्न से निर्मिता, भव्य लेवें शरण होंय भव भव रिता।
वे कुशल से तिरें संसृति सागरा, जाय ऊरध लहें सिद्ध सुन्दर धरा।।4।।
यह समवशरण भवि जीव सुख पात हैं, वाणि तेरी सुनें मन यही भात हैं।
नाथ दीजे हमें धर्म अमृत महा, इस बिना सुख नहीं दुःख भव में सहा।।5।।
ना क्षुधा ना तृष्णा ना द्वेष है, खेद चिन्ता नहीं आर्ति ना क्लेश है।
लोभ मद क्रोध माया नहीं लेश है, वन्दता हूं तुम्हें तू हि परमेश है।।6।।
जय परम ज्योति ब्रह्मा मुनीश, जय आदिदेव वृषनाथ ईश।
परमेष्ठी परमातम जिनेश, अजरामर अक्षय गुण निवेश।।1।।
शंकर शिवकर हर सर्व मोह, योगी योगीश्वर काम द्रोह।
हो सूक्ष्म निरंजन सिद्ध बुद्ध, कर्माजन मेटन तोय शुद्ध।।2।।
भवि कमल प्रकाशन रवि महान, उत्तम वागीश्वर राग हान।
हो वीत द्वेष हो ब्रह्म रूप, सम्यग्दृष्टी गुण राज भूप।।3।।
निर्मल सुख इन्द्रिय रहित धार, सर्वज्ञ सर्वदर्शी अपार।
तुमवीर्य अनन्त धरो जिनेश, तुमगुण कथ पावतनहिं गणेश।।4।।
तुम नाम लिये अघ दूर जाय, तुम दर्शनते भव भय नशाय।
स्वामिन् अब तत्त्वन का प्रभेद, कहये जासे हठे कर्म छेद।।5।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशति जिनेभ्यो ज्ञानकल्याणक प्राप्तेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

मोक्षकल्याणक पूजन

(त्रिभंगी)

जय जय तीर्थंकर मुक्तिवधू वर भवसागर उद्धार करं,
जय जय परमातम शुद्ध चिदातम कर्मकलंक निवारकरं।
जय जय गुणसागर सुखरत्नाकर आत्ममगनता सार धरं,
जय जय निर्वाणं पाय सुज्ञानं पूजत पग संसार हरं।।

ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः मोक्षकल्याणक प्राप्तेभ्यः अत्र अवतर अवतर सम्वौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः मोक्षकल्याणक प्राप्तेभ्यः प्राप्ताः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः मोक्षकल्याणक प्राप्तेभ्यः प्राप्ताः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(वसन्ततिलका)

पानी महान भरि शीतल शुद्ध लाऊँ। जन्मादि रोग हर कारण भाव ध्याऊँ।।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः जलं निर्वपामीति स्वाहा।।

केशर सुमिश्रित सुगन्धित चन्दनादी। आताप सर्व भव नाशन मोह आदी।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।

चन्दा समान बहु अक्षत धार थाली। अक्षय स्वभाव पाऊ गुण रत्नशाली।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।

चम्पा गुलाब मरुवा बहु पुष्प लाऊँ। दुख टार काम हरके निज भावपाऊँ।।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।

ताजे महान पकवान बनाय धारें। बाधा मिटाय क्षुध रोग स्वयं सम्हारे।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।

ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

दीपावली जगमगाय अंधेर घाती। मोहादि तम विघट जाय भव प्रपाती।।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।

चन्दन कपूर अगरादि सुगन्ध धूपं। बालूँ जु अष्ट कर्म ही सिद्ध भूपं।।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।

मीठे रसाल बादाम पवित्र लाए। जासे महान फल मोक्ष सु आप पाए।।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

आठों सु द्रव्य ले हाथ अरघ बनाऊँ। संसार वास हरके निज सुक्ख पाऊँ।
पूजूँ सदा चतुर्विंशति सिद्ध कालं। पाऊं महान शिवमंगल नाश कालं।।
ॐ ह्रीं श्री ऋषभादिमहावीरपर्यंत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

24 तीर्थंकरों की मोक्षकल्याणक तिथि के 24 अर्घ्य

(गीता)

चौदस वदी शुभ माघ की, कैलाशगिरि निज ध्याय के।
बृषभेश सिद्ध हुए शचीपति, पूजते हित पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा चतुर्दश्यां श्री वृषभनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

शुभ चैत सुदि पांचम दिना, सम्मेद गिरि निज ध्याय के।
अजितेश सिद्ध हुए भविगण, पूजते हित पाय के॥
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ला पंचम्यां श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

शुभ माघ सुदि षष्ठी दिना सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
सम्भव निजातम केलि करते, सिद्ध पदवी पाय के॥
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के॥

ॐ ह्रीं माघशुक्ला षष्ठयां श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

वैशाख सुदि षष्ठी दिना, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
अभिनन्दनं शिव धाम पहुंचे, शुद्ध निज गुण पाय के॥
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के॥

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ला षष्ठयां श्री अभिनन्दनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

शुभ चैत सुदि एकादशी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री सुमतिजन शिवधाम पायो, आठ कर्म नशाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ला एकादश्यां श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

शुभ कृष्ण फाल्गुन सप्तमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्रीपद्मप्रभ निर्वाण हुये स्वात्म अनुभव पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा सप्तम्यां श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

शुभ कृष्ण फाल्गुन सप्तमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री जिनसुपार्श्व स्वस्थान लीयो, स्वकृतआनन्द पायके।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा सप्तम्यां श्री सुपाशर्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

शुभ शुक्ल फाल्गुन सप्तमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री चन्द्रप्रभ निर्वाण पहुंचे, शुद्ध ज्योति जगाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।
ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्ला सप्तम्यां श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

शुभ भाद्र शुक्ला अष्टमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री पुष्पदन्त स्वधाम पायो, स्वात्म गुण झलकाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।
ॐ ह्रीं भाद्रशुक्ल अष्टम्यां श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

दिन अष्टमी शुभ क्वार सुद, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्रीनाथ शीतल मोक्ष पाए, गुण अनन्त लखाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।
ॐ ह्रीं आश्विनशुक्लअष्टम्यां श्री शीतलनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

दिन पूर्णमासी श्रावणी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
जिन श्रेयनाथ स्वधाम पहुंचे, आत्मलक्ष्मी पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं श्रावणपूर्णमास्यां श्री श्रेयांसनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

शुभ भाद्र सुद चौदस दिना, मंदारगिरी निज ध्याय के।
श्री वासुपूज्य स्वथान पहुंचे, ली हो, कर्म आठ जलाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं भाद्रशुक्ल चतुर्दश्यां श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

आषाढ़ वद शुभ अष्टमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री विमल निर्मल धाम लीनी, गुण पवित्र बनाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा अष्टम्यां श्री विमलनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

अम्मावसी वद चैत्र की, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
स्वामी अनन्त स्वधाम पायो, गुण अनन्त लखाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णाअमावस्यां श्री अनंतनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

शुभ ज्येष्ठ शुक्ला चौथ दिन, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री धर्मनाथ स्वधर्मनायक, भये निज गुण पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्ला चतुर्थ्यां श्री धर्मनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

शुभ ज्येष्ठकृष्णा चौदसी, सम्मेदगिरि निज ध्यान के।
श्री शांतिनाथ स्वधाम पहुंचे, परम मार्ग बताय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णा चतुर्दश्यां श्री शांतिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

वैशाख शुक्ला प्रतिपदा, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री कुन्थुनाथ स्वधाम लीनी, परम पद झलकाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ल प्रतिपदायां श्री कुन्थुनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

अम्मावसी वद चैत की, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री अरहनाथ स्वथान लीनों, अमर लक्ष्मी पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा अमावस्यां श्री अरहनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

शुभ शुक्ल फाल्गुन पंचमी, सम्मेदगिरि जिन ध्याय के।
श्री मल्लिनाथ स्वथान पहुँचे, परम पदवी पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्ला पंचम्यां श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

फाल्गुन वदी शुभ द्वादशी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
जिननाथ मुनिसुव्रत पधारें, मोक्ष आनन्द पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा द्वादश्यां श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

वैशाख कृष्ण चौदशी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
नमिनाथ मुक्ति विशाल पाई, सकल कर्म नशाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा चतुर्दश्यां श्री नमिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

आषाढ़ शुक्ला सप्तमी, गिरनार गिरि निज ध्याय के।
श्री नेमिनाथ स्वधाम पहुंचे, अष्टगुण झलकाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्ला सप्तम्यां श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

शुभ श्रावणी सुद सप्तमी, सम्मेदगिरि निज ध्याय के।
श्री पार्श्वनाथ स्वथान पहुंचे, सिद्धि अनुपम पाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्ला अष्टम्यां श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

अम्मावसी वद कार्तिकी, पावापुरी नित ध्याय के।
श्री वर्द्धमान स्वधाम लीनो, कर्म वंश जलाय के।।
हम धार अर्घ्य महान पूजा, करें गुण मन लाय के।
सब राग दोष मिटाय के, शुद्धात्म मन में भाय के।।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णा अमावस्यां श्री वर्द्धमान जिनेन्द्राय मोक्षकल्याणक प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

जयमाला (भुजंत प्रयात)

नमस्ते नमस्ते नमस्ते जिनन्दा। तुम्हीं सिद्ध रूपी हरे कर्म फंदा।
तुम्हीं ज्ञान सूरत भविक नीरजों को। तुम्हीं ध्येय वायू हरो सब रजों को।।1।।
तुम्हीं निष्कलंकं चिदाकर चिन्मय। तुम्हीं अक्षजीतं निजाराम तन्मय।
तुम्हीं लोक ज्ञाता तुम्हीं लोकपालं। तुम्हीं सर्वदर्शी हतो मान कालं।।2।।
तुम्हीं क्षेमकारी तुम्हीं योगिराजं। तुम्हीं शांत ईश्वर कियो आप काजं।
तुम्हीं निर्भयं निर्मलं वीतमोहं। तुम्हीं साम्य अमृत पियो वीतद्रोहं।।3।।
तुम्हीं भव उदधि पारकर्ता जिनेशं। तुम्हीं मोह तम के निवारक दिनेशं।

तुम्हीं ज्ञान नीरं भरे क्षीर सागर। तुम्हीं रत्न गुण के सुगंभीर आकर।।4।।
तुम्हीं चन्द्रमा निज सुधा के प्रचारक। तुम्हीं योगियों परमप्रेम धारक।
तुम्हीं ध्यान गोचर सु तीर्थंकरों के। तुम्हीं पूज्य स्वामी परम गणधरों के।।5।।
तुम्हीं हो अनादी नहीं जन्म तेरा। तुम्हीं हो सदा सत् नहीं अन्त तेरा।
तुम्हीं सर्वव्यापी परम बोध द्वारा। तुम्हीं आत्मव्यापी चिदानंद धारा।।6।।
तुम्हीं हो अनित्यं स्व परिणाम द्वारा। तुम्हीं हो अभेदं अमिट द्रव्य द्वारा।
तुम्हीं भेद रूपं गुणानन्त द्वारा। तुम्हीं नास्ति रूपं परानन्त द्वारा।।7।।
तुम्हीं निर्विकारं अमूरत अखेदं। तुम्हीं निष्कषायं तुम्हीं जीत वेदं।
तुम्हीं हो चिदाकार साकार शुद्धं। तुम्हीं हो गुणस्थान दूरं प्रबुद्धं।।8।।
तुम्हीं हो समयसार निज में प्रकाशी। तुम्हीं हो स्वचारित्र आतम विकाशी।
तुम्हीं हो निरास्रव निराहार ज्ञानी। तुम्हीं निर्जरा विन परम सुख निधानी।।9।।
तुम्हीं हो अबंध तुम्हीं हो अमोक्षं। तुम्हीं कल्पनातीत हो नित्य मोक्षं।
तुम्हीं हो अवाच्यं तुम्हीं हो अचिन्त्यं। तुम्हीं हो सुवाच्यं सु गणराज्य नित्यं।।10।।
तुम्हीं सिद्धराजं तुम्हीं मोक्षराजं। तुम्हीं तीन भू के सुऊरध विराजं।
तुम्हीं वीतरागं तदपि काज सारं। तुम्हीं भक्तजन भाव का मल निवारं।।11।।
करैं मोक्षकल्याणकं भक्त भीने। फुरैं भाव शुद्धं यही भाव कीने।
नमें हैं जजे हैं सु आनन्द धारें। शरण मंगलोत्तम तुम्हीं को विचारे।।12।।

(दोहा)

परम सिद्ध चौवीस जिन, वर्तमान सुखकार। पूजत भजत सु भाव से, होय विघ्न निरवार।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतिवर्तमानजिनेन्द्रेभ्यः मोक्षकल्याणकेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

बिम्ब प्रतिष्ठा हो सफल, नरनारी अघहार। वीतराग विज्ञानमय, धर्म बढ़ो अधिकार।।

(इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत्)

ॐ

चौसठ ऋद्धि विधान (पण्डित श्री स्वरूपचन्द्र जी कृत)

(दोहा)

सारासार विचार करि तजि संसृति को भार। धाराधर निज ध्यान की, भये सिद्ध भवपार।।1।।

भूत भविष्यत् काल के, वर्तमान ऋषिराज। तिन के पद कूँ नमन करि, पूज रचूँ शिवकाज।।2।।

अथ स्तुति ढाल मद अवलिप्त की

इह संसार असार दुःखमय जानि निरंतर।
विषय भोग धन धान्य त्यागि सब भये दिगंबर।।
पर परिणति परिहार लगे निज परिणति मांही।
रागद्वेष मद मोहतनी नाहीं परछाहीं।।3।।
जनम जरा अरू मरण त्रिदोष जु या जग माहीं।
सब जगवासी जीव भ्रमत कछु साता नाहीं।।
इहि विचारि चित मांही धारी संयम अविकारी।
शुक्ल ध्यान धरि धीर वरी अविचल शिवनारी।।4।।
षट्कायनि के जीवतनी करुना प्रतिपालैं।
करि चोरी परिहार मृषा वच सब ही टालैं।।
ब्रह्मचर्यव्रत धर्यो परिग्रह द्विविधि तज्या जिन।
पंच महाव्रत येह धारि मुनि भये विचक्षन।।5।।
च्यारि हाथ भू निरखि चलैं हित मित वच भाखैं।
षट् चालीस जू दोष रहित शुभ असनजु चाखैं।।
भूमिशुद्ध प्रतिलेखि वस्तु क्षेपैरू उठावैं।
भू-निर्जंतु मझारि मूत्रमलक्षपण करावैं।।6।।

स्पर्शन के हैं आठ पंच रस रसना केरे।
घ्राणेन्द्रिय के दोय चक्षु के पंच गिनेरे।।
कर्णेन्द्रिय के सप्तबीस अरू सात विषय सब।
इष्ट अनिष्टज मांहि करैं नहिं राग द्वेष कब।।7।।
सामायिक अरू वंदन स्तुति प्रतिक्रमण भजैं हैं।
प्रत्याख्यान व्युत्सर्ग दिवस तिरकाल सजैं हैं।।
भूमि सयन स्नान, त्याग नग्नत्व धरै हैं।
कचलुंचै दिन मांहि एकवर असन करै हैं।।8।।
खडे होय आहार करैं सब दोष टाल मित।
दंतधवन तिनतज्यो देहजिय भिन्न लख्यो नित।।
अष्टाविंशति येजु मूलगुण धरत निरंतर।
उत्तरगुण लख च्यारि असीधर बाह्य अभ्यंतर।।9।।

(दोहा)

इत्यादिक बहुगुण सहित, अनागार ऋषिराज। नमूं नमूं तिन पदकमल, तारनतरन जिहाज।।

इति पठित्वा मंडलोपरि पुष्पांजलि क्षिपेत्।

अथ समुच्चय पूजा

(छन्द गीता)

संसार सकल असार जा मैं सारता कछु है नहीं।
धनधाम धरिनी और गृहिनी त्यागि लीनी वन मही।।
ऐसे दिगम्बर हो गये अर होहिंगे वरतत सदा।
इत थापि पूजूं मन वच करि देहिं मंगल विधि तदा।।1।।

ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमान काल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्व ऋषीश्वराः
अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमान काल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्व ऋषीश्वराः
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमान काल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्व ऋषीश्वराः
अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (चाल रेखता में)

ल्यायो शुभ गंगजल भरिकै, कनक श्रृंगार कर करि कै।
जन्म जरा-मृत्यु के हरनन् यजूं मुनिराज के चरनन्॥1॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पुलाक वकुश कुशील निर्ग्रंथ स्नातक पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

घसों काश्मीर संग चंदन, मिलावो केलि को नंदन।
करत भवताप को हरनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥2॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः
संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अखिल शुभचंद्र के कर से, भरो कण यथाल में सरसे।
अखय पद प्राप्ति के करनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥3॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः
अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुहुप लो घ्राण के रंजन, उड़त ता मांहि मकरंदन्।
मनोभव वाण के मरनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥4॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः कामबाण विध्वसनाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा।

लेव पकवान बहुविधि के, भरो शुभ थाल सुवरन के।
असाता वेदनी क्षरनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥5॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमगे दीप ले करिकै, रकेबी स्वर्ण में धरि कै।
मोहविध्वंस के करनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥6॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर मलयागिरी चंदन, खेय करि धूप को गंधन।
होय करमाष्ट को जरनन्, यजूं मुनिराज के चरनन्॥7॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः अष्टकर्म विध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सिरीफल आदिफल ल्यावो, स्वर्ण को थाल भरवावो।
होय शुभ मुक्ति को मिलनन्, यजूँ मुनिराज के चरनन्॥8॥
ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः महामोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलादिक द्रव्य मिलावये, विविध वादित्र बजवाये।
अधिक उत्साह करि तन में, चढ़ावो अर्घ चरनन् में।।9।।

ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला सोरठा

तारन तरन जिहाज, भव समुद्र के माँहि जे। ऐसे श्री ऋषिराज, सुमरि सुमरि विनती करूँ।।1।।

(पद्धडी छन्द)

जय जय श्री मुनिवर-युगल पाय, मैं प्रणमूँ मन वच शीस नाय।
जे सब असार संसार जानि, सब त्यागि कियो आतम कल्यान।।2।।
क्षेत्र वास्तु अर रत्न स्वर्ण, धन धान्य द्विपद अरु चतुक चरण।
अरु कौप्य भांड दश बाह्य भेद, परिग्रह त्यागे नहिं रंच खेद।।3।।
मिथ्यात्व तज्यो संसार मूल, पुनि हास्य अरति रति शोक सूल।
भय सप्त जुगुप्सा स्त्रीय वेद, फिरि पुरुष वेद अरु क्लीव वेद।।4।।
क्रोध मान मायारु लोभ, ये अंतरंग में करत क्षोभ।
इम ग्रंथ सबै चउवीस एह, तजि भये दिगंबर नगन जेह।।5।।
गुणमूल धारि तजि रागदोष, तप द्वादश धरि तन करत शोष।
तृण कंचन महल मसाण मित्त, अरु शत्रुन मैं सम भावचित्त।।6।।
अरु मणि पाषाण समान जास, पर परिणति में नहिं रंच वास।
वह जीव देह लख भिन्न भिन्न, जे निज स्वरूप में भाव किन्न।।7।।
ग्रीष्म रितु पर्वत शिखर वास, वर्षा में तरुतल है निवास।
जे शीतकाल में धरत ध्यान, तटनीतट चोहट शुद्धथान।।8।।

हो करुणासागर गुण अगार, मुझ देहि अखय सुख को भंडार।
मैं सरण गही मुझ त्यार त्यार, मोंहिं निज स्वरूप द्यो बारबार।।9।।

(धत्ता)

इह मुनिगुणमाला परम रसाला, जो भविजन कंठै धरई।
सब विघन विनासई मंगल भासई, मुक्ति रमा वर नर वरई।।10।।

ॐ ह्रीं भूत भविष्यत् वर्तमानकाल सम्बन्धि पंच प्रकार सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये जयमालायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

सर्वमुन्या की पूज यह, करै भव्य चित लाय। ऋद्धि सर्व घर मैं वसै,
विघ्न सबै नसि जाय।।1।।

।।इत्याशीर्वादः परि पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

।।इति समुच्चय पूजा।।

चतुर्विंशति तीर्थंकर गणधर मुनिवर पूजा

(छन्द लक्ष्मीधरा)

वृषभ सेनादि अस्सीचऊ गणधरा। वृषभ के चउअसी सहस्त्र सब मुनिवरा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।1।।

ॐ ह्रीं वृषभेश्वरस्य वृषभसेनादि चतुरशीति गणधर चतुरशीतिसहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहसेनादि सब नवति गणधार हैं। अजित जिनराज के लक्ष अणगार हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।2।।
ॐ ह्रीं श्री अजित जिनस्य सिंहसेनादि नवतिगणधर लक्षैक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चारुषेणादि शत एक अरु पाँच हैं। लक्ष सब दोय संभवतणें सांच हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।3।।
ॐ ह्रीं श्री संभव जिनस्य चारुषेणादि पंचाधिकशतगणधर लक्षद्वय सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक सौ तीनवज्रादि हैं गणधरा। सर्व अभिनंदन के तीन लख मुनिवरा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।4।।
ॐ ह्रीं श्री अभिनंदन जिनस्य वज्रनाभिआदि त्रयाधिकशत गणधर लक्षत्रय सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अमरादि एकशत षोडश गणधरा। सुमति यति चउगणा सहस्त्र अस्सी परा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।5।।
ॐ ह्रीं श्री सुमति जिनस्य अमरादि षोडशाधिकशत गणधर लक्षत्रयविंशति सहस्त्र सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वज्रादिशत एकदश पद्म गणधरा तीन लख तीस हजार सर्व मुनीवरा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।6।।
ॐ ह्रीं श्री पद्म जिनस्य वज्रचामरादि दशाधिक एक शत गणधर लक्षत्रयाधिक त्रिंशत् सहस्त्र सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बलगणधरादि पिच्याणवै गणधरा। सुपार्श्व के तीन लख सर्वयोगीश्वरा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।7।।
ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्व जिनस्य बलादिपंचनवति गणधर लक्षत्रय सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नवति अर तीन दत्तादि गणराज हैं। चंद्रजिन कै मुनी सार्धद्वय लाख हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।8।।
ॐ ह्रीं श्री चंद्रप्रभु जिनस्य दत्तात्रिनवति गणधर सार्धद्वय लक्ष सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विदर्भादि गणराज अस्सी शुभ आठ हैं। पुष्पदंते गुणे दोय लख साधु हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।9।।
ॐ ह्रीं श्री पुष्पदंतस्यविदर्भादि अष्टाशीति लक्षद्वय सर्व मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक असी गणधरा आदि अनगार हैं। लख एक शीतलता में और मुनिराज हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।10।।
ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथ जिनस्य अनगारादि एकाशीति गणधर एकलक्ष सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कुंथ आदि गणराज सत्तरे अरु सात हैं। चउ असी सहस्त्र श्रेयांस के साधु हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।11।।
ॐ ह्रीं श्री श्रेयांसनाथस्य कुंथु आदि सप्तसप्तति गणधर चतुरशीति सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मादि षट्षष्टि वासुपूज गणी सबै। सहस्त्र बहत्तर अवर मुनीश्वर सब फबै।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।12।।

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनस्य धर्मादि षट्षष्टि गणधर द्विसप्तति सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गणी मंदरादि सब पंच पंचास है।। विमल के मुनि सर्व अठसठि हजार हैं।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।13।।

ॐ ह्रीं श्री विमल जिनस्य मंदरादि पंच पंचाशत् गणधर अष्टषष्ठि सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गणधर जय आदि पचास जिन अनंत के। अवर मुनि षष्ठिषट् सहस्त्र सब अनंत के।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।14।।

ॐ ह्रीं श्री अनंत जिनस्य जयादिपंचाशत् गणधर षट्षष्ठि सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरिष्टादि चालीसत्रय गणधार हैं। धर्म जिन के यती चउसठि हजार हैं।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।15।।

ॐ ह्रीं श्री धर्म जिनस्य अरिष्टसेनादि त्रिंचत्वारिंशत् गणधर चतुषष्ठि सहस्त्रं सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् त्रिंशगणधार चक्रायुधादि महा। शान्ति जिनवर मुनी सहस वासठि लहा।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।16।।

ॐ ह्रीं श्री शान्ति जिनस्य चक्रायुधादि षट्-त्रिं शत् गणधर द्विषष्ठि सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वयंभ्वादि गणराज पैंतीस जिन कुंथु के। साठि हजार मुनिराज सब संघ के।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।17।।
ॐ ह्रीं श्री कुंथु जिनस्य स्वयंभू आदि पंचत्रिंशत् गणधर षष्ठि सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीस गणधार कुंभादि अरनाथ के। सहस्त्र पचास मुनिराज सब साथ के।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।18।।
ॐ ह्रीं श्री अरहनाथ जिनस्य कुंभादि त्रिंशत् गणधर पंचाशत् सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विशाखादि गणराज आठ अरु बीस हैं। मल्लि जिन के मुनी सहस चालीस हैं।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।19।।
ॐ ह्रीं श्री मल्लि जिनस्य विशाखादि अष्टविंशति गणधर चत्वारिंशत् सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट दशगणधरा मल्लि आदिक सदा। मुनिसुव्रत तीस हज्जार मुनीवर तदा।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।20।।
ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रत जिनस्य मल्लि आदि अष्टदश गणधर त्रिं शत् सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुप्रभादि गणधर दस सप्त नमिनाथ के। बीस हजार सब अवर मुनिवर साथ के।।
नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।21।।
ॐ ह्रीं श्री नमि जिनस्य सुप्रभादि सप्तदशगणधर विंशति सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वरदत्त आदि गणधरा एकादशा। नेमि कै अवर मुनि सहस अष्टादशा।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।22।।

ॐ ह्रीं श्री नेमि जिनस्य वरदत्तादि एकादश गणधर अष्टदश सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वयंभ्वादि गणधार दश अवर मुनिवरा। पार्श्वजिनराज के सहस षोडश परा।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।23।।

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनस्य स्वयंभू आदिदश गणधर षोडश सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गौतमादिक सबै एकदश गणधरा। वीरजिन के मुनी सहस चउदश वरा।।

नीर गंधाक्षतं पुष्प चरु दीपकं। धूप फल अर्घ लेय हम यजैं महर्षिकं।।24।।

ॐ ह्रीं श्री वीर जिनस्य इन्द्रभूमि गौतमादि एकादश गणधर चतुर्दश सहस्त्र सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(छप्पय)

तीर्थंकर चौबीस सबनि के गणधर सारे। चौदासै पच्चास और द्वय सर्वनिहारे।।
अवर मुनीश्वर सर्व संघ के सप्तप्रकार जू। लख अठ बीसरु अधिक अष्ट चालीस हजार जू।।
इम तीर्थेश्वर सकल के, सर्व मुनीश मिलाय। अष्ट द्रव्यकण थाल भरि, पूजूँ शीश नवाय।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति तीर्थंकराणां चतुश्शताधिकैक सहस्त्र द्विपंचाशत् सर्वगणधर अष्ट विंशतिलक्ष अष्ट चत्वारिंशत् सहस्त्र सप्त प्रकार संघ सर्वमुनीश्वरेभ्यः पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बुद्धि ऋद्धि आदिक अष्टऋद्धि कोष्ठकों में प्रथम बुद्धि ऋद्धि धारक मुनि पूजा

(छंद लक्ष्मीधरा)

बुद्धि ऋद्धिश्वरा बुद्धि ऋद्धीश्वरा, अत्र आगच्छ आगच्छ तिष्ठो वरा।
मम निकटहोउ निकटहोउ निकट सर्वदा, तुम पूजि हो पूजि कर जोर शर्मदा।।

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धि धारकाः सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धि धारकाः सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धि धारकाः सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(ढाल- द्यानत कृत अष्टाह्निका पूजा)

प्रासुक जल शुभ कर लेय कंचन भृंग भरौं, त्रय धार चरन ढिग देय कर्म कलंक हरौं।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूजन करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।1।।

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि रिद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर चंदन लेय कुंकुम संघ घसौं, अरचा करि श्री ऋषिराज भव आताप नसौं।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।2।।

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखंडित सार मुनि चित से उजरे। ले चंद किरन उनहार चरननि पुंज धरै।।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।3।।

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुमन सुमन मनहार अधिक सुगंध भरे, मनमथ के नाशनकार ऋषिवर पाद धरे।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।4।।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः कामबाण विध्वंसनाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज विविध मनोज्ञ मोदक थाल भरै, ऋषिवर चरन चढ़ाय रोग क्षुदादि हरौं।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।5।।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ध्वान्त हरन शुभ ज्योति दीपक की भारी, ले ज्ञान उद्योतन कार मणिमय भरि थारी।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।6।।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

या धूप दशांग बनाय हुताशन में जारी, भरि स्वर्णधूपायन मांहि जरत सब कर्मारी।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।7।।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल पूग बदाम खारक मनहारी, मैं मुक्ति मिलन के काज चाहोडूँ भरि थारी।
मैं बुद्धि ऋद्धिधर धीर मुनिवर पूज करौं, यातें है ज्ञान गहीर भव संताप हरौं।।8।।
ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः महामोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

सब द्रव्य अष्ट भरि थार बहुविधि तूर बजैं, करि गीत नृत्य उत्साह हरषतैं अरघ सजैं।
श्री ऋद्धिधर चरण चढ़ाय फल यह माँगत हौं, मम बुद्धि द्यो सार जोरि कर याचत हौं॥9॥

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा

दोहा

अष्टादश बुद्धि ऋद्धि के, धारक जे ऋषिराज। तिन्हें अर्घ प्रत्येक करि, यजूँ बुद्धि के काज॥1॥

ॐ ह्रीं अष्टादश बुद्धि ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(चाल टप्पाकी)

सकल द्रव्य पर्याय गुणनि कर, समय एक लखवाई।
लोक अलोक चराचर जा मैं, हस्तरेख समझाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! केवल बुद्धि, रिधि धार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥2॥

ॐ ह्रीं केवल-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ढाई दीप के सब जीवन की, मन की बात लखाई।
युगपत् एक काल मैं जानैं, मनपर्यय रिधि पाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! मनपर्यय, रिधिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥3॥

ॐ ह्रीं मनः पर्यय-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अविभागी पुदगल परमाणू, सो परतक्ष लखाई।
अवधिबुद्धि ऋद्धिधार मुनीश्वर, चरनकमल शिरनाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! मनपर्यय, रिधिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥4॥
ॐ ह्रीं अवधि-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कोष्ट माँहि जो वस्तु भरी है, मनवांछित कढवाई।
प्रश्न करत ही शब्द अर्थ मय, शास्त्र सर्व रचवाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! जे कोष्ट, रिधिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥5॥
ॐ ह्रीं कोष्ठ-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बीज बोय ज्यों भूमि माँहि कृषि, बहुत धन्य निपजाई।
बीज एक त्यों धारि चित्त रिषि सर्वग्रंथ बनवाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! बीज बुद्धि, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥6॥
ॐ ह्रीं बीज-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चक्रवर्ती की सब सेना के, जीव अजीवरु ताई।
युगपद् सबद सुनैं जो श्रवणन, सब धारण है जाई॥
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! संभिन्न श्रोतृ, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥7॥
ॐ ह्रीं संभिन्न-संश्रोतृ-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वग्रंथ को एक पाद लखि दे सब ग्रंथ सुनवाई।
पादनुसारिणी बुद्धि यही है, याहि धरै मुनिराई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! पादानुसार, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।8।।
ॐ ह्रीं पादानुसारिणी-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नव योजनतें बहुत अधिको, स्पर्शन बल अधिकाई।
दूर स्पर्श रिद्धिधारक रिषिवर, चरण चित्त लव लाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! दूरस्पर्श, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।9।।
ॐ ह्रीं दूरस्पर्श-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नवयोजन तें अधिक स्वादबल, रसनेन्द्रिय में थाई।
दूरास्वादन रिद्धिधारक मुनि के, चरणों शीश नवाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! दूरास्वादन, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।10।।
ॐ ह्रीं दूरास्वादन-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नवयोजन तें बहुत अधिक की, गंध नासिका जाई।
दूरगंध रिद्धिधर मुनिवर तिन चरणों शीस नवाई।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! मनपर्यय, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।11।।
ॐ ह्रीं दूरगंध-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सहससजाल रुद्विशत त्रेसठि योजनतें अधिकाई।
चक्षुइन्द्रियबल अधिक अनोपम, दूर दृष्टि रिधि पाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! दूरावलोक, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।12।।
ॐ ह्रीं दूरावलोक-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादश योजन बहुत अधिक हो, शब्द श्रवण बल थाई।
दूर श्रवण रि द्धिधर रिषिवर के, चरण कमल शिर नाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! दूर श्रवण, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।13।।
ॐ ह्रीं दूरश्रवण-बुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दशम पूर्व सिधि होय तबै तहाँ, महा विद्या सब आई।
आज्ञा माँगै कायकरण की, मुनि तिनकूँ नहीं चाही।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! दशम पूर्व, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।14।।
ॐ ह्रीं दशपूर्व-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौदह पूरव धारण होवै, तप प्रभाव मुनि राई।
चौदह पूर्व धरण समरथ तिन, मन वच सीस नवाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! चौदह पूरव, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।15।।
ॐ ह्रीं चतुर्दशपूर्व-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अंतरिक्ष अरु भौम अंग स्वर, व्यंजन लक्षणताई।
छिन्न स्वप्न अष्टांग निमित लखि, होनहार बतवाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! अष्टांग निमित्त, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई!।।16।
ॐ ह्रीं अष्टांगनिमित्त-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बिना पढ़े ही जीव द्रव्य के, सकल भेद बतवाई। चौदह पूर्वज्ञानधर सम सब, भेद देय समझाई।।
मुनीश्वर पूजो हो भाई ! प्रज्ञाश्रमण, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ।।17।।

ॐ ह्रीं प्रज्ञाश्रमण-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पर पदार्थतें आप भिन्न है, जीव इहै लखवाई। यातें दिगंबर दृढ़ मुद्रा धरि, पर की चाह मिटाई॥

मुनीश्वर पूजो हो भाई ! प्रत्येक बुद्धि, रिद्धिधार। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥18॥

ॐ ह्रीं प्रत्येकबुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परवादी सब वाद करन कूँ, रिषिवर सन्मुख आई।

स्याद्वाद करि तिन वच खंडन, विजय ध्वजा थहराई॥

मुनीश्वर पूजो हो भाई ! वादित्व, रिद्धिधर धीर। मुनीश्वर, पूजो हो भाई! ॥19॥

ॐ ह्रीं वादित्वबुद्धि-ऋद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

केवल रिधिनैं आदि बुद्धि, रिद्धि अष्टादश। धारक जिन के नगन दिगंबर, सर्व देश दिश।

समुच्चय अर्घ चढ़ाय, पूजि हों सर्वदा। सर्वविघ्न करि नास, बुद्धि द्यो शर्मदा॥20॥

ॐ ह्रीं केवलऋद्धि आदि वादित्व रिद्धि पर्यंत अष्टादश बुद्धि रिद्धिधारकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

सर्वसंघ मंगल करन, बुद्धि रिद्धिधर धीर। मुनी तास थुति करत ही, बुद्धि शुद्धि है वीर॥1॥

(छंद वेसरी)

प्रथम अंग आचार जु जान्यो, मुनि आचरन तासतें मान्यो।

सहस अठारह पद लखि या के, परकूँ त्यागि आप रंगराचे॥2॥

सूत्र कृतांग अंग है दूजो, सूत्र अर्थ सामान्य जु बूजो।

पद छत्तीस हजारजु या के, पढ़े मुनी सब अवयव ताके।।3।।
स्थान अंग तीजो है यामैं, सम स्थानन की संख्या जामैं।
सहस बयाल पदन में ये है, पढ़े मुनी तिन नमन करै है।।4।।
समवाय अंग चौथो है तामैं, सदृश पदार्थ वरण्या जा मैं।
पद इक लख चउसठि हजारा, पढ़े मुनी उतरे भव पारा।।5।।
पंचम अंग व्याख्या प्रज्ञप्ती, ता मैं सप्तभंग विज्ञप्ती।
गणधर प्रश्न किये जो वरनन, पदलख दो अठबीस सहस्त्रन।।6।।
ज्ञातृकथा अंग छठवों जानों, त्रिषष्ठि पुरुषको धर्मकथानों।
पाँच लाख अरु छपन हजारं, पद सब पढ़े मनीश्वर सारं।।7।।
सप्तम अंग उपासकाध्ययनं, श्रावकधर्मतणों सब अयनं।
पद ग्यारह लख सतरिहजारं, सो सब पढ़ें मुनी अविकारं।।8।।
अष्टम अंग अंतकृत दश है, तामैं अंतकृत केवलिजस है।
तेविस लाख अठबीस हजारं, पाद पढ़े मुनि भवतारं।।9।।
सह उपसर्ग अनुत्तर जनमं, अनुत्तर पाद दशांगम नवमं।
वाणव लख चव चाल हजारं, पाद पढ़े मुनिवर सुखकारं।।10।।
दशमअंग है प्रश्न व्याकरणं, होणहार सब सुखदुख निरणं।
लाख तरेणव षोडश हजारं, पाद पढ़े मुनिवर जगतारं।।11।।
विपाक सूत्र एकादश अंगं, कर्म विपाक रसादिक भंगं।
पद इक कोडि चौरासी लक्षं, ताकूं पढ़ि मुनि भये विचक्षं।।12।।
अंग द्वादश मूँ दृष्टीवादं, पंच भेदता के सव पादं।
शत अठकोडिरु अठसठि लक्षं, छपन हजार पांच सब वक्षं।।13।।
प्रथम भेद परिकर्मज नामं, पंच प्रज्ञप्ति ग्रंथ अभिरामं।
चंद्र सूर्य जंबुद्वीप सुव्यक्ती, द्वीप समुद्र व्याख्या प्रज्ञप्ती।।14।।

इनके पद इक कोडि इक्यासी, लाख हजार पाँच है भासी।
तिन में सब इन को है रूपा, ये सब पढ़ें मुनीश्वर भूपा।।15।।
दूजो भेद सूत्र मरजादी, त्रिशद तरेसठि भेद कुवादी।
लाख अठासी पद हैं या के, पढ़े ताहि वंदूं पद जाके।।16।।
प्रथमानुयोग तीजो वरभेदं, त्रेषठि शलाका पुरसनि वेदं।
पाँच सहस्त्र पद याके जाने, पाप पुन्य फल सर्व पिछाने।।17।।
चौथो भेद पूर्वगत जा मैं, पूरव चौदह गर्भित तामैं।
कोडिपिच्याणवै लाखपचासं, अधिक पाँच पद जाणों तासं।।18।।
श्रुत संपति सब इनकै माँहीं, धारणकर सबश्रुत अवगाहीं।
जे मुनीश सब पूरवधारी, तिनकी महिमा अगम अपारी।।19।।
पंचम भेद चूलिका जासा, जल थल माया रूप अकासा।
पददश कोडिलाख गुण चासा, षट्चालीस सहस्त्र सब तासा।।20।।
इक सौ वारा कोडि पदावन, लाख तियासी सहस अठावन।
पाँच अधिक सबपद अंगनिके, मुनिवर पढ़े नमूं पद तिनके।।21।।
इक्यावन कोडि रु लाख आठतित, सहस चौरासी षट्शत परिमित।
साढ़ा इक वीस श्लोक अनुष्टं, एकजु पद के कहे स्पष्टं।।22।।
द्वादशांगमय रचनासारी, बुद्धि ऋद्धि में गर्भित भारी।
तप प्रभाव रिधि ऐसी धारी, तिन पद धोक त्रिकाल हमारी।।23।।

(धत्ता)

यह जयमाला परम रसाला, बुद्धि रिद्धिधर गुणमाला।
मुनिगणमाला हरिजंजाला, बुद्धि विशाला करि भाला।।24।।

ॐ ह्रीं शुद्धि बुद्धि दायक ऋद्धिधारक बुद्धि रिद्धिदायक सर्वऋषीश्वरेभ्यो जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

बुद्धिरिद्धिधर मुनिजणी, पूज करै जु सदीप। बुद्धि प्रचुर जाकै हृदय, परगट होय अतीव॥1॥

॥इत्याशीर्वादः॥

॥इति प्रथम कोष्ठ पूजा॥

द्वितीय क्रिया चारण सिद्धिधारक ऋषीश्वर (द्वितीय कोष्ठ) पूजा

(अडिल्ल छंद)

क्रिया चारणी रिद्धि भेद नव हैं सही। तिन के धारण सर्व मुनीश्वर हैं मही॥

आह्वानन संस्थापन मम सन्निहित करूँ। मन वच तन करि शुद्ध वार त्रय उच्चरूँ॥1॥

ॐ ह्रीं क्रियाचारिणी रिद्धिधारक सर्वऋषीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं क्रियाचारिणी रिद्धिधारक सर्वऋषीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं क्रियाचारिणी रिद्धिधारक सर्वऋषीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(अथाष्टक चालगी दोलणी की में तथा भागि की में)

रत्नहेम भृंग भरि गंगजल ल्यायो। जन्म मरण मेटिवे कूँ भाव से चढ़ायो॥

चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी॥1॥

ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चंद्रगंध कूँ घसाय कुंकुमा मिलाई। भवातप नसावने कूँ चरण कूँ चढ़ाई॥

चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी॥2॥

ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

चंद्र किरण के समान श्वेत तंदुलौघजी। मुनींद्र अग्र पुंजकरे होय सुखबोध जी।।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।3।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पगंध तें मनोज्ञ घ्राण चक्षुहारी। मुनींद्र चरण पै धरे होय मदन छारी।।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।4।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

घेवरा सुफेणिका मोदकादि चंद्रिका। रोग क्षुधा नास होय चहोडे पद मुनींद्र का।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।5।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपको उद्योत होत ध्वांत होत ना कदा। मुनींद्रचंद्र ज्योति किये मोहध्वांत है विदा।।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।6।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर चंद्र चूर गंधतें मिलाय जी। अग्रिसंग खेय धूप कर्म सब जराय जी।।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।7।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुष्ट मिष्ट श्री फलादि हेमथाल में भरूँ। श्री चरण चहोडि मुक्ति अंगता वरूँ।।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।8।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जलादि द्रव्य लेय हेम थाल मैं भरूँ। श्री मुनींद्र चरण चहाडि मुक्ति अंगना वरूँ।
चारण ऋद्धिधारी मुनीश्वर पूज करूँ जी। पूज करूँ पूज करूँ पूज करूँ जी।।9।।
ॐ ह्रीं चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा (सोरठा)

क्रिया चारण नव भेद, रिद्धिधार जे हैं मुनी। जुदे जुदे निरखेद, पूजूँ अरघ चढ़ाय कै।।1।।
ॐ ह्रीं नव प्रकार क्रिया चारणरिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल ऊपरि थलवत चालैं, जलजंतु एक नहीं हालैं।
जल चारण मुनिवर ये हैं, जिन पूजें शिव पद लै हैं।।2।।
ॐ ह्रीं जल चारण क्रियाऋद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

धरती सूं अंगुल च्यारैं ऊँचो तिन को जु विहारैं।
क्षण मैं बहुत योजन जै हैं, जंघा चारण पूजैं हैं।।3।।
ॐ ह्रीं जंघा चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यःअर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मकड़ी तंतु पर चालैं, सो तंतु तुटै नहीं हालैं।।
ते तंतू चारण रिधिधर, तिन पूजैं होवै शिववर।।4।।
ॐ ह्रीं तंतु चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पन परिगमन कराहीं, पुष्पजीवन बाधा नाहीं।
मुनि चारण पुष्प वही हैं, तिन पूजैं मुक्ति लही हैं।।5।।
ॐ ह्रीं पुष्प चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

पन्नल परिगमन करंता, पत्रजीवन बाधा रंचा।
यह पत्र चारण मुनि पूजैं, तिन तें सब पातक धूजैं।।6।।
ॐ ह्रीं पत्र चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

बीजन परिमुनि विचराहीं, बीज जीव सूं बाधा नाहीं।
जे चारण बीज रिषीश्वर, तिन पूजै हैं अवनीश्वर।।7।।
ॐ ह्रीं बीज चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेणीवत गमन करंता, सब जीव जाति रक्षंता।
श्रेणी चारण ते कहिये, पूजैं तैं वांछित पइये।।8।।
ॐ ह्रीं श्रेणिचारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जे अग्निशिखा परि चालैं, सो अग्निशिखा नहिं हालै।
ते अग्नि चारण मुनि पूजैं, तिनको शिव मारग सूजै।।9।।
ॐ ह्रीं अग्निचारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

पालैं आज्ञा जिन शासन, कायोत्सर्गादिक आसन।
धरि गमन करैं नभ माँही, नभ चारण पूज कराहीं।।10।।
ॐ ह्रीं नभ चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

जल चारण नैं आदि, भेद क्रिया रिधि के सफल।

धारक जिन ऋषि पाद, मन वच तन पूजूँ सफल।।

ॐ ह्रीं नवभेद चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (अडिल्ल छंद)

चारण ऋद्धि के धार मुनीश भये तिन्है।। मन वच तन करि शुद्ध नमन करिहूँ जिन्हैं।

जीव भेद षट् काय अभय सब कूँ दयो। तिन के तन में बिना यतन ही सिध भयो।।1।।

(चाल पणिहारी की)

पृथ्वी अरु अप तेज की अब जाणी हो। वायुकाय की जाती मुनिवर जी।।

नित्यरु इतर निगोद की सब जाणी हो। सात सात लख जाति मुनिवर जी।।2।।

वनस्पति की लाख दश सब जाणी हो। विकलत्रय की दो दो लाख मुनिवर जी।।

पंचेन्द्रिय तिर्यंच की सब जाणी हो। देव नरक की चव चव लाख मुनिवर जी।।3।।

चवधह लाख मनुष्य की सब जाणी हो। ये योनि चौरासी लाख मुनिवर जी।।

इक कोड़ा कोड़ि सतावन लाख जाण्या हो। पचास सहस कोड़ी कुलभाष मुनिवर जी।।4।।

इन्द्रिय पंच जु च्यारि गति सब जाणी हो। षट् काय पंदरा योग मुनिवर जी।।

वेद तीन द्रव्य भावतें सब जाण्या हो। कषाय पच्चीस को योग मुनिवर जी।5।।

ज्ञान आठ मैं भेद दो यह जाण्या जी। सम्यक् अरु कुज्ञान मुनिवर जी।।

संयत सातरु दर्श वच सब जाण्या हो। लेश्या षट् पहिचानि मुनिवर जी।।6।।

भव्य दोय सम्यक्तव छह सब जाणी हो। संज्ञी उभय बखाणि मुनिवर जी।।।

अहारक युग सब जीव के सो जाण्या जी। मार्गण चौदह जाणि मुनिवर जी।।7।।

गुणस्थान चउदश सकल सब जाण्या जी। चौदह जीव समास मुनिवर जी।।

पर्याप्ति षट् भेदयुत सब जाण्या जी। प्राण जु दस हैं जास मुनिवर जी।।8।।

संज्ञा चार जु जीव कै सब जाणी हो। हैं बारह उपयोग मुनिवर जी।।

बीस प्ररूपणतैं सकल श्रीरिसिवरजी। जाण्यों जीव प्रयोग मुनिवर जी।।9।।
इन तैं जिहाँ जिहाँ जीव हैं श्री मुनिवर जी। त्रस थावर दो भाँत जाण्या जी।।
सूक्ष्म बादर रु भेद युत सब जानी जी। संसारी की जाति श्री मुनिवर जी।।10।।
सबै जानि आगम गमन सब करत जी। संवर धरि निजभाव श्री मुनिवर जी।
पालै करुण सबनि की श्री यतिवरजी। जीव जाति करि चाव श्री यतिवर जी।।11।।
चारणरिधि के होत ही करुणा प्रतिपालै। पृथ्वी धरत न पाँव श्री मुनिवर जी।।
तातैं की देह तैं श्री मुनिवर कै। रंच न हिंसा भाव कदापि होवै जी।।12।।
चारण मुनि के गुणनि को धी तुछधारी हों। को लौं करैं कहान श्री मुनिवर जी।।
सहस जीभ तैं इन्द्र भी श्री मुनिवर को। नहिं कर सकै बखान श्री मुनिवर जी।।13।।
अब मेरी यह वीनती श्री मुनिवर जी। सुन लीज्यों ऋषिराज सारी जी।।
जो लौं शिव पाऊँ नहीं श्री मुनिवर जी। तौ लौ दरस दिखाय श्री यतिवीर जी।।14।।

(सोरठा)

जो यह पढ़ै त्रिकाल, गुणमाला ऋषिराज की।
होवै भवदधि पार, मुनि स्वरूप को ध्यान करि।।15।।

ॐ ह्रीं चारण क्रियारिद्धिधारक सर्वऋषीश्वरेभ्यो जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(छप्पय)

चारण मुनि की पूज करै ई विधि भविप्रानी। सकल विघन करि नाश होय मंगल सुनिधानी।।
रिद्धि वृद्धि बहु लोय तास कै गृह के माँही। पुत्र पौत्र सुख बढ़ै और परियण सुखदांही।।
मनवचकाय पूजा करत, पाप सकल कूँ नाशफिरि।
भरत पुन्य भंडार के, मुनि प्रसाद तैं तास घर।।

।। इत्याशीर्वादः।। ।।इति द्वितीय कोष्ठ पूजा।।

तृतीय कोष्ठ विक्रिया ऋद्धि धर मुनीश्वर पूजा

(चौपाई रूपक)

सब जीवन के सुख के कंदा, विक्रिय ऋधि के धार मुनिंदा।
थापों पूजन काज सदीवा, मन वांछित फल दाय अतीवा।।1।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

कमल सुगंध सुवासित परिमल, गंगादिक जल सार।
निर्गत रत्नभृंग त्रयधारा, जन्म-जरा-मृति हार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।1।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर चंदन घसि केसरि, और मिलाऊँ घनसार।
भव संताप हरन के कारण, अरचूँ बारंबार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।2।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः चंदम् निर्वपामीति स्वाहा।

कलम सालि के अखित अखंडित, मुक्तासम अविकार।
अखय अखंडित सुखकारन भरि, कनक रतनमल थाल।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।3।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

अमरतरू अरू कलप वेलि के, पुष्प सुगंध अपार।
मनमथ भंजन कारन अरचूँ, भरिशुभ कंचन थार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।4।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

पिंड सुधामय मोदक उज्ज्वल, दिव्य सुगंध रसाल।
स्वर्ण थाल भरि चरन चढ़ाये, होत क्षुधा निर वार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।5।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग जगमग ज्योति करत है, दीप शिखा तमहार।
मोह विध्वंसन ज्ञान उद्योतक, आर्तिक चरन उतार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।6।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागर मलयागर चंदन, धूप अगनि संग जार।
कर्म धूम्र उड़ि दसूँ दिशि धावै, भ्रमर करत गुंजार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।7।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लवंग बादाम सुपारी, एला फल सहकार।
सुवरण थाल भराय यजत ही, होय मुकति भरतार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।8।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत पुष्पजु नेवज, दीपधूप फल सार।
स्वर्णथाल भरि अर्घ चढ़ाऊँ, करि जय जय जयकार।।
मुनीश्वर पूजत हूँ मैं, विक्रियरिधि के धार। मुनीश्वर, पूजत हूँ मैं।।9।।
ॐ ह्रीं विक्रियारिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक पूजा (दोहा)

विक्रियरिधि के एकदश, भेद धार ऋषिराज।
भिन भिन तिनकूँ अर्घ दे, पूजूँ शिव हितकाज।।1।।
ॐ ह्रीं एकादश विक्रियारिद्धि सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल तंतु पर जा निवसै, निराबाध निष्ठाई।
अणु समान काया है जावे, यह अणिमारिद्धि भाई।।
मुनीश्वर पूजूँ अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।2।।
ॐ ह्रीं अणिमा विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

चक्रवर्तिसंपत निपजावै, योजन लाख ऊँचाई।
निज शरीर की क्षण मैं करत हैं, यह महिमा रिधि गाई।।
मुनीश्वर पूजूँ अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।3।।
ॐ ह्रीं महिमा विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

शरीर बड़ो दीखत सब जनकूँ दीखै, अर्क तूल हलकाई।
असी रिद्धि उपजत मुनिवर कूँ, सो लघिमा जु कहाई।।
मुनीश्वर पूजूँ अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।4।।
ॐ ह्रीं लघिमा विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

शरीर सूक्ष्म सब जन कूँ दीखै, इंद्रादिक मिलि आई।
जिनतैं हलैं चलैं नहिं कब हूँ, ज्या विक्रियारिधि पाई।।मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।5।।
ॐ ह्रीं गरिमा विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

पृथ्वी ऊपरी तिष्ठे रिषिवर, मेरु शिखर स्पर्शाई।
चंद्र-सूर्य-ग्रह अंगुलि धारैं, प्राप्ति रिद्धि करि भाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।6।।
ॐ ह्रीं प्राप्ति विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

अनेक प्रकार शरीर वणावैं, पृथ्वी मैं धसि जाई।
भूमि माँहि डुबकी जलवत लैं, रिद्धि प्राकाम्य कहाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।7।।
ॐ ह्रीं प्राकाम्यविक्रिया रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

तप बल मुनिवर कै सब हौवे, तीन लोक ठकुराई।
इंद्रादिक सब शीश नवावैं, ईशत्वरिधि उपजाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।8।।
ॐ ह्रीं ईशत्व विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक जिनके दर्शन तैं, देखत वसि है जाई।
सबके वल्लभ गुणके दाता, यह वशित्व रिधि भाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।9।।
ॐ ह्रीं वशित्व विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

परवतभेदि निकसि वै जावैं, छिद्र न है ता माँही।
रुकै नहीं काहू सैं विचरत, अप्रतिघात रिधि पाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।10।।
ॐ ह्रीं अप्रतिघात रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

देखत सबके परछन हो है, काहू कै दृष्टि न आई।
अन्तर्धान रिद्धि है एही, तपबल परगट थाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।11।।
ॐ ह्रीं अन्तर्धान रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वांछित जो रूप बणावै जो होवै मन माँही।
कामरूपिणी रिद्धि यही है, तपबल यह उपजाई।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।12।।
ॐ ह्रीं कामरूपित्व विक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

तप महात्मजैं एह, विक्रिय रिधि उपजी जिन्हैं।
मन वांछित फल लेय, पूजै ध्यावै जो तिन्है।।
मुनीश्वर पूजों अरघ चढ़ाई, ज्या विक्रियारिधि पाई। मुनीश्वर, पूजूँ अरघ चढ़ाई ।।13।।
ॐ ह्रीं अणिमादि कामरूपित्वपर्यन्त एकादश सर्वविक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (गीता छंद)

वज्रधर अरु चक्रधर अरु धरणिधर विद्याधरा।
तिरसूलधर अरु काम हलधर सीस चरणनि तल धरा।।
ऐसे रिषीश्वर रिद्धि विक्रियधरी जिनके पदकमल।
वंदू सदा मन वच तन करि हरो मेरे कर्म मल।।1।।

(ढाल त्रिभुवन गुरु की)

संसार अपाराजी, मिथ्यात अंधारा जी। या मैं दुखभारा, चतुरगति कै विषै जी।।2।।
नरकन के माँही जी, कहूँ साता नाहीं जी। सागर बहुजांई दुख भुगत्या घणा जी।।3।।
तिरयंच गतिधारी जी, पशुकाया सारीजी। ता मैं दुःख भारी भूख तृषातणों जी।।4।।
कोइ लाधै बाँधे जी, धरि जूड़ा काँधै जी। बहु राधै अरमारै निर्दय नर घणों जी।।5।।
मानुष भव माँही जी, सुख है छिन नांहीं जी। सबकूँ दुःखदाई गर्भज वेदना जी।।6।।
बालक वय माँही जी, कछु ज्ञान न नांहीं जी। पाई तरुणाई विषय चिंता घणी जी।।7।।
बहु इष्ट वियोगाजी, भए अशुभ संयोगा जी। तातैं दुख भुगत्या छिण समता नांहीं जी।।8।।
तीजो पण आयोजी, बहुरोग सतायो जी। इहि विधि दुख पायो मनुष भव में सही जी।।9।।
सुरपदई माँहीजी, माला मुरझाई जी। चिंता दुःखदाई भोगी मरण की जी।।10।।
इहि विधि संसारा जी, ताको नहीं पाराजी। इहजंणि असारा तजि राग मुनि भये जी।।11।।
गृह भोग विनश्वर जी, जाणें योगीश्वर जी। पद त्यागि अवनीश्वर लीनी वन मही जी।।12।।
तप बहुविधि कीन्हो जी, निज आतम चीन्होजी। सकलागम भी नो मुनीपद जै धरैं जी।।13।।
बहुरिधि को धारैंजी, नहिं कारिज सारैं जी। आतमगुण पालै लगे निज काज कूँ जी।।14।।
विक्रियरिधि धारी जी, मुनिवर अविकारी जी। तिन के गुणभारी कहाँ लो वरणऊँ जी।।15।।
ऐसे मुनिवर को जी, कब है हम ओसर जी। धनि धनि वह द्योसर मुनि मों कूँ मिलैं जी।।16।।

तिन के पद की रज जी, धरि हैं शुभ शीर्षज जी। तब ही हम कारिज बहुविधि के सरैजी।।17।।

हम सरनि तिहारी जी, भय भव सुखकारी जी। तातैं हम धारी भक्ति ह्रिदा बिषैं जी।।18।।

(दोहा)

विक्रिय रिधि धर मुनिन की, कंठ धरै गुनमाल।
मुनि सरूप कूँ ध्यान कै, होवै बुद्धि विसाल।।19।।

ॐ ह्रीं एकादशविक्रियारिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः जयमाला अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

होय विघन सब नास, मंगल नित प्रति है सदा। होय रिद्धि परकास, पूजन जो या विधि करै।1।

।।इत्याशीर्वादः।।

।।इति विक्रिया रिद्धिधारक तृतीय कोष्ठ पूजा।।

चतुर्थकोष्ठ तपोऽतिशय ऋद्धि प्राप्त ऋषीश्वर पूजा

(अडिल्ल)

तप रिधि धारक मुनी जहाँ तिष्ठैं सही। मरी आदि सब रोग जहाँ कछु है नहीं।।
जाति विरोधी जीव बैर सब ही तजैं। शान्ति होन कै काज थापि हम हू यजैं।।1।।

ॐ ह्रीं तपोरिद्धिधारकसर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं तपोरिद्धिधारकसर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं तपोरिद्धिधारकसर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(अथाष्टक-छंद त्रिभंगी)

निर्मल शुभ नीरं गंधगहीरं प्रासुकशीरं ले आया।
भरि कंचन झारी धार उतारी जनि मृत्युहारी पदध्याया।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।1।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

मलय सुचंदन कदली नंदन भवजप भंजन कूँ ल्याया।
तुम चरण चढ़ामी शिवसुखगामी गुणधामी पूजन आया।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।2।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

शितशालि अखंडित सौरभ मंडित चंदकिरण सी अनियारी।
भूपन कूँ मोसर हम इह ओसर पुंज करैं शिवपद कारी।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।3।।
ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

गुंजत बहुभृंगं पुष्पसुगंधं कल्पवृक्ष के शुभ ल्यायो।
हरिबाणमनोजं पद अंभोजं पूजन कारन मैं आयो।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।4।।
ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर बावर फेणी मोदक चंद्रिक सुवरनन थाल भरे।
रसना के रंजन रस के पूरे पूजत रोग क्षूधादि हरे।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।5।।
ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कनकरकाबी मैं मणिदीपक ललित ज्योतिकर अतिप्यारे।
मोह तिमिर विध्वंसन कारन चरन कमल परि हम वारे।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।6।।
ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

अगरतगर मलयागर चंदन केलीनंदन धूप करी।
सुरन धूपायन संग हुतासन खेवत भाजें करम अरी।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।7।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुष्ट मिष्ट बादाम जायफल दाख पूग श्रीफल भारी।
एला आदि फलनितैं पूजूँ मुक्ति मिलावन भरि थारी।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।8।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

स्वच्छ नीर मलयागिर चंदन अखत पुष्प नेवज भारी।
दीप धूप फल स्वर्ण थाल भरि अरघ चढ़ाऊँ सुखकारी।।
तपरिद्धि के स्वामी शिवपद गामी शांति करामी तुम ध्यावै।
करि विघन विनासं मंगलभासं हरिभवत्रासं गुणगावैं।।9।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा (दोहा)

तपत रिद्धिधर तपत नित, टरत उपद्रव वृंद।
षट् रितु तरुवर फल फलत, अरचत सकल नरिंद।।1।।

ॐ ह्रीं तपोऽतिशयरिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(चाल- आवोजी आवो सब मिलि जिन चैत्यालय चालो)

एक वास करि घटै नहीं फिरि अधिक अधिक विस्तारै।
एही जी उग्र तपोरिधिधारक मुनिभव त्यारै राजै।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।2।।

ॐ ह्रीं उग्रतपोऽतिशयरिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

बहुत वास करि क्षीण भयो तन दीप्ति अधिकता धारै।
एही जी दीप्तितपोरिधि मुख सुगंध विस्तारै।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।3।।

ॐ ह्रीं दीप्तिजपोऽतिशयरिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

आहार करत नीहार होत नहिं शुष्क भये तन माँही।
एही जी तप्ततपो रिधिधारक मुनि अरचा ही राजी।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।4।।

ॐ ह्रीं तप्त तपोऽतिशयरिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मति श्रुत अवधि ज्ञान करि सूक्ष्म त्रस नाडी कै माँही।
जानैं सबहुँ भाव जीवन कै महातपोरिधि याही।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।5।।

ॐ ह्रीं महातपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

रोग व्यथा बहु उपजत मुनितन तो वासादि कराई।
चिगै नहिं तप ध्यान संयम सूँ घोरतपोरिधि याही।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।6।।

ॐ ह्रीं घोरतपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

घोर पराक्रमरिधि के धारक जिन कूँ दुष्ट सतावै।
ता कारण जी सर्व देस में मरी आदि भय आवै।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।7।।

ॐ ह्रीं घोरपराक्रमतपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

गुण अघोर ब्रह्माचर्यधार मुनि तिष्ठत जहाँ सुखदाई।
मरी आदि सब रोग मिटत तहाँ रिद्धिवृद्धि अधिकाई।।
आवोजी आवो सब मिलि मुनिवर पूजन चाला।
मुनि के जी दरसन जल सूं करम कलंक परवाला।।8।।

ॐ ह्रीं अघोर ब्रह्मचर्य तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

उग्र तपादिक रिद्धि, ब्रह्मचर्य लौं सात सब। धारक मुनि समृद्धि, पूजूँ अर्घ चढ़ाय कै।।9।।

ॐ ह्रीं उग्रतपः आदि अघोर ब्रह्मचर्यपर्यन्त सप्त तपोऽतिशय रिद्धिधारक सर्वशांतिकर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

तपोरिद्धिधारक मुनी, भये सकल गुणपाल। तिन की थुति हूँ करत हूँ थूथि गुनन की माल।।1।।

(ढाल)

आगम की कर्म निर्जरा करन कूँ।
करम निर्जरा करन कूँ, संवर करि शिव सुखदाई जी।
बाह्य अभ्यंतर तप करैं, द्वादश विधि वै हरषाई जी।।
तपरिधिधारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।1।।
षष्टम अष्टम आदि दे, उपवास करैं षट्मासा जी।।
अनशनतप इहविधि धरैं, छाँड़ी सब तन की आसाजी।।
तपरिधिधारक जे मुनी, वंदूं तिन सीस नवाई जी।।2।।
बत्तीस ग्राम भोजन तणैं, तिन मैं घटिलै आहार जी।
उन्नोदर तप कूँ धरै, मम अशुभ करम निरवारो जी।।
तपरिधि धारक जे मुनी, वंदूं तिन सीस नवाई जी।।3।।
वृत्ति अटपटी धारि कै, भोजन करि हैं अविकारी जी।
वृत्ति परिसंख्या तप तणीं, विधिधारी करि विस्तारो जी।।
तपरिधिधारक जे मुनी, वंदू तिन सीस नवाई जी।।4।।
षट् रसमय भोजन विषैं, रस त्याग लेत आहारो जी।
रस परित्याग जु तप करैं, मोकूँ भवसागर त्यारो जी।।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।5।।
ग्राम्य पसूजन नहीं तहाँ, परतव वन नदिन किनारोजी।
शून्य गुफा में जे रहैं, विवक्त शय्यासन धार्यो जी।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।6।।

ग्रीषम रितु पर्वत शिखर, वर्षा में तरुतल ध्यानूँ जी।
शांत नदी तट चौहटै, तप कायक्लेश महान् जी।।
तपरिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।7।।
बाहिज षट् विधि तप यही, सब कर्म निर्जरा थानूं जी।
आभ्यंतर तप भेद कूँ, धारत पद है निरवाणूं जी।।
तप रिधि धारक जे मुनी, बंदूँ तिन सीस नवाई जी।।8।।
प्रायाश्चित तप भेद तैं, सौधो संयम अतिचारो जी।
रातदिवस में दोष जे, लागै तिन को निरवारो जी।।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।9।।
दर्शन ज्ञान चरित्र को, अर तप को विनय करावै जी।
इनके धारक कौ करै, सो विनयाचार कहावै जी।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।10।।
दशप्रकार के मुनिन की, धरि भक्ति हृदय के माँही जी।
टहल करै मृति रोग में, वैय्यावृत तप सुखदाई जी।।
तपरिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।11।।
वाचन पृच्छन चिंतवन, अरु आज्ञा सर्वग्यकी धारै जी।
धर्मोपदेश विधि पंच, ये तप स्वाध्याय संभालै जी।।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।12।।
बाह्य अभ्यंतर उपधि कूँ, त्याग करो सम भावो जी।
तप व्युत्सर्ग महान् है, तन ममत तजै करि चाहो जी।।
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी।।13।।
आर्त रौद्र दुर्ध्यान हैं, तिन कूँ मन वच त्यागे जी।
धर्म शुक्ल शुभ ध्यान द्वै, ध्यावै तिन कूँ अनुरागे जी।।

तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी॥14॥
ऐसैं द्वादश तप तपै, तिन के है केवलज्ञानो जी।
सकल करमकूँ नासि कै, पद पावत है निरवाणो जी॥
तप रिधिधारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी॥15॥
ऐसे मुनि तिष्ठत जहाँ, तहाँ मरी आदि सब रोगो जी।
सिंह सर्प डायिणि शाकिनी, नासै भूत प्रेम शोको जी॥
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी॥16॥
ऐसे गुरु हम को मिलैं, तब हो है हम निस्तारो जी।
यातैं मुनि चरननि विषैं, अब लाग्यो ध्यान हमारो जी॥
तप रिधि धारक जे मुनी, वंदूँ तिन सीस नवाई जी॥17॥

(दोहा)

सुनहु हमारी वीनती, हे रिषिवर! चितलाय। निज सरूप मय मो करो, पूजूँ मन वच काय॥18॥

ॐ ह्रीं तपोऽतिशयसर्वरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

दयामई जिनधर्म ये, वृद्धि होऊं सुखकार। सुखी होऊ राजा प्रजा, मिटो सर्वदुःख भार॥1॥

॥इत्याशीर्वादः॥

॥इति तपोऽतिशयरिद्धिधारक चतुर्थकोष्ठ पूजा॥

बलऋद्धिधारक ऋषीश्वर पंचम कोष्ठ पूजा

(छंद लक्ष्मीधरा)

धरत शिर धरत शिर धरत शिर चरनतर। करत हम करत हम करत गुरु भक्तिवर।।
थपत इस थपत इत थपत इत ऋषिचरन। बल रिद्धि बलरिद्धि बलरिद्धि अर्चन करन।।1।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं बलरिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं बलरिद्धिधर सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (चाल योगीरासा की)

क्षीरोदधि पद्मादि हृदनि को गंगादिक जल ल्यायो।
रतन जडित श्रृंगार धारदे श्रीगुरु चरन चढ़ायो।।
जन्म-जरा-मृति नास हेतु पुनि कर्मकलंक हराई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।1।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन कै माँही केशरि रंग मिलावै।
कर्पूरादि सुगंध द्रव्य शुभ ता मैं मेलि घसावै।।
मोहाताप हरत भ्रम नासत तम अज्ञान नसाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।2।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

अखिल अखिंडित सौरभ मंडित चंद्रकिरणसे श्वेत।
जल प्रक्षालित कनक थाल भरि पुंज करूँ शुभ हेत।
परम अखंडित पद है यातैं अनुपम सुख अधिकाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।3।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरु मंदारु सुपारिजात केहरि चंदन के ल्यावै।
चाँदी सुवरन कमल मनोहर घ्राणरु चक्षु सुहावै।।
काम बाण विध्वंसन कारन श्री गुरु चरन चढ़ाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।4।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

रोगक्षुध यह नित प्रति मोकूँ दुःख देवै अतिभारे।
ता कै नासन कारन नेवज मोदक फेणी तारे।।
चंद्रिक गूजा घेवर वावर कनक थाल भरवाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।5।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रतनमय कर्पूरादिक स्वर्ण रकाबी धारें।
जगमग जगमग ज्योति करत है श्रीमुनिचरण उतारे।।
मोह निविड विध्वंसन ह्वै निज ज्ञान उद्योत कराई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।6।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगरमलयागिरि चंदन धूप दशांग वणावैं।
गुंजत भृंग सुगंध मनोहर खेवत दश दिशि धावैं।
कर्म उड़ैं मनु धूम मिसनतैं आतम उज्जवल थाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।7।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानावरणी दर्शनावरणी मोह करम दुःखदाई।
वेदनी नाम गोत्र अंतराय शिवमग रोक लगाई।।
तिनकूँ हरिकरि शिवफल पावन श्रीफल आदि चढ़ाई।
बलरिद्धिधार मुनीश्वर पूजत बल अनंत है जाई।।8।।
ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत पुष्प जु नेवत दीप धूप फल ल्याई।
अष्टद्रव्य एक कनक थाल भरि अर्घ करूँ गुनगाई।।
झं झं झं झं झांझि बजावत द्रुम द्रुम मृदंग धुनाई।
नृत्य करत नूपुर झंकारत मुनिपद अरघ चढ़ाई।।9।।
ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्थ प्रत्येक पूजा

दोहा

बलरिद्धिसार मुनिंदवर, भेय कर्ममल छेदि। अर्घ प्रत्येक चढ़ाय कै, पूजूँ ऋद्धि के भेद।।1।।
ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(कुसुमलता छंद)

एक घाटि इकट्ठी परिमित श्रुत ज्ञान अक्षर सब तिनको।
मनकरि कै सब अरथ विचारै एक मुहूरत माँहि तिनको।।
मनोवली यह रिद्धि कहावत ताहि धरै तिन श्रीमुनिवर को।
अष्टद्रव्यमय अर्घलेय करि निसदिन पूजत चरनकमल को।।2।।
ॐ ह्रीं मनोबलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादशांगमय श्रुत ज्ञान को पाठ करै मुनिवर उच्च स्वर।
एक मुहूरत माँहि सबको स्वर व्यंजन मात्रादि शुद्धवर।।
तालाव कंठ खेद नहीं होवै वचनवली है सो रिषिवर।

तिनके चरन कमल कूँ पूजूँ अष्ट द्रव्य को धारि अर्घ कर।।3।।

ॐ ह्रीं वचनबलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

एकबरस का उतसग धारै अचल अंग चल आसन नाहीं।
तीनलोक चढ़ी अंगुली तैं ऊँच नीच बल तैं जु करांही।।
गर्व करैं नहीं ऐसे बल को वही मुनीश्वर शिव पद दाई।
काय बली यह रिद्धिधरी रिषि तिन्हैं पूजि हम सीस नवाई।।4।।

ॐ ह्रीं कायबलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

ऐसी बल रिधिधार, जे मुनि ढाई द्वीप में। तिनकी पूजन सार, करि हूँ अर्घ चढ़ाय के।।5।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (सोरठा)

गुण को नाँही पार, बलरिधि धारी मुनिन को। पढ़ूँ अबै जयमाल, भक्ति थकी वाचाल है।।1।।

(ढाल- हमारी करुण ल्वो जिनराय)

बलरिधि धर मुनिराज के, चरन कमल सुखदाय।
बार-बार विनती करूँ मन वच सीस नवाय।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।2।।
थावर जंगम जीव के, रक्षक है मुनिराय।
मोहिकर्म दुख देत हैं, इनतैं क्यों न छुराय।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।3।।
राजरिद्धितजि वन गये, धर्यो ध्यान चिद्रूप।
रिद्धि आय चरना लगी, नमन करत सब भूप।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।4।।
तप गज चढि रणभूमिमें, क्षमा खड्ग करि धारि।
कमल अरीकी जयकरी, शांति ध्वजा करि लार।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।5।।
निराभरण तन अति लसै, निर अंबर निरदोष।

नगन दिगंबर रूप है, सकल गुणनि को कोष।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।6।।

क्रोध कपट मद लोभ को, किंचित नहिं लव लेश।

मूरति शांति दयामयी वंदित सकल सुरेश।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।7।

तुम ऋषि दीनदयाल हो, अशरण के आधार।

बार बार विनती करूँ, मोहि उतारो पार।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।8।।

जो त्रिभुवन के सब मिलैं, मानव दानव इंद्र।

हलैं चलैं नहिं सबन तैं, बलरिधिधार मुनिंद।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।9।।

मैं दुःखिया संसार में, तुम करुणानिधि देव।

हरो दुःख यह मोतणों, करि हूँ तुम पद सेव।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।10।।

तुम समान संसार में, तारण-तरण जिहाज।

हे मुनीश कोऊ नहीं, या तैं तुम कूँ लाज।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।11।।

तुम पद मस्तक हम धरैं, भरी भक्ति उरमाँहि।

निज स्वरूप मय कीजिये, भवसंतति मिटिजाहि।। हमारी करुणा ल्यो रिषिराय।।12।।

(धत्ता)

भो करुणानिधि सकल गुणाकर भक्तिहृदय हमतुम धारी।

इहभव दुःखहरि अनुपम सुखकरि रिषिवर बलरिधि के धारी।।1।।

ॐ ह्रीं बलरिद्धित्रयधारकेभ्यः सर्वऋषीश्वरेभ्यः जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति ईति भय मिटै देश सुखमय बसै। प्रजा माँहि धन धान्य महर्द्धिकता लसै।।

राजा धार्मिक होऊ न्याय मन में चलै। या पूजन फल एह धर्म जिनवर झिलै।।

।।इत्याशीर्वाद।।

।।इति बलरिद्धित्रयधारक रिषीश्वर पंचम कोष्ठ पूजा।।

औषध रिद्धि धारक मुनीश्वर षष्ठ कोष्ठ पूजा

(सवैया पच्चीसा)

औषध रिधि धार मुनी अविकार धर्यो तपभार महा अधिकाई।
तिनके मन की परछाँही परै तहाँ रोग विषादि अनेक नसाई।।
ऐसे मुनिराय करै सब शान्ति हरैं, भव भ्रान्ति जिनेश की नाई।
थापत हैं हम पूजन काज; हरो मम विघन; कल्याण कराई।।

ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्नविनाशक औषधऋद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्नविनाशक औषधऋद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्नविनाशक औषधऋद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक

रतनजटित श्रृंगार मध्य शुभ भरिकरि प्रासुक जल कूँ।
धार देत ही नाश करत है सब कर्मादित मल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि ऋद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।1।।

ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्नविनाशक रोग औषध ऋद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

भव आताप बढ्यो अति भारी शोषत मोंहि निबल कूं।
चंदन केशर तुम कै चढ़ाऊँ पाऊँ पद निरमल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।2।।

ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुवरन थालभरि चन्द्रकिरण सम ल्यायो अछत उजलकूँ।
अक्षय पद पावन कूँ पूजूँ श्री गुरुपादयुगल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।3।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

काम रिपु मोंहि अधिक सतावै आत्म लगावत मल कूँ।
या के नाश करन के कारन मुनिपद चहोडुँ कमल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।4।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्षुधा वेदनी रोग महादुठ जारत हृदय मल कूँ।
नानाविधि नेवजतैं पूजें शांत करत क्षुत् कमल कूं।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।5।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रतनमय जोति मनोहर नाश करत तम मल कूँ।
ज्ञान उद्योतन कारन पूजूँ श्री गुरु पाद कमल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।6।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर मलयागिर चंदन केलीनंद विमल कूँ।
धूपदशांग खेवत ही अगनि संग जारत हैं अघ मल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।7।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

विविध भाँति के सुरन थालभरि ल्यायो मैं शुभ फल कूँ।
शुद्धभाव करि नितप्रति पूजे शिवसुख पार्व विमल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।8।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत अरु पुष्प जू नेवज दीप विमल कूँ।
धूप फलादि अर्घ चढ़ाये पावत पद निमल कूँ।।
यजूँ मुनि चरन कमल कूँ। औषधि रिद्धि यतीश।यजूँ मुनिचरन कमल कूँ।।9।।
ॐ ह्रीं क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न रोग विनाशक औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक पूजा

दोहा

औषधरिद्धि के भेद वसु, ता धारक ऋषिराय। भिन्न-भिन्न जिन के चरन, पूजूँ अरघ चढ़ाय।।1।।

ॐ ह्रीं अष्टभेद औषधरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(छंद अडिल्ल)

अंग उपंगरु नखकेशादिक सर्वही, रज पद मुनिकी लगत हरत सब रुज मही।
आमौषध ऋद्धि याहि मुनिवर धरैं, ता ऋषि के वर पाद यजत शिव नित वरैं।।2।।

ॐ ह्रीं आमौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि मुख को खंखारथूक कूँ लगत ही, सर्वरोग मिटि जाय असाध्य जु तुरत ही।
खेल्लौषध ये रिद्धि धार मुनिवर, पादपद्म हम यजत व्याधि सबही हनैं।।3।।

ॐ ह्रीं खेल्लौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि के अंग के स्वेद माँहि जो रज परै, सो लागत तत्काल व्याधि सब ही हरै।
यह जल्लौषधरिद्धिधार कूँ नित यजूँ, निसदिन तिन के चरन कमल कूँ मैं भजूँ।।4।।

ॐ ह्रीं जल्लौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

दंत नासिका अंग मैल मल सर्व ही, सर्वव्याधि को नाश करत है लगत ही।
मल्लोषध रिधि येह ताहि धारक मुनि, पूजत मन वच काय अर्घ करि कै गुनी।।5।।

ॐ ह्रीं मल्लौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

विष्टा मूत्र जु वीर्य सवै रिषिराज के, नाना व्याधि हरंत लगत ही साध के।
रिद्धि विडौषध धार तास पायन परैं, अष्ट द्रव्य कूँ मेलि सदा पूजन करैं।।6।।
ॐ ह्रीं विडौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

तिन के तन सूँ पवन लागि जातन लगै, आधि व्याधि बहुरोग विषादिक सब भगै।
भूत प्रेत सर्पादि सिंह को भय मिटै, सर्वौषध रिधिधार पूज तैं अघ हटैं।।7।।
ॐ ह्रीं सर्वौषध रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिन के कर मैं अमृत होय विष सर्व ही, मूच्छित निर्विष होय वचन सुणि तुरत ही।
आशीविषंविष रिद्धिधार मुनिवर तिन्हैं, पूजूँ मन वच काय शुद्ध करि कै जिन्हैं।।8।।
ॐ ह्रीं आशीविषंविष रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

थावर जंगम सर्व आदि के विष भरैं, दृष्टि परत तत्काल सर्व छिन में हरै।
दृष्टिविषौषध रिद्धिधार मुनिराज कूँ, मनवचनतन करि यजूँ मिटत सब व्याधि कूँ।।9।।
ॐ ह्रीं दृष्टिविषंविषरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

सर्वौषधिरिद्धिधार, सर्वमुनीश्वर हैं तिन्हैं। वसुद्रव्य तैं भरि धार, पूजूँ अर्घ चढ़ा कैं।।10।।
ॐ ह्रीं आमर्षौषध रिद्धियादि दृष्टि विषंविषरिद्धि पर्यन्त अष्टौषध रिद्धिधारक क्षुद्रोपद्रव सर्वविघ्न विनाशक सर्वरोगहर सर्वशांति करेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः पूर्णार्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

जिन के वंदित पूज तैं, सकल व्याधि मिट जाय। औषधरिद्धिधर मुनिन कूँ, नमूँ नमूँ मन लाय।

(चाल बीजा की)

जय सर्वौषधिरिद्धि के धारी मुनिराय।
मन वच वंदू जी, मैं तो सीस नवाय रिषिवरजी।।1।।
नगन दिगम्बर हो परमपवित्र है चित अति अम्लान।
करुणा-सागर हो दया-निधान रिषिवरजी।।2।
दरस करत ही वाय पित्त कफ खाँसरु साँस।
ज्वर शीतादिक हो दाह हुल्लास रिषिवरजी।।
कुष्ट उदंबर हो काल ज्वर अर सब सनिपात।
साध्य असाध्यज हो सब रोग नसात रिषिवरजी।3।
पंगु पुरुष कै जी चरण है गिरशिखर चढ़ंत।
जनम अंध कूँ जी सब सूझंत रिषिवरजी।।
गूंगा बोलत है हो वचन शुभ मुनिवर परताप।
सब जीवन को होवै जी सुंदर गात रिषिवरजी।।4।।
सिंह व्याघ्र उन्मत्त गज सब मिटि जाय।
तुम पद ध्यावै जी जो लव ल्याय रिषिवरजी।।
कृष्णसर्प तुम नामतैं लट सम है जाय।
श्वान स्यालअरु वृश्चिक को विषन रहाय रिषिवरजी।।5।।
डायण सायण हो योगिनी ये दूरि भग जाय।
भूत प्रेत गृह दुष्ट जु हो तुरत नसाय रिषिवरजी।।
तुम नाम मंत्र तैं हो अगनिहुल जलसम है जाय।
सिंघ भयानक जी थल सम थाय रिषिवरजी।।6।।
हृदय कमल में जी तुम नाम को जो ध्यान कराय।
नृपभय ताकै जी है कछु नांहि रिषिवरजी।।
विघन अनेकज जी नास है शुभ मंगलथाय।
जो नर ध्यावै जी मन वच काय रिषिवरजी।।7।।
सर्वौषधरिद्धि धार जी जहाँ करत विहार।

दुरभिक्ष रहै नहीं जी ता देस मंझार रिषिवरजी।।
आधि-व्याधि भय देश के सब ही मिटि जांय।
सर्वजीवा कै जी अति सुख थाय रिषिवरजी।।8।।
वह मुनि जा वन के विषै सुभ ध्यान करात।
जाति विरोधी हो वैर नसात रिषिवरजी।।
षट् ऋतु के हों फूल फल सब वृक्ष फलंत।
सूके सरवर हों तुरत भरंत रिषिवरजी।।9।।
नाम तिहारो जो जो जपै मन वच तन तिरकाल।
जो भवि गावै जी तुम गुणमाल रिषिवरजी।।
भोग संपदा होवै नर पाय कै फिरि इंद्र पदादि।
शिव सरूप मय होवैंजी निज आस्वादि रिषिवरजी।।10।।

(धत्ता)

औषधिरिधिधारी मुनि अविकारी भक्ति निहारी हृदयधरी।
करि पूजा सारी अष्ट प्रकारी यह गुणमाला कंठ धरी।।11।।

ॐ ह्रीं औषधिरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

आधि व्याधि करि नास सर्व भय कूँ हरो। रिद्धि वृद्धि घर माँहि सकल संपत्ति भरो।।
जिनधर्मी जिन माँहि सकल मंगल करो। या पूजन कर भाव विघन सब ही टरो।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

।।इति औषध रिद्धिधारक मुनीश्वर षष्ठ कोष्ठ पूजा।।

रस रिद्धि धारक सप्तम कोष्ठ पूजा

(छंद-कुंडलियाँ)

रस रिधिधार मुनिंद के चरन कमल सिर नाय।
वंदू मन वच काय करि भाव भगति चित लाय।।
भाव भगति चित लाय करूँ मैं शुभ आह्वानन।
आप पधारो नाथ तिष्ठ इत इह संस्थापन।।
निकट होउ मम बार बार विनती यह मेरी।
पूज करत चित चाव हमारै रिषिवर तुमरी।।1।।

ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (छंद सुंदरी)

विमल केवल उज्जवल जाय कै, सुर नदी जल भृंग भराय कै।
जनम मृत्यु जरा क्षय-कारकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्।।1।।
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

सहज कर्म कलंक विनासनैः, कमल उद्भवगंध सुगंध नैः।
कदलि नंदन कुंकुम वारिकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्।।2।।
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अखिल उज्ज्वल दीर्घ अखंडकं, किरण चन्द्रसमान सुधौतकम्।
अतुलसौख्य सुथान सुदायकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्।।3।।
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रचुर गंध सुपुष्प सुमालया, भ्रमर गुंजत सौरभ धारया।
निविड वाण मनोद्भव-वारक, मुनि यजामि रिधीरस-धारकम्॥4॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरन पात्र भरे नैवेद्यकैः, घृत सुचारुरसादिक सज्यकैः।
प्रचुर रोग क्षुधादि निवारकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्॥5॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रतन दीप मनोज्ञ उद्योतकैः, सुरन पात्र धरे सज्ज्योतिकैः।
निरवधी सुविकाश प्रकाशकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्॥6॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

अगर चंदन धूप सुधूपनैः, अलि समूह भ्रमैति सुगंधनैः।
करम काष्ठ समूह सुजारकं, मुनि यजामि रिधी रस धारकम्॥7॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुभगमिष्ट मनोज्ञ फलावली, हरित घ्राण सुचक्षु सुखावली।
मुकति थान मनोहर दायकं, मुनि यजामि रिधी रसधारकम्॥8॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल सुगंध सुतंडुल पुष्पकैः, चरु सुदीप सुधूप फलार्घकैः।
पद अनर्घ्य महाफलदायकं, मुनि यजामि रिधीरसधारकम्॥9॥
ॐ ह्रीं रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा

(सोरठा)

रस रिद्धि षष्ठ प्रकार, तिनके धारें जे मुनी। रोग क्षुधा निर-वार पूजूँ अरघ चढ़ाय कै।।1।।

ॐ ह्रीं षट् प्रकार रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(चौपाई)

करम उदै कोउ कारन पाय, क्रोध थकी मरि वच निकसाय।

सो प्राणी तत्काल मराय, ते आसीविष यजन कराय।।2।।

ॐ ह्रीं आशीर्विषंविष रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्रोध दृष्टि मुनि की जो परै, परतैं ही तत्काल जु मरै।

दृष्टि विषारस रिधिधर मुनी, यजन करूँ मैं तिनकूँ गुनीं।3।।

ॐ ह्रीं दृष्टिविषंविष रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीररहित आहार जि कोय, सो मुनि कर रस दुग्ध जु होय।

मुनि वच दुग्धसम पुष्टि कराय, क्षीरस्रावि-धर अरचूं पाय।।4।।

ॐ ह्रीं क्षीरस्रावि रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

मिष्ट रहित जो मुनि कर आहार, होय मिष्ट रस सहित जु सार।

मुनिवच पुष्टि करत मधुसमा, मधुस्रावी रिधि पूजत हमार।।5।।

ॐ ह्रीं मधस्राविरस रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

घृत करि रहित अहारकर मुनी, घृत संयुक्त होय बहु गुनी।

वच मुनि के घृत सम गुण करै, सर्पिस्रावि रस पूजन करैं।।6।।

ॐ ह्रीं घृतस्रावि *रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।*

विष अमृत मुनि कर है जाय, वच अमृत सम पुष्ट कराय।
अमृतस्रावी रसरिधि यही, ता धर पूजे है शिवमही।।7।।
ॐ ह्रीं अमृतस्राविरस रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)
ये रस रिधि के भेदयुत सर्वरिषीश्वर पाय।
मन वच तन करि पूजि हूँ हरषित चित अधिकाय।।8।।
ॐ ह्रीं आशीविषं विष आदि अमृतस्रावि पर्यन्त षट्-रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः पूर्णार्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (सवैया)
रस परित्याग कर्यो मुनिराज, तिन्हैं फलरारस रिद्धि उपाई।
अहार रसादिक त्याग करै तिन के पद वंदित सीस नवाई।।
सो रिषिराज करो हम काज हरो अघ साज सु पुण्य बधाई।
मनवचकाय त्रिकाल त्रिकाल धरों तिनपाद सदा उर माहीं।।1।।

(बाल वीर जिनन्द की)
दुष्ट करै मुनिराजकूँ जी। कर्कश वचन महान्।
अति कठोर कटुनिंद्य सुणिजी। क्रोध करें नहिं मान।रिषीश्वर बसौ हृदय के माँहि।।2।।
कुलजात्यादिक बुद्धि को जी। तन को नहिं अभिमान।
कोमल उर करुणामई जी। मार्दव धर्म महान।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।3।।
कूट कपट सब त्यागियो जी। रंच न हिरदा माँहि।
ये ही आर्जव धर्म धरैं जी। मन वच बन्दू ताहि।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।4।।
हित मित सत्यजु वाक्य कूँ जी। बोलत वै मुनिराय।
धर्मोपदेश तैं अन्य किछू जी। बोलत नाँहि सुभाय।।रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।5।।

लोभ सर्व जिन को गयो जी। धरि संतोष महान।
शौच धर्म यह धारि के जी। भए चित्त अम्लान।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।6।।
छऊँ काय के जीव की जी। करुणा है अधिकाय।
पाँचों इंद्री वसि करी जी। संयमधरि चितलाय। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।7।।
द्वादश विधि तप को तपें जी। अंत बाह्य महान्।
ध्यावें निज चिद्रूप कूँ जी। ध्यान सुधारस पान।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।8।।
सर्व परिग्रह त्याग कर्यो जी। ज्ञान दाननिति देय।
जाति जीव कूँ अभय दयो जी। त्याग धर्म धरि एव।।रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।9
बाह्य नग्नता अति लसे जी। अंतरंग अति शुद्ध।
ममत तज्यो निज देह सूँ जी। आकिंचन व्रत इद्ध।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।10।
सहस अठारा शील कूँ जी। पालत मन वच काय।
ब्रह्मचर्य ऐसे धरै जी। आतम में रति थाय।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।11।।
याविधि दशपरकार को जी। जिन भाषित जो धर्म।
ताहिशुद्ध धार्यो मुनी जी। मेटि पाप के कर्म।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।12।।
ऐसे हम मुनिराज कूँ जी। नमत शीस धरि हाथ।
बाँह पकरि भवसिन्धु तैं जी। काढ़ो मो कूँ नाथ।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।।13।।
सरूप तिहारो हृदय विसैं जी। धार्यो मैं लय लाय।
भवसागर को भय मिट्यो जी। या तैं त्रिभुवनराय।। रिषीश्वर बसो हृदय के माँहि।14।

(धत्ता)

ऐसी गुणमाला परम रसाला जो भविजन कंठे धरई।
हनिजनि मरणावलि नासि भवावलि, मुक्ति रमा वहनर वरई।।15।।
ॐ ह्रीं षट् प्रकार रसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यो जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दोहा)

सुखी होऊ राजा प्रजा, मिटो सकल संताप। वधो धर्म जिनदेव को, श्रीरिषीराज प्रताप।।

।।इत्याशीर्वादः।।

।। इति रसरिद्धिधारक मुनीश्वर सप्तम कोष्ठ पूजा सम्पूर्ण।।

अक्षीण महानसरिद्धि धारक मुनीश्वर अष्टम कोष्ठ पूजा

(अडिल्ल)

अक्षयनिधि के दायक घातक कर्म के, अक्षीण महानस रिद्धिधार मुनिवर्य के।

आह्वानन संस्थापन ममसन्निहित करूँ, संवौषट् ठः ठः वषट् त्रय उच्चरूँ।।1।।

ॐ ह्रीं अक्षीणमहानसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं अक्षीणमहानसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं अक्षीणमहानसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (गीता छंद)

हिमवनोद्भव नीर शीतल, रत्न भृंग भराय ही।

जन्म-जरु अरुमृत्युनासन, क्षपक चरन चढ़ाय ही।।

इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधिदायक सदा।

अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजिहूँ मैं सर्वदा।।1।।

ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

काश्मीर चंदनकेलि नंदन, घसत परिमल दिगमहै।
अलिगुंज करत दिगंतरालै, पूजतैं भवतप जहैं।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।2।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः चन्दनम् निर्वपामीति स्वाहा।

सित असित चन्द्रमरीचिका सम, अति सुगन्ध सुपावना।
भरिथाल कणमय अखय पद कूँ चरनकमल चढ़ावना।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय-निधिदायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।3।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो अक्षतम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचवरन प्रसूत सुन्दर, गंध तैं मधुकर भ्रमैं।
सो लेय मुनिपद कूँ चहोड़े समर कूँ छिन मैं दमैं।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।4।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानस रिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर सु बाबर मोहकादिक कनक थाल भराइये।
चरु सद्यतैं मुनि चरण पूजे, क्षुधा रोग नसाइये।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।5।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानस रिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय ज्योति सुन्दर, धूम्र वर्जित सोहने।
तम मोहपटल विध्वंस कारन, चरनयुगमुनि अरचने।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।6।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यो दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दश विधि अगनि के संग, स्वर्णधूपायन भरे।
धूम्र मिसि वसुकर्म नाशैं, भविकजन जय जय करैं।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।7।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाख श्रीफल चारु पुंगी, स्वर्णथाल भराइये।
श्री रिषीश्वर पूजितैं ही, मुक्ति के फल पाइये।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।8।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीरगंध सुगंध तंदुल, पुष्प चरु दीपक धरै।
धूप फल ले स्वर्ण भोजन, अर्घयजि शिवतिय वरै।।
इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र पूजित, अखय निधि-दायक सदा।
अक्षय महानस रिद्धिधर मुनि, पूजि हूँ मैं सर्वदा।।9।।
ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा (सोरठा)

द्विविधि प्रकार सुजानि, अक्षीणमहानसरिद्धि यह।
होय पाप की हानि, ता धारक मुनिवर यजत।।1।।

ॐ ह्रीं द्विविध प्रकार अक्षीण महानस रिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(छन्द-कुसुमलता)

अहारकरै जाकै घर मुनिवर, तादिन अहार अटूट है जाही।
चक्रवर्ति सेना सब जी मैं, तो भी वे दिन टूटत नाँही।।
वै अक्षीण महानसरिद्धिधर, यतिवर वंदूँ सीस नवाई।
तिनके पद पूजतजो अहनिसि, नवनिधि है जिनके घरमाहीं।।2।।

ॐ ह्रीं अक्षीण महानसरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

च्यार हाथ घर माँहि मुनीश्वर, तिष्ठत सब जीवन सुखदाई।
ता थानक इंद्रादिक सब अरु, चक्रवर्ति की सैन्य समाई।।
भीर तहाँनहिं होय सर्व जिय, सुखमय तिष्ठत जामधि भाई।
अक्षीणमहालय रिद्धिधार गुरु तिनकूँ पूजूँ मन वच काई।।3।।

ॐ ह्रीं अक्षीण संवासरिद्धिधर सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

जो ऐसी रिधि कूँ धरैं, जे ऋषिराज महान्। तिनकूँ पूजूँ अर्घ दे, देंहि यथारथ ज्ञान।।4।।

ॐ ह्रीं द्विप्रकार अक्षीण महानसरिद्धिधारक सर्वमुनीश्वरेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(छंद कडरवाँ)

अक्षीण महानसि रिद्धि भरा, तिनके पद वंदित सर्वनरा।
मैं ध्यावत हूँ गुणगावत हूँ, मोहि दीजे ऋषिवर सिद्धधरा।।1।।
पक्षमास के पारणें, अहार करन के काज। मुनिवर करत विहार हैं, ईर्यापथ कूँ साज।।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।2।।
धनाढ्य दरिद्री घर तणैं, तिनकै नाहीं भेद। चांदी चर्या धरत हैं, लाभ अलाभ न खेद।।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।3।।
अयाचीक जिनवृत्ति है, मुख तैं नाहिं कहात। केवल देंहि दिखायकैं, खड़े रहत नहीं भ्रात।।
वै गुरु मो हिरदै सो, तारणतरण जिहाज।।4।।
जो गृहस्थ शुभ भक्ति धरि, प्रासुकजल भृंगार। ताहि दिखावै ताहि वह, खड़ेरहत तिहि वार।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।5।।
प्रक्षालन मुनिचरण कौं, पूज करै हरषाय। मनवचनकाया शुद्धि करि, नमन करतशिर नाय।।
वै गुरु मो हिरदै वसो, तारणतरण जिहाज।।6।।
तिष्ठ तिष्ठ ऋषिराज इत, खानपान है शुद्ध। इहनवधा मुनिभक्ति लखि अहारकरत अविरुद्ध।।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।7।।
ऋद्धा भक्ति सुभक्ति जुत, ईर्षा लोभ हरंत। दया क्षमा यहगुण धरै, ताधरि अहार करंत।।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।8।।
षट् चालीस जु दोष तजि अंतराय बत्तीस। चौदा मल वर्जित सदा, अहार करत गुरुईस।।
वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज।।9।।
मुनिवर आहार प्रभावतैं, गृहस्थ धरनि कै दाँहि। देव करैं नभतैं तहाँ, रतन वृष्टि सुखदाँहि।।
वै गुरु मो हिरदै वसो, तारणतरण जिहाज।।10।।
कल्पवृक्ष के पुष्प अरु, जल सुगंध वरषांहि। धन्य दान-दातार, धनि, पंचाश्चर्य करांहि।।

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥11॥

धनिदिवस धनिवा धड़ी, धनि मेरा तब भाग।ऐसे मुनिवर कैं विषै, करैं दान अनुराग॥

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥12॥

धनि युगल पद होय तब करैं जात ऋषिराज। धन्य हृदय है ध्यान तैं, ध्याऊँ निज हितकाज॥

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥13॥

दरस करूँ तुम चरन की, चक्षु धन्य जब थाय। करण सफल युग होंय तब, वचन सुनैं ऋषिराय।

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥14॥

पूज करूँ तुम चरनकी, कर युग धनि जब थाय।

सीस धन्य तब ही हमैं, नमत चरन ऋषिराय॥

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥15॥

मो किंकर की वीनती, सुनिये श्री रिषिराज।

भवदधि दुखभयतैं मुझे, डूबत काढ़ों आय॥

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥16॥

बार बार विनती करूँ, मन वच शीश नवाय।

पारस रूपमय है रह्यो, मो निजरूप कराय॥

वै गुरु मो हिरदै बसो, तारणतरण जिहाज॥17॥

(धत्ता)

उर निज ध्याऊँ सीस नवाऊँ, गाऊँ गुण मैं है चेरा।

पद अजरामय सकल गुणामर, द्यो मुक्ति हरि भव फेरा॥18॥

ॐ ह्रीं अक्षीण महानस ऋद्धिधारकसर्वमुनीश्वरेभ्यः जयमाला अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

अक्षीण महानसि रिद्धिधार जो ऋषि यजैं। ताका घर तैं दुःखभार आपद भजैं।।
ऋद्धि वृद्धि है अखै सकल गुण-सिद्धि है। केवलज्ञान लहाय अचल समृद्धि है।।

।।इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

।। इति लक्षीणमहानस ऋद्धिधारक अष्टम कोष्ठ पूजा संपूर्णा।।

पंचम काल की आदि मुनि भये तिनकी पूजा का अर्घ

(चौपाई रूपक)

गौतम स्वामि सुधर्म जु स्वामी, जंबू स्वामी अति अभिरामी।
वीर जिनिंद पछै त्रय नामी, बासठि बरस मध्य शिवगामी।।1।।
पंचमकाल आदि कै माँही, केवलज्ञान लड्यो सुखदाही।
तिनकूँ पूजूँ अरघ चढ़ाई, ता फल केवलज्ञान लहाई।।2।।

ॐ ह्रीं श्री वर्धमान जिनेन्द्राय पश्चात् द्विषष्ठिवर्षमध्ये केवल ज्ञानधारक त्रिमुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विष्णु नंदि मित्र मुनिराई, अपराजित गोवर्धन भाई।
भद्रबाहु ए पंच मुनिंदा, सब श्रुतधारक भये अनिंदा।।3।।
सत् संवत्सर में सुखदाई, तिनके चरण नमूँ सुखदाई।
वसु द्रव्य ले अर्घ बनाई, पूजत हूँ मैं मन वच काई।।4।।

ॐ ह्रीं केवलि त्रय पश्चात् शतवर्षमध्ये पंच श्रुत केवलिभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विशाख प्रोष्ठिल क्षत्रियजया, चारित्र नागसेन मुनि हुआ।
सिद्धारथ धृतिषेण मुनीसा, विजय बुद्धिलाचार्य यतीशा।।5।।
गंगदेव धर्मसेन मुनिंदा, ये दस पूरब धरैं यतींदा।

इक सो तियांसी वर मझारा, पूजूँ मैं उतरूँ भवपार॥6॥

ॐ ह्रीं पंचश्रुतिकेवलि पश्चात् सत्रययाशीताधिक एकशत वर्षमध्ये दशपूर्वधारक विशाखाचार्यादि एकादशाचार्येभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नक्षत्र अरु जयपाल मुनीसा, पांडव ध्रुवसेनादिक कंसा।
आचारिज पंच एकादश अंगा, वंदन करत पाप हो भंगा॥7॥
ए मुनिशत अरु वरस तेईसा, माँहिभये गुण-गणके ईसा।
पूजूँ कर ले अरघ मुनीसा, सकल दोस क्षयकार गणीसा॥8॥

ॐ ह्रीं दशपूर्व पश्चात् शताधिक त्रिविंशति वर्ष मध्ये नक्षत्राचार्यादि एकादश अंगधारक मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभद्र और यशोभद्र नामा, भद्रबाहु लोहाचार्य बखाना।
चार घाट सत्याणव वरसा, माँहि भये इक अंग धर परसा॥9॥

ॐ ह्रीं एकादश अंगधारक पश्चात् सप्तनवति वर्षमध्ये सुभद्रादि एक अंगधारक मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्हद्बलि अरु माघ जु नंदी, धरसेनाचारिज गुणवृंदी।
पुष्पदंत भूतबलिनामा, अंग अंशधारी अभिरामा॥10॥
सोरु अठारह वरसु जु मांही, विद्यागुण करि सब अधिकांशी।
अरघ लेय पद पूज करांही, तातैं मो सब पाप नसांही॥11॥

ॐ ह्रीं एकांगधारक मुनीश्वर पश्चात् अष्टादशाधिकशत वर्षमध्ये अंगांशगधारक मुनीश्वरेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनचंद्र कुंदकुंद मुनि इंदा, मुनिगण मैं ज्यों उडुगन चंदा।
उमास्वामी सूत्र के कर्ता, समंतभद्रबाहु दुःख के हर्ता।।12।।
शिवकोटीरु शिवायन स्वामी, पूज्यपाद वंदूं गुणधामी।
एलाचार्य वीरसेन जानूं, जिनसेन नेमिचंद्र नै मानूँ।।13।।
रामसेन तार्किक गुणधारी, अकलंक स्वामी बोध जितारी।
विद्यानंदी मणिकनंदी, प्रभाचंद्र भवभय हरि फंदी।।14।।
रामचंद्र वासवचंद्र स्वामी, गुणभद्राचारिज हैं नामी।
वीरनंदि आदिक गणस्वामी, सिद्धान्त चक्रवर्ति गुणधामी।।15।।
नग्न दिगंबर विद्या ईशा, पंचमकाल आदि गुणधीशा।
जिनमत थापन बुद्धिगंभीरा, परमतनाशक जय महावीरा।।16।।
वारंवार त्रिकाल हमारी, तिन मन वंदन है सुखकारी।
निरविकार मूल गुणधारी, निजसंपति द्यो मो अघहारी।।17।।
अष्टद्रव्यमय अर्घ बनाऊँ, पद पूजूं मैं गुणगणपाऊं।
सम्यकज्ञान देहि मुझि ईसा, याचत हूँ पदतलि धरि सीसा।।18।।
ॐ ह्रीं श्री जिनचन्द्रादि सर्वनिर्ग्रन्थ मुनिभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय महा अर्घ की जयमाला

(सर्वया तेईसा)

पाणिपात्र धर्मोपदेश करि, भवसागरतैं भविजन त्यारैं।
तीर्थंकर पददायक भावन, षोडशचित्तविषैं विस्तारैं।।
ग्रंथ त्यागि तप करैं द्वादश, दशलक्षण मुनिधर्म संभारैं।
पंच महाव्रत पालत तिन पद, सीस नायकै मस्तक धारैं।।

(चाल- बाजा बजिया भला)

शील महानगधर नमूँ मुनी। पंचेन्द्रिय संयम योगसंयुक्त।।1।।

ग्यारह अंगधारक नमूँ मुनी। पुनि चौदह जी पूरव के धार।।2।।

कोष्ठ बुद्धि रिधिधर नमूँ मुनी। पादानुसार आकाश बिहार।।3।।

पाणाहारी हू नमूँ मुनी। धरै वृक्षमूल आतापन योग।।4।।

जे मोनिथिति आहार ले मुनी। जाण्या राजरंक गृह सब इक सार।।5।।

जे पंचमहाव्रत धर नमूँ मुनी। जे समिति गुप्ति पालक वरवीर।।6।।

जे देह माँहि विरकत मुनी नमूं। ते राग रोस भय मोह रहित।।7।।

लोभ रहित संवर धरै मुनी। दुखकारी जी नाश्यो कामरुक्रोध।।8।।

स्वेद मैल तैं लिपत है मुनी। आरंभ परिग्रहतैं हैं विरक्त।।9।।

आवश्यकधर नमूँ मुनी। द्वादश तप धरि तन वै सोरवंत।।10।।

एक ग्रास दोय लेत हैं मुनी। वे नीरस भोजन करत अनिंद।।11।।

स्थिति मसान करते नमूं मुनी जे जे करम डहर सोखनकूं दिनंद।।12।।

द्वादश संयम घर नमूं मुनी। जे विकथा चारि करी परिहार।।13।।

दो बीस परीसै सहै नमूं मुनी। संसार महार्णव ते उतरंति।।14।।

जय धर्मबुद्धि नृप थुति करै मुनी। जे काउसग करि रात्रि गमंत।।15।।

सिद्धि रमा वरवै मुनी नमूं। जे पक्ष मास आहार करंत।।16।।

गोदोहन वीरासन धरैं मुनी। नमूं धनुषसों वज्रासन धार।।17।।

तपबल नभ विहरत मुनी नमूँ। वन गिरि गुह कंदर करत निवास।।18।।

सत्तुमित्त समचित धरै मुनी। मैं वंदूं दिढ चारित के धार।।19।।

धरम शुकल ध्यावै ध्यान कूं मुनी। मैं वंदूं यतिवर मोक्ष गमंति।।20।।

चौबीस परिग्रह च्युत नमूं मुनी। ध्याऊँ मैं मुनिवर जग पवित्त।।21।।

रतनत्रय करि शुद्ध है मुनी। तिनकूं मैं वंदूं सुध करि चित्त।।22।।

मुनिगण पार न पाइयो सुरा। मैं तुच्छ बुद्धि किम करूँजी बखान।।23।।
बारबार विनती करूँ तुम्हारी। करुणानिधि मोकूं करि निज दास।।24।।
भविजन जो मुनिगुण धरै मना। पद-पूजत श्री गुरु बारबार।।25।।
मुनि सरूप कूं ध्यान कै मना, वत उतरै जी भवि भवदधि पार।
मोहि तारोजी ऋषि दीनदयाल, चरना लागियो भला।।26।।

(कवित्त)

जे तपसूरा संजमधीरा, सिद्धबधू अनुरागी। रतनत्रय मंडित करमविहंडित, ते ऋषिवर बड़भागी।।
उपाध्याय अरु सर्वसाधुत्रय पदधारक सब त्यागी। पूज करत हूँ भक्ति भाव तैं, तुम सरूप लव लागी।27

ॐ ह्रीं आचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-त्रयपद धारक अतीत अनागत वर्तमान काल संबंधि सर्व-ऋषीश्वरेभ्यः सर्वतुष्टि पुष्टि शांतिकरेभ्यः अनेक रोग-शोक आधि-व्याधि-डाकिनी-शाकिनी भूत-प्रेत व्यंतरादि दुष्ट ग्रह दुर्भिक्षादि सर्व विघ्न विनाशकेभ्यः सुभिक्ष ऋद्धि वृद्धि समृद्धि अनेक मंगलवितरकेभ्यः सर्वमुनीश्वरेभ्यः पूर्वार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(छप्पय)

जो या पूजा करै करावै सुरधरि गावै। अति उछाह करि जिन मंदिर में मंडल मड़ावै।
देखै अरु अनुमोद करै जे भव्य निरंतर। तिनके घरतैं सर्वविघ्न भय नसैं डरंतर।
सरूपचंद मुनि भक्ति वसि, रची स्वपरहित हेत।।

।। इत्याशीर्वादः।।

।। इति चौसठ ऋद्धि पूजा (वृहत् गुर्वावलि पूजा शान्ति विधान) संपूर्ण।।

ॐ

श्री दशलक्षण विधान(कवि श्री टेकचन्द जी)

(जोगी रासा)

नेमी नाथो देतो साथो, भव भव और न चाहूं।
भक्ति तिहारी, निशदिन वच, काय लाय करि गाऊँ।।
धर्मकह्यो तुम, वानी दश विधि, सो मोहि सहाई सहाई।
करुणासागर, समरस गर्भित शीश नमों थुति गाई।।

(गीता छन्द)

धर्म के दश कहे लक्षण, तिन थकी जिय सुख लहै।
भवरोग को यह महा औषधि, मरण जामन दुख दहै।।
यह वरत नीका मीत जीका, करो आदरतैं सही।
मैं जजों दशविधि धर्म के अंग, तासु फल है शिवमही।।

(पद्धरि छन्द)

यह धर्म भवोदधि नाव जान, या सेयें भवदुख होइ हान।
यह धर्म कल्पतरु सुक्खपूर, मैं पूजों भवदुख करन दूर।।

(गीता छन्द)

यह वरत मन कपि गले माहीं, साँकल मन जानिये।
गज अक्ष जीतन सिंह जैसो, मोहतम रवि मानिये।।
सुरथान मांही वरत नाहीं, मनुजहूं शुभ कुल लहै।

तातैं सुअवसर है भलो, अब करो पूजा धुनि कहै।।

(वेसरी छन्द)

जाने दश लक्षण व्रत कीना, ते सत्पुरुषनि में परवीना।
भवसागर फिरनो मिटाजावै, जो नर दशलक्षण वृष भावे।।

(भुजंगप्रयात छन्द)

यही धर्म सारं, करै पापक्षारं। यही धर्मसारं, करैं सुख अपारं।
यही धर्म धीरा, हरै लोक पीरा। यही धर्म मीरा करै लोकतीरा।।

(त्रिभंगी छन्द)

यह धर्म हमारा, सबजग प्यारा, जगत उधारा हितदानी।
यह दशविधि गाया, जनमन भाया, उच्च बताया जिनवानी।।
यह शिव करतारा, अघतैं न्यारा, भवि उद्धारा मुनि धारा।
ताको मैं ध्याऊं शीश नवाऊं, अर्घ चढ़ाऊं सुखकारा।।

(चौपाई छन्द)

या व्रत की महिमा कहि वीर, दशविधि धर्म हरैं भवपीर।
इसी धर्मबिन जग भरमाय, जजहु धर्म अति दुरलभ पाय।।

(दोहा)

दश प्रकार को धर्म यह, दशविधि सुरतरु जान।
वांछित पद सेवक लहै, अधिक कहा सुखदान।।

(सोरठा)

धर्म हमारा नाथ, धर्म जगत का सेहरा। भव भव में हो साथ, और न वांछा मनविषै।।

।।मण्डलमध्ये वरि पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

समुच्चय पूजा

(त्रिभंगी छन्द)

यह धर्म क्षमावा मान गुमावा, सरल सुभाबा सतिवानी।

शुचिभाव करावा संजम लावा, तप करवावा अधिकानी।।

शुचि त्याग बतावै नगन पुजावै, शील बढावै शिवदाई।

यह धर्म दशारा थाप करारा, पूजन धारा शिरनाई।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्म अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्म अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्म अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(मणुयणाणंदकी चाल)

क्षीरसागर तनी नीर शुभ लाइये। कनकझारी विषै धार गुण गाइये।।

मरण उत्पति नहीं होय ता फल सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।1।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर संग अगर चन्दन घिस लायजी। सुभग पातर विषै धारि थुति गायजी।।

जगत ताप तासु फल तुरत नाशै सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।2।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्य संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

लेय अक्षत भले मुक्ति फल से कहे। ऊजले अखण्ड सुभग स्वर्ण पातर लहे।।

अखय पद पावनै आप मन में सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।3।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कंचनवरन कल्पतरु के भले। गन्ध जुत रंग शुभ लेई निज कर चले।
माल तीन गूंथ कामबाण नाशक सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।4।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगम नैवेद्य मोद घने लाइये। विविध स्वादमय सु धरि भक्तिउर भाइये।।
भूख दूखहर्ण स्वर्ण पात्र धरिके सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।5।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपमणि रतनमय और घृतमय सही। धारि कनकथालमें सुआरति जु करि लही।।
धर्म ज्योति मोह अंधकार नाशिका सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।6।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दश अंग मय लायकर सारजी। अगनि संग खेवहूं सुभक्ति उर धारजी।।
कर्म छयकार भव वास नाशन सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।7।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

लौंग खारिक सुनारिकेल सुक्खकार जी। और बादाम पुंगी फलादि सारजी।।
लेइ निज हाथ में सुभक्ति धरिके सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।8।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गंध अक्षत सुफूल चरु सोइजी। दीप अरु धूप फल अरघ सँजोइजी।।
पुरट थाली विषै भक्ति करिके सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।9।।
ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः अनर्घ्य पदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म भव कूपतैं काढने को रसी। भव उदधि पार करतार नवका इसी।।

धर्म सु-दैन जिमि तात माता सही। जानि इमि धर्म दशधा जजौं शिवमही।।10।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

दश वृष रतन मिलायके, माल करै भवि जोय। धरै आपने उर विषैं तो सम और न कोय।।

(बेसरी छन्द)

दशलक्षण वृष शिवमग दीवा, धर्म थकी सुख पावै जीवा।
मुकति दीप पहुँचावन नावा, ये दश धर्म जजौं जुत भावा।।
दशविधि धरम धरैजी कोई, करमनाशि फिर दुख नहिं होई।
धरम जु साधन और न कोई, यों दया धर्म जजौं मद खोई।।
धरम जीवका पालनहारा, धरम मानका खण्डनवारा।
धरम थकी जावै कुटिलाई इमि दस धर्म जजौं चितलाई।।
सांच बचन सम धरम न आनौ, धर्म भव निर्मल पहिचानौ।
धर्म-जीवरख इन्द्रिय जीतं, इमि लखि धर्म जजौं करि प्रीतम।।
तप ही सर्व धर्मका मूला, त्याग धरमतैं क्षय अध थूला।
धर्म गगन सम और न कोई, इमि दस धर्म जजौं मद खोई।।
नारी त्याग धरम शिवदाई, ये दस धरम जगत में भाई।
जो दश लक्षण मनमें आनै, सो भव तप हर शिवपद ठानै।।
दशलक्षण व्रत इह विधि कीजै, उत्कृष्टै दश वास करीजै।
नातर वेले पारन भाई, तथा इकतर वास कराई।।
शक्तिहीन है तो सुन मिता, दश एकांत करौ धरी प्रीता।
व्रत दश वर्ष करैं मन लाई, करू उद्यापन मन वच काई।।
नहिं उद्यापन शक्ति तुम्हारी, तो दूनौ व्रत करू सुखकारी।

पीछे यथाशक्ति खरचावै, पूजन धरम उद्योत करावै।

(दोहा)

इत्यादिक विधि सहित जो, धर्म करैं दशसार। पावै सुख मन भावनो, अनुक्रम ले भव पार।।

ॐ ह्रीं श्री दशलक्षणधर्मेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति समुच्चय पूजा।।

उत्तम क्षमा धर्म पूजा

(अडिल्ल छन्द)

जीव तिरस थावर जेते जग में सही, देव नरक नर पशु चारि गति की मही।

तिन सब ऊपर दया भाव उर मांही जी, सो है उत्तम क्षमा थापी जजूं याहिं जी।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अर्थाष्टकम् (पद्धरि छन्द)

जल गंग नदी को विमल सोइ, धरि रतन पियाले शुद्ध होई।

यह धर्म क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय जन्जमरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

बावन चंदन घसि नीर लाय, धरि कनक रकेबी जिन चढाय।

यह धर्म क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत मुक्ताफल समजु लाय, अतिउज्जल नखशिख शुद्ध भाय।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ फूल कल्पतरु के अनूप, करि माला सुभग सुगंध रूप।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस पूरित चरु सम्हार, शुभ मोदक आदि अनेक धार।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि दीपकसार बनाय लाय, धरि कनकथाल भरि भक्ति आय।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले धूप अगरुजा गंधकार, दुर्भाव हुताशन मांहि जार।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल नारिकेल बादाम सोइ, पुंगीफल खारक भक्ति जोइ।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत फूल लाय, चरु दीप धूप फल अरघ भाय।
यह धरम क्षमा उत्तम सुजान, मैं पूजौं मन वच भक्ति आन।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तमक्षमाधर्मांगाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्ध्याणि (अडिल्ल)

पाप प्रकृति कर जीव, अशुभ बन्धन करयो। थावर नामा कर्म उदय दुखको भरयो।।
पृथ्वी मांहि सु जाय सहै बहुत अध फला। तिनका रक्षणभाव क्षमा उत्तम भला।।1।।
ॐ ह्रीं पृथ्वीकायिकपरिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जे जलकायिक जीव ज्ञान बिन दुख लहैं। इक इन्द्रिय के द्वार अतुल विपदा सहैं।।
तिनको दुखमय जानि मुनी करुणा करैं। तसु प्रसादतै झटिति मोक्ष वनिता वरै।।2।।
ॐ ह्रीं जलकायिकपरिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अगनिकाय धर जीव एक इन्द्रिय सही। नाना दुख तन सहैं जलै सब जग मही।।
इन पर करुणा भाव धरे जे भवि सही। सो ही उत्तम क्षमा मोक्ष दाता कही।।3।।
ॐ ह्रीं अग्निकायिकपरिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पवन काय के जीव महा संकट सहैं। हाथ पांव सुख वचन थकी बाधा लहै।।
हन पर करुणाभाव जती धारै सही। सो ही उत्तम क्षमा कही शिवकी मही।।4।।
ॐ ह्रीं वायुकायिकपरिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हरित काय में प्राणि अति वेदन लहै। छेदन भेदन कष्ट महा अघ फल सहै।।
इन पर समता भव सुखी इनको चहै। सो ही उत्तम क्षमा धारी मुनि शिव लहै।।5।।
ॐ ह्रीं वनस्पतिकायिकपरिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

थावर के पन भेद पाप फलतैं बने। सूक्षम बादर भेद दोय यों जिन भने।।
इनको दुखमय जानि दया मन लाय है। सो ही उत्तम क्षमा जजौं शिर नाय है।।6।।
ॐ ह्रीं सूक्ष्मस्थूल पंचस्थावर परिरक्षणरूपोत्तम क्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लट अरु जोंक गिंडोला इल्ली जानिये। कौडी शंख दु इन्द्रिय अति दुख थानिये।।
इन पर करुणाभाव जती धारैं सही। सो ही उत्तम क्षमा जजौं शिवकी मही।।7।।
ॐ ह्रीं द्वीन्द्रियजीव परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चींटी कूंथा खटमल बीछू दुखमही। ते-इन्द्रिय परजाय पाय धुण आदि ही।।
इनको दुखमय जानि मुनि करुणा धरै।। सो ही उत्तम क्षमा जजौं सब अघ जरै।।8।।
ॐ ह्रीं त्रीन्द्रियजीव परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माखी मच्छर टीड़ी भंवरादिक सही। बर्र ततइया मकडी चतुरिन्द्रिय कही।।
इनको दुखिया देखि मुनी करुणा धरैं। सो ही उत्तम क्षमा जजौं वसुविधि जरैं।।9।।
ॐ ह्रीं चतुरिन्द्रियजीव परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रिय पांचों होय, नहीं मन जो लहै। ते जिय जानि असैनी अघफल अति दहै।।।
इनको दुःख भरिपूर जानि करुणा धरैं। सो ही उत्तम क्षमा जजौं शिवथल धरैं।।10।।
ॐ ह्रीं असंज्ञीपंचेनिद्रयजीव परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नरक जीव अति दुखी पापफलतैं सही। छेदन भेदन पीर सहैं जात न कही।।
इन पर करुणाभाव जती अति लाय हैं। सो ही उत्तम क्षमा जजौं सुखदाय हैं।।11।।
ॐ ह्रीं नारकीजीव परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

मनुष क्रोध रु मान माया, लोभवश दुखिया घने।
बहु चाह पीडित रागद्वेषी, अघ घनो उपजे तिने।।
तिन देख यतिवर दया लावे, महा दीनदयाल जी।
सो धर्म उत्तम क्षमा निर्मल, जजौ भाग्यविशालजी।।12।।

ॐ ह्रीं मनुष्यजीव-परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परकार चारों देव गति में, जीव सुख राचै सही।
लछि देखि परकी झुरै तिनही, मानते पीड़ा कही।।
तिन देखि मुनि उर दया भावैं, महा कोमल भावजी।
सो धर्म उत्तम क्षमा पूजौं, अर्घतैं कर चावजी।।13।।

ॐ ह्रीं चतुर्विधिदेवजीव-परिरक्षणरूपोत्तमक्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(बंसरी छन्द)

थावर तिरस जीवजब जोई चहुंगति करमनि के वशिहोई।
तिनको देखि दया उर लाई, सो उत्तम खम धर्म जजाई।।

ॐ ह्रीं त्रसस्थावर समस्तजीव परिरक्षणरूपोत्तम क्षमाधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

धर्म क्षमा उत्तम बडो, सब जीवन सुखदाय। जजै जीव सो पुनि लहै, करैजु शिवपुर जाय।।

(बेसरी छन्द)

सब जीवन में राग न दोषा, सो है क्षमा धर्म निरदोषा।
दुर्जन कृत उपसर्ग लहावै, ताहू पै समभाव रहावै।।
मुनिको वचन कहै दुखकारी, मरम छेद छेदै अघधारी।
मान खंड करिया करवावै, तब मुनि क्षमा धर्म मन लावै।।
जे कोय दुष्ट मुनिनको, मारै, ताक्ष्य शस्त्रतैं करि परिहारै।
बांधे तनको खेद न पावै, तिनपर क्षमा धर्म मन लावै।।
अति दुखिया जियको ऋषि जाने, तब मुनि अनुकंपा मन आन।
आपा परको हित उपजावै, तब मुनि क्षमा धर्म मन लावै।।
उत्तम क्षमा धरम सुखदाई, क्षमा धरम सब जियका भाई।
जब मुनिहुपै कष्ट जु आवै, तब मुनि क्षमा धरम मन लावै।।
क्षमा धरमसी ढाल न होई, क्रोध समान प्रहार न कोई।
क्षमा समान न बल अति पावै तातें जती क्षमा वृष भावै।।
क्षमा धरम शिव राह बताई, क्षमा तात माता अरु भाई।
जाते सिद्ध सुखनको पावै ऐसी क्षमा मुनी मन लावै।।

(सोरठा)

क्षमा आभूषण सार, उर में जो पहिरे सही। ते भवसागर पार, जजौं धर्म उत्तम क्षमा।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमक्षमाधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं।

।। इति उत्तम क्षमाधर्म पूजा।।

उत्तम मार्दव धर्मांग पूजा

(पद्धरि छन्द)

मार्दव वृष भाव विचार सोइ, जहां मान भाव दीखे न कोइ।
इहधारी मुनि शिवगामी जानि, मैं जजों थापि मार्दव सुभानि।।

ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्म अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्म अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्म अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अर्थाष्टकम् (मणुवाणानंद की चाल)

क्षीर सम नीर शुद्ध गाल कर लाइये। पात्र सुवरण विषैं धारि गुण गाइये।।
जगतफिरनौ मिटे तासु फलतैं सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वच्छ नीर संग चंदनादि को मिलायजी। शुद्ध गंधयुक्त भक्ति भवतैं चढायजी।।
जगत आताप-हर जानि ता फल सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षतं समुज्जवलं खंड बिन जानिये। सुभग मोता जिसे थाल भरि आनिये।
ध्रौव्य फलदाय मनलाय ध्याऊँ सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

फूल कल्पवृक्षके गंध रंग सारजी। माल गूंथि शुद्धभाव भक्ति कर धारजी।
मदन मद हरन सुफल जानि यातैं सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग रस शुद्ध नैवेद्य मन लाइये। मोदकादि शुद्ध भक्तिभावतैं चढाइये।
धारि स्वर्णपात्र शुद्ध मन वचन तन सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।5।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपरतननमयी नाश तमको करा। कनक पातर विषैं भक्तिभावतैं धरा।।
नाश अज्ञान है तासु फलतैं सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।6।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशगंध शुभ लेय मन मानिये। अगर चंदन सबे मेली शुभ ठानिये।।
अग्नि संग खेइये कम जालन सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।7।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफलादि लौंग पुरी फलादि जानिये। शुद्ध बादाम खारक भले आनिये।।
सिद्ध थानक लहै तासु फलतै सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।8।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरचंदन अखित पुष्प चरु दीप जी। धूप फल अर्धकर भाव शुद्ध टीपजी।।
लोक में फिर, तन धरन मिटि है सही। धर्म मार्दव जजौं शुद्ध शिवदा मही।।9।।
ॐ ह्रीं श्रीउत्तममार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येकार्ध्याणि (चाल मणुयणानन्दीकी)

देव वीतराग सर्वज्ञ तारक सही। दोष अष्टादशों तासु माहीं नहीं।।
नमन तिन पद करै धर्म मार्दव कह्यो। सो जजौं चारि गति मांहि भरमन दह्यो।।1।।
ॐ ह्रीं वीतरागदेवपद नमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीतराग देव कही वानि सो धर्म है। ता सुनै जीव निज हरै भव भर्म है।।
मन वचन काय श्रुतपाद सिरनाय है। सो जजौं धर्म मार्दव सु शिवदाय है।।2।।
ॐ ह्रीं श्री जिनधर्मपद नमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मको सेय तप लेय कर्म जार जी। भये सिद्ध देव तन रहित सुखकार जी।।
लेय इन नाम मन वचन शिरनाय है। सो जजौं धर्म मार्दव सु शिवदाय है।।3।।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धपदनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धारि छत्तीस गुण सरि सुखदाय जी। धर्म तप भाव सों गुप्त धरि भाय जी।।
मान तजि नमन इन पद विषै लाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।4।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यपदनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धारि गुण पांच अरु बीस उवझायजी। और भी अनेक गुण पास तिन थायजी।।
मान तजि इन चरण कायको नाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।5।।
ॐ ह्रीं श्री उपाध्यायपदनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षेत्र अतिशय तहां धर्म को धाय है। नमन बहु जिय करै दैव गुण गाय है।।
मान तजि क्षेत्र शुभ जानि शिर नाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।6।।
ॐ ह्रीं श्री अतिशयक्षेत्र पद नमन-मार्दव धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देव जिनकी सु प्रतिमा अकृत्रिम इसी। रूप द्युति ध्यान मुद्रा कही जिन जिसी।।
मान तजि शीश इन चरण को सुनाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।7।।
ॐ ह्रीं श्री अकृत्रिमजिनचैत्यपद नमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरग थानक विषै देव जिनके सही। रतनमय जैन बिंब बिकर किये है मही।।
मान तजि शीश इन चरणको सु नाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।8।।
ॐ ह्रीं श्री ऊर्ध्वलोकसंबंधी जिनचैत्यनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्योतिषी व्यंतरा थान मध्यलोकजी। बिन किये चैत्य जिन कहे अघ रोकजी।।
मान तजि शीश इन चरण को सु नाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।9।।
ॐ ह्रीं श्री मध्यलोकसंबंधी जिनचैत्यनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भवन देवनि विषै बहुत जिनराय जी। बिम्ब अकृत्रिम कहे सेय तसु पायजी।।
मान तजि शशि इन चरण को सु नाइयो। धर्म मार्दव तासु फल मोक्ष पाइयो।।10।।
ॐ ह्रीं श्री ऊर्ध्वलोकसंबंधीजिनचैत्यनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आदि इन पुज्य थानक बहुत हैं सही। सिद्ध क्षेत्र मोक्ष फलदाय तीरथ मही।।
मान तजि शीश इन चरण को सु नाइयो। धर्म मार्दव सु तासु फल मोक्ष पाइयो।।11।।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धक्षेत्रपदनमन-मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (बेसरी छन्द)

मार्दव धर्म मान को खोवै, ताफल जगत पूज्य फल होवैं।
मार्दव सकल दोष निरवारै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव धरम इन्द्रसुर पूजै, मार्दव धरम भजै अघ धूजै।
मार्दव मान हरे सुखकारै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव धरम महानर ध्यावै, मार्दव धरम हानि नहि पावै।
वह मार्दव वृष शिवथल धरै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव सबको राखै माना, मार्दव सब धरमनि में दाना।
मार्दव धरम जीव जे धारै, ताफल आप तिरै आनि तारै।।

मार्दव धरम सुरग सुख केरा, उपद्रव नाशि हरै भव फेरा।
मार्दव उत्तम पुरुष सु धारै, ताफल आप तिरै आनि तारै।।
मार्दव मोक्षमार्ग को दाता, मार्दव धर्म सकल जग त्राता।
मार्दव वृष गुणवन्ता धारै ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव धरम कल्पतरुभाई, मार्दव मनवांछित फलदाई।
मार्दव धरम मुकुट जो धारै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव धरम कनक में मीना, मार्दव धारि सकै न कमीना।
मान मार मार्दव वृष धारै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।
मार्दव वृष सब धर्म प्रधाना, मार्दव मोह मल्लको हाना।
मार्दव माल पुरुष उरधारै, ताफल आप तिरै अनि तारै।।

(दोहा)

मान मार मार्दव करै, हरै पाप मल सोय। जगत छुड़ावै शिव करै, ते भारक्षक होय।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम मार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम आर्जव धर्म पूजा

(बेसरी छन्द)

जग परपंच रहित जो भावा, सरल चित्त सबतै निरदावा।
तिनको आर्जव भावसु कहियें, सो ह्यां थापि पूजफल लहिये।।

ॐ ह्रीं उत्तमआर्जवधर्म अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं उत्तमआर्जवधर्म अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं उत्तमआर्जवधर्म अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अर्थाष्टकं (बेसरी छन्द)

क्षीर समुद्रका उज्ज्वल नीरा, कनक पियाले घर अति घीरा।
जरा रोग नाशनको भाई, आरजव भाव नमों शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन बावन जल घसि लाया, कनक पात्र में धरि उमगाया।
शोकानल तप नाशन भाई, आरजव धरम जजौं शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत मुक्ताफल से जानो, उज्जवल खंड विवर्जित आनो।
क्षय नहि होय इसीपद दाई, आरजव भाव नमों शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतानं निर्वपामीति स्वाहा।

फूल सुगंध कल्पद्रुम लाया, तथा सुवर्ण रजतमय भाया।
तिनकी माला गुंथिकर लाय, आरजव भाव नमों शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस नैवेद्य करावै, मोदक आदि भक्तितै लावै।
भूख व्याधि नाशनको भाई, आरजव भाव नमों शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतन थालि धरि लीजै मनवचकाय शुद्ध करी लीजै।
घाति अज्ञान ज्ञान दरशाई, आरजव धरम जजै शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अगर जा चंदन भीनी, गंध सहित निज कर में लीनी।
कर्म दहन की अगनि जराई, आरजव भाव नमों शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले नरियल बादाम सुपारी, खारिक लौंग आदि हितकारी।
सिद्ध लोक वांछा मन माही, आरजव धरम जजौं शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत कामारी, चरु दीपक फल धुप विथारी।
अर्घ लेय मनवचतन भाई, आरजव धरम जजौं शिरनाई।।
ॐ ह्रीं श्रीआर्जवधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्ध्याणि (बेसरी छन्द)

गुण छयालीस जहां प्रभु तेरा, अष्टादश तहां दोष न हेरा।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आजब वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री छियालीसगुणसहितजिनचरणमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।।

मुक्त जीव अरहत थूति कीजै, मन वच कूटिल भाव तजि दीजै।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, तो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री मुक्तजीव अरहन्तपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।।

कर्म काटि शिवलोक सिधारें, सिद्ध सुदेव हरौ अध सारे।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

सिद्ध शिला पैतालीस लाखा, योजन विस्तृत जिन वच भाषा।
तत्रस्थि त आतम शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धशिलास्थित मुक्तात्मपदमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

गुण छत्तीस सुधारक सुरा, आचारज सब गुण भरपूरा।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

आचारज सब गुण भरपूरा, आचारादि गुण युत सूरा।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यपदपरोक्षनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

गुण पचीस उवझाय सु माही, ग्यारह अंग चौदह पुरवाहीं।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री उपाध्यायपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

बहु गुण धर उवझाय सु जानो, दूरहितै तिनको चित आनो।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री उपाध्यायपदपरीक्षनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

बीस आठ गुण साधन साधा, सो नहि लहै जगत की बाधा।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री साधुपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

दूरहितै मुनि गुण जु चितारै, मनवचकाया निज वश धारैं।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री साधुपदपरोक्षनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

वरन विहीन सु जिनवर वानी, तिनको सुनि सुख पावै प्रानी।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री जिनमुनिनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

अतिशय क्षेत्र सु तीरथठामा, यात्री गण है कै पूरैं कामा।
तिसथल सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री अतिशयक्षेत्रपद नमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

शिखर सम्मेद आदि सिद्ध थाना, तहँ मुनि लिय शिवकर्म नशाना।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धपदक्षेत्रनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

विगर किये जिनबिंब अनूपा, लक्षण चिन्ह जानि जिन रूपा।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री अकृत्रिमजिनचैत्यपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

कृत्रिम जे जिनबिंब बिराजे, विनय सहित पुनदायक छाजै।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।
ॐ ह्रीं श्री कृत्रिमजिनचैत्यपदनमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

इत्यादिक बहु क्षेत्र सुथाना, पूजनीक तीरथ अघ हाना।
तिनपद सरल भाव शिर नावै, सो आर्जव वृष जजि शिवधावैं।।

ॐ ह्रीं श्री सकलपूज्यस्थानकपद नमनार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

जयमाला (दोहा)

सरल भाव सारै सरस, सुरनर पूज्य महान। तातैं तजनी कुटिलता, आरजव भाव लहान।।

(बेसरी छन्द)

सरल भाव समता उर आनै, सरल भाव औगुन भानै।
आरजव भाव धरैं जो जीवा, तिनने जिनवाणी रस पीवा।।
आरजव भाव धरैं जे प्राणी, तिनके होनहार शिवरानी।
दोष भाग तिनतैं नहिं छीवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरजवभाव अमरपद द्यावै, आरजव में ओगुण नहिं पावै।
कुटिलभाव विष जिन नहिं पोवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरतिको आरजव हो खोवैं, आरजव भाव पापमल धोवै।
रोग शोक ताको नहिं छीवा, और आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरजव शुद्धभाव जिनपाया, तिनने लहि पुन, पाप गमाया।
अनुभव आनन्द तानै छीवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरजवभाव दोष सब खोंवै, आरजव कर्म कालिमा धोवै।
शुद्ध सुभाव सु तानै लीवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरजव भाव सकल को प्यारा, आरजव भाव भ्रमणतैं न्यारा।
तांकों और रुचे न मतीवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।
आरजव सुर शिवके सुख ठांने, आरजव भाव पूर्व अघ भाने।
अद्भुत आपापर झिनकिवा, आरजव भाव धरैं जे जीवा।।

(दोहा)

अन्तरंग निरदोश के, प्रगटै आरजव भाव। जाके फल मरनौं मिटै, छुटै कर्म को दाव।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमआर्जवधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।। इति उत्तम आर्जव धर्म पूजा संपूर्ण।।

उत्तम सत्य धर्म पूजा

(अडिल्ल छन्द)

सत्य सरीसो धर्म जगत में है नहीं, सत्य धरम परभव लहैशिव की मही।

तातैं भव दुख हरण सत्य वृष भाइये, यहां थापि मैं जजौं सत्य मन लाइये।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमसत्यधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमसत्यधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमसत्यधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (त्रिभंगी छन्द)

जो झूंठ विनाशै जग विसवासै, पुण्य प्रकाशै हितदानी।
सब दोष निवारै समता धारै शिवपुर कारै गुण थानी।।

जग आदरकारी मोह निवारी, आनंदधारी जग मानो।

ऐसो सति धर्मा काटत कर्मा, जल से परमा जजि जानो।।

ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सतिसो वृष नाही या जगमाहीं, पूज्य कहाही शिव थानी।
सब औ गुण धौवे पाप बिलोवै, धर्म मिलावै दुख हानी।
पावत शिवनारी मुनिजन प्यारी, सुख करतारी भवि मानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, गंध से परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

या सत्य समानौ रतन न आनौ, सम्यक दानौ शिवकारी।
भवदधिको नावा असुभ गमावा, सरल स्वाभावा दुखहारी।।
सिधलोक नसैनी शिवसुख दैनी, ध्यावत जैनी अमलानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, अक्षत परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सति सो नहिं मिन्ता मिटन चिन्ता, अघ अरहिन्ता जसदाई।
सतिजगत पियारो भव उद्धारो, दुख जलतारो थुति गाई।।
याकौ मुनि ध्यावैं शिवसुख पावै, पाप गमावैं भव हानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, पुष्पं परना जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सति धर्म सु पूजै सब अध धुजै, शिवमग सूजै अधिकाई।
थातै वृष सारा काज संवारा, अशुभ विहारा सिद्धदाई।।
सति सारा नीका सुखदा जीका, शिवमग टीका शुभ आनौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, ले चरु परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सति धर्म उजाला जग का पाला, विभ्रम टाला धर्म करा।
यह ज्ञान उजालै अशुभ सु टालैं, संजम पालै झूंठ हरा।।
सति प्रिति उपावै वैर गमावै, जो थुति लावै उर ज्ञानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, दीपक परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सतिधर्म प्रभावै मुनि शिव जावै, जगजस गावै थुति लाई।
सति धर्म जु मूला अघ-क्षय थूला, झुठ कुसूला दह भाई।।
सत धर्म अनूपा शुभ रस कूपा, पूण्य स्वरूपा मग मानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, धूप जु परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सतिधर्म अभ्यासौ शिवथल वासौ, पाप बिनासौ हितकारी।
गुण ज्ञान बढावै आदर ल्यावै, पुण्य उपावै सति भारी।।
जगमें अति नीका बन्धु जीका, शिवतिय पोका गुणथानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, लेफल परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन नीका अक्षत टीका, फूल चुनीका माल करौ।
चरु दीप सु लाया धूप बनाया, श्रीफल आया अर्घ धरौ।।
उर भक्ति बढाई मुख थुति गाई, सत सब भाई पहिचानौ।
ऐसी सति धर्मा काटत कर्मा, अर्घ्यं परमा जजि जानौ।।
ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येयकार्ध्याणि

(चौपाई)

क्रोध सहित जिय सत नहिं कहै, झूठ वचनतैं अघ शिर लहै।
क्रोध रहित जे वचन प्रमानि, सो सतधर्म चयो जिनवानी॥
ॐ ह्रीं श्री क्रोधातिचाररहित-सत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

लोभ सहित जिय झूठ बखानि, सांच धरम ताकौ नहिं मानि।
लोभ रहित सत धरम सुभाय, सो सन धर्म जजौं थुति गाय॥
ॐ ह्रीं श्री लोभातिचाररहित-सत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

सांच न कहै भीतियुत जीव, बोले असत सु वचन सदीव।
भयतैं रहित सत्य वच भाख, सो सत धर्म करो द्युति लाख॥
ॐ ह्रीं श्री भयातिचाररहित-सत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

हास्य सत्य को नाशनहार, तातैं सहै महा दुख-भार।
हास्य रहित सबधर्म कहाय, सो सतधर्म जजौं थुति गाय॥
ॐ ह्रीं श्री हास्यातिचाररहित-सत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

जिन आज्ञा बिन भाखै बैन, पूर्वपर वच ठोक कहै न।
ऐसे दोष सति रहित भाय, सो सतधर्म जजौ थुति गाय॥
ॐ ह्रीं श्री जिनाज्ञालंघनातिचाररहित-सत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

(गीता छन्द)

जा देश में जिस वस्तु को तिस मानिए सो सति सही।
जिम भात को गुजरात मालवदेश में चोखा कही।।
करनाटमें कूलू कहैं द्राविड़ में चौरु बखानिये।
इमजानि जनपद सत्यको जजि हर्ष उर में आनिये।।

ॐ ह्रीं श्री जनपद-सत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

(अडिल्ल छन्द)

बहु नर ताको कहैंतिसो ही मानिये। रंक नाम लक्ष्मीधर जाही बखानिये।।
तो यह रूढी नाम सत्य संवृत कही। या नयतैं सत जानि जजौं सत वृष सही।।

ॐ ह्रीं श्री संवृतसत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

काहु नर आकार तथा पशु के सही। चित्र काष्ठ में थापि नाम नर पशु कही।।
यह थापन सत भेद शास्त्र में गाइयो। ताकों सत वृष जानि जजौं मन लाइयो।।

ॐ ह्रीं श्री स्थापनसत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जाको जगमें नाम प्रसिद्ध बखानिये। सोई ताको नाम सत्य सो मानिये।।
नाम सत्य सो जानि वानि जिन इम कही। ताको मन वच काय जजौं शुभ सुखमही।।

ॐ ह्रीं श्री नामसत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

पीत श्याम अरु रक्त श्वेत गोरा सही। रूपवान इत्यादि अंग बहुतैं कही।।
रूप सत्य सो जानि कह्यों जिनवानि जी। ऐसी सत्य सु जानि जजौं सुखदायजी।।

ॐ ह्रीं रूपधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

कही वस्तु यह यातैं छोटी है सही। यातैं है यह बड़ी अपेक्षा इमि कही।।
याको नाम प्रतिति सत्य सो जानिये। ताको भी है जजौं भक्ति उर आनिये।।

ॐ ह्रीं श्री अपेक्षासत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

जो नरपति को पुत्र ताहि राजा कहै। सो नैगमनय जानि सत्य तातैं यहै।।
यही सत्य व्योहार जिनेश्वर धुनि कही। मैं जजिहौं कर भक्ति नाय मस्तक सही।।

ॐ ह्रीं श्री व्यवहार-सत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

शक्ति इन्द्रमें इसी लोक उलटा करै। सो तो लोक अनादि उलटि कैसे धरैं।।
पै यह शक्ति अपेक्षा वचन प्रमान है। यह सम्भाव सत्य जजौं स्थिति आन है।

ॐ ह्रीं श्री सम्भावनासत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।

जीव अनन्त अनादि नजर आवै नहीं। द्रव्य अमूर्ती पांच नरक सुरकी मही।।
ये नहि दीखें नयन सूत्र सौं जानिये। भवा सत्य सो जानि जजों मन आनिये।।

ॐ ह्रीं श्री भावसत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

किसी वस्तु की उपमा जाको लाइये। ज्यों दानी नर देख कल्पद्रुम गाइये।।
थाको उपमा सत्य नाम जानौं सही। सो मैं पूजौं भक्ति नाय मस्तक मही।।

ॐ ह्रीं श्री उपमा-सत्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

इत्यादिक बहु भेद सत्य के जानिये। कहे देव जिनराय अपनी वानिये।।
सो मैं मन वच काय शुद्ध थुति गायजी। पूजौ सत्य सुधर्म अरथ कर लाइजी।।

ॐ ह्रीं श्री सत्यधर्मांगाय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला (बेसरी छन्द)

सत्य धरम जग पूज्य बताया, सत्य श्रेष्ठ व्रत जिनधुनि गाया।
सत्य धरम भवदधि को नावा सो सत धर्म जजौं शुध भावा।।
सत्य धरम वर अंग प्रवीना, सत्य धरम ज्यों कंचन मीना।
सत्य धर्म का सबको चाबा, सो सत धर्म जजौं शुभ भावा।।
सत्य धरम का राखनहारा, सत्य धरम मुनिजनको प्यारा।
सत्य शिरोमणि धर्म कहावा, सो सत धर्म जजौं शुभ भावा।।
सत्य समान और नहिं मिंता, सत्य धर्म मेटे भव चिंता।
सत्य करै अघतै निरदावा, सो सत धर्म जजौं शुध भावा।।
सत्य धरम अपयश क्षयकारी, सत्य सुरक्षा करें हमारी।
सतही का सुरनर जस गावा, सो सत धर्म जजौं शुध भावा।।
सत्य सहित सब सार्थक धर्मा, तासौं कटै चिरंतन कर्मा।
सत्य समान और नहिं ठावा, जो सत धर्म जजौं शुध भाव।।
सत्य जगत में पूजा पावै, सत्य धरम शिव राह बतावै।
सत्य जजौं सति धर्म लहावा, सो सत धर्म जजौं शुध भाव।।
धर्म सरोवर में सत नीरा, सत्य धर्म खोवै सब पीरा।
सत्य धर्म सों कुगति न पावा, सो सत धर्म जजौं शुध भाव।।

(दोहा)

सत सागर में जे रमें, ते वृष नायक जोय। जजै धर्म सतको सही, मन वच काय सोय।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमसत्यधर्मांगायं पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति उत्तम सत्य धर्म पूजा।।

उत्तम शौच धर्म पूजा

(बेसरी छन्द)

शौच धर्म पर चाह निवारै, तनतैं हूं ममता निरवारै।

जग वांछा तजि निर्मल भावा, शौच धर्म पूजों कर चावा।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (पद्धरि छन्द)

जल क्षीरसमुद्र को सुभग लाय, धरि कनकपात्र में भक्तिभाय।

तन धरन मिटै वह फल सुजान, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

घसि बावन चंदन नीर आन, अलि गुजत मानों करत गान।

घरि कनकपियाले भक्ति जान, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

उज्ज्वलअखंड शुभ गंध दाय, अक्षतअनूप लखि शशिलजाय।

कनकपात्र विषैं धरि भक्ति आन, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

ले फूल कल्पद्रुम के मनोग, आसक्त भ्रमर थित करत भोग।

तिन गुंधि माल उर भक्ति ठान, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ मोदक आदि अनेक भाय, रसनारजन नैवेद्य लाय।
धरि पुरट थाल में भक्ति ठान, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय क्षुधारोगविनाश्नाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि दीपक वा घृतमय संजोग, मनुनिबिड़मोह तम नाश होय।
अरु ज्ञान प्रकाश करै महान, मैं शौच धर्म जजि हर्ष आन।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ धूप अगरजा गंध लाय, कन धूपायन ताकों खिवाय।
मिश धूम मनों वसुविधि उड़ान, मैं शौचधर्म जजि हर्ष आन।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले फल बिदाम खकर अनूप, अरु पुंगी फल आदिक स्वरूप।
धरि भक्तिभाव मन मांहि सोय, मैं शौच धर्म जजौं शधभाव होय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत वर कुसुम होय, चरू दीप धूप फल सुभग जोय।
कर अरघ धरौं कनपात्र लाय, मैं जजौं शौचवर भक्ति भाय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्याणि

देवके सकल सुख जानि चंचलमयी। आयु पल्य सागर की तुरत ही क्षय गयी।।
जान सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।1।।
ॐ ह्रीं श्री देवसुखवांछा-विहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चाह चक्री तने सुखन को उर नहीं। सहस छिनवै तिया और षट्खंड मही।।
जान सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।2।।
ॐ ह्रीं श्री चक्रिपदभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

खण्ड तिनको जु राज नारि बहु जानिये। चारि विधि सैन सुर नर खगादि मानिये।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।3।।
ॐ ह्रीं श्री नारायणपदभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कामदेव को सुरूप देखि देव मन हरे। भोग वांछित सकल देव सेवा करें।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।4।।
ॐ ह्रीं श्री कामदेवपदभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आठ परकार सपरस विषैं जानिये। द्रव्य क्षेत्रकाल अनुसार भाव मानिये।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।5।।
ॐ ह्रीं श्री स्पर्शनेन्द्रिय-भोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पांच परकार रस जानि शुभ सारजी। भोग वांछे सभी जगत दुखकार जी।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।6।।
ॐ ह्रीं श्री रसनेन्द्रियभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घ्राण इन्द्रियतने गंध दो हैं सही। ताहि अनुकूल पाय जीव साता लही।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।7।।
ॐ ह्रीं श्री घ्राणेन्द्रियभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चक्षु इन्द्रियतने पांच रूप भोग हैं। ताहि चाहें अमर नाहिं तन रोग है।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।8।।
ॐ ह्रीं श्री चक्षुरिन्द्रियभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

राग संगीत इन आदि सुर साजिये। सप्त स्वर भे कर्ण भोग मन राजिये।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।9।।
ॐ ह्रीं श्री कर्णेन्द्रियभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भोग वांछित घने चित्त आधारजी। ताहि सेय सेय जीव सुख लहै अपारजी।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।10।।
ॐ ह्रीं श्री मनवांछतिभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन अशुभ आपको सु चाम मय जानिये। सप्त मल घात पूरित सुधिन आनिये।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।11।।
ॐ ह्रीं श्री तनसम्बन्धीभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतन नवधादि भरपूर घर में सही। कोटि नित दान देते सुक्षय हो नहीं।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।12।।
ॐ ह्रीं श्री धनवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रूप में शची समान नारी घर में घनी। शीश आज्ञा धरै प्रीत रस में सनी।।
जानि सब अथिर उर भाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।13।।
ॐ ह्रीं श्री वनिताभोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कामदेव के समान पुत्र रूप धारजी। विनयवान सर्व बलवन्त तेज सारजी।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।14।।
ॐ ह्रीं श्री भोगवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भ्रात बहु विनय जुत आनि-पालक सही। संग तिन भोग भोगी जीव साता लही।।
जानि सब अथिर उर भाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।15।।
ॐ ह्रीं श्री भ्रातृसुखवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन्त्र दाता विपति मांहि मित्र सारजी। प्रेम अन्तरंग धारि नित्य रहे लारजी।।
जानि सब अथिर उर भाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।16।।
ॐ ह्रीं श्री मित्रानुबन्धवांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मित्र तिय पुत्र सब घरतने दासिया। आदि परिजन सकल और घरवासिया।।
जानि सब अथिर उरभाव निर्मल करै। पूजि शौच धर्म को जु शौच थानक धरै।।17।।
ॐ ह्रीं श्री सकलपरिवाजनानुकारित्ववांछाविहीन-शौचधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

शौच सकल उर सुख करैं, हरै लोभ मद सोइ।
मोक्ष धरै मरनो टरै, ताहि जजैं शिव होई।।
शौच भावतैं पुण्य बड़ोई, कटै पाप जगमें जस होई।
शौच भावसतनको प्यारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।
शौच भाव परचाह निवारै, शौच भाव दुख शोक विड़ारे।
शौच सरवको बड़ा सहारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।
शौच सांच के बड़ा सनेहा, शौच मुनि व्रत की इकदेहा।
शौच भाव मंगल करतारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।

शौच भाव में नांहि कषाया, शौच भाव सब जग का भाया।
शौच धर्म का शरण गहारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।
शौच धर्म को मुनिगण सेवैं, ताफल स्वयं सिद्ध थल लेवैं।
शौच धर्म समता रस धारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।
शौच समान और नहिं मिंता, शौच भाव टारै सब चिंता।
शौच सदासब जियका प्यारा, जजौं शौच यह धर्म हमारा।।

(दोहा)

शौच सार संसार में करै पवित्र जु भाव। तातैं धारों शौच को, भली मिलो यह दाव।।
ॐ ह्रीं उत्तमशौचधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।। इति उत्तम शौच धर्म पूजा।।

उत्तम संयम धर्म पूजा

(अडिल्ल छन्द)

संयम धर्म अनूप दोय विधि जानिये। इक रक्षा षट् काय दया उर आनिये।।
मन इन्द्रिय वश करैं दूसरो संयमा। सो मैं पूजौं थापि लहौं उत्तम रमा।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (बेसरी छन्द)

निर्मल नीर भाव कर भीजै, मन मनोज्ञ बासन धरि लीजै।
जिनकी जन्म मरण गद जावैं, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री *उत्तमसंयमधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।*

चन्दन शीतल भावन भाया, तापर मन भाँवरा जुलुभाया।
जग आताप तासु नशि जावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शालि अखंड अखत ले भाई, शुभ परणति भजान भरवाई।
जो अखंड थानक ले धावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल प्रफुलित भाव सु लीजै, भक्ति तार में माल करीजै।
मदन-वाण-हरि सो बलपावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

भाव अवांछित कर नैवेद्यं, नाना रस मय ले निरखेद्यं।
भूख नाशि चित साता पावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय क्षुधारोगविनाश्नाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यग्ज्ञान दीप करि भाई, शुद्ध भाव भाजन घरबाई।
ताके फल ज्ञान मिटावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म आठ मय धूप करीजै, धरम सु ध्यान अगनि खेवीजै।
ताफल दुष्ट कर्म नाशि जावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम परिणति को फल कीजै, शुद्ध भाव कन थाल धरीजै।
तातैं मनवांछित फल पावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

आठो द्रव्य अमोनिक जानो, प्रासुक भाव सहित हितदानी।
पद अनार्घ्यं तासु फल पावै, सो संयम वृष जजि शिर नावै।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्याणि

(चौपाई)

ताल कूप खाई न खूदाय, भूमिकाय तब दया पलाय।
पृथ्वीकायकीरक्षा होय, संयम धर्म जजो मद खोय।।
ॐ ह्रीं पृथ्वीकायकजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

अनगालो जल बरतै नाहिं, नदी तलाब कुडावै नाहिं।
जलकारिक जिय रक्षाकरै, संयमवृक्ष जजि शिवतिय वरै।।
ॐ ह्रीं जलकायिकजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अगनिजलावन काज न करै, नाहिं बुझावै करुणा धरै।
अगनिकाय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं शुचि होय।।
ॐ ह्रीं अग्निकायकजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

पवन काय की रक्षा सार, पंखा आदि काज नहिं धार।
पवन काय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय।।
ॐ ह्रीं *वायुकायिकजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।*

फूलपात तरू तोड़े नाहिं, वन बागादि लगाये नाहिं।
हरितकाय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं वनस्पतिकायिकजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

इल्लो जोंक गिंडोला जान, बाला आदि जीव पहिचान।
वे-इन्द्रिय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं द्वीन्द्रियजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥6॥

चीटी कुंथला खटमल लोक, जुआ तिबूला जिय करि ठीक।
ते-इन्द्रिय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं त्रीन्द्रियजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥7॥

मक्खी भवरा टीडी जान मच्छर आदि जीव पहिचान।
चउ-इन्द्रिय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं चतुरिन्द्रयजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥8॥

जीव असैनी बहुत प्रकार, जलचर सर्प आदि नर धार।
पंचेन्द्रिय जिय रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं स्पर्शनेन्द्रियविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥9॥

नरसुर नारिक सब जिय संज्ञि, तिर्यक्गति में संज्ञि असंज्ञि।
संज्ञी जिय की रक्षा होय, संयम धर्म जजौं मद खोय॥
ॐ ह्रीं संज्ञीपंचेन्द्रियजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥10॥

सपरस इन्द्रिय विषय निवार, वीतरागता वरतै सार।
नरसुर नारिक सब जिय, तिर्यक्गति में संज्ञि असंज्ञि।
शीत उष्ण उर चाह न होय, संयम धर्म जजौं शुचि होय।।
ॐ ह्रीं असंज्ञीपंचेन्द्रियजीवरक्षणरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

रसनेन्द्रिय पांच भट जान, नित वश भये सकल गुणखान।
रसनेन्द्रिय के वश नहिं होय, संयम धर्म जजौं मद खोय।।
ॐ ह्रीं रसेन्द्रियविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

घ्राणेन्द्रिय के भट दुइ जान, नित प्रसाद जिय दुख लहान।
घ्राणेन्द्रिय के वशि नहिं होय, संयम धर्म जजौं मद खोय।।
ॐ ह्रीं घ्राणेन्द्रियविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

चक्षु विषय भट जानों पांच, ते दुख देय सकल जिय सांच।
चक्षु अक्षयके वशनहिं होय, संयम धर्म जजौं मद खोय।।
ॐ ह्रीं चक्षुरिन्द्रियविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

कर्णेन्द्रिय शुभाशुभ वैन ता वश होय सुरासुर ऐन।
शब्द शुभाशुभ वश नहि होय, संयम धर्म जजौं शुचि होय।।
ॐ ह्रीं कर्णेन्द्रियविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

मनचंचल कपिकी गति जिसौ ताकेवश जगजिय दुखफँसी।
मनके वश कबहूँ नहिं होय, संयम धर्म जजौं मद खोय।।
ॐ ह्रीं मनाविषयवर्जनरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

सब जियमें धरि समता भाव, तप संयम करिवे को चाव।
आरत रोद्र भाव नहिं होय, संयम धर्म जजौं शुचि होय॥
ॐ ह्रीं सामायिकरूपसंयम धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥17॥

जो प्रमादवश संयम जाय, प्रायश्चित ले पुनि थिर थाय।
छेदोत्थापन नामा सोय, संयम धर्म जजौं शुचि होय॥
ॐ ह्रीं छेदोपस्थापनारूपसंयमधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥18॥

दोय कोष नित गमन कराय, तननिहार नहिं बहु रिध पाय।
सो परिहार विशुद्धी जीय, संयम धर्म जजौं शुचि होय॥
ॐ ह्रीं परिहारविशुद्धसंयमधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥19॥

सकल कषाय नाश है जाय, नाम मात्र कछु लोभ रहाय।
सूक्षम सांपराय है सोय, संयम धर्म जजौं शुचि होय॥
ॐ ह्रीं सूक्ष्मसांपरायरूपसंयमधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥20॥

सकल मोह नाशै जिस काल, या उपशमैं मोह जंजाल।
यथाख्यात में रहे न मोह, संयम धर्म जजौं शुचि होय॥
ॐ ह्रीं यथाख्यातरूपरूपसंयमधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥21॥

(अडिल्ल)

इस प्रकार बहुत विधि को संयम जानिये। शिव-सुखदायक होय दया की खानिये।
पूरण मुनि के होय धर्म हितदाय जी। ताहि जजौं मैं अर्घ थकी यश गायजी॥
ॐ ह्रीं *उत्तमसंयमधर्मांगाय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥22॥*

जयमाला (बेसरी छन्द)

संयम सार जगत में भाई। संयम तैं जिय शिव सुख पाई।
संयम सबका राखनहारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम सकल जीव सुखदाई, संयम जगत जीव बड़ भाई।
संयम जगत गुरुनि को प्यारा, संयम है शिरताज हमारा।।
पूरण संयम मुनिजन पावै, संयमतैं ही शिवमग धावै।
संयम अघनाशक असिधारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम मुकुट धर्मधर धारै, संयमतैं विषधर उर हारै।
संयम जामन मरण निवारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम के सब दास बताये, संयम बिना जगत भरमाये।
संयम मोह सुभट को मारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम मन का जीतनहारा, संयम इन्द्रिय रोग निवारा।
पाप बेलिको नाशनहारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम जगविरक्त जिय भावै, संयम का मुनि जन जस गावै।
संयम धर्म बहू अघ जारा, संयम है शिरताज हमारा।।
संयम भवसागर नवका-सी, संयम धरि जिय शिवपुर जासी।
संयम कर्म कलंक निवारा, संयम है शिरताज हमारा।।

(दोहा)

संयम जग का बन्धु है, संयम मात रु तात। संयम भवभव शरण है, नमों 'टेक' अघ जात।।

ॐ ह्रीं उत्तमसंयमधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति उत्तम संयम धर्म पूजा।।

उत्तम तपो धर्म पूजा

(अडिल्ल छन्द)

अन्तर बाहर भेद कहे तप सारजी। दुविध भाव अघहार करन भव पारजी।।
तप बारह परकार कर्म गज केहरी। मैं पूजौं इस थानि जानि नित शुभ घरी।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (चौपाई)

भवजलतरण नाव तप भाव। करि अघनाश जु दैव उछाव।
ऐसो तप निर्मल जल लाय। पूजों जामन मरण नशाव।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

त्रिभुवन में तप तिलक समान। याको मुनि धारैं हित ठान।
तपहर चन्दन सुभग मँगाय। मैं पूजौं भव तप नशि जाय।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

(बेसरी छन्द)

तपपै निरत लखे बहुतेरे, तप को जपें जु साहब मेरे।
ऐसो तप अक्षत शुभ आनो, पूजौं फल अक्षत उपजानो।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

(पद्धरि छन्द)

यह तप त्रिभुवन में पूज्य सार, ह तप नाना मंगल सुधार।
ऐसो तप बहु शुभ फूल लाय, मैं पूजों तसु फलमदन जाय।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

तप सुर वंछे पै नाहिं पाय, तातैं सुर पूजैं तप सुभाय।
ऐसो तप चरू ले भक्ति लाय, मैं पूजौं तसु फल क्षुधा जाय।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय क्षुधारोगविनाश्नाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप कल्पवृक्ष वांछित सुदेई, तप दीप अनोपम तम हरेई।
ता तपको दीपक रतन लाय, मैं पूजों तसु फल ज्ञान पाय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

तपही तैं तीर्थंकर जु होय, तपही तै शिव लहि कर्म खोय।
ऐसो तपको शुभ धूप लाय, मैं पूजौं विधि ईधन जराय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

तप पूजत जगकरि पूज्य होय, तप औषधि दुखगद हरन जोय।
ता तपको बहुविधि फल मंगाय, मैं पूजौं तसु फल शिवलहाय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

तपतैं उर करुणा भाव होय, तप तपैं जगत में पूज्य सोय।
ता तप को उत्तम अर्घ लाय, मैं पूजौं पद अनरघ लहाय।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्ध्याणि

(गीता छन्द)

तप सार जग में भेद बारह भव उदधिको को नाव है।
पाप दाहक तप करन हित साधु मन उच्छाव हैं।
तपदेय सुखदुख दूरि करि है, और कहँ लग गाइये,

इमि जानि पूजौं अर्घ लेकर, तसु फल शिव जाइये।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

(बेसरी छन्द)

जिन गुण सम्पति हैं तप मीता, त्रेसठ वास जिन गीता।
भिन भिन तिथियन में सुखदाई, यह तप अनशन जजिगुणगाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनगुण सम्पत्तितपधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

कर्म क्षपण तपके उपवासा, इकसौ अड़तालिस जिन भासा।
भिन भिन तिथियन में सुखदाई, यह तप अनशन जजि गुण गाई।।
ॐ ह्रीं कर्मक्षपणतपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

(जोगी रासा)

सिंह निक्रीडत तप दिन सौ, अरु जान सतत्तरि भाई।
तिनमें इक सौ जानि पैतालिस, वास कहै सुखदाई।।
बाकी बत्तिस जानि पारणा यह विधि जिन धुनि मांहीं।
यह अनशन तप जान जजौं मैं अर्घ लेय हित ठांहीं।।
ॐ ह्रीं सिंहनिष्क्रीडित तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

भद्र सर्वतो तप के शुभ दिन एक सैकड़ा जानों।
हैं उपवास पचत्तर अद्भुत पारण पचविस मानों।।
इसकी विधि भिनभिन जिनभासी सोतप अनशन गाया।
अघ लेय मैं पूजौं मन वच काय भक्ति युत भाया।।
ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र-*तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।*

महा सर्वत्तो भद्र बडो तप दिन दोसै पौंताली।
इकसौ छिनवै वास कहे जिन पारण गिन नव चाली।।
ताकी विधि जिन शासन में लखि, विधिजुत करता भाई।
यह अनशन तप जानि जजौं मैं, अर्घ लेय हितदाई।।
ॐ ह्रीं महासर्वतोभद्र तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

लघु निष्क्रीडित के दिन जिन धुनि बीसी चारि कहे हैं।
तिन में बीस जु कहे पारणा साठि उपास लहे हैं।।
करने की विधि जिन धुनि में लखि ताको करिये भाई।
यह तप अनशन जानि जजौं मैं अर्घ आनि सुखदाई।।
ॐ ह्रीं लघुनिष्क्रीडित तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

(बेसरी छन्द)
नव पारण उपवास पचीसा दिन चौंतीसा कहे जगदीशा।
मुक्तावलितप विधि जिन गाई, यह अनशन तप जजि सुखदा।।
ॐ ह्रीं मुक्तावली तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

मास मास के छह उपवासा, एक वरष दुइ सत्तरि खासा।
यह कनकावलि विधिश्रुति गाई, यह तप अनशन जजिसुखदाई।।
ॐ ह्रीं कनकावलि-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

सो अनशन पारन उनईसा, इकसौ उनइस दिन शुभ दीसा।
जिन भाषित आचामल भाई, यह अनशन तप जजि सुखदाई।।
ॐ ह्रीं आचाम्ल-*तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।*

चौबिस वारस पारना चौई, सब दिन अड़तालीस गिनोई।
तपजुसदरशनविधि श्रुतजानो, यह अनशन तप जजि सुखदानो।।
ॐ ह्रीं सुदर्शन-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

एक बरष एक वार करंता, उत्तम तप जिनवाणि भणंता।
ताके भेद बहुत हैं भाई, यह अनशन तप जजि सुखदाई।।
ॐ ह्रीं उत्कृष्ट-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

भूख प्रमाण थकी लघु खइये, सो अवमौदर तप बरनईये।
यह तपविधि भूधर पवि माना, सोमैं जजौं अरघ कर आना।।
ॐ ह्रीं अवमौदर्य तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

आज इसीविधि भोजन पइये, तो हम लेय नतर थिर रहिये।
ऐसी विधि प्रतिज्ञा ठानै, सो तप जजौ कर्म गिरि भानै।।
ॐ ह्रीं व्रतपरिसंख्यान-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

त्यागै इक दुंइत्रय रस भाई, चार पांच षट् तजिनहिं खाई।
ऐसो रस परित्याग सु ठानै, सोतप जजौं कर्म गिरि भानै।।
ॐ ह्रीं रसपरित्याग-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

आशन दिढ़ भू सोधि करावै, थिरता भजै सु तन न हिलावै।
शय्यासन तप या विधि ठानै, सो तप जजौं कर्म गिरि भानै।।
ॐ ह्रीं श्रीविधिक्तशय्याशन-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

काय कसैं मन आनन्द पावै, सो तप काय कलेश कहावै।
शोक हरै सुख करै महानो, सो तप जजौं कर्मगिरि भानो।।
ॐ ह्रीं श्रीकायकलेश-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

(अडिल्ल छन्द)
मुनिको जो परमादवशी दूषण लगे। तत्क्षण गुरुपै जाय जु प्रायश्चित मगै।।
जो आचारज दण्ड देय सो लेय ही। तप प्रायश्चित जजौं अरघ शुभ देय ही।।
ॐ ह्रीं श्रीप्राश्चित तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

देव धर्म गुरु और थान जो पूज हैं। तीरथ अतिशय सिद्धक्षेत्र अघधूज हैं।।
तिनकी विनय अनूप करै तजि मानजी। सो तप विनय विचार जजौं शिवदानजी।।
ॐ ह्रीं श्रीविनय-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

जो मुनिको मग चलत तथा तप करत ही। उपजै तनमैं खेद कर्म बलतैं सही।।
तो मुनिको करि पांव चम्पिये जो सुधी। सो तप वैय्यावृत्य जजौं नाशक कुधी।।
ॐ ह्रीं श्री वैय्यावृत्य-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

जिन धुनि वाचै सुनै हरष करि चितवै। धरि जिनकी आम्नाय पाप मलको चवै।।
सो तप है स्वाध्याय ज्ञान उर लावनो। सो यह तप मैं जजौं स्वर्ग सुख पावनो।।
ॐ ह्रीं श्री स्वाध्याय-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

काय ममत को त्याग यतिश्वर तिथि करै। काय त्याग तप धार कर्म अरि मद हरैं।
तप व्युत्सर्ग महान जानि मन भावनो। सो मैं पूजौं अर्घ धारि कर पावनो।।
ॐ ह्रीं श्री व्युत्सर्ग-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

मन वच काया ऐक थान थिरी लाइये। आरत रौद्र कुभाव सबै ढाइये।।
या वपुतैं जिय भिन्न शुद्ध जानै सही। सो तप ध्यान अनूप पूजि लूं शिवमही।।
ॐ ह्रीं श्री ध्यान-तपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

इमि धारि तप के भेद बाहर सकल कर्म विनाशियो।
यह कर्म भूधर नाश कारण वज्रसम जिन भाषियो।।
मैं जीव चाहैं तरन भवदधि, ते लहैं तप सारजी।
हम शक्तिहीन न करसकत, तातैं जजै उर धारजी।।
ॐ ह्रीं उत्तमतपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

जयमाला

दोहा

तप तारैं भव उदधिसों, टारै पाप असाधि। धरैं महा सुख थल विषै, देहै ध्यान समाधि।।
तप ही सार धरम है भाई, तप ही तैं मुनिवर शिव पाई।
सिद्धक्षेत्रजे सिद्ध सजै हैं, ते सब पहिले तपहि भजे हैं।।
तप भव उदधि तरण नवकाया, तपको जस गणधर ने गाया।
ये तप ही जग जिन सुखदाई, तात मात स्वामी तप भाई।।
तपको तो तीर्थंकर ध्यावै, तप बिन मोक्ष कभी नहिं पावैं।
तप शिव महल तनों मंग जानों, तपहीतैं सब कर्म हरानो।।
तप सा तीर्थ और नहिं कोई तप ही तारन सब विधि होई।।
तप शिव वाट दिखावन दीवा, तपहीतैं सुख होय अतीवा।।
तपतैं इन्द्री मन भट हारैं, तप निज बलतैं मौह निवारैं।
तपको कायर जिय नहिं पावै, तपका महत पुरुष उमगावै।।
अविचल तपतैं सुख बहु कोई, तपतै लच्छि अखैं पुनि जोई।
तपतैं खानपान परमाना, तपहीतैं रस बिन सब खाना।।

दिढ़ आसन तनतैं जानों, काय कष्टतैं जिय सुख जानों।
तप ही लगे पाप को धोवै, तपतैं विनय भार उर होवै।।
धरमी काय तनी सुश्रूषा, तप ही करवावै अध-लूसा।
शास्त्र पठन है तप सुखकारा, यातैं होवै वपुतैं न्यारा।।
तप ही मन इन्दिय वश आनै, ध्यान धरत वस कर्म हराने।
यातैं तप लागत्त है प्यारा, शुद्ध भवतैं है अघ छारा।।

(दोहा)

तप मेटत भव तापको, शान्त भाव दिढ़ होय। हरै भरम देवै धरम, सो तप पूजौं लोय।।
ॐ ह्रीं उत्तमतपोधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति तप धर्म पूजा।।

उत्तम त्याग धर्म पूजा

(चौपाई)

त्याग धरम में ममत न कोई, त्याग धरम सुरतरु अवलोंई।
वांछा त्याग धरम में नाहीं, सो वृष थापि जजों इस ठाहीं।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांग! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांग! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांग! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (मणुयणानद की चाल)

नीर शुभ क्षीरदधि सार सो लाइजी। साधु चित तुल्य निर्मल सु मन भायजी।।
कनक झारी भरी भक्ति मन लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय *जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।*

चन्दनादि गन्ध सार नीर में रलाइयो। अमर सौरभ थकी भक्ति भरवाइयो।।
कनक पातर विषैं धार डरवाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुलं समुज्ज्वलैं जु अक्षतं सुहायजी। खण्ड बिन सोहने विलोकि हलषायजी।।
थाल कंचन भरौ भव शुभ लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प नाना प्रकार गन्धजुत सारजी। कल्पवृक्षादि के हेम थाल धारजी।।
माल करि सोंहनी भक्ति उर लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लाय नैवेद्य बिन खेद अति सोहना। मोदकादि सरल सार धार मन मोहना।
स्वर्ण भाजन विषै भक्ति भर लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय क्षुधारोगविनाश्नाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नमय दीप कर ज्योति परकाशिया। मोह अन्धकार तासु तेजतैं विनाशिया।।
हेम थाल धरि भक्ति भाव चित्त लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दश गन्ध की सार सौरभि भरो। चन्दनादि ले कनक धूप-आयन धरी।।
अग्नि संग खेय मिस धूम विधि जाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफलं सु लौंग पुंगीफल जु सारजी। खारका बदाम नारियल सु मनहारजी।।
धारि स्वर्णपात्र में सु भक्ति उर लाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री *उत्तमत्यागधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।*

नीर गन्धाक्षतं पुष्प चरु सारजी। दीप अरु धूप फल अर्घ मनहारजी।।
भक्ति भरजन विषैं धारि चढवाइयो। त्याग धर्म जजौं स्वर्ग शिवदाइयो।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येकार्घ्याणि (चाल- मणुयणानन्दकी)

कामदेव के समान काय सुन्दर धनी। सुभग आकार मनुदेव तनसी बनी।।
जानि पुद्-गलीक जिमि चपल चंचल सही। मोह तजि तासुको सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं तनममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मात रज मेल मिलि कर्म वश थायजी। गर्भं में रह्यो सु मास नव दुख पायजी।।
दूध माँगे बिना न देइ निज मातजी। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं जननीममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बाप बीरज थकी आप मैलो भयो। कालपाय ह्वै जुदा न संग ताको रयो।।
कौन का-को भयो सर्व स्वारथ सही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं पितृममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुत्र रूपवंत पूर्व पुण्यतैं लहाइये। पाप के विपाकतैं सुशीघ्र नशि जाइये।।
मोहवश होय जिय लहै दुखधाम ही। तासु को ममत्व त्याग धर्म पूजि शिव लही।
ॐ ह्रीं पुत्रममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पापा साजि राज काज भाग्यतैं लहाइये। तासु रक्षोपहार में स्व-तन गमाइये।।
भोग परिजन करैं आप श्वभ्र धाम ही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं राज्यममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न सुवरण रजत आदि धन पाइये। घोटका विमान वाहनादि हू लहाइये।।
जानि चपला समान अधिर दुखधाम ही। मोहतजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं घनवाहनादिममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सहन छिनवै तिया जानि अपछर जिसी। विनय भरपूर रूपरंग रंभा जिसी।।
जानि सम्पति सकल पाप विपदा महीं। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं स्त्रीममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

संग परिजन मनो हाट मेलो बनो। धर्मशाला विषैं तीर्थयात्री मनो।।
जानि गृह मोहकी सांकली है सही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिव लही।
ॐ ह्रीं गृहकुटुम्बममत्व-त्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मूल वसु कर्मको कषाय भाव मानिये। तासु के प्रसंग चार योनी में भ्रमानिये।।
सकल संसार का भार यह ही सही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिवलही।।
ॐ ह्रीं कषायभावत्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

राग अरु द्वेष दोय मोह विधितैं बने। तासु वश जीव जग में लहै दु:ख घने।।
पाप पुण्य को प्रसार तासुतैं ही सही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिवलही।।
ॐ ह्रीं रागद्वेषत्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मात सुत नारि धन राज तन सारजी। राग अरू द्वेष सर्व दुःख कर्तार जी।।
पाप पुण्य धारि संसार दु:ख धाम ही। मोह तजि तासु को सु पूजि त्याग शिवलही।।
ॐ ह्रीं ममत्वत्यागधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

त्याग तरण तारण सही, भव सागर में नाव। त्याग बने नहिं देव पै, मनुज लह्यो यह दाव।।

(बेसरी छन्द)

त्याग जोग सबही संसारा, पुद्गल द्रव्य त्याग निरवारा।
त्याग रतन कंचन भंडारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
हाथी घोटक रथ सब त्यागा, साधु आप आतम रस लागा।
मात तात तैं नेह निवारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
त्याग राज बन्धन दु:खदाई, नारि पुत्रतैं नेह तुड़ाई।
अनुभव रस मारग विस्तारा, जो त्यागै सो गुररू हमारा।।
आरत भाव त्यागि दु:खदाई, त्याग योग्य सब मान बड़ाई।
रौद्र ध्यान त्यागै अधिकारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
क्रोध मान छल लोभ गमावै, सो उत्कृष्टा त्याग कहावै।
हास्य शोक भय भव निवारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
मद मत्सर को त्याग कराया, त्याग अरति रति बिसन बताया।
राग द्वेष का तजै प्रसारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
पर में ममत त्यागि के भाई, निज परिणति में प्रीति लगाई।
त्याग पाप परिणति की धारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।
जगतैं विरचि आप रस भीना, तिनने शिवमग नीकै चीना।
त्याग जगत दु:खतैं सिर भारा, जो त्यागै सो गुरू हमारा।।

(सोरठा)

त्याग धरम तप सार, भव भव शरणों मैं गहों। जजौ त्याग भवतार, ता प्रसादतैं शिव लहों।।

ॐ ह्रीं उत्तमत्यागधर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति उत्तम त्यागधर्म पूजा संपूर्ण।।

उत्तम आकिंचन्य धर्म पूजा

(अडिल्ल)

आकिंचन वृष नगन अवस्था है सही। तामें दुविध परिग्रह त्याग सु धुनि कही।।
धन धान्यादिक बाह्य राग अन्तर गिनो। इनतैं रहित सु नगन धरम जजि अघ हनो।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमआकिंचन्यधर्मांग अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमआकिंचन्यधर्मांग अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमआकिंचन्यधर्मांग अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (त्रिभंगी छन्द)

जल लाया नीका सुरतारिणी का उज्ज्वल ठीका धारकरी।
अति गंध सुहाई निर्मल भाई हर्ष बढ़ाई पाप हरी।।
ले कनक सु झारी भक्ति उचारी भव दु:खहारी हाथ लई।
आकिंचन धर्मा जजि शुभ कर्मा दे फल परमा थान सही।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ चन्दन आनी घसि संगपानी गन्ध सुहानी हाथ धरि।
अलि ऊपर आधै लुभावै शुद्ध करावे नेह भरी।।
ऐसी गंध लावो हरष बढाओ ज्ञान जगावो मोक्ष मही।
आकिंचन धर्मा जजि शुभ कर्मा दे फल परमा थान सही।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ अक्षत लाया विमल सुहायो खंडे बिन भाया सुखदाई।
मुक्ताफल जानौ अधिक सुहानो गंध सु थानौ गह भाई।।
ऐसो ले अक्षत जनमन हर्षत भक्ति करत ते शीश नवाई।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

ले फूल सुप्यारा गंध भरारा वर्ण अपारा शोभा घने।
नाना आकारा अलिगण धारा सुरद्रुम सारा जेम ठने।।
ले कुसुम जु आया माल बनाया नेह लगाया भक्ति मयी।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस आने अधिक सुहाने षट् विधि जानै सुखदाई।
शुभ मोदक कोने हाथ सु लीने मधुर भीने चरू लाई।।
धरि कंचन थाला भक्ति विशाला कह गुणमाला ज्ञानमई।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणि दीपक नाना तेज महाना मोह नशाना ज्ञान करा।
धरि कंचन धारी भति उचारी अर्थ अपारी पाप हरा।।
मिथ्या तम धोवै गुणमणि पोवै शिवमग जोवै ज्योतिमयी।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दश गंध मिलाई धूप बनाई अधिक सुहाई सुखकारी।
मलयागिरि डारा अगर सुधारा अलि गुंजारा मद धारी।।
ऐसी करि लीनी धूप नवीनी, भक्ति सुभीनी भावमई।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल लौंग सुपारी श्रीफल भारी, भक्ति भरारी गह आनौं।
फिर लाय बदामा खारिक ठामा, वांछित कामा फल जानौ।।
एसो फल लायो अति हरषायो, मुख गुन गायो पुण्य लही।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन लाया अक्षत भाया फूल मंगाया चरु जु धरी।
ले दीपक धारा धूप अपारा श्री फल धारा अर्घ करी।।
वह द्रव्य जु लाये भक्ति बढ़ाये ज्ञान सु पायें ध्यान लही।
आकिंचन धर्मा जजि शुभकर्मा दे फल परमा थान सही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्याणि (चाल मणुयणानंद की)
स्वर्ग जग है अथिर घ्रौव्य नहिं मानिये। तात माता तिया भ्रात सुत जानिये।।
चक्रवर्ती तने भोग क्षय जायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।1।।
ॐ ह्रीं श्री अनित्यरूपोत्तम-आकिंचन्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आयु पूरन भये शर्ण नहिं कोंय जी। औषधी मन्त्र बल तन्त्र बहु होयजी।।
देव खग शर्न नहिं मर्न दिन आयजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।2।।
ॐ ह्रीं श्री अशरणरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्यतैं प्रीति संसार सो है सही। या थकी राग अरू द्वेष उपजै मही।।
रागरूख चारि गति मांहिं दु:खदायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।3।।
ॐ ह्रीं श्री संसाररूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जीव एकहि फिरै चार गति आपही। एक भोगै सदा पुण्य या पाप ही।।
कोउ नहिं दुसरो आप दुःख पायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।4।।
ॐ ह्रीं श्री एकत्वरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व द्रव्य भिन्न कोई मिले न जानिये। नीर क्षीर के समान जीव देह मानिये।।
जानि इमि साधु निर्ग्रन्थ सुख पायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।5।।
ॐ ह्रीं श्री अन्यत्ररूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देह में पवित्र वस्तु एक नहिं पाय है। सप्त धातू भरी द्वार नौ बहाय है।।
जीव निर्मल महा शुद्ध चेतनायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।6।।
ॐ ह्रीं श्री अशुचिरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जोग मिथ्यात्व अव्रत कषाय जानिये। और परमाद भाव कर्म आठ मानिये।।
त्यागि दुर्भाव साधु शुद्ध रूप ध्यायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।7।।
ॐ ह्रीं श्री आस्रवरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्यतैं विरक्त है जु आपरूप ध्याव ही। राग द्वेष को विहाय शुद्ध तत्त्व पावही।।
भाव संवर यही जानि सुखदाय जी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।8।।
ॐ ह्रीं श्री संवररूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पाप पुण्य भवतैं जु कर्म बन्ध है सही। शुद्धता प्रभाव कर्म जाय निर्जरा लही।।
जानि इस भांति विन राग पद ध्याय जी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।9।।
ॐ ह्रीं श्री निर्जरारूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक नित्य रूप जानि नराकारजी। चार गति घूमि जीव दुःख ले अपार जी।।
लोक को स्वरूप जानि आत्म तत्व ध्यायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।10।
ॐ ह्रीं श्री लोकरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वस्तु को स्वभाव धर्म जीव रक्षा को। दर्श बोध आचरण जु रत्न तीनो सही।।
चार विधि दान अरू धर्म दश ध्यायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।11।।
ॐ ह्रीं श्री धर्मरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गैर वस्तु को जो है सुलभ अपनावना। ज्ञान निधि आपनी न सहजजी लहावना।
ताही पाय साधु शुद्ध आत्मरूप ध्यायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।12।।
ॐ ह्रीं श्री बोधिदुर्लभरूपोत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भ्रात सुत नारि गज घोटकादि भाइ है। दास दासी पिता सुताहि परिजनाइ हैं।।
संग चेतन तजो जानि दुःखदाय जी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।13।।
ॐ ह्रीं श्री चेतनरूपब्रह्मपरित्यागाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न कंचन रजत ठाम वस्तर सही। महल वन बाग बहुग्राम जुत शुभ सही।।
संग निर्जीव छांड़ि रूप ध्याय जी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।14।।
ॐ ह्रीं श्री अचेतनरूपब्रह्मपरिग्रहत्यागाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अंतरंग संग राग आदि अरू द्वेष है। या थकी जीव लहै चार गति क्लेश है।।
जानि यह अंतरंग संग छुड़वायजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।15।।
ॐ ह्रीं श्री अन्तरंगपरिग्रहत्यागाकिंचन्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नग्न रूप धारिके जु संग दुविधा तजै। नेह देहको जु छोडि आप थिरता भजै।
ता प्रसाद भक्ति माहिं ही रहै न आयजी। धर्म आकिंचना पूजि भक्ति भायजी।।16।।

ॐ ह्रीं श्री विविधपरिग्रहत्यागाकिंचन्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

आकिंचन इस जीव को, मिल्यो न शिवमग पाय। अब मैं पूजों नगनपद, फल यह मोह मिटाय।

(बेसरी छन्द)

आकिंचन वृष दुर्धर जानो, याकों धारि सकै न अयानो।
ज्ञानी तो यामैं रुक जावै, वीतराग ह्वै धरम निभावै।।
वांछा रोग जासु उर नाहीं, सो आकिंचन धरम धराई।
विषय भिखारी जीव न पावै, वीतराग ह्वै धरम निभावै।।
आकिंचन जगत जिस प्यारा, जो धारै सो गुरू हमारा।
परिग्रहधारी ताहि न पावै, वीतराग ह्वै धरम निभावै।।
आकिंचन इन्द्रसुर सेवै, ता प्रसाद निज आतम बैवैं।
लोभी जन यातैं डरि जावैं, वीतराग ह्वै धरम निभावै।।
आकिंचन वृष मोह निधाना, याहीतैं ह्वै केवल ज्ञाना।
तन धन रंचक याहि न पावै, वीतराग ह्वै धर्म निभावै।।
आकिंचन हाथी का भारा, विषयी जीव सुसा किम धारा।
रागी नाम सुन मुरझावै, वीतराग ह्वै धरम निभावै।।
आकिंचन्य धरम गढ नीका, ता बलध्रोव्यराज ह्वै जोका।
हम या व्रत को शीशनवावैं, साधूजन गहि शिवपुर जावैं।।

(दोहा)

आकिंचन जो आदरे, शिव पहुंचावै सार। और सकलकर्मनि लटैं, इमि लखि गहु वृषसार।।

आकिंचन को सेवतैं, नशै करम बट मार। पूजौं मैं आकिंचना, ज्यों पाऊँ भव पार।।

ॐ ह्रीं श्री आकिंचन्य-धर्मांगाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।।इति उत्तम आकिंचन्य धर्म पूजा संपूर्ण।।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पूजा

(अडिल्ल छन्द)

नारि देव नरपशू काष्ठ चित्राम की, ब्रह्मचर्य व्रतधारिनके नहिं काम की।

मनवचकाय मात सुता भगिनी गिने, ऐसोव्रत ब्रह्मचर्य पूजि हम अध हनै।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांग ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांग ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांग ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकम् (त्रिभंगी छन्द)

ले निर्मल पानी अति सुखदानी, उज्जवल आनी गंग तनौं।

धरि कनक सुझारी भन हरकारी, निज करधारी हरष ठनौं।।

करि भक्ति सुलाऊँ अति गुण गाऊँ, पुण्य बढाऊं सुखदाई।

जजि ब्रह्म सुचारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।1।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

ले बावन चंदन दाह निकंदन, अगर घिसन्दन नीर करी।
तिस गंध लुभाया षट्पद आया, गुंज कराया हर्ष धरी।।
शुभ गंध मंगायो पात्र धरायो, बहु महकायो सुखदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।2।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

ले अक्षत चोखे लखि निरदोखे, उज्जवल धोके हित धारी।
मुक्ताफल जैसे गंधित तैसे, दीरघ जैसे जो भारी।।
निर्मलजु अखंडितसौरभ मंडित, शशिपद खंडित सुखदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।3।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बहु फूल जु लाया गंध लुभाया, रंग सुहाया सुखखानी।
तसु माल बनाई सुभंग सुहाई, अलिगण भाई मनमानी।।
मैं निज कर लायो हरष बढायो, जिन गुण गायो सुखदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।4।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य सु नीका रस जुत ठीका, सुखदा जीका गुण थानो।
करि मोदक लाया मधुर सुहाया, थाल भराया थुति गानो।।
जिन अग्र चढाऊं मुख गुण गाऊं, अति हरषाऊं सुख पाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।5।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिदीपक करि या तिमिरसु हरिया, ज्योतिसु धरिया तेजखरा।
धरि थाल सु लाया हरष बढाया, अतिगुण गाया नेह धरा।।
मैं करौं आरति गाय भारती, धर्म सारथी शिवदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।6।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

करि धूप पियारी दशविधि धारि, गंध अपारी मनमानी।
शुभ चंदन डारा अगर अपारा, द्रव्य सु प्यारा बहु आनी।।
अपने कर लाया नेह लगाया, अगनि जराया जस गाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।7।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले लौंग बदामा श्रीफल कामा, खारिक ठामा हम लाये।
पुंगीफल आदि बहुफल स्वाद भक्ति अराधी सुख पाये।।
भरि थाल अपारा शिव फलकारा, पाप विडारा सुखदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।8।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन लाया अखत सु भाया, फूल मिलाया गंध भारी।
चरू दीपक आनो धूप दहानो, फल अधिकानो शिवकारी।।
वसु द्रव्य मंगाई अर्घ बनाई, भक्ति बढ़ाई शिवदाई।
जजि ब्रह्म जु चारी वर शिवनारी, आनंदकारी थिर थाई।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्याणि

तिया वस तहँ वा न कीजै, अपना शील भाव रखि लीजै।
सकल नारि जननी सम जोवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं श्री स्त्रीसहवास-वर्जनोत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

नारी तन रति भाव न देखै, हाव भाव विभ्रम नहिं पेखैं।
शील धर्मतैं निज सुख जोवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं श्री मनोहरांगनिरीक्षण-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

राग वचन कबहुँ नहि बोलै, निज वच निज वाणी सम तोलै।
राग वचन सूँ प्रीति न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं रागवचन-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

पूरव भोग किये न चितारै, सो ही शील भाव उर धारै।
राग भाव तजि नित रस जोवे, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं श्री पूर्वभोगानुस्मरण-वर्जनोत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

काम उदीपक अशन न खावै, षटरस माहिं न जिय ललचावै।
निशदिन शील भावना होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं श्री वृष्येष्टरसवर्जनोत्तमब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

तन श्रृंगार नहिं मन भावें, भूषित देखि नहिं हरषावै।
शीलभरण विभूषित होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै॥
ॐ ह्रीं श्री स्वशरीर-संस्कार-वर्जनोत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥6॥

नारी की शय्या नहिं पौढे, कपड़ा नारी तनी नहिं ओढै।
शील विरत ताके दिढ़ होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री स्त्रीशय्यासन-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

कबहूं न काम कथा न मन आई, विकथा काननतैं न सुनाई।
ताके मदन चाह नहिं होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री काम-कथा-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

पूरण उदर अशन नहिं खावै, ऊनोदर में चित्त रमावै।
शील पालना ताके होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री उदयपूर्णाशन-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

नवधा शील धरै जो कोई, ताके ब्रह्मचर्यव्रत होई।
इस व्रत तै भव तरनो होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री नवधाशील-पालनोत्तमब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

कामदेव वश तन तप होई, जिमि तरू होय तुषा दसोई।
यह शोषण शर काम न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री शोषणकामबाण-वर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

कामबाण जाके मन माही, मन संताप रहै अधिकाई।
काम बाण संताप न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री संतापकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

काम वाण उच्चाट कराव रहै, उदास कछू न सुहावै।
उच्चाटन शर काम न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री उच्चाटनकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

कामीजन को काम सतावै, ता वश ताहि न कछू सुहावै।
वशीकरण शर बाण न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री वशीकरणकामबाणवर्जनोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

कामदेवतै गहल जुहोई, सुधिबुधि ताहि रहै नहिं कोई।
सो मोहन शर काम न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री मोहनकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

ये शर काम कहे लौक का, सबतै बडौ माह रिपु जी का।
जहँ ये पांच वाण नहिं होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री पंचप्रकारकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

रूप तियाको लखिमुलकावै वृथा पाप शिर माहिं चढ़ावै।
ये शर ताके मांहि न होवैं, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री मुलकनकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

बार बार तिय देखन चाहै, जाके उर अवलोकन दाहै।
जाके उर यह सर नहिं होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री अवलोकनकामबाणवर्जनोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

ये चाहै पैताहि न भावै, हास्य वचन कहि ताहि रिझावै।
यह शर काम तहां नहिं होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री हास्यकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

परगट वचन कहन नहिं पावै, सैन करैं तिय जिय ललचावै।
जाके यह शर काम न होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री इंगितचेष्टावर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य-धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

कामदेव जब अधिक सतावै, मिलै तिया नहिं प्राण गवावै।
ये शर कामजहां नहिं होवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री मारणकामबाणवर्जनोत्तम-ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

दशविधि कामबाण नशि जाई, शील बाड़ि पाले नवधाई।
सो जिय शिवसुंदरि कों जोवै, ब्रह्मचर्य जजि सब अघ खोवै।।
ॐ ह्रीं श्री शुद्धब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

दोहा

शील शिरोमणि जगत में, सकल धरम शिरमौर। शिवकर अघहर पुण्यभर, जजौ शील गुण ठौर।
शील सिद्ध थलका मग जानो, शील सुरग सरिता मन आनो।
शील भावतै अध नशि जाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
शील मनुज भव में ही गाया, नहिं निजजन्म सुफल करि भाया।
शील समुद्र संसार तराई, सांचा धर्म शील है भाई।।
शील सहाय करे जग जाकी, सुननर सेव करत हैं ताकी।

ताको नाम लेत दुख जाई, सांचा धरम शील है भाई।।
शीत सती सीता ने धारै, अग्निकुण्ड शीतल करि डारौ।
शील प्रभाव जगत पुजवाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
शील सती द्रोपदि ने धारौ, ता फल कीचक भीम विदारौ।
भूप हरी पूछै आई, सांचा धरम शील है भाई।।
शील सती नीली मन आनौ, सुरनर पूज भई जग जानौ।
दोष सकल जातैं नशि जाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
शील गुणवती कन्या लीनों, ताको देव सहाय जु कीनों।
शील विरततैं सुरगति पाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
शील सती सोमा ने धारा, ताफल सर्प भयो मणि-हारा।
जग जस ले सुरलोक सिधाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
सेठ सुदर्शन यह व्रत कीनो, पुण्य प्रताप सुयश जग लीनो।
शील सुरेन्द्र सिद्ध पद दाई, सांचा धर्म शील है भाई।।
ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय जयमाला

धरम जगत में सार, उत्तम क्षमा जु आदि दे। भवदधि तारनहार, नमों धरम दशलक्षिणी।।
क्षमा धरम सब जग में आला, निज परिणति को है रखवाला।
क्षमा रतन गुण रतन भंडारी, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
मार्दव धरम सकल गुण वृन्दा, मान विहडन शिवसुख कंदा।
मार्दव गुणतै विनय प्रसारे, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
आर्जवरीति सकल सुखदानी, सरल स्वभाव कुटिलता हानी।
आर्जव शिवपुर पंथ सहारों, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
सत्य धरम सम सार न कोई, सत्य धरम निज भाषित होई।

सत्य सकल संतनिकूं प्यारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
शौच धरम निर्मलता होई, शौच धरम सब विधि मल खोई।
शौच धरम शिवमंदिर द्वारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
संयम मन इन्द्रियवश लावे, त्रस थावर के प्राण रखावे।
संयम भाव सदा उर धारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
तप सब आशा पाशी तोरै, कर्म अनादि बंधको छोरै
तप जलतैं ह्वै अघ मल न्यारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
त्याग पाप मल धोवनहारा, त्याग धरम उर करै उजारा।
त्याग भावतैं कर्म निवारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
नगन मोक्ष का बड़ा निशाना, नगन बिना नाहीं शिवथाना।
आकिंचन वृष नगन विचारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
ब्रह्मचर्य शिवनारी मिलावै, ता बिन जीव जगत भरमावै।
ब्रह्मचर्य ह्वै थिर मन धारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।
ऐसे दश विधि धरम पियारा, जन्म-रोग-हर औषधि सारा।
'टेक' धरम निजपर निरवारो, मोकूं भवसागर तैं तारो।।

(दोहा)

आतम अवलोकन धरम, दशविधि धरि मनलाय। जल फलादि वसु द्रव्यतैं, धरम जजौं हरषाय।।
दशविधि धरम उपायकै, भवसागर तिरि जाय। मनवांछा मेरी यही, भव भव होय सहाय।।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिब्रह्मचर्यपर्यंतदशलक्षणधर्मांगपूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फिर 109 जाप्य देकर आरती करके शान्ति विसर्जन करें।
।।इति दशलक्षण मण्डल विधान।।

ॐ

श्री लब्धि विधान(श्री कवि चन्द्र कृत)

श्री वर्द्धमान पूजा

(छंद-पद्धरि)

वर्द्धमान महावीर वीर अति वीर हो, सन्मति पंच जु नाम सुगुण गंभीर हो।
ज्ञान लब्धि नव हेत करूं यहां थापना, मम उर तिष्ठो आय देहु गुण आपना।।

ॐ ह्रीं अर्हन् पंचनामांकित परम देवाधिदेव श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं अर्हन् पंचनामांकित परम देवाधिदेव श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं अर्हन् पंचनामांकित परम देवाधिदेव श्री वर्द्धमान जिनेन्द्र अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (छन्द-हीरक)

तीर्थोदय शुचि ल्याइयो, मणि भृंग भराई। जन्म जरा मृत नाशने, त्रय धार चढ़ाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।

ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन बावन पावनो, करपूर घसाई। भव तप नाशन कारनै, लायो हरषाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।

ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्दु कुदंदद्युति को हरै, मुक्त सम थाई। अक्षत हाटक थाल भरि, तब अग्र धराई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

चंपा जूही केतकी बहु, सुमन सुहाई। स्वर्ण थाल लाइयो, सर मदन पलाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्रकला खाजा लहे, घेवर रस पाई। क्षुधा हरै मन शुचि करे, कनथाल भराई।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाश्नाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न दीप उद्योत तें, दश दिशिछवि छाई। करूं आरती जासतें, अज्ञान नशाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांगी खेय के, सब दिशि महकाई। अष्ट करम ईंधन जरे, तसु धूम उड़ाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग इलायची, बहु विधि सुखदाई। मोक्षमहाफल कारणै, तब भेट कराई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल आदिक वसु द्रव्य ले, शुभ अर्घ सजाई। जय जय जय जिन गाय के, बादित्र बजाई।।
नवों लब्धि मोहि दीजिये, सन्मति जिनराई। पूजों मन वच कायतें, मोह मल्ल हराई।
ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

दान लाभ अरु भोग, पुनि उपभोग सु पाइयो। वीर्य अनंत सुयोग, दंशण केवल थाइयो।।1।।
क्षायक सम्यकपाय, क्षायक चारि जिनत लह्यो। पूजों अर्घ चढाय, जोरि जुगल शिर नयो।।3।।

दान लब्धि पूजा

(दोहा)

अंतराय विधि अंत कर, दान लब्धि प्रगटाय। नमूं जास पद शीश धर, जजों थापि हरषाय।।
ॐ ह्रीं परम ब्रह्म परमेश्वर दान लब्धि धारक जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं परम ब्रह्म परमेश्वर दान लब्धि धारक जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं परम ब्रह्म परमेश्वर दान लब्धि धारक जिनेन्द्र अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(सोरठा)

उज्जवल वारि सुधार, कंचन भृंग भराइया। जन्म जरा मृत्यु हार, दान लब्धिधर जिन जजों।।
ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चंदन सार घसाय, कनक कटोरी में धरूं। भव आताप नशाय, दान लब्धिधर जिन जजों।।
ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

तन्दुल श्वेत अनूप, स्वर्ण थाल भर लाइयो। देहु अक्षय पद भूप, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

कुंद गुलाब मंगाय, सुर तरु सुमन सुहावने। बाण मनोज हराय, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

षटरस युक्त बनाय, नेवज बहु विधि पाइया। जजूं क्षुधा हर राय, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

माणक दीप सुहाय, स्वर्ण रकाबी धारिया। मिथ्या-ध्वांत नशाय, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

धूप सुगंध बनाय, धूपायन में खेइयो। आठों कर्म जराय, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

श्रीफल लोंग अनार, पुंगी पिस्तादि सबें। शिवफल दाय निहार, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधादिक सार, वसु विधि अर्घ बनाइया। आवागमन निवार, दान लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं दानलब्धिधारकजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (छंद-चौपाई)

सप्त व्यसन मिथ्यात्व महान, ये ही महापाप की खान।
इनको निराकरण उपदेश, दान लब्धि धर जजों जिनेश।।

ॐ ह्रीं मिथ्यात्वादिसप्तव्यसन निराकरण उपदेश दानलब्धिधारकाय भगवत्-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

धर्म विषैं सम्मुख करतार, दे उपदेश भये भवपार।
ऐसी दान ऋद्धि धर देव, अर्घ चढ़ाय जजूं शुभ भेव।।

ॐ ह्रीं धर्मसम्मुखीकरण उपदेशकजिनेन्द्राय दानलब्धिधारकाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

पंच अणुव्रत हैं सुख खान, सो उपदेशक शक्ति महान।
अणुव्रत उपदेशन गुण धार, जजों दानऋषि भेद विचार।।

ॐ ह्रीं अणुव्रतोपदेशधारकाय दानलब्धिप्राप्ताय जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

महाव्रत पंच तणों उपदेश, दान ऋद्धि को भेद विशेष।
मुनिव्रत उपदेशन जिनराय, जजों चरण द्वय अर्घ चढ़ाय।।

ॐ ह्रीं महाव्रत उपदेशधारकाय दानलब्धिप्राप्ताय जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

यथाख्यात चारित्र प्रधान, ताको ही उपदेश महान्।
धरत दान ऋधिको यह भेद, सो जिन जजों हरो भव खेद।।

ॐ ह्रीं यथाख्यात चारित्रोपदेशधारकाय दानलब्धिप्राप्ताय जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

स्थविर कल्प मुनि धर्म बखान, दान ऋद्धिको भेद सुजान।
या धारक जिन गुण गंभीर, जजों चरण मेटो भव पीर।।
ॐ ह्रीं स्थविरकल्पमुनिधर्मोपदेशप्राप्ताय भगवत् जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

मुनि जिनकल्प तणों जो धर्म, सोउपदेश दियो शिव शर्म।
दान ऋद्धि धर यह जिनराय, सो मैं जजूं भावना भाय।।
ॐ ह्रीं जिनकल्पमुनि धर्मोपदेशप्राप्ताय भगवत् जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

शुद्धात्मैक ध्यान से लीन, होने को उपदेश सु कीन।
दानलब्धि का भेद निहार, या धारक जिन नमि दुख टार।।
ॐ ह्रीं शुद्धात्मधर्मोपदेशप्राप्ताय भगवत् जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

शुद्धातम पद प्रापति हेत, उपदेश्यो व्रत अर्थ समेत।
दान ऋद्धि जो है अविकार, पूजूं पूरण अर्घ उतार।।
ॐ ह्रीं शुद्धात्मप प्राप्त्यर्थ उपदेशधारकाय भगवत् जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला(दोहा)

अभय दान सबको दियो, परमातम पद पाय। दान लब्धि के हेतु मैं, नमि जयमाल सु गाय।।

छंद (मोतियदाम)

नमोनित वीर जिनेश्वर पाय, नमैं नित आय सुरासुर राय।
सुनी तब वीर जिनेश्वर राय, नमैं नित आय सुरासुर धाय।।1।।
मुनीन्द्र गणेन्द्र करै गुणगान, लहै तब मुक्ति रमा अमलान।
अहो जिन केवल रूप अनूप, तुही जग में शिव लायक भूप।।2।।

तुही दुख नाशन शासन शुद्ध, अलोभ अमान अशल्य अक्रुद्ध।
अराग अरूप अमूरति संत, अदोष अखंड सदा जयवंत।।3।।
जगत्त्रय शासन भाषक ज्ञान, हन्यो जिनने जग जीव अज्ञान।
जपूं गुण धार हिये शुचि सार, प्रभो हमको भवसागर तार।।4।।

दोहा

अष्ट द्रव्यकर धार के, आयो तुम दरबार। 'चन्द्र' मिथ्यात निवारिसो, पूजों अर्घ उतार।।
ॐ ह्रीं दान लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

दान लब्धि पूजा करे, जो नर मन वच काय। शक्र चक्र सुख भोगके, लहे मोक्ष थल जाय।।
।।इत्याशीर्वादः।।

लाभ लब्धि पूजा

(दोहा)

लाभ लब्धि नव भेद हैं, ता धारक जिनराय। आह्वानन विधि ठानके, जजों थापि हरषाय।।
ॐ ह्रीं लाभलब्धिधारक भगवत् जिनेन्द्र अत्रवतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं लाभलब्धिधारक भगवत् जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं लाभलब्धिधारक भगवत् जिनेन्द्र अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(सोरठा)

पद्म द्रहै को नीर, भर झारी त्रय धार दे। नशै जन्म मृत पीर, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।
ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चंदन घसि घनसार, कुंकुम रंग मिलाइया। भव आताप निवार, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

शालि अखंड विशाल, रत्न थाल भर लाइयो। देहु अक्षय सुखहाल, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

सुमन सुगंध अपार, पारिजात मंदार है। बाण मनोज प्रहार, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

मोदक खाजे धार, ताजे सरस बनाइया। क्षुधा वेदनी टार, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दीप प्रकाश महान, कनक रकाबी धारिये। नाशै तिमिर अज्ञान, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

चंदन अगर कपूर, स्वर्ण धुपायन में भरे। अष्ट करम कर चूर, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

पुंगी खारक लाय, लोंग जायफल श्रीफला। शिवफल हेत चढ़ाय, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जल गंधादि मिलाय, अरघ धारकर शिर नवों। आवागमन मिटाय, लाभ लब्धिधर जिन जजों।।

ॐ ह्रीं लाभ लब्धि धारकाय भगवत् जिनेन्द्राये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥9॥

प्रत्येक अर्घ (चौपाई)

सहित मिथ्यात कषाय महान। अनंतानुबंधी चव हान।
उपशम सम्यकमिथ्यातकराय। सम्यकप्रकृति को उपशम धाय॥
यह लब्धी शुभ लाभ मझार। क्षयोपशम तासु नाम निहार।
ता धारक जिनवर अविकार। जजूं चर्ण जुग अष्ट प्रकार॥
ॐ ह्रीं क्षयोपशम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

सर्वोत्कृष्ट सुमन वच काय। योग राग अरु द्वेष तजाय।
सप्त प्रकृति क्षय करि समभाव। लब्धिविशुद्ध जजू धर चाव॥
ॐ ह्रीं विशुद्धि लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

सप्त तत्व नव पद षट् दर्व। पंचासतीकाय ये सर्व।
इन स्वरूप गुरूमुख उपदेश। ग्रहण देशनालब्धि जिनेश॥
लाभमाहिं यह भेद विचार। जजूं जलादि द्रव्य भरिथार।
हे करुणानिधि भवदधि तार। शरणलह्यो लखि अधम उधार॥
ॐ ह्रीं देशना लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

आर्य क्षेत्र मानुष भव पाय। पुरुषलिंग भवि भाव जु थाय।
मन वच काय योग उत्कृष्ट। ता प्रभाव ता काल वशिष्ट॥
कर्म मोहादिक स्थिति बिनु आप। कोटाकोटी अंत दधि धाय।
बंधप्रदेश बंध थिति जान। यह जुग तिष्ठत है तिहि थान॥
सोही नाम लब्धि प्रायोग्य। लाभ माहिं यह भेद मनोग्य।
ता धारक जिनवर भव हार। पूजूं द्रव्य जलादिक धार॥
ॐ ह्रीं प्रायोग्य नाम *लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥*

क्षायक सम्यक् की उतपत्ति। क्षायक भाव सु कारण सत्य।
करणलब्धि ये लाभ सु जान। सो धर जिनपूजूं मद हान।।

ॐ ह्रीं कर्ण लब्धि प्राप्ताय सम्यक् भावाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

काल अनादि समंधी भाव। औदयिकादिक जीव लहाव।
अधः करण सो लब्धि महान। पाई जिन पर जजि सुख खान।।

ॐ ह्रीं अधः कारण लब्धि धारकाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

नरक निगोदादिक भव मांहि। चहुँ गति भ्रम तन भाव धराहिं।
सो अपूर्व जिन भाव लभंत। लब्धि अपूरव कर्ण यजंत।।

ॐ ह्रीं अपूर्व करण लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

क्षायिक सम्यक्तादि सु भाव। वर्तमान सो नाहिं चलाव।
अनिवृतिकरण सु लब्धि धरंत। पूजूं शीश नाय अर्हंत।।

ॐ ह्रीं अनिवृत्तिकरणनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सर्वोत्कृष्ट भाव अमलान। निश्चै परमातम को ध्यान।
ये अधिकरण लब्धि सो पाय। तिन पद पूजूं मनवचकाय।।

ॐ ह्रीं अधिकरण नाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला (दोहा)

च्यार घाति हनिपाइयो, केवल ज्ञान अनंत। लाभ लब्धि के हेत में, नमि जय माल कहंत।।

(छन्द लक्ष्मीधरा)

जयति जिन देव तुम सेव शक्री करै। नमन मुनि ईश पद शीश चक्री धरै।

दर्श करि आज आनंद मैं पाइयो। मानु चिंतामणी रंक कर आइयो।।
जयति अजरामरा बुद्ध शिव शंकरा। क्रोध मद मोह दल काम माया हरा।।
अष्ट गुण पाइया लोक त्रय धाइया। सिद्ध पद पाय के नाहि जग आईया।।
नाथ अरजी सुनो दुःख मेरो हनो। तारिये तार अब दास लखि आपनो।।
और कछु ना चहूँ जोलों शिव ना लहूँ। तोलों निज सेव मुझ दीजिये यह कहूँ।।

दोहा

उदकादिक वसु द्रव्य ले, कंचन थाल भराय। मन वच तन पूजा करूं, ''चन्द'' मुक्ति बकसाय।।

सोरठा

जो पूजै सागार, लाभलब्धिधर जिनवरा। सो सुर नर पदधार, शिव थल जावै दुखहरा।।

भोग लब्धि पूजा (अडिल्ल)

भोग विषै विधि अंतराय जो है सही। ताहि नाश जिन भोग लब्धि सुखदा लही।
मो मन तिष्ठो आय करूं यहां स्थापना। आह्वानन विधि ठानि जान हित आपना।।
ॐ ह्रीं अर्हन् श्री परम ब्रह्म अनन्त भोग लब्धि धारक जिन अत्रावतरावतार संवौष्ट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्धिकरणम्।

अष्टक (सोरठा)

शीतल निरमल नीर, भर मणि झारी धार दे। हरो जनम मृत पीर, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।
ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चन्दन केसर सार, कनक कटोरी में भरूं। भव आताप निवार, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।
ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अक्षत उज्ज्वल लाय, इन्दु कुन्द से मनहरा। परम अखय पद दाय, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

पुष्प अनेक मंगाय, मन सुख दायक पावने। मनमथ पीर हराय, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

ताजा तुरत बनाय, फीणी गुंजा मन हरै। भरि कन थाल चढाय, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दीप जोति तम हार, रत्न थाल भर लाईया। मिथ्या मोह बिडार, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

देवरदा करपूर, धूप सुगन्ध सुहावनी। खेऊं वसुविधि चूर, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

एला लोंग बिदाम, मिष्ट सुष्ट रस तें भरे। शिव फलदाय लखाय, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जल फल आदि मलाय, उत्तम अर्घ बनाइया। भव दधि पार लगाय, भोग लब्धिधर जिन जजूं।।

ॐ ह्रीं भोग लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (अडिल्ल छन्द)

मोह कर्म की प्रकृति सात मिथ्यात है। ता उपशमतें उपशमसम्यक पात है।।
ताहि यथावत श्रद्ध भुंजयन्ते जिना। भोग लब्धि के हेतु जजूं मैं निश दिना।।

ॐ ह्रीं प्रथमा भोगनामलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

क्रोध लोभ छल माल अप्रत्याखान है। उपशमात दृग सहित देश व्रत ठान है।।
भुंजयन्ति सा भोग भाव लब्धी यही। पूजूं अर्घ चढाय देहु शिवकी मही।।

ॐ ह्रीं द्वितीया भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अप्रत्याख्यान क्रोधादि चतुष्कं क्षिपाय है। मुनिव्रत धारण शक्त भई सुखदाय हैं।।
सदा लब्धि यह धरत भोग अविकार है। तिनके पद नित जजूं अर्घ भरि थार है।।

ॐ ह्रीं तृतीया भोगनामलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।

पंदरह भेद प्रमाद रहित परिणाम है। अंतर-महुरत शुद्ध रहै इक ठाम है।।
ऐसे भाव विशुद्ध भोग लब्धी धरी। जिन पद पूजूं सार मोह ममता हरी।।

ॐ ह्रीं चतुर्थी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

पूरव भव परिणाम शुक्ल नाहीं भये। ते अपूर्व परिणाम सु क्षायिक भाव ये।।
भुंजयंति सो भोग लब्धि धर जिनवरा। जजूं अर्घ करधार मोक्ष लक्ष्मी करा।।

ॐ ह्रीं पंचमी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जे अष्टम गुणस्थान लब्धि भावातमा। ते अच्युवन करणे सु अनिवृति गुणसमा।।
भुक्ति भोग की लब्धि धरै जिनराज जी। नमूं जन्म दुखमेट सुधारो काजजी।।

ॐ ह्रीं षष्ठी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

मोक्षतणी अभिलाष भाव बरते सही। सो संज्वलन कषाय उदय ही तैं रही।
ऐसे भाव जु भोग भोगलब्धी धरै। जिन पद जजूं अबार सकल कारज सरै।।
ॐ ह्रीं सप्तमी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

अष्टाविंशति प्रकृति मोहनी कर्म की। उपशमात ये उपशम भाव जु शर्म की।।
भुंजयंति सो भोग लब्धि को भेद है। तिन पद पूजूं सार हरो भव खेद है।
ॐ ह्रीं अष्टमी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

केचित कर्म्मन प्रकृति सूक्षमीकरण ये। भाव भुंजयंति भोग लब्धि सो धरण ये।।
ऐसे जिनको नमूं उभय कर जोर ही। पूजुं अरघ चढाय करम सबते रही।।
ॐ ह्रीं नवमी भोगनाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला (दोहा)

शुभ अतिशय चौतीस है, जीवन मुक्त जिनेश। समवशरण लक्ष्मी धरै, पूजित चक्रि सुरेश।।
जै जै जै जै जै त्रिजगराय, सुर नर खग पूजित शीश नाय।
तुम स्वयं बुद्ध शिव रूप देव, तुम विश्व प्रकास्यो तत्व भेव।।1।।
तुम अखल निरंजन अचल रूप, तुम चहुंगति वर्जित मुक्तिभूप।
तुम वीतराग अविकार शुद्ध, तुम ब्रह्मा विष्णु महेश बुद्ध।।2।।
मुनिगण नित तुमरो ध्यान धार, सुख पावत है भव सिंधुपार।
धनि आज दिवसमैं दरश पाय, अब चरण जजूं भवदुख नशाय।।

(धत्ता)

जय गुण गण धारी, हो त्रिपुरारी, शिवमगचारी सुखकारी।
जयमाल उचारी, अर्घ करारी, ''चन्द'' लही शरणा थारी।।
ॐ ह्रीं अर्हन् परम ब्रह्मणेभोगलब्धिधारकजिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।
।।इत्याशीर्वादः।।

उपभोग लब्धि पूजा

उपभोग विषै जो अंतराय, तिन नाशठानि ली लब्धि पाय।

तिनके पद पूजूं शीशनाय, आह्वानन कर उरमें बसाय।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। जिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (सोरठा)

गंगाजल भरलाय, उज्ज्वल मुनि चित सारसो। जजूं चरण जिनराय, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कुंकुम घसि घनसार, ताप हरे शीतल करे। जिन पदतर दे धार, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

तंदुल अमल निहार, रत्न थाल कर धारिके। पूजूं जिन पद सार, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।।

पुष्प मनोहर लाय, गुञ्जत अलिगण गंधतें। जिन पद पूज कराय, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

बहु पकवान बनाय, क्षुधा हरण भरि थाल में। पूजूं जिन पद ध्याय, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दीपक ज्योति महान, तिमिर हरण जगमग करे। पूजूं पद भगवान, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धिधारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप करम क्षयकार, मणि धूपायन में भरूं। पूजूं जिन दुखहार, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोग लब्धि धारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सुर तरु है सुखदाय, कन्चन थाल भराईया। पूजूं शीश नमाय, हेत लब्धि उपभोग के।।

ॐ ह्रीं उपभोग लब्धि धारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

(सुंदरी छंद)

उदक चंदनं तंदुल सार है, सुमन नेवज दीप सुधार है।

धूप फल ले अर्घ सजाइयो, जिन जजूं उपभोग सु पाइयो।।

ॐ ह्रीं उपभोग लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (छंद जोगीरासा)

अशुभ ध्यान युग त्यक्त्वा मनतें, शुभ सनमुख कर भावा।

बार बार तसु करत चिंतवन, सो उपभोग लहावा।।

जिन पद पूजूं मन वच शुध कर, उत्तम अर्घ चढ़ाई।

लब्धि हेत मैं अरज करत हूँ, देहु मोक्ष ठकुराई।।

ॐ ह्रीं अप्रशस्तध्यान त्यक्त्वा प्रशस्तध्याने सम्मुखीकरणे त्वरा एषा उपभोग नाम लब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

वीतराग के वचन यथावत, जो श्रद्धान कराई।

धर्म ध्यान के भेद मध्य सो, आज्ञा विचय कहाई।।

ताहि सहित जो भाव चिंतवन, शक्ति जिनेश्वर पाई।

लब्धि सार उपभोग मांहि ये, पूजूं शीश नमाई।।

ॐ ह्रीं वीतरागवचनेषु यथावतश्रद्धानकरणे समर्थ अति विचयधर्मध्यान सहितउपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

विधि के नाशन हेत मुहुर्मुहु चिंतत ध्यान सु ध्याई।
द्वितिय भेद अपायविचय है, धर्म ध्यान श्रुत गाई॥
ता युत श्री जिनराज विराजित पूजत पुण्य बढाई।
लब्धि नाम उपभोग सार धर, तीनशल्य कहवाई॥

ॐ ह्रीं कर्मणां नाशनहेतुत्व मुहुर्मुहुयत् चिंतवनं ततअपायविचयनाम धर्म ध्यान सहितं उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

पूर्वोपाजित कर्म उदयतैं सुख वा दुख उपजावे।
बार बार तसु करत चिंतवन, विचयविपाक कहावे॥
धर्मध्यान को तृतीय भेद यह, श्री जिनराज धरावे।
सो उपभोग विहार लब्धि हम पूजि परम पद पावैं॥

ॐ ह्रीं पूर्वोपार्जितकर्मणा उदयेनसुखंदुखं वा यत् मुहुर्मह चिंतवनं विपाक विचयनाम उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

लोकालोक स्वरूप चिंतवन, ध्यान मांहि ठहराई।
तूर्य भेद शुभ ध्यान तणों संस्थान विचय यह पाई॥
लब्धि सार उपभोग नाम जिन, धारत कर्म क्षपाई।
ऐसे जिनवर के पद पूजूं, हरष हरष गुण गाई॥

ॐ ह्रीं लोकालोकस्वरूप चिंतवनकारक संस्थान विचय के धर्म ध्यानसहित उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

क्षपकश्रेणि गुणस्थान मांहि जिन, शुक्ल ध्यान प्रगटाई।
शब्द शब्दांतर अर्थ अर्थान्तर, योग योगान्तर ध्याई।।
तास वरण चित पतित मुहुर्मुहु भाव शुकल सुखदाई।
जजूं पृथत्ववितर्कविचार जु, जिन उपभोग सु ध्याई।।

ॐ ह्रीं क्षपकश्रेणी गुणस्थाने शब्दात् शब्दान्तरं अर्थात् अर्थान्तरं योगात् योगान्तरं यत् वर्णचिंतवनमिदृशं पृथक्त्ववितर्क वीचार शुक्ल ध्यानसापेक्षम् उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

क्षीण मोह गुणस्थान मांहि जिन, वर्णादिक के त्यक्ता।
एक एव वरण जो ध्यावत, भाव मुहुर्मुहु चिंत्वा।।
सो एकत्ववितर्क वीचर जु, ध्याय शुलल भव हानो।
धारन केवल ज्ञान जिनेश्वर सो उपभोग बखानो।।

ॐ ह्रीं क्षीणमोहगुणस्थाने एक एव वर्ण मात्र विचार मुहुर्मुहु चिंतन नाम क्षायिक उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सहित योग गुणस्थान संयोगी, सूक्ष्मी भूत शरीरम्।
तस्या हलन चलनादि क्रियाणां, अप्रतिपातरहीरम्।।
यत् निर्वाशन तस्य स्वरूपं शुद्धात लवलाई।
सूक्ष्म क्रियाप्रति पातध्यान जिन जजोपभोग लहाई।।

ॐ ह्रीं सयोग गुणस्थाने सूक्ष्मी भूत शरीरस्य हलन चलनादि क्रियाणाम् अप्रतिपात स्वरूप सूक्ष्म क्रिया पति शुक्ल ध्यान सहित उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

योगरहित गुणस्थान अयोग जु तहं सब योग नशाई।
समुद्-घात किरिया करने थित, लघु पन अक्षर थाई।।
ध्यान जो व्युपरत क्रिया निवृत्ति, सो जिन आतमध्याई।

तत् स्वरूप उपभोग धार जिन, पूजूं ध्यान लगाई॥

ॐ ह्रीं अयोगगुणस्थाने व्युपरतक्रियानिवर्तिनाम शुक्ल ध्यान उपभोगलब्धि प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥9॥

जयमाला (दोहा)

ध्यान कृपाण सु धारिके, मोहमल्लजिन मार। गुण अनंत युत द्वे रहे, नमू लाहि उर धार॥

(दन्द मोतिया दाम)

नमो जिनदेव करे सुर सेव, नमो पद तोहि टरे अघटेव।
नमो मिथ्यातम नाशनभान, नमो शिवरूप सदा अमलान॥
नमैं मुनिराय सदा गुण गाय, लहै तब मोख रमा शिव जाय।
धरे तुम पंच कल्याण अनूप, सुतत्वप्रकाशन शुद्धस्वरूप॥
तुही भव वारिधि तार तरंड, अबंध कषाय अरूप अखंड।
विकार विवर्जित तर्जित काम, रमा शिवसंग बसे शिवधाम।
नहीं गुण अन्त लहे श्रुतवंत, कहां हम अल्पमती वरनंत।
अहो जिनराज दयाउर धार, हरो दुख ''चन्द''' करो भवपार॥

(धत्ता)

जय जय जगनामी, त्रिभुवनस्वामी, शक्रनमामि तुवचरणन।
मैं पूजन आयो, अर्घ चढायो, शीश नमायो हर मरणम्॥

ॐ ह्रीं उपभोगलब्धि धारक जिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा

शुद्ध द्रव्य शुभ भावतैं, पूजा करैं जो जीव। निश्चय सुर पद पायके, होवे शिव तिय पीव॥

॥ इत्याशीर्वादः॥

वीर्य लब्धि पूजा (दोहा)

वीर्य अनन्तजु धारियो, अंतराय कर अंत। आह्वानन विधि ठानिके, स्थापि जजू अरहंत।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारकजिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (जोगीरासा)

हेमाचल निर्गत सरिता जल कंचन कुम्भ भराई।
जनमजरामृत नाशन कारण धार देत हरषाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

मलयागिरि चन्दन कुंकुम संग ले घसि करपूर मिलाई।
भव आताप नाश करने को तुम पद भेट चढाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

खंड विवर्जित निशिपति तर्जित, तंदुल शुद्ध मंगाई।
शिव थल कारण कर्म निवारण पुंज धरूं गुण गाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।।

कमल केतकी कुंद मालती, आदि सुमन सुखदाई।
कामहरण निज ब्रह्म धरण हित, तब पद भेट कराई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।
ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

घेवर खाजा फीणी ताजा नेवज विविध बणाई।
स्वर्ण थाल धर पूजन आयो, राग क्षुधा विनशाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।
ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

रत्न दीप अथवा घृत पूरित उज्ज्वल जोति जगाई।
मोह महातम नाशक लखि प्रभु निकट धरूं हुलसाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।
ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप सुगंधित कृष्णागरुकी खेऊं अग्नि जराई।
अष्टकरम जारन के कारण तुम परपद्म पुजाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।
ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सुरनर मनहर फल बहुविधि के कन्चन थाल भराई।
मोह महाफल कारक हो तुम पूजकरौं गुण गाई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जल फल आदिक अर्घ चढाऊँ आठों अंग नमाई।
अष्टम थिति के राजकरण कूं अरज करूं जिनराई।।
वीर्य लब्धिधारक जिन स्वामी सुर नर पूजै पाई।
पूजूं मन वच शीश नाय निज वीर्य लब्धिबकसाई।।

ॐ ह्रीं वीर्यलब्धिधारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (अडिल्ल छंद)

ज्ञानावरणी कर्म तनी धिति जानियो। त्रिंशत् कोटाकोटी सागर मानियो।।
ता हनि आतमशक्ति अचिन्त धरे सही। पूजूं पद जिन वीर्यलब्धि ऐसी लही।।

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणकर्म्मणः त्रिंशत् कोटीकोटा सागरोपम स्थिति नाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिप्राप्तेभ्यः जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कर्म दर्शनावरणी थिति ऐसी धरै। त्रिंशत् कोटाकोटि उदधि जिन क्षय करै।।
धारक ऐसा वीर्य जिनेश्वर देवजू। पूजूं अर्घ चढाय द्रव्य वसु भेवजूं।

ॐ ह्रीं दर्शनावरणस्य त्रिंशत् कोटा कोटिसागरोपमस्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिधारकेभ्यः भगवत् जिनेभ्य अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

कर्म वेदनी दुविध असाता सात है। त्रिंशत कोटा कोटि, उदधि थिति पात है।।
जे तुम आतम शक्ति धरे जिन राजजी। वीर्यनाम यह लब्धि जजूं शिव काजजी।।
ॐ ह्रीं वेदनीयस्य त्रिंशत् कोटा कोटि स्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्ति धारकेभ्यः वीर्यलब्धिधारकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

कर्म मोहनीय निज पद दियो भुलाय है। सत्तर कोटा कोटि उदधि थिति पाय है।।
ता नाशन निज आत्मभाव शक्ती धरा। वीर्यलब्धि जिन लही जजूं भवके हरा।।
ॐ ह्रीं मोहनीयस्य स्थितिः सप्तति कोटाकोटि सागर प्रमाण नाशकेभ्यः अनंतशक्ति धारकेभ्यः वीर्यलब्धि प्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

भव धारण को कारण कर्म जु आयु है। थिति सागर तेतीस जिनेन्द्र नशाय है।।
धारत आतम शक्ति अनंत स्वभाव सों। क्षायिक वीर्य सु लब्धि जजौं मैं चावसों।।
ॐ ह्रीं आयुकर्मणः त्रयस्त्रिंशत् सागरोपम स्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिप्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

नाम कर्म बहु नाम धरावत लोक में। विंशति कोटाकोटि उदधि थिति थोक में।।
ता हानि आतम शक्ति अनंती जे धरै। अनंत वीर्य यह लब्धि जजौं शिवतिय वरै।।
ॐ ह्रीं नानानामधारक नामकर्मणः विंशति कोटाकोटिसागररोपमस्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिप्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

गोत्र कर्म कुल नीच ऊँच जनमात है, उदधि विंशति कोडाकोडी रहात है।
ताहि नाशि जिन आत्मस्वभाव प्रभावतैं, वीर्य अनंतजु धरै जजो हूँ भावतैं।।
ॐ ह्रीं गोत्रकर्मणः विंशति कोडाकोडिसागररोपमस्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिप्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

शुभ कारिज में करैं विघ्न अंतरा यहै, त्रिंशत् कोटाकोटि उदधि थिति थाय है।
ताहि छेद जिन आत्म शक्ति प्रगटाइयो, गुण अनंत धर वीयलब्धिहम ध्याइयो।।
ॐ ह्रीं अन्तरायकर्मणः त्रिंशतिसागररोपम् स्थितिनाशकेभ्यः अनंतशक्तिधारकेभ्यः वीर्यलब्धिप्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

द्रव्य भावविधि प्रकृति स्थिति अनुराग है, बंध प्रदेश नशाय कियो भव त्याग है।
परम ज्योति परमातम पद बंदों सदा, वीर्यलब्धि क्षायिक धर मैं पूजूं मुदा।।
ॐ ह्रीं द्रव्यकर्मणां प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबंधक्षयकारकेभ्यः वीर्यलब्धि प्राप्तकेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला (छंद शार्दूल विक्रीडित)

जै सिद्धं सु अनादि अंतरहितं त्रैलोक्यनाथं नुतं, लक्ष्मी बोधविराजितं भव हरं भव्यं सदा संततं।
मिथ्या मोह निशाहरं दिनकरं तत्वप्रकाशं बुधं, वन्दे हमगुणमाल सार भणितं त्वत्पादपद्मां *बुधं।*

(छंद मोतिदाम)

अहो जिन केवलभाव प्रकाश, कियो तुम मोह महातम नाश।
धरें गुण सा निजातम रूपं, हरे भव जाय भये शिव भूप।
इसी संसार मझार अपार, सहे दुख मैं मन प्रावर्त धार।
सबैं तुम जानत ज्ञान मझार, करो करुणा भवसागर तार।।
नमों पद दुर्गति नाशन जान, नमों शत इंद्र तुम्हैं नित आन।
अदंभ अतृष्ण अदेश महेश, अनंत सुखाकर नाम सुरेश।।
नमों तुम पाय अहो जिनराय, करूं विनती भव दुःख नशाय।

जपूं तुम नाम हिये बिच धार, कुदेव कुग्रन्थ सबै अति छार।।

(धत्ता)

जै सिद्ध निरंजन बुध मन रंजन बसु बिध भंजन शिवधारी,

मैं पूजन आयो अर्घ चढायो 'चंद' जनम मति दुखहारी।।

ॐ ह्रीं अनंत वीर्य लब्धि धारक जिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दोहा)

वीर्य लब्धि धर जिन तणी, पूजा परम रसाल। मन वच तन जो नर करै, पावै मोक्ष विशाल।।

क्षायक सम्यक् लब्धि पूजा

(सोरठा)

मूल मिथ्यातनशाय, क्षायक सम्यक पाइयो। सो जिन तिष्ठो आय, मन वच तन स्थापन करूं।।

ॐ ह्रीं क्षायक सम्यक् लब्धि धारक जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (सुंदरी छंद)

अमल शीतल नीर सुधारिया। जनम मृत्यु जरा क्षय कारिया।

लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।

ॐ ह्रीं क्षायक सम्यक् लब्धिधारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

मलय चंदन कुंकुम मिश्रितं, घसि भवातप नाशन सश्रितं।

लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।

ॐ ह्रीं क्षायक सम्यक् *लब्धिधारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।*

इंदु कुंद तुषार समुज्ज्वलं, शुद्ध खंड विवर्जित तंदुलं।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।।

मदन नाशक गंध सुलाइया, पद्म आदिक फूल मंगाईया।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

विविध नेवज सार बनाइया, सुरस कंचन थाल भराइया।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

रत्नदीप उद्योत महान है, हरन मोह प्रकाशन ज्ञान है।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप सुन्दर अग्नि जराय है, अष्टकर्म सु धूम उडाय है।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

मिष्ट खारक लोंग विदामहै, फल मनोहर दे शिवधामहै।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सलिल चंदन तंदुल पुष्पकै, दीप नेवज धूप फलार्घकै।
लब्धिक्षायक सम्यक् धारकं, जिनवरं युग पूजि पदाब्जकम्।।
ॐ ह्रीं क्षायकलब्धिधारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (अडिल्ल छंद)

भाव जीव के नादिसांत मिथ्यात है, सो निसर्ग अधिगम द्वे कारण घात है।
सम्यक् सादृश सम्यक् प्रापति गुण सही। अनेन वरतैं मिथ्या तादृशता लही।।
ऐसी क्षायक सम्यक् लब्धि सुहावनी, यो धारत जिनदेव परम गति पावनी।।
तिनके पद मैं नमूं शीश निज नायके, आठों द्रव्य चढ़ाय भावना भायके।।
ॐ ह्रीं निसर्गजादि मिथ्यात्वभावनिवारकेभ्यः सम्यग्लब्धिप्राप्तेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सम्यक् भाव सु अंतर च्युत जो काल है, सासादन आस्वादयति सो हाल है।
धरत लब्धि यह श्री जिनवर पूजूं सदा, फेर भ्रमण जग माहिं होय नाहीं कदा।।
ॐ ह्रीं सम्यक्तवच्युते सति सासादन भाववर्जितेभ्यः सम्यक्त्वलब्धिप्राप्तेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

सम्यक् मिथ्या सहित मिले जो भाव है, तिष्ठति यावत् काल सु मिश्र कहाव है।
ऐसा सम्यक् लब्धि धरै जिनदेव है, तिनके पद नित जजूं अर्घ वसु भेव है।।
ॐ ह्री सम्यग्मिथ्यात्व मिश्रितभाववर्जितेभ्यः सम्यक् लब्धिप्राप्तेभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

मोह कर्म की सप्त प्रकृति जव उपशमैं, उपशम सम्यक् धार मिथ्या मल को वमै।
सम्यक् लब्धि मझार भेद उपशम कह्यो, सो धारक जिनराज नमों सब अघ दह्यो।।
ॐ ह्रीं मोहनीयकर्मणः सप्तानां प्रकृतिनाम् उपशमात् उपशमसम्यक्त्व प्राप्तेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

प्रकृति माह की केचित् उदय अभाव है, केचित् उपशम सत्ता मांहि रहाव है।
लब्धि धरी यह क्षयोपशम सम्यक सही, पूजूं श्री जिनदेव करो मंगल मही।।
ॐ ह्रीं क्षयोपशम सम्यक्त्वसहितेभ्यः क्षयोपशमलब्धिप्राप्तेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

केचित् मोह की प्रकृति मूल क्षय जात है, क्षायक सम्यक् श्रद्धा तहं जिय पात है।
ऐसी क्षायक सम्यक् लब्धि महान है, धारक श्री जिनदेव यजूं सुख खान है।।
ॐ ह्रीं क्षायक सम्यक्त्वसहितेभ्यः क्षायक लब्धि प्राप्तेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

जो निश्चय एकांत वाक्य हरतार है, स्याद्वाद नय आतम गुण विस्तार है।
शुद्ध बुद्ध चिद्रूप करत श्रद्धान जू, पूजूं जिनवर क्षायिक सम्यक्वान जू।।
ॐ ह्रीं सम्यक् श्रद्धान सहितेभ्यः निश्चयनय सम्यक्लब्धिप्राप्तेभ्यः भगवत् जिनेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

निराकार निरअंजन अव्याबाध है, सिद्ध समान जिनातम अनुभव साध है।
ऐसी निश्चय क्षायक सम्यक् लब्धि जू, धारत हे जिनराज जजूं गुण अब्धि जू।।
ॐ ह्रीं निरंजन निराकार अव्याबाधसिद्ध समान निजस्वरूप ज्ञायतेभ्यः निश्चयनय सम्यक् लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

निज आतम निज गुण मैं विचरत है सदा, ऐसे निर्मल भाव नाहिं चलि है कदा।
धन्य जिनेश्वर देव लब्धि ऐसी धरै, पूजूं अर्घ चढाय जजूं भव दुख हरै।।

ॐ ह्रीं आत्मगुणेषु विचरणरूपभावप्राप्तेभ्यः क्षायिकलब्धिप्राप्तेभ्यः अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला

भव भ्रम हरि देवं घाति कर्म्म विनाशं। सुरनर खग सेव्यं मोक्ष लक्ष्मी निवासम्।।
अतुल गुण-समुद्रं ध्यायतं श्री मुनीन्द्रै। निज पद शिव लब्धि हेतु जयमाल ''चंद्रै''।।

(छंद त्रोटक)

जयो जिन सिद्ध निरंजन रूप, तुही जग में विधि धायक भूप।
अजन्म अमर्ण अशर्ण सुशर्ण, अबंध अवर्ण तुही सुखकर्ण।।
मुनिंद्र गणेंद्र धरैं तुव ध्यान, लहै तब मोक्ष रमा अमलान।
अखंड अरूप अजल्प अकल्प, अनाकुल निर्म्मल नाश विकल्प।
अलोभ अक्षोभ अमोह अमान, धरै गुण क्षायक सम्यक ज्ञान।
अहो जग रक्ष सदा शिव रूप, सु तत्व प्रकाश हरी अधधूप।।
विकार विवर्जित आतम शुद्ध, अनंत गुणार्णव सार सुबुद्ध।
अहो मम किंकर ओर निहार, करूं विनती भव ताप निवार।।

(धत्ता)

जै जै सुख सागर, सकल गुणाकर, मोक्ष रमावर अविकारी।
मैं पूजन आयो, शीश नमायो, अर्घ चढ़ायो भरि थारी।।

ॐ ह्रीं क्षायक सम्यक्त्वलब्धि धारकजिनेभ्यो पूर्णार्घम् निर्वपामीति स्वाहा।।

(सोरठा)

सम्यक लब्धि महान, जो भवि पूजै भाव सो। अष्ट कम कूं हान, ''चंद'' अचल हैं शिव लहै॥

॥ इत्याशीर्वादः॥

क्षायक दर्शन लब्धि पूजा

(दोहा)

कर्म दर्शनावरण हनि, केवल दर्शन पाय। स्थापन कर तिन पद जजूं, मन वच काय लगाय॥

ॐ ह्रीं अर्हत् क्षायिक दर्शन लब्धि धारक जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (छंद लक्ष्मीधरा)

ल्याय गंगादिकं तीर्थ जलसार है, धारमणि भृंग जन्म मरण क्षयकार है।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही॥

ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

लाय कश्मीर घनसार चंदन घसा, स्वर्ण के पात्र में धार भव तपनशा।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही॥

ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

अक्षतं उज्ज्वलं मुक्त उनहार है, हेत पद शास्वतं धार कनथार है।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही॥

ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3॥

पंचवर्ण रत्नके फूल बनवाइया, नाशने अनंग भाव शुद्धकर ल्याइया।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

घेवरानु फीणिका मोदकादिआनिये, सुष्ठमिष्ठ इष्टसार भूखनाश मानिये।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

रत्नदीप मोहध्वांत नाशना सुहाइयो, ज्ञानको उद्योतकर धार हरषाइयो।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप दशगंध की बणाय सो अनूप है, अग्नि मांहि खेयवसु कर्मनाश रूप है।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

कल्पवृक्ष आदि के मनोज्ञसार पावने, श्रीफला खारकादि मुक्तिके मिलावने।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

नीरगंध अक्षतादि सारद्रव्य धरिया, नाय वसुअंग नितमोक्ष साक्ष्यकारिया।
देव जिनराज के चर्ण पूजूं सही, क्षायिका दर्शनी लब्धि जिन ने लही।।
ॐ ह्रीं दर्शन लब्धिधारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (छंद लक्ष्मीधरा)

लोक पाताल में नर्क भूव्यास है, और आयाम बो उच्चता जास है।
सर्व घनकार युत दर्शितं शक्तिये, पूज जिन दर्शनं लब्धिधर भक्तिये।।

ॐ ह्रीं नरकादि भूमि आयाम दर्शकेभ्यः दर्शन लब्धि प्राप्तेभ्यः भगवत् अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

भवनवासी बसे देव पाताल है, आय अरु काय उत्सेध अंतराल है।
सुख अरु संपदा आदि जो देखिये, लब्धिधारी जजूं दर्शनं पेखिये।।

ॐ ह्रीं भवनवासी देवानां भूमिकायां तेषां आयुकायोत्सेधअंतरालसुख संपदादि दर्शन स्वरूप दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

जानि नर लोक में व्यंतरा वास जू, भूमिका मेरु पर्वतादि आवास जू।
दीप दधि अंतलो दर्श ता ज्ञान में, जो जजूं दर्शनं लब्धि परि ध्यान में।।

ॐ ह्रीं व्यंतर देवानां भूमिकायां मेरु पर्वतादि स्वयंभू रमण समुद्र पर्यंत असंख्यात द्वीप समुद्राणां ज्ञानदृष्टिनां अवलोकनम् एषा दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

ज्योतिषी चंद्रसूर्यादि चंद्र पन भेद हैं, भूमिका आयु अर काय उत्सेध है।
सुख साम्राज्य दृग ज्ञानतें जोइये, दर्शना लब्धि धर पूजि अघ धोइये।।

ॐ ह्रीं ज्योतिषीदेवानां भूमिकायां चंद्रसूर्यादि पंचप्रकार ज्योतिष्कानाम् आयुकाय शरीरज्योत्सेध सुख संपदादि ज्ञाननेत्रेण दर्शनं सा दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

प्रथम स्वर्गादि कल्प षोडश है सही, तासमें देवकी आयु सुख सर्व ही।
काय उत्सेध अरु संपदा जानिये, दर्शना लब्धि धर पूजि उर आनिये।।

ॐ ह्रीं कल्पवासीदेवानां प्रथमस्वर्गादिषोडशस्वर्गपर्यंत देवानाम् आयु काय शरीरोत्सेध सुख-संपदादि दर्शनंसा दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

ग्रैवका में सुरा कल्पनातीत है, तासकी कायु पुनि आये जो बीत है।
जानि उत्सेध सो ज्ञान अवगाहना, दर्शना लब्धि धर पूजि है ते जिना।।

ॐ ह्रीं ग्रैवेयकवासीदेवानाम् आयुकाय शरीरोत्सेध ज्ञानावगाहनादि दर्शनम् एषा दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

लक्ष पैंताल जोजन सु विस्तार है, सिद्ध सर्वार्थ सो नाम भूधार है।
देव अहमिंद्र की आयु सुख कायजी, और उत्सेध अंतराल दर्शावजी।।
क्षायिका दर्शनी लब्धि यह है सही, देव जिनराज सुखकार ऐसी लही।
पूजि है शीश निजनाय तिन पायजी, अष्टद्रव्य ल्यायके अर्घकूं चढ़ायजी।

ॐ ह्रीं पंचचत्वारिंशद्क्षेत्रयोजनप्रमितसर्वार्थसिद्धि भूमिकायाम् अहिमींद्र देवानाम् आयुकाय-शरीरोत्सेध-अंतराल- सुखादि-दर्शन एषा दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

अष्टमी मोक्ष भू जानि शिव थान है, तासमें वास श्री सिद्ध भगवान है।
दर्शना देव ये दर्श लब्धि धरै, तास पद पूजि है मोक्ष लक्ष्मी करै।।

ॐ ह्रीं अष्टमी मोक्ष भूमिवासी सिद्धानां दर्शनम् एतादृशी दर्शनलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

(सुंदरी छन्द)

क्षेत्र लोक अलोकाकाश है, तिष्ठते सब द्रव्य सु भास है।
दर्शनं धर लब्धि जिनेशजी, जजत हूँ शिवकाय सुखेश जी।।

ॐ ह्रीं लोकाकाशे अलोकाकाश समस्त द्रव्य दर्शनं सा देवदर्शन लब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला (दोहा)

मिथ्यातम हर दिनपती, भव्यकमल प्रफुलान।
षट्कायक रक्षक प्रभू, नमूं अत्महित जान।।
जे पंचकल्याणक धरण देव शत इन्द्र करे तुव चरण सेव।
जै गर्भ प्रथम षट् मास जान, हरि धनपति कूं आज्ञा बखान।।
सुन धनपति नग्र रच्यो विशाल, मणिवृष्टि कुबेर करै त्रिकाल।
जब जन्महोत सुर ईशा आय, गिर न्होन रच्यो जल क्षीर लाय।।
पुन पिता सदन नृत गान ठान, सुरलोक गये इम कर कल्याण।
तजि राज जोग धारें जिनेश, धरि ध्यान खड़े मनु हैं गनेश।।
चव घाति कर्म को नाश ठान, प्रगटायो केवल ज्ञान भान।
तब समवशरण रचना अपार, अद्भुत कुबेर कीन्ही तैयार।।
मणि नीलपीठ पर धूलि थाल, चव मानस्थंभ है मान टाल।
चववापी अंबुज युक्त जान, आगे खाई शोभायमान।।
पुनि पुष्पवाटिका मन सुहाय, प्राकार स्वर्ण मयदृग लखाय।
चव गोपुर नृतशाला निहार, चव वनवेदी घट धूप धार।।
कलधौत साल अंतर अनूप, कहुँ सरिता कहुं परवत स्वरूप।
चव गोपुर ठाडे द्वारपाल, बहु भांति ध्वजा पंकति रसाल।।
चहुँ दिश में तूप छतीस थाय, अरहंत सिद्ध प्रतिमा सुहाय।

पुनि फटिक रूप आकार सार, चव गोपुर नव-नव निध सुधार।
शत शत तोरण युत मुक्ति माल, बहु मंगल द्रव्य लसै सुहाल।
जहां गंध कुटी त्रय पीठ दीठ, सिंहासन अंबुज युक्त ईठ।
तामें तुम राजत अंतराल, वच मधुर खिरे सुनि मन खुस्याल।।
गुणनंत चतुष्टय प्रातिहार, महिमा अनंत को लहै पार।।
पुनि शुक्ल ध्यानतै हनि अघात, निर्वाण लहै निरभय रहात।
अविनाशी आतम अचलरूप, गुण अतुल धरे हो त्रिजग भूप।।
मैं तुम बिन दुख जग में लहाय, भोग्या प्रावृत नहीं ओड आय।
तुम चरण शरण लीनी अवार, दुख जनम मरण को ''चंद'' हार।।

सोरठा

अष्टद्रव्य कर धार, बार-बार विनती करूं। शिवमरणी भरतार, निजगुण संपति दीजिये।।

ॐ ह्रीं क्षायिक लब्धिधारक जिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

सोरठा

जो पूजै मन ल्याय, सो नर भव सागर तिरै। दर्शन लब्धि लहाय, बहुरि जनम वह न धरै।।

।। इत्याशीर्वादः ।।

क्षपक ज्ञान लब्धि पूजा (दोहा)

ज्ञानावरणी कर्म को, नाश कियो जिनदेव। स्थापन कर तिन पद जजूं, ज्ञान लब्धि के हेव।।

ॐ ह्रीं ज्ञान लब्धिधारक जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (छंद लक्ष्मीधरा)

क्षीरसागर तनो नीर निरमल वरन, धारि मणि पात्र में पाप को है करन।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चंदनं कुंकुमं कर्पूरं सार है, धार सुखकार भवताप क्षयकार है।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

श्वेत इन्दु कुंद तै अपार कांति धार है, खंड वर्जितं भरे तंदुलं थार है।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।।

भृंग वृंद गुंजते सुगन्ध पुष्प ल्याइयो, कल्प वृक्ष आदितें मनोजकूं उडाइयो।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

इष्टमिष्ट शुष्ट सार खज्जकादि नेवजं, हेम थाल धार भूख नाश सेय देवजम्।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

मोह अंधकार नाश दीप रत्न जोत है, धरि हेम थाल में सुज्ञान को उद्योत है।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं *ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।*

धूप खेय धूप दान अग्नि सों जराय है, अष्टकर्म धूप नाश धूम सों उडाय है।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

आम्रकाम्र दाडिमादि स्वर्ग भानु लोक के, सार फल सुखकरा धार हेत मोक्ष के।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

अष्ट द्रव्य धार सार अष्ट अंग नाइया। अर्घसों चढाय शीश नाय भक्त भाइया।
जन्म मरणादि क्षयरोग नशि जाय है, सार सौख्य धार पूज ज्ञानरिद्ध पाय है।।
ॐ ह्रीं ज्ञानलब्धिधारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (छंद लक्ष्मीधरा)

जीव त्रास थावरा सूक्ष्म अरु वादरा, आयु तिन काय उत्सेध उत्पति धरा।
स्थित्य व्ययात्म के ज्ञायते जे जिना, क्षायकं लब्धिधर पूजिहूँ मैं तिना।।
ॐ ह्रीं त्रसस्थावर सूक्ष्मबादर जीवानाम् आयुकाशरीरोत्सेधस्थिति उत्पत्तिज्ञायकभावेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

व्योमधर्माधरम काल अरु पुद्गला, पंच निरजीव के भेद जानो भला।
तास के रूप की ज्ञायकं लब्धि है, पूजिहूँ ते जिना धार गुण अब्धि है।।
ॐ ह्रीं धर्माधर्माकाशपुद्गलादीनां पंचप्रकार अजीवपदार्थ स्वरूपानां ज्ञायकभावेभ्योप्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

आश्रवा सप्त पंचास जे भेद हैं, आदि मिथ्यात्व देव जीवकूं खेद है।
जान संसार में अशुभ शुभ रूप जु, ज्ञान के लब्धि धारी जजूं भूप जु।।
ॐ ह्रीं मिथ्यात्वादि सप्तपंचाशत् आश्रवादिभावनां स्वरूपानां ज्ञायकभावेभ्योप्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

जाण मंद तीव्र मध्य भेद जे कषायहैं, तासुभाव आश्रवा भवथिति बंधाय है।
तास रूप ज्ञायकं ज्ञान ऋद्धी धरैं, पूजि हूं ते जिना बोध लक्ष्मी धरैं।।
ॐ ह्रीं तीव्रमंदमध्यकषाय ज्ञायक भावप्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

सप्त पंचास है भेद संवर तने, समिति गुप्त्यादिकम् आश्रवा रूंधने।
ताहि सब ज्ञायकं भाव जो थाय है, मैं जजूं ते जिना लब्धि जो पाय है।।
ॐ ह्रीं समितिगुप्त्यादिसपंचाशत् संवरस्य भेदज्ञायकभाव प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

धार तप संवरा पूर्वकं सार है, जासतैं कर्म्मणं जीरणाकार है।
ता स्वभाव रूपको ज्ञायकं भाव है, ते जिना मैं जजूं कर्म को नशाव है।।
ॐ ह्रीं संवरपूर्वक तपकरण ज्ञायकभाव प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

द्रव्य अरु भाव नोकर्म के नाशतें, जीव के मोक्ष की प्राप्ति है जासतैं।
ज्ञायकं भाव ऐसी धरै सो सही, पूजिहूँ ते जिना शीश नाऊँ मही।।
ॐ ह्रीं द्रव्य कर्म-भाव-कर्मनोकर्म्मणां क्षायस्वरूपज्ञायकभाव प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

दर्श शुध्यादि जो षोडशी भावना, प्रकृति ये पुन्यफल तीर्थपद पावना।
ज्ञायकं भाव सो धार जिनराज है, तास पद मैं जजों मोक्ष के काज है।।

ॐ ह्रीं दर्शन विशुध्यादि पुण्यप्रकृतीनां शुभाशुभफलानां ज्ञायकभाव प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सहित मिथ्यात्व हिंसादिपन पापको, फल बड़े निगोद आदिशुभ्र संतापको।
ता स्वरूप ज्ञायकं लब्धि धारी नमूं, जासु पद पूजतैं सर्व अघ को वमूं।।

ॐ ह्रीं मिथ्यात्वसहित हिंसादिपंचपापानां तेषां नरक निगोदादि फलानां ज्ञायकभावप्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला - दोहा

समवशरण लक्ष्मी धरै, त्रिभुवन पति जिनराय। गुण अंनत उर धार मैं, नमि जैमाल सु गाय।।

(छंद पद्धरि)

जय चिनमूरत परमात्म रूप, जय दर्शन ज्ञान धरै अनूप।
जय एकानेक मुनीश ध्याय, जय शुद्ध बुद्ध चिद्रूप भाय।।
जय मौनी ध्यानी निरविकल्प, जय इष्ट शिष्ट गुण हो अजल्प।
जय ब्रह्म विदांवर शिव गनेश, आन तिमिर हरता जिनेश।।
जय पुरुष पुराण अलोभ संत, निर आयुध निरभै मुक्तिकंत।
जय निकल निरंवर कांतिमान, जय सकल दिगंबर हो पुमान।।
जय वीतराग सब विश्व जान, जय नित्यनिरंजन गुणनिधान।
जय वृषचक्री ध्वज दयावान, जय श्रीपति श्री करता महान।।
जय महाशील महाक्षमा युक्त, जय महादमी महादान जुक्त।

जय महा महा कीरति विशाल, जय पंच महा कल्याण माल॥
जय यथाख्यात चारित धरंत, जय महामतिर्महा-नीतिवंत।
जय पुंडरीक श्रीवत्स लक्ष, जय नाम पितामह जग प्रत्यक्ष॥
जय पावन गत त्राता पवित्त, जय स्वयं बुद्ध निरबाध नित्त।
जय महा प्रातहारिज सुहाय, जय निराहार निःक्रिय लखाय॥
जय जय इत्यादि अनंत नाम, उर धारूं तजि सब जगतकाम।
मैं करूं वीनती जोर हाथ, भव तारण तरण निहार नाथ॥

दोहा

इह गुण मणिमालं परम रसालं, नमि तिरकालं उर धरई।
करि अर्घ अनूपं जजि शिव भूपं 'चन्द' अनूपं सुख करई॥
ॐ ह्रीं क्षायक ज्ञान ऋद्धिधारक जिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा

ज्ञानलब्धि धर जिन तणी, पूजा परम विशाल। द्रव्य भाव से जो करै, पावै शिव पद हाल॥
॥इत्याशीर्वादः॥

क्षायक चारित्र लब्धि पूजा

(दोहा)

मोह कर्म के नाशतैं, क्षायिक चारित पाय। तिनके पद उर धार के जजूं, सापि हरषाय।।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिन अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक (चाल सोलह कारण पूजा)

गंगा जल अति प्राशुकसार, कंचन झारी भरकर धार।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि हरषाय, जन्मजरा मृत रोग नशाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

मलियागिर चंदन करपूर, केसर संग घसूं भरपूर।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि हरषाय, मेरी भव आताप हटाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

श्वेत इन्दु मुकता उनिहार, सालि अखंड भरूंकनथाल।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि हरषाय, देहु अखय पदमोक्ष सुहाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।।

रायबेल अरु जुही गुलाब, सुमन संगुध धरे बहुआव।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि धरपाय, मदनवाण नाशन जिनराय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

बहु विधि के पकवान बनाय, सुरस मिष्ट रसना मन भाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि हरषाय, रोग क्षुधा ततकाल नशाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

रतन दीप अद्भुत उद्योत स्वर्ण थाल में जगमगजोत।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि धर पाय, केवल ज्ञान देहु सुखदाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा॥6॥

धूप सुगंध मनोहर खेय, मणि धूपायन मांहि भरेय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

पूजूं चरण लब्धि हरषाय, अष्ट करम यह दुष्ट जराय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा॥7॥

मिष्ट मनोहर फल सुमंगाय, रसना घ्राण नयन हरषाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।
पूजूं चरण लब्धि हरषाय, मोक्षरमा हमकूं बकसाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

अष्ट द्रव्य मय अर्घ बनाय, हरषहरषि बहु नृत्य कराय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।
पूजूं चरण लब्धि हरषाय, भव सागर तैं पार लगाय।
सदाशिव होय जय जिनराज सदा शिव होय।

ॐ ह्रीं क्षायिक चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ (अडिल्ल छंद)

पंचेन्द्रिय के विषय तणी जो वासना, तातें विरकत भाव भये दुख नाशना।
ऐसी चारित लब्धि प्राप्त जो देव है, तिनके पद मैं जजूं हरो अघ टेव है।।

ॐ ह्रीं पंचेन्द्रियविषयविरक्तभाव चारित्रलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

एकेंद्री आदिक त्रस थावर जीव हैं, तिन सब की अनुकंपा धार सदीव है।
ऐसे उत्तम भाव प्राप्त लब्धि लही, ते जिन पूजूं देहु हमें शिवकी मही।।

ॐ ह्रीं एकेन्द्रिय आदिक त्रसस्थावरजीवानाम् अनुकंपाभाव चारित्रलब्धिधारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

मनवचतन सावद्य योग निरवर्ति है, तत् सामायिक चारित लब्धि सु धरति है।
ता स्वभाव की प्रापति जिन पूजूं सदा, सकल पाप क्षय जाय लहूँ शिव संपदा।।
ॐ ह्रीं सर्व सावद्ययोगस्य विरति सामायिक चारित्रलब्धि प्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

हिंसादिक पन पाप प्रमाद वसाय जू, जो अकृत्यकृत छेदन अर्थ धराय जू।
आगमोक्त विधि पुनः जु चारित लब्धि है, छेदोस्थापन पाय जजूं गुण लब्धि है।।
ॐ ह्रीं छेदोपस्थापना नाम चारित्रलब्धि जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

कोइयक मुनि परिणाम विशुद्धी धारते, कस्मिन् काले स्वेच्छा करत विहारतें।
त्रस थावर वध दोष निवारण कारणै, जजूं लब्धि चारित्र विशुद्धि धारणै।।
ॐ ह्रीं परिहारविशुद्धिनाम चारित्रलब्धि जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

आशय है जहँ सूक्ष्म लोभ तणो सही, ता परिणाम निवारण चारित जो कही।
सो ही सूक्ष्मसांपराय विख्यात है, तास लब्धि धर देव जजूं अवदात है।।
ॐ ह्रीं सूक्ष्म सांपरायनाम चारित्रलब्धि जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

आतम शुद्ध स्वरूप तणो जो ध्यान है, यथाख्यात चारित्र सार जग मान है।
धरत लब्धि जो ऐसी तिन पन ढोक है, पूजूं अर्घ चढाय ज्ञान को थोक है।।
ॐ ह्रीं यथाख्यात चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

अष्ट गुणन संयुक्त सिद्ध परमेष्ठि है, तिन में तन्मय भाव चिंतवन श्रेष्ठ है।
निश्चय चारित लब्धि सार यह जानिये, ता धारक जिन जजूं भक्ति उर आनिये।।
ॐ ह्रीं निश्चय चारित्र लब्धि धारक जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

गुण अनंत नित आतम रूप सुहावनो, तासो तन्मय भव विचारन पावनो।
क्षायक चारित लब्धि शुद्ध गुण धाम है, ता धारक जिनपूजूं तजि सब काम है।।
ॐ ह्रीं क्षायक चारित्र लब्धि जिनेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला - दोहा

पंच कल्याणक रूप हो, पंच लब्धि दातार। स्वयं बुद्ध परमात्मा, नमूं नमूं भवहार।।

(छंद लक्ष्मीधरा)

देखिये जिनेन्द्र आज राज ऋद्धि पाय है, शक्रचक्र आदि सर्व चर्ण शीश नाय है।
सार सिंहासनं चामरं धार है, शीशत्रय छत्र इन्दु जोतिको निवार है।।1।।
वृक्ष है अशोक सार शोक सब को हरै, देव आकाश तैं फूल वरषा करै।
खिरत मुख कंजतें दिव्यध्वनि सार है, सुनत भवि जीव को पाप क्षयकार है।।2।।
तन प्रभा मंडलं सप्त विख्यात है, बजत सुर दुंदुभी सार जस गात है।
कर्म-चक्र नाश के धर्मचक्री भये, बोधि भव्य जीव को मोक्ष लक्ष्मी लये।।3।
त्रिपुरारी तुही शुद्ध परमात्म हो, जन्म जरा मर्ण हर एकनेकात्म हो।
नमत हूँ विश्वदृश्वा विधाता मही, नमत हूँ विश्वव्यापी त्रिलोचन सही।।4।।
सर्वयोगीश्वरो चिंत्य मैं नमत हूँ, नमहुँ दातात्म तीर्थेश दुख वमत हूँ।
नमत हूँ अजित चिंतामणि नाम है, कर्म अरिनाश मन, चिंतकर काम है।।5।।

(धत्ता)

जय दीन दयालं, शिव करतारं हनि भव जालं अरज करूं।
मैं अर्घ चढाऊं, शीश नमाऊँ, ''चंद'' जन जनम फिर नाहिं धरूँ।।
ॐ ह्रीं अर्हन् परमब्रह्मणे चारित्रलब्धिधारकजिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दोहा)

क्षायक चारित्र लब्धिधर, जिन पूजै जो जीव। शक्र चक्र सुख भोग के, शिव सुख लहै सदीव॥

॥ इत्याशीर्वादः ॥

समुच्चय जयमाला (छंद कुमुमलता)

जग दुख दायक चार घाति हनि, केवल पाय भये चिद्रूप।
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध अनूपम, सुर नर सेवै त्रिभुवन भूप॥
नाशि अघाति भये शिव मंदिर, वसु गुण धरि अजरामर रूप।
नित्य निरंजन वीर जिनेश, नमों पद कंज नशे भव धूप॥1॥

(चाल त्रिभुवन गुरु की)

अहो वीर जिनदेव तुमही त्रि भुवन स्वामी, अरज सुनो महाराज, वसु विधि, बडे हरामी।
तुम इनको करनाश वास शिव नगर करावो, मोकूं यह दुख देय गति गति मांहि फिरावो॥
रत्नत्रय निधि लूट मोहि ठिग कीयो भिखारी, अब सुध लीजो देव तुमको लाज हमारी।
तुम हो दीन दयाल विरद अपनो लख लीजे, मेरी भूल अनादि प्रभु सब माफ करीजे॥
अबलौं तुम गुण भेद मैं कछु जाण्यो नाहीं, मुनिगण सेभै पांय ध्यान तें सुर शिव पाई।
तुम गुण अगम अपार पार सुर गुरु नहिं पावैं, तेरेनाम प्रसाद-विघन नशि मंगल आवै।
अग्नि नीर अहि माल रोगतन मैं नहीं व्यापै, मृगपति मृग सम थाय कुटिल गज थरहर कांपे।
व्यंतर भूत पिशाच नाम जपतैं नशि जावै, उदधि परे तिरजाय विषम बन नाहीं डरावे॥
ऐसो अतिशय और कुदेवादिक में नाहीं, मैं जग देख्यो हेर दोष तिष्ठै सब माहीं।
तुम निरदूषण देव प्रातिहारज अति सोहै, अनंत चतुष्टय देखि दोष को लेश न कोहै॥
क्षुधा तुषा अरु अरति जन्म मृत्यु तोरी फांसी, खेद श्वेद मद मोह जरा निद्रा भय नासी।

विस्मय रोग रु शोक राग चिंता सब जारी, द्वेष तणो नहीं लेश दोष अष्टादश हारी।।
रूप निरंबर शांत तेज रवि कोटि लजायो, धर्मचक्र तुम धार कर्मचक्री जय पायो।
नमूं ब्रह्म वय धार नमूं शिवदानी ध्यानी, मानस्थंभ विलोक शीश नावैं बहुभारी।।
तेरो दरश प्रभाव सुजश जग छाय रह्यो है, वचन सुधासम धार जीव बहु ज्ञान लह्यो है।
दर्श भाव उर धार भेक सुर पदवी पाई, इन्द्र भूति कर दर्श ज्ञान चवथो सु लहाही।।
तुम दर्शन तें नाथ कोटि भव के अघनाशै, तुम दर्शन तें नाथ ज्ञान सम्यक परकाशै।
तुम दर्शन तैं नाथ नरक पशुगति नहीं पावै, तुम दर्शन तें नाथ मुक्ति कमलापति थावै।
तुम दर्शन तें नाथ नवों निधि मैंने पाई, तुम दर्शन तें नाथ मनुष भव सफल कराई।
आयो तुम दरबार युगल पद धन्य हमारे, पूजे तुम पद धार हिये दृग रूप निहारे।।
श्रवण सकल सुनि वैन सफल रसनागुण गाये, शीश सफल कर जोर हृदय शुचिध्यान धरायो।
नमो वीर महावीर नमो सन्मति के करता, वर्द्धमान महावीर नमूं भवसंकट हरता।।
पांवापुर निर्वाण नमूं सुरनर खग ध्यावै, जै जै शब्द उचार बहुत वादित्र बजावै।
अहमिंद्रादिक वास नहीं जाचूं स्तुति करके। भव भव में पद सेव देहु मिथ्यातम हरिकै।।

(दोहा)

अष्ट द्रव्य कन थाल भरि, पूजं मन वच काय।
भव दधि डूबत काढिये, ''चन्द'' मुकति पहुँचाय।।
ॐ ह्रीं नव लब्धि धारक जिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

जो नर पूज रचाय, पाठ पढै मन लाय के।
निश्चय सुर पद पाय, नरहै मुनि शिव तिय वरै।
।। इत्याशीर्वादः ।।
।। इति श्री लब्धि विधान पूजा संपूर्णम् ।।

ॐ

णमोकार पैतीसी पूजन विधान (श्री अभयनंदि गुरुभ्यो नमः)

हिन्दी अनुवादक - 105 क्षुल्लक सिद्धसागर महाराज

नयप्रमाण के जो कर्ता हैं, घाति कर्म के जो हर्ता है।।
केवलज्ञान दिवाकर जो हैं, लोकालोक प्रकाशक जो हैं।।1।।
अनंत सौख्य के गृह को बंदूँ, देवाधिप जिनको अभिनंदूं।
उभय लक्ष्मी भोक्ता को वंदू, विद्येश्वर द्वय को अभिवंदू।।2।।
सकल सौख्ययुत सिद्ध को बंदूँ, जन्म-मृत्यु-जरा हर वंदूं।
अष्टम भू के ईश को वंदूं, भावनाशक जिननाथ को वंदूं।।3।।
अक्षय शाश्वत आप्त को वंदूं, रोग शोक निर्वारक वंदूँ।
सिद्ध आत्म-लब्धि के दाता, सर्व सिद्धि-ऋद्धि के प्रदाता।।4।।
गणाधीश आचार्य को वंदूं, विश्व ज्ञान पारंगत वंदूं।
परम चरित्र के जो सिन्धु हैं, शिष्यसिन्धु को जो इन्दु है।।5।।
परम रत्नत्रय के जो गृह हैं, धार्मधार मद-नाशक जो हैं।
हित उपदेशक को मैं वंदूं, गणनायक को नितप्रति वंदूं।।6।।
उपाध्याय अति धीर को वंदूं, परमज्ञान उपदेशक वंदूं।
अंग पूर्व की खनि को वंदूँ, शिष्य वर्ग सु पाठक वंदूं।।7।।
ज्ञानाभ्यास सदा जो करते, पंचमहाव्रत को जो धरते।
यथाख्यात के घर जो शुद्ध है, जो समीचीन धर्म दीपकहैं।।8।।
स्वात्मध्यान में सदा लीन जो, दयानिधि हैं मौनधार जो।
तीनलोकपति गणाधीश जो, निर्मल भाव लहरीक ईश जो।।9।।

समता भाव के जो आगार हैं, महामहल वर पंचाचार है।।
विश्वबोध मय परम शांत जो, वंदूं साधु ज्ञानी दांत जो।।10।।
शुद्ध बीजाक्षर की यह पूजा, रचता शिव सुख पाने दूजा।
सर्वजीव त्रायक वर नौका, संसार सिन्धु से तारक लोका।।11।।
परम सुन्दर अन्तर शोभा, मूल धर्ममय हरती लोभा।
चैत्यालय या तीर्थक्षेत्र में, भूमि शुद्ध उत्तम गृह क्षेत्र मे।।12।।
मंडल सुन्दर इसका मांडे, मंगल लोकोत्तम शरणा जागे।
सहस्त्रनाम दश अर्घ चढ़ावे, जिनके आगे शीश झुकावे।।13।।
सकलीकरण करें मन लाके, ध्यान मौन सहित वर लाके।
श्रावकाचार में जो लवलीन हैं, सद्दृष्टि से जो प्रवीण हैं।।14।।
बीजाक्षर के जो ज्ञाता हैं, पंडित श्रेष्ठ परम त्राता हैं।
सम्यक्त्व मूल कारणयुत जो हैं, स्नानशुद्धि संशुद्धि भी जो हैं।।15।।
करता है वह जिनकी पूजा, पापहारी विधान यह पूजा।
मैं भी श्रीमत् संघ के आगे, पुष्प श्रेपता चित्त लगाके।।16।।
ॐ ह्रीं प्रभावक संघ-सानिध्ये-शतैक कमलोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

समुच्चय पूजा

(स्थापना)

जिन शासन का सार है, मंत्रराज यह जान। सर्वपूज्य यह स्थापना, मंगलादि युत मान।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कारमंत्र ! अत्रावतर अत्रावतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कारमंत्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कारमंत्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधपनम्।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।

पूजूँ उत्तम वारि से, मंत्रराज वर मान।।1।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।

पूजूँ चंदन आदि से, मंत्रराज वर मान।।2।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।

पूजूँ अक्षत आदि से, मंत्रराज वर मान।।3।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।

पूजूँ मैं सुमनादि से, मंत्रराज वर मान।।4।।

ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।
पूजूँ उत्तम चारुक से, मंत्रराज वर मान।।5।।
ॐ *ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।*

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।
पूजूँ उत्तम दीप से, मंत्रराज वर मान।।6।।
ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।
पूजूँ उत्तम धूप से, मंत्रराज वर मान।।7।।
ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।
पूजूँ फल से मैं सदा, मंत्रराज वर मान।।8।।
ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व पाप हर मंत्र को, सर्व सौख्य कर जान।
पूजूँ आठों द्रव्य से, मंत्रराज वर मान।।9।।
ॐ ह्रीं अनादिनिधन पंचनमस्कार मंत्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घ

ॐ णमो अरहंताणं

ॐ प्रणव है धर्म दे, शांति ज्ञान दे जान। वीतराग वर ध्यान से योगी वंद्य ही मान।।

ॐ ह्रीं ''ॐ कार'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

ण-बीजाक्षर वारि से, पाप नाश हो पुण्य। वीत शोक करता यही, तारक हरे अपुण्य।।

ॐ ह्रीं ''ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

मो-बीजाक्षर सिद्ध है, करे कर्म द्वय नाश। जलादि से पूजूं इसे, गुण कर पूरे आश।।

ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

अ-बीजाक्षर प्राणि है, प्राण रक्षण ज्ञान। गणधर ने जीवन कहा, केशव करते ध्यान।।

ॐ ह्रीं ''अ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

र-बीजाक्षर रम्य है, उभय लोक में पूज्य। जिन रवि का यह गात्र है, पूजूं होने पूज्य।।

ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

हं-बीजाक्षर ध्यान से, कल्मष होते दूर। परमानन्द सदा करे, सेवे हो गुणपूर।।

ॐ ह्रीं ''हं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

ता-बीजाक्षर धर्म से, शुद्ध स्वर्ग गति प्राप्त। पूजूं परम सुकर्म गृह, जलादि से जिमि आप्त।।

ॐ ह्रीं ''ता'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

णं-बीजाक्षर श्रेष्ठ है, ब्रह्म मूर्ति वर जान। बोध राशि दातार है, पूजूं अर्घ प्रदान।।

ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

ॐ णमो सिद्धाणं

ॐ कार लोक में, योगीश्वर को ध्येय लोकालोक प्रकाश-मय, रवि को पूजूं श्रेय।।

ॐ ह्रीं ''ओंकार'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

ण-बीजाक्षर को नमूं, सम्यग्दर्शन कार। मन चाहे फल भी मिले, पूजूं अर्घ उतार।।

ॐ ह्रीं ''ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

मो-बीजाक्षर लोक में, दश लक्षण दे धर्म। योगी का ईश्वर यही, पूजूं होता शर्म।।

ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

सि-बीजाक्षर सिद्ध है, केवल ज्ञान प्रकाश। गणधर सा दे ज्ञान जो, पूजूं सदा विकास।।

ॐ ह्रीं ''सि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

द्धा-बीजाक्षर कहा, प्रमाद नाशक जान। करे मोक्ष व्रत को वही, पूजूं अर्घ प्रदान।।।।

ॐ ह्रीं ''द्धा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

णं-बीजाक्षर श्री करे, स्वर्ग काम्य फलदाय। है श्रीजिन ज्यों सुखमयी, यह पूजूं शिवदाय।

ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

ॐ णमो आइरियाणं

ॐ बीजाक्षर शुद्ध है, श्रीक सिद्ध-गति दाय। केवलज्ञान स्वरूप है, पूजूं अर्घ बनाय।।

ॐ ह्रीं ''ॐ कार'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

ण-बीजाक्षर ज्ञान-प्रद, लोक नायक ज्ञान। सर्वाक्षर का भूप है, पूजूं अर्घ प्रदान।।

ॐ ह्रीं ''ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

मो-अक्षर इस लोक में, काम्यप्रद जान। कामहारी जिन मित्र है, पूजूं अर्घ प्रदान।।

ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

आ-बीजाक्षर ध्यान से, बढ़े नहीं संसार। पाप ताप हरता यही, पूजूं अर्घ उतार।।

ॐ ह्रीं ''अ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

इ-बीजाक्षर रम्य है, जिनवर कथित सुजान। चारों गति से तारता, पूजूं अर्घ प्रदान।।

ॐ ह्रीं ''इ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

रि-बीजाक्षर शुद्ध है, पंच बाण हो नष्ट। श्री जिन सम मैं पूजता, रहे न कोई कष्ट।।

ॐ ह्रीं ''रि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

या-बीजाक्षर शांत है, जीव राशि दे तार। जिन गुण सम पूजूं इसे, अर्घ चढ़ा हितकार।

ॐ ह्रीं ''या'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

णं-बीजाक्षर अवश्य ही, भरे पुण्य भंडार। महा योगी कर ध्येय है, पूजूं अर्घ उतार।।

ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

ॐ णमो उज्वझायायणं

प्रणव बीज ॐ कार है, तीन लोक में दीप। लोकालोक प्रकाशता, यह तो परम प्रदीप

ॐ ह्रीं ''ॐ कार'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

ण-बीजाक्षर शुद्ध है, संसार दुःख हर जान। योगी ध्यान-गत नित्य है, पूजूं अर्घ प्रदान।।

ॐ ह्रीं ''ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

मो-बीजाक्षर पुण्य बढ़ाता, वीतराग दीपक कहलाता।
पूजूं अर्घ चढ़ाकर ध्याऊं, इसमें अपनी लगन लगाऊँ।।

ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

उ-बीजाक्षर धर्ममई है, जिन मुख से निकला यह वर है।
संसार ताप का हारक जानो, सुना मंत्र यह अघ हरमानो।।

ॐ ह्रीं ''उ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

व-बीजाक्षर सौख्य बढ़ावे, आत्मिक परमानंद दिलावे।
दुःख शोक को दूर भगावे इसकी महिमा सुर नर गावें।।

ॐ ह्रीं ''व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

ज्झा-बीजाक्षर को मैं ध्याऊँ, ज्ञानानंद समूह बढ़ाऊं।
इन्द्र पूज्य जिन तन सम ध्याऊं, पूजूं इसके गुणगण गाऊं।।
ऊँ ह्रीं ''रि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

या-बीजाक्षर मति बढ़ावे, वीतरागमय सतत सुहावे।
नर सुर से वंदित को ध्यावें, पूजा इसकी दिव्य रचावें।।
ऊँ ह्रीं ''या'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

णं-बीजाक्षर कर्म नशावे, हिंसक कर्म को दूर भगावे।
प्रकृष्ट सिद्धि कर्तार सुहावे, पूजों अर्घ चढ़ा कर ध्यावें।।
ऊँ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

ऊँ णमो लोए सव्वसाहूणं

ऊँ बीजाक्षर निर्मल ध्यावें, कर्म मूल को दूर हटावें।
संसार ताप नहिं उसे सतावें, पूजें ध्यावें भक्ति बढ़ावें।।
ऊँ ह्रीं ''ऊँ कार'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

ण-बीजाक्षर मंत्र सु राजा, दुःख पलावे सुधरे काजा।
परमानन्द करे नित ध्याता, पूजूँ वंदूँ यह है त्राता।।
ऊँ ह्रीं ''ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

मो-बीजाक्षर प्राण ईश है, मुनिगण ध्याते नमा शीश है।
आत्म ब्रह्म के गुणगण पावे, इसको पूजे शिव पद पावें।।
ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

लो-बीजाक्षर मंगल-प्रद है, शिवपददायक यह नायक है।
आदि देवके मुख से निकला, है इससे बढ़ती आत्मकला।।
ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

ए-बीजाक्षर ब्रह्म-युक्त है, पाप के क्षालन में तत्पर है।
सुदर्शन का बीज ज्ञान है, अष्ट द्रव्य से पूजूं वर है।।
ॐ ह्रीं ''ए'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

स-बीजाक्षर लोक ईश है, जैन लोक को मान्य रूप है।
पूजूं अर्घ चढ़ा कर ध्याके, श्री जिन भाषित चित्त लगाके।।
ॐ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।36।।

व्व-बीजाक्षर है जिन भाषित, सिद्धमंत्र शुभ शांति विकासित।
आत्म-गंग से सदा प्रवाहित, पावन करता यह अपना हित।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।37।।

सा-बीजाक्षर पुण्य ईश है, स्वर्ग-मोक्ष-प्रद झुका शीश है।
आत्म धर्म की प्रभा-राशि है, पूजूं इसको आत्म काशी है।।
ॐ ह्रीं *''सा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।38।।*

हू-बीजाक्षर धर्म ईश है, धर्म काम्य दे नमा शीश है।
स्वर्ग मोक्ष गति देता धीश है, पूजूं हरता मनकी रीश है।।
ॐ ह्रीं ''हू'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।39।।

णं-बीजाक्षर जाप जपेंगे, द्वादश गण भी इसे रटेंगे।
भव्य जीव जीवन का दाता, भावे अमृत मय यह भाता।।
ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।40।।

चत्तारि-मंगलं

च- बीजाक्षर वर्ग का राजा, पंचमि व्रत दायक शिवकाजा।
योगीश्वर के मुख से निकला, पूजूं अष्ट द्रव्य ले सकला।।
ॐ ह्रीं ''च'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।41।।

त्ता-बीजाक्षर सुख युक्तं, जिन भाषित यह पाप से मुक्तम्।
व्रत शुद्धि कर है नित्यं, पूजूं अर्घ चढ़ाकर नित्यम्।।
ॐ ह्रीं ''त्ता'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।42।।

रि-बीजाक्षर है कर्म शत्रुहर, दुःख बैरी को है पैना शर।
सुव्रत दाता को मैं बन्दूं, गुणसागर को पूजूं बन्दूं।।
ॐ ह्रीं ''रि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।43।।

मं-बीजाक्षर सूत्र का ईश्वर, पूजूं अर्घ से जो परमेश्वर।
दत्त भावना बोध का ईश्वर, सूत्रबोधकर कहा महेश्वर।।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।44।।

ग-बीजाक्षर पूज्य कहाता, पूज्यपाद कर श्रेष्ठ सुहाता।
श्रीजिनधर्म प्रदायक त्राता, अष्ट द्रव्य से पूज रचाता।।
ॐ ह्रीं ''ग'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।45।।

लं- बीजाक्षर श्रुत का अंश, केवलज्ञान प्रदायक वंश।
मति प्रदायक बीज है जानो, पूजूं अर्घ से उत्तम मानो।।
ॐ ह्रीं ''लं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।46।।

अरहंता-मंगलं

अ- बीजाक्षर विश्व विदित है पंच प्रकार मुनि भाषित है।
काम्य प्रदायक लोकमांहि जो, पूजूं उत्तम अक्षर है जो।।
ॐ ह्रीं ''अ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।47।।

र-बीजाक्षर परम देह है, वीत शोक जय-दाय गेह है।
धर्मध्यान कर शर्म शांति कर, पूजूं सु परम सुधाकर।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।48।।

हं-बीजाक्षर शांति बढ़ाता, क्रोध लोभ भयगिरि को ढाता।
अष्टमदों का कहा विजेता, पूजूं थाल अर्घ मैं लेता।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।49।।

ता-बीजाक्षर सूर्य समाना, मुनि ध्यान गत शुभ है माना।
पुण्य-जीव को भव जल तारे, अष्ट द्रव्य से पूजूं सारे।।
ॐ ह्रीं ''ता'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।50।।

मं-बीजाक्षर शुद्धि प्रदाता, विश्व जीव को हित बतलाता।
साधू गुण समूह को पूजूं, अर्घ उतारूं भक्ति से कूजूं।।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।51।।

ग-बीजाक्षर सूत्र का स्वामी, मंत्र साध्य का यह है नामी।
चित्त स्वच्छ कर्ता अति रम्य, पूजूं महिता योगी गम्य।।
ॐ ह्रीं ''ग'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।52।।

लं- बीजाक्षर दान का कामी, दान स्वर्ग-गति देता नामी।
लब्धि तथा कल्याण प्रदाता, पूजूँ वंदू पाऊं साता।।
ॐ ह्रीं ''लं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।53।।

सिद्धा-मंगलं

सि- बीजाक्षर पांडित्य प्रदाता, भव नाशक भव्यों का त्राता।
आत्म-ब्रह्म श्री से जो होता, पूजूं वदूँ आनन्द होता।।
ॐ ह्रीं ''सि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।54।।

द्धा-बीजाक्षर दुख का हारी, मोक्ष धाम दाता सुखकारी।
सत्यवचन जिन मुख से निकला, आनंद प्रदाता है यह सकला।।
ॐ ह्रीं ''द्धा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।55।।

मं-बीजाक्षर को हम ध्यावें, इन्द्र पूज्य है गुण हम गावें।
जरा मरण के दुःख का हर्ता, अर्घ संयुक्त सौख्य सुकर्ता।।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।56।।

ग-बीजाक्षर शांति प्रदाता, संसार ताप को दूर हटाता।
परमानन्द परम पद दाता, पूजूं होती दूर असाता।।
ॐ ह्रीं ''ग'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।57।।

लं- बीजाक्षर उत्तम जिन भाषित, दुःख शोक संताप विनाशित।
पूजूं भव हंता दे साता, इसको मानूं उत्तम त्राता।।
ॐ ह्रीं ''लं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।58।।

साहू-मंगलं

सा- बीजाक्षर मंगलकर है, योग प्रदायक विद्याधर है।
सम्यग्दर्शन शुद्ध बनाता, पूजैं अर्घ चढ़ाकर ध्याता।।
ॐ ह्रीं ''सा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।59।।

हू-बीजाक्षर पुण्य प्रदाता, धर्म बीज है रोग नशाता।
धर्म का ज्ञाता जगदानंदी, पूजूं इसको परमानंदी।।
ॐ ह्रीं ''हू'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।60।।

मं-बीजाक्षर को मैं वन्दूं, जरातीसार संग्रहिणी हन्दूं।
विशाल बोध दायक मैं बन्दूं, पूजूं नितप्रति मैं अभिनन्दूँ।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।61।।

ग- कार बीज मंगलकर्ता है, मृत्यु शोक को यह हर्ता है।
घोरोपसर्ग विघातक जानो, पूजो वंदों पावन मानो।।
ॐ ह्रीं ''ग'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।62।।

लं-कार बीज अक्षर धर्माकर, धर्ममूर्ति है धर्म दिवाकर।
परम ज्ञान सूर्य मय जानो, तत्व विधायक उत्तम मानो।।
ॐ ह्रीं ''लं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।63।।

केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं

(दोहा)

के-कार बीज यह शुद्ध है, जप से भव भय दूर।
सुगति करे, दुर्गति हरे, पूजूं यह है सूर।।
ॐ ह्रीं ''के'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।64।।

(चौपाई)

व- कार बीज भव तारकमाना, लोकांतिक वर जाप्य है जाना।
अधर्म-दुःख कारक का हर्ता, पूजूँ इसको मानूँ संता।।
ॐ ह्रीं ''व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।65।।

लि- कार बीज यह ब्रह्म जात है, उपेन्द्र सेव्यहै विबुध ज्ञात है।
चन्द्रकांति सम शांति ध्येय है, पूजूं इसको साधु ज्ञेय है।।
ॐ ह्रीं ''लि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।66।।

प-कार बीजाक्षर भव्य सेव्य है, भवादि दुःख प्रविनाशनीय है।
विकार दूर करता वर बोध, पूजूँ इसे अर्घ वर शोध।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।67।।

ण्ण- कार शुभ बीज मार्ग है, वाच्य रूप जो जगत कांत है।
जीव स्वरूप प्रकाशक कारी, पूजूँ मैं सब शोक जु हारी।।
ॐ ह्रीं ''ण्ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।68।।

त्तो- कार बीज पदार्थ बोध कर, सुदेव से उक्त परमंगपूर्वकर।
जरादिदोषादि विनाशकारी, पूजूँ इसे मैं, सब सौख्य कारी।।
ॐ ह्रीं ''त्तो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।69।।

ध- कार बीज जिन धर्मपात्र है, सुसिद्धिदायक गुण अष्टपात्र है।
आत्माधिराज सुजात पवित्र है, कर्म कांतार हंत्री लवित्र है।।
ॐ ह्रीं ''ध'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।70।।

म्मो-कार बीज भव दुःखहर्ता, पाप प्रणाशी शिव सौख्यकर्ता।
आनन्दाता भव त्रास हर्ता, पूजूं इसे मैं यह विश्व भर्ता।।
ॐ ह्रीं ''म्मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।71।।

मं-कार बीजं भुवनेक बीजं, जिनेन्द्र भाषित यह श्रेष्ठबीजं।
श्री रामचन्द्रादि यतीन्द्र वंद्यं, पूजूँ इसे मैं यह विश्व वंद्यं।।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।72।।

ग-कार बीजं जिननाथ बीजं, अखण्ड है जो गणदेव बीजं।
सदासुधीनाथ विचारयोग्य है, पूजूं से मैं यह ध्यान योग्य है।।
ॐ ह्रीं ''ग'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।73।।

(दोहा)

लं-कार बीज शुभ बीज है, धर्मैक रूप श्रुतबीज।
विचार दक्ष वर ध्यान से, ध्याता मैं यह बीज।।
ॐ ह्रीं ''लं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।74।।

चत्तारि लोगुत्तमा

च- कार बीज जय देता है शुचि, मुनीन्द्र गीत में मम होत है रुचि।
पुराण रूप भुवनेक भूप है, पूजूँ इसे मैं अति सौम्य रूप है।।
ॐ ह्रीं ''व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।75।।

त्ता-कार यह बीज विश्व है, विस्तार बोध करता सु विश्व है।
दुखी-जनों को यह तारता है, पूजूं इसे मैं अघ नाशता है।
ॐ ह्रीं ''त्ता'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।76।।

रि-कार बीजाक्षर कर्म वह्नि है, जलके समान ही शुद्ध करे अतीव है।
सुकर्मध्यानामृतपेय रूप है, पूजूं इसे मैं यह सौख्य कूप है।।
ॐ ह्रीं ''रि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।77।।

(दोहा)

लो-कार बीज सुर वर्ग से, मुनि से पूजितपूत।
मन चाहे फल भव्य को, देता है यह सूत।।
ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।78।।

गु-सहित-उ बीज जिनागत, तारक भव्य समूह।
सुभारती से साध्य है, पूजूं इसकी रूह।।
ॐ ह्रीं ''गु'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।79।।

त्त-बीज सु परमात्म को, बतलाता वर रूप।
जिनके वचन प्रभाव से, गणधर से चिद्रूप।।
ॐ ह्रीं ''त्त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।80।।

मा- बीज है भव-भय हारी, भव्य सिंधु से सेव्य विचारी।
स्वर्ग मोक्ष पद का यह दाता, इसे पूजते चारण त्राता।
ॐ ह्रीं ''मा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।81।।

अरहंता लोगुत्तमा

गौतमादि भाषित अ बीज, वीतराग गति का सु बीज।
बीजों का ईश्वर यह बीज, अरचूँ मैं उत्तम यह बीज।।
ॐ ह्रीं ''अ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।82।।

र-कार बीज अक्षर वरपुण्य, योगीन्द्र ध्येय हरे जो अपुण्य।
जिनागम पूज्य परम विधान, पूजूं इसको शांति निधान।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।83।।

हं- बीजाक्षर भव-भयहारी, श्री रामचन्द्र से पूजित भारी।
स्वर्ग मोक्ष में शीघ्र पठावे, सुख पावे जो ध्यान लगावे।।
ॐ ह्रीं ''हं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।84।।

त- बीजाक्षर लोकेश्वर पूज्य, श्री देता जप से तप पूज्य।
आदिनाथ ने इसे बताया, इन्द्रों ने इसका गुण गाया।।
ॐ ह्रीं ''त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।85।।

लो-बीजाक्षर लोक में मान्य, भव्यों का तारक है मान्य।
जिनशासन उद्योतक मानो, पूजों बन्दो उत्तम मानो।।
ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।86।।

गु-सहित-उ बीज बुद्ध हैं, धर्मामृत यह परम शुद्ध है।
आचार सिद्धिकर काम विनाशी, पूजूं मैं भी यह अविनाशी।।
ॐ ह्रीं ''गु'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।87।।

त्त- जो बीज है विश्वभूप है, सर्वज्ञ बीज यह सौख्य रूप है।
शोक हरे यह काम विदारी, पूजूं इसको आत्म बिहारी।।
ॐ ह्रीं ''त्त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।88।।

मा- बीजाक्षर भव-जल नौका, भव्य मुनी के हरता शोका।
काम अग्नि को मेघ समाना, पूजूं इसको यह अमलाना।।
ॐ ह्रीं ''मा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।89।।

सिद्धा लोगुत्तमा

सि-बीजक्षर विल सुखकारी, शुक्लमयी लेश्या अविकारी।
चारण इसका ध्यान लगाते, भवसागर से वे तिर जाते।।
ॐ ह्रीं ''सि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।90।।

द्धा- बीजाक्षर आदिनीत है, इन्द्रों से भी पूज्य गीत है।
चारण इसका ध्यान लगाते, भवसागर से वे तिर जाते।।
ॐ ह्रीं ''द्धा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।91।।

लो-बीजाक्षर विश्व ऋद्धि दे, शांति कांति साम्राज्य बढ़ा दे।
स्वर्ग मोक्ष दे खुशी खुशी से, इसको पूजूं बड़ी खुशी से।।
ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।92।।

गु-सहित-उ बीज धर्म जप है, लोकांतिक देवों का तप।
तत्वार्थ दान करूं मैं नित्य, पूरे जाने भोग अनित्य।।
ॐ ह्रीं ''गु'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।93।।

त्त-बीजाक्षर गणधर गावें, जाप करे शिवपुर को जावे।
सिंह आदि की भीत नशावे, पूजूं इसको मन से ध्यावें।।
ॐ ह्रीं ''त्त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।94।।

मा- बीजाक्षर भव्य रूप है, भव तरन को नौका रूप है।
आग्रह अंधकार का हारी, पूजूं इसको यह अघहारी।।
ॐ ह्रीं ''मा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।95।।

साहू लोगुत्तमा

सा-बीजक्षर धन्य है, पाप बीज हर मान। दुर्व्याधि रागाग्नि को, शमन करे यह ज्ञान।।
ॐ ह्रीं ''सा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।96।।

प्राणनाथ हू बीज है, रक्षा करे सुधर्म। पूर्वधरों का ध्येय है, देता है यह शर्म।।
ॐ ह्रीं ''हू'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।97।।

लो-बीजाक्षर को जपो, करे शुद्ध यह भाव। यह नौका भवसिंधु को, तरने की सद्भाव।।

ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।98।।

हृदय कमल का हार है, गु बीज निरवार। सर्प विसूचिका आदि को, हरे बीज भव हार।।

ॐ ह्रीं ''गु'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।99।।

नरपति के पद को करे, त्त बीजाक्षर सार। मुनि हृदय में बस रहा, ध्यान करे अघहार।।

ॐ ह्रीं ''त्त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।100।।

विजयी करता बीज मा, सिद्धि करे अघहार। केवल ज्ञान प्रकाश को, करता है निरधार।।

ॐ ह्रीं ''मा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।101।।

केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो

के- बीजाक्षर ज्योति जगावे, काम भाव संताप नशावें।
सुरपति इसके दास कहावे, इसको पूजें शिवपद पावें।।

ॐ ह्रीं ''के'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।102।।

व-बीजाक्षर अमिय समाना, कुमति कुश्रुति को दूर हटाना।
जन्म मरण के रोग हरेगा, आत्मिक सुख में अवश धरेगा।।

ॐ ह्रीं ''व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।103।।

लि- बीजाक्षर मंत्र सुहाता, गगनगामी मुनि के मनभाता।
अघ का नाम निशान मिटाता, पूजूं इसको दुःख घटाता।।
ॐ ह्रीं ''लि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।104।।

प- बीजाक्षर रम्य कहाता, योगीजन के मन को भाता।
जन्म मरण के रोग मिटाता, पूजूं इसको पाप हटाता।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।105।।

ण्ण- बीजाक्षर धनजन दाता, मरणसमाधि सिद्धि सुखदाता।
चक्री का पद यह देता, शिवपद में यह धर देता है।।
ॐ ह्रीं ''ण्ण'' *बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।106।।*

विविध परम सौख्य को पाता, त्तो का जो ध्यान लगाता।
भव-भय उसके पास न आता, ज्ञायक परमानन्द सुहाता।।
ॐ ह्रीं ''त्तो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।107।।

ध-बीजाक्षर सिद्धि प्रदाता, अघ हरता मुक्तिक सुखदाता।
धर्म जिनेश्वर का करता, उत्तम पद में यह धरता है।।
ॐ ह्रीं ''ध'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।108।।

म्मो- मन का हार बनाऊं, धर्म कर्म में चित्त लगाऊं।
अपने में ही मैं रम जाऊं, ज्ञायक परमानन्द रहाऊं।।
ॐ ह्रीं ''म्मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।109।।

जनम मरण का नाश कराऊं, लो बीजाक्षर में लो लाऊं।
मुनि जन मन को शांतिदाता, पूजूं मेरा मन हुलसाता।।
ॐ ह्रीं ''लो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।110।।

गु- बीजाक्षर नाना व्रत देता, यम नियमों में खैंच ही लेता।
भव जल तरने पोत समाना, ज्ञायक समता भव अमाना।।
ॐ ह्रीं ''गु'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।111।।

त्त-बीजाक्षर कृत पाप नशावे, अपने को अपने में लावे।
मनोकामना पूरी करता, सुर नर किन्नर का मन हरता।।
ॐ ह्रीं ''त्त'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।112।।

भय गण को 'मो' मार भगावे, जो भी इसका ध्यान लगावे।
गगनगामी मुनि चारण ध्यावें, इसके गुण का पार न पावे।।
ॐ ह्रीं ''मो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।113।।

चत्तारि सरण पव्वज्जामि

च- अक्षर के गुण को गावैं, मन धन रक्षा करने ध्यावैं।
ज्ञान ध्यान में लीन बनाता, योगो जन के मन को भाता।।
ॐ ह्रीं ''च'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।114।।

त्ता-राक्षस ओघ नशावे, काम हरे सुख शांति बनावे।
कर्महारी इसको हम पूजें, मोक्ष मार्ग हमको सब सूझे।।
ॐ ह्रीं ''त्ता'' *बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।115।।*

रि- बीजाक्षर सुख का दाता, उत्तम भाव बोध का दाता।
केवलज्ञान को प्रकट कराता, पूजूं होती दूर असाता।।
ॐ ह्रीं ''रि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।116।।

स- बीजाक्षर रोग नशावे, पुत्र कलत्र लोक में पावे।
विश्व-ज्ञान ध्यान मन लावे, आत ज्ञान नाम वह पावे।।
ॐ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।117।।

र-बीजाक्षर गुण का धारी, शाकिनी डाकिनी हाकिनि हारी।
भूत प्रेम नहीं पास में आवे, यक्षादिक सब दूर पलावें।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।118।।

णं- बीजाक्षर धर्म प्रदाता, लाकिनि काकिनि दूर हटाता।
चौर आदिके क्लेश नशाता, चौर आदि नहिं पास में आता।।
ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।119।।

प-बीजाक्षर कार्य बनाता, वांछित फल का है यह दाता।
सिंह शूकरादिक से बचाता, सव्र प्रमेय प्रकाश कराता।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।120।।

व्व-बीजाक्षर मृत्यु जयी है, ध्यान काल बहु अतिशयी है।
मुद्गल तोयत भीति भगाता, नागिन का भय दूर पलाता।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।121।।

ज्जा-बीज अक्षर सुखदाता, शत्रु हरे वर बोध कराता।
आत्म तेज को प्रकट करावे, पूजन का यह भाव बढ़ावे।।
ऊँ ह्रीं ''ज्जो'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।122।।

राक्षस तस्कर दूर पलावे, मि अक्षर मन को यह भावे।
भूमि भूप विद्याधर ध्यावें, जो कोई इसका ध्यान लगावे।।
ऊँ ह्रीं ''मि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।123।।

अरहंते सरणं पव्वज्जामि

अ- बीजाक्षर पुत्र दिलावे, अंग पूर्व में इसको ध्यावें।
जीव स्वरूप बतावे वाला, निराकार आकार निराला।।
ऊँ ह्रीं ''अ'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।124।।

र- बीजाक्षर परम भोग है, ज्योति देवों के स्तुति योग है।
सिंह सर्प का दर्प नशाता, आधि-व्याधि को पास न लाता।।
ऊँ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।125।।

हं-बीजाक्षर पाप पलावे, जिनके तन सम इसको ध्यावें।
मुनिजन मन को सदा सुहाता, आत्मबोध का यह है दाता।।
ऊँ ह्रीं ''हं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।126।।

ते-बीजाक्षर स्वर्ग धाम दे, भव जल तरने को नौका दे।
राज्य सिद्धि जपने तपने से, होती है श्रद्धा धरने से।।
ऊँ ह्रीं ''ते'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।127।।

स- बीजाक्षर सद्ध्यान धरावे, संसार दुःख को दूर हटावे।
गुणस्थान पर शीघ्र चढ़ावे, भव पातक में नहीं गिरावे।।
ॐ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।128।।

र-बीजाक्षर सिद्धि सौख्य दे, मोक्षगामि नर का सुसेव्य है।
इसकी जो भी पूजा करते, निज को उत्तम पद में धरते।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।129।।

(दोहा)

भव्य जीव को प्रिय लगे, णं बीजाक्षर सार।
नाम लोक आदिक जिसे, ध्याते हैं निरधार।।
ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।130।।

प- बीजाक्षर ज्ञान की, करता शुद्धि महान।
देशों में समता करें, पूजूं इसे सुजान।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।131।।

व्व- बीजाक्षर सिद्धि को, देता है यह जान।
काल कूट का नाश हो, जप से इसके मान।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।132।।

ज्जा-बीजाक्षर तारता, धर्म ध्यान कर जान।
सात लक्ष इसको जपे, जल को अमृत मान।।
ॐ ह्रीं ''ज्जा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।133।।

मि-बीजाक्षर स्वयं दे, अमर बनाता जान।
है अभंग धार्मिक अमी, इसको भजता ज्ञान।।
ॐ ह्रीं ''मि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।134।।

सिद्ध सरणं पव्वज्जामि

(दोहा)

सि-बीजाक्षर सिद्ध का, वाचक है यह जान।
प्राणी पीडा दूर हो, इसका यदि हो ध्यान।।
ॐ ह्रीं ''सि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।135।।

द्धे- बीजाक्षर ज्ञान बढ़ाता, विमल भाव जीवों में लाता।
विमल धर्म स्वपर में करता, जीवों की यह बाधा हरता।।
ॐ ह्रीं ''द्धे'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।136।।

स- बीज है भूषण जीवों का, भव हर परमात्मा भव्यों का।
जिनके मुख से यह भाषित है, स्वर व्यंजन से यह अन्वित है।।
ॐ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।137।।

र- बीजाक्षर शक्ति बढ़ाता, गणेश भी गुण इसके गाता।
रत्नत्रय यह तारण हारा, उभय नयों से हमने धारा।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।138।।

णं-बीजाक्षर शील निधाना, भव समुद्र तारण परधाना।
अधिक गुणों का यह बोधक है, कमाश्रव का यह रोधक है।।
ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।139।।

प- बीजाक्षराय है शंकर सा, धन करता हरता अरि शर-सा।
तीन जगत के ईश्वर जैसा, वरदाता गुण सागर ऐसा।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।140।।

व्व-बीजाक्षर भव्य हितंकर, सुजन भक्ति करती तीर्थंकर।
मुनिजन की जय भव हर्ता है, भव्य जीव पूजन करता है।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।141।।

ज्ज- बीजाक्षर कह सुमान है, रक्षक है यह परम शान है।
शरण भव्य जीवों का तारक, पूजें इसको जो भव-हारक।।
ॐ ह्रीं ''ज्ज'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।142।।

मि- बीजाक्षर पावन करता, पुत्र मित्र कलत्र जु भरता।
मन वांछित फलको यह देता, स्वर्ग मोक्ष पद में धर देता।।
ॐ ह्रीं ''मि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।143।।

ससाहू सरणं पव्वज्जामि

सा-बीजाक्षर जग जीवन है, गणधरादि सेवित यह धन है।
विमल वर्ण यह शुभ उपदेशक, इसको ध्याते मुनि उपदेशक।।
ऊँ ह्रीं ''सा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।144।।

हू-बीजाक्षर धर्म प्रदाता, मद हर्ता गुण मैत्री बढ़ाता।
दशलक्षण यह धर्म का सर्जक, पापकार्य काहै यह वर्जक।।
ऊँ ह्रीं ''हू'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।145।।

स- बीजाक्षर जिनमुख खिरता, यश करता जय देता फिरता।
भवहर भव्य सुखाकर सिंधु, सिद्ध-सिन्धु माने शम-सिन्धु।।
ऊँ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।146।।

र- बीजाक्षर धर्म विदांवर, परम मोक्ष वश करे चिदंबर।
षोडश कारण भेद हि जानो, सब जन का हितकारक मानों।
ऊँ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।147।।

णं- बीजाक्षर भव भय हारी, परम सुधाकर ज्ञान बिहारी।
गगनगामि चारण भी ध्यावें, इसके गुण हम किसविधि गावें।।
ऊँ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।148।।

प- बीजाक्षर गुणव्रत रक्षक, सुखसंपति कर पाप का भक्षक।
भव संताप मिटाने वाला, उत्तमपथ दर्शाने वाला।।
ऊँ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।149।।

विकट कर्म विपाक विदारै, व्व-बीजाक्षर भव-जल तारे।
दुर्गति हर यह सुगति पठावे, इसका यश हम मिलकर गावें।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।150।।

ज्जा-बीजाक्षर भव भय हरता, भवसिंधु से पार है करता।
मुनजन मन शम धनका रक्षक, पाप दुःख का है यह भक्षक।।
ॐ ह्रीं ''ज्जा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।151।।

मि- बीजाक्षर गणधर तारे, व्रत समूह जन के मन धारें।
सकल बोध, हरे यह भ्रांति, देता है यह अनुपम शांति।।
ॐ ह्रीं ''मि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।152।।

केवलिपण्णत्तं धम्म सरणं पव्वज्जामि

के- बीजाक्षर लोक में उत्तम, विपद जन्म हरे यह सत्तम।
इसके जप से शिवपद पावे, इसको पूजें हम नित ध्यावें।।
ॐ ह्रीं ''क'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।153।।

व- बीजाक्षर मदन नशावे, सर्व इन्द्र यक्षादिक ध्यावे।
इसको पूजे शिवपद पावे, इससे सारे पाप पलावे।।
ॐ ह्रीं ''व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।154।।

लि- बीजाक्षर त्रिभुवन नायक, ज्ञान जन्य पारद यह लायक।
गणधर का यह पंकज जानो, इसको पूजो उत्तम मानो।।
ॐ ह्रीं ''लि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।155।।

प-बीजाक्षर परम गुरु सम, इसके जप से शुद्ध बने हम।
इसको ध्यावे भय मिट जावे, इसको पूजे शोक नशावे।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।156।।

ण्ण- धन के भरे खजाने, बुद्धि बढ़ावें कुबेर सम माने।
यह समायि से सुधा पिलाता, इसके जप से मरण पलाता।।
ॐ ह्रीं ''ण्ण'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।157।।

तं- बीज व्रत शील दिलाता, वाणी को गोतम दिखलाता।
जन समूह का यह लोचन है, भव के बंधन का मोचन है।।
ॐ ह्रीं ''तं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।158।।

ध- बीजाक्षर संसृति हरता, यति मुनि ऋषि के मन में रहता।
त्रिभुवन वंदित पावन जानो, इसको उत्तम अनुपम मानो।।
ॐ ह्रीं ''ध'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।158।।

मं-बीजाक्षर त्रिभुवन मोहन, ऋषिनायक यह उत्तम है धन।
सकल बोधकरे यति दान से, करत पूजन है हम मान से।।
ॐ ह्रीं ''मं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।160।।

स- बीजाक्षर त्रिभुवन शरणा, मनसु शुद्धि से पूजन करना।
सच्चे सुख को धर्म समाना, हमने इसको उत्तम जाना।।
ॐ ह्रीं ''स'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।161।।

र- बीजाक्षर रज हर जानो, सबका आश्रय है यह मानो।
घट घट उत्तम ज्ञान बढ़ावे, त्यागी जन को दान दिलावे।।
ॐ ह्रीं ''र'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।162।।

णं- बीजाक्षर जरा मिटावे, दुर्गति दुःख विलय सब जावे।
परम धर्म कर सौख्य बढ़ावे, भोग आदि की चाह घटावे।।
ॐ ह्रीं ''णं'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।163।।

प- बीजाक्षर स्वपर प्रकाशे, यह जजिहै निज ज्ञायक भासे।
अज्ञान हरे यह अज्ञ जनों का, पाप हरे यह भव्यजनों का।।
ॐ ह्रीं ''प'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।164।

व्व- बीजाक्षर सन्मतिदाता, सकल पाप हर गुण गण त्राता।
जिनशासन को दिव्य बनाता, स्याद्वाद को यह चमकाता।।
ॐ ह्रीं ''व्व'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।165।।

ज्जा- बीज यह पुण्य प्रदाता, ताप हरे कुल सौख्य बढ़ाता।
तन को उत्तम रूप बनाता, इससे बल निज का जगजाता।।
ॐ ह्रीं ''ज्जा'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।166।।

मि- बीजाक्षर शिक्षा देता, विकट कर्म भंजन कर देता।
परम मुक्ति सामाज दिलाता, भव भय भंजन यह कहलाता।।
ॐ ह्रीं ''मि'' बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।167।।

।। ॐ श्री शांति कुरु कुरु स्वाहा ।।

प्रणव को पूजे सुख बढ़ जाता। दुःख पास में कभी न आता।।
ॐ ह्री- ॐ कार- बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।168।।

ह्रीं-बीजाक्षर को पूजे हम। शांति करे भरता है दम।।
ॐ ह्रीं-ह्रीं-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।169।।

शां-बीज सुख देता सार। भव्य जीव को देता तार।।
ॐ ह्रीं-शां-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।170।।

तिं-बीजाक्षर भव भव हारी। इससे बनते शम दम धारी।।
ॐ ह्रीं-ति-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।171।।

कु-बीजाक्षर पूजे ध्यावें। अष्ट द्रव्य से गुण गण गावें।।
ॐ ह्रीं-कु-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।172।।

रु-बीजाक्षर को पूजेंगे। अर्घ चढ़ाकर हम ध्यायेंगे।।
ॐ ह्रीं-रु-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।173।।

कु-बीजाक्षर भव का घाती। इसको पूजें होती ख्याती।।
ॐ ह्रीं-कु-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।174।।

रु-बीज अज्ञान नशावें गुरु के चरणों में ले जाये।।
ॐ ह्रीं-रु-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।175।।

स्वा-बीजाक्षर भव दुख हर्ता। साम्य भाव मन में नित भरता।।
ॐ ह्रीं-ह्री-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।176।।

हा- बीजाक्षर जन मन हारी। पाप पलायन करता भारी।।
ॐ ह्रीं-हा-बीजाक्षराय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।177।।

न्यायादिक का संग कराये, मुनिजन का जो ध्यान करावे।
मंगल लोकोत्तम में मन लावे, पंच गुरु की शरण पठावें।।
ॐ ह्रीं अनादि सिद्ध मंत्रेभ्यो अर्घ्यं।।178।।

ॐ ह्रीं शतैक सप्त अष्टोत्तर, कमलोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

जयमाला

परम गुणों के परम खजाने, सप्त दुःख लोपन हम माने।
त्रिभुवन को जो पावन करते, मन चाहे उत्तम फल भरते।।
भव-हर जो हैं आप कहाते, केवल रवि से हित बतलाते।
नाना नय में दक्ष कहाते, पक्षपात को सदा मिटाते।।1।।
भरत तथा ऐरावत के दश, विदेह क्षेत्र के आठ तथा शत।
भूतकाल में हुए अनन्ता, आगे भी जिनराज अनन्ता।।2।।
णमो अरिहंताणं जनत्राता, समवशरण त्रिभुवन जगभ्राता।
अष्ट प्रातिहार्य शुभ लक्षण, कर्मप्रकृति रिपु हत सुविचक्षण।।3।।
गर्भ जन्म भय नाशन संता, राग जरा मरणादि प्रहंता।
अष्ट कर्म रिपु दहन सुकर्ता, अष्ट गुणादि सुमूल-विभर्ता।।4।।
णमो सिद्धाणं मंत्र सुकारण, जयकार भवहर जन वर तारण।

काम क्रोध कंदर्प विदारण, पंच प्रकार संसार निवारण।।5।।
णमो आयरियाणं मुनिनायक, आचार्य स्वामियति जन गण त्रायक।
गुण छत्तीस भुवन विख्याता, पंचाचार शिष्य जन पाता।।6।।
सूरि नाम भव्य जन तारण, संघ चतुर्विध वृद्धि कारण।
धर्म द्वय विस्तार सुपारण, दीक्षा-शिक्षा बोध प्रसारण।।7।।
अंग एक दस पठन पवित्र, चउदह पूर्वगत शुद्ध चरित्र।
शिष्य वृन्द पाठन भुवि सूरा, नव नय भेद कथन गुण पूरा।।8।।
सुगुण पंचविंशति भव तारण, धर्माधर्म संदेह विदारण।
पाठक नाम महा गुणवंता, चतुरथ परमेश्वर जयवंता।।9।।
उष्णकाल श्री साधु सुगिरि तल, त्रिभुवनरूप ध्यानगत कर तल।
वर्षाकाल योग घृत तरुतल, शीतकाल सरिता मुनि तट थल।।10।।
अट्ठावीस सुगुण धर मुनिवर, पंच परम ईश्वर वर शंकर।
निशिदिन मौन परमपद धाता, परमार्थक पदवी जनत्राता।।11।।

(धत्ता)

जय जय पंचाधिप, जित मदनाधिप, पंच परम गुरु लोकपति।
श्री अभयचन्द पद अभयनन्दि गुरु, सुमतिसागर जिन ध्यान पति॥

ॐ ह्रीं अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व-साधु-पंच-परमेष्ठिभ्यो नमः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

उदय रोग था मिट गया, शिर का गया जु रोग।
परमानन्द निज में भया, सिद्धि सिंधु गत भोग॥

॥ इत्याशीर्वादः ॥

॥ इति श्री नवकार पैंतीसी पूजा (अनादि सिद्ध मंत्र पूजा) सम्पूर्ण॥

ॐ

श्री रविव्रत विधान (श्री कल्याण कुमार जैन 'शशि')

वीतराग सर्वज्ञ हितंकर, निष्कलंक निश्चल निष्काम।
रविव्रत पूजा रचा रहा हूं करके शतशतवार प्रणाम।।
गन्धकुटी की सर्वप्रथम यह, फलदायक पूजन प्रक्षाल।
प्रस्तुत परम कोष्ठगतपूजा, देवोपम वंदित चिरकाल।।
पूज्य जिनेश्वर पार्श्वनाथ का, करके विधिपूर्वक आह्वान।
भक्ति भावनाओं से प्रेरित, कर जिनप्रतिमा का श्रद्धान।।
संस्थापन स्वस्तिकमण्डल पर, रविव्रत विधिविधान अनुसार।
भक्तों की पूजा स्वीकारो, है दयाल तत्काल पधार।।

(स्थापना)

उत्तम सामग्री सचित कर, चुनकर लाया विविध प्रकार।
जिनवर पूजा को प्रस्तुत हूँ, मनवचकाय त्रियोग सम्हार।।

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अत्र अवतर संवौषट् इत्याह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधपनम्।

अथ अष्टाकम्

निर्मल स्वच्छ धवल शीतल जल, हीरक आभास द्युतिमान।
स्वर्णकलश भर तुम्हें चढ़ाने, लाया हूं हे दयानिधान।।
कल्पवृक्ष वा कामधुने सम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन से सुरभित, केशर कुंकुमादि अनमोल।
तपन-शमन के हेतु चढ़ाने, आया मन की ग्रन्थी खोल।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनु सम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्मल स्वेत समुद्रफेनसम, चन्द्रकिरण सम आभावान।
शोभनीय उज्ज्वल अखंड यह, अक्षत लाया भक्तिप्रमान।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

औसकणों से दीप्तिमान शुभ, पारिजात पुष्पों के कुंज।
लाया हूँ केतकी मालती, स्वर्णमयी चंपा के पुज।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

विविध भांतिक घेवर बावर, व्यंजन शुद्ध सरस उपयोग।
सजा सजाकर स्वर्णपात्र में, लाया हूँ मिष्टान मनोग।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृतविशुद्ध भरकर महिमामय, रत्नजडित सूद्योत प्रदीप।
निराबाध लोसे अभिमण्डित, लेकर आया दीप समीप।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मधूम्र से ओतप्रोत मन, इसमें भरती दिव्य प्रकाश।
धूप सुगन्धित नभ को करती, करती अष्कर्म का नाश।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग सुपारी किसमीस, पिस्ता चिलगोजा बादाम।
इनका सुन्दर थाल संजोकर, लाया चरणों में यशधाम।।
कल्पवृक्ष वा कामधेनुसम, दीजे मनवांछित वरदान।
यह रविव्रत पूजा स्वीकारें, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

रागद्वेष इन्द्रियसुख विजयी, निष्कामी चारित्र प्रधान।
आत्म झरोखे द्वारा जिनकी, मुनिगण ने पाई पहिचान।।
जल चन्दन अक्षत नैवेद्यं, पुष्प दीप धूप फल लाय।
कनकथाल घर इन्हें चढ़ाने, आया निर्मल अर्घ्य बनाय।।
कामधेनु सा कल्पवृक्ष सा, दीजे मनवांछित वरदान।
अष्टद्रव्य-मिश्रण स्वीकारे, जिनवर पार्श्वनाथ भगवान।।
ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम पूजा

मास असाढ़ पक्ष उजयार, अनशन करे नियम अनुसार।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य प्रथमवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजा शुभ रवि परम उदार, सदाचारयुत अनशन धार।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीजा रवि उपवास महान, वांछित फलदाता सुखखान।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौथा नियमित रवि उपवास, पूर्ण करे मन का अभिलाष।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचम अनशन सुखभण्डार, दाता धनधान्यादि अपार।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छठवाँ रवि उपवास उदार, रविव्रत पूजन मुक्ति के द्वार।
मंगलमयी दिवस रविवार, खोले स्वर्ग मुक्ति के द्वारा।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तम रविव्रत गुण गम्भीर, कांटे अष्टकर्म जंजीर।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम रवि महाव्रतनाम, ऋद्धि सिद्ध दाता अभिराम।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमा रविवव्रत भानुसमान उत्तम सुखदाता वरदान।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनवचकाय त्रियोग संभार, यह उपवास करे नव वार।
मंगलमयी दिवस रविवार, रविव्रत पूजन सुखदातार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य प्रथमवर्षे नवसु आदित्यवारेषु क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्वितीय पूजा

दूजे वर्ष अषाढ़ शुक्ल में इस प्रकार करिये रविवार।
मांड समेत प्रथम रविवव्रत में, चावलका लें कांजी आहार।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।
ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य द्वितीयवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजा वर्ष दूसरा रविव्रत, मनवांछित फल का दातार।
इसमें सुखदायक फलदायक नियमसहित कांजी आहार।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजे वर्ष तीसरा रविव्रत, मन से पालन करे पुनीत।
निर्मल कांजी भोजन लेतो, जीवन हो सुखपूर्ण व्यतीत।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष दूसरा चौथा रविव्रत, महिमामय मंगल का कोष।
सीमित कांजी भोजन द्वारा, मनमें भरा रखे संतोष।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजे वर्ष पांचवां रविदिन, संकट मोचन सुखद महान।
इसमें सीमित कांजी भोजन, सोलह स्वर्गों का सोपान।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष दूसरा छटवां रविदिन विघ्नविनाशक मंगलकार।
इस व्रत में असीम सुखकारी, मोड़सहित कांजीक आहार।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजा वर्ष सातवां रविदिन, धर्मपुण्य संचस का द्वार।
एकासन कांजीका भोजन, रसना इन्द्रिय का परिहार।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष दूसरा अष्टम रविदिन, सम्यग्दर्शन का निष्कर्ष।
कांजिक भोजन द्वारा पाले, रविव्रत का आदर्श सहर्ष।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष दूसरा नवमा रविव्रत, जो शिवमंदिर का आधार।
विधिपूर्वक इसको जो पाले, हो संकटसागर से पार।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दुतिय वर्ष रविवार व्रतों का, इसके मंगलमय परिणाम।
पूर्ण करे श्रद्धासमेत ले पार्श्वनाथ जिनवर का नाम।।
इस प्रकार रविव्रत महान यह भक्तिभाव से करे विशाल।
पूरी मनोकामनाएँ हों, यश वैभव से रहे निहाल।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य द्वितीयवर्षे नवसु आदित्यवारेषु नवक्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय पूजा

तीजे वर्ष प्रथम रवि नाम, मास अषाढ़ शुक्ल सुखधाम।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे सुरकामिनि अनुराग।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य तृतियवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीजे वर्ष दुतिय रविवार, सित आषाढ़ पक्ष अवधार।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे सुरकामिनि अनुराग।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीते वर्ष तृतीय रवि पाल, मानवजीवन करे निहाल।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे सुरकामिनि अनुराग।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीजे वर्ष तुरिय रवि करे, त्याग भावना मन में धरे।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे सुरकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय वर्ष पंचम रविवार, करे मनुजतन का उद्धार।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे सुरकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीजे वर्ष छट्ठो रविवार, जीवन सफल करे व्रतधार।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे शिवकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय वर्ष सप्तम रविवार रिद्धि से रविव्रत धरे उदार।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे शिवकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय वर्ष अष्टम रविवार, व्रतको करें नियम अनुसार।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे शिवकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीजे वर्ष नवम रविमीत, व्रतपूर्वक दिन करे व्यतीत।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे शिवकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष तीसरा रविव्रत धरें बिना नमक एकाशन करें।
यह व्रत करे सविधि बड़भाग, पावे शिवकामिनि अनुराग।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य तृतियवर्षे नवसु आदित्यवारेषु क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्थ पूजा

वर्ष चौथा पक्ष सित, आषाढ से व्रत कीजिये।
एक चाटुक प्रमित हर, रविवार भोजन लीजिये।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।
ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य चतुर्थवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथे में नियम से दूसरा रवि धारिये।
सविधि ऊनोदर किसे से, निर्जरा विस्तारिये।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीसरा रविवार चौथे, वर्ष में अपनाइये।
धारकर रविव्रत, मनो-वांछित मनोरथ पाइये।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथे का तुरिय रविव्रत सुखों का केन्द्र है।
कीजिये श्रद्धासहित, बनना यदि धरणेन्द्र है।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धन्य चौथा वर्ष पंचम, रवि अकिंचन से भरा।
इस सुभग रविवार व्रतकी, यह विवेक परंपरा।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथे में छठा रवि, आचरण का मूल है।
पन्थका हर शूल वन जाता सुगन्धित फूल है।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथा सप्त रवि, चारित्र का भण्डार है।
कर्मघाती विघ्नहर, महिला अनन्त अपार है।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथा आठवां रवि, शुभ शरण-दातार हैं।
डगमगाती नावकी रवि, व्रत सफल पतवार है।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वर्ष चौथे नवम रवि, व्रत जिनागम बोध है।
राग द्वेष कषाय का इस, में अपार विरोध है।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तुरियावर्षी रविव्रतों में पार्श्व की आराधना।
मुक्तिदा आनन्द दाता, रविव्रतों की साधना।।
एक चाटुक भोज का, इसमें विशेष विधान है।
पुण्यपुष्पों से भरा रविवार व्रत उद्यान है।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य चतुर्थवर्षे नवसु आदित्यवारेषु नवक्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचम पूजा

सित अषाढ़ पंचम अभिराम, पहिला रविव्रत मंगलधाम।
भवदधितारक व्रतरविवार, तक्र (छांछ) सहित ओदन आहार।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य पंचमवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञानलब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दूजो रविव्रत पंचम वर्ष, नासा इन्द्रिय का संघर्ष।
कर्मविदारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचम वर्ष तृतिय रविवार, सुखसम्पति दातार अपार।
जन्मसुधारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमवर्ष तुरिय व्रतधार, वांछित स्वर्ग मुक्ति का द्वार।
भवविध्वंसक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पांचवर्ष पंचमव्रत शुद्ध, करें कर्मबन्धन अवरुद्ध।
पापविदारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमवर्ष सुखद संयोग, छटवां रविव्रत महामनोग।
धर्मप्रसारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तम रविव्रत पंचमसाल मन में धर गुण की मणिमाल।
दुःखसंहारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम रविब्रत पंचम साल, हरे सकल जग के जंजाल।
भवसंहारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमां रविव्रत व्योममयंक, हरे सकल आतंक कलंक।

पथनिर्धारक व्रत रविवार, तक्रसहित ओदन आहार।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमवर्ष नवमव्रत धरे रबिव्रत भक्ति भाव से करे।

सुख विस्तारक व्रत रविवार, जजों पार्श्वप्रभु को नववार।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य पंचमवर्षे नवसु आदित्यवारेषु क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

षष्ठ पूजा

छठवां वर्ष प्रथम रबिवार, मास अषाढ़ शुक्ल पतवार।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य षष्ठवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छठवां वर्ष दुतिय रविवार, ऋद्धि सिद्धि दाता अधिकार।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छठवां वर्ष तृतिय रविवार, ऋद्धि सिद्धि दाता अविकार।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौथा रविव्रत पुण्यप्रताप, इसमें निकट न आवे पाप।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंचम रविव्रत धर्मनिकाय, शांतितलहटी तक मन जाय।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छटवां रवि आतम उद्योत, क्षायिक भव कलश कलधौत।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तम रवि आतम हितरूप, धर्मोपार्जन के अनुरूप।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम रविव्रत अपरम्पार, मंगलमयी धर्म गुंजार।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

षष्ठ वर्ष व्रत नवम प्रधान, यह अनशनतपका सोपान।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

षष्ठवर्ष नव रवि आयाम, पार्श्वप्रभु को कोटि प्रणाम।

इसमें रविव्रत नियम प्रमान, केवल एक अन्न अनुपान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य षष्ठवर्षे नवसु आदित्यवारेषु नवक्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तम पूजा

सित अषाढ़ पहि ला रविवार, करो सविधिव्रत को स्वीकार।

रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गो रसत्याग प्रधान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रते सप्तमवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मंगलमय द्वितीय रविवार, रखो सविधि आचार विचार।

रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुखदायक तीज रविवार, धर्मामृतका परावार।

रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऊनोदर चौथा रविवार, धार्मिक पुरस्कार उपहार।
रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जडताहर पंचम रविवार सत्यशील चारित्र सुधार।
रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अविपाकी छठवां रविवार, धर्मपुष्पकी महक अपार।
रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आकिंचन सप्तम रविवार, शोधक अन्तर्बल दातार।
रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रते सप्तमवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निराकुलित अष्टम रविवार, विधिवत कीजे अल्पाहार।
रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।
ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रते सप्तमवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अनशन तप नवमा रविवार, पाप विनाशक मंगलकार।

रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रते सप्तमवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रसलनालोभ न रखिये लेश, यही पार्श्वप्रभुका सन्देश।

रविव्रत सप्तमवर्ष महान, इसमें गोरसत्याग प्रधान।।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रते सप्तमवर्षे नवसु आदित्यवारेषु नवक्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम पूजा

अष्टम वर्ष अषाढ़ विशेष महिमामंडित ज्ञानविशेष।

शुक्लपक्ष पहिला रविवार, इसमें नीरस ले आहार।

ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य अष्टमवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष दुतिय रवि वार, करे विषमता का परिहार।

धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।

ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष तृतीय रविवार, मिथ्यादर्शन करे निवार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष तुरिय रविवार, मिथ्याचरित करे परिहार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम वर्ष पंचम रविवार, दानविघ्न पर करे प्रहार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष षष्ठ रविवार, लाभ-विघ्नहर्ता निर्धार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष सप्त रविवार, भोगविघ्न का नाशन हार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टवर्ष अष्ट रविवार, विघ्न पुनर्भोगन हर्तार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष नवम रविवार, वीर्यविघ्न हर सुखसंचार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमवर्ष नवम रविवार, क्षायिकलब्धि सुमति दातार।
धर्मकर्म निशिवासर धार, इसमें नीरस ले आहार।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य अष्टमवर्षे नवसु आदित्यवारेषु क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवम पूजा

नवमवर्ष पहिला रविवार, मास अषाढ़ शुक्ल अविकार।
त्याग भावना मन में धरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवारव्रतस्य नवमवर्षे प्रथमरविवासरे क्षायिकज्ञानलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष दूजा रविवार, व्रत संयम में हृदय पखार।
दुखदायक भवसागर तरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे द्वितीयरविवासरे क्षायिकदर्शन लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष तीजा रविवार, करता स्वात्मा का उपकार।
आत्मनन्द रूप अनुसरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे तृतीयरविवासरे क्षायिकसम्यक्त्व लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवम वर्ष चौथा रविवार, स्वर्ग सम्पदा का दातार।
बोय सुबोध भाव विस्तरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे चतुर्थरविवासरे क्षायिकचारित्र लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष पंचम रविवार, आत्मोत्थान स्वर्ग का द्वार।
आस्रवजन्य अशुचिता हरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे पंचमरविवासरे क्षायिकदान लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष छठवां रविवार, धर्मोपार्जन सुख संचार।
शुद्धाचरण क्रियायें करे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे षष्ठरविवासरे क्षायिकलाभ लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष सप्तमं रविवार, व्रतधर करे सुंभगं संस्कार।
व्रत के नियम भंग से डरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे सप्तमरविवासरे क्षायिकभोग लब्धिविभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष अष्टम रविवार, तृष्णाओं पर करे प्रहार।
अन्तस्थल श्रद्धा से भरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे अष्टमरविवासरे क्षायिकोपभोगलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष नवमा रविवार, अगम सिन्धु सा अपरम्पार।
विघ्न हरे कर्मास्रव झरे, प्रथम परोसा भोजन करे।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे नवमरविवासरे क्षायिकवीर्यलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नवमवर्ष में यों करें, यह रविव्रत हर्षाय।
सुखसम्पति-वर्धन करें, मनवांछित फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री रविवार व्रतस्य नवमवर्षे नवसु आदित्यवारेषु नवक्षायिकलब्धि विभूषिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

जिनके सुमरण से बने, अन्तःकरण निहाल।
ऐसे पार्श्व जिनेश की, यह विशाल जयमाल।।
पार्श्वनाथ करुणा अवतारी, भक्तजनों के संकटहारी।
सुर किन्नर गणधर गुणगाते, पूजन मनवांछित फल पाते।।
ज्ञाता दृष्टा रूप तुम्हारा, तुमने आत्मस्वरूप निखारा।
विषयकषायों पर जय पाई, दुर्लभ मुक्तिरमा परणाई।।
जन्ममरण आवरण हटाया, उत्तम शुद्धातम प्रगटाया।
जीवाजीव द्रव्य पहिचाना, इन्द्रियसेना से रण ठाना।।
दिव्य नीलमणि छटा तुम्हारी धर्मामृतवषक त्रिपुरारी।
भवदावानल अन्तर्ज्वाला, तप से भस्मसात कर डाला।।
नवों लब्धियों के स्वामी हैं, ज्ञानानंद पारगामी हैं।
वरदानी केवल ज्ञानी हैं, जिनवाणी वीणा पाणीं है।।
क्रूरकमठ ने वैर निकाला, धधकाई पिशाचने ज्वाला।
जलकंकड पत्थर बरसाये, घोर भयंकर दृश्य दिखाये।।
पद्मावति धरणेन्द्र पधारें तुम पर फणमण्डप विस्तारे।
केवल ज्ञान हुआ यश पाया जय जयकार जगत् में छाया।।
उस फल कमठाचर पछताया, चरण कमल में शीश नवाया।
हम सेवक हैं रविव्रत धारी, सुनिये नाथ पुकार हमारी।।
जो भी आया शरण तुम्हारी, पूजा की आरती उतारी।
सुनते हैं हे करुणाधारी, एक बन गये पूज्य पुजारी।।

ॐ ह्रीं रविवारव्रतोद्यापने नव क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

पूर्ण करे नववर्ष तक, यह व्रत चित्त हर्षाय। रविव्रत सुखसिंचित करे, मनवांछित फलदाय।।
आज हुआ सम्पूर्ण यह, रविव्रत पाठ विधान। 'शशि' को आत्मप्रकाश दो, पार्श्वनाथ भगवान।।

।। इत्याशीर्वादः।।

ॐ ह्रीं नव क्षायिकलब्धि विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथाय जिनेन्द्राय नमः।

(इस मंत्र की 108 जाप करें।)

ॐ

णमोकार महामंत्र विधान(श्री पन्नालाल शास्त्री)

णमो अरहंताणं, णमो सि द्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं
चार घातिया कर्म जयी अरहन्त देव! प्रभु तुम्हें नमन।
आठों कर्म समूल नाश कर, सिद्ध निरंजन, तुम्हें नमन।।
सम्यकदर्शन ज्ञान, चरण निधि के रक्षण में सतत मगन।
ज्ञानमूर्ति, चारित्र शिरोमणि, गुरुवर श्री आचार्य नमन।।
ज्ञानी, ध्यानी, पथ पथ दर्शक मुनि उपाध्याय शतवार नमन।
वीराग पथ-अनुयायी, निर्ग्रंथ दिगम्बर साधु नमन।।

ऊँ ह्रीं णमोकार महामंत्र संबंधि अरहन्तसिद्धाचार्योपाध्यायसाधवः! अत्र अवतर अत्र अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ऊँ ह्रीं णमोकार महामंत्र संबंधि अरहन्तसिद्धाचार्योपाध्यायसाधवः! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ऊँ ह्रीं णमोकार महामंत्र संबंधि अरहन्तसिद्धाचार्योपाध्यायसाधवः! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधपनम्।

लेकर शुचि निरमल नीर, प्रभु चरणन ढारों। मेटो मेरी भवपीर, जन्म जरा वारौं।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजत पाप पलायं, पुण्य बढ़े भारी।।1।।

ऊँ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भव में भटका चिरकाल, शान्ति कहीं न मिली। प्रभु पूजत हुआ निहाल, चन्दन सुरभि खिली।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।2।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु शुद्धातम गुण खान, अक्षय पद दाता। पूजूं अक्षत ले आन, कष्ट हरो त्राता।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।3।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

ये पुष्प सरल अभिराम, चरणों में अर्पित। निश्छल, स्वरूप निष्काम, होवे मेरा चित।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।4।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन से भूख पलाय तृष्णा नहिं टूटे। पूजूं नैवेद्य बनाय, मोह व्यथा छूटे।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।5।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक ले मन हरषाय, अर्पित है प्रभुवर। मम ज्ञानज्योति जग जाय, छूटे अन्ध तिमिर।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।6।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्पित करता यह धूप, गंध महक वाली। रत्नत्रय सुरभि अनूप, निधि हमने पाली।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।7।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ भाग्य जगे प्रभु आज, फल को भेंट करूँ। प्रभु मोक्ष महाफल काज, श्रद्धा बीज धरूँ।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।8।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

यह अर्घ समर्पित देव, मन में भाव धरूं। गुण अर्घ बनूं स्वयमेव, जीवन सफल करूं।।
परमेष्ठी पांच महान, शिव मंगलकारी। जिन पूजन पाप पलायं, पुन्य बढ़े भारी।।9।।
ॐ ह्रीं अरहंत सिद्धाचार्योपाध्याय साधुभ्यो नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहन्त परमेष्ठी के 46 मूलगुणों की पूजा।

अतिशय सुन्दर सर्वांग सुधर, अरहन्त देव की देह रहे।
ऐसा मन मोहन रूप कि सुरगुरु, वर्णन में असमर्थ रहें।।
पुण्यातिपुण्य पूरित जिन पुद्गल, अणुओं से प्रभु देह बनी।
वे औरों को नहीं मिले, अतः सुन्दरता के प्रभु मात्र धनी।।1।।
ॐ ह्रीं अतिशयरूप गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहन्त देव के सुरभित तन से, संस्पर्शित जो पवन बहे।
वह शीतल मंद सुगंध पवन, सबय सुख शान्ति प्रदाय रहे।।
सुरभित प्रभु तन से ही सुरभित, जब पवन दिशायें महकाती।
ऐसा लगता ज्यों पारसमणि छू, लौह धरै स्वर्णिम कान्ती।।2।।
ॐ ह्रीं सुगन्धिततन रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरव भव में जो पुण्य किया, तप किया नदी तट गिरि वन में।
घरवार तजा ममता छोड़ीं, तन से भी मोह तजा मन में।।
उस कठिन तपस्या के प्रतिफल, तन में पसेव का लेष नहीं।
ऋतु बदली, बदल गये युग युग, प्रभु देह दीप्ति में ह्रास नहीं।।3।।

ॐ ह्रीं स्वेदाभाव रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु केवल ज्ञान ऋद्धि के वल, त्रैलोक्य त्रिकाल हुए ज्ञाता।
जीवों की देख दशा दुखमय, कल्याण भाव प्रभु जग जाता।।
पुनि समवशरण या गन्ध कुटी में, मधुर देषणा दे अर्हम।
जिसके निमित्त से असंख्यात, प्राणी करते कल्याण स्वयम्।4।।

ॐ ह्रीं प्रियहितबचन रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके अतुल्य बल की महिमा, का कथन बृहस्पति कर न सकें।
जग में ऐसा उपमान नहीं, जिसको तुलना में रोप सकें।।
जब अतुलवली आदीश्वर को, विधि-विहित नहीं आहार मिला।
षटमास निराहारी रहकर, भी महावली सा देह खिला।।5।।

ॐ ह्रीं अतुल बल रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो पूर्व भवों में पुण्य किये, उनसे तीर्थंकर प्रकृति गही।
फिर श्वेत रुधिर धारा वाली, प्रभु चरम शरीर देह लही।।
वह श्वेत रुचिर, पय सा पावन, निर्जीव निरोगी हो अनुपम।
प्रभु देह रहे मल मूत्र रहित, ऐसा वर्णन करते आगम।।6।।

ॐ ह्रीं श्वेत रुधिर रूपातिशय गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पौद्गलिक पुण्य वर्गणा रूप, प्रभु तन का जो सौंदर्य खिला।
उस कुन्दन तन में जो खाया, उसको कुन्दर सा मान मिला।।
इस हेतु जन्मतः प्रभु तन में, मल मूत्रादिक की उपज नहीं।
लोहा पारस छूं स्वर्ण बने, इसमें किंचित आश्चर्य नहीं।।7।।
ॐ ह्रीं निहाराभावातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु जन्म समय, उनके तन में, आठ अरु सहस्त्र शुभचिन्ह रहें।
वे पद्म चक्र शंखादि रूप में, सकल देह-प्रतिपन्न रहें।।
वे शुभ लक्षण तीर्थंकर होने का संदेश सुनाते हैं।
शास्वत, निर्बाध निराकुल शिव, सुख पायेंगे, बतलाते हैं।।8।।
ॐ ह्रीं 1008 शुभ लक्षणयुक्त तन रूपातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

संस्थान सु सम चतुरस्त्ररूप, प्रभु तन की सुन्दर रचना हो।
सव अवयव योग्य मधुर आकृति, धारें ऐसा अनुपम तन हो।।
जो पुदगल तन, कर्मानुसार, फल पाने, करागार जने।
वे पुद्गल पुण्य वर्गणा, प्रभु तन वन, मुक्ती की द्वार बने।।9।।
ॐ ह्रीं समचतुरस्त्र संस्थान रूपाकृति गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

हो जन्म समय से बज्रवृषभ नाराच संहनन विश्वजयी।
हों व्रजरूप सब अस्थि वर्ग, वेष्ठन कीलें हों वज्रमयी।।
इस हेतु बाहुवलि, एक वर्ष, अंगुष्ठ खड़े, तपलीन रहे।
हनुमन्त गिरे, पाषाण शिला टूटी, महिमा किस भांति कहें।।10।।

ॐ ह्रीं बज्रवृभषनाराय संहनन रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्म समय के सुगुण दश, हों अतिशय अनुरूप।
श्री जिन वर जयवन्त नित, दश गुणवान अनूप।।
ॐ ह्रीं जन्मातिशयतिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

10 कैवल्यातिशय मूलगुण

प्रभु चार घतिया कर्मजयी, अर्हन्त देव जिस क्षेत्र रहें।
इक शत योजन तक हो सुभिक्ष, कोई क्षुधार्त पीडित न रहे।।
भुखमरी वहां से दूर भगे, दुर्भिक्ष पलायन कर जावे।
मिटता आपस का वैमनस्य, वात्सल्य भाव सबको भावे।।1।।
ॐ ह्रीं एकशत योजन सुभिक्षता रूप कैवल्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलि प्रभु अरहन्त का, भू पर गमन न होय।
चतु अंगुलि नभ में चलैं, यह अतिशय शुभ होय।।12।।
ॐ ह्रीं गगनगमनरूपकैवल्यातिशयगुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु मुख पूरव दिशि रहे, किन्तु दिखे चहुं ओर।
समोशरण में सब कहें, प्रभु मुख उनकी ओर।।13।।
ॐ ह्रीं चतुर्दिशमुखमण्डलकैवल्यातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

केवल ज्ञानी जीव के, हो नहिं अदयाभव।
जीव घात उनसे न हो, ऐसा सदय स्वभाव॥14॥
ॐ ह्रीं अदयाभवअभावरूपकैवल्यातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलि श्री अरहन्त के, नहिं होता उपसर्ग।
कष्ट उन्हें नहिं दे सकें, नर त्रियंच सुर वर्ग॥15॥
ॐ ह्रीं निरूपसर्गतारूपकैवल्यातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलज्ञान प्रभावतैं, भूख न आती पास।
कवलाहारी हों न प्रभु, जिनमत दृढ़ विश्वास॥16॥
ॐ ह्रीं कवलाहाराभाव रूप कैवल्यातिशयगुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब विद्याओं के धनी, होते प्रभु अरहन्त।
स्वयं तिरें भव सिन्धु से, तारे भव्य अनन्त॥17॥
ॐ ह्रीं सर्व विद्या ईश्वरत्व रूप कैवल्यातिशयगुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नख केशों की वृद्धि भी, रुक जाती जिनदेह।
ऐसे प्रभु अरहन्त को, शतशः नमन सनेह॥18॥
ॐ ह्रीं नख केश वृद्धि विहीनता रूप कैवल्यातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नेत्र पलक की वृद्धि भी, रुक जाती जिनदेह।
ऐसे प्रभु अरहन्त को, शतशः नमन सनेह।।19।।
ॐ ह्रीं अनिमिष दृष्टि रूप कैवल्यातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन तन छाया नहीं पड़े, वे अरहन्त महान।
मोहि महारिपु दलन कर, पाया केवल ज्ञान।।20।।
ॐ ह्रीं तन छाया विहीनता रूप कैवल्यातिशयगुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलज्ञान प्रकाशतें, दश अतिशय सम्प्राप्त।
वीतराग को नित नमूं, हित उपयोगी आप्त।।
ॐ ह्रीं दश कैवल्यातिशय गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

देवकृत 14 अतिशय मूलगुण

अर्हन्तदेव का सदुपदेश हो, अर्घ मागधी भाषा में।
जिसको सुन प्राणि समझ लेते, अपनी अपनी ही भाषा में।।
होने पर केवल ज्ञान प्रकट, यह देव रचित होता अतिशय।
सुरगण करते मंगल उत्सव, अरु भक्ति करें धरि हृदय विनय।।21।।
ॐ ह्रीं अर्धमागधीभाषाया देशना गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब जीव मित्रता भाव धरें कोई न किसी से भय खावैं।
गौ सिंह नदी तट पर संग संग, निर्भय हो जल पीने जावैं।।
जन्मान्तर का तल वैरभाव, सब जीव मित्रता भाव धरैं।
अर्हन्त देव की महिमा में, सुर वातावरण प्रभाव करैं।।22।।

ॐ ह्रीं परस्पर मैत्रीभाव रूपातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहन्त देव देवाधिदेव के, दर्शन के अवसर पाकर।
उन सभी दिशाओं के स्वामी, दिक्पाल नमन करते आकर।।
प्रभु में श्रद्धा के वशीभूत, दश दिशा रचाते वे निरमल।
आल्हादित जन जनको करता, दश दिशाचक्र होकर उज्ज्वल।।23।।

ॐ ह्रीं दशदिशानिर्मलता रूपातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो नभउन्नत अरु अन्तरहित, होकर स्वप्रतिष्ठ रहे सुस्थिर।
अर्हन्त देव के दर्शन से, आल्हादित हो, हो गया विनत।।
नभ की प्रसन्नता जाग उठी, ऐसा आकाश हुआ उज्जवल।
ऐसे शुभ क्षण तब ही आते, जब प्रभु अर्हन्त लहें केवल।।24।।

ॐ ह्रीं निर्मलाकाश रूपातिशयगुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब सृष्टि विनय प्रभु के सन्मुख, आल्हादित नभ अरु दिगदिगंत।
ऐसा पावन अवसर पाकर, सब ऋतुओं पर छाया बसन्त।।
सब ऋतुओं के फलफूल खिले, कोई इसमें नहिं चूक सका।
यह वीतरागता की महिमा, जो प्रमुदित मन करती सबका।।25।।

ॐ ह्रीं षट् ऋतुफलित पुष्प फल रूपातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जन आल्हादित, दिक आल्हादित, नभ पुलकित वातावरण विमल।
फिर जगत धरित्री, धरती भी, कैसे न धरै आनन्द अतुल।
विश्वेश्वर श्री अर्हन्तदेव की सेवा का शुभ भाव लिये।
इकयोजन तक हो गई धरा, दर्पण वत उज्ज्वल कान्ति लिये।।26।।

ॐ ह्रीं दर्पणवत् पृथ्वीतल रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहन्त देव भवि जीवों के, कल्याण हेतु करते बिहार।
करुणा पूरित, वात्सल्यमयी, उनकी छवि होती निर्विकार।।
भगवान जहां पर धरते पग, सुर पहिले कमल रचाते हैं।
प्रभु चरणकमल की संगत से, सुर हृदयकमल खिल जाते हैं।।27।।

ॐ ह्रीं चरणकमल तल स्वर्ण कमल रूपातिशय गुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनराज चलें करते बिहार, यो अवधि ज्ञान सुरगण पाया।
परभव सुधारने में साधन, पुण्यार्जन उनके मन भाया।।
सुरगण जिस क्षण नभ में, प्रभु दर्शन लाभ मिला उनको।
सब बोल उठे जिनवर की जय यों जयध्वनि हर्षाती सबको।।28।।

ॐ ह्रीं नभसि जयघोषातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तब मंद सुगंधी पवन चले, सबके मन को शीतल करती।
मानों देशान्तर में जाकर, प्रभु गुण गरिमा वर्णन करती।।
मारुत कहती, हम इक इन्द्रिय, प्रभु संगत सुख पाया विशेष।
फिर जिनवर पथ के अनुयायी, मानव भी बन सकते महेश।।29।।

ॐ ह्रीं मन्दसुगंधिवयाररूपातिशयगुणमण्डिताय *अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।*

उस मंद सुगंधित पवन बीच, लहराते झूम उठे तरुवर।
होने लगती गन्धोदक की एन वृष्टि सुखद, शीतल मनहर।।
सन्तप्त हृदय को शान्तिप्रदा, पृथिवी की प्यास शमनकारी।
स्वसमय स्वरीति सब लाघ गये जिन धमी प्रभु की बलिहारी।।30।।

ॐ ह्रीं गन्धोदकवृष्टि रूपातिशयगुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कांटो की तो नित सही नियति, फूलों के संग जीवित रहना।
जग का स्वरूप कुछ ऐसा है, सुख के संग, दुख लहरी बहना।।
पर, जिनवर के पथ पर प्रसून सजते, कण्टक हट जाते हैं।
कण्टक विहीन धरती तल पर, पगबाधा भय भग जाते हैं।।31।।

ॐ ह्रीं निष्कण्टकभूमि रूपातिशयगुणमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर के प्रति श्रद्धापूरक, जो अतिशय सुरगण रचवाये।
उनसे सब सृष्टि हुई हर्षित, जिनवर सब के मन में भाये।।
सब देवों में भीड़ होड़ लगी, कितना सुन्दर किसका अतिशय।
पर लक्ष्य एक, जिनवर सेवा, पूजा श्रद्धा जिन धर्म विजय।।32।।

ॐ ह्रीं हर्षित सृष्टिरूपातिशयगुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिस मग में श्री जिनदेव चलें, हो धर्मचक्र सबसे आगे।
उसके सन्मुख न टिके अधर्म, सारे दुर्गुण डरकर भागें।।
हिंसक न हिसा को छोड़ा, पापी पापों से रहें विमुख।
निर्मल निष्पाप हृदय होते, जब धर्मचक्र आता सन्मुख।।33।।

ॐ ह्रीं अंग्रगामि धर्म चक्रातिशयमण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्ग्रंथनाथ के साथ चलें, वसु मंगल द्रव्य पुनीत महा।
ध्वज घंटाझालर छत्र चमर, कलशादि सभी द्युतिवंत महा।।
सारे वैभव को त्याग प्रभो, निरग्रंथ दिगम्बर वेष धरा।
वैभव ललचाते, भटकाते, इस हेतु निजातम ध्यान धरा।।34।।
ॐ ह्रीं अष्टमंगलद्रव्यरूपादिव्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौदह अतिशय देव कृत, करें अमित श्री वृद्धि।
जिनके मन जिनवर वसैं, हो सब कारज सिद्धि।।
ॐ ह्रीं सुरगण चतुर्दशातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट प्रातिहार्य

तरुवर अशोक की छांह तले, प्रभु आतम ध्यान लगे करने।
इस हेतु वृक्ष भी शोक रहित वन, लगा नाम सार्थक करने।।
हे वीतराग तेरी संगत से, तरु भी जब सुख पाते हैं।
चैतन्य प्राणि के क्या कहने, यदि वे विराग बन जाते हैं।।35।।
ॐ ह्रीं अशोक तरु प्रातिहार्य गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

माणिक्य खचित सिंहासन पर, मोती मणि कांति बिखेर रहे।
स्वर्णिम आभामय देहवान, प्रभु उस पर शान्त विराज रहे।।
मानों सुर सरिता के जल में, सुरगिरि से आया स्वर्णकलश।
वह दिव्य अलौकिक सुन्दरता, द्विगुणित करता हो इंद्रधनुष।।36।।
ॐ ह्रीं सिंहासन प्रातिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहासनस्थ जिनके ऊपर, त्रय छत्र सजाते हैं, सुरगण।
जो कहते, जिनवर तीन लोक के अधिपति, अरू नत है कणकण।।
आतम स्वभाव रवि जिनवर की, सेवा हित जब सन्मुख आया।
आताप निवारण भाव लिये, तब छत्र रूप धर शशि धाया।।37।।
ॐ ह्रीं छत्र त्रय प्रातिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु के पीछे सिंहासन पर, भागमण्डल दीप्ति लिये चमके।
जिसमें अतीत के त्रय, भावी त्रय, वर्तमान भव सब झलकें।।
अर्हन्त देव की देह छटा, भामण्डल छवि द्विगुणित करती।
निज पाप पुण्य फल दिखा, भव्य को शिवपथ में प्रेरित करती।।38।।
ॐ ह्रीं भागमण्डल प्रातिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु के सर्वांग प्रदेशों से, खिरती दिव्य-ध्वनि हितकारी।
सब सुनते अपनी भाषा में, धनि है महिमा की बलिहारी।।
ओंकार रूप ध्वनि, प्रतिध्वनि, होती अठ दश भाषाओं में।
लघु भाषा सात शतक जिसको, पहुंचाती दशों दिशाओं में।।
ॐ ह्रीं दिव्यध्वनि प्रतिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्हन्त देव के चहुदिश हो, सुरपुष्प वृष्टि आनन्दमयी।
जो सुरभित करती दिगदिगन्त, कहती प्रभु महिमा कर्मजयी।।
वे पुष्प सरल मृदु मनमोहक, जन जन को याद दिलाते हैं।
जो निच्छल सरल स्वभावी हैं, वे ही सबके मन भाते हैं।।40।।
ॐ ह्रीं सुरपुष्पवृष्टि रूपातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर की स्तुति में चौसठ, यक्षाधिप चंवर ढुराते हैं।
चे चिरजीवी क्षण शब्द जाल में, कभी नहीं बंध पाते हैं।।
सुरगण चरणों में शीश झुका, अर्हन की भक्ति रचाते हैं।
कर्मों के बन्धन से छूटें, वस यही भावना भाते हैं।।41।।

ॐ ह्रीं चामर प्रातिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनराज आपके चहुंदिश ही, दुंदुभि निनाद हो मनहारी।
जगतीत्रय को संदेश सुना, कहता प्रभु महिमा बलिहारी।।
हितकर सन्देश ध्वनित करता, ध्यावों सर्वज्ञ हितंकर को।
तजकर प्रमाद सेवो ध्यावों, नि र्दोष शिवंकर जिनवर को।।42।।

ॐ ह्रीं दुंदुभि प्रातिहार्यातिशय मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वश्रेष्ठ महिमा मयी, प्रातिहार्य गुण जान।
पुण्य फलै, सीमा रहित, जो करते प्रभु ध्यान।।

ॐ ह्रीं अष्ट प्रातिहार्य गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्त चतुष्टय

छूटा ज्ञानावरण मल, उपजा केवल ज्ञान।
प्रभु अनन्त ज्ञानी हुए, वीतराग भगवान।।43।।

ॐ ह्रीं अनन्त ज्ञान गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तत्वदृष्टि सम्यक जगी, जागा दरश अनन्त।
स्व पर भेद श्रद्धान तैं, पाया पद अरहन्त।।44।।
ॐ ह्रीं अनन्त दर्शन गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।44।।

जय के नश्वर सुख ते, निरावाध सुख काज।
सुख अनन्त शाश्वत लहें, जयवन्ते जिनराज।।45।।
ॐ ह्रीं अनन्त सुख गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अपरिमेय अनुपम अतुल, बल के धनी महन्त।
काल वली वश में किया, जन्म जरा कर अन्त।।46।।
ॐ ह्रीं अनन्त वीर्य गुण मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्त चतुष्टय के धनी, तीन लोक शिरताज।
अविनाशी अरहन्त पद, प्राप्त हुये जिनराज।।
प्रभु अनन्त गुण के धनी, कथन न सम्भव जान।
सुगुण छयालिस का कथन, व्यवहारिक प्रतिमान।।
ॐ ह्रीं षट चत्वारिंशत् गुण महिमा मण्डिताय अर्हत्परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्धपरमेष्ठी के आठ मूलगुण

मोह क्षार कर प्रभु लहा, गुण क्षायिक सम्यक्त्व।
आत्मगुणों में रमण ही, शुद्ध रहा जीतव्य।।1।।
ॐ ह्रीं परम सम्यक्त्व गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

छेद दर्शनावरण को, पाया दरश अनन्त।
जिसकी महिमा का कथन, होता कभी न अन्त।।2।।
ॐ ह्रीं अनन्तदर्शन गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानावरण विनाशते प्रकटा ज्ञान अनन्त।
तीन लोक स्वामी प्रभो, तब गुण का नहिं अन्त।।3।।
ॐ ह्रीं अनन्तज्ञान गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नाम कर्म के नाश तै, सिद्ध सूक्ष्म गुणवान।
हटी मलिनता, भार से मुक्त हुए भगवान।।4।।
ॐ ह्रीं सूक्ष्मत्व गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गोत्र कर्म के नाश तैं, अगुरुलघू गुण प्राप्त।
उच्च नीच के भेद से मुक्त, मुकति सम्प्राप्त।।5।
ॐ ह्रीं अगुरुलघुगुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अवगाहन गुण पा लिया, आयु कर्म कर नाश।
आयु नहीं, फिर क्यों रहे कर्मबन्ध का पाश।।6।।
ॐ ह्रीं अवगाहन गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अव्याबाधी गुण धनी, वेदनीय को नाश।
सुख दुख दाता वेदनी हटी, न बाधा पाश।।7।।
ॐ ह्रीं अव्यावाध गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्तराय के नाश से, प्रकटा वीर्य अनन्त।
बल महिमा हम क्या कहें, पार न पावें सन्त।।8।।
ॐ ह्रीं अनन्तवीर्य गुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव भ्रमण व्याधि निर्मुक्त, चिरंतन निजानन्द रस लीन हुये।
जो गुण अनन्त स्वामी, वर्णन में अष्ट महागुण लीन हुये।
कर्मों के बन्धन काट सभी, सुख दुख आकुलता छोड़ गये।
जल वुदवुद सम क्षणभंगुर लख, इस जग से नाता तोड़ गये।।
ॐ ह्रीं अष्ट महागुण स्वामिने सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य परमेष्ठी के 36 मूलगुण

मुनियों के संघाधिपति, होते श्री आचार्य ।
शिक्षा दीक्षा संघ की, इनका पावन कार्य।।
द्वादश तप में छह वाह्यतपों, के धारी हों आचार्य प्रवर।
अनशन तप में आहार त्याग कर कषैं कषायों को ऋषिवर।।
ठाड़े होकर करपात्र बना, धरि मौन सुबिधि पूर्वक ही नित।
दिन में लेते वस एक वार, आहार और जल, जीवन हित।।
ॐ ह्रीं अनशन तपोगुण आचार्य परमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

नियमित भोजन की तुलना में, कम खाने का संकल्प लिये।
ऊनोदर में निर्गंथ साधु, थोड़े भोजन से तुष्टि किये।।
खाने के लिए नहीं जीवन, पर जीवन हित आहार ग्रहण।
वस आत्म साधना में साधक, यह देह बने, इसलिए अशन।।
ॐ ह्रीं अवमौदर्य तपोगुणभूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

मुनि धारण करते वृत्ति परी संख्यान तपश्चर्या अविरल।
लें कठिन नियम आहार समय, यदि निराहार, फिर भी न विकल।
आचार्य मुनीश्वर के सन्मुख, बस आत्म साधना लक्ष्य जहां।
आहार मात्र आवश्यकता, तन पोषक पर नहिं दृष्टि वहां।।

ॐ ह्रीं वृत्तिपरिसंख्यान तपोगुणभूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

जिह्वा के वशी नहीं मुनिवर, वे रसना को वश में रखते।
आहार समय घृत दुग्धादिक रस का परित्याग सदा करते।।
भोजन कैसा स्वादिष्ट बना, इसका इनको कुछ ध्यान नहीं।
खट्टा मीठा कडुआ नीरस, इसकी इनको पहिचान नहीं।।

ॐ ह्रीं रस परित्याग तपोगुणभूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

मन की चंचलता रुके अतः, आचार्य करें एकान्तवास।
भौतिक चर्चा मन खिन्न करे, हर्षित कर दे, कर दे उदास।।
इसलिए वीतरागी मुनिगण, निज आत्म साधना रत रहते।
एकान्तवास की कठिन तपस्या के बल कर्मों को दहते।।

ॐ ह्रीं विविक्ताशयन तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

पुद्गल पिण्डों से बनी देह, चेतन का साथ नहीं साधै।
फिर चेतन इसके पोषण में, क्यों पाप पुण्य गठरी बांधे।।
इसलिए काय के क्लेष मुनीश्वर को विचलित नहीं कर पाते।
यों षट विध वाह्य तपस्या वल, द्रुत कर्म निर्जरा कर जाते।।

ॐ ह्रीं काय क्लेश तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

पट अन्तरंग तप में पहिला, प्रायश्चित तप तपते मुनिवर।
जाने अनजाने किसी जीव को, यदि पीड़ा पहुंची दुखकर।।
प्रायश्चित करके भूल चूक, का प्रक्षालन, आचार्य करें।
आचार्य श्रेष्ठ वे हैं महान, जो दोष दलन में दृष्टि धरै।।
ॐ ह्रीं प्रायश्चित तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सबके प्रति समता भावधरैं, नित सरल स्वभावी हों मुनीश।
पूजक हो या कि विरोधी हो, दोनों में समदृष्टी यतीश।।
सम्यक दृग ज्ञान चरित धारी, मुनियों के प्रति हों विनयवान।
आचार्य परम पद प्राप्त सदा, रत्न त्रय मुनि सम्मानवान।।
ॐ ह्रीं विनय तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

आचार्य संघपति होकर भी, ऊंची पदवी के मान रहित।
जो वयोवृद्ध या रोगग्रसित, उन मुनिजन की सेवा में रत।।
इक ओर शिष्यगण मुनिजन को, प्रायश्चित विधि देने वाले।
पर धर्म वृद्धि का भाव लिये, उनकी सेवा करने वाले।।
ॐ ह्रीं वैयावृत्ति तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

ज्ञानी होकर भी ज्ञानवृद्धि, का भाव लिये स्वाध्याय करें।
जिन आगम बांचें, प्रश्न करें, तत्वों का चिन्तन चित्त धरें।।
पुनि बार-बार उच्चारण से, जिन वाणी को कंठस्थ करें।
धर्मोपदेश, यो पांच रूप, स्वाध्याय सुगुरु आचार्य करें।।
ॐ ह्रीं स्वाध्याय तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

व्युत्सर्ग तपश्चर्या का भी, आचार्य सतत अभ्यास करें।
इसका आशय अपने शरीर से ममताभाव निकास करें।।
पुद्गल अणुओं से बनी देह, का चेतन से कैसा नाता।
इसका श्रद्धान जगाने में, जीवन सारा ही ढल जाता।।
ॐ ह्रीं व्युत्सर्ग तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

आचार्य मुनीश्वर ध्यान रूप, तप का अखंड अभ्यास करें।
हो निरारम्भ, सारे परिगृह से छूट, आत्म का ध्यान करें।।
ज्ञानी ज्ञाता अरू ज्ञेय बीच, सारे विकल्प जब मटि जाते।
एकाग्र चित्त से चिन्तन ही, आतम अनुभूति करा पाते।।
ॐ ह्रीं ध्यान तपोगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

दश धर्म

धारें उत्तम क्षमा गुण, जैनाचार्य यतीश।
क्रोध दमन कर, सौम्यता समता लहें मुनीश।।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

ज्ञान प्रतिष्ठा आदि का, मान तजैं मुनिराज।
उत्तम मार्दव धर्म की, मृदुता का यह राज।।
ॐ ह्रीं उत्तम मार्दव धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

मन च तन की एकता, धरैं कुटिलता छोड़।
उत्तम आर्जव धर्म को, नमूं सदा कर जोड़।।
ॐ ह्रीं उत्तम आर्जव धर्मगुण भूषिताय *आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।*

मलिन देख मुनि देह को, हो न ग्लानि का भाव।
संयम से शुचिता बढ़ै, उत्तम शौच स्वभाव॥
ॐ ह्रीं उत्तम शौच धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥16॥

सुख चाहें सब दुख डरें, यही सत्य जगमाहिं।
जीने दो अरु खुद जियो, सत्य धर्म की छांह॥
ॐ ह्रीं उत्तम सत्य धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥17॥

उत्तम संयम धर्म में व्रत जप तप में प्रीति।
विषय वासना नीच गति, नरकादिक की रीति॥
ॐ ह्रीं उत्तम संयम धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥18॥

उत्तम तप के तेज से, कर्म शिला हो चूर।
दुर्लभ नर भव हो सफल, पातक भागें दूर॥
ॐ ह्रीं उत्तम तपो धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥19॥

उत्तम त्याग महान है, रागद्वेष का त्याग।
अन्तः वहि परिग्रह नहीं, रत्न-त्रय अनुराग॥
ॐ ह्रीं उत्तम त्याग धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥20॥

छोड़ गेह परिवार धन, वेष दिगम्बर धार।
अन्तः में आता नहीं, इनका लेष विचार॥
ॐ ह्रीं उत्तम आकिंचन धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥21॥

विषय विकारों से विमुख, ब्रह्मभाव में लीन।
ब्रह्मचर्य उत्तम धनी, हों आचार्य प्रवीन।।
ॐ ह्रीं उत्तम ब्रहमचर्य धर्मगुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

षट आवश्यक

आचार्य मुनीश्वर सामायिक, प्रतिदिन त्रिकाल, विधि से करते।
सामायिक में हो निरारम्भ, मन वचन काय वश में करते।।
मन की चंचलता रुकने पर, सबके प्रति समता भाव लगे।
ज्यों लहरों के रुक जाने से, सरवर भी शान्त स्वभाव लगै।।
ॐ ह्रीं समता आवश्यक गुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

बन्धन बसु कर्मों के तोड़े, जो सिद्ध परम पद प्राप्त हुए।
जो आत्म मूलगुण घाती चतु कर्मों को हन अरहन्त हुए।।
वैसा अक्षय पद मिले अतः, उस मुद्रा का नित आराधन।
आचार्य मुनीश्वर परमेष्ठी, अरहन्त सिद्ध को करें नमन।।
ॐ ह्रीं वन्दना आवश्यक गुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

आदीश्वर नाभि नृपति नन्दन, जो आदि ब्रह्मा भी कहलाये।
जग की असारता देख, गेहतज, तप करने वन को धाये।।
वे हुए प्रभु तीर्थंकर, अन्तिम तीर्थंकर महावीर प्रभो।
आचार्य करें इन तीर्थंकर की, भक्ती स्तुति जयघोष अहो।।
ॐ ह्रीं स्तुत्यावश्यक गुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

आचार्य परम पद अभिलाषी, परमेष्ठी मंगलरूप महा।
प्रातः मध्यान्ह सांध्यवेला, कर प्रतिक्रमण दुष्कर्म दहा।।
आक्रमण अन्य पर चोट रूप, आचार विचार बनाता है।
पुनि प्रतिक्रमण अपने अन्दर, चर्या त्रुटि बोध कराता है।।
ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणावश्यक गुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

आचार्य श्रेष्ठ स्वाध्याय सदा, जीवन का आवश्यक मानें।
जिनआगम का आश्रय लेकर, आतम स्वरूप को पहिचानें।।
प्रभु वीतराग जिन की वाणी, सत्पथ का बोध कराती है।
जिनवाणी पठन, मनन, अनुशीलन मोक्षमार्ग दर्शाती है।।
ॐ ह्रीं स्वाध्यायावश्यक गुण भूषिताय आचार्यपरमेष्ठिने नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

कायोत्सर्ग आवश्यक को, आचार्य श्रमण चर्या मानें।
तन से ममता का भाव छोड़, धर्माराधन साधन जानैं।।
धूप दशधा महागन्ध जुत सब लई, खेय वन्हीं विषें भक्ति मुखतैं चई।
पूजिये भावना, दर्श शुद्धि आदिया, या बिना मोक्षमारग नहीं किन लिया।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सुभग श्रीफल भला आनिफल सारजी, भक्तकों देत हैं मुक्तिफल धारजी।
पूजिये भावना, दर्श शुद्धि आदिया, या बिना मोक्षमारग नहीं किन लिया।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

नीर चंदनाक्षतं पुष्पचरु दीपजी, धूपफल लेयकारै अर्घ्य शुभटीपजी।
पूजिये भावना, दर्श शुद्धि आदिया, या बिना मोक्षमारग नहीं किन लिया।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

भावना भली यह दर्शसंशुद्धिया, सकल धर्म अंग के मुख्य यह जिन चया।
या भये मोक्षमग निकट भासे सही, जानि इमि भली हम अर्घ्य करते ठही।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि भावनायै महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

प्रत्येकार्घ्यं

(मुनियानंद की चाल)

धर्ममारग विषें, शंक ताके नहीं, होय निर्भय गुरू देव धर्म पद ठही।
भेदविज्ञान में, शंग नहिं आय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री निःशंकितगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म सेवे नहीं, चाह हिरदे करे, भोग चक्री सुरा इन्द्र के परिहरे।
एक शिवचाह अनि, भूल नहिं पाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री निःकांक्षितगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख परवस्तु चित, घिन नहीं आनि है, रूप शुभ अशुभ सब, पौद्गलिक मानिहै।
निर्विचिकित्सगुण यही, जीव हितदाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री निर्विचिकित्सागुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव गुरु धर्म को, परखसेवे सही, बिन परीक्षा गुरु देव सेवे नहीं।
दृष्टि सांची सरध, उर विषें पाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।
ॐ ह्रीं श्री अमूढ़दृष्टिगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

स्वपर के दोष को, नाँहिं मुखतें कह, दोष परके सदा, ढाँकना उर चहै।
सदाचित्त शान्त, करुणामई पाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री उपगूहनगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म से डिगत को थिरी सो करत है, देत उपदेश मन-भरम को हरत है।
धर्मधर आप फिर और धर्मदाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री स्थितिकरणगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देश धर्मी भली, प्रीति तासों करे, गऊ लख पुत्र ज्यों, हर्ष मन में धरे।
धर्म अंग धार हित-कार गुण पाया है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री वात्सल्यगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वच काय धन, बुद्धि तपये सही, मति श्रुतज्ञान मन-पर्ज अवधी कही।
धर्म परभाव इनतें करे भाव है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री प्रभावनागुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आठ गुण ये धरे, शुद्ध सरधा करे, तत्त्व सरधान में, भरम नाँही परे।
आप चिद्रूप, पर देख जड़ भाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टगुणसहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मातृपक्ष मदकरे, हर्ष मन में धरे, नाम मम मान बहु, धान धन अनुसरे।
जाति मद जान यह, नांहि उर लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री जातिमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पितामह पिता मम, बड़े पदधार हैं, द्रव्य बहु हुक्म को, सके नहिं टार हैं।
जान यह कुलमद, नांहि उर लाय हैं, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुलमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य बहु लाय हूं बुद्धिबलतैं सही, दीप दधि मैं फिरयो माल पैदा करी।
लाभप्रद जान यह नाँहि उर लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री लाभमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रूप हम तनु जिसो, काम तन है नहीं, नैन कर शीश मुख, महासुख की मही।
जान यह रूपमद, नाँहि उर लाय है। भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री रूपमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करों तप मास, दो मास, षट् मास जी, और वह तप करों, धारि अति सांसजी।
जान तपमद यही नाहिं इमि भाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री तपोमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मो समान और में, नाहि बल जानिये, मैं बली महा परचण्ड अति मानिये।
जान बलमद यही, नाहिं उर लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री बलमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मैं पढ्यो काव्य व्याकर्ण प्राकृत सही, निमित्त ज्योतिष घनैं, ग्रन्थ देखे सही।
जान यह ज्ञानमद, नांहि जो लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री विद्यामदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मो हुकम आज नृप, पंच सब मान है, लोक में हम बड़े और नहिं आन है।
जान अधिकार मद, उर नहीं लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अधिकारमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जाति अरु लाभ कुल, रूप तपबल सही, ज्ञान अधिकार मद, आठ ये दुख मही।
जान दुखदाय मद, अष्ट नहिं लाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टमदरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म सेवन विषें शंक जो चित धरे, नांहि निर्भय थकी, धर्म बिच संचरे।
जान सम्यक्त्व को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री लंकादोषरहित दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म को सेय सुख, चाहता लोक में, तासतें आपने, किये सब शुभ हने।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कांक्षादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख पर वस्तु को, घृणा आने सही, कर्म को ठाठ समझे, नहीं उर मही।
जान यह सम्यक् को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री विचिकित्सादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव धर्म गुरु जे परख बिन सेय हैं, मूढ़बुद्धिधार ते, अशुभ फल लेय है।।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय हैं, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री मूढ़दृष्टिदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख परदोष शठ, आप मुखतें कहे, दोषयुत चित्त उर, मांहि दुर्जन रहे।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री परदोषभाषणदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मसेवनविषें खेद जो जिय करे, अथिरता भाव उपजाय धर्म परिहरे।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अस्थितिकरणदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीव धरमी थकी, दोष जो उर करे, भाव वात्सल्य का सकल वो परिहरे।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अवात्सल्यदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म परभावना, ताहि नहिं उर चहे, देख परभावना, हर्ष नाहीं लहे।
जान यह सम्यक को, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री अप्रभावनादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोष शंकादि ये, आठ मन आनिये, इन भये नाश सम्यकतनों जानिये।
अशुभ यह जानकर, नांहि हरषाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री शंकादिअष्टदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

योनिधर देव नहिं प्रभुपद तिनविषें, तन धरे फिर भरे, तिनहिं प्रभुपद अखे।
न यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुदेवप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बिन दिगम्बरत्व जग, देव जे हैं सही, भक्त इन देव लखि भला माने वही।
जानि यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुदेवभक्तप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीवघाती धरम, पापकी खानि है, जीव भोरे हने महाशुभ मानि है।
जान यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुधर्मप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीवघाती धरम, सेवका खानि है, ताहि पर शंसते नायतन होय है।
जान यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुधर्मसेवकप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विषय उपदेश गुरु, क्रोध मानी सही, तिनहिं गुरु मान जे, चहें शुभ की मही।
जान यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुगुरुप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कुगुरु के भक्त जो, सेव नीकी करे, देख ताको भलो, जान शोभा धरे।
जान यह नायतन, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री कुगुरुभक्तप्रशंसानायतनदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव की परख बिन, प्रभूपद जो कहे, मूढ़ता देव की, जीव सो शिर लहे।
जान यह मूढता, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री देवमूढ़तादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दयाशून्य धर्म की सेवमें जो परे, परख बिन धर्म की, सेव जो अनुसरे।
जान यह मूढता, दोष जो ढाय हैं, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री धर्ममूढ़तादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परख विन सेव जो, गुरुतनी ठानिये, आप शिर भूलका अशुभ बन्ध आनिये।
जान यह मूढ़ता, दोष जो ढाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री गुरुमूढ़तादोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आठमद आठ शंगादि मल जानिये, नायतन जान षट् मूढ़त्रय मानिये।
दोष पच्चीस इन, रहित सो भाय है, भाव सो दर्शसंशुद्धि सुखदाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री पंचविंशतिदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

द्यूत आमिष सुरा गणिका, खेट चोरी जानिये।
परनारिवांछा सात हैं, ये व्यसन अघफल मानिये।।
जो तजे सांची दृष्टि ताके, होय सब सुख आय जी।
जो धरे दर्शविशुद्धि भावन, भलो जिनपद पाय जी।।

ॐ ह्रीं श्री सप्तव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो द्यूतलेखन चित्त वांछे, पाय दुख अपखेत हैं।
श्रीमान को करके भिखारी लोकनिन्दा देत हैं।।
जो जान खोटा तजे याकों, भावसमतालाय जी।
जो धरे दर्शविशुद्धि भावन, भलो जिनपद पाय जी।।

ॐ ह्रीं श्री द्यूतव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सप्तधातुन माहिं निन्दित, महाघिनकारी सही।
या देखते ही अशन तजिये, खाय सोजिय अघमही।।
जियघात विननाहोय आमिष, त्यागनाबुधिलाय जी।
जो धरे दर्शविशुद्धि भावन, भलो जिनपद पाय जी।।

ॐ ह्रीं श्री मांसव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो पिये मदिरा, तजे शुधबुध, ज्ञान सकल गमाय है।
या अमल माहीं मात भगिनी, नार भेद न थाय है।।
यह व्यसनमदिरा हरे जुगभव, तजेपुण्यलसाय जी।
जो धरे दर्शविशुद्धि भावन, भलो जिनपद पाय जी।।

ॐ ह्रीं श्री मदिरापानव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह गिनी गणिका, जगत पातल, जूंठसम बुधजन कही।
जो रमें याते धर्म खोवे, महा अघ की सो मही।।
यह व्यसन दुखदा जान त्यागे, महाशुभ फल पाय जी।
जो धरे दर्शविशुद्धि भावन, भलो जिनपद पाय जी।।
ॐ ह्रीं श्री वेश्यारमणव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(खडगा छन्द)

आपसम जीव को, घात कैसे करे, घाव किमु देय आयुध तनो जी।
कण्टतैं काय कम्पाय सब आपकी, दुख थकी रोय, कहे मति हनो जी।।

गोधिया जीव हन, भील या पारधी, ऊंचकुल जीव को ना सतावे।
त्याग खेटक व्यसन, दया उर में धरे, दर्शसंशुद्धि भाव सो नाम पावे।।
ॐ ह्रीं श्री आखेटव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दाम पर का हरे, हरष मन में भरे, पाप निजशिर, धरे मूढ़ प्रानी।
चोर के भाव, छलछिद्र अधिको धरे, काय तज दुःख लहे हीनज्ञानी।।
व्यसन यह चोर, नर्क देय घनघोर, दुःख लहे अधिकाय, नहीं पार पावे।
त्याग यह व्यसन, परिणति को शुद्ध करे, दर्शसंशुद्धि भाव सो नाम पावे।।
ॐ ह्रीं श्री चौर्यव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारि पर चहे सो, शीश अघ लहे जो, यह त्यागे सो धर्मराह जाने।
देख परतिया चित्त, मात सम किया, बहिन सम जान, उर ज्ञान आने।
व्यसन उरनांहि ते, शुद्ध चितमाँहि जिय, होय समभाव, शिवराह जावे।
त्याग परनारि का, व्यसन शुद्धमन करे, दर्शसंशुद्धि भाव सो नाम पावे।।
ॐ ह्रीं श्री परदार रमणव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि *भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

व्यसन ये सात नर्क, सात के प्रीतमा, धर्म को दोष, या जान त्यागे।
होय जिनदास उर-धार शिवआश भव्य, धर्म धार आप, चित मांहि जागे।।
ते जग जस लहे, सफल भवतें रहे, नाहिं जे व्यसन-वश आप आवे।
भेद विज्ञानतें, आप पर भिन्न लखे, दर्शसंशुद्धि भाव सो नाम पावे।।
ॐ ह्रीं श्री सर्वव्यसनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(वेसरी छन्द)

नहिं संक्रान्ति दान सरधाना, जाने आतमरूप पिछाना।
नांहि अतत्त्व भाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री संक्रान्तिदिवसदानदोषरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि सेव नांहीं मन लावे, इसकी दया ठान शम थावे।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री अग्निसेवारहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ग्रह नक्षत्र पूज नहिं आने, त्रिभुवनपति पूजे सुख माने।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री ग्रहनक्षत्रसेवारहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गोयोनी वा पूंछ न पूजे, अघ कारजतें मन वच धूजे।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री गोयोनिपुच्छादिसेवारहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मणिपाषाण सेवता नांही, जाने पृथ्वीकाय सु ठांही।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री मणिरत्नपाषाणादिसेवारहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भूमिदेव पूजा परिहारे, पूजे जिन समता उर धारें।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री भूमिसेवारहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पर्वत पतन थकी सुख होई, यह भ्रम उर में लहे न कोई।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री पर्वतपतनरहितदर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नदी-स्नान शुद्धि नहिं माने, ज्ञान-स्नान शुद्ध सरधाने।
नांहि अतत्त्वभाव उर लावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री नदीस्नानश्रद्धान-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अग्निपाततें मुक्ति न माने, मुक्ति शुद्ध अनुभव तें जाने।
ज्ञान स्वभाव आप उर भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री अग्निपातरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कुगुरु सेव श्रद्धा नहिं जाके, वीतराग गुरु गणना ताके।
ताको आतमज्ञान सु भावे तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री कुगुरुसेवारहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गज तुरंग वृष सेव न ठाने, जिनपद सेये भक्ति सु माने।
भेदविज्ञान राह समझावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री वाहनसेवारहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीवघात आयुध तैं होई, सो आयुध पूजे नहिं कोई।
आतमसेवा जिनको भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री शस्त्रसेवारहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हिंसकदेव न पूजे भाई, वीतराग कों जजे सु जाई।
जो सांची श्रद्धा उर भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री हिंसकदेवसेवारहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निशि अहार त्याग करिसारा, आतम अनुभव भाव विचारा।
भेदज्ञानते निज पर भवे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री निशाऽऽहाररहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बिन छाने जल को नहिं पीवे, करुणा कर समतातें जीवे।
चेतन आप अन्य जड़ भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री जलगालनविधिसहित-रहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वटफल जीवराशि नहिं खइये, दयाधार उर समता लहिये।
तन विरक्त शुद्धातम भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री वटफलभक्षणरहित-दर्शनविशुद्धि *भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

पीपलफल जगम जियरासी, खाय नहीं तिन करुणा भासी।
ममत छाँड़ि निजआतम ध्यावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री पिप्पलफलभक्षणरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ऊमरफल अभक्ष्य तजखाना, शुभ आचारी दया निधाना।
चेतनदेव आपसम भवे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री उदुम्बरफलभक्षणरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

फल कठूंबरा खाय न सोई, शुभ अचार करुणाधर होई।
निराकार फलको जो भावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री कठुम्बरभक्षणरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मक्खीवमन निंद्य मधु जानो, शुभ आचारी होय न खानो।
रसन लोभ त्याग हरषावे, तो सम्यक्त्व पूज्य कहलावे।।
ॐ ह्रीं श्री मधुभक्षणरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

दर्शनविशुद्धि भावना शुभ, दोष बिन निर्मल सही।
यह मोक्ष वट का बीज नीका, या बिना नहिं शिवमही।।
या देय तीरथनाथ पदवी, महा मंगलदाय है।
सो जजों दर्शन भावना, शुभकाय मनवच लाय है।।
ॐ ह्रीं श्री सकलदोषरहित-दर्शनविशुद्धि भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(पंचमंगल की चाल)

भो भवि दर्शविशुद्धि भावना जानिये, दोष पचीस आदि नहिं तामें मानिये।
सब गुनमें यह भावन पावन सार है, सकल गुणन की खान मान भवतार है।।
तारे जु भवदधि नाव जैसे, करम संकट टारनी।
दे मोक्षथानक पूज्य त्रिभुवन, काम वांछित सारनी।।
याकी जु महिमा कहे कवि किम, पार गुण ताके नहीं।
गम्य ज्ञानी सकल जाने, और की मुखतें कही।।
ये शुभभावन जिनपद-दायक जानिये, मोक्षवृक्ष को बीज मिथ्यातम हानिये।
याही के परभाव समवसृति थाय है, होत कल्याणक पाँच सांच शिव पाय है।।
पाय पंचकल्याण शिव ले, फेर जग नहिं आय है।
तन छांड जड़ चिद्रूप निवसै, ज्ञान केवल पाय है।।
यह सकल महिमा जान याकी, भले फलकी दाय है।
तातें जु सेय विशुद्ध दर्शन, भक्ति उर बहु लाय है।।
अब यह दर्शविशुद्धी निरमल भावना, भाये वांछित मन फल नीका पावना।
षोडशकारण मांही कारण सार है, याहीं ते सब धर्म महा फलकार है।।
फलकार या बिन धर्म नांहीं, करे विरथा जायजी।
बहुदान तप तन कष्ट संयम, नाँहि शिवफल दायजी।।
तातें जु शिवमग लोभिया जे, सुरति भाषित सो करो।
ये भावना शुभ काय मन बच, आपने हिरदें धरो।।
मैं भी सफल आप भव तबही मानिहों, दरशविशुद्धी भावन उर में आनिहों।
या भावन भाये बिन भववन में फिरयो, मानि मानि निज ठाँम शीशपै अघ धरयो।।
धारयो जु सिरपै पाप समझे, बिना दुख तातें लये।

अब काल तिनको निकट आयो, भव हम ऐसे भये।
भावै जु दर्शविशुद्धी मन वच, काय जोग लगाय जी।
ता कियो सबही धर्म नीको, होय इमि समझाय जी।।

दोहा

दश विशुद्धी भावना, भावो मन वच काय।
तो बांधो पद तीर्थ को, और अधिक कहा गाय।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि भावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

3. विनय सम्पन्नता भावना पूजा

4.

(मुनयानन्द की चाल)

विनय सब धर्म को मूल जानो सही, विनय बिन धर्म विधि सकल निष्फल कही।
जान इमि थापना थाप यहाँ भायजी, विनय-सम्पन्नता जजों मन लाय जी।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

नीर गंगातनो, निर्मल लाइयो, कनकझारी विषैं, धार शुभ पाइये।
पूजिये विनयतैं विनयभावन सही, तासफल निर्मलो, होय उर जिन कही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

लाबनो चन्दना, नीर घसवाइये, रतन पातर विषें धार गुन गाइये।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, तासफल चार-गति-पाप विनसे सही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

खंडबिन ऊजरे, मुकतफल से कहे, तन्दुला थाल भर, आपने कर लहे।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, तासतें खय फाल, होय जिनधुनि कही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

देवतरुके भले, फूल शुभ आनिये, माल बहु गूँज उर, भक्ति मन ठानिये।
पूजिये विनयतें, विनयभावन सही, तासफल कामजुर, नाशहो इमि कही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

भेलि षट्-रसा, नैवेद्य करनो भलो, भक्तिभावन किये, थाल में धर चलो।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, भूख की वेदना नाश तासफल रही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपमणि रतन के, ज्योति तम नाशजी, कनक भरि थाल ले, आरती भासजी।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, नाश अज्ञान कर ज्ञान प्रगटे मही।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूपबन्ही विषें अगर को जारिये, गन्ध महा सुभग धर हाथ निज धारिये।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, आठ कर्मदहन होय वानि जिन इमिकही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग फल लाय नारेल बादाम जी, आदि खारक घने, महाशोभ ठामजी।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, मोक्षफल सो करे, पूजिफल धुनि कही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गन्ध अखत पुष्प, लेय चरु दीप जी, धूप फल अर्घ्य तें कर्म सब टीप जी।
पूजिये विनयतें विनयभावन सही, तासफल पूज्यपद, लहे निश्चय कही।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य

(अडिल्ल छन्द)

पढ़ै विनयतें पाठ विनयतें जो सुने, धरे विनयतें पुस्तक पुट्ठा शुभ ठने।
अक्षर चांदी कनक लिखावे सारजी, विनयसार शुभज्ञान तनों अधिकारजी।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानविनय भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दरशन शुद्ध सरधान, देखनों जानिये, अवलोकन गुणसार, विनयते आनिये।
श्रद्धा दृढ़ उरमांहि, विनय सो सारजी, विनयसार शुभज्ञान तनों अधिकारजी।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शन विनय भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जतन समिति का करे, गुपति पाले भलो, महावरत शुध करे, विनययुत सब मिलो।
करे जतनतें सोय, विनय विधि है सही, चारित त्रयदश सार जजों विधितें मही।।
ॐ ह्रीं श्री चारित्र विनय भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यथायोग्य सब ठाम, विनय सबको करे, देव धर्म गुरु सार, भली धुति उच्चरे।
पूजे चाव कराय, भाव शुभ लायजी, सो उपचार सु विनय, महा सुखदायजी।
ॐ ह्रीं श्री उपचारविनय भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विनय चार परकार, और बहुभेद है, पूजें जो मन लाय, भली तिस टेव है।
विनय भावना सार, जगत में जानिये, सो पूजे मनलाय, बड़ी गुनखानि ये।।
ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

विनयभावना बहु सुखदाई, विनयभाव विन भव भरमाई।
धर्ममूल सब विनय है भैया, इमि लखि विनय पूजसिरनैया।।
सोलहकारण में सरदारा, विनयभावना है अघजारा।
विनय सकलको है सुख दैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
विनयभाव गुरु का जो कीजे, तो शुभ होय पाप सब छीजे।
विनय थकी सबने सुख पैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
विनय मानगिरिहरण प्रचण्डा, वज्रदण्ड सम है बलचण्डा।
अविनय वन को बन्ही भैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
जगमें विनयधर्म परधाना, विनय सर्व का राखे माना।
विनय जिसाबल्लभनहिं भैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
तातें विनयभाव उर लावो, तो सब जग में महिमा पावो।
सबमें विनय मुकतिगुन दैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
विनय सकल दोषन को खोवे, विनय मानमल को धो देवे।
विनय ज्ञानतरु को पय पैया, इति लखि विनय पूज सिरनैया।
कीजे विनय देव गुरु केरा, वृष की विनय हरे भवफेरा।
विनय थकी जग विनय करैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।।
विनयभाव ताके उर जागे, जा उर कुटिलभाव नहिं लागे।
विनयभाव सब दोष हरैया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।
विनय आदि बहुतक गुणकारी, सबविध मंगल विनयउचारी।
तातें और धनी क्या कहिया, इमि लखि विनय पूज सिरनैया।
तीर्थंकर पद करन को, समरथ बहु सुखदाय।
भवदधि तारण नावसी, विनयभावना भाय।।

ॐ ह्रीं श्री विनय भावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

3. शीलव्रतेष्वनतिचार भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

पचवाणतें रहित, बाड़ नवजुत सही, सहस अठारह, अतीचार जामें नहीं।
सर्व दोषतें रहित, शील सो भावना, ताके इह शुभ भाय, थापि सिर नावना।।

ॐ ह्रीं श्री सर्वदोषरहित शीलव्रतेष्वनतिचार भावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री सर्वदोषरहित शीलव्रतेष्वनतिचार भावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री सर्वदोषरहित शीलव्रतेष्वनतिचार भावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अडिल्ल

पदम कुण्डको नीर सुनिर्मल लायके, झारी रतन भराय भक्ति मन भायके।
शीलव्रतेषु भाव पूज हो सारजी, जनम जरामल जाय होय भव पारजी।।

ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन बावन पावनकारी सोहनो, निर्मल जल घसिलाय गन्ध मन मोहनो।
शीलव्रतेषु भाव पूज भवि भाय जी, ता पूजाफल ताप जगतदुख जायजी।।

ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल, नखशिख शुद्ध बखानिये, सो ले उज्ज्वल, भाव भक्ति मन आनिये।
शीलव्रतों मे, अनतिचार सुखदाय है, ताके पूजे दोषरहित पद पाय है।।

ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

देवद्रुम के फूल, गन्ध रंग जुत सही, कर तिनकी शुभमाल आपने कर लही।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, ताके पूजे दाह, कामज्वर जाय है।।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य भेद बहु लाइये, मोदक फेनी आदिक थाल भराइये।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, भूखराग क्षय होय निराकुल थाय है।।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नदीप भरि थाल, जोति परकासिका, धारि आरती हाथ, करम-तम नासिका।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, मोहतिमिर हो नाश इसी फल पाय है।।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांग बनाय, भक्ति उर लाय है, अग्नि मांहि ता, जारि महासुखपाय है।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, अष्टकर्म क्षय होय, निरंजन थाय है।।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल सार बदाम, दाख पिस्ता सही, खारक आदि अनेक, और फल सुखमही।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, ताके पूजे मोक्ष, महाफल पाय है।।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुम, चरु दीपक सही, धूप फला द्रव्य आठ, जोरि अरघै ठही।
शीलव्रतों में, अनतिचार सुखदाय हैं, सिद्धलोक शुध थान, तासफल पाय है।
ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् *निर्वपामीति स्वाहा।*

प्रत्येकार्घ्य

(चौपाई छन्द)

शीलभाव नवबाड़ समेत, सो शिवनारी दे उर हेत।

आठ द्रव्य कर अर्घ्य बनाये, पूजों शीलवर शुभ भाय।।

ॐ ह्रीं श्री नवबाड़सहितशीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रागसहित तियतन नहिं जोय, ताके शील भावना होय।

सो ही आठों द्रव्य मिलाय, पूजों शीलवर शुभ भाय।।

ॐ ह्रीं श्री रागसहितस्त्रीतनावलोकनत्याग शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रागवचन मुखतें नहिं कहे, सुनिके ताहि राग नहिं लहे।

ये लख शीलदोष नहिं लाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री रागवचनरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पूरब भोग न चिन्ते सोय, ताके शील बरत दृढ़ होय।

शील भावना सब सुखदाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ *ह्रीं श्री पूर्वभोगचिन्तारहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

भोजन वृष्य गरिष्ट न लेय, दूध धीव मावा ना देय।

शीलभावना सो दृढ़ लाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री गरिष्टभोजनरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पट भूषणतें तन श्रृंगार, करे न शीलव्रतों को धार।
तातें यह व्रत सुरपद दाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री तनूश्रृंगाररहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारी जिस शय्या पर सोय, तँह नहिं सोवे व्रतधर कोय।
या फलजीव शिवपाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री स्त्रीशय्याशनरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कामकथा न करें मुख सोय, दे चित कामकथा नहिं जोय।
ऐसी वरत शील सुखदाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री कामकथारहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पेट धाप भोजन नहिं खाय, ताके शीतवरत मन आय।
शीलदोष बिन सो शिवदाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री पूर्णोदर भोजनरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

काम चाहतै सोच बढ़ाय, उपजे चित दुख धीर न पाय।
यो तजशीलभाव शुध भय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री कामेच्छारहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हो सन्ताप कामवश सोय, ता वेदनतें अति दुख होय।
यो तजि शुद्धशील मन भाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री सन्तापकामवाणरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कामवाण जाके मन सोय, मन उदास उच्चाटन होय।
यो तजि शुद्धशील मनभाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री उच्चाटनकामवाणरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वशीकरण विधि शुध विसराय, तावश और न काज सुहाय।
या बिन शील भाव सुखदाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री वशीकरणकामवाणरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मोहनविधिमोहित चित सोय, ताको हौल दिला चित होय।
या बिन शील शुद्धता थाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री मोहनकामवाणरहित शीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये ही पाँच काम के वाण, हैं लौकिक शील ही हान।
इन बिन भाव शील हितदाय, सो मैं शील जजों शिरनाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचकामवाणरहित लौकिकशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अब सुन पंच कहे श्रुति वाण सु काम के, शीलहरण को सूर नाहिं किस आनि के।
यातें रहित सुशील शुद्ध मनभाय है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री पंचवाणकामरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कामवाण करि पीड़ित चित जिस होय है, देख तिया मन मुलकन हास्य बहोत है।
या दूषण ते रहित शील शुध भाय है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री कामौत्सुक्यहास्यकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बार बार तिय देखन की बांछा रहे, और न कछु सुहावे अवलोकन चहे।
ऐसे मलतें रहित शील शुध भाव है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री अवलोकनकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख नारि की ओर हास्य चितको करे, कामवचन तन ठान घनो कौतुक धरे।
ऐसे अरितें रहित शील शुध भाव है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ *ह्रीं श्री हास्यकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

सैन सैना बतावन कामी चित रहे, नैन बाणतें हाथ करन किरिया लहे।
ऐसे औगुण रहित शील जो भाय है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री नेत्रसंचालनकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

काम सतावे जाहि जीव उर इमि रहे, मन्द हास्य उर लहे देख तिय सुख चहे।
ऐसे पातकरहित शील जो भाव है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री मन्दहास्यकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारितनों सत्कार घनों कर आदरे, नाना पट भूषण भोजन देय खुशी करे।
ऐसे दूषण रहित शील शुभभाव हैं, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री स्त्रीसत्कारदोषरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारि मिलन की चाह सदा उर मांहि जी, कामबाण यह आन महा दुखखान जी।
ऐसे अशुभ निवार शील गुणदाय है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री स्त्रीमेलकामवाणरहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।
मन वच काय लगाय काम ऐसो करे, तातें वीरज क्षरे हरष मनमें धरे।
या दूषणतें रहित शील शुभ भाव है, सो मैं पूजों मनवचकाय लगाय है।।
ॐ ह्रीं श्री वीर्यपातातिचाररहितशीलवाड़सहित-शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

इत्यादिक-दूषण-रहित, शीलवर जो भाव। तीरथपद यातें मिलें, मैं पूजों करि चाव।।
ॐ ह्रीं श्री दोषरहितशीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा

सकल धर्म यातें रहें, या बिन धर्म अधर्म। लातें सबमें शील शुभ, काटत खोटे कम।।

(मुनयानन्द की चाल)

शील सब धर्म को मूल मन आनिये, शीलगुण पूज्य सुरलोकतें जानिये।
शीलसो सार गुण और नहि पाय, मैं नमों शीलगुण शीशकर लाय है।।
शील ही सर्वदा सांच शिवराह है, शीलगुण कामकी हरत सब दाह है।
शील जगपूज्य मुनिराज इमि ध्याय है, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील शिव-राह को वाहना सार जी, शील ही मोक्ष दे करे भवपार जी।
शील भवसागरा तार नौकाय है, मैं नमो शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील सरदार सब धर्म अंग में सही, शील रवि कामतमनाशि जिनधुनि कही।
शील ही पापतरु-हरण असि पाय है, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील कपि काम-बन्धन भली सांकरी, शील मदमदनगजहरन हरि बांकरी।
शीलधर्मकेतु का दण्ड शुभ भाय है, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील समभाव का दाव कर चाव है, शील सरिता हरे काममलभाव है।
शील धर्मचक्र की किरण सुखदाय हैं, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील शुम शरण अरु करण मंगल सही, शील जिनदेव-पदवी भली दे कही।
शील शाश्वत भला सर्वदा दाय है, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।
शील सो सार उत्तम नहीं कोयजी, ताफलै सकलसुख सहज ही होयजी।
शीलगुण सेवना शर्मदा भय है, मैं नमों शीलगुण शीश पर लाय है।।

सोरठा

शील शिरोमणि धर्म, शील शाश्वती पद करे।

शील हरे सब कर्म, शील जजों यातें सही।।

ॐ ह्रीं श्री शीलव्रतेष्वनतिचार भावायै पूर्णार्घ्यम्।

5. *अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग भावना पूजा*

6.

(चौपाई)

करे निरन्तर ज्ञान अभ्यास, ज्ञान थकी शिवमारग भास।

ज्ञानभावना मंगलदाय, सो मैं थाप जजों श्रुति लाय।।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोगभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोगभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोगभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(चौपाई)

क्षीरोदधिको निरमल नीर, कनकझारि को भर हर-पीर।

पूजों ज्ञानभावना सार, ताफल होय जनममृतिछार।।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन पावन पावन लाय, धार करों उर भक्ति बढाय।

पूजों ज्ञानभावना सार, तातें भव आताप निवार।।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल मोति समान, खंड बिना शोभे सुमहान।
पूजों ज्ञानभावना सार, अक्षयफल की जो दातार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरतरु फूल गन्ध रंग वान, तिनकी माला ले अमलान।
पूजों ज्ञानभावना सार, मेटन मनमथ काम विकार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य बनाय, कंचनथाल भरे शुभ लाय।
पूजों ज्ञानभावना सार, क्षुधारोग करने को छार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक मणिका विपुल प्रकाश, कंचनथाल भरे थुति भास।
पूजों ज्ञानभावना सार, मोह तिमिर ताफल परिहार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अगर चन्दन की लाय, अग्नि खेवने को उमगाय।
पूजों ज्ञानभावना सार, कर्म अष्ट जालन दुखटार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल सार बदाममहान, खारक आदिभले फल आन।
पूजों ज्ञानभावना सार, वांछित मोक्षफले हितकार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुम जेय, चरू दीपक अरु धूप फलेय।
पूजों ज्ञानभावना सार, अद्भुत फलदायक निरधार।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य चौपाई

मतिज्ञान उपयोग सु जान, इन्द्रिय मन द्वार है ज्ञान।
अधिक छतीस तीन सै भेव, इनकी मनवच करिहों सेव।।
ॐ ह्रीं श्री मतिज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुतज्ञान मय वरते सोय, जो उपयोग धनी विध होय।
द्वादशांग के जाने भेव, इनकी मनवच करिहों सेव।।
ॐ ह्रीं श्री श्रुतज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

ज्ञान निमित्त सु आठ मांही, मन वचन बरते सही।
निशदिन करे अभ्यास तिनको, मरमको लख सब कही।।
सो जान ज्ञानोपयोग नीको, भली जुत गिनों।
मैं जजों मनतन वैन शुधकर, अज्ञानतम ताफल हनो।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आकाश में रवि चन्द्रतारा, मेघ पटलादिक लखे।
सन्ध्या समय के चिन्ह और, अनेक बातन को अखे।।
सो होय इनके निमित्त सेती, शुभाशुभ सो जानिये।
अन्तरीक्ष निमित्त-पयोग ज्ञानसु, जजों बहुथुति आनिये।।
ॐ *ह्रीं श्री अन्तरिक्षनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

भूमि में मणि रतन कंचन, धातु खान सु जान है।
इन आदि और अनेक चिन्हसु, भीम के सब थान हैं।।
सो लखे ज्ञानोपयोग धारी, शुभ अशुभ जाने सही।
अन्तरिक्ष भीम निमित्त नीको, सो जजों बहु धुनि कही।।
ॐ ह्रीं श्री भीमनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनुष तिर्यक देह के शुभ, अशुभ चिन्ह सु जानिये।
रस प्रकृति रुधिरादिक सुलखिके, अशुभ शुभ पहिचानिये।।
यह अंगनिमित्त जु ज्ञान अद्भुत महासुख उपजायजी।
मैं जजों ज्ञानोपयोग ऐसो, भलो अरघ मिलायजी।
ॐ ह्रीं श्री अंगनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुन शब्द नर तिर्यंच केरा, शुभाशुभ जाने सही।
खर शब्द घूघू काक स्याल सु सारसा जो धुन कही।
इन आदि वच सुनि कहे सुखदुख, स्वरनिमित्त सु जानिये।
मैं जजों यह उपयोग ज्ञानी, शीश नय थुति आनिये।।
ॐ ह्रीं श्री स्वरनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मसा तिल सिर पीठ दाढ़ी, पांव कर में जोय है।
तिस निमित्त ज्ञान सु सकल जाने शुभाशुभ जो होय है।।
यह ज्ञान व्यंजन निमित नीको, भला शुभ उपयोग है।
मैं जजों मनवचकाय शुध करि, जान सुखदा भोग है।।
ॐ ह्रीं श्री व्यंजननिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तन विषैं स्वस्तिक कलश वज्र, सु, मच्छ इन आदिक सही।
शुभ होय लक्षण देख इनको, शुभाशुभ भाखे कही।।
यह ज्ञान लक्षण निमित्त आछयो, भाले फल को दाय है।
सो जजों मनवनकाय यह, उपयोग ज्ञान सु भाय है।।
ॐ ह्रीं श्री लक्षणनिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तँह पट आभूषण शीश करके, उर पगों के जानिये।
तिनको सु काटे मूषिकादिक, भेद तिनको आनिये।।
यह देख शुभ अरु अशुभ भाखे, भेद सुख दुख दाय जी।
यह छिन्न निमित उपयोग जानो, जजों मनवचकाय जी।।
ॐ ह्रीं श्री छिन्ननिमित्तश्रुतज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो लखें सुपना शुभाशुभ को, भेद सुखदुख जान है।
इन आदि अंग अनेक समझे, सकल भेद सु आन है।।
यह ज्ञान स्वप्न निमित्त नीको, बड़ अतिशय धारजी।
सो जजों ज्ञानोपयोग मनवच, काय सुखमय सारजी।।
ॐ ह्रीं श्री स्वप्ननिमित्तज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द

अन्तरिक्ष फिर भौम अंग सुर व्यंजना, लक्षण छिन्न जु सुपन निमित्त वसु भ्रम हना।
इनका चितवन दिना रैनि सो भाय है, ज्ञानोपयोग सु जजों अरघ शुभ जाय है।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टांगनिमित्तश्रुतज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गीता छन्द

अब अवधिज्ञान विचार निशदिन भले भाव लगाय है।
तिसरूप ही उपयोग वरते, तत्त्वीभेद सु पाय है।।
इस ज्ञान के त्रय भेद अद्भुत, मूरती सब ही लखे।
यह जान ज्ञानपयोग अवधि,सु, जजों ज्यों बहु अघ सुखे।।
ॐ ह्रीं श्री अवधिज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह जानि देशा-अवधि षट् विध, कौन इन महिमा कहे।
सब लोकमें हो मूरती द्रव्य, भेद ताको सब लहे।।
इस रूप जो उपयोग वरते, तत्व-ज्ञान बतावता।
सो जानि ज्ञानपयोग पूजों, भली विधि जस गावता।।
ॐ ह्रीं श्री देशावधिज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुन अवधि परमा अधिक जाने, तास की महिमा घनी।
द्रव्यक्षेत्र काल सुभाव सबही, जान हैं गुण के धनी।।
जाने असंख्या लोक खेतर, मूरती विधि सोय है।
मैं जजों ज्ञानपयोग विधितें, नहीं तँह दुख कोय है।।
ॐ ह्रीं श्री *परमावधिज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

परमावधीतें अधिक जाने, द्रव्य क्षेत्र व काल की।
सर्वावधी सो जान भविजन, छिपे नाँही बाल की।।
जाने असंख्या लोक अधिके, काल भी संख्या गुना।
तारूप जो उपयोग वरते, ज्ञान सो पूजों मना।।
ॐ ह्रीं श्री सर्वावधिज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो सरल रूचीचित्तचिन्तित जान है त्रयकाल की।
सो ऋजू मनपरजय सुज्ञानी, पूज्य जग गुन पालकी।।
ता रूप जो उपयोग बरते, ज्ञान सुखदा सारजी।
मैं जजों मनवचकाय नमि नमि, भक्ति मुखतें धारजी।।
ॐ ह्रीं श्री ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सरल मन व वक्र मनकी, शुभाशुभ जो भावना।
ते होय निज पर जीव विकलप, भेद सो सब पावना।।
जो विपुल मनपर्यय सुज्ञानी रहे समभावन सही।
ते जजों ज्ञानपयोग मनवचकाय, नमि नमि थुति कही।।
ॐ ह्रीं श्री विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

केवलज्ञान महान सकलविध जान है, ज्यों ज्यों भइ व होय होयगी मान हैं।
मूरति और अमूरति काल अनन्त को, जानत सारी बात जजों अरिहन्त को।।
ॐ ह्रीं श्री केवलज्ञानोपयोग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गीता छन्द

भेद और अनेक हैं सो, सकल जिनधुनि में कहै।
यहां अल्प से व्याख्यान मांही, कथन-प्रयोजनवान है।।
उपयोग भेद अपार जानो, भेद को पावे सही।
वश भक्ति द्रव्य मिलाय पूजों, ज्ञान केवल शिव मही।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला दोहा

ज्ञानाभ्यास सदा करे, मनवच काय लगाय। अन्तर कहुँ पावे नहीं, ज्ञानपयोग सु पाय।।
ज्ञानपयोग निरन्तर ध्यावे, धरमध्यान में काल गमावे।
ज्ञानाभ्यास तुल्य वृष नाहीं, सब धर्मन में यह अधिकाही।।
ज्ञानाभ्यास तत्त्व बतलावे, ज्ञानाभ्यास ध्यान उपजावे।
ज्ञानाभ्यास विराग बढ़ावे, ज्ञानाभ्यास मोक्ष उपजावे।।
ज्ञानाभ्यास थकीजग-पूजा, ज्ञानाभ्यास थकी अघ धूजा।
ज्ञानाभ्यास त्यागबुधि लावे, ज्ञानाभ्यास दोष सब ढावे।।
ज्ञान गुणाकर ज्ञान वंधावे, ज्ञानाभ्यास मुक्ति परणावे।
ज्ञान सकलसन्तनको प्यारा, ज्ञान सर्व जगमांहि उजारा।।
ज्ञान सूर्य मिथ्यातम नासे, ज्ञानमेघ भवतप को फांसे।
ज्ञान सकल संशय को खोवे, ज्ञान पापमल को सब धोवे।।
ज्ञान क्रोधवन्ही को नीरा, ज्ञानतरु संजम पय वीरा।
ज्ञानाभ्यास जगत का बन्धू, ज्ञानाभ्यास हरे दुख अन्धू।।

सोरठा

ज्ञानाभ्यास सदीव, सुखदाई संसार को। तातें कर भवि जीव, जो चाहे समभाव को।।

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानोपयोग भावनायै पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

5. संवेग भावना पूजा

अडिल्ल

यो जग दुखभण्डार, रोगशोकै भर्यो, ताको लख भवि जीव, भयानक चित कर्यो।
भवदुखतें भय खाय, विरक्ति तनतें करे, सो संवेगता थाप, जजों भव-तप हरे।।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(बेसरी छन्द)

क्षीरोदधि का जल ले आई, कनकझारि भर चित हरषाई।
भाव संवेग पूज हों भाई, भव दुख फेर होय ना आई।।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन नीर थकी घस लाया, शुभ पातर धरि अति हरषाया।
भाव संवेग पूज हों भाई, ताफल जग आताप नसाई।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत मुक्ताफल सम प्यारे, हरष धारि पातर में धारें।
भाव संवेग पूज हों भाई, ताफल अक्षय पद उपजाई।

ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरतरु फूल लाय गंध धारी, माल करी शोभा अतिभारी।
भाव संवेग पूज हों भाई, ताफल कामनाश हो जाई।।
ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य बनाया, कनकपात्र भरि आनंद पाया।
भाव संवेग पूज हों भाई, ताफल भूख रोग नस जाई।।
ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतन जोत परकासी, सो भरथाल भक्ति सुख भासी।
भाव संवेग पूज हों भाई, तातें मोह निशा नस जाई।।
ॐ *ह्रीं श्री संवेग भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।*

धूप अगर चन्दन की आनो, वन्ही खेय हरष अति मानो।
भाव संवेग पूज हों भाई, तातें अष्टकर्म जरि जाई।।
ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग बदाम सुपारी, खारक पिस्तादिक फलभारी।
भाव संवेग पूज हों भाई, मोक्षथान ताके फल पाई।।
ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुम लाई, चरु दीपक फल धूप सुभाई।
भाव संवेग पूज हों भाई, अभयधाम ताफल मिल जाई।
ॐ ह्रीं श्री संवेग भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं

(बेसरी छन्द)

यह संसार महा भयकारा, चारगती दुखरूप भंडारा।
याते विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री संसारमयभीतायै भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव मरणकालें दुख पावे, ज्ञानी सो गति भूल न चावे।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री देवगतिदुःखभीतायै भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मानुषगति अति दुखका भारा, यातें ज्ञानी को भयकारा।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री मनुष्यगतिदुःखविरक्तायै भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारकगति वेदन लख भाई, ज्ञानी पाप थकी भय लाई।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री नरकगतिदुःखविरक्तायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पृथ्वीकाय तने दुख भारी, छेदनभेदन अति दुखकारी।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री पृथ्वीकायदुःखविरक्तायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल के दुखकी का मुख गावे, जाने सो जिय पाप कमावे।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री जलकायदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अग्निकाय दुख ही का गेहा, यातें किम उपजे मन नेहा।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री अग्निकायदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पवनकाय में दुख अति भाई, हाथ पांच लागे क्षय जाई।
यातें विरचि धरम दृढ़ लागे, सो संवेग जजों भव भागे।।
ॐ ह्रीं श्री पवनकायदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

छेदनभेदन ताड़न मर्दन दुख घने, और महादुख जान जाँय ते किम् गिने।
वनस्पती दुख जोय पापभय चित धरे, सो संवेग जु भाव जजों भवभ्रम हरे।।
ॐ ह्रीं श्री वनस्पतिकायदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एक स्वास में बार अठारह जो मरे, एकै स्वासै मांहि अठारह तन धरे।
ऐसी वेदन लख निगोदके मांहिजी, हो भयभीत सुजजों संवेग जु ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री निगोददुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वे-इन्द्री लट जोंक गिंडोला अलसिया, बाला कौड़ी संख आदि दुख में हिया।
इनकी वेदन देख चित्त भय लाय है, सो संवेग जजों लख अघ थर्राय है।।
ॐ ह्रीं श्री द्वीन्द्रियदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चींटी खटमल जुआं तिरूला जानिये, और कुंथवा आदि त्रीन्द्रिय मानिये।
या गति वेदन जोय पाप तज वृष धरे, सो संवेगता जजों जगतभय थरहरे।।
ॐ ह्रीं श्री त्रीन्द्रियदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

माखी मच्छर भ्रमर और टीडी सही, डांस पतंगा आदि जीव चब-अख कही।
इन तन वेदन जोय पापभय लाय है, सो संवेगता भव जजों वृषदाय है।।
ॐ ह्रीं श्री चतुरिन्द्रियदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हाथी घोड़ा देव मनुज नारक सही, सिंह सूर मृग आदि और पंच अख कही।
ताकी उत्पति मृत्यु देखि भय लाय है, सो संवेग जजों वृषधरि हरषाय है।।
ॐ ह्रीं श्री पंचेन्द्रियदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जनम राग दुख करे मीत उर इमि सहे, तल सिर ऊपर पांव लिप्त मलतें रहें।
इत्यादिक दुख जनम जान विरकत सही, सो पूजों संवेग भाव शिवदा मही।।
ॐ ह्रीं श्री जन्मदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बिच्छू लाखों डसे तुल्य दुख मरण का, इने आदि दुख और कालवश परनका।
मरण महादुख जान जीव विरकत सही, सो पूजों संवेग भाव शिवदा मही।।
ॐ ह्रीं श्री मरणदुःखविरक्ततायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

इष्ट वस्तुवियोग का दुख, जगत में भरपूर है,
धन पुत्र नारि पितादि सज्जन, मरणबार हूँ दूर हैं।
इन आदि इष्ट पदार्थ विनसे, देख जो विरकत सही,

सो पूजि हों संवेग भावन, ताहि में यह दुख नहीं।।

ॐ ह्रीं श्री इष्टवस्तुवियोगदुःखविरक्तताये श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो मिले वैरी सिंह सूर अरु, जीव दुष्ट अनेकजी।
यह है अनिष्ट संयोग का दुख, कहे तिनको टेकजी।।
इन आदि कारण और दुख को, जानि के विरकत भये।
सो जजों भाव संवेग मनवच, तासफल बहु शिव गये।।

ॐ ह्रीं श्री अनिष्टवस्तुवियोगदुःखविरक्तताये श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तन रोग पीड़ा होय बहुती, कण्ठ तन आयुध लगे।
नित स्वास कास जलोदरा तन, आयतें पीड़ा जगे।।
इन आदि पीड़ा मिलन के दुख, जानके विरकत भये।
सो जजों भाव संवेग मनवच, तासफल बहु शिव गये।।

ॐ ह्रीं श्री पीड़ासंयोगदुःखरहितायै श्रीसंवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इन आदि कारण और दुख के, जगत में पूरण सही।
तिस सहित चउगति जीव भरिये, देखिये सबही मही।।
इमि जान विरचे जगत सेती, धर्म में अति दृढ़ भये।
सो जजों भाव संवेग मनवच, तासफल बहु शिव गये।।

ॐ ह्रीं श्री अनेकदुःखमयजगदबलोकनरहितायै श्री संवेगभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा

अथिर दशा संसार की, देख जु भये उदास। भये मगन निजरूप में, करें स्वगुण परकास।।

(बेसरी छन्द)

जग लख चपल भव बैरागे, तब आतमरस माँही लागे।
भव में जाने दुःख अपारा, सो संवेग भाव जग न्यारा।।
मात तात सुत सज्जन भाई, नारी आदि और सुखदाई।
ये सब स्वारथ के लख सारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।
तन धन राजलक्ष्मि क्षयकारी, बिजली जिसी चपल है सारी।
राखी रहे न इक छिन प्यारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।
देव इन्द्र का सुख नश जावे, खन चक्रीपद देखत ढावे।
इमि लखि जगत महादुखकारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।
काल अनादि जगत भरमाये, नानातन धरि अति अकुलाये।
लखानसुख सब दुख का भारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।
पाप किये जिय नरक सिधायो, या तिर्यंची विषें दुख पायो।
अब ओसर नीका है प्यारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।
पुण्य उदय नर देव बनाया, तंह मनवांछित बहु सुख पाया।
सो भी भये देख क्षयकारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।
कौन महादुख जग के भाखे यह जिय इन्दी सुख अभिलाखे।
तातें तजों जान क्षयकारा, धर संवेगभाव जग न्यारा।।

दोहा

जग दुखरूप विचार, विरचे भवतें साधवा। जगसुख नाशि विचार, पूजों मैं संवेगता।।

ॐ ह्रीं संवेगभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

6. त्याग भावना पूजा

सोरठा

त्याग-भावना सार, भवदधि नौका जानिये। इमि लखि मनवच धार, थापन कर पूजों सही।।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

पद्धरि छन्द

जल कनकझारि धरि भाव लाय, अति उज्जवल क्षीरसमुद्र भाय।

पूजों सु त्याग भावन महान, ताके फल जनमजरा न जान।।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन घसि निर्मल नीर लाय, धरि कनकपात्र में भक्ति भाय।

पूजों सु त्याग भावन महान, ताके फल भवतप नाँहि जान।।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षय मुक्ताफल से बखान, बिनखण्ड गन्ध उज्जवल महान।

पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताफल अखण्ड पद होय आय।।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सम कलपतरु गंध वर्ण धार, तिनकी करि माला भक्ति सार।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताके फल काम न जोर पाय।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

षट् रस नैवेद्य बनाय सार, धरि सुभय पात्र में हरष धार।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताफलें क्षुधागद तुरत जाय।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक मणिमय अति जोतरूप, धरि थाल आरती कर अनूप।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताके फल मिथ्यातम नसाय।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

कर धूप अगर चन्दन सुगन्ध, वन्ही में खेऊँ भगनि बन्ध।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताके फल क्षय को कर्म जाय।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल बदाम खारक अनूप, पुंगीफल आदिक ले सुरूप।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताके फल पावें मोक्ष ठाँय।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुमन सार, चरु दीप धूप फल अर्घ्यकार।
पूजों सु त्याग भावन सुभाय, ताके फल पदवी सुभग पाय
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं

(चौपाई)

रोगी की शुभ भेषज देय, सब जिय साता बांछे तेय।
औषधिदान तासको नाम, सो भी देनो शिवपुर काम।।
ॐ ह्रीं श्री औषधिदानभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सबको हितदा ज्ञान विचार, दे श्रुतदान महाबुध धार।
सबको चाहे केवलज्ञान, सो ही ज्ञानदान हितदान।
ॐ ह्रीं श्री शास्त्रदानभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आप समान सकल जिय जान, अभयदान दे सबको मान।
दयाभाव राखे मन माहिं, अभयदान सो भाव जजाहिं।।
ॐ ह्रीं श्री अदयात्यागायै अभयदानभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन देय कायथिति काज, मुनिकों भक्ति दया सुख साज।
यथयोग्य जे दान कराय, सो अनदान सकल सुखदाय।
ॐ ह्रीं श्री आहारदानभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये ही दान चार विध जान, त्याग-भावना में पहिचान।
तीर्थंकर पद दाय बताय, सुरतरु-सम जिनवाणी काय।।
ॐ ह्रीं श्री चतु. प्रकारदानभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करुणासागर दीनदयाल, सब जीवन के हैं प्रतिपाल।
त्याग जीव की घात सयान, सो व्रत जजों अर्घ्य ते आन।।
ॐ ह्रीं श्री हिंसात्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति *स्वाहा।*

प्राण जांय तो झूठ कहे, महाधीर सतवादी रहे।
सत्यवचन सब धर्म महान, सो व्रत जजों अर्घ्यतें आन।।
ॐ ह्रीं श्री असत्यत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परधन-ग्रहण महा अघ जान, छूवें नहीं दया की खान।
चोरी त्याग होय गुणथान, सो व्रत जजों अर्घ्यतें आन।
ॐ ह्रीं श्री चैर्यत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नारी चार जाति की सोय, देव मानुषी आदिक होय।
चारों मन वच त्यागी जान, सो व्रत जजों अर्घ्यतें आन।
ॐ ह्रीं श्री कुशीलत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परिग्रह त्याग करे जिस सोय, जाके शिव की वांछा होय।
पापकार आरम्भ पिछान, सो व्रत जजों अर्घ्यतें आन।
ॐ ह्रीं श्री परिग्रहत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तनतें ममता-भाव निवार, शिव के हेत नगनपद धार।
सहें परीषह खेद न लांय, तनुविरक्त के पूजों पांय।।
ॐ ह्रीं श्री तनुममत्वत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोग सम्पदा सकल निवार, सहस छयानवे सुरसी नार।
सब तजि मोक्ष भावना भाय, सो त्यागी पूजों मन लाय।।
ॐ ह्रीं श्री राजभोगत्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इत्यादिक त्यागी जे होंय, शिववांछक जियरक्षक सोय।
भवत्यागी रागी निर्वान, सो मैं जजों त्याग भवहान।।
ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

सोरठा

त्याग मोक्षमग लोय, जगत पूज्य त्यागी सही। बिना त्याग भव होय, तातें त्याग जजों सही।।

मुनियानन्द की चाल

त्यागभावन बिना, मोक्ष जावना नहीं, त्याग ही मोक्षमग, जान सब श्रुत कही।
त्याग मोह हरन को, महाभट जानिये, त्याग ही मूल समता तनो ठानिये।।
त्याग ही कर्मगिरि, वज्रसम है सही, त्याग मनविकलता रोकने पटु कही।।
त्याग शिवदायको जान मन लाइये, त्यागके बल थकी, कर्मदेव जालिये।
त्यगा मुनिराज को, भलो भूषण सही, त्याग को नमे सुर, खगा चक्री मही।
पूजि हैं त्याग को, इन्द्र थुति लायजी, मैं जजों त्याग मन, वचन तन आयजी।।
त्याग विनराग होत कर सके सोहनो, रागजुत जीव को, हार भागे मनो।
त्याग कल्पवृक्षसम देय वांछित सही, त्याग इमि जानि मैं, जजों सिर दे मही।।
त्याग त्रिभुवन विषें, सार धर्म अंग है, त्याग के जोर तें, होय कर्मभंग है।
त्याग को देख का-सुर नरा धूजि हैं, त्याग को मैं जजों, और भवि पूज है।।।
त्यागफल उदयतें, होय है आय जी, इंद्र वा देव खग चक्रधर थाय जी।
मोक्ष ताही भवे, तथा कर्म तें लहे, मैं जजों त्यागभवि, जजों जिनधुनि कहे।।
त्याग जग पूज्य है, त्यागधर पूज्य जी, त्यागतें अवधि मनपर्ज सब सूझ जी।।
त्याग तारे समुद्र, जगत अति दुद्धरा, मैं जजों त्याग को, और पूजो नरा।।
त्याग खोटे किये, कर्म को झट हरे, त्यागतें सुभट मन, और इन्द्री मरे।
त्याग ही मरण का, भय निवारे सही, मैं जजों त्याग को, मनवचन तन कही।।

दोहा

त्याग तरन तारन सही, त्याग जगत गुरु सोय। मैं पूजों मन वचन तन, त्याग भावना जोय।।

ॐ ह्रीं श्री त्यागभावनायै पूर्णार्घ्यम्।

7. तपो भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

तप ही वज्रसमान, पापगिरि को सही, तप ही भवदधि-नाव, धरे शिव की मही।

तप ही भव शरण, हरे भव दुख सबै, सो तप मैं इहां थापि, जजों मन वच अबै।।

ॐ ह्रीं श्री तपो भावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री तपो भावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री तपो भावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(गीता छन्द)

पदमद्रह को नीर निर्मल, कनकझारी में धरों।

उर भक्ति करि गुण गाय तपके, शीशतें नमकी करो।।

इह भली भावन तप सु केरी, कौन उपमा गाय है।

मैं जजों तप मनवचन काय, तीर्थपद की दाय है।।

ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

घसि अगर चन्दन नीर सेती, महागँध का भारजी।

मैं कनकझारी मांहि धरिहों, नमों तप गुन धारजी।।

ताफलै भव आताप नाशे होय समता भाय है।

मैं जजों शुभ तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।

ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखण्डित धवल नखसिख, शुद्ध गन्ध मई कहै।
धरि सुभग पातर भावनातें, आपने कर में लहै।।
पद अखय पावन चाह मेरे, तास यों मन भाय है।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल चांदी कनक के करि, तथा सुर तरु के सही।
करि माल नीकी शोभदाई, भ्रमर गुंजत गंध मही।।
तिस देख कम्पै मदन को उर, यह चढ़ी जिनपाय जी।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य षटरस सार मोदक, तुरत के बनवाय जी।
तिस देख उर अनुराग उपजे, क्षुधारोग नसाय जी।।
तब होय निर्वाछक स्थिर हो, ध्यान स्थिर थाय है।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करि दीप मणिमय नाश तम को, कनक थाली में धरों।
कर आरती शुधभाव सेती, भक्ति बहु मन में करों।।
ताफलै तुरत अज्ञान जावे, ज्ञान परगट भाय है।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशधा गन्ध धारी, अग्निमधि जारों सही।
उर हरष करले आप करमें, कर्मरिपु मारों सही।।
तब होय शिवपद कर्म नाशे, तास यह विधि पाय है
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

ले लौंग खारक और श्रीफल, जान सुभग बदामजी।
फिर जान पिस्ता आदि नीका, भला फल अभिराम जी।।
ताफलै शिवफल होय निश्चल, और बहु कहा गाय है।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्ध अक्षतफूल चरु ले, दीप धूप फला सही।
कर अर्घ्य आठों द्रव्य ले के, महाशुभफल की मही।।
ताफलै अद्भुत होय फल सो, कौन मुखतें गाय है।
मैं जजों शुध तप भावना को, तीर्थपद की दाय है।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं

(सोरठा छन्द)

जो करना उपवास, एक दोय पख मास के।
सो अनशन तप नाम, मैं पूजों जल आदिते।।
ॐ ह्रीं श्री अनशनतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भूख थकी लघु खाय, अर्ध तथा दोय ग्रासजी।
सो ऊनोदर भाय, मैं पूजों जल आदितें।।
ॐ ह्रीं श्री ऊनोदरतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रोज वस्तु परमान, राख लेय दृढ़ भावतैं।
सो व्रतसंख्या जान, मैं पूजों जल आदितें।।
ॐ ह्रीं श्री व्रतपरिसंख्यानतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रोज रसन को त्याग, षट रस वा दो एक जी।
रसपरित्यागव्रत लाग, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री रसपरित्यागतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आसनादि दृढ़ भाव, नांहि छले खग देवतैं।
सो शय्यासन चाव, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री विविक्त शय्यासन तपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निमित्त कष्ट को लाय, समता भवन जो रहे।
काय क्लेश सु भाय, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री कायक्लेशतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये तप बाह्य बखान, जगतपूज्य फल दें सही।
महा उच्च गुणजान, ते पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री बाह्यषट्तपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लगे दोष शुध होंय, जाने सो गुरु दे सही।
सो प्रायश्चित जोन, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री प्रायश्चित्ततपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विनय करे गुरु देव, धरम तथा धरमी तनों।
सो तप विनय स्वमेव, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री विनयतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि के चम्पै पाव, जो तन में तप खेद हो।
सो वैयावृत भाय, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

निशदिन जिनधुनि पाठ, पूछे सुनि चितवन करे।
सो स्वाध्याय तप ठाठ, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री स्वाध्यायतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तनतें ममत निवार, इक थल तिष्ठै धैर्यसो।
सो व्युत्सर्ग तप सार, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री व्युत्सर्गतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वच तन इक ठाम, चिंते वृष शुध भावना।
ध्यान तिको शुभ नाम, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री ध्यानतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये तप द्वादश जान, दुविध महा अघ के हरा।
कर्मन वज्र-समान, मैं पूजों जल आदितैं।।
ॐ ह्रीं श्री द्वादशतपोभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला बेसरी (छन्द)

जा, तप कर हरे अध सारा, होयसकल कर्मनते न्यारा।
ये तप परभव के सगसाथी, ये तप कर्मदलन को हाथी।।
तप ही भवदधि नाव बताया, तपबलतैं सबने शिव पाया।
तप की अग्नि दहै विधिकाठा, तपतें रहे नहीं अरि आठा।।
तप की चाह करें सुरपति से, तपकों राज तजें नरपति से।
तप को जजे वो हि तप पावे, तप बिन प्राणी जगत भ्रमावे।।
तप दे कल्पवृक्ष मन चाया, तप आगम में बन्धु बताया।।
तप को तपें कीर्ति को पावें, कनक जिसो बन्हीं संग थावे।।
तपको चहे चित्त भर प्रानी, तपको करे तिनै धुनि जानी।
तपको पूजे सो तप चेरा, तप धारें सो साहिब मेरा।।
मैं तो तप की सेव कराऊं, कब तप मिले भावना भाऊं।
जबलों मिले नहीं तप त्राता, तबलों मैं तप पूजों भ्राता।
तप का शरण भवान्तर पाऊं, तप को भव भव में सिर नाऊं।
तप ही तें गुरु देव कहावे, तप जगबन्धु सकल सुख पावे।।

दोहा

तरुणपने तप जे धरें, तिरें नेम जिन जेम। तातें मैं तपकों नमों, वसु द्रव ले धर प्रेम।।
ॐ ह्रीं श्री तपोभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

8. साधुसमाधि भावना पूजा

दोहा

जा विध मुनि को सुख बढ़े, साधु समाधि सुजान। सो मैं इत थापन करों, पूजों मन वच आन।।

ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधिभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधिभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधिभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(चौपाई छन्द)

नीर निरमले गंगा तनो, सो मैं कनकझारि ले घनो।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल मिटे कर्म को दाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

बावन चन्दन नीर घसाय, रतन-जड़ित झारी धर लाय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल भव आताप नशाय।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल मोती समा, सुभग रकेबी में धर रमा।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताके फल अक्षयपद पाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल भले सुरतरुके लाय, गूंथी माल भक्ति मन लाय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल मदननाश का पाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

बहुबिध रस नैवेद्य बनाय, उज्जवल पातर ले हरषाय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल क्षुधानास को पाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक मणिमय थाल भराय, मनवचतन करि भक्ति बढ़ाय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल नाशे मिथ्या दाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप जु दसविध गन्ध मिलाय, अग्नि विषें खेऊं मनभाय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल अष्टकर्म-क्षय जाय।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग बदाम अपार, खारक आदि और फल सार।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल सिद्धिथान-फल पाव।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुमलेय, चरु अरु दीप धूप फल जेय।
पूजों साधुसमाधी-भाव, ताफल अद्भुत फल उपजाय।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि-भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं (चौपाई छन्द)

मूलगुणों में जो अतिचार, लागे जाहि यती कों सार।
सो पुलाक मुनि सातादाय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री पुलाकमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन मांहि कछू रति लहे, वकुश जाति सो मुनिवर कहे।
तिनकी साताविध मन लाय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री वकुशमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि कुशील कहे जुग भेद, इक कषाय प्रति सेवन वेद।
तिनकी साता विधि मन लाय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री कुशीलमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तरगुन में कछु अतिचार, सो प्रतिसेवन साधु विचार।
तिनको साताविधि मन लाय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रतिसेवनाकुशीलमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दशमें गुणथानक लों सही, तबलों मोह उदय अस कही।
सो कषाय कुशील मुनिराय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री कषायकुशीलमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जब जिस मुनिका केवल होय, साधु नातक कहिये सोय।
तीन लोक पूजन मन भाय, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री स्नातकमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये पांचों मुनि हैं शिवनाव, सबही नगन जानकर ध्याव।
शिवनायक दायक शिवभव, साधुसमाधि जजों सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्री पंचप्रकारमुनिसाधुसमाधिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (मुनियानन्द की चाल)

भावना साधु-समाधि सो जानिये, जती तन विषें सुख, होय जिमि ठानिये।
रोगवश मुनि मन, नांहि थिर होयजी, रोगविधि नाश ऋषि, ध्यान शुध जीवजी।।
देव खग नरा पशु, दुष्ट जो दुख करें, ताहि जो दूर कर, मुनिको सुख भरे।
जती समभाव शिव-साधना लाय है, साधू-समाधि सो, भावना भाय है।।
साधु की भक्ति शिव, शाश्वती देतजी, साधु साता हरे, जगत फेरा सही,
साधु की भक्ति शुद्ध, ठाम की है मही, साधु सुख बंधै को, काज सो कीजिये।
साधु की सेवतें, सासते जीजिये, मैं सदा साधु का, भक्ति चाहों सही।
होय मोकों शरण, आगले भव मही, साधु को सुख करे, तिको निज अद्य हरे।
साधु की विनयजुत, वेदना क्षय करे, साधू समाधि सो, भावना जानिये।
तास फल तीर्थपद, करम को हानिये।।

दोहा

साधु समाधी भाव को, जो भावे-भवि कोय। जो साधू को सुख करे, सो तीर्थंकर होय।।
ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधिभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

9. वैयावृत्य भावना पूजा

गीता छन्द

मुनिराज को मग चलत मन में, खेद जब उपजे सही।
वा घने तप के जोर सेती, काय कछु खीनी भही।।
ता समय दावे पांव सिर कर, भाव या विधि जो करे।
सो जान वैयावृत्य पूजो, थाप यहां जो अघ हरे।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

नाराच छन्द

निरमलो सुनीरलाय, कनकमारिका धरों, अति सुगन्ध क्षीरपय, तास मांहि ये करों।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर मांहि बावनो, सुचन्दना घसाय हों, धरों सुकनकझारिका, महा सुभक्ति भाय हों।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षता अखंड खंड-नांहि उज्ज्वला सही, महासुगन्ध सोहना सुभक्तिभला ज्यों कही।
जजो सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

भले सुफूल गन्धधार, देवद्रुम के सही, करी सु माल पोय गूंथ भावभक्ति ले ठही।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें तु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

लिये भले सुमोदकादि, तुरतके किये सही, धरे जु पात्रमांहि भाव, भक्ति ले हिये सही।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें तु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपिका बनाय रत्न, अन्धके विनाशिया, भले सुपात्र माँहि धार, ज्ञान का विकासिया।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें तु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

लई जु धूप गन्ध सार, भ्रमर को भ्रमावनी, सुखेय वन्हि मांहि ताहि, भाव की बंधावनी।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफला बदाम लोंग, आदि जे फला सही, धरे जु पान मांहि भक्त, भावना हिये कही।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जला सुगन्ध अक्षता, भले जुपुष्प जानिये, चरूसु दीप धूप फला, अर्घ्य ले आनिये।
जजों सुभाव वैयावृत्य, भावना सुभाय है, फलें सु तास लहे तीर्थ-पदी की उमा यहै।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं

चौपाई छन्द

गुण छतीस के धरक सोय, संघनाथ आचारज होय।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गुण पचीस धारनहार, उपाध्याय शिक्षा-दातार।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री उपाध्यार्यवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तप जो दुद्धर बहुविध करें, तपसि जात मुनि ते अघ हरे।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री तपस्विवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गुरुवर से जो पढ़े सुजान, शैक्ष्य जाति सो मुनि पहिचान।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री शैष्यजातिमुनिवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रोगसहित तन समताभाव, सो गिलान मुनि भवदधि नाव।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री ग्लानजातिमुनिवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वयकरि बड़े तथा गुण चढ़े, इनका सँघ सो गण मुनि बड़े।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री गणवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीक्षा दायक स्नातक जोय, ते कुलजाति-मुनी अवलोय।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री कुलवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि आर्या श्रावक श्राविका, इनको सँघ कहिये अघ थका।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री चतुःप्रकारसंघवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बहुत दिनों के दीक्षित होय, साधुजाति-मुनि कहिये सोय।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री साधुजातिमुनिवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान तपस्या में पटु भया, सो मनोज्ञ यति पावन थया।
इनको वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री मनोज्ञवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये दस जाति मुनी भवतार, इनकी सेव करे भवपार।
जो इन वैयाव्रत मन लाय, सो तीर्थंकर-पद फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री दशजातिमुनिवैयावृत्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा

वैयावृत सब व्रतन में, बड़ी वरत मन लाय। याकी सेवा जो करे, सो शिव पहुँचे जाय।।

(बेसरी छन्द)

वैयावृत्य धरम का मूला, वैयाव्रततें अघक्षय थूला।
वैयाव्रत कीजे गुरु केरा, तातें मिटे जगत का फेरा।।
वैयावृत महागुण प्यारा, वैयाव्रत भवदधि का तारा।
वैयाव्रत वृष अँग का डेरा, तातें मिटे जगत का फेरा।।
वैयाव्रत वृषबीज बताया वैयावृत जगबन्धू गाया।
वैयाव्रत-सा धन नहिं नेरा, तातें मिटे जगत का फेरा।।
वैयाव्रत आभूषण जाके, जा सम शोभा और न काके।
वैयाव्रत दुख बन्ही नीरा, तातें मिटे जगत की पीरा।।

वैयाव्रत जाके उर आवे, सो जिय सब सज्जन मन भावे।
वैयाव्रत सब दोषनिवासी, या फल जगलक्ष्मी हो दासी।।
वैयाव्रत तें वैर नसावे, वैयावृत जगनेह बढ़ावे।
वैयाव्रत को जो भवि पासी, ताफल हो जगलक्ष्मी दासी।।
वैयाव्रत जाके मन मांही, सो जगपूज्य कहो जगठांडी।
वैयाव्रत को मैं सिर नाऊँ, ताके फल जगमें न भ्रमाऊं।।
वैयाव्रत सब धर्म निशाना, वैयाव्रत तें होय मनाना।
ताफल लहें हिये में ज्ञाना, तातें वैयाव्रत परधाना।।
वैयाव्रत तप में परधाना, वैयाव्रत में भवदधि हाना।
वैयाव्रत शिवराह बतावे, वैयाव्रत को जग जस गावे।।
वैयावृत्य छिनक अधमारा, वैयाव्रत सन्तन को प्यारा।
वैयाव्रत सा और न मिन्ता, वैयाव्रत मेटे भवचिन्ता।।

दोहा

वैयाव्रत में गुन घने, कबलों कहों बनाय। तातें मुनितन टहल को, करो सुमन वचकाय।।
ऊँ ह्रीं वैयावृत्यभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

10. अर्हद्भक्ति भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

प्रातिहार्य वसु नान्त चतुष्टय जानिये, दस जन्मत दस केवल उपजत मानिये।
चौदह देवा करें सकल छयालीस गुन, इन जुत अर्हत जजों थाप इहां शुद्ध मन।।
ऊँ ह्रीं श्री अर्हद्भक्तिभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ऊँ ह्रीं श्री अर्हद्भक्तिभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ऊँ ह्रीं श्री अर्हद्भक्तिभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(चौपाई)

पद्मकुण्ड को निर्मल नीर, कनझारिका धरिमन धीर।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन बावन नीर घसाय, रतनजड़ित झारी भर लाय।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल खण्ड न कोय, कनकथाल में धर शुध होय।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

देवद्रुम के फूल सुलाय, माला कर सेवों जिन पाय।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य करेय, मोदक आदि सुभग कर लेय।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतनमई कर लिया, सुभगथाल भर सनमुख भया।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांग बनाय सु प्यार, बह्नि मध्य जारो मजधार।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अहद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग बदाम अनार, खारक पुंगीफल ले सार।
पूजों मन वच भक्ति लगाय, अर्हद्भक्ति भावना भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत सुमलेय, चरु दीपक सुधूप फल लेय।
अर्घ्य बनाय शीश का नाय, पूजों अर्हद्भक्ति सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं (अडिल्ल छन्द)

वृक्ष अशोक सुजान ताहि देखे सही, रहे नहीं उर शोक होय उर सुख कही।
याके धारी अर्हद् देव महान हैं, पूजों अर्हद्भक्ति भाव गुनथान है।।
ॐ ह्रीं श्री *अशोकवृक्षप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

देव पहुप की वृष्टि करें थुति लायके, नभतें आवे जेम रतन से भायके।
मानों ज्योतिष देव भूमि पै आय हैं, इन जुत देव नमों सुभावना भाय हैं।।
ॐ ह्रीं श्री शुभवृष्टिप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

खिरे दिव्यधुनि सारसु जिनवर की सही, प्रातिहार्य यह जान सकल जिय हित मही।
या जुत अर्हद्देव भक्ति शुभ भावना, मैं पूजों थुति आन अर्घ्य धर पावना।।
ॐ ह्रीं श्री दिव्यध्वनिप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै *अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।*

उज्ज्वल जिमि गंगधार रतनमयी सार जी, चंवर सुढोरें देव भक्ति के लारजी।
प्रातिहार्य यह इन जुत अर्हद्देवजी, ताकी भक्ति सुभावन करिहो सेवजी।।
ॐ ह्रीं श्री चामरप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहासन जिमि मेरु रतन करकै जडवा, प्रातिहार्य जगपूज्य किन्हीं यह ना घडया।
इनके धारक देव कहे अरिहन्त जी, तिनके भक्ति सुभावन शिव को पंथजी।।
ॐ ह्रीं श्री सिंहासनप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके तनकी ज्योति-चक्र ताको सही, ताके देखे लखे पूर्वभव की मही।
प्रातिहार्य यह इन जुत अर्हद्देव जी, ताकी भक्ति सुभावन करहों सेवजी।।
ॐ ह्रीं श्री प्रभामण्डलप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव बजावें नभ में बहुविध बाजना, तिनकी धुनि चहुंओर महा अघ की हना।
प्रातिहार्य इन सहित देव अर्हत सही, इनको भक्ति सुभावन पूजों शुभ मही।।
ॐ ह्रीं श्री दुन्दुभिप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छत्र तीन सिर धरें जगतत्रय नाथजी, प्रातिहार्य जुत भले विराजे तातजी।
जगत देव अरिहन्त सुगुण के धार हैं, ताकी भक्ति सुभावन पूजों सार है।।
ॐ ह्रीं श्री छत्रत्रयप्रातिहार्यसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धरै अनन्तो ज्ञान, लखे सब जग तनी, तीन काल की कथा, सकल जो जो बनी।
या अतिशयजुत देव जान अरिहन्तजी, तिनको भक्ति सुभावन सेवन सन्तजी।
ॐ ह्रीं श्री अनन्तज्ञानसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देखे जो त्रयकाल पदारथ सकल ही, तिनकें छानी नाहिं सकल सुख की मही।
या गुण धारक देव कहे अरिहन्तजी, तिनको भक्ति सुभावन सेवत सन्तजी।।
ॐ ह्रीं श्री अनन्तदर्शनसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुख अनन्त के धार जगत गुरु सार जी, अविनाशी दुख नाँहि भवोदधि-पारजी।
यह गुण अतिशय धार देव अरिहन्त जी, याकों भक्ति सुभावन सेवत सन्तजी।।
ॐ ह्रीं श्री अनन्तसुखसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बल अनन्त के धार देव अरिहन्त जी, यह अतिशय इनमाँहि और नहिं अन्तजी।
इनकी भक्ति सुभावन सुख की दाय है, सो जन तीरथपद को निश्चय पाय है।।
ॐ ह्रीं श्री अनन्तबलसहितायै अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

इन आदि अतिशय और सुखद, लहे तिनमें सारजी।
सो देव हैं अरिहन्त जग में, भविकजन के तारजी।।
इन भक्ति भावन जोकरे जिय, लहे जगथुति की मही।
अरिहन्तभक्ति सुभाव भावे, तें लहें शिव की सही।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (बेसरी छन्द)

अर्हद्भक्ति भाव जो भावे, सो उत्कृष्ट स्वपद को पावे।
अहद्देव महा गुण गेहा, देव जजें बहु कर कर नेहा।।
जनमत जो दस अतिशय पावें, ये गुण और न जन्मत पावें।
दस अतिशय पावें फिर देवा, केवलज्ञान हुये स्वयमेवा।।
चौदह अतिशय देव करावें, तिनकी महिमा किम मुख गावें।
आठ प्रातिहारज फिर होई, ये गुण प्रभू बिन लहे न कोई।।
अनन्त चतुष्टय मंगलकारी, सो गुण भी जिन के आधारी।
सब गुण मिल छयालीस धरैया, सो अरिहन्त देव जज भैया।।
या जिन सेव सकल अघ टारै, जिनकी सेव भवोदधि तारे।
अर्हत्सेव बिना सुख नांही, मोक्ष मिलेनहिं जिनथुति पांही।।
या प्रभू की सेवा मैं चाहूं, जिनथुति कर भव सफल कराहूं।
मो मन वांछा है यह भाई, अर्हद्भक्ति मिले सुखदाई।।
जबलों मोकों मोक्ष न होई, तुम थुति चहूं और नहिं कोई।
तातें अरज यही अरिहन्ता, आप भजन काटे जगतन्ता।।

दोहा

अरिहन्त इन गुणधार जों, भाव भक्ति इन भाय।
ताफल जिनपद पाय है सो मैं पूजों आय।।
ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्तिभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

11. आचार्यभक्तिभावना पूजा

चाल जोगीरासा छन्द

द्वादस तप वृष दसविध, षडावश्य शुध भाई।
पंचाचारज तीन गुप्ति मिल, गुण छत्तीस कहाई।।
इनके धार अचारज सोई, इनकी भक्ति सुभावा।
सो इहां थाप जजों मनवचतन, मेटन भव का दावा।।

ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्तिभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्तिभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्तिभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(चौपाई छन्द)

नीर पदमद्रह को ले सार, मणिमय झारी तें कर धार।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मन वच तन सोय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन अगर नीर घस लाय, शुभ पातर में धर उमगाय।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, मैं पूजों भव-दुखक्षय हाये।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल मोती जेम, सो मैं लेय धार कर प्रेम।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मैं अक्षय-फल होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प सुगन्ध वर्ण अधिकाय, कल्पवृक्ष के ले हरषाय।
आचार्यभक्ति-भावना साथ, पूजों मैं मनमथक्षय होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

षट् रस कर नैवेद्य कराय, मोदक आदि महाशुभ भाय।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों रोग क्षुधा क्षय होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रतनमय ज्योति जगाय, कर्पूरादि बहुविध लाय।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मैं मिथ्यातम खोय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

दसधा धूप मिलाय सुगन्ध, अगनि मांहि खेऊं अघबन्ध।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मैं कम-क्षय होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोग बदाम अनार, खारक पुंगीफल सुखकार।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मैं शिवफलजिमि होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जलचन्दन अक्षत सुमसार, चरु दीपक फल धूप सम्हार।
आचार्यभक्ति-भावना सोय, पूजों मैं अर्घ नाशै होय।।
ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं (चौपाई छन्द)

तप द्वादश दो विध मनलाय, अन्तर बाहर भेद बताय।
इनको धरे आचारज सोय, ते गुरु जजों अरघतैं जोय।।
ॐ ह्रीं श्री द्वादशतपसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इक उपवास मास पख जान, वर्ष आदि उपवास बखान।
इनको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भावशुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री अनशनतप:-सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भूख थकी लघु खावे सही, अवमौदर्य नाम तप यही।
इनको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री अनशनतप: सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

नितप्रति वरत करे परमान, सो व्रतसंख्यातप अघहान।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री व्रतपरिसंख्यानतप: सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रोज रसनको त्यागे सही, रसपरित्याग नाम तप यही।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री रसपरित्यागतपः सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दृढ़ आसनलखके थितिकरा, विविक्तशय्यासन तप वोधरा।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री विविक्तशय्यासनतप: सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तनको कष्ट करे सम रहे, कायकलेश नाम तप यहे।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री कायकलेशतप: सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये षट् बाह्य तनें तप जान, पापबेल हर करबत मान।
इनको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री बाह्यषट्तपः सहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लगे दोष को जो सुध करे, सो प्रायश्चिततप अघवन हरे।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्राश्यिचत्ततपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आप थकी गुरु का सत्कार, सोही विनय नाम तप सार।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री विनयतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि को खेद निवारन काज, हाथ पाँच चम्पैं गुरु राज।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् *निर्वपामीति स्वाहा।*

निशदिन जिनवानी अभ्यास, सो स्वाध्याय महातपवास।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री स्वाध्यायतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

काय ममत परिहार कराय, सो व्युत्सर्ग नाम तप भाय।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री व्युत्सर्गतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

थिर मन आर्तरोद्र परिहार, सो ही ध्यान नाम तप भाय।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री ध्यानतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये तप द्वादश शिवमग जान, तप के करत होय उर ज्ञान।
याको करें आचारज सोय, ते गुरु जजों भाव शुभ होय।।
ॐ ह्रीं श्री द्वादशतपःसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(बेसरी छन्द)

सब जीवन के समता भावा, उत्तम धर्म सु शिवमग नावा।
याको आचारज तिन भावे, तिनपद जजों भाव शुभ ध्यावे।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमक्षमाधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मानभाव सबही निरवारा, मार्दव धर्म जान यह प्यारा।
याको आचारज उर आने, तिनपद जजों फलैअघ हाने।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तममार्दवधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कुटिलाई जिनके नर नाँही, आर्जवभाव धरमहित ठाँही।
याको आचारज उर आने, तिनपद जजों फलैअघ हाने।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमार्जवधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्राण जांय पै असत न भाखे, सत्यधरम अपनो दिढ़ राखे।
याको आचारज उर आने, तिनपद जजों फलैअघ हाने।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसत्यधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परकी वस्तु चाह नहिं ताके, शौचभाव निर्मल उर जाके।
याको आचारज उर आने, तिनपद जजों फलैअघ हाने।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमशौचधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रिय कसे जीवको पाले, सो संयमवृष अघ को टाले।
याको आचारज उर आने, तिनपद जजों फलैअघ हाने।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमसंयमधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादशतप दोविध मन लाय, सो तपधर्म स्वर्ग शिवदाय।
याको करे आचारज सोही, तिनपद जजों रहोंनहिं मोही।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमतपौधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तन धनआदि वस्तु पर जेती, ममत नहीं दीसे तन सेती।
यो तप त्याग आचाराज धारें, तिनपद जजों फलै अघ हारे।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमत्यागधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दो विधिपरिग्रहत्यागसु नगना, सोहि अकिंचनधर्मसु मगना।
याको आचारज उर लावे, तिनपद फलैं शिव पावे।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमाकिंचन्यधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मनवचतन नारी को त्यागे, सो वृष ब्रह्मचर्य भय भागे।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों फलैं शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तमब्रह्मचर्यधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये दशधर्म कर्मक्षयकारी, इनतें जाय पापमय हारी।
आचारज इस वृष को धारें, तिनपद जजों पापक्षय कारे।।
ॐ ह्रीं श्री दशधर्मसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आरत रौद्र भाव का त्यागे, तब सामायिक में मन लागे।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों फलैसुख होई।।
ॐ ह्रीं श्री सामायिकावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

थुति अरिहन्तसिद्ध की कीजे, सो स्तवनावश्यक गिन लीजे।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों भलेसुख होई।।
ॐ ह्रीं श्री स्तवनावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बन्दन नमस्कार नति कीजे, अरिहन्तन को शीश नमीजे।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों फलै शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री बंदनावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

लगे दोषको जो निरवारे, प्रतिक्रमण आवश्यक धारें।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों फलै शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रतिक्रमणावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वच काय पाप विधि त्यागे, प्रत्याख्यानावश्यक जाये।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों रहों नहिं मोही।।
ॐ ह्रीं श्री प्रत्याख्यानावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तनको मोह जबै सब त्यागो, कायोत्सर्गावश्यक जागो।
याको करे आचाराज सोही, इन पूजा फल रहे न माही।।
ॐ ह्रीं श्री कार्योत्सर्गावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये षट् आवशि करे मुनिन्दा, सो जगनाथ हरे भवफन्दा।
आचाराज इन गुन के धारी, तिनपद धोक अरघ दे भारी।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यकसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(चौपाई छन्द)

मनकपि ध्यान रज्जु बँधवाय पापविचार विषें नहिं जाय।
आचारज मन इमि वश करे, तिनपद जजों फलै अघ हरे।।
ॐ ह्रीं श्री मनोगुप्तिसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वचन कहे जिनधुनि अनुसार, वचनगुप्ति जानो जग तार।
याको आचारज प्रतिपाले, तिनपद जजों फलै अघ टाले।।
ॐ ह्रीं श्री वचनगुप्तिसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् *निर्वपामीति स्वाहा।*

काय थकी अघकाज न करे, ध्यानाध्ययन मांहि संचरे।
कायगुप्ति आचारज ध्याय, तिनपद जजों सुभग फलदाय।।
ॐ ह्रीं श्री कायगुप्तिसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये ही तीन गुप्ति सुखकार, मनवचतन अघ रोनक हार।
इनको करे अचारज सोय, तिनके पद पूजों मद खोय।।
ॐ ह्रीं श्री त्रिगुप्तिसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

(बेसरी छन्द)

ज्ञानाचार ज्ञान सुध आने, सकल पदारथ भेद बखाने।
याको करे अचारज सोई, तिनपद जजों फलै सुध सोई।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानाचारसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शनाचार दृष्टि सुध लावे, दोष पच्चीस तहां नहिं पावे।
याको करे अचारज सोई, तिनपद जजों फलै सुध होई।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनाचारसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तेरह विधशुभ चारित धारें, सहे परीषह आप न हारे।
याको करे अचारज सोई, तिनपद जजों फलै शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री चारित्राचारसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तप बहु करे खेद नहिं आने, तपाचार सो अधगिरि भाने।
याको करे आचारज सोई, तिनपद जजों फलै शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री तपश्चरणाचारसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वीर्याचार शक्ति को फोरे, शिवमग लहे कर्म अरि तोरे।
याको करे अचारज सोई, तिनपद जजों फलै शिव होई।।
ॐ ह्रीं श्री वीर्याचारसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छन्द

द्वादश तप दश धर्म षडावशि जानिये, तीन गुप्ति आचार पंच सरधानिये।
ये छत्तीस गुन धरें आचाराज होय जी, तिनपद पूजों अर्घ्यलेय मद खोय जी।।
ॐ ह्रीं षट् त्रिंशद् गुणसहितायै श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

मुनियानन्द की चाल

संघ के नाथ आचार्य सो होय हैं, तिन विषे मुख्य गुण तीस षट् सोय हैं।
और गुण घने तिन, माहि शुभ पाईये, इन चरण-भक्तिफल, तीर्थपद पाइये।।
मति श्रुत अवधि इन आदि होय ज्ञान जी, कहे भव्य जीवको भवान्तर जान जी।
मन विषें भक्ति के होय सो पाइये, इन चरणभक्तिफल, तीर्थपद पाइये।।
कहे उपदेश जिस, जीव साता लहे, सुरग शिव राह निज, जान आनि को कहे।।
बिना कारण सकल, सत्त्वबन्धु पाइये, इन चरणभक्ति फल तीर्थपद पाइये।।
सकल श्रुति जान अभि-मान ताके नहीं, फुरी बहु ऋद्धि गुण थूल तिन उर मही।
तीन जगपूज्य बिनराग सम पाइये, इन चरण भक्तिफल, तीर्थपद पाइये।।

दोहा

इन्हें आदि आचार्य में, गुण पावन है सार। जे भवि इनपद थुति करें, ते उतरें भवपार।।

ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

12. बहुश्रुतभक्ति भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

एकादश अंग पूरब चौदह धारजी, शिष्यन को जु पढ़ावें तप के भारजी।

ऐसे गुणके धार उपाध्याय सारजी, पूजों इन पद थापन कर थुति धारजी।।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुतभक्तिभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुतभक्तिभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुतभक्तिभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(मुनियानन्द की चाल)

नीर शुभ निर्मलो, गंगको लाइये, कनकझारी भरों, भली थुति गाइये।

तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्ति भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर घसि बावनो, चन्दना सारजी, भक्ति कर कनक के पात्रमधि धारजी।

तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्ति भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षता समुज्ज्वला खण्ड बिन सारजी, मुक्तिका-समान शुभ पात्र में धार जी।

तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल सुरवृक्ष के, गन्ध शुभ रंगमई, गूंथकर मालको हाथ अपने लई।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग रस लेय, नैवेद्य कर लाइये, पात्र धर सुभग मुख भक्तिगुण गाइये।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय सुभय ज्योति परकाशिका, धार शुभपात्र कर, आरती दासिका।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दसविध करी, गन्ध बहु धारजी, अग्नि मधि खेवने, चले सुखकारजी।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफला लोंग शुभ, खारका जानिये, आदि इन फला ले भक्तिचित ठानिये।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गन्ध तन्दुला, फूल नैवेद्य-जी, दीप शुभ धूप फल, अर्घ्य निरखेद जी।
तीर्थपददाय सुन, लोभ उर आयजी, पूजिहों बहुश्रुत भाव मन काय जी।।
ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुत भक्तिभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य

मुनियानन्द की चाल

अंग एकादशा, पूर्व चौदह सही, इन सबै जान बहु-श्रुत गुणकी मही।

जजे इनके तिको, इन पदी पायजी, मैं जजों बहुश्रुत, भक्ति मनलाय जी।।

ॐ ह्रीं एकादशांग चतुर्दशपूर्वगुणधारकायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जतनतें चालिये, जतन उठ बैठजी, जतनतें काज सब, कहे गुण पैठजी।

अंग आचार मधि, जतनतें अघ नहीं, या धरा मुनिबहु-श्रुत जजों शुभ मही।।

ॐ ह्रीं आचारांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

विनयविधि और अध्ययन श्रुत को सही, आप मत और मत, भेद ता मधि कही।

सूत्रकृतांग अंग के, माँही इमि जानिये, या धरा मुनिबहु-श्रुत थुति आनिये।

ॐ ह्रीं सूत्रकृतांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तहां जिय थान इक, आदि उन्नीस जी, षट् अधिक चार शत् कहे जगदीश जी।

यह स्थानासु अंग, मांहि सब इमि कही, या धरा मुनिबहु-श्रुत जजों शुभ मही।।

ॐ ह्रीं स्थानांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

काल द्रव्य क्षेत्र इन, आदि सम गाइये, सकल सम वस्तु जो, जगत में पाइये।

सकल समवाय अंग, माँहि या विधि कही, या धरा मुनिबहु-श्रुत जजों शुभ मही।।

ॐ ह्रीं समवयांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीव अस्ती तथा, नास्ती है सही, एकवा अनेक जिय, आदि सब विधि कही।
अंग व्याख्या प्रज्ञप्ति, नाम इमि चयो, या धरा मुनिबहु-श्रुतपदवि जजि नयो।।
ॐ ह्रीं व्याख्याप्रज्ञप्तिअंगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थ जिनदेव के, कहे अतिशय सही, दिव्यधुनि समोसर्ण, आदि शोभा कही।
अंग ज्ञातृकथा मांहि, इमि सबही कहे, या धरा मुनि बहुश्रुत पदवि जजि लहे।।
ॐ ह्रीं ज्ञातृकथंगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रतिमाभेद ग्यारह तहां वरणए, और आचर श्रावक तनै बहु चए।
उपासकाध्ययन सो, अंग या विधि कही। या धरा मुनिबहु-श्रुत जजों सुख मही।।
ॐ ह्रीं उपासकाध्ययनांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एक इक तीर्थ समै, ये जु दस दस भये, आयु अन्त काय तजि, ज्ञान ले शिव गये।
अन्तःकृतांगदशम के, माँहि इनविधि कही, या धरा मुनि बहु-श्रुत जजों शुभ मही।।
ॐ ह्रीं अन्तःकृतशांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

एक इक जिन समै, भये दस दस मुनी, अन्त काय तजि, पदवी अहमिंद ठनी।
यह अनुत्तरोपपाद, दशमअंग इमि कही, या धरा मुनि बहुश्रुत-जजों थुति ठही।।
ॐ ह्रीं अनुत्तरोपपादकशांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

गई वस्तु तथा मूठि-तनी वस्तु जानजी, ओर होनहार विधि, लिखे सब आन जी।
प्रश्न व्याकर्ण अंग, धार उत्तर करे, या धरा मुनि बहु-श्रुत जजों अघ हरे।।
ॐ ह्रीं प्रश्नव्याकरणांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभाशुभ कर्म का, फल तिको जानिये, तीव्र मन्द जैसे अनुभाग रस आनिये।
सूत्र सु विपाक अंग, मांहि इमि भास है, या धरा मुनि बहु-श्रुत थुति राशि है।।
ॐ ह्रीं विपाकसूत्रांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अंग आचार इन, आदि ग्यारह सही, महाश्रुतज्ञान यह, ऋद्धि बहु इस मही।
तीन जग गुरु जग, नाथ मुनि सोयजी, अंग सब धार बहु-श्रुत जजों जोय जी।।
ॐ ह्रीं एकादशांगसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वस्तु उत्पाद व्यय, ध्रौव्य लक्षण सही, द्रव्य पर्याय गुण, साधनादिक कही।
पूर्व उत्पाद सो, तास में इमि चयो, या धरा बहुश्रुत, पाय मैं सिर नयो।।
ॐ ह्रीं उत्पादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तास मैं सुनय वा, कुनय व्याख्यान जी, द्रव्य क्षेत्रर तने भाव को मान जी।
कथन इन आदि अग्राणि पूर्वकह्यो, या धरा बहुश्रुत, पाप जजि धनि भयो।।
ॐ ह्रीं अग्रायणीपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म वीरज तथा, काल वीरज सही, भाव तप वीर्य वा, क्षेत्र वीरज कही।
वीर्य अनुवाद पूरब, विषें इमि कह्यो, या धरा बहुश्रुत, पाय जजि धनि भयो।।
ॐ ह्रीं वीर्यानुवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य अस्ती तथा नास्ती इमि कह्यो, भावद्रव्य क्षेत्र काल आदि तहां सब चयो।
पूर्वं अस्ति नास्ति में, कहीयों विधि सही, या धरा बहुश्रुत, पाय जजि शुभ मही।।
ॐ ह्रीं अस्तिनास्तिप्रवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान वसु मति श्रुत, आदि जे फल कहे, और बस ज्ञान के, भेद वर्णन ठहे।
ज्ञानपरवाद पूरब, तिको जानिये, या धरा बहुश्रुत, जजों थुति ठानिये।।
ॐ ह्रीं ज्ञानप्रवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वचन के भेद सत, असत अनुभय उभय, समिति गुप्ती तने, भाव-भाखे समय।
सत्यपरवाद पूरब विषें सब कहे, या धरा बहुश्रुत, जजों मन वच ठये।।
ॐ ह्रीं सत्यप्रवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जीव निश्चय नयें, और व्यवहार है, जीव अस्तित्व विधि, कथन अनुसार है।
पूर्व यह आत्मपर-वाद में सब कहो, या धरा बहुश्रुत, जजों मन वच सही।।
ॐ ह्रीं आत्मप्रवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मबन्ध उदय सत, मूलकर्म जानिये, प्रकृति उत्तर तनें, भेद बहु मानिये।
कर्म परवाद पूरब विषें इमि कही, या धरा बहुश्रुत, जजों मन वच सही।।
ॐ ह्रीं कर्मप्रवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

या विषें समिति व्रत, तप निदेशा सही, सकल अघ त्याग की, रीति तामें कही।
यह प्रत्याख्यान पूरब सबै वरनयो, या धरा बहुश्रुत जजों सब सँग नयो।।
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

या विषें तप विद्या, साधने मन्त्र जी, विद्या सामर्थ्य फल, और विधि अन्यजी।
पूर्व विद्यानुवादा विषें इमि कही, या धरा बहुश्रुत जजों मन वच सही।।
ॐ ह्रीं विद्यानुवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थ जिन जन्म कल्याण आदिक सही, भानु शशि जोतिषी, और महिमा कही।
पूर्व कल्याण इस, बाद में इमि चयो, या धरा बहुश्रुत जजों मन वच सही।।
ॐ ह्रीं कल्याणवादपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

वैद्य ज्योतिष कथन, तासमें पाइये, विषो विष नाशनै, मन्त्र जहाँ गाइये।
पूर्व प्राणानुवाद, मैं यह सब कही, या धरा बहुश्रुत, जजों मन वच सही।।
ॐ ह्रीं प्राणानुवादपूर्व सहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

छन्द अलंकार सँगीत नृत तहां कहे, तिया चौंसठ कला, शिल्पविधि सब कहे।
पूर्व किरिया सु विशाल में इमि कही, या धरा बहुश्रुत, जजों मन तन सही।।
ॐ ह्रीं क्रियाविशालपूर्व सहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कथन त्रयलोक का, मोक्ष साधन सही, गिनति जानन करण, सूत्रविधि सब कही।
पूर्व त्रयलोकबिन्दु मांहि यह सब कह्यो, या धरा बहुश्रुत, पूज मैं धनि भयो।।
ॐ ह्रीं त्रिलोकबिन्दुपूर्व सहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अंग ग्यारह भले, पूर्व चौदह सही, भेद इनका लहे, गुरु ते हम कही।
पढ़े निजपाठ औरन थकी कहतजी, जजों ते बहुश्रुत, ज्ञान गुण सहत जी।।
ॐ ह्रीं एकादशांगचतुर्दशपूर्वसहितायै श्री बहुश्रुतिभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

मुनयानन्द की चाल

बहुश्रुत जगतगुरु, सकल गुणधार है, श्रुतसागरतनों, लहे प्रभु पार है।
राग बिन जगत के, बन्धु सम हितकारा, नमों तिन चरण फल, होय मो अघहरा।।
आप पढ़ि शिष्यन की, देत उपदेश जी, तासको धार भव्य लहे मुनिभेष जी।
ध्यानाध्ययन मांहि, निश-दिना सुखमय खरा, नमों तिन चरण फल, होय मो अघ-हरा।।
करै बहुभांति तप, ऋद्धि तिनपै घनी, पापकी बेल जड़मूलतें सब हनी।
करत दर्शन लहे, पुण्य बड़ शुभधरा, नमों तिन चरणफल, होय मो अघ-हरा।।
नाम गुरु का लिये, ठाम नीको लहे, ज्ञान उर उपजे वा, पाप अरिको दहे।
बहुश्रुत भक्ति तें भरम भागे खरा, नमों तिन चरण फल, होय मो अघ-हरा।।
चहों भव भव विषें, भक्ति बहु शास्त्रकी, और नहिं चार मोहि, राज सब भरत की।
अरज यह मो तनी, भक्ति दे जग गुरा, नमो तिन चरण फल, होय मो अप-हरा।।

दोहा

भक्ति उपाध्या की किये, भव उपाधि नश जाँय।
मरण मिटे जनमें नहीं, इमि लख पूजत पांय।।
ॐ ह्रीं बहुश्रुतिभक्ति भावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

13. प्रवचनभक्ति भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

जिनकी वाणी सिद्धान्त संग ग्यारह सही, चौदह पूरब और प्रकीर्णक धुनि कही।
षटकायिक जिय राखन को जननी-समा, सो इहां थापि जजों, काय मनवचरमा।।

ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्तिभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्तिभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्तिभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

चौपाई छन्द

पदम कुण्ड को निर्मल नीर, रतनजड़ि त झारी धरि धीर।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, तातो जनम मरण नहिं कोय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन बावनघस जल डारि, कनकपियाले धर हित धार।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताफल भवतप कबहुँ न होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत मुक्ताफलसम जान, पातर मैं धरि निजकर आन।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताफल अखयथान शिव होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूलकनक सुरतरु के लाय, माल करी मनमें हरषाय।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताफल कामनाश सब होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नानारस नैवेद्य बनाय, सुभग पात्र में मोदक लाय।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताके फलें क्षुधा नहिं होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

रतनदीप तमनाशक जान, कनकथाल भर आरति ठान।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताफल मिथ्यातमक्षय होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप करीदसविध गंध लाय, अगनि मांहि खेऊं हरषाय।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताफल अष्टकरम क्षय होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल खारक लोंग बदाम, पूंगीफल आदिक शुभ नाम।
पूजों प्रवचन जिनधुनि सोय, ताके फलशिव को पद होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीरगन्ध तन्दुल सुम जान, चरु दीपक फल धूप बखान।
पूजों प्रवचन अर्घ्य संजोय, ताफल आवागमन न होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्यं (चौपाई छन्द)

एकादश अंग जिनकी वान, तामधि नानाभेद बखान।
ये सब संशय नाशनहार, पूजों प्रवचन है सुखकार।।
ॐ ह्रीं एकादशांगसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौदह पूरबजिन धुनि सही, मिथ्यातम-नाशन-रवि कही।
ये सब संशय नाशनहार, पूजों प्रवचन है सुखकार।।
ॐ ह्रीं चतुर्दशपूर्वसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रकीर्णक अंगे प्रवचन सार, ताके चौदह भेद निहार।
ये सब संशय-तम-हर सूर, सो मैं जजों भाव भरपूर।।
ॐ ह्रीं प्रकर्णकांगसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सब जीवन तें समताभाव, तप संजम करने अति चाव।
सो सामायिक प्रवचन जान, पूजों मैं वसुद्रव अर्घ्यं आन।।
ॐ ह्रीं सामायिकसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तामें चौबिस जिन कल्यान, और स्तवन तिनों का जान।
चतुविंश स्तवन अंग सोय, सो मैं जजों भाव शुध होय।।
ॐ ह्रीं चतुर्विंशतिस्तवनसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनप्रतिमा जिननाम सुभाय, तीर्थंकर इनको सिरनाय।
वन्दन प्रवचन में इमि कही, सो मैं जजों शुद्ध चित सही।।
ॐ ह्रीं वन्दनासहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

किये दोष यातें क्षय होय, जामें ऐसो कथन जु होय।
सो प्रतिक्रमण प्रवचन जान, सो मैं जजों भक्ति उर आन।।
ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देव धर्म गुरु विनय बखान, और विनय विधि बहुतीजान।
विनयक अंग में यह विधि कही, सो मैं जजो अरघ ले सही।।
ॐ ह्रीं वैनयिकसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पंच परमेष्ठी थुति विधि तहां, नमस्कार परदक्षिण जहां।
कृतीकर्म में यों विधि कही, सो मैं जजों भाव शुभ मही।
ॐ ह्रीं कृतिकर्मसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि अहारइमि करे इमि चलै, जती अचार और तहां मिलै।
दशवैकालिक इस विधि कही, सो मैं जजों भाव शुभ ठही।।
ॐ ह्रीं दशवैकालिकसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

परिषह सहन सहन उपसर्ग, इनका फल परसन के वर्ग।
उत्तराध्ययन विषें इमि कही, सो मैं जजों भाव शुध मही।।
ॐ ह्रीं उत्तराध्ययनसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

यह मुनि योग्य आचरणजोय, भये अयोग्य दंड ले सोय।
कल्पविहार अंग इमि कही, ते मै जजों भाव शुध मही।।
ॐ ह्रीं कल्पविहारसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

या द्रव्य खेतर कालर भाव मुनि की क्रिया योग्य यह ठाव।
कल्पाकल्प अंग इम कही, ते अंग जजों शुद्ध चित सही।।
ॐ ह्रीं कल्पाकल्पसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जिनकल्पी थिरकल्पी साध, और महा नर क्रिया समाध।
महाकल्प में या विधि कहो, ते अंग प्रवचन पूजों सही।।
ॐ ह्रीं महाकल्पसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चार प्रकार देव किम होय, तहां उपजन की तपविधि सोय।
पूजा दान आदि तँह जान, सो पुंडरीक जजों अंग मान।।
ॐ ह्रीं पुण्डीकांगबाह्यसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्र अहमिंद्र होनको सही, तपश्चरण आदिक विधि कही।
महापुण्डरीक अंग सो जान, सो मैं जजों अर्घ्य शुभ आन।।
ॐ ह्रीं महापुण्डीकांगबाह्यसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

क्रिया प्रमाद थकी अघ सोय, ताके नाश होन विधि जोय।
सो निषद्यका अंग में कही, सो मैं जजों भाव शुध सही।।
ॐ ह्रीं निषद्यकांगबाह्यसहितायै श्री प्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अंग पूर्व प्रकीर्णक भंग, जिन मुखतें उपजे सुभरंग।
सो सिद्धान्त जगत हितकार, सो मैं जजों दयो दधिसार।।
ॐ ह्रीं जिनमुखोत्पन्नप्रवचनभक्ति भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला- दोहा

यह जिनवाणी जगत हित, करुणासागर जान। षट्कायिक रक्षक जननि, सो जजि हों सुखदान।।

(बेसरी छन्द)

यह जिनवानी शिव सुखदानी, लगे पान नाशे मुनि मानी।
यातें सुरग मोक्ष को पावे, तातें भवि हम शीश नमावें।।
या बिन उरके पट नहिं खूटे, या बिन कर्मबन्ध नहिं छूटे।
यह भवदधि को नाव बतावें, तातें भवि हम शीश नमावें।।
याही तें मुनि शिवमग पाया, या बिन आतम जग भरमाया।
सफलभवा जब जिनधुनि पावें, तातें भवि हम शीश नमावें।
यह जिनवानि भुवनत्रय दीवा, यातें जिनपद लखे सुजीवा।
दयानिधान जगत जस गावें, तातें भवि हम शीश नमावें।।
हरि सुर याको पूजें भाई, याफल सुरगलक्ष्मी को पाई।
गुणधर मुनि याकोनित ध्यावें, तातें भवि हम शीश नमावें।।

दोहा

जिनवाणी गुण कथन को, समरथ नाही कोय। ता ध्याये जिनपद मिले, इमि लखि पूजों सोय।।

ॐ ह्रीं प्रवचनभक्ति भावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

14. षट् आवश्यक भावना पूजा

गीता छन्द

सामायिक स्तवन प्रतिक्रम, वन्दना मन लाइये।
प्रत्याख्यान कायोत्सर्ग ले, षडावश्यक गाइये।।
ये करें मुनिवर रोज निहचें अवशिकें बिसरें नहीं।
इहां थापि षडावश्यक शुभावन, पूजहों मन वच ठही।।

ॐ ह्रीं श्री षट्आवश्यकभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री षट्आवश्यकभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री षट्आवश्यकभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(पद्धरि छन्द)

गंगाजल निर्मल गन्धधार, धरि रतनझारि लायो विचार।
मनवचनकाय शुभभक्ति लाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन घसि निर्मल नीर डार, धर सुभगपात्र में थुति उचार।
जिनको षद या फल होय आय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षय अखण्ड उज्ज्वल सुगन्ध, मुक्ताफल मानो धरे स्कन्ध।
धर भक्तिभाव ले हाथ आय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुम कल्पबेल के गन्ध धार, नाना रंगधारी शुभ अकार।
तिनकी कर माला भक्ति लाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रसजुत नैवेद्य जान, कर मोदक शुभ आचार ठान।
धरि सुभग थाल उरभक्ति भाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मणिदीप ज्योति मय तम विनाश, भरथाल आरति थुति प्रकाश।
अंग सकल नाय मन शुद्ध लाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

ले अगर आदि दशगन्ध सोय, कर इकठी धूप बनाय जोय।
खेऊं अगनी में भक्ति लाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल बदाम खारक अनूप, पूंगीफल पिस्ता लोंग रूप।
धर भले पात्र में भक्ति लाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन तन्दुल पुष्पसार, चरु दीप धूप फल अरघ धार।
धर भक्तिभाव ले आय पाय, पूजों षट् आवशि शीश नाय।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य - चौपाई छन्द

सब जीवनतें समता-भाव, तप संयम करने को चाव।
सो सामायिक आवशि जोय, मैं पूजों वसुद्रव्य सँजोय।।
ॐ ह्रीं सामायिकसहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

चौबीसों जिनकी थुति होय, स्तवनावश्यक कहिये सोय।
ताको वसुद्रव अर्घ्य बनाय, पूजाविधि ठाने मन लाय।।
ॐ ह्रीं स्तवसहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

सो जिनवर को शीशनमाय, पूजाविधि ठाने मन लाय।
वँदनावश्यक कहिये सोय, ताको पूजों अर्घ्य सँजोय।।
ॐ ह्रीं वन्दनासहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जो प्रमादतें लागे दोष, ताको दूर करन को पोष।
सो प्रतिक्रमणावश्यक जान, पूजों अर्घ्य धार सो आन।।
ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणसहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

पापक्रिया को त्याग सुजान, वरते सावधान बुधिमान।
प्रत्याख्यानावश्यक जोय, ताको मैं पूजों मद खोय।।
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानसहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वचतन का त्यागी होय, वरते ममतरहित चित सोय।
कायोत्सर्गावश्यक जान, याको मैं पूजों मन आन।।
ॐ ह्रीं कायोत्सर्गसहितायै श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

ये षट् आवश्यक मुनि करे, इनविन वरत दोष को धरे।
तातें अवश्य करे मुनिनाथ, मैं यह भाव जजों सिर हाथ।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (बेसरी छन्द)

ये षट् आवश्यक मुनिवृष राखें, खेत बाड़ ज्यों रक्षा भाखें।
अवश्य कर तातें सुनि भाई, नामावश्यक जिनधुनि गाई।।
आवश्यक ये जजें सु प्रानी, सो अवश्य शिव लहेमहानी।
तीर्थंकर पद याते पावे, और नाहिं जग में भरमावे।।
आवश्यक हरता अघ-धारा, आवश्यक ते कर्म कुठारा।
आवश्यक मुनिवृष जड़ जानो, आवश्यक मुनिमित्र बखानो।।
आवश्यक भावन जो भावे, सो भवि अवशि अमर हो जावे।
आवशि ध्यान आवश्यक धारें सो प्राणी कर्मारी मारे।।
आवशि तें आरति नश जावे, आवशि तें आतमहित पावे।
हरे पाप वृषको उमगाया, तातें आवशि भाव सुभाया।।
आवशि समताभाव बढ़ावे, आवशि तपसंजम समझावे।
आवशि जिनथुतिजाननहारा, आवशि प्रभुपूजाविधिसारा।।
आवशि लगे पाप को धोवे, आवशि पापत्यागविधिजोवे।
आवशि तनतें नेह तुड़ावे, सो आवशि मैं जजों सुभावे।।

दोहा

आवशिभाव अनूप धर्म, भावे जो सुधभाव। लहे तीर्थपद सो भविक, आवशि भाव कराव।।
ॐ ह्रीं श्री षडावश्यक भावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

15. मार्गप्रभावना भावना पूजा

स्थापना (अडिल्ल छन्द)

मन वच तन धन लाय बुद्धि तप भावतें, धर्म उद्योत करे भवि अति ही चावतें।
मार्गप्रभावना भाव तीर्थपद दाय जी, सो मैं थापन थाप जजों थुति लाय जी।।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अष्टक - मुनियानन्द की चाल

क्षीरदधि तानों ले, नीर निरमल सही, कनकझारी धरयो, महापुण्य की मही।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दना नीर घसि गन्धमय सारजी, सुभग पातर विषें, जुगत तै धार जी।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षता खण्ड-बीन नखशिख सही, उज्ज्वला कली जिम, जाय कैसी कही।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल सुरवृक्ष के, गन्धमय सार जी, रंग शुभ लेयकर, माल थुति धार जी।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

लय नैवेद्य रस, धार सुखकार जी, मोदकादिक सुभग, थाल में धार जी।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीप तम के हरा, रतन के लाय जी, थाल भर आरती, भक्ति बहु भाय जी।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप शुभ गन्ध की, धार मन लायके, अग्नि मैं खेय हों, भक्ति मुख गायके।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफला लोंग पूंगीफला आन जी, और फल सुभग ले, पात्रमें ठान जी।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गन्ध अक्षता, पहुप चरु लाइये, दीप फल धूप कर, अर्घ्यगुन गाइये।
तीर्थपद भाव को, धार मन माँहि जी, पूजिहों मार्गपर-भावना ठांहि जी।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकर्घ्यं - मुनियानन्द की चाल

द्रव्य बहु खरचजिन, मन्दिर बनवाय हैं, तीर्थ सिद्ध क्षेत्र को, संघ चलवाय हैं।
दीन का दान देय, दया मन लायजी, सो जजों मार्गपर-भावना भायजी।।
ॐ ह्रीं श्री द्रव्यतःमार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

आप लखते नहीं, धर्म घाते सही, धर्म के कारणें, मरण माड़े मही।
तास लख जोर बहु, सकल कम्पे जना, जोरतें धर्म पर-भाव पूजों घना।।
ॐ ह्रीं श्री शक्तित: मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

हुकुम ताके थकी, सकल कम्पै मही, देख धरमी नहीं, धर्म लंधे कहीं।
धर्मधोरी महा, धर्म का धारजी, जजों यह भाव पर-भावना सार जी।
ॐ ह्रीं श्री आज्ञातः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख तप तास सब, चकित मन में रहे, देहते ममत तज, वास दुद्धर लहे।
नाँहि मोही तबै, काज ऐसो बनें, तप थकी मार्ग पर-भाव इह जज नमें।।
ॐ ह्रीं श्री तपस्तः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन सदा धर्म पर-भावना चाहि है, इन्द्र चक्री जिसा, उछल मन भाय है।
देख सुन धर्म उद्योत सुख पायजी, मन थको धर्म पर-भाव जज याहिजी।।
ॐ ह्रीं श्री मनस्तः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख तिस ज्ञान जग, महा चक्रित रहे, ज्ञान केवल थकी कालत्रय की कहे।
ज्ञान ऐसो नहीं, और मत पायजी, ज्ञान कर धर्म पर-भाव जज भायजी।।
ॐ ह्रीं श्री ज्ञानतः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

देख तिस दान को, सकल अचरज लहे, दान ऐसो नहीं, और मत में कहे।
या जिसो धर्म नहिं, और जग इमि कहे, धर्म पर-भाव जज, दान कर शुभ लहे।।
ॐ ह्रीं श्री दानतः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

न्याय कर धर्म जग, माँहि परगट करे, धर्म पर-भावना, भाव जजि अघ हरे।।
देख भक्ति तासकी सबैं जन धनि कहे, या समाभक्ति जग-माँहि नहिं अनि रहे।
ॐ ह्रीं श्री न्यायतः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भक्ति कर धर्म परगट करे सोय जी, मार्ग पर-भावना भक्ति जजि जोय जी।
देख समभाव कहें, धन्य है ताहि जी, धर्म यासो नहीं, और जग ठांहि जी।
ॐ ह्रीं श्री भक्तितः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भाव समता थकी, धर्म परगट करे, मार्ग पर-भाव जजि सकल अघ को हरे।।
ॐ ह्रीं श्री समताभावतः मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

और बहु धर्म के अंग हैं सार जी, तिन थकी धर्म पर-गट करे भार जी।
काज सो ही कर, धर्ममहिमा लहे, सो जजों धर्म पर-भावना अघ दहे।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

वृष विकास जासों लहे, सो ही करिये काज। ताफल तीर्थंकर बने, लहे निरंजन राज।।

(बेसरी छन्द)

वृष प्रभावना जो भवि ठाने, सो जग के सब पातक हाने।
धर्म प्रकाशन करो महानो, सो प्रभावना अंग बखानो।।
दान देय मन वांछित सोई, कल्पवृक्ष सम पूरे जोई।
ताकर धर्मोद्योत करावे, सो प्रभावना अंग कहावे।।
संघ चलावे तीरथ ठांही, मनवांछित द्रव खर्च करांही।
विनयसहित उत्सव बहु आने, सो प्रभावना अंग बखाने।।

जिनमन्दिरजिनबिम्ब करावे, फेर प्रतिष्ठा कर हरषावे।
कर उछाह धर्म परभावा, सो प्रभावना अंग सुनावा।।
तप बहु करे उग्र सुख पावे, सिंहनिःक्रीडित आदि करावे।
भारीउग्र महातप आने, सो प्रभावना अंग जु ठाने।।
मतिश्रुत अवधिज्ञानतें भाई, मनपरजय आदि सुखदाई।
इनतें जग के संशय खोवे, सो प्रभावना अंगमयहोवे।।

दोहा

परभावन के भेद बहु, करे भव्य मन सोय। ताको जिनपद होत है, अधिक कहे क्या कोय।।
ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावनाभावनायै पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

16. प्रवचनवात्सल्य भावना पूजा

(अडिल्ल छन्द)

तिनकी वानी प्रवचन जग में सार है, करुणासागर करत भव पार है।
याको वत्सल भाव प्रीति मन लाय है, सो इहां प्रवचन थाप भावना भाय है।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावना ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावना ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावना ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(बेसरी छन्द)

गंगानदी की निर्मल नीरा, उज्ज्वल सुभगगन्ध ज्यों क्षीरा।
भले पात्र में धर थुति गाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन वावन पावन कारी, घसिहों नीर डार हितधारी।
कंचनझारी धर मन लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत उज्ज्वल बीन अनूपा, नखशिख जुत मुक्ताफल रूपा।
भले पात्र में धर कर लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल गन्ध शुभ रंग को धरी, सुरतरु पुष्प भावना कारी।
गूंथ माल अपने कर लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

षटरस जुत नैवेद्य बनाई, मोदक भले बनाकर लाई।
नीके पात्र मांहि धर लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक रतन ज्योति परकासो, तमनाशक निधूम सुवासी।
कनक थाल भर आरति लाई, पूजों प्रवचन वत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै दीपम् निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अगर चन्दन की ठानी, दसविध गन्ध और धरआनी।
अगनि मांहि मैं खेवन लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै धूपम् निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लोंग सुपारी जानो, खारक आदि भले फल आनो।
स्वच्छ पात्र में धर कर लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गन्ध अक्षत सुभ भाये, चरु दीपक फल धूप सु लाये।
अरघ बना अपने कर लाई, पूजों प्रवचनवत्सल भाई।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकार्घ्य - मुनियानन्द की चाल

पत्र शुभ ऊजरे, पुष्ट चिकने सही, दीर्घ मौली किये, हर्ष मन की मही।।
तासमें बानि जिनसूत्र उतराइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री शुभपत्रोत्कीर्णन प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अंक चांदी तथा, कनक के मांड़िये, सुभग आकार धर, भक्ति अघ छाँ ड़ि ये।
या विधो हर्ष सिद्धान्त उतराइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री मनोज्ञाक्षरलेखनप्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

तास जर चिकन किमखाब मसरू सही, और उत्कृष्ट बहुमोल तिनको कही।
लाय उर भक्ति, औछांड बनबाइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री मनोज्ञबहुमूल्यबन्धन प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

भले श्रुत राखने कनक चांदी तने, काष्ठ के सुभग पट्ट, उग्र तिनके बने।
करे पट्टा इसी, भांति मन लाइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री सुभगकाष्टपत्रकरण प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कनक मय जड़ित, चाँदी तने जानिये, भरत वा घटित अनि, धातु कर आनिये।
काष्य चित्राम चौकी सु बनवाइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री वाचनहेतुसुभगचतुष्पादकरण प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

बांचिये वानि जिन, मन वचन काय जी, एक कर चित्त उर, भक्ति उमगाय जी।
वानि जिन विनयते, पाठ पढ़वाइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री विनयतः शास्त्रपठन प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

मन वचनकाय थिर, ठान जिन धुनि सुने, धारणा धार अघतें डरे शुभ ठने।
विनयजुत श्रवन कर, आप धनिध्याइये, भाव प्रवचन वात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री विनयतः शास्त्रश्रवण प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जाय पुस्तक धरे, ठाम शुभ जोय जी, विनयते काय मन, शुद्ध अति होय जी।
जतन को राखि मन, हर्ष बहु लाइये, भाव प्रवचन वात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री विनयः शास्त्रधरण प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जतनतें लेय पुस्तक, विनय ठान जी, भक्ति मन वचन शुभ, कायतें आन जी।
महा आदर करत, शास्त्र ले आइये, भाव प्रवचन वात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री विनयतः पुस्तकस्थापनानयन प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

धरण पुस्तक भलो, ठाम बनवायबो, नाहिं शरदी तहां, टीप करवायबो।
विनयतें पुस्तके, तहां धरवाइये, भाव प्रवचनवात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री सविनयपुस्तकधारकस्थाननिर्माणरूपायै श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

अंग इन आदि बहु, विनयविधि ठानिये, प्रीति अति अन्तरें भक्ति शुभ आनिये।
जान जिनवानि आदर विनय लाइये, भाव प्रवचन वात्सल्य जजि गाइये।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

वात्सल्य प्रवचन भावसों, जिनध्वनि तें अतिनेह।
विनयसहित वरते सदा, सफल तिन्हों की देह।।

(बेसरी छन्द)

जिनवानीतें वत्सल भावा, मैटत है जग का सब दावा।
ताकी सुर नर सेव करावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।।
जो श्रुत सुने भाव हरषावे, आवा पर भेद तत्त्व सु पावे।
तिनतें सब जग प्रीति करावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।।
प्रवचनपाठ करे मन लाई, ताको जस गाव सुरराई।
ताके पाप निकट नहिं आवें, जो जिय प्रवचनवत्सल भावें।।
जिन धुनि सुने हने अघ सोही, याको भेद लहे नहिं मोही।
सर्वलोक का प्रेम जु पावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।।
विनयसहित पुस्तक को राखे, ताका विनयो सब जग भाखे।
प्रीति घनी जिन धुनिते लावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।।
कनक रजत के पत्र महाने, सुन्दर महामूल्य के आने।
तिनपै जिनधुनि का लिखवावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।
श्रुतको बेठन सुभग करावन, लावे पट अतिसुन्दर पावन।
डोरी सुभग आन हरषावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।।
आगम धरने ठाम अनूपा, बनवावे दृढ़ सुन्दररूपा।

तहां सुमोहन चित्र करावे, जो जिय प्रवचनवत्सल भावे।

दोहा

इत्यादिक गुन जो लहे, दहे कर्मवन सोय। भावे प्रवचनभावना, अति चितवत्सल होय।।
ॐ ह्रीं श्री प्रवचनवात्सल्यभावनायै महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय जयमाला - दोहा

सोलहकारण भावना, भावे जो भवि सोय। सो तीर्थंकर पद लहे, घनो कहे क्या कोय।।

मुनियानन्द की चाल

षोडशकारण यह, भावना भाय है, तहां न मद आठ षट् नायतन पाय है।
अष्ट सम्यक तने, दोष नहिं जानिये, मूढ़ता तीन नहिं, ज्ञान शुद्ध आनिये।।
विनय गुरु देव की, राह जाने सही, भूल अविनय विषे, बुद्धि राखे नहीं।
जगत जस पाय अघ, ढाय समता लहे, जीव जो भावना भाय षोडश यहे।।
नारि पशु देव की, मनुष की जान जी, काठ चित्राम यह, जीव बिन मान जी।
चार विध नारि तजि, शील भावन सही, कारण षोडश यह, भावनाएं कहीं।।
ज्ञान उपयोग सो, पाठ जिनधुनि करे, श्रुतिअध्ययन में, नाँहि अन्तर परे।
पढ़े उपदेश करि, प्रश्न बहु ले सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
देख जग चपल नहिं, विषयसुख राचि है, मात सुत नारि तन, मांहि नहिं माचि है।
धरे वैराग्य उर, माँहि आनंद सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
त्याग धन तन करें राजलक्ष्मि सार जी, मात सुत पिता तिय देख बन्धकार जी।
छाड़ि परभाव, निजमांहि राचे सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
करे तप दुर्धरा, देख कायर डरें, मास पक्ष लो, नांहि अनजल करें।
शीश गिरि तरुतलें, नदी तट पै सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।

मुनि तन विषें जिम, होय साता भली, सोहि विधि करें उर, भक्ति भावां मिली।
साधू-समाधी यह, भावना है सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
राह जब चले मुनि खेद तन में लहे, तथा बहु तप थकी, काय निर्बल रहे।
देख इन तबै भवि, पांव चंपै सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
देव जिनराय की, भक्ति पूजा करे, कण्ठ मधुरे थकी, गान शुभ उच्चरे।
भक्ति अरिहन्त सो भाव जे हैं सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
संघपति जगतगुरु, तीस षट् गुण धरे, लखे पर मन तनी, भाव समता भरे।
धर्म तीरथ तने, धीर धारी सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
अंग ग्यारह लखे, पूर्व दसचार जी, और गुन बने त्रय ज्ञान चव धार जी।
भक्ति इन तनी यह भाव शुभदा सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
भक्ति जिनवाणि की, करे मन लाय जी, मुनि आवशि करें, भक्ति तिन भाय जी।
भाव सो प्रवचन, ज्ञान सुखदा सही, कारण षोडश ये, भावनाऐं कहीं।।
मनवचन काय धन, लाय हरषाय जी, धर्म उद्योत करि पुण्य उपजाय जी।
मार्गपरभावना, अंग सुखदा सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।
वानिजिनविनयतें, सुने पढ़ि है भली, भाव वात्सल्य, प्रवचन पुण्य की रली।
या थकी भी महा, पुण्यफल ले सही, कारण षोडश ये, भावनाएं कहीं।।

दोहा

इत्यादिक ये भावना, षोडश भेद अनूप। भावे इनको भक्तितें, 'टेक' मोक्ष सिध रूप।।

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यः महार्घ्यम्।

(इति षोडशकारण विधान उद्यापन समाप्त)

ॐ

समुच्चय नव देवता पूजा(रचयिता-ब्र. सूरजमल जी)

गीता-छन्द

मैं पंच परमेष्ठी यजुं अरु चैत्य चैत्यालय सदा।
अरु सप्त भंगी नमुं वाणी, धर्म जिनवर ने कहा।।
नव देव हैं ये जगत मांही स्थापना हम कर रहे।
आव्हान हो धरकर-हृदय में पाप पुंजी को दहे।।

ऊँ ह्रीं पंच परमेष्ठी जिन चैत्य चैत्यालय जिनवाणी स्याद्वाद जिन धर्मेति नवदेव समूह अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ऊँ ह्रीं पंच परमेष्ठी जिन चैत्य चैत्यालय जिनवाणी स्याद्वाद जिन धर्मेति नवदेव समूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ऊँ ह्रीं पंच परमेष्ठी जिन चैत्य चैत्यालय जिनवाणी स्याद्वाद जिन धर्मेति नवदेव समूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अर्थाष्टकं-गीता

भर स्वर्ण झारी मिष्ट जल की भक्ति दिल में जोड़िए।
त्रय रोग नाशन हेतु धारा तीन दिन पद छोड़िए।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।

ऊँ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर चन्दन है सुगन्धित केशरी घिस लाय है।
संसार का दुख मेटने को चरण में चर्चाय हैं।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्र सम उज्ज्वल अखण्डित अक्षतों को लीजिए।
अक्षत निधि के हेतु जिनवर पुंज पद में कीजिए।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

संसार में भटका बहुत ही ब्रह्मचारी ना बना।
उस काम दुष्ट विनाशने को पुष्प छोड़ू हूँ घाना।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो काम वाणं विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

दौड़ता मैं इत उते हीं भूख जोरों से लगी।
पकवान नाना भांति छोड़े क्षुधा डाकिन ही भगी।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह की फांसी चढ़े हम ज्ञान शुद्ध न पाइया।
हे प्रभो घृत दीप छोडुं मोह तम नश जाइया।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

इन कर्म रिपुने हे प्रभो जी दाबदी मम आत्मा।
लेकर सुगन्धित धूप खेउं होय रिपु का खात्मा।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सेव नारंगी सुदाडिम श्री फलादिक फल खरे।
लेकर चढ़ाऊं पद कमल में शीघ्र शिवरमणी वरे।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर चन्दन अक्षतादि द्रव्य मनहर कीजिये।
पूज हो धर भक्ति उरमें मोक्ष पद फिर लीजिये।।
पूज्य है नव देव जग में जो अनादि काल से।
पूजते हम भक्ति पूर्वक हों पृथक भव जाल से।।
ॐ ह्रीं श्री नवदेव समूहेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं अर्हं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो नमः स्वाहा।

(108 बार जाप करे।)

जयमाला

दोहा

पूज्य श्री नवदेव है जो अनुपम सुखदाय। कहूँ महा जयमालिका कर्म हरे दुख दाय।।

छन्द नाराच

देव जिन राज को नमत्त सुर गुरु सदा। पूजते भक्ति नहीं रंच दुख हो कदा।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।1।।
गर्भ छह मास पूर्व रत्न वृष्टि करत है। होत जन्म देव गण मेरु ले धरत हैं।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।2।।
पंचमी क्षीर सागर सु जल लाइया। करत अभिषेक इन्द्र देव हर्षाइया।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।3।।
अघ घघ घघ घघ, अघ घघ जोर से। घघ घघ घघ घघ, ढुलत कलश शोर से।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।4।।
जय जय जय जय जयति जय जय जय। करत यहां देव जय जय जय जय।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।5।।
धृगततं धृगततं होत मिरदंग ही। करत मंजीरिया किमं किं तरंग ही।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।6।।
बजत सारंगी सु, सन सनं सन सनं। नचत शक्रराज ले, धरत पग छम छमं।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।7।।
इस भांति उत्सव करे देव गण आय कर, लहत सम्यक्त्व का भक्ति उर धार कर।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।8।।
सुहोत वैराग्य जिस काल जिन आपको आय लोकान्ति देव करत अनुमोद को।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।9।।

लोच पंच मुष्ठि से आपने कर लिया। त्याग सर्व संग को साधु व्रत धर लिया।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।10।।
उग्र उग्र तप कर साधि निज आत्मा। लेय ध्यान खड्ग कर कर्म किये खात्मा।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।11।।
देव अरहन्त ने घात्ति कर्म नाशिया। हो सुखद अनन्त आपने पालिया।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।12।।
जन्म के होत दश ज्ञान के दश कहा। सुमन चतुर्दश करे महा अतिशय लहा।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।13।।
अष्ट प्रातिहार्य सब महतता को करे। अनन्त दर्श ज्ञान व्रत वीर्यता को भरे।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।14।।
दोष अष्टादशा होत नहीं देव ही। वाणि सप्त भंगी को प्रकाशते एव ही।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।15।।
कर्म महा त्रेशठी प्रकृति नाश कीनिहो। ध्यान धार आत्म नासाग्र दृष्टि दीनिहो।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।16।।
वीतरागी आप हो सर्वज्ञता को लहै। भूत भावि सम्प्रति पर्याय दृष्ट हो रहे।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।17।।
जीव तीन लोक का हितोपदेश देत हो। हो हितोपदेशी आप बन्धु विनहेतु हो।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।18।।
जीवादि सप्त तत्व नव पदार्थ को भासिया। होत गुणथान अरु मार्गणा देशिया।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पालिया।।19।।
समास प्ररूपणा गत्यादि भी हे सही। स्याद्वाद तत्व आप अन्यथा है नही।।
देव अरहन्त का शर्ण हम ले लिया। मैं नमुं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ पा लिया।।20।।
नाश अष्ट कर्म को अष्ट गुण पालिया। निजात्म सुक्ख मग्न हो कर्म मैल धोलिया।।
देव महा सिद्ध का शर्ण हम ले लिया। मैं नमूँ त्रिकाल आप मोक्ष सुख पा लिया।।21।।
ज्ञान है शरीरि आप सिद्ध लोक राज ते। हो अनन्त सुक्खवान निकल ही विराजते।।

देव महा सिद्ध का शर्ण हम ले लिया। मैं नमूँ त्रिकाल आप मोक्ष सुख पा लिया।।22।।
पंच महाव्रत पंच समीति को आदरे। करत वश अक्ष आचार पंच आचरे।
देव महा सूरि की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।23।।
पालते षडावश्यक शेष गुण को धरे। पाल तीन गुप्ति सूरि मनमे कष्ट ना करे।।
देव महा सूरि का शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।24।।
पालते आचार आप शिष्य को पलावते। होय छत्तीस गुण सूरिं पद पावते।।
देव महा सूरि का शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।25।।
हो उपाध्याय मुनि तपो व्रत आचरे। धरत महा सकल व्रत रोष तोष ना करे।।
देव उपाध्याय की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।26।।
अंग एकादर्श पूर्व चतुर्दश कहे। होत ज्ञान आपको नाम पाठक लहे।।
देव उपाध्याय की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।27।।
धन्य धन्य साधु अष्ट बीस गुण धारते। होत ना अधीर कभी मोह कर्म टारते।
देव महासाधु की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप मोक्ष पन्थ को लिया।।28।।
जिन देव महा विम्बभी शोभते अपार ही। स्वर्ण रत्न उपल के होत निर्विकार ही।।
देव जिन बिम्ब की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप दर्श सुख पा लिया।।29।।
बिम्ब तीन लोक में अनादि आदि जानिए। है अगण्य जो लहे सदैव सिर नाइए।।
देव जिन बिम्ब की शर्ण हम ले लिया। मैं नमूं त्रिकाल आप दर्श सुख पा लिया।।30।।
भवन त्रैलोक्य में ही असंख्या लहे। है अनादि आदि महादेव गणधर कहै।।
देव जिन जिनालया हर्ष कर पूजिया। मैं नमूं त्रिकाल आप दर्श सुख पा लिया।।31।।
हम रत्न उपलमय शोभते महान ही। नमन करे बार बार होत कल्याण ही।
देव जिन जिनालया हर्ष कर पूजिया। मैं नमूं त्रिकाल आप दर्श सुख पा लिया।।32।।
निकसि जिन वदन ते भव्य महाभाग से। झेल गणधर महा प्रकाशि अनुराग से।।
मात जिन वाणि आप अगण्य जीव तारिया। मैं नमूं त्रिकाल आप ज्ञान शुद्ध धारिया।।33।।
होत सप्त भंग मय देवि निर्दोषिका। आदि अन्त तक एक हो होत नहीं दोषिका।।
मात जिन वाणि आप अगण्य जीव तारिया। मैं नमूं त्रिकाल आप ज्ञान शुद्ध धारिया।।34।।

पूज्य हो मात हम करत श्रद्धान को। पाप पुण्य नाश कर लहत शिव थान को।।
मात जिन वाणि आप अगण्य जीव तारिया। मैं नमूं त्रिकाल आप ज्ञान शुद्ध धारिया।।35।।
देव अरहन्त ने भासिया धर्म को। स्याद्वाद है वह नष्ट करें कर्म को।।
धर्म देव पूजते अनन्त सुख पालिया। मैं नमूं त्रिकाल आप जन्म सफल कर लिया।।36।।
क्षमादि दश धर्म अरु रत्नत्रय जानिए। है अहिंस आदि धर्म भव्य पर मानिए।।
धर्म देव पूजते अनन्त सुख पालिया। मैं नमूं त्रिकाल आप जन्म सफल कर लिया।।37।।
धरत भव्य धर्म को होत कल्याण ही। है अगाध धर्म तत्व होत ना बखान ही।
धर्म देव पूजते अनन्त सुख पालिया। मैं नमूं त्रिकाल आप जन्म सफल कर लिया।।38।।
होत नव देव ये ग्रन्थ में गाइया। कहत ''सूर्य मल्ल'' जिन चरण सिर नाइया।।
नमत नव देव को हर्ष उर धारिया। करत पूज शुद्ध पाप सब जारिया।।39।।

घत्ता-छन्द

जय जय नव देवं, कर्म नशेवं, सुरकृत सेवं पुण्य करम।
जय पूज रचावे गुण गण गावे, पाप मिटावें मुक्ति वरम।।40।।
ॐ ह्रीं अरहन्तादि नव देवसमूहेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

गीता

नव देव है ये वीतराग नाशते भव भय सदा। पुजहूँ वसु द्रव्य लेकर आदि व्याधि न हो कदा।।
पुत्र मित्ररु पौत्र वाढ़ै स्वर्ग सम्पत्ति आय है। नष्ट होवे कर्म सारे मोक्ष नारी पाय है।।41।।

इत्याशीर्वादः

श्री अरहन्त पूजन

जोगीरासा-स्थापना

नाश घातिया कर्म आपने, पद पाया अरहन्ता।
बैठ समवस्त दिव्य ध्वनि से तारे भव्य अन्नता।
ऐसे उन त्रैलोक्य प्रभु का मन वच काय त्रियोगा।
आव्हानन् ह्रदि स्थापन करके नाश करूं भव रोगा।।

ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टक (जोगीरासा)

क्षीरोक्षधि को प्रासुक जल ले मन हर्षित भरलाया।
जन्मजरामृति दूर करन को श्रीजिन चरण चढ़ाया।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।

ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि गोशीर सुगन्धित केशर संघ घिसलाऊं।
लेप करूं अरहन्त प्रभुपद संसृति ताप मिटाऊं।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।

ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अनियारे शुभ अक्षत ताजे चन्द्र किरण सम लाऊं।
पुंज करूं जिनराज चरण ढिग अक्षयनिधि को पाऊं।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्तयै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

भांति भंति के पुष्प सुगन्धित डाली भर कर लाया।
छोड़े प्रभु के उत्तम पद में मदन वाण विनिशाया।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यः काम वाणं विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर वावर लाडु पेडा बहु विधि व्यंजन ताजे।
थाल सजाकर भेंट चरण ढिग रोग क्षुधा सब भाजे।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गोधृत अरु कर्पूर रतन को दीपक सुन्दर जोऊं।
आरती करूं जिनराज प्रभु की मोहतिमिर को खोऊं।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दश विधि द्रव्य की धूप बनाई, अति सुगन्धित भाई।
अष्ट कर्म के नाशन कारण अग्नि मांही जलाई।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मोच चोच अति उत्तम श्रीफल दाडिम अमृत लावें।
छोड़े श्री जिन राज चरण में मोक्ष महाफल पावें।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

तोयं चन्दन अक्षत नीरज व्यंजन दीपक जोवे।
धूप महाफल अर्घ चढ़ाऊं अविनाशी पद सोवे।।
श्री अरहन्त सकल परमात्म केवल ज्ञानी राजै।
होवे भव भव मांहि सहाई याते भव भय भाजे।।
ॐ ह्रीं श्री चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक अर्घं (जन्म के 10 अतिशय)

दोहा

जन्म तने जिनराज के अतिशय दश बतलाय।
स्वेद रहित प्रभुजी सदा पूजू अर्घ चढ़ाय।।
ॐ ह्रीं पसेव रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

होत नहीं मल मूत्र जिन, निर्मल तन सुखदाय।
ये अतिशय अरहन्त के पूजों अर्घ चढ़ाय।।

ॐ ह्रीं मलमूत्र रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

समचतुरा संस्थान है घाट बाध नहीं होय।
यह अतिशय तीजा कहा पूजो अर्घ संजोय।।

ॐ ह्रीं समचतुर संस्थान अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

वज्र वृषभ नाराच हे सहनन उत्तम धाधार।
यह अतिशय प्रभु के कहा पूजुं अर्घ उतार।।

ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराच सहनन अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।4।।

सुरभित तन सुखदाय हैं यह अतिशय बतलाय।
अर्घ संजोऊं थाल भर पूजुं मन बच काय।।

ॐ ह्रीं सुगन्धित शरीर अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

रूप महा सुन्दर घनों काम देव शर्माय।
उत्तम अर्घ बनाय कर पूजूं हर्ष बढ़ाय।।

ॐ ह्रीं महारूपातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

आठ अधिक पुन इक सहस लक्षण गुणकी खान।
पूजों अर्घ संजोय के होय कर्म की हान।।

ॐ ह्रीं शुभ लक्षण अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

श्वेत वर्ण श्रोणित महा तन में प्रभु के जान।
यह अतिशय अनुपम सही पूजू रुचिमनठान।।

ॐ ह्रीं श्वेत वर्ण श्रोणितातिशय सहित अरहन्त देवैभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

मधुर मधुर वाणी कहै जन मोहित जो जाय।
नीरादिक से पूजि हो कर्म रिपु नश जाय।।

ॐ ह्रीं मधुर वचनाति सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

बल अनन्त प्रभु कहा अन्य पुरुष नहीं होय।
भाव भक्ति उर धार के पूजू अर्घ संजोय।।

ॐ ह्रीं अनन्त बलातिशय सहित अरहन्त देवैभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

अतिशय श्री अरहन्त के जन्म तने दश जान।
पूजूं अर्घ्य संजोय के पाऊं पद निर्वाण।।

ॐ ह्रीं दश अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्यो पूर्णार्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।

केवल ज्ञान के दश अतिशय

(अडिल्ल)

जहां जिनेश्वर बैठ समवसृत हाल जी। वहं योजन शत होय नही दुष्काल जी।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।

ॐ ह्रीं शत योजन दुर्भिक्ष निवारक अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

होय गमन आकाश प्रभु का जान जी। देव भक्ति में आय करे गुण गान जी।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।

ॐ ह्रीं आकाश गमनातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

जहां विराजे ईशसु भवि हितकार जी। मार सके तिस ठौर नहीं किस बार जी।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं अदया भावातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

होय नहीं उपसर्ग प्रभु जी आपको। देव मनुष्य पशु करे नहीं सन्ताप को।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं उपसर्ग रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

क्षुधो रोग से पीड़ित सब जन देखिया। जीत क्षुधा आहार प्रभु नहीं लेखिया।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं कवलाहार रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

तिष्ट समवसृत बीच प्रभु जी राजते। मुख दीखे चहुं और महा सुख काजते।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं चतुर मुखविराजमाना अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

सब विद्या के ईश्वर हो जिन रायजी। ध्यावे प्रभु को कर्म नशे दुख दायजी।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं सकल विद्याधिपत्यातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

पुद्गल पुंज सु एक होय यह तन बना। छाया नहीं प्रभु होय आप अतिशय घना।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।
ॐ ह्रीं छाया रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

बढ़े नहीं नख केश कभी किसी काल में। नाश घातिया कर्म रहे निज चाल में।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।

ॐ ह्रीं नख केश वृद्धि रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

टमकत नाहीं पलक बन्द नाहीं खुले। नासा दृष्टि लगाय कर्म सब दल मले।।
ऐसो अतिशय होय महा जिन राय के। मन वच तन से पूजूं सिर नाय के।।

ॐ ह्रीं नेत्र भों चपलता रहित अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

दोहा

ये अतिशय केवल तने हे आगम परमाण। पूजूं अर्घ्य संजोय के उपजे केवलज्ञान।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञान दश अतिशय रहित अरहन्त देवेभ्योपूर्णार्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।

देवकृत 14 अतिशय (चौपाई)

अर्द्ध मागधी भाषा जान, सब जीवों को सुखद वखान।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं अर्धमागधी भाषा अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

सब जीवों मैं मैत्री होय पूजूं प्रभु को अर्घ संजोय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत हैं जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं सर्व जीव मैत्री भाव अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

षट् ऋतु के फल फूले जोय जहं जिनराज विराजे सोय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं षट् ऋतु फल पुष्पातिशयं सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

एना सम भूमि चमकाय धरत चरण जहं आप सुखाय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं दर्पण सम भूमि अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

सुरभित मन्द पवन हितदाय सब जीवों के मन को भाय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं सुरभित पवनातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

सर्वानन्दि होय जिनेन्द्र वन्दे सुरपति आदि खगेन्द्र।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं सर्वानन्द कारक अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

कंटक रहित भूमि शुभजान जहं विराजे हो भगवान।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं कंटक रहितातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

नभ में होता जय जय कार सब जीवों को सुखद अपार।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं आकाशे जय जय कार शब्दातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

गन्धोदक की दृष्टि सुखार करत देव सुख लहत अपार।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं गन्धोदक वृष्ट्यातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

पदतल प्रभु के कमल रचाय महिमा है जिनवर सुखदाय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं पदतल कमल रचनातिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

अति निर्मल आकाश लखाय सब जीवों का मन हर्षाय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं गगन निर्मल अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

धूम रहित सब दिश शोभन्त, जहां विराजे श्री भगवन्त।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं सर्व दिशा निर्मल अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

धर्म चक्र प्रभु आगे सोय महिमा जिनवर कहत न होय।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं धर्मचक्र अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

मंगल द्रव्य अष्ट शुभ लेय, देव भक्ति वश करत स्वमेव।
यह अतिशय जिनराज कहाय देवोंकृत है जिन श्रुत गाय।।

ॐ ह्रीं देवकृत अष्ट मंगलद्रव्य अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

दोहा

चवदह अतिशय करत है सुमन भक्ती में आन। पूजे अर्घ्य चढ़ाय के पावे पद निर्वाण।।

ॐ ह्रीं चतुर्दश अतिशय सहित अरहन्त देवेभ्योपूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

अष्ट प्रातिहार्य

(जोगीरासा)

वृक्ष अशोक महा सुखदाई दीखे सुन्दर भाई।
शोक हरे सब जीवों का प्रभु यह महिमा अधिकाई।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं अशोक वृक्ष प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

देव भक्ति में आकर प्रभु की पुष्पों को वर्षावे।
स्तुति पढ़े, करे पद अर्चन निर्मल गुण को गावे।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं पुष्प वृक्ष वृष्टि प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।36।।

दिव्य ध्वनि शुभ वर्षे जिनवर सब जीवों सुखदाई।
पाप विनाशे शुभ पथ भासे पुण्य बढ़े अधिकाई।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।37।।

पर्वत से ज्यों जल की धारा पड़त लगे वह प्यारी।
त्यों प्रभु चंवर ढुरे चतु षष्टी सुमन करे जयकारी।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं चतषष्ठी चामर विज्यमान प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।38।

रत्न जड़ित सिंहासन सुन्दर लागे वह अति प्यारा।
अधर विरजे उस पर जिनवर देव करे जयकारा।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं सिंहासन प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।39।।

कोटी सूर्य लज्जित हो जावे तनु भामण्डल भारी।
तापे सप्त भवों कि वाते दर्शन है सुखकारी।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं प्रभामण्डल प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।40।।

देव बजावे नाना बाजे दुन्दुभि शब्द कहाये।
सुमन करे गुण गान भक्ति में मन में बहु हर्षावे।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं देव दुन्दुभि प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।41।।

चन्द्रकान्ति सम छत्र तीन शुभ, रत्न जड़ित सुखकारी।
रत्नमालिका लटके उसमें तीन जगत दुखहारी।।
प्रातिहार्य वसु जिनवर सोहे मन को अति ही मोहे।
पूजों वसु विधि द्रव्य संजोकर अविनासी पद हो है।।

ॐ ह्रीं छत्रत्रय प्रातिहार्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।42।।

दोहा

तरु अशोक शुभ पीठ है भामण्डल सुखदाय।
चंबर ढुरे चौसठ विमल पुष्प वृष्टि वर्षाय।
दिव्यध्वनि नित खिरत है वजत दुन्दुभि सोय।
तीन छत्र सिर सोहते पूजे मन शुध होय।।

ॐ ह्रीं अष्ट प्रातिहार्य विभूति सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्त चतुष्टय अर्घ (सुन्दरी छन्द)

दर्शगुण भी अनन्त लखावही ध्याय जिनवर शिव सुखपावही।
सो यजूं सर्वज्ञ जिनेश को अर्घ दे पद पाऊं मोक्ष को।।

ॐ ह्रीं अनन्त दर्शन सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।43।।

होय ज्ञान अनन्त, सु मानिए, तीन लोक चराचर जानिए।
सो यजूं सर्वज्ञ जिनेश को अर्घ दे पद पाऊं मोक्ष को।।

ॐ ह्रीं अनन्त ज्ञान सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।44।।

सुख अनन्तानन्त सुख पाइया, ध्यान बल जिन कर्म खिपाइया।
सो यजूं सर्वज्ञ जिनेश को अर्घ दे पद पाऊं मोक्ष को।।

ॐ ह्रीं अनन्त सुख सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।45।।

अनन्त वीर्यत्व प्रकाशिया, अन्तराय सुभट अरि नाशिया।
सो यजूं सर्वज्ञ जिनेश को अर्घ दे पद पाऊं मोक्ष को।।

ॐ ह्रीं अनन्त वीर्य सहित अरहन्त देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।46।।

गीता

दृग अनन्त ज्ञान अरु सुख वीर्य गणधर ने कहै।
होत है सर्वज्ञ प्रभु के मोक्ष नारी वे लहै।।
पूज हूं उर भक्ति धरकर पाप मेरे नाश हो।
अन्त शिव नारी वरूं मैं ज्ञान भानु प्रकाश हो।।

ॐ ह्रीं अनन्त चतुष्टय सहित अरहन्त देवेभ्योपूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जन्म दश दश ज्ञान केवल देव कृत चौदह भने।
वसु प्रातिहार्य सु है चतुष्टय गुण छियालिस शुभबने।।
ये है सु अतिशय जगत गुरु के प्रीति मन में लाइया।
नीरदि वसु विधि द्रव्य ले जिन देव पद में चढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशद् गुणोपेत अरहन्त देवेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ॐ ह्रीं अरहन्त परमेष्ठि देवेभ्यो नमः स्वाहा। (यहां 9 बार जाप करें।)

जयमाला

दोहा

छह चालीस गुण को धरे, सकल प्रभु कहलाय।
गाऊं अब जयमालिका दुरित महा मिटि जाय।।

त्रोटक

नहीं दोष अठारह है तुममे, अरहन्त देव हम कहत तुम्हें।
जय ऊर्ध्व अधो अर मध्य तने, सब जव नमे तब भक्ति सने।।1।।
षट् मास पूर्व प्रभु गर्भ तने, अरु गर्भ रहे नव मास भने।
जय रत्नसु वृष्टि कुवेर करे, जय नृप आंगण में मोद भरे।।2।।
जय अष्ट कुमारी सु मात सेय, हर विधि से उनको मोद देय।
जय जन्म हुआ प्रभु आप ज्ञान, घर घर में मंगल गाय गान।।3।।
जय तीन लोक में हर्ष छाय, जय नर्क जीव समता लहाय।
यह अतिशय प्रभुजी आप जान, नहीं होय अन्य प्राणी महान।।4।।
जय इन्द्र मोद धर बैठ नाग, ऐरावत ले परिवार भाग।
इन्द्राणी जाय प्रसूति थान, प्रभु लेय गोद में हर्ष ठान।।5।।
निज पति को दे सम सूर्य बाल, वह निरख कहै प्रभु है कमाल।
जब तृप्त हुआ नहीं दर्श पाय, हज्जार नयन सु धर बनाय।।6।।
कर तांडव नृत्य सु भक्ति धार, हर्षे शचीन्द्र मन में अपार।
पग धरे छमा छम ठुमुक चाल, जय बजे घूंघरू के सु जाल।।7।।
फिर चढ़ गज मेरु शिखर जाय, अरु क्षीरोदधिका नीर लाय।
तब न्हवन किया त्रैलोक्य राय, सिर कलश ढोल आनन्द पाय।।8।।
शची किया नेत्र अंजन सु आय, प्रभु वस्त्रा भूषि दिये पिनाय।

जय द्वितीय मयंक समान प्रभु, बढ़ चले आप त्रय ज्ञान विभु॥9॥
जय अथिर लखा संसार खार, वैराग्य हुआ तब सुखद सार।
लौकान्तिक आये स्वर्ग ब्रह्म, संवोध पधारें जिन सु ब्रह्म॥10॥
जय बैठ शिबिका गये अरण्य, कचलोच किये प्रभु धन्य धन्य।
जय मनपर्यय प्रभु प्रगटज्ञान, हो तपकर धर तुम शुक्लध्यान॥11॥
जय घाति कर्म चक चूर किया, जय केवल ज्ञान सु आप लिया।
जय समवसरण उपदेश देय, भवि जीवों को भव उद्धरेय॥12॥
जय जन्म तने अतिशय दश है, जय केवल ज्ञान लहे दश है।
जय देव चतुर्दश हर्ष करे, वसु प्रातिहार्य सुख सज्ज खरे॥13॥
जय नन्त चुष्टय आप गहै, प्रभु गुण छियालिस नित्य रहै।
जय लक्षण सहसरु अष्ट शुद्ध, हो लसे आप में अति विशुद्ध॥14॥
जय मोक्ष मार्ग के नेता हो, अरु कर्म शैल के भेत्ता हो।
जय भूत भविष्यत् वर्तमान, पर्याय झलकति आप ज्ञान॥15॥
नहीं कवला हार सु आप लेय, सब जान पदारथ नित्य हेय।
शिव रमणी के भर्तार आप, जय कर्म काटने को सुचाप॥16॥
जय सकल ज्ञेय के ज्ञाता हो, पर निजानन्द के पाता हो।
हो देव मेरे हिए आन वसो, तब ध्यान धरे हम कर्म नसो॥17॥
तब गुण चिन्ते हम बार बार, जिससे टलती आपद अपार।
प्रभु आप जगत के भूषण हो, अरु नाना रहित कुदूषण हो॥18॥
जय महिमा अगम अपार आप, जय शुद्ध चेतना करत जाप।
जय परमदेव परमातम हो, जय ध्याता ध्यान गुणातम हो॥19॥
जय हरि हर ब्रह्म आप कहैं, जय शंकर विष्णु नाम लहै।
नवकेवल लब्धि आप लसे, जय ध्यान महा शुभ आप बसे॥20॥

मैं भ्रमण किया प्रभु भूल आप, फल पाया बहु जिस पुण्य पाप।
अब हरो हमारी पीर नाथ, याते पकड़े प्रभु आप साथ।।21।।
जय स्याद्वाद शासन अनूप, नहीं बाधिक हो मिथ्या स्वरूप।
सब विद्या के प्रभु आप ईश, जय पाप हरो मम हे जगीश।।22।।
तब नाम लेत सब विघ्न जाय, जय भूत प्रेत सब ही नशाय।
संसार लखे यह अथिर रूप, दुख पाये जिससे त्रिजग भूप।।23।।
हो परम देव गुण अपार, हम तुच्छ बुद्धि नहि लहत पार।
पद पंकज में हो नमस्कार, जय 'सूरज' को प्रभु तार तार।।24।।

घत्ता

जय जय जयमाला परम रसाला गावें ध्यावें पाप हरे।
नाशत भव ज्वाला गुण मणिमाला पावे सुक्ख अनन्त खरे।।
ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशद् गुण सहित अरहन्त परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

अडिल्ल

जो भवि पूजे महा जिनेश्वर राय जी। पाप ताप अरु विघ्न टरे दुख दाय जी।।
पुत्र मित्र और सम्पत्ति हो अधिकाय जी। अनुक्रम से शिव नार वरे सुख दाय जी।।

।। इत्याशीर्वाद ।।

श्री सिद्ध पूजा

अडिल्ल

अर्घ्व लोक के अन्त बात मे जानिए। ज्ञान शरीरि कर्म रहित पहिचानिए।
अष्ट गुणो को धार निकल जिन आप ही। करूं प्रभु आव्हान मिटे सन्तान ही।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टक (त्रिभंगी)

गंगा जल लाया धार चढ़ाया अति हुलासाया सिद्ध महा।
त्रय रोग नशावे भक्ति बढ़ावे होवे सुक्ख अनन्त अहा।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ केशर चन्दन दाह निकन्दन भवभय भंजन शुद्ध अहो।
हूं चरण चढ़ाया ताप नशाया सुख उपजाया नष्ट न हो।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अणियारे उज्ज्वल प्यारे धोय संभारे हम लावे।
बहु पुंज चढावे तुम गुण गावें सुख अति पावे हर्षावे।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पा मच कुन्दा अमल सुगन्धा भ्रमर अनन्दा थालभरा।
मैं फूल चढ़ाऊं श्रेष्ठ कहाउं काम नशाउं दुष्ट खरा।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यः काम वाणं विनाशनाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा।

ले घेवर फेणी लाडु पेडा व्यंजन से बहु थाल भरे।
जिनपद में चोडु दुई कर जोडु क्षुधा रोग तत्काल हरे।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो: क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम घृत भर लावें मन हर्षावे चरण चढ़ावे दीप महा।
मोहान्ध नशावे तुम गुण गावें पावे सम्यग्ज्ञान अहा।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

बहु धूप दशांगी है बहु चंगी बैसांदर मैं हम खेवें।
हम कर्म उडावे शिवसुख पावे जिनगुण गावे पद सेवे।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

नारिंग सुपारी दाडिम प्यारी फल अति भारी थाल भरा।
जिन चरण चढ़ाउं शिव पद पाऊं शीस नवाऊं सिद्धवरा।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्योः मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

ले दव्य समारा अष्ट प्रकारा हर्ष बढ़ाकर ल्यावत है।
जिन चरण चढ़ावे मंगल गावे सिद्ध महापद पावत है।।
जय सिद्ध महन्ता शिव तिय कन्ता पूजे सन्ता भगवन्ता।
मैं गाऊं ध्याऊं कर्म नशाऊं शिव पद पाऊं हुलसन्ता।।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येक अर्घ्यं (गीता)

ये पंच ज्ञाना वर्णीघति ज्ञान केवल पाइया।
लोक त्रय का प्रगट देखे निज स्वरूप लखाइया।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।
ॐ ह्रीं पंच प्रकार ज्ञानावर्णी कर्म विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

हे कर्म दूजा दर्शवर्णी दर्श गुण सब ढक लिया।
नष्ट कर नव प्रकृति तिस की दर्शगुण जिन पालिया।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं नव प्रकार दर्शनावर्णी कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

हे वेदनी इक कर्म तीजा, दुःक्ख सुख वह देत हैं।
नाश कीना सहज में जिन, सुख अबाधसु लेत हैं।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं द्वि प्रकार वेदनी कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

इक कर्ममोहनी दुष्ट है जो जगत जन सब बस किया।
नाश कीना ध्यान अग्नि पाप समकित सुख लिया।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं अष्टाविंश मोहनी कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

संसार के सब जीव देखे चार आयु वसि भये।
ध्यान भासुर कर्म जारे नार शिव प्रिय तुम भये।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं चतु प्रकार आयु कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

ज्यों चितेरा चित्र खींचे नाम तद्वत जानिया।
यह नाशकर जिनराज तुमने सुख सु अविचय ठानिया।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं त्रय नवति नाम कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

गोत्र कर्म सु दोय विधि है नीच ऊंच बखानिया।
करनाश रिपु यह है जिनेश्वर अगुरुलघु गुण जानिया।।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं द्वि प्रकार गोत्र कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

अष्टमसु रिपु का नाश करके, जय अष्टम भू बसे।
वीर्यत्व शक्ति पाय करके आत्म निज मे तुम लसे।
लोकाग्र राजे निज सु साजे गुण सु वसु तुम पाइया।
हम नमन करके पद यजे अति मोद मनसु बढ़ाइया।।

ॐ ह्रीं पंच प्रकार अन्तराय कर्म प्रकृति विनाशक सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

दोहा

अष्ट कर्म को नष्ट कर, अष्ट महागुण पाय। वसु विधि सुन्दर द्रव्य से पूजे जिनवर आय।।
ॐ ह्रीं अष्टकर्म विनाशकः सिद्धपरमेष्ठिभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ॐ ह्रीं सिद्ध परमेष्ठिदेवेभ्यो नमः स्वाहा।

(यहां 9 बार जाप्य करें।)

जयमाला- दोहा

उर्ध्व लोक में सिद्ध जे, राजे सुखद महान। सुख अनन्त का पा रहे, गावे हम गुण गान।।1।।

पद्धडी

जय सिद्ध शिरोमणि जगतदेव, त्रैलोक्य प्रभु हम नमत एव।
जय वीतराग हो परम शांत, जय रोग रहित निर्भय सुकान्त।।2।।
जय उर्ध्व लोक के अन्त जान, जयवात वलय में राज मान।
उत्पाद सुव्यय ध्रुव युक्त आप, हम करते प्रभु तुम नित्याजाप।।3।।
जय संसृति भंजन हो निसंग, जय समता रस के आप गंग।
जय बंध कषाय विहीन आप, जय नाश हुए सब कर्म पाप।।4।।
जय ज्ञाना वर्णी प्रकृति पंच, तुम नाश करी नहीं रही रंच।
जय पूर्णज्ञान प्रभु प्रकट होय, ज्यों मेघ नशे रवि उदित होय।।5।।
जय नाश दर्शना वर्ण आप, नव प्रकृति नशीधर ध्यान चाप।
जय दर्शन गुण पायो महान्, ज्यों लोक अलोक प्रकाश मान।।6।।
जय कर्म वेदनी हो विलीन, सुख पाया अन्व्याबाध चीन।
जय मोह राज से विजय पाय, सम्यक्त्व महागुण तु लसाय।।7।।
जय आयु कर्म को हनि विशाल, जय अवगाहन गुणधर विशाल।
जय नाम कर्म से रहित होय, सूक्ष्म गुण पायो विमल सोय।।8।।
फिर गोत्र कर्म का कर विनाश, ले अगरु लघु गुण तुम प्रकाश।
प्रभु अन्तराय को मूल नाश, वीर्यत्व शक्ति पाई विकाश।।9।।
जय अष्ट महागुण धरत आप, शिव नारी संग करते मिलाप।
जहां एक सिद्ध राजे महान्, तामध्य अनन्तानन्त जान।।10।।
यह भूमि आठवीं सुखद भास, कहलाते सिद्धों का निवास।

जो ध्यान धरे उन सिद्धराज, पावे अविचल शुभ सुक्खसाज॥11॥
हम नमन करे उर भक्ति धार, सूरजमल विनवे बारबार।
यह आश हमारी पूरपूर, प्रभु, कर्म महारिपु चूर चूर॥12॥

धत्ता

जय सिद्ध महन्ता शिवतिय कन्ता आत्म रमन्ता ध्यावत हूँ।
जय कर्म विनाशी सुगुण प्रकाशी शुभ गुण राशी याजत हूँ।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सोरठा

पूजो भाव सुधार सिद्ध महा जिन राज को। ते उतरे भवपार राज करे शिव राय को॥
(इत्याशीर्वाद)

श्री आचार्य परमेष्ठी पूजा

(हरि गीता)
निर्ग्रन्थ सूरिपद विराजे, ध्याय आतम ध्यान को।
गुणतीस छह पालत सदा ही कहत हित मित बानि को॥
हम करत आव्हानन प्रभोजी मो हृदय में आइये।
अष्ट विधि से पूजते हम कर्म अष्ट नशाइये॥
ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुण सहित आचार्य परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुण सहित आचार्य परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुण सहित आचार्य परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकं-नन्दीश्वर पूजन (चाल)

शुचि निर्मल जल भृंगार भरकर मैं लायो। तुम चरणन दे हम धार जन्म मरण ढायो।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा।

गोशीर सुगन्धिर सार कुं कुं घिस लावें। प्रभु भव आताप निवार मन में हर्षावें।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

ले चन्द्र किरण समश्वेत अक्षय धोय धरे। हम अक्षय निधि के हेत पदमें पुंज करे।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

ले करके बहु विधि फूल, डाली भर लाये। प्रभु हरो काम तिरसूल भवभव दुख पाये।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यः काम बाणं विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

ले व्यंजन नाना भांति मनहर सुखदाई। तुम भेंट धरे तज आदि मन में हर्षाई।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत दीप मनोहर ल्याय जगमग होत अहा। हम करें आरती आय नाशे तिमिर महा।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

बहु द्रव्य सुगन्धित सार ताकि धूप करी। खेवे वैश्वानर डार कर्म विनाश करी।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ *ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।*

ले केले उत्तम सार आम्र अनार घने। फल भरुं सरस शुभथाल सुन्दर सहजसने।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो: मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दनादि बहु ल्याय अर्घ चढ़ावत हूँ। गाउं प्रभु गुण हर्षाय भक्ति बढ़ावत हूँ।।
श्री आचारज पद सार मन वच तन ध्यावें। हम उतरे भवदधि पार याते गुणगावें।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् गुणोपेत श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक पूजा

दोहा

दुष्ट पीड़ा करे क्षमा भाव उर लाय। पूजो पद आचार्य के मन वच काय लगाय।।

ॐ ह्रीं उत्तम क्षमा धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कोमलता उर में धरे मार्दव वृष अमलान। शुद्ध द्रव्य से पूजिए सरि पद गुण खान।।

ॐ ह्रीं उत्तम मार्दव धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अन्तर बाहर एक हैं माया रंच न पाय। आर्जव गुण को धारते सूरि पूजो आय।।

ॐ ह्रीं उत्तम आर्जव धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

सत्य वचन बोले सदा सत्य धर्म कहलाय। आचारज यह धारते अर्चत हम गुण गाय।।

ॐ ह्रीं उत्तम सत्य धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

तन स्वभाव से अशुचि है किस विध होय न शुद्ध।ज्ञानध्यान तप आचरे करे आत्म प्रति बुद्ध।।

ॐ ह्रीं उत्तम शौच धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

इन्द्रिय पांचों वश करे काय छहों प्रतिपाल। इहविधि दो संयम धरे आचाराज नमिभाल।।

ॐ ह्रीं उत्तम संयम धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

द्वादश विधि तप आचरे अन्तर बाहिर जान। खेद नहीं मन में करे पूज मिले शिव थान।
ॐ ह्रीं उत्तम तप धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

परद्रव्यन से भिन्न है राग द्वेष नहीं होय। त्याग धर्म निश्चय कहे आचारज पद सोय।।
ॐ ह्रीं उत्तम त्याग धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

अन्तर बाहर भेद से संग कहें हैं दोय। त्यागा उन मुनिराज न धर्म अकिंचन होय।।
ॐ ह्रीं उत्तम अकिंचन धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

निजपर की तिय त्यागकर व्रतधारा असिधार। पूर्ण ब्रह्मचारी भये नमन करूं त्रय बार।।
ॐ ह्रीं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म प्रतिपालक श्री आचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

(अथ 12 तप अर्घ)

भुजंग प्रयास

एक दिन चार दिन अष्ट पक्ष मास लो। मास दोय मास छह त्याग अन्न जल भलो।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं अनशन तप प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

भूख से अर्द्ध ले भाग चवथा गहै। ग्रास दोय ग्रास एक वृत्त एसो लहे।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं उनोदर तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

गोचरी जाय जब वृत्त संख्या करे। लाभ नहीं लाभ मैं तोष रोष ना धरे।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं वृत्तपरिसंख्यान तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

लेय छह रस विषे एक दो ही भले। नीरसी खाय कभी रसन वश ना चले।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं रस परित्याग तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

विविक्त आसन धरे गहत नहीं मान को। जीव दुष्ट आयकर खण्ड नहीं ध्यान को।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं विविक्त शय्यासन तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

त्याग तन मोह को ध्यान मे लीन हो। आय उपसर्ग तो भव सम कीन हो।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं कायोत्सर्ग तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

होत गमत इत उते, प्रमाद जीव संघरे। दोष होय गुरु निकट प्रायश्चित्त को धरे।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं प्राश्यिचत तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

ज्येष्ठ की विनय कर वृत्त को आदरे। विनय से सकल गुण आप आपो वरे।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं विनय तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सेव गुण धार अरु गुरुजनों की ठानिए। देवश्रुत सेव कर मोक्ष मग आनिए।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं वैयावृत तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

रात दिवस पाठ स्वाध्याय में लीन हो। प्रश्न गुरु ठान बहु चिन्तवना कीन हो।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं स्वाध्याय तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

आय उपसर्ग को हर्ष से सहत है। त्याग मन मोह निजआत्म को भजत हैं।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं व्युत्कर्ग तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

ध्यान जब धारते हो अडोल जाप में। चिन्तवे असार सब लीन हो आप में।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं ध्यानतप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

कथित तप द्वादशं धारते वीर ही। पाय नहीं मोहि जीव होत है अधीर ही।।
सूरि महाराज को ध्याय शुभ भाव सो। नीर गन्ध अक्षतादि पूजते चाव सो।।
ॐ ह्रीं द्वादश तप धारकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

षढावश्यक अर्घ्य (सखी)

सब जीव विषे सम भावा, दुर्ध्यानन मन में लावा।
करते सामायिक सुखदाई, अर्च्यु सूरि पद हर्षाई।।
ॐ ह्रीं सामायिकावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चतुबीस जिनेश्वर जो हैं, अरुपंच परम गुरु सो है।।
तिन करहुं स्तुति गुणगाई अति निर्मल भाव लगाई।।
ॐ ह्रीं स्तवनावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

बन्दन देव करे जिन थाना, सबदोष रहित गुण नाना।
नाशे पाप महा दुख दाई, सब अर्घ यजोरे भाई।।
ॐ ह्रीं बंदनावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

मनवचकाय लगे जो दोषा, अहोरात रहे मन सदोषा।
ता आलोचन उर लाई, वह होवे प्रतिक्रम भाई।।
ॐ ह्रीं बंदनावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

मनवच कायसु वस्तु त्यागे, नाही रोष करे बड़ भागे।
उस प्रत्याख्यान बताई, सूरि नित्य करे सुखदाई।
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

छोड़ा मोहप्रबल तन सोई, आतमध्यान धरे निज जोई।
कायोत्सर्ग कहे भगवाना सूरि राज करे गुणवाना।।
ॐ ह्रीं कायोत्सर्गावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

दोहा

ये षट् आवश्यक करे सूरि पद को धार। पूरण अर्घ्य चढ़ाय कर होवे भवदधिपार।।
ॐ ह्रीं कार्योत्सर्गावश्यक प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पंचाचार 5 अर्घ्यं (सुन्दरी)

तत्व जीव अजीव सु जानते, ध्याय निज में निज पहचानते।
होय ज्ञानाचार सु जानिए, पूज आचारज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं ज्ञानाचार प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कहत तत्व जिनेश्वर भाव से, धरत श्रद्धा सूरि स्वभाव से।
होय दर्शन चार सु जानिए, पूज आचारज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं दर्शनाचार प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

त्याग सर्व सुसंग विराजते, पाल समिति गुप्ति सुराजते।
कहत चारित चार सु जानिए, पूज आचारज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं चारित्राचार प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

कर्मनाशक शक्ति बढ़ावते, धरत संयम तप अति चाव से।
कहत वीर्याचारसु जानिए, पूज आचारज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं वीर्याचार प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

तप तपे विधि द्वादश जानिए कर्महनि फिर शिवपुर ठानिए।
होय तप आचार सुजानिए, पूज आचारज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं तपाचार प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

(अडिल्ल)

ज्ञान दर्श चारित्र वीर्य तप आचरे, ये ही पंचाचार कहे सुख कार रे।
पाले इनको सूरि महा गुणवान जी, पूजे मन वच काय हर्ष उर आनजी।।
होय ज्ञानाचार सु जानिए, पूज आचाराज पद मानिए।।
ॐ ह्रीं पंचाचार चारित्र प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गुप्ति अर्घं (राधेश्याम्)

मन अति चंचल बस कर जग को इधर उधर दौड़ाता है।
याते आतम ध्यान न पावे मोक्ष मार्ग नहीं पाता है।।
धन्य धन्य गुरु आप जगत में मन को बस में कीना है।
ध्यान धरत हो निज आतम का मोक्ष पन्थ को लीना है।।
ॐ ह्रीं श्री मनोगुप्ति प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

वचन बोलते हित मित मीठे कभी नहीं परमाद वहै।
ऐसी भाषा कबहु न भाषे याते प्राणी पाप गहै।।
धन्य धन्य गुरु आप जगत में मन को बस में कीना है।
ध्यान धरत हो निज आतम का मोक्ष पन्थ को लीना है।।
ॐ ह्रीं श्री वचनगुप्ति प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

निज काया को वश में ठाने अरु चंचलता टारी है।
रहित प्रमादी राखे थिरता दुरित जाल नहीं धारी है।।
धन्य धन्य गुरु आप जगत में मन को बस में कीना है।
ध्यान धरत हो निज आतम का मोक्ष पन्थ को लीना है।।

ॐ ह्रीं श्री कायगुप्ति प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

दोहा

परम पूज्य आचार्य को, पालो गुण छत्तीस।
वसु विधि अर्घ्य चढ़ाकर, सदा नमाऊं शीस।।

ॐ ह्रीं श्री षटत्रिंशद् गुण प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

ॐ ह्रीं श्री आचार्य परमेष्ठि देवेभ्यो नमः स्वाहा।

(यहाँ 9 बार जाप्य करें।)

जयमाला –दोहा

छत्तीसों तुम गुण सहित, सूरी पद मुनिराज। गावें तब गुणमालिका, होय सफल मम काज।।

पद्धडी

आचार्य परम गुरु धन्य आप, हम आगावें तुम यश प्रताप।
जय परमशांत गुणगण समेत, हम ध्यावें नित प्रति सुगति हेत।।1।।

यह वर्तमान जो कलि काल, कहते पंचम दुखमा जु काल।
फिर पावे इसमे जीव ताप, जहां घोर महा मिथ्या कलाप।।2।।
हर थान वामि पन्थि अपार, आरोप किया जिन धर्म सार।
फैलाया था मिथ्यात्व अन्ध, सब जीव हुए सम्यक्त्व मन्द।।3।।
उस वक्त प्रभु जिन धर्म हेतु, तुम प्रगट हुए थे धर्म सेतु।
हो नष्ट किया पाखण्ड मार्ग, बतलाया था तुम मोक्ष मार्ग।।4।।
अरु की प्रभावना आप सार, कर खण्ड खण्ड मिथ्याप्रचार।
बतलाया सम तुम तुर्यकाल, जय सूरि हो तुम सुगुणपाल।।5।।
जय भूत भविष्यत वर्तमान, आचार्य हुए जो सुगुणवान।
उन स्याद्वाद वाणी अपार, जय हित मित प्रिय हो सुखदसार।।6।।
दश धर्मादिक सेवत महन्त, अरु द्वादश विधि तुम तप तपन्त।
षट आवश्यक मनमें उतार, अरु गहते पंचाचार सार।।7।।
जय गुप्तित्रय वश में सु आन, इह विधि षटत्रिंशद गुण महान्।
इन पाले श्रद्धा धार आप, कहलाते सूरि धर प्रताप।।8।।
हो परम तपस्वी गुण निधान, जय मोह सुभट को नष्ट ठान।
तुम शिक्षा दीक्षा दो अनूप, चारित्र बताया है स्वरूप।।9।।
हो नग्न दिगम्बर तीर्थ रूप, भविजीव निकारे नीच कूप।
सब भारत वर्ष बिहार कीन, उपदेश दिया तुम समीचीन।।10।।
हो करुणा सागर गुण अगार, अनुप्रेक्षा चिन्ते बार बार।
बावीस परिषह हर्ष ठान, तुम सहते गुरुवर सुगुणवान।।11।।
तब कथिर शास्त्र मंगल स्वरूप, जो बांचे सरधे हित अनूप।
विपरीत करे जो ज्ञान गर्व पावे नरकों का कष्ट सर्व।।12।।
तब नाम लेत कल्पमष नशाय, अरुपावे सुख शिवनगरी जाय।

सूरजमल तब चरणों में जाय, कर नमस्कार भव दुख नशाय।।13।।

घत्ता

जय सूरि महन्ता गुणगण सन्ता ध्यान धरन्ता ज्ञानी हो।
जय भव भय भंजन आतम रंजन दुरित विभंजन ध्यानी हो।।

ॐ ह्रीं षट्-त्रिंशद् मूलगुण प्रतिपालकाचार्य परमेष्ठिदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

दोहा

ध्यान धरे आचार्य का, जो प्राणी सुखदाय। करे कर्म की निर्जरा, अनुक्रम से शिव पाय।।

(इत्याशीर्वाद)

श्री उपाध्याय परमेष्ठि पूजा (गीता)

पूज्य हो परमेष्ठि चौथे ध्याय पाठक राज जी। पालते गुण पंचविंशति हो मुनि सिरताजजी।
आव्हान हो गुरु आपका उर थापना हम कर रहे।सब हमारे दुरित मेटो ध्यान तब मन धर रहे।

ॐ ह्रीं पंचविंशति गुणोपेतोपाध्याय परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं पंचविंशति गुणोपेतोपाध्याय परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं पंचविंशति गुणोपेतोपाध्याय परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकं (त्रिभंगी)

गंगा नदी का जल अति उत्तम झार लेकर मैं भरलाय।
धार देऊं मैं श्री गुरुवर पद जन्म जरामृति दूर भगाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

गोशीर सुगन्धित ले कर्पुरो, केसर संगमें घिसु मनलाय।
संसृति ताप मिटावन कारण चरण चढाउं बहु हर्षाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्योः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

चन्द्रकिरण सम उज्ज्वल अक्षत खंड विवर्जित धोकर लाय।
पुंज करे हम पद पंकज में अक्षय निधि पावे सुखदाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्योः अक्षय पद प्राप्तये अक्षतानद्य निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

जुई चमेली वकुल केवड़ा, मरुवा दोना फूल मंगाय।
चरण चढ़ावे मन हर्षा कर कामबाण मम तुरत नशाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यः काम वाणं विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।।4।।

पकवान बनाया थाल भराया, रसना इन्द्रिय को सुखदाय।
क्षुधा रोग तत्काल हनन को पद पंकज में छोड़ू आय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।
ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यः क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जगमग जगमग होत उजालो, कनकथाल में दीपक जोय।
मोह तिमिर नाशे दुखदाई, आतम ज्ञान जगावो मोय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।
ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।।6।।

अगर तगर चन्दन का चूरा, और अनेकों द्रव्य मंगाय।
धूप बनाकर खेय अग्नि में अष्ट कम नाशे दुखदाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।
ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सेव नारंगी आम्र विजोरा श्रीफल आदिक थाल भराय।
महा मोक्ष फल पाउं याते पूजू पद पंकज में जाय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जल चंदन अक्षत पुष्पादिक व्यंजन नाना भांति बनाय।
दीपधूप फल थाल संजोकर अर्घ चढ़ाऊं मनवच काय।।
श्री सुपाठक परम् मुनीश्वर ध्यावे मन वच काय लगाय।
ज्ञान भरो मम उर के मांही याते मैं पूजूं तुम पाय।।

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूल गुण प्रतिपालकोपाध्याय देवेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक अर्घ्य (पद्धडी)

जय पहलो आचारंग जान, मुनि पावे व्रत जिसका प्रमाण।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित यत्याचार सूचक अष्टादश सहस्र 18000 पद प्रमाणमाचारागस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

जय धर्म रूप किरिया विशाल जावर्णी सूत्र कृतांगहाल।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित ज्ञरन विनय छेदोपस्थापना क्रिया प्रतिपाद षट्-त्रिंशत सहस्र 36000 पद प्रमाण सूत्रकृतांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

जय जीव थान जिसमें बताय जय स्थानाअंगसु बुद्धिगाय।
इस अंग तनो जिस होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित षड्द्रव्यकाद्युत्तरस्थान व्याख्यान कारक द्वाचत्वारिंशत सहस्र 42000 पद प्रमाण स्थानांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

षड् द्रव्य त्रिलोकों का स्वरूप, है समवायांग सुकथ अनूप।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित धर्माधर्म लोकाकाशैक जीवसप्त नरक मध्य विल जम्बू द्वीप सवार्थसिद्धि विमान नन्दीश्वर द्वीप वापिका तुल्यैक लक्ष्य योजन प्रमाण निरूपकं भव भाव कथकं चतुषष्टी सहस्राधिक लक्ष 1640000 पद प्रमाण समवायांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

जय अस्ति नास्ति का जान भंग, होवे व्याख्या प्रज्ञप्ति अंग।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित जीव किमस्ति नास्तिवा इत्यादि गणधर कृत प्रश्न षष्ठीसहस्र प्रतिपादक अष्टाविंशति सहस्राधिक द्विलक्ष 228000 पद प्रमाण व्याख्या प्रज्ञप्ति अंगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जय तीर्थंकर गणधर चरित्र जो ज्ञातृ कथा वर्णे पवित्र।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित तीर्थंकर गणधर कथा कथिका षटपंचाशत सहस्राधि क पंचलक्ष 556000 पद प्रमाण ज्ञातृ कथा अंगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

जय उपासकाध्ययना अंगहोय जो श्रावक धर्मसु कहतसोय।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित श्रावकाचार प्रकाशकं सप्तति सहस्राधिकैकादशलक्ष 1170000 पद प्रमाण उपासकाध्ययन अगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

जय तीर्थंकर चौबीस जान हर तीर्थंकर के तीर्थ आन।
जय दशदश होवे मुनि सुजान, उपसर्ग सहनकर शिव प्रयाण।।
तिन कथा निरूपण है प्रसार, जय अन्तः कृत दश अंगसार।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित तीर्थंकराणां प्रतितीर्थं दशदश मुनयो भवन्ति ते उपसर्गान् सोढ्वा मोक्षयान्ति तत्कथा निरुपकमष्टाविंशति सहस्राधि त्रयोविंशति लक्ष 2328000 पद प्रमाणमन्तःकृत दशांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

चतुविंशति तीर्थंकर महान् हर तीर्थंकर के समय आन।
दश दश मुनि हो उपसर्गवान पंचानुत्तर पद ले महान्।।
तिन कथा निरूपण जन लुभाय आनुत्तर उपपादिक लहाय।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित तीर्थंकराणां प्रतितीर्थ दश दश मुनयो भवन्ति ते उपसर्गान् सोढ्वा पंचानुत्तर पद पाप्नुवन्ति तत्कथानिरूपकं चतुर चत्वारिंशत सहस्राधिक द्विनवति लक्ष 9244000 पद प्रमाणमनुत्तरोप पादिकसस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जय नाना प्रश्नोत्तर प्रदाय शुभ प्रश्न अंग व्याकरण गाय।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित नष्ट मुष्टयादि क प्रश्नानामुत्तर प्रदायक षोडश सहस्राधिक त्रिनर्वात लक्ष 9316000 पद प्रमाणं प्रश्नव्याकरणांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

जय उद उदीरण कर्मजान है सूत्र विपाकसु उदय जान।
इस अंग तनो जिय होय ज्ञान, सोपाठक होवे सुगुणवान।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित कमेणामुदयोदरीण सत्ता कथक चतुरशीति लक्षाधिक कोटी 1840000 पद प्रमाणं विपाक सूत्रांगस्य ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

हरि गीता

अंग एकादश विषेये, चार कोटि सुजानिए। अरु लक्ष पन्द्रह सहस दोहे पद महा यह मानिए।।
पूजि हो हम भक्तियुत हो द्रव्य वसुविधि थालभर। सब दुरित हरि है नाथ मेरे में यजू हर्ष धर।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित द्वि सहस्राधिक पंचदश लक्ष चतुष्कोटी 41502000 पद प्रमाणमेकादशांगानां ज्ञाता उपाध्याय परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

14 पूर्वाणां अर्घ्य (अडिल्ल)

शास्त्र महा उत्पाद पूर्व जिन वाण है। जन्म नाश ध्रुव वस्तु महा गुण गान है।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित वस्सुनामुत्पाद व्यय ध्रौव्यादि कोटि 10000000 पद प्रमाणमृत्पाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सप्त तत्व षट द्रव्य पदारथ जे कहै। पूरव है अग्राय नाय शुभ जेल है।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अंगनामग्रभूतार्थ निरूपकं षण्णवति लक्ष 9600000 पद प्रमाणग्रायणीय पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

तीर्थंकर चक्रीस हरि शुभ गाइयो। नाम वीर्य अनुवाद चरित्र बताइयो।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित बलदेव चक्रवर्ति शक्र तीर्थंकरादि बलवरणकं सप्तति लक्ष 7000000 पद प्रमाण वीर्यानुवायद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

सर्व वस्तु में सप्त भंग शुभ कहत है। अस्तिनास्ति परवाद नामवसु लहत है।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित जीवादि वस्त्वास्ति नास्ति चेतिप्रकथकं षष्ठि लक्ष 6000000 पद प्रमाणमस्ति नास्ति प्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

अष्ट ज्ञान उत्पत्ति सुकारण जानिये। स्वामी ज्ञान प्रवाद सु पूरब मानिए।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अष्ट ज्ञान तदुत्पत्ति कारण तदाधार पुरुष प्ररूपकमेंकोन कोटि 9999999 पद प्रमाण, ज्ञान प्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

वर्ण थान दो अक्ष आदि संस्कार है। सत्य प्रवादा पूर्व कहै जग सार है।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ *ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित वर्ण स्थान तदाधार द्विद्रिन्यादि वचन गुप्ति संस्कार प्ररूपकं षडधिक कोटि 10000006 पद प्रमाणं सत्य प्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।*

गमना गमन सुलक्षण जीवो का सही। पूरब आत्म प्रवाद नाम शुभ है यही।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित ज्ञानाद्यात्मक कर्तृत्वादियुतात्म स्वरूप निरूपकं षडविंशति कोटि 260000000 पद प्रमाण आत्म प्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

बन्ध उदय कर्मों की सत्ता जानिए। कर्म प्रवादा पूरब कहत सु मानिए।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित कर्म बन्धोदायेपशमोदीरणा निर्जरा कथकमशीति लक्षाधिक कोटि 18000000 पद प्रमाण कर्मप्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

प्रत्याख्यानरु द्रव्य तथा पर्यय कहै। प्रत्याख्यानी पूर्व नाम याका लहै।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित द्रव्यपर्यायरूप प्रत्याख्यान निश्चलन कथकं चतुरशीतिलक्ष 8400000 पद प्रमाण कर्मप्रवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

पंच महाशत विद्याशत सत लघु सही। हैनिमित्त अष्टांग सुजिनवर विधि कही।।
विद्या साधन फल भी जिनके वर्णये। है विद्या अनुवाद पूर्व संज्ञा लये।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित पंचाशत महा विद्या सप्तःशत क्षुद्र विद्या अष्टांग महानिमित्तानि प्ररूपयनदशलक्षाधिक कोटि 11000000 पद प्रमाण विद्यानुवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

तीर्थंकर बल भद्र आदि जो हो गये। पुण्य कहै कल्याण वाद पूरब ठये।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित तीर्थंकर चक्रवर्ति बलभद्र वासु देवेन्द्रादिनां पुण्य भव्यावर्णकं षट् विंशति कोटि 260000000 पद प्रमाण कल्याणवाद पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

मन्त्र तन्त्र अरु ज्योतिष विद्या है सही। भूतप्रेत की नाशक विधि विस्तर कही।।
अष्ट अंग के निमित्त कहे जिस सारजी। प्राणावायं पूरब नाम प्रचार जी।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अष्टांग वैद्यविद्या गारुढ़ी विद्या मन्त्र तन्त्रादि निरूपकं त्रयोदश कोटि 130000000 पद प्रमाणं प्राणावायं पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

गीत नृत्य है छन्द सु विधि जिसमें सही। सकल शास्त्र नयकला महा उसमें कही।।
अलंकार का वर्णन जहां विशाल है। जानो परब किरिया नाम कमाल है।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित छन्दोंलकार व्याकरण कला निरूपकं नव कोटि 90000000 पद प्रमाण क्रिया विशाल पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

लोकतीन सुख दुःख को वर्णन जानिए। मोक्ष हेतु है लोक विधि यह मानिए।।
उपाध्याय परमेष्ठि गुरु यह गावते। लेकर वसु विधि द्रव्य सु पूज रचावते।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित निर्वाणपदसुख हेतु भूतं सार्द्ध द्वादश कोटि 125000000 पद प्रमाण लोकबिन्दुसार पूर्वस्य ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

दोहा

ग्यारह अंग विशाल है चौदह पूरब जान। इनके ज्ञानी है सही पाठक गुरु महान।।
ॐ *ह्रीं श्री एकादशांगचर्तुदश पूर्वाणां ज्ञाता उपाध्याय देवेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।*

ॐ ह्रीं श्री उपाध्याय परमेष्ठि देवेभ्यो नमः स्वाहा। (यह मन्त्र 9 जाप करें)

जयमाला –दोहा

पाठक परमेष्ठि महा, भव भव में सुखदाय। तिनके गुण की मालिका भवि जन कंठ धराय।।

पद्धडी

जय पाठक हो परमेष्ठि आप, हम ध्यावें भक्ति मिटत ताप।
जय नगन दिगम्बर आप राय, गुण-गावे मुनिवर मुक्ति पाय।।1।।
जय ध्यानधरा हो आत्म सार, जिससे मिटता भव दुख अपार।
जय मिथ्या तम नाशक दिनेश, सिर नावें सुरपति नर खगेश।।2।।
जय आर्तरौद्र का कर निकार, धर धर्म शुक्ल आतम विचार।

जय मोह सुभट को नाश कौन, जय कुसुम बाण को हरप्रवीण॥3॥
जय आतापन तुम योग धार, दश धर्मादिक सेवत उदार।
जय रत्नत्रय धर धर्म आप, जय विषय भोग नाशक सुचाप॥4॥
जय विद्वतरत्न कहत आप, जय चर्चा करते सुख अलाप।
जय पढ़े पढ़ावे शिष्य जान, याते पाठक तुम नाम मान॥5॥
जय शिक्षा अद्भुत जगत मान, जय शिष्यों का नाशे कुज्ञान।
जय गुरुवर हो तुम निर्विकार, जय काम कषायों को विडार॥6॥
जय अंगसु एकादश प्रमाण, अरु चवदह पूरब है सुमान।
इन ज्ञान भयो है आप नाथ, कर जोड़े नावे नित्य माथ॥7॥
तब पाठक सब जग कहत नाम, सब जीव रटत है सरत काम।
जय सौम्य मूर्ति है परम शांत, गुण पच्चीस धारें हो प्रशांत॥8॥
जय पाठक हो शिव तिय रमन्त, जय ध्याता ध्यानी कहत सन्त।
अध्यात्म रसिक हो सुगुण खान, जय ज्ञानामृत का करत पान॥9॥
तब गावे गुरुवर गुण अपार, याते मिलती है मुक्ति नार।
सूरजमल करता नमस्कार, संसार जलधि से वेगि तार॥10॥

धत्ता

जय पाठक ध्याऊं पूज रचाउं तिन गुण गाउं हर्ष धरूं।
भव ताप निवारी विपत विडारी बहु गुण धारी नमन करूं॥

ॐ ह्रीं श्री पंचविंशति मूलगुणोपेत श्री उपाध्याय देवोभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

पाठक पूजो भाव से हर्ष महा उर धार। सुख सम्पत्ति बाढ़े सदा पुनि पावे शिव नार॥

(इत्याशीर्वाद)

साधु परमेष्ठि पूजन (सुन्दरी)

रहत मग्न सुध्यान सुभावते, परम तब कर हर्ष बढ़ावते।
होय साधु महाव्रत धारते नमनकर हम पूज रचावते।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकम् (गीता)

जल सुप्रासक सुरसरीका स्वर्ण झारी लाइया।
दे धार चरणों में सु आकर, जन्म मृत्यु नशाइया।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण प्रतिपालक साधु परमेष्ठिभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

केशर कपूर सुगन्ध चन्दन घिस कटोरी में लिया।
चर्चु युगलपद हर्ष धरकर ताप भव का नशदिया।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण प्रतिपालक साधु परमेष्ठिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

चन्द्र सम उज्वल अखंडित तंदुलों को लीजिए।
अक्षय निधि के प्राप्ति हेतु पुंज गुरु ढिग कीजिए।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

चंपा चमेली कुन्द मरुवा मोगरा बहु फूल ले।
कुसुम इषु के नाश हेतु, चरण छोड़ू हुं भले।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं श्री अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यः काम बाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

पूरी पकोड़ी खीर गूंजा और मोती चूर ले।
भेंट कर सम्यक गुरु के सुख तभी भरपूर ले।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

शुद्ध घृत करपूर आदिक रत्न का दीपक करूं।
आरती कर साधुवरकी मोह राजा को हरूं।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो: मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

लेकर सुगन्धित द्रव्य बहुविध धूप मनहर कर लिया।
खेय वेश्वानर के माहीं कर्म आठौ हर लिया।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

बादाम श्रीफल आम केला दाडिमादिक फल भले।
थालभर छोड़े चरण में भ्रमण भव का सब टले।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

नीर चन्दन धवल अक्षत पुष्प मनहर लाइया।
पकवान दीपक धूपफल सब अर्घ्य चर्ण चढ़ाइया।।
साधु हो तुम साधना में साधते निज आत्मा।
हम पूजते पद युगल नित प्रति पद लहूं परमात्मा।।
ॐ ह्रीं अष्टाविंशति मूलगुण धारक साधु परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

अथ प्रत्येक पूजा (छन्द कामिनी)

जीव त्रस थावारा आप सम जानते। देय दुक्ख ना कभी योग त्रय हानते।।
होय महाव्रत यह साधु बड़े भाग के। पाय मोक्षनार संग राग को त्याग के।।
ॐ ह्रीं श्री अहिंसा महाव्रत मूल गुणधारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।
नष्ट हो शरीर ना असत्य कभी भासते। हो भला जीव जिन वाणी को प्रकाशते।।

होय महाव्रत यह साधु बड़े भाग के। पाय मोक्षनार संग राग को त्याग के।।

ॐ ह्रीं श्री सत्य महाव्रत धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

दे बिना न ले कभी न याचना को ठानते। हो विरक्त नगन तन आत्म गुण जानते।।

होय महाव्रत यह साधु बड़े भाग के। पाय मोक्षनार संग राग को त्याग के।।

ॐ ह्रीं श्री अचौर्य महाव्रत धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

नारि चार जाति जान साधु नित्य टारते। पाय शील रत्न शुभ काम का विडारते।।

होय महाव्रत यह साधु बड़े भाग के। पाय मोक्षनार संग राग को त्याग के।।

ॐ ह्रीं श्री ब्रह्मचर्य महाव्रत धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

त्याग संग दोयविध बाह्य अभ्यंतरा। छोड़ मोह जाल का लेय समता धरा।।

होय महाव्रत यह साधु बड़े भाग के। पाय मोक्षनार संग राग को त्याग के।।

ॐ ह्रीं श्री परिग्रह त्याग महाव्रत धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

पंच समिति (जोगीराशा)

हस्त चार लख पद को धारें उर अनुकंपा लावे।
त्रस थावर की रक्षा करते समता भाव बढ़ावे।।
ईर्या समिति पाले साधु मन वच काय त्रियोगा।
अष्ट द्रव्य से पूजो याते नष्ट होय भव रोगा।

ॐ ह्रीं श्री ईर्या समिति परिपालक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सब जीवों से हित मिल बोले खेद नहीं उपजावे।
दे उपदेश रु अघ को टाले शिवमारग दर्शावे।।
भाषा समिति पाले साधु मन वच काय त्रियोगा।
अष्ट द्रव्य से पूजो याते नष्ट होय भव रोगा।

ॐ ह्रीं श्री भाषा समिति धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

सोधे भोजन ठाड़े लेवे मौन सहित बिन सेना।
टाले अघ सबदोष असन मुनि मुख से कहत न बेना।।
एषणा समिति पाले साधु मन वच काय त्रियोगा।
अष्ट द्रव्य से पूजो याते नष्ट होय भव रोगा।

ॐ ह्रीं श्री एषणा समिति धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

वस्तु उठावे छोड़े भूपर पहले देखे भाई।
करे नहिं परमाद कभी भी अघ सारे टर जाई।।
समिति निपेक्षण जे पाले मन वच काय त्रियोग।
अष्ट द्रव्य से पूजो याते नष्ट होय भव रोगा।

ॐ ह्रीं श्री आदान निक्षेपण समिति धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

त्रस थावर की रक्षा करके मूत्ररु जल को त्यागे।
करे नहि हे वैर किसी से हंसा का अघ भागे।
समिति धरते प्रतिष्ठापन मन वच काय त्रियोगा।
अष्ट द्रव्य से पूजो याते नष्ट होय भव रोगा।

ॐ ह्रीं श्री प्रतिष्ठापन समिति धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

पंचेन्द्रि रोध (अर्घ) चौपाई

हल्का सु भारी ऊषण जान कोमल ठंडा करकस आन।
रूक्ष चिकन अष्ट बखान इन्द्रिय कर्म सुभेद प्रमाण।।
स्पर्शन इन्द्रिय है शैतान वीतरागि जन जीते महान।
पूजूं वसुविधि अर्घ्य सुआन भाव भक्ति उर में धरध्यान।।

ॐ ह्रीं श्री स्पर्श इन्द्रिय विजय प्राप्त साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

खट्टा मीठा कटुक कषाय चरपरा यह स्वाद कहाय।
जीते इनको मुनिगण राय पूजूं वसुविधि अर्घ्य चढ़ाय।।
ॐ ह्रीं श्री जिव्हा इन्द्रिय विजय प्राप्त साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

घ्राणेन्द्रिय है भेद सुदोय वश में इसके सब जग होय।
जीते इनको मुनिगण राय पूजूं वसु विधि अर्घ्य चढ़ाय।।
ॐ ह्रीं श्री घ्राणेन्द्रिय विजय प्राप्त साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

नयना इन्द्रिय पांच सुहाय, विषय कहै है गणधर राय।
जीते इनको मुनिगण राय पूजूं वसु विधि अर्घ्य चढ़ाय।।
ॐ ह्रीं श्री नयना इन्द्रिय विजय प्राप्त साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

कर्णेन्द्रिय के विषय जु सात कहत जिनेश्वर उर हर्षात।
जीते इनको मुनिगण राय पूजूं वसु विधि अर्घ्य चढ़ाय।।
ॐ ह्रीं श्री कर्णेन्द्रिय इन्द्रिय विजय प्राप्त साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

षडावश्यक 6 अर्घ (पद्धडी)

सब जीवों से समता कराय, नहि राग द्वेष मन में लहाय।
जे आर्तरौद्र द्वय ध्यान त्याग अरु समायिक करते सुभाग।।
ॐ ह्रीं श्री सामायिक मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

जे करे संस्तवन भक्ति धार, चतुवीस जिनेश्वर गुण विचार।
यह आवश्यक सु द्वितीय जान, हम पूजे वसु विधि द्रव्य आन।।
ॐ ह्रीं श्री स्तवन मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

जय वंदन करते बार बार, जिन देव तनी है सुखदसार।
यह वंदन आवश्यक महान, हम पूजें सुन्दर द्रव्य आन।।
ॐ ह्रीं श्री बंदना मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

जय रात दिवस जो दोष होय, जय ऊठत बैठत गमन होय।
उस अघ नाशन के हेतु आप, शुभ करे प्रतिक्रम और जाप।।
ॐ ह्रीं श्री प्रतिक्रमण मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

मुनि षटरस युत सब वस्तु त्याग, जय करे अपोषण तयजत राग।
वह होवे प्रत्याख्यान सार, हम पूजें मुनिवर बार-बार।।
ॐ ह्रीं श्री प्रत्याख्यान मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जिस आसन से मुनि ध्यान धार, वैराग्य चितारे जग असार।
उपसर्ग होय बहु विध प्रकार, नहि छोड़े आसन निज विचार।।
ॐ ह्रीं श्री कायोत्सर्ग मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

सप्त शेष गुण (गीता)

जब ऊँच नीच सुहोय भूमि खण्ड कंकर सहित हो।
शयन करते शुद्ध पृथ्वी, किन्तु प्राणी रहित हो।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।
ॐ ह्रीं श्री एकाशन शयन मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

नहि रंच आभूषण गहें तन तेल इत्र नसेवते।
रहत वैरागी वे सब में त्याग मंजन रेवते।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।
ॐ *ह्रीं श्री दन्त धावन त्याग मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।*

जय रहित वस्त्र सु नगनतन हो, ओढते न विछावते।
सहत शीत उष्णता को आत्म निज को ध्यावते।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।
ॐ ह्रीं श्री नगन तन मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।
निजहस्त सिर के मूंछ दाढ़ी केशलुंचन करत हैं।
नहि चहत है वे पर सहायक जीव रक्षा धरत है।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।
ॐ ह्रीं श्री केशलुंचन मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

इक बार दिन में करत भोजन शुद्ध आतमध्यावते।
रस रहित नीरस असन लेवें साधु कर्म नशावते।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।
ॐ *ह्रीं श्री एक बार भोजन मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।*

होकर खड़ेजे असन करते राग नहिं मन धरत हैं।
जे साधते शिवमग सदा ते कर्म रिपु को हरत है।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।

ॐ ह्रीं श्री ठाडे अहार मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

पवन चालै धूल आवे गातमे चिप जाय है।
हो मैली देह सारी फिर न्हवन नहि लाय है।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।

ॐ ह्रीं श्री स्नान त्याग मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

पंच व्रत अरु पंच समिति पंच इन्द्रिय वश करे।
षट करे आवश्यक निरन्तर सप्तगुण चित आदरे।।
ते साधु मेरे उरवसो सब पाप क्षण में नाश हो।
पूज वसु विध अर्घ्य लेकर ज्ञान दिव्य प्रकाश हो।।

ॐ ह्रीं श्री अष्टा विंशति मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जयमाला - दोहा

मंगल मय तब नाम से पाप सकल नशि जाय।
कहुँ श्रेष्ठ जय मालिका जो है शिव फलदाय।।

जय नगन दिगम्बर रूप धार, जो तीर्थंकर का रूप सार।
जय मुक्ति नगरी का पन्थ जान, सिर नावे सुरपति नृप महान।।1।।
जय परम गुरु हो सुखद आप, भवि जीव करे तब नित्य जाप।
जय मोह रिपु को चूर चूर, जय आतम रस गुण पूर पूर।।2।।

जय भोग भुजंगा विषय जान, अरु है वे ये सब नर्क खान।
सब अथिर लखां संसार आप, अरु होता जिसमें नित्य पाप।।3।।
सब छोड़ चले गुरुवर महान, कदली तरुवर संसार जान।
जय पंच महाव्रत धरत धीर, जय पंच समिति पालत सुवीर।।4।।
जय इन्द्रिय पांचों विजय कीन, षट आवश्यक उर धर सुलीन।
जय सप्त शेष गुण आप धार, ये गुण अट्ठाविस पाल सार।।5।।
जय शीत कान सरनदियां तीर, अरु चौहट बैठै ध्यान धीर।
जब चले हवा ठंडी दुखार, गुरु लगे वपु नहीं मन बिगार।।6।।
ग्रीषम में पर्वत आप जाय, वर्षा ऋतु में है तरु सुहाय।
द्वावीस परीषह सहत आप, नहीं कष्ट करे धर आत्म जाप।।7।।
तब शत्रु मित्र में एक भाव, मणि कंचन कांच सु सम स्वभाव।
जय पितृवन अरु महल देख, नहि पूज अपूजक द्वेष नेक।।8।।
जय काम विभंजन आप सूर, गुण गावे हम नहि होत पूर।
संसार भ्रमण से दो छुड़ाय, जय गुरुवर तुम हो जगत राय।।9।।
जय स्वपर कल्याण हो महान, संग त्याग दिया चतुवीस जान।
जय आर्तरौद्र द्रय ध्यान छोड़, जय धर्म शुक्ल में मनसु जोड़।।10।।
जय अन्तर बाहर तप तपन्त, जय द्वादश विधि ये कहत सन्त।
उपसर्ग अनेकों सहत आप, जय धार हृदय में क्षमा चाप।।11।।
जय साधु महागुण आप धार, तप करे बरे हो मुक्ति नार।
हम चरण शण में आय आय, सूरजमल वन्दे शीष नाय।।12।।

घत्ता

जय जय रिषि राजा भव भय भाजा शिव के काजा आपवरं।
हम गुण गावे शीष नवावे शिव फल पावे नष्टकरं।।

ॐ ह्रीं श्री अष्टविंशति मूल गुण धारक साधु देवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

दोहा

सर्व साधु परमेष्ठि नमि तारण मरण जहाज। मन वच तन से भजत हूं होय सफल मम काज।

इत्याशीर्वादः

जिनधर्म पूजा

परम पूज्य है धर्म अहिंसा जीवों को वह अति सुखदाय।
स्याद्वाद पद महा विभूषित रत्नत्रय का है समुदाय।।
संस्मृति का पथ भ्रमण मिटाकर अविनाशी ही पद सुखदाय।
इनको पूजे जो भवि प्राणी थापन कर उरमे उमगाय।।

ॐ ह्रीं श्री स्याद्वाद जिन धर्म अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री स्याद्वाद जिन धर्म अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री स्याद्वाद जिन धर्म अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टक् (सखी) (पाईता)

शीतल मिष्ट सुवासित चंगा, धारा देय महा जल गंगा।
जन्म मृत्यु जरा नश जाई। जिनवर धर्म यजो रे भाई।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

बावन चन्दन सुरभित लाया केशर संघ में घिसी हुलसाया।
भव्वाताप नशे दुख दायी, जिनवर धर्म यजो रे भाई।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अक्षत धोय महा हितकारी ताके पुंज करो अतिभारी।
अक्षयपाय निधि सुखदाई जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यः अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

कुसुमा नाना भांति सुचोखे, चंपा कुन्द गुलाब अनोखे।
काम बाण की होय विदाई, जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यः काम बाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

गूंजे फेणी अनरसे ताजे वावर बर्फी घेवर साजे।
डाकिन रोग क्षुध भगजाई जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ *ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यः क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।*

दीपक रतन अमोलक लाया घनसार सुघृत का जलाया।
ज्ञान ज्योति महा उर जगाई जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यो मोहान्धकार दहनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

लेउं धूप दशांगी नव्य, भासुर माहि खिपावो भव्य।
आठों कर्म तुरत जल जाई, जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

आम्र काम्र अनारस केला हेम थाल में कर बहु भेला।
पावे मोक्ष महा ठकुराई, जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

नीर आदिक द्रव्य सुन्दर करते अर्चन सतत पुरन्दर।
पावे पद अविनाशी सुखाई जिनवर धर्म यजो रे भाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेवकथित स्याद्वाद जिन धर्मेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

अथ प्रत्येक पूजा

कामिनी मोहन
क्रोध महानीच है स्वभाव भुलावते। धार प्राणि मात्र क्रोध दुक्ख का पावते।।
साधु जन जीत क्षमा भाव उर लावते। पाय वह मोक्ष सौख्य भ्रमण नहीं खावते।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तम क्षमा धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

अष्ट मद जीव से लगे अनादि काल से। पाय दुक्ख जीव महा गर्व की चाल से।।
साधुजन जीत उस गर्व को न ध्यावते। पाय वह मोक्ष सौख्य भ्रमण नहीं खावते।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तम मार्दव धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

कुटिलताधार तिर्यंच गति जावते। लाद भार बन्ध वध दुक्ख का पावते।।
साधुजन जीत मन सरलता लावते। पाय वह मोक्ष सौख्य भ्रमण नहीं खावते।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तम आर्जव धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

असत्य पाप खान है नीच प्राणि बोलते। धार झूठ राज वसु नर्क भव डोलते।।
धन्य धन्य साधुराज सत्य उपजावते। पाय वह मोक्ष सौख्य भ्रमण नहीं खावते।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम सत्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

लोभ महादुक्खदा अनन्त सब जीव को। होत नहि तोष कभी कष्ट ही सदीव को।।
धन्य धन्य साधु राज काटि लोभ नीव को। पाय वह मोक्ष सौख्य भ्रमण नहीं खावते।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम शौच धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

निःसंयमी जीव दुक्ख पावते लखाय है। धार वह मनुष्य भव व्यर्थ में लुटाय है।।
धन्य धन्य साधु रत्न संयमा को ध्याय है। पाय वह मोक्ष सौख्य गोत नहीं खाय है।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम संयम धर्मांगाय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

होय दो प्रकार तप बाह्य अभ्यन्तरा। करत ना अज्ञानी जीव यो ही भरा।।
उग्र तप तपत है महा योगीश्वरा। पाय वह मोक्ष सौख्य होय जिनवर वरा।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम तप धर्मांगाय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

त्याग नहीं करत जीव मोह राज चालते। धार राग द्वेष ही दुक्ख को पालते।।
धन्य धन्य सन्तराज त्याग खुश हालते। पाय वह मोक्ष सौख्य दुक्ख को टालते।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम त्याग धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

संग चतुबीस ही देव जिनवर कहा। धारते संग जीव दुक्ख अन्त ना लहा।।
धन्य धन्य नग्न हो सन्त त्यजते अहा। पाय वह मोक्ष सौख्य सन्त संग को दहा।।

ॐ ह्रीं श्री उत्तम आकिंचन धर्मांगाय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

देव पशु मनुष्य की नारी को सेवते। करत अब्रह्म जो नरक पद लेवते।।
धन्य साधु राज महा ब्रह्म उपसेवेते। पाय वह मोक्ष सौख्य हर्ष मन ठेवते।।
ॐ ह्रीं श्री उत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

चरित्र दर्श ज्ञान को धार विपरीत ही। सेय मिथ्यात्व का करत है अनीत ही।।
धन्य धन्य साधु रत्न तीन को साधही। पाय वह मोक्ष सौख्य होत है अवाध ही।।
ॐ ह्रीं श्री रत्नत्रय धर्मेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

125 मलदोष (जोगीरासा)

देव शास्त्र गुरु धर्म के ऊपर करता शंका भाई।
सम्यग्दर्शन दोष यही है भव बन में भरमाई।।
होय निशंकि जिन वचनों में सम्यग्दृष्टि होई।
पूजूं उत्तम द्रव्य सु लेकर मोक्ष महा पद सोई।।
ॐ ह्रीं शंकामल दोष रहित निशंकित गुणोपेतं सम्यग्दर्शनमार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कर्मणं परवश अन्तसहित है होय पाप का वीजा।
ऐसे सुख में करता श्रद्धा समकित मल्ल कहिजा।।
छोड़ अथिर सब सुख की आशा समकित शुद्ध कहाया।
पूजं मन वच काय त्रियोगा वसु विधद्रव्य चढ़ाया।।
ॐ ह्रीं कांक्षित मल दोष रहित निकांक्षित गुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

होय स्वभावी वषु अशुद्ध रत्नत्रय से शुद्ध।
ऐसे मुनि तन ग्लानि करता समकित होय अशुद्ध।।
होत नहीं है ग्लानि इससे समकित शुद्ध कहाई।
उत्तम द्रव्यसु अर्घ्य बनाकर पूंजूं मनवच काई।

ॐ ह्रीं अनिर्विचिकित्सा मलदोष रहितं निर्विचिकित्सा गुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

मिथ्यादर्शन पन्थि जनो की थुति करे हर्षाई।
ये ही दर्शन दोष करत हैं जो भव भव दुखदाई।।
खोटे मारग पन्थि जनो की नहीं प्रशंस उचरे हैं।
सम्यग्दर्शन पाले ज्ञानी, भवदधि से उतरे हैं।।

ॐ ह्रीं मूढ़दृष्टीमलदोष रहितं अमूढ़दृष्टि गुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

पावन सम्यक् रत्न सुमारग अज्ञानी जन हरते।
निन्दा होती धर्म तनी जब दर्शन मल स्वीकरते।।
रत्नत्रय का मारग ज्ञाता पर अवगुण का छिपावे।
करता सम्यग्दर्शन शुद्ध जिन मारग हि दिपावे।।

ॐ ह्रीं अनूपगुहन मलदोष रहित उपगूहन गुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

सम्यग्दर्शन चारित्रनग से गिरता है यदि कोई।
ज्ञानी होकर थिर नहीं करता समक्ति मलिन सहोई।।
धर्म बन्धु जन गिरते जन को फिर से थपित करते।
सम्यग्दर्शन शुद्ध उन्हीं का शिवरमणी को वरते।।

ॐ ह्रीं अस्थि तिकरण मल दोष रहितं स्थितिकरण गुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धर्मरु धार्मिक सज्जन ऊपर प्रीति नहीं जो करते।
सम्यग्दर्शन दोष उनका भवद्धि नाहीं तारते।।
करते धार्मिक बन्धुजनों में प्रीति महागुण धारी।
बत्सल अंग कहे उसको गण पूज महा दुखहारी।।

ॐ ह्रीं अवात्सल्य मलदोषरहित वात्सल्य गुणोपेतं सम्यग्दर्शन जिनधर्मेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

ज्ञानी होकर मिथ्यातम को दूर नहीं जो करते।
नहीं बढ़ावे जैन धर्म का समकित दोष सुहारते।।
जैसे तैसे प्रसरित तम को नश कर धर्म बढ़ावे।
सम्यग्दर्शन होता शुद्ध वसु विध द्रव्य चढ़ावे।।

ॐ ह्रीं अप्रभावनामलदोष रहित प्रभावनांग शुणोपेतं सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

अष्ट मद - दोहे

करत नहीं मद को कभी पिता भूप हो जाय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं पितृभूपमद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन धर्मेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

मनमें नामद लावते मामा नृप बन जाय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं मातुल मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

रूप नहीं थिर रहत है क्यों फिर मदमन ल्याय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं रूप मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

करत नहीं मद ज्ञान का नरकों में ले जाय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं ज्ञानापद मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

अथिर रूप इस संग का क्यों कर गर्व कराय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं धन मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

नाशवन्त तनु शक्ति है मद उरमे न वसाय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं शक्ति मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

तप का मद करत है व्यर्थ तपस्या जाय।
मदकरता दर्शन मलित कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं तप मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

प्रभूता मुझ में है बड़ी करता मद दुखदाय।
मदकरता दर्शन मलिन कहत जिनेश्वर राय।।

ॐ ह्रीं प्रभुता मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

गीता-पूर्णार्घ्यं

जनक भूप सु जजनी भ्राता नृप मेरे बलकार है।
रूप सुन्दर ज्ञान बहु विध धन मेरा हितकार है।।
शक्ति प्रभु में है बडी तप करत हूं सुखकार है।
प्रभुता अनुपम मुझमें इस विध करत मद दुखकार है।।

ॐ ह्रीं अष्ट मद मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्यो पूर्णाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

3 मूढ़ता-गीता

सरित न्हाये नमत पीपल ढ़ेर बालु पूजते।
पर्वतों से पात करते अग्निमाहीं हूजते।।
कहत जिनवर लोक मूढ़ा, दोष समकित दायजी।
संसार में बहु दिन रुलावे मोक्ष सुख नशायजी।।

ॐ ह्रीं लोक मूढ़ता मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो रागी द्वेषी देवता को पूजते हर्षायकर।
प्राप्त होगा वर मुझे यह आश मन में लायकर।।
कहत जिनवर लोक मूढ़ा, दोष समकित दायजी।
संसार में बहुदिन रुलावे मोक्ष सुख नशायजी।।

ॐ ह्रीं देव मूढ़ता मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो है सग्रन्थियुक्त हिंसा डूबते संसार में।
अरु डुबोवे बहु जनों को घूमते वेकार में।।
सत्कार करता इन जनों का मूढ़ पाखंड होय है।
ये हि समकित दोष ठाने कर्म मल न धोय हैं।।
ॐ ह्रीं पाखण्डी मूढ़ता मलदोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

6 अनायतन-गीता

देवता के हैं न लक्षण देवता जो बन रहे।
दोष अष्टादश जिन्हों में राग द्वेषी हों रहें।।
देब कु कहते इन्हों का देव गण धर राय हैं।
नमन करते प्राणी इनको दोष दर्शन लाय हैं।।
ॐ ह्रीं कुदेव अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्ष पंच न वश में जिसके जो सग्रन्थि है बना।
जटा धारें भस्म सारे बह गुरु भव में सना।।
होत ऐसे गुरु मिथ्या देव जिनवर भासिया।
नमन करते प्राणी इनको दोष दर्शन आंखिया।।
ॐ ह्रीं कुगुरु अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एकान्त से दोषि जो हैं वह मांस खाना है लिखा।
आदि अन्त न एक जिसका कपिल आदिक का भखा।
होत मिथ्या शास्त्र ऐसे देव जिनवर भासिया।
नमन करते प्राणी इनको दोष दर्शन आखिया।।
ॐ ह्रीं कुशास्त्र अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो है कुदेबा राग युक्त भार्या के साथ में।
हस्त में त्रिशूल राखे गंग निकल माथ में।।
है उपासक इनके प्राणी उन प्रशंसा धारते।
मलिन का सम्यक रतन को तुच्छ भव स्वीकारते।।
ॐ ह्रीं कुदेव उपासक अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्तर में धारें राग को बाहर में बम्बर ले घने।
धारले कुमेष मिथ्या जग में गुरु जो है वने।।
हे उपासक, इनके प्राणि उन प्रशंसा धारते।
मलिन का सम्यकरतन को तुच्छ भव स्वीकारते।।
ॐ ह्रीं कुगुरु उपासका अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वज्ञ का भाषित न होवे अल्प ज्ञानी का बना।
एकान्त मत को पोषता जो शास्त्र मिथ्या है घना।।
है उपासक, इनके प्राणि उन प्रशंसा धारते।
मलिन का सम्यकरतन को तुच्छ भव स्वीकारते।।
ॐ ह्रीं कुशास्त्रोपासका अनायतन मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन धर्मेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

7 भय दोहे

नष्ट न होवे इष्ट मम ना अनिष्ट मिल जाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।
ॐ ह्रीं इह लोक भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

स्वर्गगति या दुर्गति होगा चित भरमाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।
ॐ ह्रीं परलोक भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

मूर्छित होय शरीर में दुख ना मम होजाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।

ॐ ह्रीं वेदना भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

मम रक्षक कोई नहीं मन में शंका लाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।

ॐ ह्रीं आरक्षाभय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

मम वस्तु यह प्रिय अति चुरा नहीं ले जाय।
भय करता वह रात समकित मल उपजाय।।

ॐ ह्रीं अगुप्त भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

बाल वृद्ध युवक रहुं मरण नहीं हो जाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।

ॐ ह्रीं मरण भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

बज्रपात गिरकर कहीं मरण बीच नहीं पाय।
भय करता वह रात दिन समकित मल उपजाय।।

ॐ ह्रीं आकस्मिक भय मल दोष रहित सम्यग्दर्शन जिन मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

8 विनय के अंग-नाराच

अंग पूर्व शास्त्र अरु अन्य ग्रन्थ राय के। सूत्र अर्थ ज्यों लिखा वाणि में लायके।।
करत अभिमान नहीं विनय अन्य ध्यायके। पूजहुं द्रव्य वसु भक्ति उर लायके।।

ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित बहुमानाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

व्याकरण अनुसार शब्द शुद्ध उच्चारणे। करत न प्रमाद जीव अशुद्ध शब्द टारते।।
होत शब्द शास्त्र जिन वदन ते निकारते। पूजहूँ द्रव्य अष्ट भक्ति उर धारते।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित सम्यक शब्दाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

श्लोक के अर्थ को चित्त में उतारते। हो यथार्थ शुद्ध ही गलत न चितारते।।
होत अर्थचार जिन वदन ते निकारते। पूजहूँ द्रव्य अष्ट भक्ति उर धारते।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित अर्थाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

अर्थ अरु शब्द शुद्ध ध्यानमें लावते। करत न अशुद्ध पाठ अर्थ में लुभावते।।
होत उभयचार जिन कहत सु भावते। पूजहूँ द्रव्य अष्ट भक्ति ना छिपावते।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित उभयाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

करत स्वाध्याय न अकाल में जीव ही। बाँधते न पाप समय वांचते सदीव ही।।
होत कालचार जो कहत जिनदेव ही। पूजहूं द्रव्य अष्ट भक्ति जो सदैव ही।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित कालाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

हस्त पैर धोयकर करत स्वाध्याय जी। वस्त्र भी शुद्ध हो शुद्ध निज काय जी।।
कहत विनय चार शिव मार्ग का उपाय ही। पूजहूं द्रव्य अष्ट भक्ति जो सदैव ही।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित विनयाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

श्लोक के अर्थ का चित्त में उतारते। हो यथार्थ शुद्ध ही गलत न विचारते।।
करत स्वाध्याय जिन वाणि का आप जी। भूलते ना कभी पाप सर्व जाय जी।।
होत उपधना-चार कहत गणराज जी। पूजहूं द्रव्य अष्ट भक्ति उर ध्याय जी।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित उभयाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

प्राप्त कर ज्ञान गुरु राय को छिपावते। करत पाप दुष्ट जीव नर्क उपजावते।।
छुपात ना नाम गुरु ऊंच गति पावते। होत अनिन्हवाचार ही स्वभावते।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित अनिन्हवाचार विनयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

पूर्णार्घ्यं-गीता

शंकादि पंच विंशति है दोष समकित जानिए।
होत नहीं सम्यकत्व शुद्ध रहत इनके मानिए।।
छोड़कर इन दोष मल को शुद्ध समकित कीजिए।
नीरादि उत्तम द्रव्य लेकर शुद्ध समकित पूजिए।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथितसर्व मलदोष रहित शुद्ध सम्यक्त्व मार्गेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पांच ज्ञानों के अर्घ्यं - जोगीरासा

इन्द्रिय अरु मन से सदा ही जाने पुद्गल रूप।
होय वह मति ज्ञानसु उत्तम जिनवर कहत सरूप।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर कथित मति ज्ञानेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

वीरज अन्तराय सुश्रुत का होय क्षयोपशम भाई।
जान वह सब द्रव्य सुज्ञानी अक्षर अनक्षर गाई।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर कथित श्रुत ज्ञानेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

द्रव्य क्षेत्र अरु काल की सीमा लेकर रूपी द्रव्य।
जानत अवधि ज्ञान यही है श्रद्धो प्राणी भव्य।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित अवधि ज्ञानेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

मन में पर के रूपी द्रव्य होय वह जिस काल।
जाते मन पर्यय सुज्ञानी नमो सदा शुभ भाल।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित मन पर्यय ज्ञानेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

तीन लोक के द्रव्य सुपर्यय जाने युगपद ज्ञानी।
नाम सुकेवल ज्ञान उसी का होय नहीं अभिमानी।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री जिनवर कथित केवल ज्ञानेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

13 प्रकार चरित्र अर्घ

पंच महाव्रत पंच समीति गुप्तित्रय शुभ कारे।
होय त्रयोदश चरित्र ये ही मुनिगण इनको धारें।।
वसु विधि द्रव्य मनोहर लेकर कंचन थाल भराई।
पूजों मन वच काय सु वश कर ज्ञान होय सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री त्रयोदश चारित्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

नाराच

होय भव्य जीव जो भाय सोल भावना। भ्रमत नहीं अथिर भव तीर्थ पद पावना।
हे यही देव जिनराज की देशना। अर्घ ले पूजते पाप सब नाशना।।

ॐ ह्रीं श्री जिनवर देव कथित षोडस कारण भावना जिन धर्मेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ॐ ह्रीं श्री स्याद्वाद अहिंसा परमो धर्मेभ्यो नमः स्वाहा।।

(यहां 9 बार पष्पों से जाप्य करें।)

जयमाला - दोहा

जैन धर्म प्रसाद से दुष्ट जीव तर जाय। गाऊं महिमा धर्म की सुगत पंथ लगाय।।

पद्धडी

जय धर्म अहिंसा सार जान, है सब धर्मों में अति महान।
निस कारण बन्धु सु धर्म एक, भविध्यावे दुरित न रहे नेक।।
जो जीव फिरे संसार माहि, उनको तारक है अन्य नाहि।
जय स्याद्वाद इक धर्म सार, जो ध्यावे मुक्ति तुरत धार।
जय रत्न त्रय दश धर्म रूप, जय अनेकान्त महिमा अनूप।
सब भेद अहिंसा धर्म जान, अरहन्त देव की खिरतवान।
जय रामचन्द्र हनुमान वीर, धर धर्म हुए वे मुक्ति वीर।
जय पंच शतक मुनि धानिपेल, नहीं डिगे आप प्रिय धर्म सेल।
जय गंगा में पुनि दिये डाल, चित्तधार धर्म रह गुण विशाल।
जय तीर्थंकर चक्री महेश, वृषधार गये मुक्ति हमेश।
आचार्य मुनि शुचि धर्म धार, हो गये भवी दधि आप पार।
सति मैना सुनदर एक नार, पति कुष्ट नशाया धर्म धार।

जय अंजन सीता जानि नारि, जय पावन धर्म हिय विचरि।
इस विधि अनकों भाविक राज, वृषधर लहै है मुक्ति राज।
जिन धर्म तनी महिमा महान्, सूरज से प्रभु नहीं होत गान।
निष्करण बन्धुसु धर्म एक, भवि ध्यावे दुरित न रहे नेक।

घत्ता

जय जय जिन धर्म है अति परमं नाश्क कर्मं ध्यावत है।
हम महिमागावें सुख उपजावे मुक्ति रमा को पावत है।।
ॐ ह्रीं श्री स्याद्वाद जिन धर्मेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

अडिल्ल

दश लक्षण अरु रत्नत्रय सुखदाय जी। भविजन पूजत धर्म अहिंसा पाय जी।।
सुख संपत बढ़ जाय, दुरित नश जाय जी। शिखरमणी भर्तार बने भवि राय जी।।

इत्याशीर्वादः

जिनवाणी पूजन

श्रीअरहन्त परमगुरु सुख से आई हो सब भरम मिटाय।
सत्यारथ पथ को दर्शाकर सम्यग्ज्ञान की ज्योति जगाय।।
वह जिनवाणी आ उर मेरे वास करो मम कर्म खपाय।
आठों विधि से पूजूं माता मन वच तन इक भाव लगाय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवी अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकं - सोलहकारण पूजन चाल

संयम धर मुनिमन सम लेय, झारी भरकर आप चढ़ेया। पूजूं आय जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय
जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

मलयागिरि शुभ चंदन लाय, अरु केशर संगमे घिसवाय। पूजूं आय,
जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यः संसारताप विनाशनाय
चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अक्षत धवल धोयकर लाय, माता सनमुख पुंज कराय। पूजूं आय,
जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यः अक्षय पद प्राप्तये
अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

पुष्प मनोहर चुन भरि थार, जाति मरुआ अरु कचनार। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यः काम बाण विनाशनाय
पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

लाडू, पेड़, पूरी आन, भरकर थाल धरूं पकवान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यः क्षुधा रोग विनाशनाय
नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जगमग जगमग होत उद्योत, घृत दीपक की सुन्दर ज्योत। पूजूं आय,
जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय
दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप दशंगी खेई जोर, भासुर कर्म उडै डक झौर। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय
धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

केला कमरख अरु बादाम, श्रीफल पिस्ता खारिक आम। पूजूं आय,
जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यो मोक्षफल प्राप्तये
फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

ले जलादि सब अर्घ बनाय, स्वर्ण थाल भर तुम्हें चढ़ाय। पूजूं आय,
जय जिनवाणी पूजूं आय।।
जिनवाणी मम माता आप, पूजै मिटे महा सन्तान। पूजूं आय, जय जिनवाणी पूजूं आय।।
ॐ ह्रीं श्री जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग श्रुत देवीभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तेय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

अथ प्रत्येक अर्घ अंगबाह्य चतुर्दश प्रकीर्णक

दोहा

सामायिक के काल सब मुनिगण के बतलाय। शास्त्र महा जो है सही सामायिक कहलाय।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित सामायिक विस्तार कथकं शास्त्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

चौबीसों जिनराज की, थुति होवे जिस माहीं। नाम शास्त्र है संस्तवन,
जिनवर मुख निकसाही।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित वृषभादि नाम चतुर त्रिंशदतिशय प्रातिहार्य लक्षण वरणादि
व्यावर्णकं चतुर विंशति स्तवन नाम शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

चौबीसों जिनराज में स्तवन एक का होय। नाम बंदना कहत है शास्त्र महा सुख सोय।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अरहन्तादि नाम एकैकशोऽभिवन्दना विधान बोधित वन्दना
नाम शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

रात दिवस जा दोष हो निराकरण जिस माहीं। प्रतिक्रमण वह शास्त्र है, नाम प्रथित सुखदाई।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित दिवस रात्री पक्ष चातुर्मास संवत्सरेर्या पथिकोत्मार्थ प्रभव सप्त
प्रतिक्रमण प्ररूपकं प्रतिक्रमण शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

विनयाचार प्रकार का, अर्थ प्रकाशन हार। वैनयिक यह नाम है शास्त्र महा सुख कार।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित ज्ञान दर्शनं चरित्रोपचार लक्षण पंच विध विनय प्ररूपणं विनय शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

शिक्षा दीक्षा कर्म को, बतलावे यह शास्त्र। कृति कर्मा तसु नाम है, पढ़त शुद्ध हो गात्र।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित शिक्षा दीक्षादि सत्कर्म प्रकाशक कृति कर्म नाम शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

द्रुम पुष्पादिक भेद अरु यत्याचार वताय। दश वैकालिक शास्त्र को नमो भविक सिरनाय।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित द्रुम पुष्पादिक दर्शाधकरै मुनिजनाचरण सूचक दश वैकालिक शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

हो उपसर्ग मुनीश का सहनन फल दिखलाय। समय उत्तरययन है नाम जिनेश्वर भाय।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित नानोपसर्ग सहनन निवेदकं उत्तराध्यन शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

योग्य सेवन को कहै, सेवन होय अयोग्य। प्रायश्चित बतलाय है गण धर कहत सुयोग्य।।
शास्त्र महा सुख है, व्यवहारा शुभ जान। स्वर्ण थाल में अर्घ ले पूजै मन उमगान।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित यतिनाम योग्य सेवक सूचक अयोग्य सेवक प्रायश्चित कथन कल्प व्यवहार शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

यति श्रावक आचार को काल देख बतलाय। योग्या योग्य विचार के वर्णन कहत सुखाय।।
ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित काल माश्रित्य यति श्रावक नाम योग्यायोग्य निरूपकं कल्पाकल्प शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

यति शिक्षा दीक्षा सही गण पोषक बतलाय। नाम महाकल्पं कहा गण धर कहत सुखाय।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित शिक्षा दीक्षा गण पोषणात्म संस्कार भावनोत्तमार्थ भेदेन षटकाल प्रतिबद्ध यतिनामा चरणं प्रतिपादय महाकल्प शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

स्वर्गों में उत्पत्ति है पुण्य महा सुखदाय। पुण्डरीक इस शास्त्र में जिनवर भाषा आय।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित भवन वास्यादि देवेषु उत्पत्ति कारण तम प्रकृति प्रति पादक पुण्डरीक शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

देवसुरी पदवी मिले पुण्य प्रकाशन हार। शास्त्र महा पुण्डरीक कहै गणधर कहत विचार।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित देवांगना पद प्राप्ति हेतु पुण्य प्रकाशन महापुण्डरीक शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

पुरुष उमर अरु शक्ति मम सूक्ष्म थूल जु दोष। शक्ति देख दे दण्ड का वर्णन करत अदोष।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित स्थूल सूक्ष्म दोष प्रायश्चित पुरुष वयः सत्वाद्यपेक्षया प्ररुपयन्ति मशीति का शास्त्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

गीता-पूर्णार्घ्यं

अशीति सामयिक थुति अरु वंदना प्रति क्रमण है।
विनय अरु कृति कर्म दश वैकालिक का कथन है।।
अष्ट उत्तरध्ययन का व्यवहार कल्पाकल्प है।
वृहत कल्पं पुण्डरीकं वृहद पुंडरीक जल्प है।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अंग बाह्य चतुर्दश प्रकीर्णन 2503380 श्लोकेषु 15 अक्षर पद प्रमाण अंगेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अंग 11 अंग अर्घ (सुन्दीर)

महायति चारित जिसमें कहा, कहत आचारांग शुभ लहा।
सहस अष्टादश पद मानिए अर्घ्यं पूजूं वसु विधि ठानिए।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अष्टादश सहस 18000 पद प्रमाण सहित आचारांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

ज्ञान वनया छेदुपथापना कहत सूत्र कृतांग शुभ घना।
सहस छत्तिसो पद शोभना करत पूजा दुख नहीं होवना।।

ॐ ह्रीं श्री षट् त्रिंशत्सहस्र 3600 पद प्रमाण सूत्र कृतांगाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

द्रव्य षट् आदिक व्याख्यान है होय थाना अंग प्रधान है।
सहस बैय्यालिस पद होत है पूज तिनको दोसव धोक हैं।।

ॐ ह्रीं श्री द्वाचत्वारिंशद सहस्र 42000 पद प्रमाण स्थानांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

लोकत्रयसु प्ररूपण हैं जहां, नाम समवायांगसु है तहां।
सहस चौसठ अधिक सुलक्षहै पद जिनेश्वर भाषे दक्ष है।।

ॐ ह्रीं श्री चतुषष्ठ्याधिक सहस्र लक्षैक 164000 पद प्रमाण सहित समवायांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

अस्ति नास्ति सुसप्तहि भंग है कहत व्याख्या प्रज्ञप्ति अंग है।
सहस अट्ठाबिस दो लाख है पद जिनेश्वर की शुभ भाख है।।

ॐ ह्रीं श्री गणधर कृत प्रश्न, षष्टी सहस्रप्रति पादक अष्टाविंशती सहस्रधिक द्विलक्ष 228000 पद प्रमाण व्याख्या प्रज्ञप्ति अंगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

गणधरा अरु हो तीर्थ करा चरित्र पावन जामे सुख भरा।
सहस्र छप्पन लक्ष सु पांच है अंग ज्ञातृ कथ सु सांच है।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित पंचाशत् सहस्राधिक पंच लक्ष 556000 पद प्रमाण ज्ञातृ कथांगाय ऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

उपासका ध्ययनंगं है सही चरित श्रावक का सु कहत ही।
सहस सप्तति लक्षैकादशा कहत पद जिन देवसु मनवसा।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देवकथित सप्तति सहस्राधिकैकादश लक्ष 1170000 पद प्रमाण उपसकाध्यनंगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

होय तीर्थंकर के सामने, तीर्थ प्रति मुनिवर दश दश बने।
कष्ट सहया उन मुनिराय ने पाई शिवनारी गुरु राय ने।।
चरित्र है जिनका उसमें सही नाम अन्तःकृत दश है यही।
सहस अष्टाविंशति लक्ष हैं कहत तेविस जिन पद दक्ष हैं।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित अष्टाविंशति सहस्राधिक त्रयोविंशति लक्ष 2328000 पद प्रमाण अन्तःकृत दशांमायाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

होय तीर्थंकर जिन राय जी, तीर्थप्रतिदश दश मुनिराय जी।
सहन कर उपसर्ग महान जी पाय पंचोत्तर पद आन जी।।
हो कथा जिनकी उस अंग में अनुत्तरा उपपादिक भंग में।
लक्ष वान्नु हजार चवालिसा कहत पद अनुपम शिव नारीशा।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित चतुष्चत्वारिंशन् सहस्राधिक द्विनवति लक्ष 9244000 पद प्रमाण उपपादिकदशांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

प्रश्न उत्तर जिसमें सुशोभते प्रश्न व्याकरणं मन मोहते।
लक्ष तेरानु शुभ पाइया सहस सोलह पद जिन गाह्या।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित षोडश सहस्राधिक त्रिनवति लक्ष 9316000 पद प्रमाण प्रश्न व्याकरणांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

उदय उदीर्णा कर्म बखानते कहत सूत्र विपाक सुजानते।
एक कोटि चौरासी हजार है पद महा जिसमें व्यवहार है।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्त देव कथित चतुर शांति लक्षाधिक एक कोटि 18400000 पद प्रमाण विपाक सूत्रागायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

चार कोटि सु पन्द्रह लाख है, सहस दो पद की शुभशाख है।
अंग एकादश के पद यहा करत पूजन ये नुत हो अहा।।

ॐ ह्रीं श्री अरहन्तदेव कथित द्विसहस्राधिकपंचदश लक्ष चतुष्कोटि पद प्रमाण 41502000 एकादशांगाय पूर्णाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

अरब एक वसु कोटि सु जिनवर गाइया। लक्ष सु अडसट सहस छपन्ना मानिया।।
पंच पदों कही संख्या अनमोल जी। पूजों वसुविधि द्रव्य सु दिल को खोलजी।।

ॐ ह्रीं श्री दृष्टी वाद अंगस्य पंचाधिकषट्पंचशत सहस्राष्टषष्टी लक्षाष्ट कोटयैकारब पद प्रमाण 1086856005 पद प्रमाण द्वादशांगेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पंच प्रज्ञप्ति अर्घ (अडिल्ल)

चन्द्र आयु गति विभव निरूपण है सही। चन्द्र प्रज्ञप्ति नाम लहै इस ही मही।।
छत्तिस लाख सु पंच सहस पद जिन कहै। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहै।।

ॐ ह्रीं पंच सहस्राधिक षट्त्रिंशद लक्ष 3605000 पद प्रमाण चन्द्रायुगति विभव प्ररूपिका चन्द्र प्रज्ञप्तेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

रवि आयु गति होय निरूपण है सही। सूर्य प्रज्ञप्ति नाम लहै इस ही मही।।
लक्ष पांच त्रय सहस महापद गण कहा। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रिशत् सहस्रादिक पंचलक्ष 503000 पद प्रमाण सुर्यायुगति विभव प्ररूपिका सूर्य प्रज्ञप्तेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

वर्णन जम्बू दीप तनो जो करत हैं। नाम प्रज्ञप्ति जम्बू उसी का धरत है।।
तीनलाख अरु सहस पचीस सु पद लहा। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहा।।

ॐ ह्रीं जम्बू दीप वर्णन कथिका पंच विंशति सहस्राधिक त्रिलक्ष 325000 पद प्रमाण जम्बूदीप प्रज्ञप्तेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

सागर द्वीप का वर्णन है जिस ग्रन्थ में। सागर द्वीप सु नाम लहै जिस पन्थ में।।
लक्ष बावने सहस छत्तीस सु पद महा। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहा।।

ॐ ह्रीं द्वीप सागर स्वरूप निरूपिका षट् त्रिंशत सहस्राधिक द्वीपंचाशतलक्ष 5236000 पद प्रमाण द्वीप सागर प्रज्ञप्तेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

षट् द्रव्यों का कहैं सरस शुभ भाव से। व्याख्या प्रज्ञप्ति नाम वही शुभ चावसे।।
लक्ष चुरासी सहस तीस षट् पद कहै। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहै।।
पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहा।।

ॐ ह्रीं रूप्यरूप्यादि षट् द्रव्य स्वरूप निरूपिका षट् त्रिंशत्सहस्राधिक चतुरशीति लक्ष 8436000 पद प्रमाण व्याख्या प्रज्ञप्तेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

एक कोटि इक अस्सी लक्ष सु जानिए। सहस पांच सु श्लोक सर्वज मानिए।
चन्द्र प्रज्ञप्ति आदि सु पांचों में कहा। पूजूं मन वच काय हर्ष उर में लहा।।

ॐ ह्रीं पंच प्रज्ञप्ति सम्बन्धि पंचाशत सहस्राधि क एकाशीति लक्षैक कोटि 18150000 पद प्रमाण पंच प्रज्ञप्तिपूर्णाऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सूत्र अर्घ्य (गीति का)

जीव कर्त्ता भोगता है कर्म का बहु काल से। है निरूपण जास सारे सूत्र नाउँ भाल से।।
पद है अठासी लक्ष जिसमें देव गणधर गाइया। पूजूं मन वच काय हर्ष मन उमगाइया ।।

ॐ ह्रीं जीवस्य कर्त्तृत्वभोगतृत्वादि स्थापकं भूत चतुष्टयादि भवस्योत्थापकमष्टाशीति 8800000 लक्ष पद प्रमाण सूत्र कतांगांयऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

प्रथमानुयोग

त्रेशट् शलाके पुरुष संयम कथन जिसमें है सही।
प्रथमानुयोगा नाम उसका प्रथित है इस जग मही।।
सहस पंच सु पद उसी में देव जिनवर गाइया।
पूजूं हूँ जिन शास्त्रजी को हर्ष मन उमगाइया।।

ॐ ह्रीं त्रिषष्टि शलाका महापुरुष चरित्र कथक पंच सहस्र पद प्रमाण 5000 प्रथमानुयोगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

अडिल्ल

अरब एक अरु द्वादश कोटि सु मानिया। लक्ष तिरासी सह अठावन जानिया।।
पंच महा पद उत्तम जिनवर भासिया। पूजूं मन हर द्रव्य सु कलमष नाशिया।।

ॐ ह्रीं द्वादशांगानाम पंचाधिकाष्ट् पंचाशत् सहस्र त्रयशीति लक्ष द्वादश कोटयैकारब 1128358005 पद प्रमाणेभ्योः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

अथ चतुर्दश पूर्व अर्घ्यं (भुजंग प्रयास)

उत्पाद व्यय ध्रौव्य वस्तु है यक्तुं, उत्पद पूर्व महा शास्त्र उक्तं।
श्लोक एक कोटि हे आप सुजाजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे।।

ॐ ह्रीं वस्तुनामुत्पाद व्यय ध्रौव्यादिक कथमेक कोटि 10000000 पद प्रमाणमुत्पाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

चौबीस देवा हैं बलदेव स्वामी, वसुदेव चक्री जगत में सु नामी॥
वीर्यानुवादा कहे इन चरित्रं, पद लक्ष सत्तर है पूजूं विचित्रं॥
ॐ ह्रीं बल देव वासुदेव चक्रवर्ति शक्र तीर्थकरादि बल वर्णकं सप्तति लक्ष 7000000 पद प्रमाण वीर्यानुवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥35॥

नाम अस्तिनास्ति प्रर्वाद पूर्व जो है, अस्तित्व नास्तित्व भंग कहै है॥
पद लक्ष षष्ठही है इसमें सुराजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे॥
ॐ ह्रीं जीवादि वस्त्वास्ति नास्तिचेति प्रकथकं षष्ठी लक्ष 6000000 पद प्रमाण मस्ति नास्ति प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥36॥

ज्ञानोत्पत्ति निमित्त अधिकारी, कहे इन स्वरूपं सुज्ञान भंडारी॥
हीन एक कोटि महा श्लोक राजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे॥
ॐ ह्रीं अष्ट ज्ञान तदुप्पति कारण तदाधार पुरुष प्ररूपकं मेकौनकोटि 9999999 पद प्रमाण ज्ञान प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥37॥

स्थान वर्णद्वि इन्द्रियादि सु प्राणी, वचनगुप्ति संस्कार भाषे सुज्ञानी॥
हे नाम सत्य प्रवाद पूर्व राजे, पद एक कोटि सु छेही विराजे॥
ॐ ह्रीं वर्ण स्थान तदाधार द्वीन्द्रयादि जन्तुवचन गुप्ति संस्कार प्ररूपकं षडधिक कोटि 10000006 पद प्रमाण सत्य प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥38॥

आत्म प्रवाद सु पूर्व ही जानो, है जिसमें आत्म स्वरूपं बखानो॥
पद कोटि छत्तीस उसमें सुराजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे॥
ॐ ह्रीं ज्ञानाध्यात्म कर्तृत्वादि युतात्म स्वरूप निरूपकं षटत्रिंशत कोटि 360000000 पद प्रमाण आत्म प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥40॥

बन्ध उदय अरु उपशम होंहे, कर्म उदीरण निर्जर सौहै।
कर्म प्रवाद कहै इन स्वरूपं, पद कोटि अस्सी सुलक्षं अनुपम॥
ॐ ह्रीं कर्म बन्धोदयोपशमोदीरणां निर्जरा कथकमशीति लक्षाधिक कोटि 1800000 पद प्रमाण कर्म प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥41॥
लहै प्रत्याख्यानं सू पूर्व ही जानो, कहै द्रव्य पर्यय स्वरूपं ही मानो॥

अहो लाख चोरासी श्लोकं सुराजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे॥
ॐ ह्रीं द्रव्य पर्ययरूप प्रव्याख्यान निश्चलन कथकं चतुरशीति लक्ष 8400000 पद प्रमाण प्रत्याख्यान पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥42॥

सुविद्यानुवादं हे शास्त्रं विशिष्टं, शतं पांच विद्या महा गुण गरिष्टं॥
लघु सप्त सेकड कहै सुस्वरूपं, पद एक कोटि दशं लक्ष रूपं॥
ॐ ह्रीं पंचशत महाविद्या सप्तशत क्षुद्रविद्या अष्टांग महाविद्या निमित्तानि प्ररूपयनदश लक्षाधिक कोटि 11000000 पद प्रमाण विद्यानुवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥43॥

कल्याण पूर्व महासुख स्वरूपं, कहै तीर्थ चक्री के पुण्यं अनुपम्॥
पद कोटि छब्बीस जिसमें सुराजे, महाभक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे॥
ॐ ह्रीं तीर्थंकर चक्रवर्ति बल भद्र वासु देवेन्द्रादि पुण्य व्यावर्णकं षडविंशति कोटि 260000000 पद प्रमाण कल्याण प्रवाद पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥44॥

अष्टांग वैद्यक सुगारुडी विद्या, महामंत्र तंत्रादि नाशक कुविद्या।।
लहै प्राणवायं सुशास्त्रं महानतम्, यजूं तेरे कोटि महाश्लोक कान्तम्।।
ॐ ह्रीं अष्टांग वैद्य विद्या गारुडी विद्या मन्त्र प्रमाणं निरूपकं त्रयोदश कोटि 130000000 पद प्रमाण प्राणावायं पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।45।।

अलंकार छन्दा हे व्याकर्ण जानो, किरिया विशालं कहे तुम प्रमाणो।।
नव कोटि श्लोकं महान्तं सुराजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे।।
ॐ ह्रीं छन्दोऽलंकार व्याकरण कला निरूपकं नव कोटि 90000000 पद प्रमाण किरिया विशाल पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।46।।

लोक बिन्दुसारं हैं शास्त्रं अपूर्वं, निर्वाण कारण कहै सुख स्वरूपं।।
पद साडे बारह कोटि सुराजे, महा भक्ति पूजूं वसु द्रव्य साजे।।
ॐ ह्रीं निर्वाण पद सुख हेतु भूत सार्द्ध द्वादश कोटि 125000000 पद प्रमाण लोक बिन्दु सार पूर्वांगायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।47।।

दोहा

कोटि पंचान्नु कहै लक्ष पचासा पांच। पूर्व चतुर्दश श्लोक में जिनवर भाषे सांच।।
ॐ ह्रीं चतुर्दश पूर्वांगाय पंचाधि क पंचाशतलक्ष पंचनवति कोटि 955000005 पद प्रमाणय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।48।।

12 अंग के भेद में पांच चूलिका के अर्घ्य (जोगीसारा)

वर्षे जल अरु रोके कैसे मन्त्र तन्त्र बतलाती।
जलगतिं नामसु चूलिक इसका जिनवाणि कहलाती।।
कोटि दोय अरु लाख सुनव हैं सहस नवासी सौहै।
द्वौशत् पद भी पूजूं वसु विधि ज्ञान महां गुण मौहे।।

ॐ ह्रीं जलं स्तंभन जल वर्षादि हेतु भूत मंत्रतंत्रादि प्रतिपादिका द्विशताधिक नवाशीति सहस्र नव लक्ष द्वय कोटि 20989200 पद प्रमाण जलगत् चूलिकायैऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥49॥

अल्प समय में बहुयोजन तक गमनागमन सु होवे।
मन्त्र तन्त्र सब विद्या इसमें थल गत चुलिक जोवे॥
कोटि दोय अरु लाख सुनव हैं सहस नवासी सौहै।
द्वौशत् पद भी पूजूं वसु विधि ज्ञान महां गुण मौहे॥

ॐ ह्रीं स्तोक कालेन बहु योजन गमनागमनादि हेत भूत मन्त्र तन्त्र तन्त्रादि निरूपिका पूर्वोक्त 20989200 पद प्रमाण स्थल गत चूलिकायैऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥50॥

इन्द्रजाल माया का करना मन्त्र तन्त्र को जानो।
मायागत है नाम चूलिका जिनवर भाषी मानों॥
कोटि दोय अरु लाख सुनव हैं सहस नवासी सौहै।
द्वौशत् पद भी पूजूं वसु विधि ज्ञान महां गुण मौहे॥

ॐ ह्रीं इन्द्र जलादि मायोत्पादक मन्त्र तन्त्रादि निरूपिका पूर्वोक्त 20989200 पद प्रमाण मायागत चूलिकायैऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥51॥

गमन गगन में होवे कैसे उपदेश यह भाई।
मन्त्र तन्त्र सब विद्या होवे गमन चूलिका गाई॥
कोटि दोय अरु लाख सुनव हैं सहस नवासी सौहै।
द्वौशत् पद भी पूजूं वसु विधि ज्ञान महां गुण मौहे॥

ॐ ह्रीं गमनागमनादि हेतु भूत मन्त्र तन्त्रादि प्रकाशिका पूर्वोक्त 20989200 पद प्रमाण आकाश गमन चूलिकायैऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥52॥

सिंह व्याघ्र गज घोटक गाई नर सुर रूप धराई।
मन्त्र तंत्र सब विद्या होई, रूप चुलिका गाई।।
कोटि दोय अरु लाख सुनव हैं सहस नवासी सौहै।
द्वौशत् पद भी पूजूं वसु विधि ज्ञान महां गुण मौहे।।

ॐ ह्रीं सिंह व्याघ्र गज तुरग नर सुरादि रूप विधायक मन्त्र तन्त्रादि उपदेशिका पूर्वोक्त 20989200 पद प्रमाण रूप गत चूलिकायैऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।53।।

अडिल्ल

कोटि दशी उनचास लाख बतलाइया। सहस छियालिस पद महा जिन गाइया।।
मिलकर पांचों चूलिक के पद जानिये। पूजूं मन वच काय हर्ष उर ठानिए।।

ॐ ह्रीं षट् चत्वारिंशत सहस्राधिक नव चत्वारिंशत् दश कोटि 100046049 पद प्रमाण पंच चूलिकाभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ॐ ह्रीं जिन मुखोत्पन्न द्वादशांग जिनवाणि मातेभ्यो नमः स्वाहा। यहां 108 बार जाप करें)

जयमाला

मात जिनवाणी सदा तुम निर्मला सुख दायिनी।
जिनदेव पर्वत से निकलकर कुंड गणधर आयनी।
हे शारदे अम्बे सदा अज्ञानता को नाशनी।
गात जयमाला अबे हम सुखद हो मुदु भाषनी।।

पद्धडी

जय जिनवर वाणी परम रूप, तुम ही भव तारक हो अनूप।
जय जिन वदनाम्बुज निकसि देवि, जय गण धर गूंथी हर्ष ठेवी।।1।।
यह तीन लोक मण्डन स्वरूप, जय भविजन तारक हो अनूप।
जो श्रद्धे माता हर्ष धार, वह पावे ज्ञानामृत अपार।।2।।

जय मिथ्या तिमिर विनाश सूर्य, जय शिव मग दर्शक हो सु धूर्य।
जिन ध्यान धरा तज के सुमान, नहि रहा उसे संशय कुज्ञान।।3।।
जय तीन शतक छत्तीस जान, मति ज्ञान भेद लखिए प्रमाण।
श्रुत दोय अनेकों भेद ठान, जय द्वादशांग जिनवर बखान।।4।।
जिन गण धर नरपति ऋद्धि खास, जय पुण्य पुराकृत को प्रकाश।
जय लोक अलोकरु तीन काल, कह लक्षण चारों गति सुहाल।।5।।
जय कर्ण योग द्युति है पिछान, है जिनवर की यह सत्य वाण।
जय चारित्रं जिन कहत सोई, जय जिसमें श्रावक धर्म होई।।6।।
चरणानुयोग तसु जान नाम, जय पूजे तज हम सर्व काम।
जय जीवा जीवसु पुण्य पाप, जय सप्त तत्व का है कलाप।।7।।
द्रव्यानुयोग चौथा कहाय, ये चार योग जिनवर बताय।
जय इकसो बारह कोडि जान, जय लाख तिरासी है प्रमाण।।8।।
जय सहस अठावन पंचमान, पद द्वादशांग जिनवर बखान।
जय कोटि इकावन अष्ट लाख, शत छे हजार चोरासी भाख।।9।।
जय बीस एक अध श्लोक धाय, जय एक एक पद को बताय।
जय दोष रहित जिन वाणि मात, जय तुम पद नावे जोड़ हाथ।।10।।
तुम सन्त सुजन योगीन्द्र ध्याय, वह भव दधि से झट पार जाय।
जय आदि अन्त इक सार आप, सूरजमल तब करता सुजाप।।
धत्ता जय जय जिनवाणी हैं श्रद्धानी संशय हानि पूजत है।
जय तत्व प्रकाशक भ्रमतम नाशक ज्ञान निकाशक हूजत है।।

ॐ ह्रीं श्री जिन सुखोत्पन्न द्वादशांग जिनवाणी मातायै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

दोहा

वाणी है अरहन्त की जो भवि कंठ लगाय। पूजत हर्ष चढ़ाय कर केवल ज्ञान उपाय।।

इत्याशीर्वादः

जिन चैत्य पूजा -दोहा

सौम्य सुभग त्रैलोक्य में, समचतुर संस्थान। कृत्रिम अर्कीतम जानिए, विम्बमहा सुखदान।।
आह्वानं स्थापन करूं हिए विराजो आन। पूजूं मन वच काय से पाउं पद निर्वाण।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्य सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमजिनचैत्यसमूह अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्य सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमजिनचैत्यसमूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्य सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमजिनचैत्यसमूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकम्-सोरठा

लाउं मिष्ट सुवार सौरभ अति आवे घनी। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।
ॐ ह्रीं श्रीत्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिमजिनचैत्यसमूहेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

चन्दन सौरभसार केशर संग घिसाइए। चैत्य महाजिन सार, पूजत पाप मिटे सदा।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिन समूहेभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

तंदुल धवल सुधार पुंज करूं जिनराज ढिग। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्य समूहेभ्यो अक्षय पद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

चंपा जुई की डार फूल वनस्पति लाइया। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्य समूहेभ्यः कामबाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

नाना व्यंजन सार फेणी गूजा पायसी। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्यसमूहेभ्यः क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दीपक ज्योति सुधार मोह अन्ध भागे सदा। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्यसमूहेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

सौरभ हे सुखकार धूप अग्नि में डारिये। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्य समूहेभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

आम्र काम्र अनार सेव रसीले लीजिए। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्य समूहेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

द्रव्य अष्ट प्रकार, लेय चढ़ाउं भावसो। चैत्य महा जिन सार पूजत पाप मिटे सदा।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति जिनचैत्य समूहेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक पूजा-गीता

इस लोक पातालय में मनहर बने अनादि हे सही।
शुभ रत्न कंचन उपल निर्मित चैत्य सुन्दर तिस मही।।
त्रैकाल में मन वचन तन से में नमू नित चरण में।
वसु द्रव्य उत्तम अर्घ्य पूजूं, होऊं उनकी शरण में।।

ॐ ह्रीं श्री पाताल लोक सम्बन्धि कृत्रिम अकृत्रिम जिन चैत्येभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

होय मध्यम लोक में जो जैन बिम्ब सुहावने।
है वने अरु जो अनादि मन सभी के भावने।।
त्रैकाल में मन वचन तन से में नमू नित चरण में।
वसु द्रव्य उत्तम अर्घ्य पूजूं, होऊं उनकी शरण में।।
ॐ *ह्रीं श्री मध्यलोक सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमसंख्या जिनचैत्यभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।*

लोक ऊपर में बने हैं बिम्ब जिन सुखदाय हैं।
है अकृत्रिम मन हरे अरु पाप सब नश जाय है।।
त्रैकाल में मन वचन तन से में नमू नित चरण में।
वसु द्रव्य उत्तम अर्घ्य पूजूं, होऊं उनकी शरण में।।
ॐ ह्रीं श्री उर्ध्वलोक सम्बन्धि असंख्य जिन चैत्यभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

लोक तीनों में मनोहर बिम्ब अति सुखदाय हैं।
वसु कोटि छप्पन लक्ष मत नवसहस मन हर्षाय है।।
अरु चार शत इक बीस प्रतिमा है अनादि काल से।
जो है असंख्या कृत्रिम पूंजू योग त्रय नमु भालसे।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्य सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमासंख्य जिन चैत्येभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

ॐ ह्रीं श्री जिन बिम्ब देवेभ्यो नमः स्वाहा। (नव बार पुष्पों से जपे)

जयमाला - दोहा

चैत्य महा जिन दर्श से भव बेडी कट जाय। कहुँ महा गुण मालिका भव्य जीव सुखदाय।।
पद्धडी- जय वीतराग सर्वज्ञ देव, भवि जीवों के तारक सुएव।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।1।।

तब सुन्दर सुभग ललाम देह, सम चतुर धरे संस्थान एह।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।2।।
तब दर्शन करते भव्य जीव, वह लहत अनन्ता सुख सदीव।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्यकृत्रिम दोय रूप।।3।।
जय दोषों से हो रहित आप, हम करते प्रभु तुम नित्य जाप।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।4।।
जय पर्यंकासन ध्यान रूप, जय खड्गासन हो प्रभु अनूप।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।5।।
जय अविचल गुण के हैं न पार, भवि जीवदर्शसम्यक्त्व धार।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।6।।
जय भव्य कमल विकसित दिनेश, जय नरपति सुरपति नुत खगेश।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।7।।
नासाग्रदृष्टिरत सकल धार, भवि जीव नमे तुम बार बार।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।8।।
जय स्वर्ण रत्न निर्मित महान, जय उपल बनी सुन्दर सुजान।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।9।।
जय अधोमध्य अरु ऊर्ध्व लोक, जय कृत्या कृत्रिम बिम्ब थोक।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।10।।
जिन चैत्य नमुं मैं बार बार, सूरजमल को प्रभु तार-तार।
जिनकी छवि है यह चैत्य रूप, जो कृत्याकृत्रिम दोय रूप।।11।।
जय जय जिन प्रतिमा होय, अकृतिमा कृतिमा प्रतिमा ध्यावत है।।
घत्ता- जय पूज रचावे शीष नवावे, शिव सुन्दर का पावत है।
ॐ ह्रीं त्रैलोक्य सम्बन्धि कृत्रिमाकृत्रिमसंख्य जिन जिन चैत्य समूहेभ्योर्घ्यं।
तीन लोक में बिम्ब है कृत्याकृत्रिम सार। पूजो मन वच काय से होवें भव दधि पार।।

इत्याशीर्वादः

श्री जिन चैत्यालय पूजा (अडिल्ल)

कृत्याकृत्रिम सुभग जिनालय जानिए। ध्वजा फरुखे स्वर्ण दूति सम मानिए।।
सुन्दर शिखर उतंग मनोहर सोहने। पूजों जिनवर निलय महा मन सोहने।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिमा जिन चैत्यालय अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिमा जिन चैत्यालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिमा जिनचैत्यालय अत्र मम सन्निहितो भव-भव-वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टकं (सुन्दरी)

कनक झारी जल भर लाइया, जन्म मृत्यु जरा त्रय ढाइया।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

दाह भजन चन्दन बावना संघ केशर घिसकर लावना।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

धोय अक्षत थाल भरीजिए पुंज करके अखय पद लीजिए।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

केवड़ा अरु चंपक सोहना पुष्प मरुवामन अति मैहना।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो काम बाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

विविध व्यंजन थाल भराइया, रस मधुर लेकर हरषाई।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

हेम दीपक घृत भर लीजिए, जगमगातो मोह हनीजिए।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

धूप दश विधि सौरभ आवती, खेय भासुर कर्म जलावती।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

फनस दाडि म आदि सुलेधना, सेवकेला फल मन मोहना।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

नीर आदिक द्रव्य सुलीजिए, शुभ जिनालय अर्घ्य सु पूजिए।
मैं यंजु जिन मंदिर चावसो सकल पाप मिटे शुभ भाव सो।।
ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमा कृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यो अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

प्रत्येक पूजा - गीता

पाताल में है निलय सुन्दर जो अनादि काल से।
सप्त कोटि द्वय लख मैं नमुं नित भाल से।।
जल चन्दनादि सुद्रव्य लेकर थाल भर मन लायके।
पूजहूं जिन भवन सारे भक्ति भर गुण गाय के।।
ॐ *ह्रीं श्री पाताल लोक सम्बन्धि सप्तकोटि द्विसप्तति लक्षाधिक 77200000 कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।*

शत चार अट्ठावन भवन शुभ है अकीर्त्तम जेलसे।
अगणित लसे कीर्त्तम भवन शुभदर्श से पातक नशे।।
जल चन्दनादि सुद्रव्य लेकर थाल भर मन लायके।
पूजहूं जिन भवन सारे भक्ति भर गुण गाय के।।
ॐ ह्रीं श्री मध्य लोक सम्बन्धि अष्ट पंचाशत चतुष्शत अकृत्रिमसंख्यंचकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

उर्ध्वलोकी भवन सुन्दर रत्न के अद्भुत महा।
चतु अष्ट लक्षा सप्त नवति सहस तेवीसी कहा।।
जल चन्दनादि सुद्रव्य लेकर थाल भर मन लायके।
पूजहूं जिन भवन सारे भक्ति भर गुण गाय के।।
ॐ ह्रीं श्री उर्ध्वलोक सम्बन्धि चतुष्शीतिलक्ष सप्त नवति सहस त्रयो विंशति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

उर्ध्व अध अरु मध्य माहीं भवन सुन्दर जानिए।
गणधर असंख्या कहत शुभ जे पूज तिनकी ठानिए।।
पूजते सुर असुर नरपति द्रव्य मनहर चाव से।
हम भी नमे मन शुद्ध हो जिन भवन भावे भाव से।।

ॐ ह्रीं श्री त्रैलोक्यसम्बन्धि असंख्यकृत्रिमाकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

ॐ ह्रीं श्री जिन चैत्यालये देवेभ्यो नमः स्वाहा। (नव बार जपे)

जयमाला - दोहा

कृत्या कृत्रिम है सही तीन लोक जिन थान। कहुंमहा जय मालिका होय पाप की हान।

पद्धडी

जिन मन्दिर प्रभु के सुभगसार, जय कृत्या कृत्रिम शुभ अपार।
तिन भुवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय शिखर बने हैं अति उतंग, जहां होवे मानी मान भंग।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय गगन चुम्बि दीखे अपार, जिन दर्शन नाशे अन्धकार।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय स्वर्ण कलश बहु चमचमाय, जय करत प्रशंसा देव आय।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय ध्वजा उड़े शुभ शिखर सार, मनु स्वर्ण संपदा को पुकार।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय स्वर्ण रत्न निर्मित लखाय, जय उपल सु मृतिका के लहाय।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।

जय बने अनादि काल जान, उन कहत अकीरतम है सुजान।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय पुरुष किये रचना सुसार, जिन कृत्रिम नामसु सुखद सार।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जय अधोमध्य अरु ऊर्ध्व जान, जय तीनलोक में निलय आन।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
जहां बैठ भविक आनन्द पाय, जय जिन गुण गावे प्रीति लाय।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।
हम नमन करे उन भवन सार, सूरजमल भक्ति उर धार धार।।
तिन भवन नमे हम बार बार, कर भक्ति विनय उर धार धार।।

घत्ता

जय जय जिन मन्दर पूज पुरन्दर सुन्दर मन से बन्दे है।
हम भी नित बन्दे बहु आनन्दे काटे भव के फन्दे है।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवर्ति कृत्रिमाकृत्रिम जिन चैत्यालेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

जिनागार जिनराज के पूजे मन वच काय। नाशे अघ बहु काल के पावे सुख अधिकाय।।

इत्याशीर्वादः

ॐ

वर्तमान चतुर्विंशति जिनपूजा(काशी निवासी स्वर्गीय कविवर वृन्दावनजी कृत)

बंदौ पांचो परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास। विघ्नहरण मंगलकरण, पूरण परम प्रकाश॥1॥
चोबीसौं जिनपति नमौं, नमौं शारदा माय। शिव मगसाधक साधु नमि, रचैं पाठ सुखदाय॥2॥

॥ नामावली स्तोत्र ॥

छन्द नयनमालिनी था तामरस व चण्डी - 16 मात्रा

जय जिनन्द सुखकन्द नमस्ते, जय जिनन्द जितफन्द नमस्ते।
जय जिनद वरबोध नमस्ते, जय जिनन्द जितक्रोध नमस्ते॥1॥
पाप-ताप-हर-इन्दु नमस्ते, अर्ह-वर्ण-जुतबिंदु नमस्ते॥
शिष्टाचार विशिष्ट नमस्ते, इष्ट मिष्ट उकृष्ट नमस्ते॥2॥
पर्म धर्म वर शर्म नमस्ते, मर्म भर्म-घन धर्म नमस्ते।
दृग्विशाल वरभाल नमस्ते, हृदिदयाल गुनमाल नमस्ते॥3॥
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध नमस्ते, ऋद्धि-सिद्धि-वरवृद्धि नमस्ते।
वीतराग विज्ञान नमस्ते, चिद्विलास धृतध्यान नमस्ते॥4॥
स्वच्छ गुणांबुद्धि रत्न नमस्ते, सत्त्वहितंकरयत्न नमस्ते।
कुनय-करी मृगराज नमस्ते, मिथ्या-खग-वर-बाज नमस्ते॥5॥
भव्य भवोदधितार नमस्ते, शर्मामृतसितसार नमस्ते।
दर्श-ज्ञान-सुख-वीय नमस्ते, चतुरानन धरधीर्य नमस्ते॥6॥
हरि हर ब्रह्मा विष्णु नमस्ते, मोहमर्द्दमतु विष्णु नमस्ते।
महादान महभोग नमस्ते, महाज्ञान महजोग नमस्ते॥7॥

महा उग्र तप-शूर नमस्ते, महामौन गुणभूरि नमस्ते।
धर्मचक्रि वृषकेतु नमस्ते, भव-समुद्र-शत-सेतु नमस्ते।।8।।
विद्याईश मुनीश नमस्ते, इन्द्रादिक-नुत-शीश नमस्ते।
जय रत्नत्रय राय नमस्ते, सकल जीव सुखदाय नमस्ते।।9।।
अशरण शरण-सहाय नमस्ते, भव्य सुपंथ लगाय नमस्ते।
निराकार साकार नमस्ते, एकानेक-अधार नमस्ते।।10।।
लोकालोक विलोक नमस्ते, त्रिधा सर्व गुणथोक नमस्ते।
सल्ल-दल्ल-दल-मल्ल नमस्ते, कल्लमल्ल जितछल्ल नमस्ते।।11।।
भुक्तिमुक्ति-दातार नमस्ते, उक्तिसुक्ति श्रृंगार नमस्ते।
गुण अनन्त भगवंत नमस्ते, जय जय जय जयवंत नमस्ते।।12।।

श्री समुच्चय चतुर्विंशति जिनपूजा - छन्द कवित्त

वृषभ अजित शंभव अभिनंदन, सुमति पदम सुपार्श्व जिनराय।
चंद्र पुहुच शीतल श्रेयांश नमि, वासुपूज पूजित-सुरनाय।।
विमल अनंत धरम जय उज्ज्वल, शांति कुन्थु अर मल्लि मनाय।
मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्वप्रभु, वर्द्धमान पद पुष्प चढ़ाय।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतचतुर्विंशति जिनसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतचतुर्विंशति जिनसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतचतुर्विंशति जिनसमूह!अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अष्टक (चाल-नंदीश्वरद्वीप की)

मुनिमनसम उज्ज्वल नीर, प्राशुक गंध भरा। भरि कनककटोरी धीर, दीनो धर धरा।।
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

गोशीर कपूर मिलाय, केशर रंग भरी। जिनचरणन देत चढ़ाय, भव-आताप-हरी॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

तंदुल सित सोमसमान, सुन्दर अनियारे। मुक्ताफल की उनमान, पुंज धरों प्यारे॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

वर कंज कदंब कुरंड, सुमनसुगन्ध भरे। जिन अग्र धरौं गुनमंड़, कामकलंक हरे॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

मनमोहन मोदक आदि, सुन्दर सद्य बने। रसपूरित प्रासुक स्वाद, जजत क्षुधादि हने॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

तम-खंडन दीप जगाय, धारों तुम आगे। सब तिमिर मोह क्षयजाय, ज्ञानकला जागै॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा॥6॥

दंश गंध हुताशन मांहि, हे प्रभु खेवत हों। मिस धूमकरण जारि जाहिं, तुमपद सेवत हो।।
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही।।
ॐ ह्रीं श्री श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

शुचि पक्व सुरस फलसार सबऋतु के ल्यायो। देखत दृग-मन को प्यार पूजत सुख पायौ।।
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

जल फल आठो शुचिसार, ताको अर्घ करो।तुमको अरपौं भवतार, भवतरि मोक्ष वरो।।
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्दकन्द सही। पदजजत हरत भवफंद पावत मोक्षमही।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जयमाला - दोहा

श्रीमत तीरथनाथपद, माथ नाय हितहेत। गावों गुणमाल अबै, अजर अ मरपद देत।।1।।

घता

जय भवतम भंजन जनमन कंजन, रंजन दिनमनि स्वच्छ करा।
शिवमग परकाशक अरिगननाशक, चौबीसों जिनराज वरा।।2।।

पद्धरी

जय ऋषी ादेव ऋषिगन नमंत, जय अतिज जीतवसुअरि तुरंत।
जय संभव भवभय करत चूर, जय अभिनंदन आनंदपूर।।3।।
जय सुमति सुमतिदायक दयाल, जय पद्म पद्मद्युति तन रसाल।
जय जय सुपास भवपाश-नाश, जय चंदचंदतनदुतिप्रकाश।।4।।
जय पुष्पदंत दुतिदंत सेत, जय शीतल शीतल गुननिकेत।

जय श्रेयनाथ नुत सहसभुज्ज, जय वासवपूजित वासुपुज्ज॥5॥
जय विमल विमलपद-देनहार, जय जय अनंत गुणगण अपार।
जय धर्म धर्म शिवशर्म देत, जय शांति शांति पुष्टी करेत॥6॥
जय कुंथकुंथबादिक रखेय, जय अर जिन वसुअरि क्षय करेय।
जय मल्लिमल्ल हतमोहमल्ल, जय मुनिसुव्रत व्रतसल्लदल्ल॥7॥
जय नमि नित बासवनुत सप्रेम, जय नेमनाथ वृषचक्रनेम।
जय पारसनाथ अनाथनाथ, जय वर्द्धमान शिवनगरसाथ॥8॥

घत्ता

चौबीस जिनंदा आनन्दकन्दा, पापनिकंदा सुखकारी।
तिनपद जुगचंदा उदय अर्मदा वासववंदा हितकारी॥9॥
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

भुक्तिमुक्तिदातार, चौबीस जिनराज वर। तिनपद मनवचचार, जो पूजे सो शिव लहै॥10॥

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलि क्षिपेत्)

श्री आदिनाथजिन-पूजा

(अडिल्ल)

परम पूज्य वृषभेश स्वयंभू देव जू, पिता नाभि मरुदेवि करें सुर सेव जूं।
कनक-वरण तन-तुंग धनुष-पनशत तनो, कृपासिंधु इत आई तिष्ठ मम दुःख हनो॥1॥

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर-अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिननेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिननेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

(अष्टक)

हिमवनोद्भव-वारि सु धारिकै, जजत हौं गुन-बोध उचारिकै।
परमभाव-सुखोदधि दीजिये, जन्म-मृत्यु-जरा क्षय कीजिये॥1॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलय-चंदन दाहनिकंदनं, घसि उभय कर में करि वंदनं।
जजत हौं प्रशमाश्रय दीजिये, तपत ताप-त्रिधा क्षय कीजिये॥2॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अमल-तंदुल खंड-विवर्जितं, सित निशेष महिमामय तर्जितं।
जजात हौं तसु पुंज धराय जी, अखय-संपति द्यो जिनराय जी॥3॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल चंपक केतकि लीजिये, मदन-भंजन भेंट धरीजिये।
परमशील महा-सुखदाय हैं, समर-सूल निमूल नशाय हैं॥4॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विना*शनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।*

सरस-मोदन-मोदक लीजिये, हरनभूख जिनेश जजीजिये।
सकल आकुल अंतक-हेतु हैं, अतुल शांत-सुधारत देतु हैं।।5।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निविड मोह-महाताप छाइयो, स्व-पर-भेद न मोहि लखाइयो।
हरण-कारण दीपक तास के, जजत हौं पद केवल-भास के।।6।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर चंदन आदिक लेय के, परम-पावन गंध सुखय कें।
अगनि-संग जरै मिस-धूम के, सकल-कर्म उड़े यह घूम के।।7।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरस पक्व मनोहर पावने, विविध ले फल पूज रचावने।
त्रिजगनाथ कृपा तब कीजिये, हमहिं मोक्ष-महाफल दीजिये।।8।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय मोक्षमहाफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-फलादि समस्त मिलायके, जजत हौं पद मंगल-गायके।
भगत-वत्सल दीनदयाल जी, करहु मोहि सुखी लखि हालजी।।9।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभदेवजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छन्द द्रुतविलम्बित तथ सुन्दरी)

असित दोज अषाढ़ सुहावने, गरभ-मंगल दो दिन पावनो।
हरि-सची पितु-मातहिं सेवही, जजत हैं हम श्री जिनदेव ही।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा-द्वितीयायां गर्भमंगल-मंडिताय श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असित चैत सु नौमि सुहाइयो, जनम-मंगल ता दिन पाइयो।
हरि महागिरि पै जजियो तबै, हम जजैं पद-पंकज को अबै।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-नवम्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्रीआदिनाथदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असित नौमि सु चैत धरे सही, तप विशुद्ध सबै समता गही।
निज सुधारससों भर लाइके, हम जजें पद अर्घ चढ़ाइयो।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-नवम्यां तप मंगल-मंडिताय श्रीआदिनाथदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असित फागुन ग्यारसि सोहनों, परम-केवलज्ञान जग्यो भनों।
हरि-समूह जजें तहँ आइके, हम जजें इत मंगल-नाइकै।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-एकादश्यां केवलज्ञान-मंडिताय श्रीआदिनाथदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असित चौदसि माघ विराजई, परम मोक्ष सुमंगल साजई।
हरि-समूह जजें कैलाशजी, हम जजें अति धार हुलास जी।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा-चतुर्दश्यां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीआदिनाथदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (छन्द घत्तानंद)

जय जय जिनचंदा, आदि-जिनंदा, हनि भवफंदा कंदा जू।
वासव-शत-वंदा धरि आनंदा, ज्ञान-अमंदा नंदा जू।।1।।

छन्द मोतियदाम

त्रिलोक-हितंकर पूरन पर्म, प्रजापति विष्णु चिदातम धर्म।
जतीसुर ब्रह्मविदांबर बुद्ध, वृषंक अशंक क्रियाम्बुधि शुद्ध।।2।।
जबै गर्भागम मंगल जान, तबै हरि हर्ष हिये अति आन।
पिता-जननी पद-सेव करेय, अनेक प्रकार उमंग भरेय।।3।।
जन्मे जब ही तब ही हरि आय, गिरीन्द्र विषैं किय न्हीन सुजाय।
नियोग समस्त किये तित सार, सु लाय प्रभू पुनिप राज-अगार।।4।।
पिता कर सौंपि कियो तित नाट, अमंद अनंद समेत विराट।
सुथान पयान कियो फिर इंद्र, जहाँ सुर सेव करें जिनचंद।।5।।
कियो चिरकाल सुखाश्रित राज, प्रजा सब आनंद को तित साज।
सुलिप्त सुभोगिनि में लखि जोग, कियो हरि ने यह उत्तम योग।।6।।
निलांजन-नाच रच्यो तुम पास, नवों रस-पूरित भाव-विलास।
बजै मिरदंग दृमा दृम जोर, चले पग झारि झनांझन जोर।।7।।
घनाघन घंट करे धुनि मिष्ट, बजैं मुहचंग सुरान्वित पुष्ट।
खड़ी छिन पास छिनहि आकाश, लघु छिन दीरघ आदि विलास।।8।।
ततच्छन ताहि विलै अविलोय, भये भवतैं भवभीत बहोय।
सुभावत भावन बारह भाय, तहाँ दिव-ब्रह्म-ऋषीश्वर आय।।9।।
प्रबोध प्रभू सु गये निज-धाम, तबे हरि आय रचि शिवकाम।
कियो कचलौंच प्रयाग-अरण्य, चतुर्थम ज्ञान लह्यो जग-धन्य।।10।।
धर्या तब योग छहमास-प्रमान, दियो श्रेयांस तिन्हें इख-दान।

भयो जब केवलज्ञान जिनेन्द्र, समोसृत-ठाठ रच्यो सु धनेंद्र॥11॥
तहाँ वृष-तत्त्व प्रकाशि अशेष, कियो फिर निर्भय-थान प्रवेश।
अनंत-गुनातम श्री सुखराश, तुमैं नित भव्य नमैं शिव-आश॥12॥

(छन्द घत्तानंद)

यह अरज हमारी सुन त्रिपुरारी, जन्म-जरा-मृती दूर करो।
शिव-संपति दीजे ढील न कीजे, निज, लख लीजे कृपा धरों॥13॥
ॐ श्री आदिनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(छन्द आर्या)

जो ऋषभेश्वर पूजे, मन-वच-तन भाव शुद्ध कर प्रानी।
सो पावै निश्चैसों, मुक्ति औं मुक्ति सार सुख थानी॥14॥

इत्याशीर्वादः! पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री अजितनाथ जिनपूजा

(छन्द- अशोकपुष्पमंजरी दंडक, अर्धमंजरी तथा अर्द्धनाराज)

त्याग वैजयन्त सार, सार धर्म के अधार। जन्म-धार धीर नम्र, सुष्टु कौशलापुरी॥
अष्ट दुष्ट नष्टकार, मातु वैजयाकुमार। आयु पूर्व लक्षदत्त है बहत्तरै पुरी॥
ते जिनेश श्री महेश, शत्रु के निकंददेश। अत्र हेरिये सुदृष्टि, भक्त पै कृपा पुरी॥
आय तिष्ठ इष्टदेव, मैं करों पदाब्जसेव। परम शर्मदाय पाय, आय शर्न आपुरी॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् (आह्वाननम्)।
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः (संस्थापनम्)।
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् (सन्निधिकरणम्)।

अष्टक (छंद त्रिभंगी अनुप्रासक)

गंगाह्रद-पानी निर्मल आनी, सौरभ सानी शीतानी।
तसु ढारत धारा तृषा-निवारा, शांतागारा सुखदानी॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनत्राता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा॥

शुचि चंदन-बावन ताप-मिटावन, सौरभ-पावन घसि ल्यायो।
तुम भव-तप-भंजन हो शिवरंजन, पूजन-रंजन मैं आयो॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥

ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा॥

सित खंड-विवर्जित निशिपति-तर्जित, पुंज-विधर्जित तंदुल को।
भव-भाव-निखर्जित शिवपद-सर्जित, आनंदभर्जित दंदल को।
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनत्राता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा॥

मनमथ-मद-मंथन धीरज-ग्रंथन, ग्रंथ-निग्रंथन ग्रंथपति।
तुव पाद-कुशेसे आदि-कुशेसे, धारि अशेसे अर्चयती॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय *पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा॥*

आकुल कुलवारन थिरताकारन, क्षुधाविदारन चरु लायो।
षटरस कर भीने अन्न नवीने, पूजन कीने सुख पायो॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दीपक-मणि-माला जोत उजाला, भरि कनथाला हाथ लिया।
तुम भ्रमतम-हारी शिवसुख-कारी, केवलधारी पूज किया॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अगरादिक चूरं परिमल पूरं, खेवत क्रूर कर्म जरैं।
दशहूँ दिश धावत हर्ष बढ़ावत, अलि गुण-गावत नृत्य करें॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा॥

बादाम नारंगी श्रीफल चंगी, आदि अभंगी सों अरचौं।
सब विघनविनाशै सुख प्रकाशै, आतम-भासै भौ विरचौं॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा॥

जल-फल सब सज्जैं बाजत बज्जै, गुन-गण-रज्जे मन-मज्जै।
तुब पद-जुग-मज्जै सज्जन जज्जै, ते भव-भज्जै निजकज्जै॥
श्री अजित-जिनेशं नुत-नाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवाँछितदाता त्रिभुवनदाता, पूजौं ख्याता जग्गेशं॥
ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

पंचकल्याणक-अर्घ (छन्द द्रुतमध्यकं)

जेठ असेत अमावसि सोहै, गर्भ-दिना नंद सो मन-मोहै।
इंद-फनिंद्र जजैं मन-लाई, हम पद-पूजत अर्घ चढ़ाई॥
ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्ण-अमावस्यायांगर्भमंगल- मंडिताय श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माघ-सुदी-दशमी दिन जाये, त्रिभुवन में अति-हर्ष बढ़ाये।
इंद-फनिंद जजें तित आई, हम नित सेवत हैं हुलसाई॥
ॐ ह्रीं माघशुक्ल-दशमीदिनेजन्ममंगल- मंडिताय श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माघ-सुदी-दशमी तप धारा, भव-तन-भोग अनित्य विचारा।
इंद-फनिंद जजैं तित आई, हम नित सेवत हैं सिर-नाई॥
ॐ ह्रीं माघशुक्ल-दशमीदिने तपमंगल-मंडिताय श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पौष-सुदी तिथि ग्यारस सुहायो, त्रिभुवनभानु सु केवल जायो।
इंद-फनिंद जजैं तित आई, हम पद पूजत प्रीति लगाई॥

ॐ ह्रीं पौषशुक्ला-एकादशीदिनेज्ञानमंगल-मंडिताय श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमि-चैत-सुदी निरवाना, निज-गुनराज लियो भगवाना।
इंद-फनिंद्र जैं तित आई, हम पद पूजत हैं गुनगाई॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ल-पंचमीदिननिर्वाणमंगल-मंडिताय श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला (दोहा)

अष्ट-दुष्ट को नष्ट करि, इष्ट-मिष्ट निज पाय। शिष्ट-धर्म भाख्यो हमें, पुष्ट करो जिनराय॥1॥

(छन्द पद्धरि १६ मात्रा)

जय अजितदेव तब गुण अपार, पै कहूँ कछुक लघु-बुद्धि धार।
दश जनमत-अतिशय बल-अनंत, शुभ-लच्छन मधुर-वचन भनंत॥2॥
संहनन-प्रथम मलरहित-देह, तन-सौरभ शोणित-स्वेत जेह।
वपु स्वेद-बिना महरूप धार, समचतुर धरें संठान चार॥3॥
दश केवल गमन-अकाशदेव, सुरभिच्छ रहै योजन-सतेव।
उपसर्ग-रहित जिन-तन सु होय, सब जीव रहित-बाधा सु जोय॥4॥
मुख चारि सरब-विद्या-अधीश, कवला-अहार-सुवर्जित गरीश।
छाया-बिनु नख-कच बढ़ै नाहिं, उन्मेश टमक नहिं भ्रकुटि-नाहिं॥5॥
सुर-कृत दश-चार करों बखान, सब जीव-मित्रता-भाव जान।
कंटक-बिन दर्पणवत् सुभूमि, सब धान्य वृच्छ फल रहै झूमि॥6॥

षटरितु के फूल फले निहार, दिशि-निर्मल जिय आनंद-धार।
जहँ शीतल मंद सुगंध वाय, पद-पंकज-तल पंकज रचाय॥7॥
मलरहित-गगन सुर-जय-उचार, वरषा-गन्धोदक होत सार।
वर धर्मचक्र आगे चलाय, वसु-मंगलजुत यह सुर रचाय॥8॥
सिंहासन छत्र चमर सुहात, भामंडल-छवि वरनी न जात।
तरु उच्च-अशोकरु सुमनवृष्टि, धुनि-दिव्य और दुंदुभी मिष्ट॥9॥
दृग-ज्ञान-शर्म-वीरज अनंत, गुण-छियालीस इम तुम लहंत।
इन आदि अनंते सुगुनधार, वरणत गणपति नहिं लहत पार॥10॥
तब समवसरण-मँह इन्द्र आय, पद-पूजन वसुविधि दरब लाय।
अति-भगति सहित नाटक रचाय, ता थेई थेई थेई धुनि रही छाय॥11॥
पग नूपुर झननन झननाय, तननननन तननन तान गाय।
घननन नन नन घण्टा घनाय, छम छम छम छम घुंघरू बजाय॥12॥
दृम दृम दृम दृम दृम मुरज ध्वान, संसाग्रदि सरंगी सुर भरत तान।
झट झट झट अटपट नटन नाट, इत्यादि रच्यो अद्भुत सुठाट॥13॥
पुनि वंदि इंद्र सुनुति करंत, तुम हो जगमें जयवंत संत।
फिर तुम विहार करि धर्मवृष्टि, सब जोग-निरोध्यो परम-इष्ट॥14॥
सम्मेद-थकी तिय मुकति-थान, जय सिद्ध-सिरोमणि गुणनिधान।
'वृंदावन' वंदत बारबार, भवसागरतें मोहि तार तार॥15॥

(छन्द घत्तानंद)

जय अजित कृपाला, गुणमणिमाला, संजमशाला बोधपती।
वर सुजस उजाला, हीर हिमाला, ते अधिकाला स्वच्छ अती॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्य निर्वपामीति स्वाहा॥

(छन्द मदावलिप्तकपोल)

जो जन अजित जिनेश, जजैं हैं मन-वच-काई। ताको होय आनन्द, ज्ञान-सम्पति सुखदाई॥
पुत्र-मित्र धन-धान्य, सुजस त्रिभुवनमहँ छावे। सकल शत्रु क्षय जाय, अनुक्रमसों शिव पावै॥

॥पुष्पांजलिं क्षिपामि॥

इत्याशीर्वादि:

श्री संभावनाथ जिनपूजा

(छन्द मदावलिप्तकपोल)

जय संभव जिनचंद सदा हरिगन-चकोर-नुत। जयसेना जसु मातु जैति राजा जितारिसुत॥
तजि ग्रीवक लिय जन्म नगर-श्रावस्ती आई। सो भव-भंजन-हेत भगत पर होहु सहाई।1।

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननम्)।

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः (संस्थापनम्)।

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् (सन्निधिकरणम्)।

अष्टक

(छन्द चौबोला तथा अनेक रागों में गाया जाता है)

मुनिमन-सम उज्जवल-जल लेकर, कनक-कटोरी में धारा।
जनम-जरा-मृतु नाशकरन कों, तुम पदतर ढारों धारा॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

तपत-दाहकों कंदन-चंदन मलयागिरि को घसि लायो।
जगवंदन भौ-फंदन-खंदन, समरथ लखि शरनै आयौ ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥
ॐ ह्रीं श्री संभावनाथजिनेन्द्राय संसारताप-विनाशाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

देवजीर सुखदास कमल-वासित, सित सुन्दर अनियारे।
पुंज धरों जिन-चरनन आगे, लहौं अखयपद कों प्यारे ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥
ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

कमल केतकी बेल चमेली, चंपा जूही सुमन वरा।
तासों पूजत श्रीपति तुम पद, मदनबान विध्वंस करा ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥
ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

घेवर बावर मोदन मोदक, खाजा ताजा सरस बना।
तासों पद श्रीपति को पूजत, क्षुधारोग ततकाल हना ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥
ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

घट-पट-परकाशक भ्रमतम-नाशक, तुम-ढिंग ऐसो दीप धरों।
केवल-जोत उदोत होहु मोहि, यही सदा अरदास करों ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

अगर तगर कृष्णागर, श्रीखंडादिक चूर हुताशन में।
खेवत हों तुम चरन-जलज-ढिंग, कर्म छार जार ह्वै छन में ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

श्रीफल लौंग बदाम छुहारा, एला पिस्ता दाख रमैं।
लै फल प्रासुक पूजों तुम पद, देहु अखयपद नाथ हमैं ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु, दीप धूप फल अर्घ किया।
तुमको अरपों भाव भगतिधर, जै जै जै शिव-रमनि-पिया ॥
संभव-जिन के चरन-चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि-निधि ज्ञान-दरश-सुख-वीरज, निराबाध भविजन पावे॥

ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक-अर्घ्यावली (छन्द-हंसी मात्रा 15)

माता-गर्भविषैं जिन आय, फागुन-सित-आठैं सुखदाय।
सेयो सुरतिय छप्पन-वृंद, नानाविधि मैं जजौं जिनंद।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन-शुक्लाष्टम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

कार्तिक-सित-पूनम तिथि जान, तीन-ज्ञान-जुत जनम प्रमाण।
धरि गिरिराज जजैं सुरराज, तिन्हें जजों मैं निज-हित-काज।।

ॐ ह्रीं कार्तिक-शुक्लपूर्णिमायां जन्ममंगलमंडिताय श्रीसंभावनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मंगसिर-सित-पून्यू तप धार, सकल संग-तजि जिन अनगार।
ध्यानादिक-जल जीते कर्म चर्चौं चरण देहु शिव-शर्म।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्ष-पूर्णिमायां तपमंगलमंडिताय श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

कार्तिक-कलि तिथि चौथ महान्, घाति घात लिय केवलज्ञान।
समवसरनमहँ तिष्ठे देव तुरिय चिह्न चर्चौं वसु-भेव।।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्ण-चतुर्थीदिने ज्ञानमंगलमंडिताय श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

चैत-शुक्ल तिथि-षष्ठी घोख, गिरि-सम्मेदतैं लीनों मोख।
चार शतक धनु अवगाहना, जजौं तासु पद थुति कर घना।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ल-षष्ठयां मोक्ष मंगलमंडिताय श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

श्रीसंभव के गुन अगम, कहिन सकत सुरराज। मैं वशभक्तिसुधीठ ह्वै,
विनवों निज-हित-काज।1।

(छन्द मोतियादाम)

जिनेश महेश गुणेश गरिष्ट, सुरासुर-सेवित इष्ट वरिष्ट।
धरे वृष-चक्र करे अघ चूर, अतत्त्व छपातम-मर्द्दन सूर।2।
सुतत्त्व-प्रकाशन शासन शुद्ध, विवेक-विराग-बढ़ावन बुद्ध।
दया-तरु-तर्पन मेघ महान्, कुनय-गिरि-गंजन वज्र-समान।3।
सु गर्भ रु जन्म-महोत्सव माँहि, जगज्जन आनंदकंद लहाहिं।
सुपूरब साठहि लच्छ जु आय, कुमार चतुर्थम अंश रमाय।4।
चवालिस लाख सुपूरब एव, निकंटक राज कियो जिनदेव।
तजे कछु कारन पाय सु राज, धरे व्रत-संजम आतम-काज।5।
सुरेन्द्र नरेन्द्र दियो पयदान, धरे वन में निज-आतम-ध्यान।
किया चव-घातिय कर्म विनाश, लयो तब केवलज्ञान प्रकाश।6।
भई समवसृत ठाट अपार, खिरै धुनि झेलहिं श्री गणधार।
भने षट्द्रव्य-तने विस्तार, चहूँ अनुयोग अनेक प्रकार।7।
कहें पुनि त्रेपन भाव-विशेष, उभै विधि हैं उपशम्य जु भेष।
सुसम्यक्चारित्र भेद-स्वरूप, अबै इमि क्षायक नौ सु अनूप।8।

दृगौ बुधि सम्यक् चारित-दान, सुलाभ रु भोगुपभोग प्रमाण।
सु वीरज संजुत ए नव जान, अठार छयोपशम इमि मान।9।
मति श्रुति अवधि उभै विधि जान, मनःपर्यय चखु और प्रमान।
अचक्खु तथाविधि दान रु लाभ, सुभोगुपभोग रु वीरज-साम।10।
व्रताव्रत संजम और सु धार, धरे गुन सम्यक्-चारित सार।
भए वसु एक समापत येह, इकीश उदीक सुनो अब जेह।11।
चहुँगति चारि कषाय-तिवेद, छह लेश्या और अज्ञान विभेद।
असंजम-भाव लखो इस-माँहिं, असिद्धित और अतत्त कहाहिं।12।
भये इकबीस सुनो अब और, सुभेदत्रियं पारिणामिक ठौर।
सुजीवित भव्यत और अभव्व, तिरेपन एम भने जिन सव्व।13।
तिन्हो मँह केतक त्यागन जोग, कितेक गहेंतैं मिटैं भवरोग।
कह्यो इन आदि लह्यो फिर मोख, अनंत गुनातम मंडित चोख।14।
जजौं तुम पाय जपौं गुनसार, प्रभु हमको भव सागर तार।
गही शरणगत दीनदयाल, विलम्ब करो मति हे गुनमाल।15।

(घत्ता)

जै जै भवभंजन, जन-मनरंजन, दया-धुरंधर कुमतिहरा।
'वृंदावन' वंदत मन-आनन्दित, दीजै आतमज्ञान वरा।
ॐ ह्रीं श्री संभावनाथ जिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।16।

(छन्द अडिल्ल)

जो बाँचे यह पाठ सरस संभव-तनो। सो पावै धन-धान्य सरस सम्पति घनो।।
सकल-पाप क्षय जात सुयश जग में बढ़े। पूजत सुरपद होय अनुक्रम शिव चढ़े।।17।।
।।इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपामि।।

श्री अभिनंदननाथ-जिन पूजा

अभिनंदन आनंदकंद, सिद्धारथ-नंदन। संवरपिता दिनंद चंद, जिहिं आवत वंदन।।
नगर-अयोध्या जनम इन्द, नागेन्द्र जु ध्यावैं। तिन्हें जजन के हेत थापि, हम मंगल गावैं।1।

ॐ ह्रीं श्री अभिनंदन जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननम्)।
ॐ ह्रीं श्री अभिनंदन जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः (संस्थापनम्)।
ॐ ह्रीं श्री अभिनंदन जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधिकरणम्)।

(छन्द गीता, हरिगीता तथा रूपमाला)

पदम-द्रह-गत गंग-चंग, अभंग-धार सुधार है।
कनक-मणि-नगजड़ित झारी, द्वार धार निकार है।
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।

ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

शीतल चंदन, कदलि-नंदन, सुजल-संग घसायकैं।
हो सुगंध दशों दिशा में, भ्रमैं मधुकर आयकैं ।।
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।

ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

हीर-हिम-शशि-फेन-मुक्ता, सरिस तंदुल सेत हैं।
तास को ढ़िंग पुञ्ज धारों, अक्षय पद के हेत हैं ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्निर्वपामीति स्वाहा।3।

समर-सुभट निघटन कारन, सुमन सुमन-समान हैं।
सुरभितें जापैं करैं झंकार, मधुकर आन हैं ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

सरस ताजे नव्य गव्य, मनोज्ञ चितहर लेय जी।
छुधा छेदन छिमा-छितिपति, के चरन चरचेय जी ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

अतितमसु-मर्दन किरनवर, बोध-भानु-विकाश हैं।
तुम चरन-ढ़िंग दीपक धरों, मोहि होहु स्व-पर-प्रकाश हैं ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविध्वंसनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

भूर अगर कपूर चूर, सुगंध अगिनि जराय है।
सब करमकाष्ठ सु सुकाष्ठ में मिस, धूम धूम उड़ाय है ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

आम निंबु सदा फलादिक, पक्व पावन आन जी।
मोक्षफल के हेत पूजों, जोरिकैं जुगपान जी ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय मोक्ष फल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

अष्ट-द्रव्य संवारि सुन्दर, सुजस गाय रसाल ही।
नचत रचत जजों चरनजुग, नाय नाय सुभाल ही ॥
कलुषताप-निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद है।
पद-कंद 'वृंद' जजे प्रभू, भव-दंद-फंद निकंद है।
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदनजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंच कल्याणक-अर्घ्यावली (छन्द हरिपद)

शुकल-छट्ठ बैशाख-विषैं तजि, आये श्री जिनदेव।
सिद्धारथ माता के उरमें, करे सची शुचि सेव।।
रतन-वृष्टि आदिक वर-मंगल, होत अनेक प्रकार।
ऐसे गुननिधि कौं मैं पूजौं, ध्यावों बारम्बार।।

ॐ ह्रीं बैशाखशुक्ल-षष्ठीदिनेगर्भमंगल-मंडिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

माघ-शुकल-तिथि-द्वादशि के दिन, तीन-लोक-हितकार।
अभिनंदन आनंदकंद तुम, लीन्हों जग-अवतार।।
एक महूरत नरकमाँहि हू, पायो सब जिय चैन।
कनक-वरन कपि-चिह्न-धरन, पद जजों तुम्हें दिन रैन।।

ॐ ह्रीं माघशुक्ल-द्वादश्यां जन्म मंगल-मंडिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

साढ़े-छत्तिस-लाख सु-पूरब, राजभोग वर भोग।
कछु कारन लखि माघ-शुकल-द्वादशि को धार्यो जोग।।
षष्टम नियम समापति करि लिय, इंद्रदत्त-घर छीर।
जय-धुनि पुष्प-रतन-गंधोदक-वृष्टि सुगंध-समीर।।

ॐ ह्रीं माघशुक्ल-द्वादश्यां दीक्षाकल्याणक-प्राप्ताय श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

पौष-शुक्ल-चौदशि को घाते, घातिकरम दुःखदाय।
उपजायो वरबोध जास को, केवल नाम कहाय।।
समवसरन लहि बोधि-धरम कहि, भव्य जीव-सुखकंद।
मोकों भवसागरतैं तारों, जय जय जय अभिनंद।।

ॐ ह्रीं पौषशुक्ल-चतुर्दश्यां केवलज्ञान-प्राप्ताय श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

जोग निरोध अघाति-घाति लहि, गिरसमेदतें मोख।
मास सकल-सुखरास कहे, बैशाख-शुकल-छठ चोख।।
चतुर-निकाय आय तित कीनो, भगत-भाव उमगाय।
हम पूजतैं इत अरघ लेय जिमि, विघन-सघन मिट जाय।।

ॐ ह्रीं बैशाखशुक्ल-षष्ठीदिने मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला

(दोहा)

तुंग सु तन धनु-तीनसौ, औ पचास सुखधाम।
कनक-वरन अवलोकिकें, पुनि-पुनि करूँ प्रणाम।1।

(छन्द लक्ष्मीधरा)

सच्चिदानंद सद्ज्ञान सद्दर्शनी, सत्स्वरूपा लई सत्सुधा-सर्सनी।
सर्व-आनंदकंदा महादेवता, जास पादाब्ज सेवैं सबैं देवता।2।

गर्भ औ' जन्म निःकर्मकल्यान में, सत्त्व को शर्म पूरे सबै थान में।
वंश-इक्ष्वाकु में आप ऐसे भये, ज्यों निशा-सर्द में इन्दु स्वेच्छै ठये।3।

(लक्ष्मीवती छन्द)

होत वैराग्य लौकांत-सुर बोधियो, फेरि शिविकासु चढ़ि गहन निज सोधियो।
घाति चौघातिया ज्ञान केवल भयो, समवसरनादि धनदेव तब निरमयो।4।
एक है इन्द्र नीली-शिला रत्न की, गोल साढ़ेदशै जोजने रत्न की।
चारदिश पैड़िका बीस हज्जार है, रत्न के चूर का कोट निरधार है।5।
कोट चहुँओर चहुँद्वार तोरन खँचे, तास आगे चहूँ मानथंभा रचे।
मान मानी तजैं जास ढिंग जायके, नम्रता धार सेवें तुम्हें आयके।6।

(छन्द लक्ष्मीधरा)

बिंब सिंहासनों पै जहाँ सोहहीं, इन्द्र—नागेन्द्र केते मने मोहहीं।
वापिका वारिसों जत्र सोहै भरीं, जास में न्हात ही पाप जावै टरी।7।
तास आगें भरी खातिका वारिसों, हंस सूआदि पंखी रमैं प्यारसों।
पुष्प की वाटिका बागवृक्षें जहाँ, फूल और फलें सर्व ही है तहाँ।8।
कोट सौवर्ण का तासु आगे खड़ा, चार दर्वाज चौ' ओर रत्न जड़ा।
चार उद्यान चारों दिशा में गना, है धुजा-पंक्ति और नाट्यशाला बना।9।
तासु आगें त्रितीकोट रूपामयी, तूप नौ जासु चारों दिशा में ठयी।
धाम सिद्धांत-धारीन के हैं जहाँ, औ' सभाभूमि है भव्य तिष्ठें तहाँ।10।
तास आगें रची गंधकूटी महा, तीन है कट्टिनी सार-शोभा लहा।
एक पै तौ निधैं ही धरी ख्यात हैं, भव्यप्राणी तहाँ लौं सबैं जात हैं।11।
दूसरी पीठ पै चक्रधारी गमै, तीसरे प्रातिहार लशै भाग में।
तास पै वेदिका चार थंभान की, है बनी सर्वकल्यान के खान की।12।

तासु पै हैं सुसिंघासनं भासनं, जासु पै पद्म प्राफुल्ल है आसनं।
तासु पै अंतरीक्षं विराजै सही, तीन-छत्रे फिरें शीस रत्ने यही।13।
वृक्ष शोकापहारी अशोकं लसै, दुंदुभी नाद औ' पुष्प खंते खसै।
देह की ज्योति सो मंडलाकार है, सात भौ भव्य तामें लखै सार है।14।
दिव्यवानी खिरै सर्वशंका हरै, श्रीगनाधीश झेलैं सुशक्ती धरैं।
धर्मचक्री तुम्ही कर्मचक्री हने, सर्वशक्री नमें मोदधारें घने।15।
भव्य कौ बोधि सम्मेदतैं शिव गये, तत्र इन्द्रादि पूजै सुभक्तिमये।
हे कृपासिंधु मोपै कृपा धारिये, घोर संसारसों शीघ्र मो तारिये।16।
जय जय अभिनंदा आनंदकंदा, भवसमुद्र वर पोत इवा।

घत्ता

भ्रम-तम शतखंडा, भानुप्रचंडा, तारि तारि जगरैन दिवा।17।

ॐ ह्रीं श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

(छन्द कवित्त)

श्री अभिनंदन पापनिकंदन, तिनपद जो भवि जजै सुधार।
ताके पुन्य-भानु वर उग्गे, दुरित-तिमिर फाटै दुःखकार।।
पुत्र-मित्र धन-धान्य कमल यह, विकसै सुखद जगतहित प्यार।
कछुक-काल में सो शिव पावै, पढ़ै-सुने जिन जजै निहार।18।

।।इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपामि।।

श्री सुमतिनाथ-जिन पूजा

(कवित्त रूपक मात्रा 31)

संजम-रतन-विभूषन-भूषित, दूषन-वर्जित श्री जिनचंद।
सुमति-रमा-रंजन भव-भंजन, संजयंत-तजि मेरु-नरिंद।।
मातु-मंगला सकल मंगला, नगर विनीता जये अमंद।
सो प्रभु दया-सुधारस गर्भित, आय तिष्ठ इत हरि दुःख दंद ।1।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः संस्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्सन्निधिकरणम्।

(छन्द कवित्त तथा कुसुमलता)

पंचम-उदधितनों सम उज्जवल, जल लीनों वर-गंध मिलाय।
कनक-कटोरी माँहिं धारिकरि, धार देहु सुचि मन-वच-काय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

मलयागिर घनसार घसौं वर, केशर अर करपूर मिलाय।
भव-तप-हरन चरन पर वारों, जनम-जरा-मृत ताप पलाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय भवताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

शशि-सम उज्जवल सहित गंधतल, दोनों अनी शुद्ध सुखदास।
सौ लै अखय-संपदा-कारन, पुञ्ज धरौं तुम चरणन पास।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

कमल केतकी बेल चमेली, करना अरु गुलाब महकाय।
सो ले समर-शूल छय-कारण, जजौं रन अति-प्रीति लगाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय काम-बाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

नव्य गव्य पकवान बनाऊँ, सुरस देखि दृग-मन ललचाय।
सौ लै छुधा-रोग छय-कारण, धरौं चरण-ढिंग मन हरषाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

रतन-जड़ित अथवा घृत-पूरित, वा कपूरमय-जोति जगाय।
दीप धरौं तुम चरनन आगे, जातैं केवलज्ञान लहाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विध्वंसनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

अगर तगर कृष्णागरु चंदन, चूरि अगिनि में देत जराय।
अष्ट-करम ये दुष्ट जरतु हैं, धूम धूम यह तासु उड़ाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

श्रीफल मातुलिंग वर दाड़िम, आम निंबु फल-प्रासुक लाय।
मोक्ष-महाफल चाखन-कारन, पूजत हौं तुमरे जुग पाय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु दीप धूप फल सकल मिलाय।
नाचि नाचि सिरनाय समरचौं, जय-जय-जय-जय जिनराय।।
हरि-हर-वंदित पाप-निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद-पद्म सद्म-शिवदायक, जजत मुदित-मन उदित सुभाय।।
ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक-अर्घ्यावली

(रूप चौपाई)

संजयंत तजि गरभ पधारें, सावन-सेत-दुतिय सुखकारे।
रहे अलिप्त मुकुर जिमि धाया, जजों चरन जय-जय जिनराया।।
ॐ ह्रीं श्रावणशुक्ल-द्वितीयादिने गर्भमंगल-मंडिताय श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

चैत-शुकल-ग्यारस कहँ जानों, जनमें सुमति सहित त्रय-ज्ञानों।
मानों धरयो धरम-अवतारा, जजौं चरन-जुग अष्ट-प्रकारा।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

चैत-शुकल-ग्यारस तिथि भाखा, ता दिन तप-धरि निजरस चाखा।
पारन पद्म-सद्म पय कीनों, जजत चरन हम समता भीनों।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां तपोमंगल- मंडिताय श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

चैत- शुकल-एकादशि हाने, घाति सकल जे जुगपति जाने।
समवसरन-मँह कहि वृषसारं, जजहुँ अनंत-चतुष्टयधारं।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां ज्ञानसाम्राज्य-प्राप्ताय श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

चैत-सुकल-ग्यारस निरवानं, गिरि-समेदतैं त्रिभुवन मानं।
गुन-अनंत निज निरमलधारी, जजौं देव सुधि लेहु हमारी।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

सुमति तीन सौ छत्तीसों, सुमति-भेद दरसाय। सुमति देहु विनती करों, सुमति विलम्ब कराय।।
दयाबेलि तहँ सुगुन-निधि, भविकमोद-गण-चंद। सुमति-सतापति
सुनतिकों, ध्यावों धरि आनंद।

पंच-परावरतन-हरन, पंच-सुमति सित देन। पंच-लब्धिदातार के, गुन गाऊँ दिनरैन।।

(छन्द भुजंगप्रयात)

पिता मेघराजा सबै सिद्ध काजा, जपै नाम जाकौ सबै दुःख भाजा।
महासूर इक्ष्वाकु वंशी विराजै, गुण-ग्राम जाको सबै ठौर छाजै।।
तिन्हों के महापुण्यसों आप जाये, तिहुँ लोक में जीव आनंद पाये।
सुनासीर ताही धरी मेरु धायो, क्रिया जन्म की सर्व कीनी यथा यो।।
बहुरि तात कों सौंपि संगीत कीनों, नमें हाथ जोरें भलो भक्ति भीनों।
बिताई दशै लाख ही पूर्व बालै, प्रजा लाख उन्तीस ही पूर्व पालै।।
कछु हेतुतैं भावना बार भाये, तहां ब्रह्म लौकांत के देव आये।
गये बोधि ताही समै इन्द्र आयो, धरे पालकी में सु उद्यान ल्यायो।।
नमैं सिद्ध को केशलोंचे सबै ही, धर्यो ध्यान शुद्ध जु घाती हने ही।
लह्यो केवलं औ समोसर्ण साजं, गणाधीश जू एकसौ सोल राजं।।
खिरैं शब्द तामैं छहों द्रव्य धारें, गुनौ पर्जय उत्पाद व्यय ध्रौव्य सारे।
तथा कर्म आठों तनी थित्ति गाजं, मिलै जासु के नाशतैं मोच्छराजं।।
धरै मोहिनी सत्तरं कोड़कोड़ी, सरित्पत्प्रमाणं थिति दीर्घ जोड़ी।
अवधिज्ञान दृग्वेदनी अंतरायं, धरैं तीस कोड़ाकोड़ी सिंधुकायं।।
तथा नामगोतं कुड़ाकोड़ि बीसं, समुद्रप्रमाणं धरैं सत्तईसं।
सु तैंतीस अब्धि धरें आयु अब्धि, कहे सर्व कर्मोतनी वृद्ध लब्धि।।

जघन्य प्रकारैं धरैं भेद ये ही, मुहूर्त वसू नामगोतं गने ही।
तथा ज्ञान दृग्मोह प्रत्यूह आयं, सुअन्तर्मुहूर्तं धरैं थित्ति गायं।।
तथा वेदनी बारहे ही मुहूर्तं, धरैं थित्ति ऐसे भन्यो न्याय जुत्तं।
इन्हैं आदि तत्त्वार्थ भाख्यो अशेषा, लह्यो फेरि निर्वाण माहीं प्रवेशा।।
अनन्तं महन्तं सुसन्तं सुतन्तं, अमन्दं अफन्दं अनन्दं अभन्तं।
अलक्षं विलक्षं सुलक्षं सुदक्षं, अनक्षं अवक्षं अभक्षं अतक्षं।।
अवर्णं अघर्णं अमर्णं अकर्णं, अभर्णं अतर्णं अशर्णं सुशर्णं।
अनेकं सदेकं चिदेकं विवेकं, अखण्डं सुमण्डं प्रचण्डं तदेकं।।
सुपर्मं सुधर्मं सुशर्मं अकर्मं, अनन्तं गुनाराम जैवन्त धर्मं।
नमैं दास 'वृंदावन' शर्न आई, सबै दुःखतैं मोहि लीजै छुड़ाई।।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तुव सुगुन अनन्ता, ध्यावत संता, भ्रमतम भंजन मार्तंडा।
सतमतकर चंडा भविकज मंडा, कुमति कुवलइन गन हंडा।।

।।इत्याशीर्वादः शांतये त्रय शांतिधारा।।

।।पुष्पांजलि क्षिपामि।।

श्री पद्मप्रभ-जिन पूजा

(छन्द रोड़क मदावलिप्तकपोल)

पदम-राग-मनि-वरन-धरन, तन-तुंग अढ़ाई। शतक दंड अघ-खंड, सकल-सुर सेवत आई।।
धरनि तात विख्यात, सुसीमा जू के नंदन। पदम-चरन धरि राग, सु थापों इत करि वंदन।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननम्)।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः (संस्थापनम्)।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् (सन्निधिकरणम्)।

(चाल होली की, ताल जत्त)

पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।टेक।
गंगाजल अतिप्रसुक लीनों, सौरभ सकल मिलाय।
मन-वच-तन त्रय-धार देत ही, जनम-जरा-मृत जाय।
पूजौं भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजौं भावसों।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागि र कपूर चन्दन घसि, केशर संग मिलाय।
भवतापहरन चरन पर वारौं, मिथ्याताप मिटाय ।।
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय संसारताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल उज्जवल गन्ध अनी जुत, कनक थाल भर लाय।
पुंज धरौं तुम चरनन आगैं, मोहि अखय पद दाय ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पारिजात मन्दार कल्पतरु, जनित सुमन शुचि लाय।
समरशूल निरमूल करन कौं, तुम पद-पद्म चढ़ाय ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय काम-बाण विध्वंसाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर बावर आदि मनोहर, सद्य सजे शुचि भाय।
क्षुधा रोग निरवारन कारन, जजौं हरष उर लाय ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक ज्योति जगाय ललित वर, घूम रहित अभिराम।
तिमिर मोह नाशन के कारन, जजौं चरण गुणधाम ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विध्वंसनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागर मलयागि र चन्दन, चूरि सुगन्ध बनाय।
अग्नि मांहि जारों तुम आगैं, अष्ट करम करि जाय ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस वरन रसना मन भावन, पावन फल अधिकार।
तासौं पूजों जुगम चरन यह, विघन करम निरवार ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आदि मिलाय गाय गुण, भगति भाव उमगाय।
जजौं तुम्हें शिव तिय वर जिनवर, आवागमन मिटाय ॥
पूजों भावसों, श्री पदमनाथ-पद सार, पूजों भावसों।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ्य (छन्द द्रुतविलम्बित तथा सुन्दरी मात्रा 16)
असित माघ सु छट्ठ बखानिये, गरभ मंगल ता दिन मानिये।
उरध ग्रीवकसौं चय राज जी, जजत इन्द्र जजैं हम आज जी॥
ॐ ह्रीं माघ कृष्णा षष्ठी दिने गर्भावतरणमंगल-प्राप्ताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सुकल कार्तिक तेरस कों जये, त्रिजग जीव सु आनन्द कों लये।
नगर स्वर्गसमान कुसम्बिका, जजतु हैं हरिसंजुत अम्बिका॥
ॐ ह्रीं कार्तिक-शुक्ला त्रयोदश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सुकल तेरस कार्तिक भावनो, तप धर्यो वन षष्टम पावनो।
करत आतम ध्यान धुरन्धरो, जजत हैं हम पाप सबैं हरो॥
ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्ला त्रयोदश्यां तपोमंगल-मंडिताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सुकल पूनम चैत सुहावनी, परम केवल सो दिन पावनी।
सुर सुरेश नरेश जजैं तहाँ, हम जजैं पद पंकज को इहां।।

ॐ ह्रीं चैत्र शुक्ला पूर्णिमायां केवलज्ञान-प्राप्ताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

असित फागुन चौथ सु जानियो, सकल कर्म महा रिपु हानियो।
गिरि समेदथकी शिव को गये, हम जजैं पद ध्यान विषैं लये।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णाचतुर्थी दिने मोक्षकल्याणक-प्राप्ताय श्रीसंभावनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जाप मंत्र (पुष्प से 9, 27 या 108 बार निम्न दो मंत्रों में से किसी एक मंत्र का जाप करें)

ॐ ह्रीं सरस्वती, लक्ष्मी, सर्वाण्हयक्ष, सनत्कुमारयक्ष, अष्टप्रातिहार्य, अष्टमंगलद्रव्य, कुसुमवर-यक्ष, मनोवेगायक्षी, पंचदशतिथिदेवता, नवग्रहदेवता, पंचक्षेत्रपालादि सचित्ताचित्तमिश्र परिकर-सहिताय शतेन्द्रपूजिताय श्रीपद्मप्रभु जिनेन्द्राय नमः मम ऋद्धिं वृद्धिं सौख्यं कुरु कुरु स्वाहा।

ॐ ह्रीं कुसुमवरयक्ष, मनोवेगायक्षी आदि सचित्त अचित्त मिश्र परिकरसहिताय श्रीपद्मप्रभु जिनेन्द्राय नमः मम ऋद्धिं वृद्धिं सौख्यं कुरु कुरु स्वाहा।

जयमाला (घत्ता)

जय पद्म जिनेशा, शिव सद्मेशा, पाद पद्म जजि पद्मेशा।
जय भव तम भंजन, मुनि मन कंजन, रंजन को दिवसाधेशा।।

(छन्द रूप चौपाई 16 मात्रा)

जय जय जिन भवि जन हितकारी, जय जय जिन भवसागरतारी।
जय जय समवसरण धन धारी, जय जय वीतराग हितकारी।।
जय तुम सप्त तत्त्व विधि भाख्यौ, जय जय नव पदार्थ लखि आख्यो।
जय षट द्रव्य पंचजुत काया, जय सब भेद सहित दरशाया।
जय गुणथान जीव परमानों, जय पहिले अनन्त जिय जानो।।
जय दूजे सासादन माहीं, तेरह कोड़ि जीव थिति आंही।।
जय तीजे मिश्रित गुणथाने, चार जीव सु बावन कोड़ि प्रमाने।
जय चौथे अविरति गुण जीवा, चार अधिक शतकोड़ि सदीवा।।
जय जिय देशवि रत में शेषा, तेरह कोड़ि सातसौ हैं थिति वेशा।
जय प्रमत्त षट शुन्य दोय वसु, पांच तीन नव पांच जीव लसु।।
जय जय अपरमत्त गुन कोरं, लच्छ छयानवै सहस बहोरं।
निन्यानवे एकशत तीना, एते मुनि तित रहहिं प्रवीना।।
जय जय अष्टम में दुई धारा, आठ शतक सत्तानों सारा।
उपशम में दुइसो निन्यानों, क्षपक मांहि तसु दूने जानों।।
जय इतने इतने हितकारी, नवें दशें जुग श्रेणी धारी।
जय ग्यारे उपशम मग गामी, दौसे निन्यानौं अघगामी।।
जय जय खीणमोह गुणथानों, मुनि शत पांच अधिक अट्ठानों।
जय जय तेरह में अरहंता, जुग नभ पन वसु नव वसु तंता।।

एते राजतु हैं चतुरानन, हम वन्दैं पद थुतिकरि आनन।
जय अजोग गुण में जे देवा, पनसौ ठानों करों सु सेवा।।
तित तिथि अ इ उ ऋ लृ लघु भाषत, करि थिति फिरि शिव आनन्द चाखत।
ए उतकृष्ट सकल गुणथानी, तथा जघन मध्यम जे प्राणी।।
तीनों लोक सदन के वासी, पुन परजाय भेद परकाशी।
तथा और द्रव्यन के जेते, गुण परजाय भेद हैं तेते।।
तीनों काल तने जु अनन्ता, सो तुम जानत जुगपत सन्ता।
सोई दिव्य वचन के द्वारे, दे उपदेश भविक उद्धारे।।
फेरि अचल थल वासा कीनों, गुण अनन्त निज आनन्द भीनों।
चरम देह तैं किंचित ऊनो, नर आकृति तित हैं नित गूनों।।
जय जय सिद्ध देव हितकारी, बार बार यह अरज हमारी।
मोकौं दुःख सागर तैं काढ़ो, 'वृन्दावन' जाँचतु हैं ठाढ़ो।।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जय जय जिनचंदा पद्मानन्दा, परम सुमति पद्माधारी।
जय जन हितकारी, दया विचारी, जय जय जिनवर अधिकारी।।

।।इत्याशीर्वादः शांतये त्रय शांतिधारा।।

।।पुष्पांजलि क्षिपामि।।

श्री सुपार्श्वनाथजिन-पूजा

छन्द हरिगीता तथा गीता

जस-जस जिनिंद गनिंद इन्द, नरिंद गुन-चिंतन करें।
तन हरी-हर मनसम हरत मन, लखत उर-आनन्द भरें।।
नृप सुपरतिष्ठ वरिष्ठ इष्ट, महिष्ठ शिष्ठ पृथी-प्रिया।
तिन नन्दके पद-वन्द वृन्द, अमंद थापतु जुतक्रिया।।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
उज्ज्वल-जल शुचि-गंध मिलाय, कंचनझारी भरकर लाय।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

मलयागिरचंदन घसि सार, लीनो भवतप भंजनहार।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

देवजीर सुखदास अखंड उज्ज्वल जल-क्षालित सित मंड।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।

प्रासुक सुमन सुगंधित सर, गुंजत अलि मकरध्वजहार।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।

छुधाहरण नेवज वर लाय, हरों वेदनी तुम्हें चढ़ाय।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

ज्वलित दीप भरकरि नवनीत, तुम ढिग धारतु हों जगमीत।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

दशविधि गन्ध हुताशन माहिं, खेवत क्रूर-करम जरि जाहिं।।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-*दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।*

श्रीफल केला आदि अनूप, ले तुम अग्र धरो शिवभूप।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षमहाफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

आठों दरब साजि गुनगाय, नाचत राचत भगति बढ़ाय।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो।।
तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

पंचकल्याणक - छन्द द्रुतविलम्बित तथा सुन्दरी
सुकल भादव छट्ठ सुजानिये, गरभमंगल ता दिन मानिये।
करत सेव शची रचि मात की, अरघ लेय जजों वसु-भांति की।।
ॐ ह्रीं भाद्रपदशुक्ला-षष्ठ्या गर्भमंगल-प्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

सुकल जेठ दुवादिशि जन्मने, सकल जीव सु आनन्द तन्मये।
त्रिदशराज जजें गिरिराजजी, हम जजैं पद मंगल साजजी।।
ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्ला-द्वादश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

जनमके तिथि श्रीधर ने धरी, तप समस्त प्रमादन को हरी।
नृपमहेन्द्र दियो पय भावसो, हम जजें इत श्रीपद चावसों।।
ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्ला-द्वादश्यां निष्क्रमणकल्याण-प्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

भ्रमर फागुन छट्ठ सुहावनो, परम केवल ज्ञान लहावनो।
समवसर्न विषै वृष भाखियो, हम जजें पद आनन्द चाखि यो।।
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-षष्ठ्यां ज्ञानसाम्राज्य-प्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

असित फागुन सातय पावनों, सकल कर्म कियो क्षय भावनो।
गिरिसमेद थकी शिव जातु हैं, जजत हि सब विघ्न विलातु हैं।।
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-सप्तम्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

तुंग अंग धनु दोय-सौ, शोभा सागरचन्द। मिथ्या-तपहर सुगुनकर, जय सुपास सुखकंद।1।

छन्द कामिनी मोहन

जयति जिनराज शिवराज हितहेत हो, परमवैराग आनन्द भरि देत हो।
गर्भ के पूर्व षट्मास धनदेव ने, नगर निरमापि वाराणसी सेवने।2।
गगनसों रतन की धार बहु वर्ष हीं, कोड़ि क्षय अर्द्ध त्रैवार सब हर्षहीं।
तातके सदन गुनवदन रचन रची, मातुकी सर्वविधि करत सेवा शची।3।
भयो जब जनम तब इन्द्र-आसन चल्यो, होय चकित तुरित अवधितैं लखि भल्यो।

सप्त पग जाय शिर नाय वन्दन करी चलन उमग्यो तबैं मानि धनि धनि घरी।4।
सात विधि सैन गज वृषभ रथ बाज ले, गन्धरव नृत्यकारी सबै साज ले।
गलित-मद-गण्ड ऐरावती साजियो, लच्छ-जोजन सुतन वदन सत राजियो।5।
वदन वसु-दन्त प्रति-दन्त सरवन भरे, तासु-मधि शतक पनबीस कमलिनि खरे।
कमलिनी मध्य पनवीस फूले कमल, कमलप्रति कमलमँह एकसौ-आठ दल।6।
सर्वदल कोड़-शत-वीस परमान जू, तासुपर अपछरा नचहिं जुतमान जू।
ततता ततता वितता ताथ ई, धृगतता धृगतता धृगतता में लई।7।
धरत पग सनन नन सनन नन गगन में, नुपुरें झनन नन झनन नन पगन में।
नचत इत्यादि कई भाँति सों मगन में, केइ तित बजत बाजे मधुर पगन में।8।
केइ दृम दृम सुदृम दृम मृदंगनि धुनै, केइ झल्लरि झननन झंननन झंझनै।
केइ संसागृदि संसागृदि सारगि सुर, केइ बीना पटह बंसि बाजें मधुर।9।
केइ तननन तननन ताने पुरै, शुद्ध उच्चारि सुर केई पाठैं फुरै।
केइ झुकि-झुकि फिरे चक्र-सी भामनी, धृगततां धृगततां परम-शोभा बनीं।10।
केइ छिन निकट छिन दूर छिन थूल-लघु धरत वैक्रियक परभावसों तन सुभगु।
केई करताल-करताल तल में धुनें, तत वितत घन सुषिरि जात बाजें मुनै।11।।
इन्हें आदिक सकल साज संग धारिके, आय पुर तीन फेरी करी प्यार कैं।
सचिय तब जाय परसूत-थल मोदमें, मातु करि नींद लीनों तुम्हें गोद में।12।
आन-गिरवान नाथहिं दियो हाथ में, छत्र अर चमर वर हरि करत माथ में।
चढ़े गजराज जिनराज गुन जापियो, जाय गिरिराज पांडुकशिला थापियो।13।
लेय पंचम उदधि-उदक कर-कर सुरनि, सुरन कलशनि भेर सहित चर्चित पुरनि।
सहस अरु आठ शिर कलश ढारे जबैं, अघघ घघ घघघ घघा भभभ भभ भौ तबैं।14।
धधध धध धधध धध धुनि मधुर होत है, भव्य जन हंसके हरस उद्योत है।
भयो इमि न्हौन तब सकल गुन रंग में, पोछि श्रृंगार कीनों शची अंग में।15।

आनि पितुसदन शिशु सौंपि हरि थल गयो, बालवय तरुन लहि राजसुख भोगि यो।
भोग तज जोग गहि, चार अरि को हने, धारि केवल परम धरम दुइविधि भने।16।
नाशि अरि शेष शिवथानवासी भये, ज्ञानदृग शर्म वीरज अनन्ते लये।
सो जगतराज यह अरज उर धारियो, धरमके नन्दको भव उदधि तारियो ।17।

(घत्ता)

जय करुणाधारी, शिवहितकारी तारन तरन जिहाजा हो।
सेवत नित वन्दे मनआनंदे, भवभय मेटन काजा हो।18।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामति स्वाहा।।
श्रीसुपार्श्व पदजुगल जो, जजे पढ़े यह पाठ। अनुमोदे सो चतुर नर, आनन्द ठाठ।।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री चन्द्रप्रभ जिनपूजन

छप्पय

चारु चरन आचरन, चरन चितहरन चिह्नचर, चन्द चन्दतन चरित, चंद-थल चहत चतुर नर।
चतुक चण्ड चकचूरि, चारि चिद्चक्र गुनाकर, चंचल चलित सुरेश, चूलनुत चक्र धनुरधर॥
चर-अचर-हितू तारन-तरन, सुनत चहकि चिरनंद शुचि।
जिनचंदचरन चरच्यो चहत, चित-चकोर नचि रच्चि रुचि॥

दोहा

धनुष डेढ सौ तुंग तन, महासेन नृपनन्द। मातु लछमना उर जये, थापों चन्द-जिनन्द॥

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्) (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

गंगा ह्रद निरमल नीर, हाटक भृंगभरा, तुम चरन जजों वर वीर, मेटो जनम जरा।
श्री चंदनाथ दुतिचंद, चरनन चंद लगै, मन वचतन जजत अमंद, आतम जोति जगै॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड कपूर सुचंग, केशर रंगभरी। घसि प्रासुक जल के संग, भव आताप हरी॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मनवचतन जजत अमंद, आतम जोति जगै॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल सित सोम समान सम लय अनियारे। दिय पुंज मनोहर आन तुम पदतर प्यारे॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय *अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।*

सुरद्रुम के सुमन सुरंग, गंधित अलि आवै। तासों पद पूजत चंग, काम विथा जावै ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा ।

नेवज नाना परकार, इन्द्रिय बलकारी । सो लै पद पूजों सार, आकुलताहारी ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

तम भंजन दीप संवार, तुम ढिंग धारतु हों। मम तिमिर मोह निरवार, यह गुन धारतु हों ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोहान्धकारविध्वंसनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

दश गंध हुताशन माँहिं, हे प्रभु खेवतु हों । मम करम दुष्ट जरि जाहिं, यातैं सेवतु हों ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

अति उत्तम फल सु मंगाय, तुम गुन गावतु हों । पूजों तन मन हरषाय, विघन नशावतु हों ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।

सजि आठों दरब पुनीत, आठों अंग नमों । पूजों अष्टम जिन मीत, अष्टम अवनि गमों ॥
श्री चंदनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगै, मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंचकल्याणक छन्द तोटक (वर्ण १२)

कलि पंचम चैत सुहात अली, गरभागम मंगल मोद भली ।
हरि हर्षित पूजत मातु पिता, हम ध्यावत पावत शर्म सिता ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णपञ्चम्यां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

कलि पौषइकादशि जन्म लयो,तब लोकविषै सुख थोक भयो।
सुरईश जजें गिरशीश तबै, हम पूजत हैं नुत शीश अबै ॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां जन्मकल्याणकप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

तप दुद्धर श्रीधर आप धरा, कलि पौष इग्यारसि पर्व वरा ।
निज ध्यानविषैं लवलीन भये, धनि सो दिन पूजत विघ्नगये ॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां तप:मंगलमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

वर केवलभानु उद्योत कियो, तिहुँ लोक तणों भ्रम मेट दियो ।
कलि फाल्गुन सप्तमी इन्द्र जजे, हम पूजहिं सर्व कलंक भजे ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तम्यां केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

सित फाल्गुन सप्तमि मुक्त गये, गुणवन्त अनन्त अबोध भये ।
हरि आय जजें तित मोद धरे, हम पूजत ही सब पाप हरे ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्लसप्तम्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

हे मृगांक-अंकितचरण, तुम गुण अगम अपार। गणधर से नहिं पार लहिं, तौ को वरनत सार॥
पै तुम भगति हिये मम, प्रेरे अति उमगाय। तातैं गाऊँ सुगुण तुम, तुम ही होउ सहाय॥

पद्धरिछन्द

जय चन्द्र जिनेन्द्र दया-निधान, भवकानन हानन दैवप्रमान।
जय गरभ जनम मंगल विनद, भवि जीव विकासन शर्म कन्द ॥१॥
दश लक्ष पूर्व की आयु पाय, मन वांछित सुख भोगे जिनाय।
लखि कारण ह्वै जग तैं उदास, चित्यो अनुप्रेक्षा सुख निवास ॥२॥
तित लौकांतिक बोध्यो नियोग, हरि शिविका सजि धरियो अभोग।
तापै तुम चढि जिनचन्दराय, ता छिन की शोभा को कहाय ॥३॥
जिन अंग सेत सित चरम ढार, सित छत्र शीस गल-गुलक हार।
सित रतनजड़ित भूषि विचित्र, सित चन्द्र-चरण चरचैं पवित्र ॥४॥
सित तन-द्युति नाकाधीश आप, सित शिविका कांधें धरि सुचाप।
सित सुजस सुरेश नरेश सर्व, सित चित में चिन्तत जात पर्व ॥५॥
सित चन्द-नगरतैं निकसि नाथ, सित वन में पहुँचे सकल साथ।
सित सिला शिरोमणि स्वच्छ छांह, सित तप तित धारौ तुम जिनांह ॥६॥
सित पय को पारण परम सार, सित चन्द्रदत्त दीनों उदार।
सित कर में सो पयधार देत, मानो बॉधत भवसिन्धु सेत ॥७॥
मानो सुपुण्यधारा प्रतच्छ, तित अचरज पन सुर किय ततच्छ।
फिर जाय गहन सित तप करंत, सित केवलज्योति जग्यो अनन्त॥
लहि समवसरण रचना महान, जाके देखत सब पापहान।
जहं तरु अशोक शौभै उत्तंग, सब शोकतनो चूरै प्रसंग ॥९॥
सुर सुमनवृष्टि नभतैं सुहात, मनु मन्मथ तज हथियार जात।

बानी जिन मुखसौं खिरत सार, मनु तत्त्व प्रकाशन मुकुरधार ॥१० ॥
जहँ चौसठ चमर अमर ढुरंत, मनु सुजसमेघ झरि लगि पतंत ।
सिंहासन है जहँ कमल जुक्त, ननु शिवसरवर को कमलशुक्त ॥११॥
दुंदुभि जित बाजत मधुर सार, मनु करम जीत को है नगार ।
सिर छत्र फिरै त्रय श्वेतवर्ण, मनु रतन तीन त्रय ताप हर्ण ॥१२ ॥
तन प्रभातनों मण्डल सुहात, भवि देखत निज भव सात सात ।
मनु दर्पण द्युति यह जगमगाय, भविजन भव मुख देखत सुआय ॥१३ ॥
इत्यादि विभूति अनेक जान, बाहिज दीखत महिमा महान ।
ताको वरणत नहिं लहत पार, तौ अन्तरंग को कहै सार ॥१४ ॥
अनअन्त गुणनि-जुत करि विहार, धरमोपदेश दे भव्य तार ।
फिर जोगनिरोधि अघाति हान, सम्मेद थकी लिय मुक्तिथान ॥॥
'वृन्दावन' वन्दत शीश नाय, तुम जानत हो मम उर जु भाय ।
तातैं का कहों सु बार-बार, मन वांछित कारज सार-सार ॥१६ ॥

घत्तानन्द

जय चन्द-जिनंदा आनंदकंदा, भव-भय-भंजन राजै हैं ।
रागादिक-द्वन्द्वा हरि सब फन्दा, मुकति माँहिं थिति साजै हैं ॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

चौबोला

आठों दरब मिलाय गाय गुण, जो भविजन जिनचन्द जजैं ।
ताके भव-भव के अघ भाजैं, मुक्त सारसुख ताहि सजैं ॥
जम के त्रास मिटैं सब ताके, सकल अमंगल दूर भजैं ।
'वृन्दावन' ऐसो लखि पूजत, जातैं शिवपुरि राज रजैं ॥
(इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

श्री पुष्पदंतजिन-जिनपूजा

पुष्पदन्त भगवन्त सन्त जुयत तंत गुन। महिमावन्त महन्त कन्त शिवतिय-रमन्त मुन।।
काकन्दीपुर जन्म पिता सुग्रीव रमासुत। स्वेतवरन मनहरन तुम्हैं थापों त्रिवार नुत।।

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

होली चाल

मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय, मेरी अरज सुनीजे।.....।।टेक।।
हिमवमगिरिगत गंगाजल भर, कंचनभृंग भराय। करम-कलंक निवारनकारन, जजों, तुम्हारे पाय।।

मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

बावन चन्दन कदलीनंनदन, कुंकुम-संग घसाय।
चरचों चरनहरन मिथ्यातम, वीतराग गुणगाय।।मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय ।।

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

शालि अखंडित सौरभ-मंडित, शशिसम द्युति दमकाय।
ताको पुंज धरों चरननढिग, देहु अखय पदराय।।मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

सुमन सुमन-सम परिमल-मंडित, गुंजत अलिगन आय।
ब्रह्मपुत्र-मद भंजन-कारन, जजों तुम्हारे पाय।।
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय, मेरी अरज सुनीजे।
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

घेवर बावर फेनी गोंजा, मोदन मोदक लाय।
क्षुधावेदनी-रोग हरनकों, भेंट धरों गुणगाय।। मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

वाति-कपूर दीप-कंचनमय, उज्ज्वल ज्योति जगाय।
तिमिरमोह-नाशक तुमको लखि, धरों निकट उमगाय।।
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

दश वर गंध धनंजय के संग, खेवत हौं गुन गाय।
अष्टकर्म ये दुष्ट जरें सो, धूम धूम सु उड़ाय।। मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तप्रभजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

श्रीफल मातुलिंग शुचि चिरभट, दाड़िम आम मंगाय।
तासों तुम पदपद्म जजत हों, विघन सघन मिट जाय।।
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तप्रभजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल फल सकल मिलाय, मनोहर, मन-वचन-तन हुलसाय।
तुमपद पूजों प्रीति लायकै, जय-जयत्रिभुवनराय।।मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय।।
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक

नवमी तिथिकारी फागुन धारी, गरभमाहिं तिथि देवा जी।
तजि आरणथानं कृपानिधानं, करत शची तित सेवा जी।।
रतनन की धारा परम उदारा परी व्योमतें सारा जी।
मैं पूजौं ध्यावौं भगति बढ़ावौं, करो मोहि भव पारा जी।।
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-नवम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

मंगसिर सितपच्छं परिवा स्वच्छं, जनमे तीरथनाथा जी।
तब ही चव-मेवा निरजर येवा, आय नये निज माथा जी।।
सुरगिरि नहवाये, मंगल गाये, पूजे प्रीति लगाई जी।
मैं पूजों ध्यावौं भगति बढ़ावौं, निजनिधि हेतु सहाई जी।।
ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-प्रतिपदायां जन्मकमंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

सित मंगसिर मासा तिथि सुखरासा, एकम के दिन धारा जी।
तप आतमज्ञानी आकुलहानी, मौन सहित अविकारा जी।।
सुरमित्र सुदानीके घर आनी, गो-पय पारन कीना जी।
तिनको मैं वन्दौं पापनिकंदौं, जो समतारस-भीना जी।।

ॐ ह्रीं माघशीर्षशुक्ला-प्रतिपदायां तपोमंगल- मंडिताय श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

सित कार्तिक गाये दोइज धाये, घातिकरम परचंडा जी।
केवल परकाशे भ्रमतम नाशे, सकल सार सुख मंडा जी।।
गनराज अठासी आनंदभासी, समवसरण वृषदाता जी।
हरि पूजन आयो शीश नमायो, हम पूजें जगत्राता जी।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ला-द्वितीयायां ज्ञानमंगल- मंडिताय श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

आसिन सित सारा आठैं धारा, गिरिसमेद निरवाना जी।
गुन अष्ट-प्रकारा अनुपम धारा, जय-जय कृपा निधाना जी।।
तित इन्द्र सु आयौ, पूज रचायौ, चिह्न तहाँ करि दीना जी।
मैं पूजत हों गुन ध्यान महीसौं, तुमरे रसमें भीना जी।।

ॐ ह्रीं अश्विनशुक्ला-अष्टम्यां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

लच्छन मगर सुश्वेत तन तुंग धनुष शत एक। सुरनर-वंदित मुकतपति, नमों तुम्हें शिर टेक।1।
पुहुपदन्त गुनवरन है, सागरतोय समान। क्योंकर-कर अंजुलिनकर, करिये तासु प्रमान।1।

छन्द तामरस

पुष्पदन्त जयवन्त नमस्ते, पुण्य तीर्थंकर सन्त नमस्ते।
ज्ञान-ध्यान अमलान नमस्ते, चिद्विलास-सुख-ज्ञान नमस्ते।3।
भवभय-भंजन देव नमस्ते, मुनिगणकृत पद-सेव नमस्ते।
मिथ्या-निशि दिनइन्द्र नमस्ते, ज्ञानपयोदधि-चन्द्र नमस्ते।4।
भवदुःख-तरु निःकन्द नमस्ते, राग-दोष-मद-हनन नमस्ते।
विश्वेश्वर गुनभूर नमस्ते, धर्म सुधारस पूर नमस्ते।5।
केवलब्रह्मप्रकाश नमस्ते, सकल-चराचरभास नमस्ते।
विघ्नमहीश्वर विज्जु नमस्ते, जय ऊरधरगति-रिज्जु नमस्ते।6।
जय मकराकृतपाद नमस्ते, मकरध्वज-मदवाद नमस्ते।
कर्मभर्म-परिहार नमस्ते, जय-जय अधम-उधार नमस्ते।7।
दयाधुरंधर धीर नमस्ते, जय-जय गुन-गम्भीर नमस्ते।
मुक्तिरमापति वीर नमस्ते, हर्ता भवभय-पीर नमस्ते।8।
व्यय-उत्पति-थितिधार नमस्ते, निज-अधार अविकार नमस्ते।
भव्य-भवोदधिकार नमस्ते, वृन्दावन निस्तार नमस्ते।9।

घत्ता

जय-जय जिनदेवं हरिकृतसेवं, परम धरम-धन धारी जी।
मैं पूजौं ध्यावौं गुनगन गावों, मेटों विथा हमारी जी।10।

ॐ ह्री श्रीपुष्पदन्तजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छन्द

पुहुपदंत पद सन्त, जजें जो मनवचनकाई। नाचें गावें भगति करें, शुभ-परनति लाई।।
सो पावें सुख सर्व, इन्द्र अहिमिंद तनों वर। अनुक्रममतें निरवान, लहें निहचै प्रमोद धर।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री शीतलनाथजिन-पूजा

छन्द मत्तमातंग

शीतलनाथ नमो धरि हाथ, सुमाथ जिन्हों भवगाथ मिटाये।
अच्युततैं च्युत मात-सुनन्द के, नन्द भये पुर भद्दल आये।।
वंश-इक्ष्वाकु कियो जिन भूषित, भव्यनको भव-पार लगाये।
ऐसे कृपानिधि के पद-पंकज, थापतु हों हिय हर्ष बढ़ाये।1।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (छंद वंसततिलका)

देवापगा सुवर वारि विशुद्धि लायो, भृंगर हेम भारि भक्ति हियो बढ़ायो।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

श्री खंडसार वर कुंकुम गारि लीनों। कं-संग स्वच्छ घिसि भक्ति हिये धरीनों।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मुक्ता-समान सित तंदुल सार राजे। धारंत पुंज कलिकुंज समस्त भाजें।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

श्री केतकी प्रमुख पुष्प अदोष लायो। नौरंग जंगकरि भृंग सुरंग पायो।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं *श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।*

नैवेद्य सार चरु चारु संवारि लायो। जांबूनद-प्रभृति भाजन शीश नायो।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

स्नेह-प्रपूरित सुदीपक-जोति राजे। स्नेह-प्रपूरित हिये जजतेऽघ भाजे।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

कृष्णागुरु-प्रमुख गंध हुताश माहीं। खेवों तवाग्र वसुकर्म जरंत जाही।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

निम्बाम्र कर्कटि सु दाड़िम आदि धारा। सौवर्ण गंध फल-सार सुपक्व प्यारा।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

शुभ श्रीफलादि वसु प्रासुक-द्रव्य साजे। नाचे रचे मचत बज्जत सज्ज बाजे।।
रागादिदोषमल-मर्दन हेतु येवा। चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक

आठैं वदी चैत सुगर्भ माँहीं, आये प्रभू मंगलरूप थाहीं।
सेवैं शची मातु अनेक-भेवा, चर्चैं सदा शीतलनाथ देवा।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-अष्टम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

श्री माघ की द्वादशि श्याम जायो, भूलोक में मंगल सार आयो।
शैलेन्द्र पै इन्द्र फनिन्द जज्जें, मैं ध्यान धारौ भवदुःख भज्जें।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा-द्वादश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

श्री माघ की द्वादशि श्याम जानो, वैराग्य पायो भवभाव हानो।
ध्यायो चिदानन्द निवार मोहा, चर्चैं सदा चर्न निवारि कोहा।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा-द्वादश्यां तपोनमंगल-मंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

चतुर्दशी पौषवदी सुहायो, ताही दिना केवललब्धि पायो।
शोभै समोसृत्य बखानि धर्मं, चर्चैं सदा शीतल पर्म शर्मं।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णा-चतुर्दश्यां केवलज्ञानमंगल-मंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

कुवार की आठैं शुद्ध बुद्धी, भये महामोक्ष-सरूप शुद्धा।
सम्मेदतैं शीतलनाथ स्वामी, गुनाकरं तासु पदं नमामी।।

ॐ ह्रीं आश्विनशुक्ला-अष्टम्यां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला छंद (लोलतरंग)

आप अनंत-गुनाकर राजे, वस्तुविकाशन भानु समाजे।
मैं यह जानि गही शरना है, मोहमहारिपुको हरना है।1।

दोहा

हेम-वरन तन तुंग धनु, नव्वै अति अभिराम।
सुरतरु-अंक निहारि पद, पुनि-पुनि करों प्रणाम।2।

छन्द तोटक

जय शीतलनाथ जिनन्दवरं, भवदाघ-दवानल मेघझरं।
दुख-भूभृत-भंजन वज्र समं, भवसागर-नागर पोत-पमं।3।
कुह-मान-मयागद-लोभ हरं, अरि विघ्नगयंद मृगिंद वरं।
वृष-वारिदवृष्टन सृष्टिहि तू, परदृष्टि विनाशन सुष्टु पितू।4।
समवसृत-संजुत राजत हो, उपमा अभिराम विराजतु हो।
वह बारह-भेद सभाथित को, तित धर्मबखानि कियो हितको।5।
पहले महि श्रीगणराज रजैं, दुतिये महिं कल्पसुरी जु सजैं।
त्रितिये गणनी गुन भूरि धरैं, चवथे तिय-ज्योतिष जोति भरैं।6।
तिय-विंतरनी पनमें गनिये, छहमें भुवनेसुर-तिय भनिये।
भुवनेश दशों थित सत्तम हैं, वसुमें वसु-विंतर उत्तम हैं।7।

नव में नभ-जोतिष पंच भरे, दशमें दिवि-देव समस्त खरे।
नरवन्द इकादश में निवसें, अरु बारह में पशु सर्व लसें।8।
तजि वैर, प्रमोद धरें सब ही, समता-रस मग्न लसें तब ही।
धुनि दिव्य सुनें तजि मोहमलं, गनराज असी धरि ज्ञानबलं।9।
सबके हित तत्त्व बखान करें, करुना-मन-रंजित शर्म भरें।
वरने षट्द्रव्य तनें जितने वर भेद विराजतु हैं तितने।10।
पुनि ध्यान उभै शिवहेतु मना, इक धर्म दुती सुकलं अधुना।
तित धर्म सुध्यान तणों गुनियो, दशभेद लिखे भ्रम को हनियो।11।
पहलो अरि नाश अपाय सही, दुतियो जिन बैन उपाय गही।
त्रिति जीवविषैं निजध्यावन है, चवथो सु अजीव रमावन है।12।
पनमों सु उदै-बलटारन है, छहमों अरि-राग-निवारन है।
भव-त्यागन-चिंतन सप्तम है, वसुमों जितलोभ न आतम है।13।
नवमों जिनकी धुनि सीस धरे, दशमों जिनभाषित हेत करे।
इमि धर्म तणों दश भेद भन्यो, पुनि शुक्लतणो चदु येम गन्यो।14।
सुपृथक्त-वितर्क-विचार सही, सुइकत्व-वितर्क-विचार गही।
पुनि सूक्ष्मक्रिया-प्रतिपात कही, विपरीत-क्रिया-निरवृत्त लही।15।
इन आदिक सर्व प्रकाश कियो, भवि-जीवन को शिव-स्वर्ग दियो।
पुनि मोक्षविहार कियो जिनजी, सुखसागर मग्न चिरं गुनजी।16।
अब मैं शरना पकरी तुमरी, यसुधि लेहु दयानिधि जी हमारी।
भव-व्याधि निवार करो अब ही, मति ढील करो सुख द्यो सब ही।17।

(छन्द घत्तानन्द)

शीतल जिन ध्याऊँ भगति बढ़ाऊँ, ज्यों रतनत्रयनिधि पाऊँ।
भवदंद नशाऊँ शिवथल जाऊँ, फेर न भव-वन में आऊँ।।18।।

ऊँ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छन्द मालिनी

दिढरथसुत श्रीमान् पंचकल्याणकधारी, तिनपद-जुगपद्मं, जो जजै भक्तिधारी।
सहजसुख धनधान्य, दीर्घ सौभाग्य पावे, अनुक्रम अरि दाहै, मोक्ष को सो सिधावै।।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री श्रेयांसनाथजिन-पूजा
छन्द रूपमाला तथा हरिगीता

विमल-नृप विमला-सुअन, श्रेयांसनाथ जिनन्द। सिंहपुर जन्मे सकल हरि, पूजि धरि आनन्द।।
भव-बंध ध्वंसनि-हेत लखि मैं शरन आयो येव। थापौं चरनजुग उरकमल में,
जजन-कारन देव।।

ऊँ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)
ऊँ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ऊँ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

छन्द गीता तथा हरिगीता

कालधौत वरन उतंग हिमगिरि पद्म-द्रहतैं आवई।
सुरसरित प्रासुक-उदकसों भरि भृंग धार चढ़ावई।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

गोशीर वर करपूर कुंकुम-नीर-संग घसों सही।
भवताप-भंजन-हेत भवदधि सेत चरन जजों सही।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

सितशालि शशिदुति शुक्ति सुन्दर मुक्तकी उनहार हैं।
भरि धार पुंज धरंत पदतर अखयपद करतार हैं।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

सद सुमन सुमन-समान पावन, मलयतैं गलि झंकरें।
पद-कमलतर धरतैं तुरित सो मदनको मद क्षयकरें।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

यह परम मोदक आदि सरस सँवारि सुन्दर चरु लियो।
तुव वेदनी-मदहरन लखि, चरचों चरन शुचिकर हियो।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

संशय-विमोह-विभरम-तम-भंजन दिनन्द समान हो।
तातैं चरनढिग दीप जोऊँ देहु अविचल ज्ञान हो।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

वर अगर तगर कपूर चूर सुगन्ध भूर बनाइया।
दहि अमरजिह्वविषैं चरनढिग करमभरम जराइया।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

सुरलोक अरु नरलोक के फल पक्व मधुर सुहावने।
ले भगति सहित जजौं चरन शिव परम-पावन पावने।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल मलय तंदुल सुमन चरु अरु दीप धूल कलावली।
करि अरघ चरचों चरनजुग प्रभु मोहि तार उतावली।।
श्रेयांसनाथ जिनन्द त्रिभुवनवन्द आनन्दकन्द है।।
दुखदंद-फंद-निकंद पूरनचन्द जोतिअमंद हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छन्द आर्या)

पुष्पोत्तर तजि आये विमलाउर जेठकृष्ण आठैं को।
सुरनर मंगल गाये पूजों मैं नासि कर्म काठैं कों।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णा-षष्ठ्या गर्भमंगल-मंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जन्मे फागुनकारी, एकादशि तीन-ग्यानदृगधारी।
इक्ष्वाकु-वंशतारी, मैं पूजों घोर-विघ्न-दुख-टारी।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-एकादश्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

भवतनभोग असारा, लख त्याग्यो धीर शुद्ध तप धारा।
फागुनवदि इग्यारा, मैं पूजों पाद अष्ट-परकारा।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा अमावस्यायां निःक्रमणमहोत्सव-मंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

केवलज्ञान सु जानन, माघबदी पूर्णतिथि को देवा।
चतुरानन भवभानन, वंदौं ध्यावौं करों सुपद सेवा।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णा-अमावस्यायां ज्ञानमंगल-मंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

गिरि समेदतैं पायो, शिवथल तिथि पूर्णमासि सावन को।
कुलिशायुध गुनगायो, मैं पूजों आप निकट आवन को।।

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्ला-पूर्णिमायां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - छन्द लोल तरंग

शोभित तुंग शरीर सुजानों, चाप असी शुभलक्षन मानो।
कंचनवर्ण अनूपम सोहै, देखत रूप सुरासुर मोहै।1।

छन्द पद्धड़ी

जय-जय श्रेयांस जिन गुणगरिष्ठ, तुम पदजुग दायक इष्टमिष्ट।
जय शिष्टशिरोमणि जगतपाल, जय भवि-सरोजगन प्रात काल।2।
जय पंचमहाव्रत-गजसवार, लै त्यागभव दलबल सु लार।
जय धीरजको दलपति बनाय, सत्ता छितिमहँ रनको मचाय।3।
धरि रतन तीन तिहुँशक्ति हाथ, दश-धरम-कवच तपटोप माथ।
जय शुकलध्यान कर खड्ग धार, ललकारे आठों अरि प्रचार।4।
तामें सबको पति मोह-चण्ड, ताकों ततछिन करि सहस-खण्ड।
फिर ज्ञान-दरस-प्रत्यूह हान, निजगुन-गढ़ लीनों अचल-थान।5।
शुचि ज्ञान दरस सुख वीर्य सार, हुई समवशरण रचना अपार।

तित भाषे तत्त्व अनेक धार, जाकों सुनि भव्य हिये विचार।6।
निजरूप लह्यो आनन्दकार, भ्रम दूर करनको अति उदार।
पुनि नय-प्रमान-निक्षेप सार, दरसायो करि संशय-प्रहार।7।
तामें प्रमान जुगभेद एव, पत्यक्ष-परोक्ष रजै स्वमेव।
तामें प्रतच्छ के भेद दोय, पहिलो है संविहार सोय।8।
ताके जुग-भेद विराजमान, मति-श्रुति सोहें सुन्दर महान।
है परमारथ दुतियो प्रतच्छ, हैं भेद-जुगम ता माँहिं दच्छ।9।
इक एकदेश इक सर्वदेश, इकदेश उभैविधिसहित वेश।
वर अवधि सु मनपरजय विचार, है सकलदेश केवल अपार।10।
चर-अचर लखत जुगपत प्रतच्छ, निरद्वन्द रहित-परपंच पच्छ।
पुनि है परोच्क्ष महँ पंच भेद, समिरति अरु प्रतिभिज्ञान वेद।11।
पुनि तरक और अनुमान मान, आगमजुत पन अब नय बखान।
नैगम संग्रह व्यौहार गूढ़, ऋजुसूत्र शब्द अरु समभिरूढ़।12।
पुनि एवंभूत सु सप्त एम, नय कह जिनेसुर गुन जु तेम।
पुनि दरव क्षेत्र अर काल भव, निच्छेप चार विधि इमि जनाव।13।
इनको समस्त भाष्यौ विशेष, जा समुझत भ्रम नहिं रहत लेश।
निज ज्ञानहेत ये मूलमन्त्र, तुम भाषे श्री जिनवर सु तन्त्र।14।
इत्यादि तत्त्व उपदेश देय, हनि शेष-करम निरवान लेय।
गिरवान जजत वसु दरब ईस, 'वृन्दावन' नितप्रति नमत शीश।15।

धत्ता छन्द

श्रेयांस महेशा सुगुन जिनेशा, वज्रधरेशा ध्यावतु है।
हम निशदिन वन्दैं पापनिकंदैं, ज्यौं सहजानंद पावतु हैं।16।

ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

जो पूजें मनलाय श्रेयनाथ पदपद्म को। पावें इष्ट अघाय, अनुक्रमसौं शिवतिय वरै।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री वासुपूज्यजिन-पूजा

(छन्द रूपकवित्त)

श्रीमत वासुपूज्य जिनवर-पद, पूजत-हेत हिये उमगाय।
थापों मनवचतन शुचि करके, जिनकी पाटलदेव्या माय।।
महिष-चिह्न पद लसे मनोहर, लाल वरन तन समतादाय।
सो करुनानिधि कृपादृष्टिकरि, तिष्ठहु सुपरितिष्ठ इह आय।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (छन्द जोगीरासा आंचलीवंध)

गंगाजल भरि कनककुंभ में, प्रासुक गंध मिलाई।
करम-कलंक विनाशन कारन, धर देत हरषाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

कृष्णागरु मलयागिर चंदन, केशरसंग घिसाई।
भवआताप विनाशन-कारन, पूजों पद चितलाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

देवजीर सुखदास शुद्धवर सुवरन थार भराई।
पुंज धरत तुम चरनन आगे, तुरित अखर-पद पाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

पारिजात संतान कल्पतरु-जनित सुमन बहु लाई।
मीनकेतु-मद भंजनकारन, तुम पदपद्म चढ़ाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

नव्यगव्य आदिक रसपूरित, नेवज तुरत उपाई।
क्षुधारोग निरवारन-कारन, तुम्हें जजों शिरनाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

दीपकजोत उदोत होत वर, दशदिश में छवि छाई।
तिमिरमोहनाशक तुमको लखि, जो चरन हरषाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

दशविध गंधमनोहर लेकर, वातहोत्र में ढाई।
अष्ट करम ये दुष्ट जरतु हैं, धूप सु धूम उड़ाइ।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

सुरस सुपक्क सुपावन फल लै कंचन-थार भराई।
मोक्ष-महाफलदायक लखि प्रभु, भेंट धरों गुनगाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जलफल दरब मिलाय गाय गुण, आठों अंग नमाई।
शिवपदराज हेत हे श्रीपति! निकट धरों यह लाई।।
वासुपूज्य वसुपूज-तनुज-पद, वासव सेवत आई।
बालब्रह्मचारी लखि जिनको शिवतिय सनमुख धाई।।

ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छंद पाईता)

कलि छट्ट असाढ़ सुहायौ, गरभागम मंगल गायौ।
दशमें दिवितें इत आये, शतइन्द्र जजे सिर नाये।
ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा-षष्ठ्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

कलि चौदस फागुन जानो, जनमे जगदीश महानो।
हरि मेरु जजे तब जाई, हम पूजत हैं चितलाई।
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-चतुर्दश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तिथि चौदस फागुन श्यामा, धरियो तप श्री अभिरामा।
नृप सुन्दर के पय पायो, हम पूजत अति सुख थायो।
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-चतुर्दश्यां तपोमंगल-मंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

वदि भादव दोइज सोहे, लहि केवल आतम जो है।
अनअंत गुनाकर स्वामी, नित वंदों त्रिभुवन नामी।
ॐ ह्रीं भाद्रपदक़ृष्णा-द्वितीयायां केवलज्ञानमंगल-मंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

सित भादव चौदस लीनों, निरवान सुथान प्रवीनों।
पुर चंपाथानक सेती, हम पूजत निजहित हेती।

ॐ ह्रीं भाद्रशुक्ल-चतुर्दश्यां मोक्षमंगल-मंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

चंपापुर में पंच वर, कल्याणक तुम पाय।
सत्तर धनु तन शोभनों, जै जै जै जिनराय।1।
महासुखसागर आगर-ज्ञान, अनंत-सुखामृत मुक्त महान।
महाबलमंडित खंडितकाम, रमाशिवसंग सदा बिसराम।2।
सुरिंद फनिंद खगिंद नरिंद, मुनिंद जजें नित पादारविंद।
प्रभु तुम अंतरभाव विराग, सुबालहितें व्रतशीलसों राग।3।
कियो नहिं राज उदास सरूप, सुभावन भवत आतमरूप।
अनित्य-शरीर प्रपंच-समस्त, चिदातम नित्य सुखाश्रित वस्त।4।
अशर्न नहीं कोउ शर्न सहाय, जहां जिय भोगत कर्मविपाय।
निजातम को परमेसुर शर्न, नहीं इनके बिन आपद हर्न।5।
जगत्त जथा जल-बुदबुद येव, सदा जिय एक लहै फलभेव।
अनेक प्रकार धरी यह देह, भ्रमें भवकानन आन न नेह।6।
अपावन सात कुधात भरीय, चिदातम शुद्ध सुभाव धरीय।
धरे इनसों जब नेह तबेव, सुआवत कर्म तबै वसुभेव।7।
जबै तन-भोग-जगत्त-उदास, धरें तब संवर निर्जर आस।
करे जब कर्मकलंक विनाश, लहे तब मोक्ष महासुखराश।8।
तथा यह लोक नराकृत नित्त, विलोकियते षट्-द्रव्यविचित्त।
सु आतमजानन बोधिविहीन, धरे किन तत्त्व प्रतीत प्रवीन।9।

जिनागमज्ञान रु संजम भाव, सबै निजज्ञान विना विरसाव।
सुदुर्लभ द्रव्य सुक्षेत्र सुकाल, सुभाव सबे जिहतें शिवहाल।10।
लयो सब जोग सुपुन्य-वशाय, कहो किमि दीजिय ताहि गँवाय।
विचारत यों लौकान्तिक आय, नमें पद-पंकज पुष्प चढ़ाय।11।
कह्यो प्रभु धन्य कियो सुविचार, प्रबोधि सु येम कियो जु विहार।
तबै सौधर्मतनों हरि आय, रच्यो शिविका चढ़ि आय जिनाय।12।
धरे तप पाय सु केवलबोध, दियो उपदेश सुभव्य संबोध।
लियो फिर मोक्ष महासुख-राश, नमै नित भक्त सोई सुखआश।13।

धत्तानंद

नित वासव-वंदत, पापनिकंदत, वासुपूज्य व्रत ब्रह्मपती।
भवसंकल-खंडित, आनंद-मंडित, जै जै जै जैवंत जती।14।
ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा छंद

वासुपूज्य पद सार, जजों दरबविधि भावसों। सो पावै सुखसार, भुक्ति मुक्तको जो परम।।
इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री विमलनाथजिन-पूजा

छंद

सहस्रार-दिवि त्यागि, नगर-कम्पिला जनम लिय। कृतधर्मानृप-नन्द, मातु-जयसेना धर्मप्रिय।।
तीन लोक वर-नन्द, विमलजिन विमल विमलकर। थापों चरनसरोज, जजनके हेतु भावधर।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (सोरठा)

कंचनझारी धारि, पद्मद्रह को नीर ले।
तृषारोग निरवारि, विमल विमलगुन पूजिये।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

मलयागर करपूर देववल्लभा संग घसि।
हरि मिथ्यातम-भूर, विमल विमलगुन जजतु हों।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

वासमती सुखदास, स्वेत निशापतिको हँसै।
पूरे वांछित आस, विमल विमलगुन जजतु हो।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

पारिजात मंदार, संतानक सुरतरु-जनित।
जजों सुमन भरि थार, विमल विमल गुन मदनहर।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

नव्यगव्य रसपूर, सुवरण-थाल भरायके।
क्षुधावेदनी चूर, जजों विमलपद विमलगुन।।
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

मणिक-दीप अखण्ड, गो छाई वर गो दशों।
हरो मोहतम-चंड, विमल विमलमति के धनी।।
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

अगुरु तगर घनसार, देवदारु कर चूर वर।
खेवों वसु अरि जार, विमल विमल-पदपद्म ढिग।।
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

श्रीफल मेव अनार, मधुर रसीले पावने।
जजों विमलपद सार, विघ्न हरें शिवफलकरें।
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

आठों दरब संवार, मन-सुखदायक पावने।
जजों अरघ भरथार, विमल विमल शिवतिय रमण।।
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक

(छन्द द्रुतविलम्बित तथा सुन्दरी)

गरभ जेठ बदी दशमी भनों, परम-पावन सो दिन शोभनों।
करत सेव सची जननी-तणी, हम जजें पदपद्म शिरोमणी।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णा-दशम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

शुकलमाघ तुरी तिथि जानिये, जनम-मंगल तादिन मानिये।
हरि तबै गिरिराज विषैं जजे, हम समर्चत आनन्दको सजे।।

ॐ ह्रीं माघशुक्ला-चतुर्थ्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तप धरे सितमाघ तुरी भली, निज सुधातम ध्यावत हैं रली।
हरि फनेश नरेश जजें तहाँ, हम जजें नित आनन्दसों इहाँ।।

ॐ ह्रीं माघशुक्ला-चतुर्थ्यां निष्क्रमणमहोत्सव मंडिताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

विमल माघछठी हनि घातिया, विमलबोध लयो सब भासिया।
विमल अर्घं चढ़ाय जजों अबै, विमल-आनन्द देहु, हमें सबै।।

ॐ ह्रीं माघशुक्ला-षष्ठ्यां केवलज्ञान-प्राप्ताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

भ्रमरसाढ़छठी अति पावनों, विमल सिद्ध भये मन भावनों।
गिरसमेद हरी तित पूजिया, हम जजैं इत हर्ष धरैं हिया।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा-षष्ठ्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला दोहा

गहन चहत उड़गन गगन, छिति-तिथि के छहँ जेम।
तिमि गुन-वरनन वरननम, माँहि होय तव केम।।1।।
साठ धनुष तन तुंग है, हेम वरन अभिराम।
वह वराह पद-अंक लखि, पुनि पुनि करों प्रणाम।।2।।

छन्द-तोटक

जय केवलब्रह्म अनन्तगुनी, तुम ध्यावत शेष महेश मुनी।
परमातम पूरन पाप हनी, चित-चिंतत-दायक इष्ट धनी।।3।।
भव-आतप-ध्वंसन इन्दु-करं, वर सार रसायन शर्मभरं।
सब जन्म-जरा-मृत-दाहहरं, शरनागत-पालन नाथ वरं।।4।।
नित सन्त तुम्हें इन नामनि-तैं, चित-चिन्तत हैं गुनगामनि-तैं।
अमलं अचलं अटलं अतुलं, अरलं अछलं अथलं अकुलं।।5।।
अजरं अमरं अहरं अडरं, अपरं अभरं अशरं अनरं।
अमलीन अछीन अरीन हने, अमतं अगतं अरतं अघने।।6।।
अछुधा अतृषा अभयातम हो, अमदा अगदा अवदातम हो।
अविरुद्ध अक्रुद्ध अमानधुना, अतलं असलं अनअन्त-गुना।।7।।
अरसं सरसं अकलं सकलं, अवचं सवचं अमचं सबलं।
इन आदि अनेक प्रकार सही, तुमको जिन सन्त जपें नित ही।8।

अब मैं तुमरी शरना पकरी, दुख दूर करो प्रभुजी हमरी।
हम कष्ट सहे भवकानन में, कुनिगोद तथा थल-आनन मे।।9।।
तिति जामन मर्न सहे जितने, कहि केम सकें तुमसों तितने।
सुमुहूरत अन्तर माहिं धरे, छह त्रै त्रय छः छहकाय खरे।।10।।
छिति वह्नि वयारिक साधरनं, लघु थूल विभेदनि सों भरनं।
प्रत्येक वनस्पति ग्यार भये, छह हजार दुवादश भेद लये।।11।।
सब द्वै त्रय भू षट छः सु भया, इक इन्द्रियकी परजाय लया।।
जुग इन्द्रिय काय असी गहियो, तिय इन्द्रिय साठनिमें रहियो।।12।।
चतुरिंद्रिय चालिस देह धरा, पनइन्द्रियके चवबीस वरा।
सब ये तन धार तहाँ सहियों, दुखघोर चितारित जात हियो।।13।।
अब मो अरदास हिये धरिये, सुखदंद सबै अब ही हरिये।।
मनवांछित कारज सिद्ध करो, सुखसार सबै घर रिद्ध भरो।।14।।

घत्ता

जय विमलजिनेशा, नुत-नाकेशा, नागेशा नरईश सदा।
भवताप-अशेषा, हरन निशेशा, दाता चिन्तित शर्म सदा।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

श्रीमत विमल-जिनेशपद, जो पूजें मनलाय। पूजे वांछित आश तसु, मैं पूजौं गुणगाय।।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री अनन्तनाथजिन-पूजा

छन्द - कवत्ति

पुष्पोत्तर-तजि नगर-अजुध्या जनम लिया सूर्या-उर आय,
सिंघसेन नृपके नन्दन, आनन्द अशेष भरे जगराय।
गुन-अनंत भगवंत धरे, भवद्वंद हरे तुम हे जिनराय,
थापतु हों त्रय बार उचारिके, कृपासिन्धु तिष्ठहु इत आय।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (छन्द गीता तथा हरिगीता)

शुचि नीर-निरमल गंगको ले, कनक-भृंग भराइया।
मल-करम धोवन-हेत, मन-वच-काय धार ढराइया।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

हरिचन्द कदलीनंद कुंकुम, दंदताप-निकंद है।
सब पाप-रुज-संताप-भंजन, आपको लखि चंद है।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय भवाताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

कनशाल दुति उजियाल हीर, हिमालय गुलकनि तें घनी।
तसु पुंज तुम पदतर धरत, पद लहत स्वच्छ सुहावनी।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

पुष्कर अमरतरु-जनित वर, अथवा अवर कर लाइया।
तुम चरन-पुष्करतर धरत, सरशूर सकल नशाइया।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

पकवान नैना घ्रान रसना, को प्रमोद सुदाय हैं।
सो ल्याय चरन-चढ़ाय रोग-छुधाय नाश कराय है।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

तममोह भानन जानि आनन्द, आनि सरन गही अबै।
वर दीप धारों बारि तुमढिग, स्व-पर ज्ञान जु द्यो सबै।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

यह गंध चूरि दशांग सुन्दर, धूम्रध्वजमें खेयहों।
वसुकर्म-भर्म जराय तुम ढिग, निज-सुधातम वेयहों।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

रसथक्व पक्व सुभक्व चक्व, सुहावने मृदु पावने।
फलसार-वृन्द अमंद ऐसो, ल्याय पूज रचावने।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

शुचि नीर चन्दन शालिशंदन, सुमन चरु दीवा धरों।
अरु धूप फल जुत अरघ करि, कर-जोर-जुग विनती करों।।
जगपूज परम-पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनों।
शिवकंतवंत मंहत ध्यावौं, भ्रंतवन्त नशावनो।।

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छंद सुन्दरी तथा द्रुतविलंबित)

असित कार्तिक एकम भावनो, गरभको दिन सो गिन पावनो।
किय सची तित चर्चन चावसों, हम जजें इत आनंद भावसों।।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णा-प्रतिपदायां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जनम जेठवदी तिथि द्वादशी, सकल मंगल लोकविषै लशी।

हरि जजे गिरिराज समाजतैं, हम जजैं इत आतम काजतैं।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णा-द्वादश्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

भव शरीर विनस्वर भाइयो, असित जेठ दुवादशि गाइयो।

सकल इंद्र जजैं तित आइकैं, हम जजैं इत मंगल गाइकैं।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णाद्वादश्यां नि:क्रमणमहोत्स्व-मंडिताय श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

असित चैत अमावसको सही, परम केवलज्ञान जग्यो कही।

लही समोसृत धर्म धुरंधरो, हम समर्चि त विघ्न सबै हरो।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-अमावस्यायां केवलज्ञानमंगल-प्राप्तये श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

असित चैत अमावस गाइयौ, अघत घाति हने शिव पाइयौ।

गिरि समेद जजें हरि आयकैं, हम जजें पद प्रीति लागइकैं।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-अमावस्यायां मोक्षमंगल-प्राप्तये श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जयमाला (दोहा)

तुम गुण वरनन येम जितम, खंविहाय कर-मान।

तथा मेदिनी पदनि-करि, कीनों चहत प्रमान।।1।।

जय अनन्त-रवि भव्यमन-जलज-वृन्द विहँसाय।
सुमतिकोक-तिय थोक-सुख, वृद्ध कियो जिनराय॥2॥

(छंद नय मालिनी, चंडी तथा तामरस)

जै अनन्त गुनवंत नमस्ते, शुद्ध ध्येय नित सन्त नमस्ते।
लोकालोक विलोक नमस्ते, चिन्मूरत गुनथोक नमस्ते॥3॥
रत्नत्रयधार धीर नमस्ते, करमशत्रुकरि कीर नमस्ते।
चार अनंत महन्त नमस्ते, जय जय शिवतिय-कंत नमस्ते॥4॥
पंचाचार-विचार नमस्ते, पंचकरण-मदहार नमस्ते।
पंच-पराव्रत-चूर नमस्ते, पंचमगति सुखपूर नमस्ते॥5॥
पंचलब्धि-धरनेश नमस्ते, पंचभाव-सिद्धेश नमस्ते।
छहों दरब गुनजान नमस्ते, छहों काल पहिचान नमस्ते॥6॥
छहों काय रच्छेश नमस्ते, छह सम्यक उपदेश नमस्ते।
सप्तव्यसन-वन-वन्हि नमस्ते, जय केवल-अपरह्नि नमस्ते॥7॥
सप्ततत्त्व गुन-भनन नमस्ते, सप्त शुभ्रगति-हनन नमस्ते।
सप्तभंगे ईश नमस्ते, सातों नय कथनीश नमस्ते॥8॥
अष्टकरम-मल-दल्ल नमस्ते, अष्टजोग निरशल्ल नमस्ते।
अष्टम-धराधिराज नमस्ते, अष्टगुननि-सिरताज नमस्ते॥9॥
जय नवकेवल प्राप्तनमस्ते, नव-पदार्थथिति-आप्त नमस्ते।
दशों धरम-धरतार नमस्ते, दशों बंध-परिहार नमस्ते॥10॥
विघ्नमहीधर-विज्जु नमस्ते, जय ऊरधगति-रिज्जु नमस्ते।
तन कनकंदुति पूर नमस्ते, इक्ष्वाकुवंश-गनसूर नमस्ते॥11॥
धनु पचास तन उच्च नमस्ते, कृपासिंधु गुन-शुच्च नमस्ते।
सेही-अंक निशंक नमस्ते, चितचकोर-मृगअंक नमस्ते॥12।

राग-दोष-मद-टार नमस्ते, निजविचार दुखहार नमस्ते।
सुर-सुरेश-गन-वृन्द नमस्ते, 'वृन्द' करो सुखकंद नमस्ते।।13।।

छंद घत्तानंद

जय-जय जिनदेवं, सुरकृतसेवं, नित कृतचित हुलासधरं।
आपद-उद्धारं, समतागारं, वीतराग-विज्ञान भरं।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीअनंतनाथजिनेन्द्राय जयमाला-महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(छंद महावलिप्तकपोल तथा रोड़क)

जो जन मन-वच-काय लाय, जिन जजे नेह-धर, वा अनुमोदन करे करावे पढ़े पाठ वर।
ताके नित नव होय, सुमंगल आनन्द दाई। अनुक्रम तें निरवान, लहे सामग्री पाई।।

इत्याशीर्वादः, परिपुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री धर्मनाथजिन-पूजा

(माधवी तथा करीट छन्द)

तजिके सरवारथ-सिद्ध विमान, सुभान के आनि आनन्द बढ़ाये।
जगमात सुव्रति के नन्दन होय, भवोदधि-डूबत जंतु कढ़ाये।।
जिनको गुन-नामहिं माहिं प्रकाश है, दासनिको शिवस्वर्ग मँढ़ाये।
तिनके पद पूजन-हेत त्रिबार, सुथापतु हों यह फूल चढ़ाये।।

ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक

मुनि-मन-सम शुचि नीर अति, मलय मेलि भरि झारी।
जनम-जरा-मृत-ताप-हरन को, चरचों चरन तुम्हारी।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।

ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

केशर चन्दन कदली-नन्दन, दाह निकन्दन लीनो।
जल-संग घस लसि शशि-समकर, भव-आताप हरीनो।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।

ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

जलज जीर सुखदास हीर हिम, नीर किरन-सम लायो।
पुँज धरत आनन्द भरत भव-दंद-हरत हरषायो।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।

ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

सुमन सुमन-सम सुमणि-थाल भर, सुमनवृन्द विहसाई।
सुमन्मथ-मद-मंथनके कारन, चरचों चरन चढ़ाई।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

घेवर बावर अर्द्ध-चन्द्र-सम, छिद्र-सहस्र विराजै।
सुरस मधुर तासों पद पूजत, रोग असाता भाजै।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

सुन्दर नेह-सहित वर-दीपक, तिमिर-हरन धरि आगे।
नेह-सहित गाऊँ गुन श्रीधर, ज्यों सुबोध उर जागे।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

अगर तगर कृष्णागर तव दिव, हरिचन्दन करपूरं।
चूर खेय जलजवन मांहि जिमि, करम जरें वसु क्रूरं।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय *अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।*

आम्र काम्रक अनार सारफल-भार मिष्ट सुखदाई।
सो ले तुम-ढिग धरहुँ कृपानिधि, देहु मोक्ष-ठकुराई।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

आठों दरब साज शुचि चितहर, हरषि-हरषि गुनगाई।
बाजत दृम दृम दृम मृदंग गत, नाचत ता थेई थाई।।
परमधरम-शम-रमन धरमजिन, अशरन-शरन निहारी।
पूजौं पाय गाय गुन-सुन्दर नाचैं दे दे तारी।।
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।9।

पंचकल्याणक (राग-टप्पा)

पूजों हो अबार, धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।टेक।
आठैं सित बैशाखकी हो, गरभ-दिवस अधिकार।
जगजन-वांछित पूजों, पूजों हो अबार।। धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।
ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ला-अष्टम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

शुकल माघ तेरसि लयो हो, धरम धरम-अवतार।
सुरपति सुरगिर पूज्यो, पूजों हो अबार।। धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।
ॐ ह्रीं माघशुक्ला-त्रयोदश्यां जन्ममंगल-मंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

माघशुक्ल तेरस लयो हो, दुर्द्धर तप अविकार।
सुरऋषि सुमनन पूजों, पूजों हो अबार।। धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।
ॐ ह्रीं माघशुक्ला-त्रयोदश्यां नि:क्रमणमहोत्सव-मंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

पौषशुक्ल पूनम हने अरि, केवल लहि भवितार।
गणसुर नरपति पूज्यो, पूजों हो, अबार। धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।
ॐ ह्रीं पौषशुक्ला-पूर्णिमायां केवलज्ञान- मंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

जेठशुकल तिथि चौथ की हो, शिव समेदतैं पाय।
जगत-पूजपद पूजों, पूजों हो अबार।। धरम जिनेसुर पूजो। पूजों हो।
ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्ला-चतुर्थ्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला - दोहा

घनाकार करि लोक-पट, सकल-उदधि-मसि तंत।
लिखै शारदा कलम गहि, तदपि न तुव गुन-अंत।।1।।

(छन्द-पद्धरि)

जय धरमनाथ जिन गुन-महान, तुम पदको मैं नित धरों ध्यान।
जय गरभ-जनम-तप-ज्ञानयुक्त, वर-मोक्ष सुमंगल शर्म-भुक्त।।2।।

जय चिदानन्द आनन्दकन्द, गुनवृन्द सुर ध्यावत मुनि अमन्द।
तुम जीवनिके बिनु हेतु मित्त, तुम ही हो जग में जिन पवित्त॥3॥
तुम समवसारण में तत्त्वसार, उपदेश दियो है अति उदार।
ताकों जे भवि निजहेत चित्त, धारें ते पावें मोच्छ-वित्त॥4॥
मैं तुम मुख देखत आज पर्म, पायो निज आतमरूप धर्म।
मोकों अब भवदधितें निकार, निरभय-पद दीजे परमसार॥5॥
तुम-सम मेरो जगमें न कोय, तुमही ते सब विधि काज होय।
तुम दया धुरन्धर धीर वीर, मेटो जगजनकी सकल पीर॥6॥
तुम नीति-निपुन विन रागरोष, शिव-मग दरसावतु हो अदोष।
तुम्हरे ही नाम-तने प्रभाव, जगजीव लहें शिव-दिव-सुराव॥7॥
तातैं मैं तुमरी शरण आय, यह अरज करतु हों शीश नाय।
भव-बाधा मेरी मेट मेट, शिव-राधासों करि भेंट-भेंट॥8॥
जंजाल जगत को चूर चूर, आनन्द-अनूपम पूर पूर।
मति देर करो सुनि अरज एव, हे दीनदयाल जिनेश देव॥9॥
मोको शरना नहिं और ठौर, यह निहचै जानों सुगुन-मौर।
'वृन्दावन' वंदत प्रीति लाय, सब विघन मेट हे धरम-राय॥10॥

(छन्द - घत्तानंद)

जय श्रीजिनधर्मं, शिवहितपर्मं, श्रीजिनधर्मं उपदेशा।
तुम दयाधुरंधर विनतपुरन्दर, कर उर-मन्दर परवेशा॥11॥

ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय जयमालापूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो श्रीपति-पद-जुगल, उगल मिथ्यात जजे भव।
ताके दुख सब मिटहिं, लहे आनन्द-समाज सब॥
सुर-नर-पति पद भोग, अनुक्रम तैं शिव जावे।
'वृन्दावन' यह जानि धरम जिनके गुन ध्यावे॥

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

श्री शान्तिनाथ जिनपूजन

या भवकानन में चतुरानन, पाप पनानन घेरि हमेरी ।
आतम जानन मानन ठानन, वानन होन दई शठ मेरी ॥
ता मद भानन आपहि हो, यह छानन आन न आनन टेरी ।
आन गही शरनागत को अब, श्रीपतजी पत राखहु मेरी ॥

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतरतु अवतरतु संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठतु तिष्ठतु ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् ।

अष्टक छन्द त्रिभंगी

हिमगिरि-गतगंगा, धार अभंगा प्रासुक संगा भरि भृंगा,
जरजनम-मृतंगा, नाशि अघंगा, पूजि पदंगा मृदुहिंगा ।
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं ॥

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

वर बावन-चंदन, कदली-नंदन, घनआनंदन सहित घसों।
भवताप निकंदन, ऐरानन्दन, वंदि अमंदन, चरन बसों॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

हिमकर करि लज्जत, मलय सुसज्जत, अच्छत जज्जत भरि थारी।
दुखदारिद गज्जत, सदपदसज्जत, भवभयभज्जत अतिभारी॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

मन्दार सरोजं, कदली जोजं, पुंज भरोजं मलयभरं।
भरि कंचनथारी, तुम ढिंग धारी, मदनविदारी, धीरधरं॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान नवीने पावन कीने, षटरस भीने सुखदाई।
मन मोदन हारे, छुधा विदारे, आगै धारें गुन गाई॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तुम ज्ञान प्रकाशे, भ्रमतम नाशे, ज्ञेय विकाशे, सुखरासे ।
दीपक उजियारा, यातैं धारा, मोह निवारा, निज भासे ॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं ॥
ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

चन्दन करपूरं करि वर चूरं, पावक भूरं, माँहिं जुरं ।
तसु धूम उड़ावै, नाचत आवै, अलि गुंजावै, मधुरस्वरं ॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं ॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

बादाम खजूरं दाडिम पूरं, निंबुक भूरं लै आयो ।
तासों पदजज्जौं, शिवफल सज्जौं, निजरस रज्जौं, उमगायो ॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं ॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।

वसु द्रव्य सँवारी तुम ढिग धारी, आनन्दकारी दृगप्यारी ।
तुम हो भवतारी, करुनाधारी, यातै थारी, शरनारी ॥
श्रीशान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं,
हनि अरि-चक्रेशं, हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं ॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंचकल्याणक अर्घ

असित सातय भादव जानिये, गरभमंगल ता दिन मानिये।
सचि कियो जननी-पद-चर्चनं, हम करैं इत ये पद अर्चनं॥

ॐ ह्रीं भाद्रपदकृष्णसप्तम्यां गर्भकल्याणकमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जनम जेठ चतुर्दशी श्याम है, सकल इन्द्र सु आगत धाम है।
गजपुरै गजसाजि सबै तबै,गिरि जजैं इत मैं जजि हों अबै॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां जन्म मंगलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथ-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव शरीर सुभोग असार हैं, इमि विचार तबै तप धार हैं।
भ्रमर चौदस जेठ सुहावनी, धरमहेत जजों गुन पावनी॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां नि:क्रमणमहोत्सव मण्डितायश्रीशान्तिनाथ-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शुकल पौष दशैं सुखरास है, परम केवलज्ञान प्रकाश है।
भवसमुद्र -उधारन देव की, हम करैं नित मंगल सेवकी॥

ॐ ह्रीं पौषशुक्लदशम्यां केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

असित चौदशि जेठ हने अरी, गिरिसमेदथकी शिवतिय वरी।
सकल इन्द्र जजैं तित आइकैं, हम जजैं इत मस्तक नाइकैं॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां मोक्ष मंगल प्राप्ताय श्री शान्तिनाथ-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

रथोद्धता छन्द चन्द्रवर्त्म तथा चन्द्रवत्स (११ वर्ण लाटानुप्रास)

शान्ति शान्तिगुन मंडिते सदा, जाहि ध्यावत सुपंडिते सदा ।
मैं तिन्हें भगतिमंडिते सदा, पूजि - हों कलुष-हंडिते सदा ॥१ ॥
मोक्षहेतु तुम ही दयाल हो, हे जिनेश गुन रत्नमाल हो ।
मैं अबै सुगुनदाम ही धरों, ध्यावते तुरित मुक्ति तीवरों ॥२ ॥

पद्धरि (१६ मात्रा)

जय शान्तिनाथ चिद्रूपराज, भवसागर में अद्भुत जहाज ।
तुम तजि सरवारथसिद्धि थान, सरवारथजुत गजपुर महान ॥३ ॥
तित जनम लियो आनंद धार, हरि ततछिन आयो राजद्वार ।
इन्द्रानी जाय प्रसूत-थान, तुमको कर में लै हरष मान ॥४ ॥
हरि गोद देय सो मोदधार, सिर चमर अमर ढारत अपार ।
गिरिराज जाय तित शिला पाण्डु, तापै थाप्यो अभिषेक माण्ड ॥५ ॥
तित पंचम उदधि तनों सुवार, सुरवर कर करि ल्याये उदार ।
तब इन्द्र सहसकर करि अनन्द, तुम सिर धारा ढार्यो सुनन्द ॥६ ॥
अघ घघ घघ घघ धुनि होत घोर, भभ भभ भभ धध धध कलशशोर ।
दृम दृम दृम दृम बाजत मृदंग, झन नन नन नन नन नूपुरंग ॥७ ॥
तन नन नन नन नन तनन तान, घन नन नन घंटा करत ध्वान ।
ताथेई थेई थेई थेई थेई सुचाल, जुत नाचत नावत तुमहिं भाल ॥८ ॥
चट चट चट अटपट नटत नाट, झट झट झट हट नट शट विराट ।
इमि नाचत राचत भगत रंग, सुर लेत जहाँ आनंद संग ॥९ ॥
इत्यादि अतुल मंगल सुठाठ, तित बन्यो जहाँ सुरगिरि विराट ।
पुनि करि नियोग पितुसदन आय, हरि सौंप्यौ तुम तित वृद्ध थाय ॥१० ॥

पुनि राजमॉंहिं लहि चक्ररत्न, भोग्यौ छखंड करि धरम जत्न ।
पुनि तप धरि केवलऋद्धि पाय, भविजीवन को शिवमग बताय ॥११ ॥
शिवपुर पहुँचे तुम हे जिनेश, गुनमण्डित अतुल अनंत भेष ।
मैं ध्यावतु हों नित शीश नाय, हमरी भवबाधा हरि जिनाय ॥१२ ॥
सेवक अपनो निज जान जान, करुना करि भौभय भान भान ।
यह विघनमूल तरु खण्ड खण्ड, चितचिन्तित आनन्द मण्ड मण्ड ॥१३ ॥

घत्ता

श्री शान्ति महंता शिवतियकंता, सुगुन अनन्ता भगवन्ता ।
भव भ्रमन हनंता, सौख्य अनन्ता, दातारं तारनवन्ता ॥१४ ॥
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

रूपक सवैया

शान्तिनाथ जिनके पद पंकज, जो भवि पूजै मनवचकाय,
जनम जनम के पातक ताके, ततछिन तजिकैं जाय पलाय ।
मनवाँछित सुख,पावै,सौ नर, बाँचैं, भगतिभाव अतिलाय,
तातैं 'वृन्दावन' नित वन्दै जातैं शिवपुर-राज कराय ॥

॥पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्॥

श्री कुंथुनाथजिन-पूजा

(छन्द - माधवी तथा किरीट)

अज-अंक अजै पद राजै निशंक, हरे भवशंक निशंकित-दाता।
मदमत्त-मतंगके माथे गंथे, मतवाले तिन्हें हने ज्यों हरिहाता।।
गजनागपुरै लिये जन्म जिन्हौं, रविप्रभ के नंदन श्रीमति-माता।
सहकुंथु सुकुंथुनिके प्रतिपालक, थापौं तिन्हें जुत-भक्ति विख्याता।।

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
भवसिन्धु पर्यो हो नाथ, निकारो बांह पकर मेरी।
प्रभु सुन अरज दास-केरी, नाथसुन अरज दास-केरी।
जगजाल-परयो हों वेगि निकारो बांह पकर मेरी।टेक।
सुर-तरनी को उज्ज्वल-जल भरि , कनकभृंग में री।
मिथ्यातृषा निवारन-कारन, धरों धार नेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

बावन-चंदन कदलीनंदन, घसिकर गुन टेरी।
तपत मोह-नाशन के कारन, धरों चरन नेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय भव-आताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मुक्ताफल-सम उज्ज्वल अक्षत, सहित मलय ले री।
पुंज धरों तुम चरनन आगें अखय-सुपद दे री।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

कमल केतकी बेला दीना, सुमन सुमन-से री।
समरशूल निरमूल-हेतु प्रभु, भेंट करों तेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

घेवर बावर मोदन मोदक, मृदु उत्तम पेरी।
तासों चरन जजों करुनानिधि, हरो छुधा मेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

कंचन-दीपमई वर-दीपक, ललित-जोति घेरी।
सो ले चरन जजों भ्रम-तम-रवि, निज-सुबोध देरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

देवदारु हरि अगर तगर करि चूर अगनि खे री।
अष्ट करम ततकाल जरे ज्यों, धूम धनंजे री।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

लोंग लायची पिस्ता केला, कमरख शुचि ले री।
मोक्ष-महाफल चाखन-कारन, जजौं सुकरि ढेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु, दीप धूप ले री।
फलजुत जजन करौं मन सुख धरि, हरो जगत-फेरी।।
कुंथु सुन अरज दास-केरी, नाथ सुन अरज दास-केरी।
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छन्द - मोतियादाम)

सुसावन की दशमी कलि जान, तज्यो सरवारथसिद्ध विमान।
भयो गरभागम-मंगल सार, जजें हम श्रीपद अष्ट-प्रकार।।
ॐ ह्रीं श्रावणकृष्णा-दशम्यां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीकुन्थुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

महा बैशाख सु एकम शुद्ध, भयो तब जनम तिज्ञान-समृद्ध।
कियो हरि मंगल मंदिर-शीस, जजें हम अत्र तुम्हें नुत-शीत।।
ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ल-प्रतिपदि जन्ममंगल- मंडिताय श्रीकुन्थुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तज्यो षट्खंड विभौ जिनचंद, विमोहित-चित्त चितार सुछंद।
धरे तप एकम शुद्ध विशाख, सुमग्न भये निज-आनंद चाख।।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ल-प्रतिपदि नि:क्रमणमहोत्सवमंडिताय श्रीकुन्थुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

सुदी तिय चैत सु चेतन शक्त, चहूँ-अरि छयकरि तादिन व्यक्त।
भई समवसृत भाखि सुधर्म, जजौं पद ज्यों पद पाइय पर्म।।

ॐ ह्रीं बैशाखशुक्ला-तृतीया केवलज्ञान-प्राप्ताय श्रीकुन्थुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

सुदी वैशाख सु एकम नाम, लियो तिहि द्यौस अभय-शिवधाम।
जजे हरि हर्षित मंगल गाय, समर्चतु हों तुहि मन-वच-काय।।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ल-प्रतिपदि मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीकुन्थुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला

(अडिल्ल छन्द)

षट्खंडन के शत्रु राजपद में हने। धरि दीक्षा षट्खंडन पाप तिन्हें दनें।।
त्यागि सुदरशन चक्र धरम चक्री भये। करमचक्र-चकचूर सिद्ध दिढ-गढ़ लये।1।
ऐसे कुंथु जिनेश तने पदपद्म को। गुन-अनंत-भंडार महासुख-सद्मको।।
पूजों अरघ चढ़ाय पूरणानंद हो। चिदानंनद अभिनंदन इन्द्रगन-वंद हो।1।

(पद्धिरि छन्द)

जय-जय जय-जय श्रीकुंथुदेव, तुम ही ब्रह्मा हरि त्रिंबुकेव।
जय बुद्धि विदांबर विष्णु ईश, जय रमाकांत शिवलोक शीश।3।
जय दया-धुरंधर सृष्टिपाल, जय-जय जगबंधु सुगुन-माल।
सरवारथ-सिद्ध विमान छार, उपजे गजपुर में गुन-अपार।4।
सुर-राज कियो गिर न्हौन जाय, आनंद-सहित जुत-भगतिभय।
पुनि पिता सौंपि कर मुदित अंग, हरि तांडव-निरत कियो अभंग।5।
पुनि स्वर्ग गयो तुम इत दयाल, वय पाय मनोहर प्रजापाल।
षट्खंड विभौ भोग्यो समस्त, फिर त्याग जोग धार्यो निरस्त।6।
तब घाति-घात केवल उपाय, उपदेश दियो सब-हित जिनाय।
जाके जानत भ्रम-तम विलाय, सम्यक्दर्शन निर्मल लहाय।7।
तुम धन्य देव किरपा-निधान, अज्ञान-क्षमा-तमहरन भान।
जय स्वच्छगुनाकर शुक्त सुक्त, जय स्वच्छ सुखामृत भुक्ति मुक्त।8।
जब भौ-भय-भंजन कृत्यकृत्य, मैं तुमरो हौं निज भृत्य भृत्य।
प्रभु अशरन-शरन अधार धार, मम विघ्न-तूलगिरि जार-जार।9।
जय कुनय-यामिनी सूर-सूर, जय मन-वाँछित-सुख पूर-पूर।
मम करमबंध दिढ चूर-चूर, निजसम आनंद दे भूर-भूर।10।
अथवा जबलौं शिव लैहां नाहिं, तबलो ये तो नित ही लहाहिं।
भव-भव श्रावक-कुल जनम-सार, भव-भव सतमति संतसंग धार।11।
भव-भव निज-आतम-तत्त्वज्ञान, भव-भव तप-संयम-शील-दान।
भव-भव अनुभव नित चिदानंद, भव-भव तुम आगम हे जिनंद।12।
भव-भव समाधि-जुत-मरन सार, भव-भव व्रत चाहों अनागार।
यह मोकों हे करुणानिधान, सब जोग मिला आगम-प्रमान।13।

जबलों शिव-सम्पति लहों नाहिं, तबलों मैं इनको नित लहाँहि।
यह अरज हिये अवधारि नाथ, भवसंकट हरि, कीजे सनाथ।14।

(छंद-घत्तानंद)

जय दीनदयाला, वर-गुनमाला, विरदविशाला सुख-आला।।
मैं पूजों ध्यावों शीश नमावों, देहु अचल-पदकी चाला।15।

ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(छंद-रोड़क)

कुंथु जिनेसुर पादपद्म जो प्रानी ध्यावें।
अलि-सम कर अनुराग, सहज सो निज-निधि पावें।।
जो बांचें सरधहें, करें अनुमोदन पूजा।
'वृन्दावन' तिंह पुरुष-सदृश, सुखिया नहिं दूजा।

इत्याशीर्वादः, परिपुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री अरहनाथजिन-पूजा

(छप्पय छन्द)

तप-तुरंग-असवार, धार तारन-विवेक कर। ध्यान-शुकल-असि-धार शुद्ध-सुविचार-*सुबखतर।।*

भावन-सेना, धर्म-दशों सेनापति थापे। रतन-तीन धरि सकति, मंत्रि-'अनुभो निरमापे।।

सत्तातल मोह-सुभटि धुनि,त्याग-केतु-शत अग्र धरि।

इह-विध समाज सज राज को, अर-जिन जीते कर्म-अरि।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (छंद-त्रिभंगी)

कन-मनि-मय झारी, दृग-सुखकारी, सुर-सरितारी नीर भरी।

मुनिमन-सम उज्ज्वल, जनम-जरा-दल, सोलैं पद-तल धारकरी।

प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।

हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

भव-ताप-नशावन, विरद सुपावन, सुनि मनभावन, मोद भयो।
तातैं घसि बावन, चंदन-पावन, तुमहिं चढ़ावन, उमगि अयो।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 2।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय भवाताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तंदुल अनियारे, श्वेत सँवारे, शशिदुति टारे, थार भरे।
पद-अखय सुदाता, जगविख्याता, लखि भवत्राता पुंज धरे।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।3।

सुरतरु के शोभित, सुरन मनोभित, सुमन अछोभित ले आयो।
मनमथ के छेदन, आप अवेदन, लखि निरवेदन गुन गायो।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 4।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

नेवज सज भक्षक प्रासुक अक्षक, पक्षक रक्षक स्वच्छ धरी।
तुम करम-निकक्षक, भस्म कलक्षक, दक्षक पक्षक रक्ष करी।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 5।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

तुम भ्रमतम-भंजन मुनि-मन-कंजन, रंजन गंजन मोह-निशा।
रविकेवलस्वामी दीप जगामी, तुमढिग आमी पुण्य-दृशा।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 6।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

दश-धूप सुरंगी गंध अभंगी वह्नि वरंगी-माहिं हवै।
वसुकर्म जरावें धूम उड़ावें, तांडव भावें नृत्य पवै।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 7।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

रितुफल अतिपावन, नयन-सुहावन, रसना-भावन, कर लीनें।
तुम विघन-विदारक, शिवफल-कारक, भवदधि-तारक चरचीनें।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 8।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

सुचि स्वच्छ पटीरं, गंधगहीरं, तंदुलशीरं, पुष्प-चरु।
वर दीपं धूपं, आनंदरूपं, ले फल-भूपं, अर्घ करूँ।।
प्रभु दीनदयालं, अरि-कुल-कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन-मालं, वरभालं।। 9।।

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (छन्द चौपाई)

फागुन सुदी तीज सुखदाई, गरभ सुमंगल ता दिन पाई।
मित्रादेवी उदर सु आये, जजे इन्द्र हम पूजन आये।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्ला-तृतीयायां गर्भमंगल- मंडिताय श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

मंगसिर शुक्ल चतुर्दशि सोहे, गजपुरजनम भयो जग मोहे।
सुर-गुरु जजे मेरु पर जाई, हम इत पूजैं मनवचकाई।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-चतुर्दश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मंगसिर सित दसमी दिन राजे, तादिन संजम धरे विराजै।
अपराजित-घर भोजन पाई, हम पूजें इत चित-हरषाई।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-दशम्यां नि:क्रमणमहोत्स्व मंडिताय श्री अरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

कार्तिक सित द्वादशि अरि चूरे, केवलज्ञान भयो गुन पूरे।
समवसरन तिथि धरम बखाने, जजत चरन हम पातक-भाने।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ला-द्वादश्यां ज्ञानमंगल- मंडिताय श्री अरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

चैत शुक्ल ग्यारस सब कर्म, नाशि वास किय शिव-थल पर्म।
निहचल गुन-अनंत भंडारी, जजों देव सुधि लेहु हमारी।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा-अमावस्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

जयमाला (दोहा-छन्द)

बाहर भीतर के जिते, जाहर अर दुखदाय। ता हर कर जिन भये, साहर शिवपुर-राय।।1।।
राय-सुदरशन जासु पितु, मित्रादेवी माय। हेमवरन-तन वरष वर, नब्बे-सहस सु छाय।।2।।

(छन्द तोटक)

जय श्रीधर श्रीकर श्रीपति जी, जय श्रीवर श्रीभर श्रीमति जी।
भवभीम-भवोदधि-तारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।।3।।
गरभादिक-मंगल सार धरे, जग-जीवनि के दुखदंद हरे।
कुरुवंश-शिखामनि तारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।।4।।
करि राज छखंड विभूतिमई, तप धारत केवलबोध ठई।
गण तीस जहाँ भ्रमवारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।।5।।
भवि-जीवनको उपदेश दियौ, शिव-हेतु सबै जन धारि लियो।
जगके सब-संकट-टारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन है।।6।।
कहि बीस-प्ररूपन सार तहाँ, निजशर्म-सुधारस-धार जहाँ।
गति-चार हर्षीपन प्रधारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।।7।।
षट्-काय तिजोग तिवेद मथा, पनवीस कषा वसु-ज्ञान तथा।
सुर संजम-भेद पसारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।8।।
रस दर्शन लेश्या भव्य जुगं, षट् सम्यक् सैनिय भेद युगं।
जंग हार तथा सु अहारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।।9।।

गुनथान-चतुर्दस-मारगना, उपयोग दुवादश-भेद भनो।
इमि बीस विभेद उचारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं॥10॥
इन आदि समस्त बखान कियो, भवि-जीवनि ने उर-धार लियो।
कितने शिव-वादिन धारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं॥11॥
फिर आप अघाति विनाश सबै, शिवधाम विषैं थित कीन तबै।
कृतकृत्य प्रभू जगतारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं॥12॥
अब दीनदयाल दया धरिये, मम कर्म-कलंक सबै हरिये।
तुमरे गुनको कछु पार न हैं, अरनाथ नमों सुखकारन है॥13॥

(घता छन्द)

जय श्रीअरदेवं, सुरकृतसेवं, समताभेवं, दातारं।
अरिकर्मविदारन, शिवसुखकारन, जय जिनवर जग-त्रातारं॥14॥

ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(छन्द-आर्या.)

अरजिनके पदसारं जो पूजै द्रव्य भावसों प्रानी।
सो पावै भवपारं, अजरामर-मोक्षथान सुखखानी॥

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री मल्लिनाथजिन-पूजा

(अडिल्ल)

अपराजित तें आय नाथ मिथलापुर जाये। कुंभरायके नन्द, प्रजापति मात बताये।।
कनक-वरन तन तुंग, धनुष पच्चीस विराजे। सो प्रभु तिष्ठहु आय निकट मम ज्यों भ्रम भाजे।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

(अष्टक - छन्द जोगीरासा)

सुर-सरिता-जल उज्ज्वल ले कर, मनिभृंगार भराई।
जनम-जरा-मृत नाशन-कारन, जजहुँ चरन जिनराई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

बावनचंदन कदली-नंदन, कुंकुमसंग घिसायो।
लेकर पूजौं चरनकमल प्रभु, भवआताप नसायो।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 2।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल शशि-सम उज्ज्वल लीनें, दीने पुंज सुहाई।
नाचत गावत भगति करत ही, तुरित अखैपद पाई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 3।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पारिजात मंदार सुमन, संतान जनित महकाई।
मारसुभट-मद-भंजन-कारन, जजहुँ तुम्हें शिरनाई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 4।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पंनिर्वपामीति स्वाहा।

फेनी गोझा मोदन मोदक, आदिक सद्य उपाई।
सो लै छुधा-निवारन-कारन जजहुँ चरन लवलाई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिमिरमोह उरमंदिर मेरे, छाय रह्यो दुखदाई।
तासु नाश कारन को दीपक, अद्भुत-जोति जगाई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 6।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर कृष्णागर चंदन चूरि सुगंध बनाई।
अष्टकरम जारनको तुमढिग, खेवत हौं निजराई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 7।।
ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लौंग बदाम छुहारा, एला केला लाई।
मोक्ष-महाफल-दान जानिके, पूजैं मन हरखाई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 8।।
ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल अरघ मिलाय गाय गुन, पूजौं भगति बढ़ाई।
शिवपदराज हेत हे श्रीधर, शरन गहो मैं आई।।
राग-दोष-मद-मोह हरनको, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपतिजी, वेग हरो भवपीरा।। 9।।
ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक (लक्ष्मीधरा छन्द)

चैत की शुद्ध एकैं भली राजई, गर्भकल्यान कल्यान को छाजई।
कुंभराजा प्रजापति माता तने, देव देवी जजे शीश नाये घने।।
ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ल-प्रतिपदि गर्भमंगल-मंडिताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

मार्गशीर्षे सुदी-ग्यारसी राजई, जन्मकल्यानको द्यौस सो छाजई।
इन्द्र नागेंद्र पूजें गिरिंद्रें जिन्हें, मैं जजौं ध्यायके शीश नावैं तिन्हें।।
ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-एकादश्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मार्गशीर्षे सुदीग्यारसीके दिना, राजको त्याग दीच्छा धरी है जिना।
दान गोक्षोरको नन्दसेनें दयो, मैं जजौं जासु के पंच अचरज भयो।।
ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-एकादश्यां तपोमंगल- मंडिताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

पौषकी श्याम दूजी हने घातिया, केवलज्ञान-साम्राज्य-लक्ष्मी लिया।
धर्मचक्री भये सेव शक्री करें, मैं जजों चर्न ज्यों कर्म वक्री टरे।।
ॐ ह्रीं पौषकृष्णा-द्वितीयायां केवलज्ञान-प्राप्ताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

फाल्गुनी सेत पांचै अघाती हते, सिद्ध आले बसै जाय सम्मेदतें।
इन्द्रनागेन्द्र कीन्हीं क्रिया आयके, मैं जजों सो मही ध्यायके गायके।।
ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्ला-पंचम्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जयमाला (घत्तानंद छन्द)

तुअ नमित सुरेशा, नर नागेशा, रजत गनेशा भगति भरा।
भवभयहरनेशा, सुखभरनेशा, जै जै जै शिव-रमनि-वरा।1।

पद्धरि छन्द

जय शुद्ध-चिदातम देव एव, निरदोष सुगुन यह सहज टेव।
जय भ्रमतम-भंजन-मारतंड, भवि भवदधि-तारन को तरंड।2।
जय-गरभ-जनम-मंडित जिनेश, जय छायक-समकित बुद्धभेरा।
चौथे किय सातों प्रकृतिछीन, चै-अनंतानु मिथ्यात-तीन।3।
सातंय किय तीनों आयु नाश, फिर नवें अंश नवमें विलास।
तिन-माहिं प्रकृति-छत्तीस चूर, या भाँति कियो तुम ज्ञानपूर।4।
पहिले महँ सोलह कहँ प्रजाल, निद्रानिद्रा प्रचला प्रचाल।
हनि थानगृद्धि कों सकल-कुब्ब, नर-तिर्यग्गति-गत्यानुपुब्ब।5।
इक-बे-ते-चौ-इन्द्रीय-जात, थावर-आतप-उद्योत घात।
सूच्छम-साधारण एक चूर, पुनि दुतिय-अंश वसु कर्यो दूर।6।
चौ-प्रत्याप्रत्याख्यान चार, तीजे सु नपुंसक-वेद टार।
चौथे तिय-वेद विनाश कीन, पांचें हास्यादिक छहों छीन।7।
नर-वेद छठें छय नियत धीर, सातयें संज्वलन-क्रोध चीर।
आठवें संज्वलन-मान भान, नवमें माया-संज्वलन हान।8।
इमि घात नवें दशमें पधार, संज्वलन-लोभ तित हूँ विदार।
पुनि द्वादशके द्वय-अंश माँहिं, सोलह चकचूर कियो जिनाहिं।9।
निद्रा-प्रचला इक भाग माहिं, दुति-अंश चतुर्दश नाश जाहिं।
ज्ञानावरनी-पन दरश-चार, अरि अंतराय-पांचों प्रहार।10।
इमि छय-त्रेशठ केवल उपाय, धरमोपदेश दीन्हों जिनाय।
नव-केवललब्धि-विराजमान, जय तेरमगुन-थिति गुनअमान।11।
गत चौदहमें द्वै भाग तत्र, क्षय कीन बहत्तर तेरहत्र।
वेदनी-असाताको विनाश, औदारि-विक्रिया-हार नाश।12।
तैजस्य-कारमानों मिलाय, तन पंच-पंच बंधन विलाय।

संघात-पंच घाते महंत, त्रय-अंगोपांग सहित भनंत।13।
संठान-संहनन छह-छहेव, रस-वरन-पंच वसु-फरस भेव।
जुग-गंध देवगति-सहित पुव्व, पुनि अगुरुलघू उस्वास दुव्व।14।
पर-उपघातक सुविहाय नाम, जुत-अशुभगमन प्रत्येक खाम।
अपरज थिर-अथिर अशुभ-सुभेव, दुरभाग सुसुर-दुस्सुर अभेव।15।
अन-आदर और अजस्य-कित्त, निरमान नीच-गोतौ विचित्त।
ये प्रथम बहत्तर दिय खपात, तब दूजे में तेरह नशाय।16।
पहले सातावेदनी जाय, नर-आयु मनुष-गति को नशाय।
मानुषगत्यानु सु पूरवीय, पंचेन्द्रिय-जात प्रकृति विधीय।17।
त्रस-बादर परजापति सुभाग, आदर-जुत उत्तम-गोत पाग।
जसकीरती तीरथप्रकृति-जुक्त, ए तेरह छयकरि भये मुक्त।18।
जय गुनअनंत अविकार धार, वरनत गनधर नहिं लहत पार।
ताकों मैं वंदौं बार बार, मेरी आपत उद्धार धार।19।
सम्मेदशैल सुरपति नमंत, तव मुकतथान अनुपम लसंत।
'वृन्दावन' वंदत प्रीति-जय, मम उरमें तिष्ठहु हे जिनाय।20।

घत्तानन्द

जय-जय जिनस्वामी, त्रिभुवननामी, मल्लि विमल-कल्यानकरा।
भवदंद-विदारन आनंद-कारन, भविकुमोद निशिईश वरा।21।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय जयमाला-महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(शिखरिणी)

जजें हैं जो प्रानी दरब अरु भावादि विधिसों, करैं नाना भाँति भगति थुति औ नौति सुधिसों।
लहै शक्री चक्री सकल सुख सौभाग्य तिनको, तथा मोक्षं जावे जजत जन जो मल्लिजिनको।।

।इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

श्री मुनिसुव्रतनाथजिन-पूजा

(मत्तगयंद छन्द)

प्रानत-स्वर्ग विहाय लियो जिन, जन्म सु राजगृही-महँ आई।
श्रीसुहमित्त पिता जिनके, गुनवान महापदमा जसु माई।।
बीस धनू तनु श्याम छबी, कछु-अंक हरी वर वंश बताई।
सो मुनि सुव्रतनाथ प्रभू कहँ थापतु हौं इत प्रीत लगाई।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (गीतिका)

उज्जवल सुजत जिमि जस तिहारौ, कनक-झारीमें भरों।
जर-मरन-जामन हरन-कारन, धार तुम पदतर करौं।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भवताप-घायक शान्तिदायक, मलय हरि घसि ढिग धरों।
गुनगाय शीस नमाय पूजत, विघनताप सबैं हरों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल अखण्डित दमक शशिसम, गमक-जुत थारी भरों।
पद-अखय-दायक मुकति-नायक, जानि पद-पूजा करों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बेला चमेली रायबेली, केतकी करना सरों।
जगजीत मनमथ-हरन लखि प्रभु, तुम निकट ढेरी करों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान विविध मनोज्ञ पावन, सरस मृदुगुन विस्तरों।
सो लेय तुम पदतर धरत ही छुधा-डाइनको हरों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक अमोलिक रतन-मणिमय, तथा पावनघृत भरों।
सो तिमिर-मोह विनाश आतम-भाव कारण ज्वै धरों।।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

करपूर चन्दन चूर भूर, सुगन्ध पावक में धरों।
तसु जरत जरत समस्त पातक, सार निज सुखकों भरों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल अनार सु आम आदिक पक्वफल अति विस्तरों।
सो मोक्षफल के हेतु लेकर, तुम चरण आगे धरों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलगंध आदि मिलाय आठों दरब अरघ सजों वरों।
पूजौं चरन रज भगतिजुत, जातें जगत-सागर तरों।।
शिव-साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनन्दभरन तारन-तरन विरद विशाल हैं।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक - दोहा

तिथि दोयज सावन श्याम भयो, गरभागम मंगल मोद थयो।
हरिवृन्द-सची पितु-मातु जजें, हम पूजत ज्यौं अघ-ओघ भजें।।

ॐ ह्रीं श्रावणकृष्णा-द्वितीयायां गर्भमंगल-मंडिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

बैसाख बदी दशमी वरनी, जनमे तिहिं द्योस त्रिलोकधनी।
सुरमन्दिर ध्याय पुरन्दर ने, मुनिसुव्रतनाथ हमैं सरनै।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा-दशम्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

तप दुद्धर श्रीधर ने गहियो, वैसाख बदी दशमी महियो।
निरुपाधि समाधि सुध्यावत हैं, हम पूजत भक्ति बढ़ावत हैं।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा-दशम्यां तपोमंगल-प्राप्ताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

वर केवलज्ञान उद्योत किया, नवमी वैसाख बदी सुखिया।
हनि मोहनिशा भनि मोखमगा, हम पूजि चहैं भवसिन्धु थगा।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा-नवम्यां केवलज्ञानमंगल-प्राप्ताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

वदि बारसि फागुन मोक्ष गये, तिहुंलोक-शिरोमणि सिद्ध भये।
सु अनन्त-गुनाकर विघ्न-हरी, हम पूजत हैं मनमोद भरी।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा-द्वादश्यां मोक्षमंगल-मण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

जयमाला (दोहा)

मुनिगण-नायक मुक्तिपति, सूक्त व्रताकर उक्त। भुक्ति-मुक्ति-दातार लखि,
वन्दों तन-मन उक्त।1।

जय केवल-भान अमान धरं, मुनि स्वच्छ सरोज-विकासकरं।
भव-संकट भंजन लायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।2।

घन-घात-वनं दव-दीप्त भनं, भविबोध-त्रषातुर मेघघनं।
नित मंगलवृन्द वधायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।3।

गरभादिक मंगलसार धरे, जगजीवनके दुखदंदहरे।
सब तत्त्व-प्रकाशन नायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।4।

शिवमारग-मण्डन तत्त्व कह्यो, गुनसार जगत्रय शर्म लह्यो।
रुज रागरु दोष मिटायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।5।

समवसृतमें सुनार सही, गुनगावत नावत भालमही।
अरु नाचत भक्ति बढ़ायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।6।

पग नूपुरकी धुनि होत भनं, झननं झननं झननं झननं।
सुरलेत अनेक रमायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक है।7।

घननं घननं घन घंट बजैं, तननं तननं तनतान सजे।
दृमदृम मिरदंग बजायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।8।

छिन में लघु और छिन थूल बनें, जुत हाव-विभाव विलासपने।
मुखतें पुनि यों गुनगायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।9।

धृगतां धृगतां पग पावत हैं, सननं सननं सु नचावत हैं।
अति आनन्द को पुनि पायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।10।
अपने भवको फल लेत सही, शुभ भावनि तैं सब पाप दही।
तित तैं सुख को सब पायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।11।
इन आदि समाज अनेक तहाँ, कहि कौन सके जु विभेद यहाँ।
धनि श्री जिनचन्द सुधायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक है।12।
पुनि देश विहार कियो जिन ने, वृष-अमृतवृष्टि कियो तुमने।
हमको तुमरी शरनायक है, मुनसुव्रत सुव्रत-दायक है।।13।
हम पै करुनाकरि देव अबै, शिवराज-समाज सु देहु सबै।
जिमि होहुँ सुखाश्रम-नायक हैं, मुनसुव्रत सुव्रत-दायक है।।14।।
भवि वृन्दतनी विनती जु यही, मुझ देहु अभयपद-राज सही।
हम आनि गही शरनायक हैं, मुनिसुव्रत सुव्रत-दायक हैं।15।

(घत्तानंद)

जय गुनगनधारी, शिवहितकारी, शुद्धबुद्ध चिद्रूपपती।
परमानंददायक, दास सहायक, मुनिसुव्रत जयवंत जती।16।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

श्रीमुनिसुव्रत के चरन, जो पूजें अभिनन्द। सो सुर-नर सुख भोगिकें, पावें सहजानन्द।।

।।इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

श्री नमिनाथजिन-पूजा

रोड़क

श्री नमिनाथ जिनेन्द्र नमों विजयारथ नन्दन। विख्यादेवी-मातु सहज सब पाप निकन्दन।।
अपराजित तजि जये मिथिलपुर वर आनन्दन। तिन्हें सु थापों यहाँ त्रिधा करि के पदवन्दन।।

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। (इति आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। (सन्निधिकरणम्)

सुरनदी-जल उज्ज्वल पावनं, कनक-भृंग भरों मन-भावनं।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।1।

हरिमलय मिलि केशरसों घसों, जगतनाथ भवाताप को नसों।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय भवताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।2।

गुलक के सम सुन्दर तंदुलं, धरत पुंज सु भुंजत संकुलं।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।3।

कमल केतकी बेलि सुहावनी, समरसूल समस्त नशावनी।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय कामबाण-विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।4।

शशि सुधासम मोदक मोदनं, प्रबल दुष्ट क्षुधामद खोदनं।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

शुचि धृतिश्रित दीपक जोइया, असम मोह-महातम खोइया।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।6।

अमरजिह्व-विषें दशगंध को, दहत दाहत कर्म के बंधको।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

फलसुपक्व मनोहर पावने, सकल विघ्न-समूह नशावने।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।8।

जल-फलादि मिलाय मनोहरं, अरघ धरत ही भवभय-हरं।।
जजतु हौं नमिके गुण गायके, जुग-पदांबुज प्रीति लगायके।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक

गरभागम-मंगलचारा, जुग आश्विन श्याम उदारा।
हरि हर्षि जजे पितुमाता, हम पूजें त्रिभुवन-त्राता।।

ॐ ह्रीं आश्विनकृष्णा-द्वितीयायां गर्भावतरणमंगल-प्राप्ताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जनमोत्सव श्याम असाढ़ा, दशमी दिन आनन्द बाढा।
हरि मन्दर पूजे जाई, हम पूजें मन-वच-काई।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा-दशम्यां जन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तप दुद्धर श्रीधर धारा, दशमी कलि षाढ़ उदारा।
निज आतम रस पूर्ण लायो, हम पूजत आनन्द पायो।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णा-दशम्यां तपोमंगल- मंडिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

सित मंगसिर ग्यारस चूरे, चव घाति भये गुण पूरे।
समवसृत केवलधारी, तुमको नित नौति हमारी।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला-एकादश्यां केवलज्ञान-प्राप्ताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

वैसाख चतुर्दशि श्यामा, हनि शेष वरी शिव वामा।
सम्मेद थकी भगवन्ता, हम पूजें सुगुन अनन्ता।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णा-चतुर्दश्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला (दोहा)

आयु सहस दस वर्ष की, हेम-वरन तनसार।
धनुष पंचदश तुंग तन, महिमा अपरम्पार।।1।।
जय-जय-जय नमिनाथ कृपाला, अरिकुल गहन दहन दवज्वाला।
जय-जय धरम-पयोधर धीरा, जय भव-भंजन गुन-गम्भीरा।।2।।
जय-जय परमानन्द गुनधारी, विश्व-विलोकन जनहितकारी।
अशरन-शरन उदार जिनेशा, जय-जय समवशरण आवेशा।।3।।
जय-जय केवलज्ञान-प्रकाशी, जयचतुरानन हनि भवफांसी।
जय त्रिभुवनहित उद्यमवंता, जय जय जय जय नमि भगवतां।।4।।
जै तुम सप्त तत्त्व दरशायो, तास सुनत भवि निज-रस पायो।
एक शुद्ध अनुभव निज भाखे, दो विधि राग-दोष छै आखे।।5।।
द्वौ श्रेणी द्वौ नय द्वौ धर्म, दो प्रमाण आगमगुन शर्मं।
तीनलोक त्रयजोग तिकालं, सल्ल पल्ल त्रय वात बलालं।।6।।
चार बन्ध संज्ञा गति ध्यानं, आराधन निछेप चउ दानं।
पंचलब्धि आचार प्रमादं, बन्धहेतु पैंताले सादं।।7।।
गोलक पंचभव शिव-भौनें, छहों दरब सम्यक अनुकौने।
हानि-वृद्धि तप समय समेता, सप्तभंग-वानी के नेता।।8।।
संयम समुद्धात भय सारा, आठ करम मद सिध-गुन धारा।
नवों लबधि नवतत्त्व प्रकाशे, नोकषाय हरि तूप हुलाशे।।9।।

दशों बन्धके मूल नशाये, यों इन आदि सकल दरशाये।
फेर विहरि जगजन उद्धारे, जय-जय ज्ञान-दरश अविकारे॥10॥
जय वीरज जय सूक्षमवन्ता, जय अवगाहन गुण वरनंता।
जय-जय अगुरु लघू निरबाधा, इन गुनजुत तुम शिवसुख साधा॥11॥
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायां वलय-व्याससंयुक्त-चैत्य भूमि संयुक्ते समवसरणे स्थिताय जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत्यभूमि मन्दिर सु तनी तुम जानियो, बनी बावड़ी तालवृक्ष परमानियों।
नानाविध रचना करि शोभित भूमि णू, देवी-देव-विद्याधर छाये झूमि णू।।

ॐ ह्रीं सरोवर-वापिका-ताल-वृक्षयुक्त-चैत्यभूमि-मन्दिरसंयुक्ते समवसरणे स्थिताय जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर-सरोवर सार वपिका पेखिये, तिन में बने सिवान सु नैनन देखिये।
आभ्यन्तर वापी के ऊपर जानियों, बनी बैठकें सुन्दर परम प्रमानियो।।

ॐ ह्रीं चैत्यभूमि-सरोवर-वापिका-सोपान-विष्ठरसंयुक्ते समवसरणे स्थिताय जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी के चौकोने थम्भ सु चार जू, ताके ऊपर छतरी शोभादार जू।
शिखर-बन्द कलशा सु ध्वजा लहकें तहाँ, मन्द पवन मिरदंग पाय नाचें जहां।।

ॐ ह्रीं वापिकायाः कोणस्थ-स्तम्भेषु शिखर-ध्वजा-कलशयुक्त-चैत्यमन्दिर स्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नानाविध के वृक्ष बद्ध-श्रेणी कहे, छह ऋतु के फल-फूल बहुत सो लहलहे।
मनहुँ जिनेश्वर-चरण पूजिये कों चले, ऐसी शोभा लिये सरस सुन्दर रले।।
ॐ ह्रीं षड्ऋतु-फलपुष्पयुक्तश्रेणीबद्धवृक्षचैत्यमन्दिरस्थ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन वृक्षान की शाखा सुदर सारजू, मन्द-पवन को पाय परमहित धार जू।
नम्रीभूत सु भई मनो नाचें सही, शोभें वृक्ष महान् सु सुन्दरता लही।।
ॐ ह्रीं चैत्यभूमि-वृक्षतलेषु अनेकशिलासु दिगम्बरमुनिसमूहसहित-चैत्यमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कैसे है मुनिराज दया के धाम जू, संसारी जो भोग-त्याग अभिराम जू।
परम-उदासी-दशा धरें जो जनिये, देखि दशा वैराग्य जगे परमानिये।।
ॐ ह्रीं चैत्यभूमि-दिगम्बर-मुनिसंयुक्त-चैत्यमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसी शिला विशाल सुथि र हैं तासु पै, जिनआतम को दर्शन देखत जासु पै।
जीवन-समूहन को सो धरम बतावते, अनागार-सागार भेद द्वे गावते।।
ॐ ह्रीं चैत्यभूमिशिलासु द्विविधधर्मोपदेशक-दिगम्बरयतिसंयुक्त-चैत्यमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

करमपुंज छय करें महामुनिराज जू, तिन वचनामृत सुने सु आतम-काज जू।
तुरत जगे वैराग्य सु दरश विशाल जे, ऐसे श्री मुनिचरण न में कवि 'लाल' जू।।
ॐ ह्रीं चैत्यभूमिकर्मविध्वंसकदिगम्बरयतिसंयुक्त-चैत्यमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

सरस शोभा करि सो जानिये पांच मन्दिर परम प्रमानिये।
बनि रहीं तिनमें गोखें तहाँ लसत छज्जात थम्म सु हैं जहाँ।।
बँध बंधनवार विशाल जू लसत मोती रतन सु माल जू।
भरि रहे सुर विद्याधर जहां राग-रंग अनेक करें तहाँ।।

ॐ ह्रीं अनेकशोभासंयुक्तचैत्यभूमि-पंचमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बनि रहे चित्राम सु सार जू पाँच मन्दिर में सुखकर जू।
भूमि-मन्दिर को वर्णन कहो सार-सुन्दरता लखिकें गहो।।

ॐ ह्रीं अनेकरचनासंयुक्त-चैत्यभूमिमन्दिरस्थ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आग्नेयदिशा चैत्यभूमिमन्दिर जिनस्थापना

(सुन्दरी छन्द)

प्रथम भूमि सु मन्दिर की कही जानि दिश आग्नेयविषैं सही।
पूजिये जिन-बिम्ब सु जानिये करहु आह्वानन विधि ठानिके।।
नैर्ऋत्यदिशा चैत्यभूमिमन्दिर जिनस्थपना

अडिल्ल

प्रथम भूमि मन्दिर तनी शोभे जहाँ, दिशा जानि नैर्ऋत्य परम सुन्दर तहाँ।
श्री जिनवर के बिम्ब मनोहर पूजिये, करहुँ थापना भव्य सु सन्मुख हूजिये।।
वायव्यदिशा चैत्यभूमिमन्दिर जिनस्थापना (जोगीरासा छन्द)
भूमि मन्दिरन कर सुखकारी, पहली जानो भाई।
पूजों वायव दिशा, अनूपम, जिनमन्दिर सुखदाई।।
श्रीजिनमन्दिर सोहत सुन्दर, सुर-नर-मुनि मिल पूजें।

आह्वानन करिये मन देकें, श्री जिन-सन्मुख हूजें।।

अथ ईशानदिशा चैत्यभूमिमन्दिर जिनस्थापना

(गीता छन्द)

अब प्रथम भूमि निहार भविजन, जान मन्दिर सोहनो।

श्री जिन सु बिम्ब विराजमान सु, ध्यान धर मनमोहनो।।

पूजों सु मन-वच-काय, लाय दिशा गिनों ईशान जू।

करों आह्वानन सु सुन्दर, जजों जिन शुभथान जू।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाः अत्रावतारावतरत संवौष्ट्।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

अथाष्टक (मदावलिप्तकपोल छन्द)

हिमवन पर्वत सार, जहाँ यह पदम निहारो, ताको उज्ज्वल नीर, लाय जिन-सन्मुख चारो।

भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें,पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कुमकुम चन्दन सार, तासु में केशर गारों। श्री जिनसन्मुख जाय, पूज भवताप निवारों।।

भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

देवजीर सुखदास, सरस मुक्ताफल अक्षत। अक्षयपद को पाय, सु पूजत हों अघ-गच्छत॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकी-कुन्द, चमेली-बेला सारं। ले गुलाब जिन जजों, तुरत भवि जात सु मारं॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-गोझा सरस, पुआ धर पापर तात। जजों जिनेश्वर-चरण, क्षुधादिक-रोग नशाते॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय दीप अमोल, कनकथाली में धारें। जगमग-जगमग ज्योति, मोहतम नशत उजारे॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु-करपूर, कूट धर धूप-दशंगी। करम-पुंज जर जाँय, खेयकें धूप सुरंगी॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल अरु बादाम-लोंग सुन्दर जु सुपारी। जजों जिनेश्वर-चरण, वरों शिवसुन्दर नारी॥
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें, पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें॥
ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-फल अर्घ्य बनाय, परम उतकृष्ट सु धारी।
अर्घ्य देहिं कवि 'लाल', सु जिनपद जज बलिहारी।।
भूमि मन्दिरन-तनी, जहाँ जिनभवन विराजें,
पाँच मन्दिरन-बीच, जजों सुर शिवपद-काजें।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासम्बन्धि-चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

चैत्यभूमि मन्दिरन की पूजा भई विशाल। जयजयजय सुर करत है 'लाल' भने जयमाल।।

(पद्धरि छन्द)

जय-जय-जय प्रथम सु भूमि जान जय, जिन-मन्दिर तामें बखान।
जय ताको वर्णन बहु-विशाल, सुनियो भवि मन-वच-तन त्रिकाल।।
जय नील-रत्नमय भूमि सार, जय तापर जिनमन्दिर अपार।
श्रेणीबँध पाँच कहे विचार, जय बीच जिनेश्वर-भवन धार।।
जय तुंग-भूमि सोहे विशाल, तापर जिनमन्दिर बहु रसाल।
जय जिनगृह तोरण-सहित द्वार, जय तिनके आगे चौक सार।।
जय लागे सिवान जु शोभकार, जय मणिमय रत्न जड़े निहार।
जय चार जु दरवाजे अनूप, आभ्यन्तर-रचना सुनो भूप।।
जय पुजक जिनके थित सु थान, बनि रहे जहां मणि रज्यमान।
जय कोठा तीन दिशा सु जान, जय चारों दश बारह प्रमान।।
जय तिन पर गुमठीं शोभाकार, जय कलशा ता ऊपर निहार।
जय तापर ध्वजा अनूप सार, लहकें मानों हों नृत्यकार।।
जय आसपास कोठा सु जान जय, रह्यो बीच में चौक मान।

ताके सु बीच में पीठ तीन, जे शिखरबद्ध मण्डप सु कीन।।
तापर कलशा अरु ध्वजा जान, जय जगमगात आनन्द-खान।
जय आभ्यान्तर-मण्डप सु सार, जय तीन पीठ शोभे निहार।।
जय तापर गन्धकुटी अनूप, जय सिंहासन सोहे सुरुप।
जय तापर कमल विराजमान, जय सहसपत्र ताके प्रमान।।
मणिजड़ित सु ज्योति जगी अपार, मनु पूरब दिश रवि-उदय सार।
जय तापर श्री अरिहन्त देव, शिर तीन छत्र शोभें स्वमेव।।
जय राजत जिन बहु विभौ धीर, जय तिनकों मेरो नमन वीर।
जय रतनमाल मोती सु माल, लटके शोभा दीखे विशाल।।
जय इन्द्रदेव चारों प्रकार, जय पूजे जिनवर हरष धार।
जय वसुविध पूजा करें सार, जय थेइ-थेइ-थेइ आरति उतार।।
जय नचें देव-देवी अपार, बाजत समाज आनन्दकार।
जय सुन-नर विद्याधर महान्, जय जिन-गुणगान करें महान्।
जय नानाविद्य चित्राम सार, बनि रहे सु जगमग-ज्योतिकार।।
कहुँ तेरह द्वीप-तनो प्रमान, कहुँ ढाई द्वीप-तनो सुजान।।
जय चौ-शत अठवन भवन पेखि, बनि रहे चित्र नयनन सु देखि।
जय-जय तुम देव दयानिधान, कवि कौन करे ताको बखान।।
गणधर थुति करत हिये विचार, जपते तुम गुण पावत न पार।
जय तुच्छबुद्धि मेरी निहार, बुद्धिमन्त लोग लीजो सुधार।।
उपदेश दयो सब सुख जुराय, कवि 'लाल' जीत भाष बनाय।

दोहा

जिनमन्दिर भूमि की कही आरती गाय। जो नर बाँचे भाव-सो होय सु मंगलदाय।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशा चैत्यभूमिमन्दिरस्थजिनबिम्बेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचो यह पाठ सरस मन लायके, सुनै भव्य दे का न सु मन हरषायके।
धन-धान्यादि पुत्र-पौत्र सम्पत्ति करे, नरसुर के सुखभोगि बहुरि शिवतिय वरे।।

इत्याशीर्वादः ।

खातिका भूमि सम्बन्धी वर्णन

अडिल्ल

दूजो गली विशाल भूमि की जानिये, वाम दाहिनी ओर अन्तरगलि मानिये।
दरवाजे आभ्यन्तर भूमि सु दूसरी, नाम 'खातिका' जानि स्वच्छ जल-सों भरी।।

ॐ ह्रीं मार्गे वामदक्षिणापार्श्वे अन्तर्गलिमध्ये द्वितीयखातिकाभूमि-संयुक्तसमवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तासु वलय अरु व्यास भाग बाईस जू, भाषो श्री सर्वज्ञ परम जगदीश जू।
खाई रतनन जड़ित शिवानन करि रली, शोभा सहज बखान कहे कवि को बली।।

ॐ ह्रीं द्वाविंशतिभागवलय-व्याससंयुक्त-द्वितीयखातिकाभूमिरत्नसोपान-संयुक्तसमवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पहलो दूजी वेदी बीच सु जानिये, भरी खातिका उज्ज्वल जल परमानिये।
तिन दोऊ वेदिन की परिधि-विषें लहे, शोभा बहुत विशाल सु दरवाजे कहे।।

ॐ ह्रीं प्रथमद्वितीयपरिधो अनेकलघुद्वारसंयुक्तसमवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लघु द्वारे बहु शोभें सुन्दर सार जू, छोटी-मोटी गुमठीं ऊपर धार जू।
तिन पर कलश शोभें परम विशाल जू, तिन पर लहकें ध्वजा कहें कवि 'लाल' जू॥

ॐ ह्रीं सकल-शतक्षुद्रगुमठी-संयुक्तसमवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

लघु सु दरवाजे आगे कही, खातिका ऊपर पुल है सही।
सहज शोभा सो पुल देत है, रतनजड़ित सु उज्जवल खेत है॥

ॐ ह्रीं लघुद्वारागेरत्नखचित-सेतुयुक्त-खातिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

चैत्य सु मन्दिर भूमि गगन तातें लहें, भूमि खातिका-विषें जाय आयो चहैं।
ता वेदी के द्वारन में ह्वैकें कही, पुल के ऊपर जाय परमसुख सों सही॥

सोरठा

वेदी कोट-मँझार द्वार बने लघु बहुत हैं। तिन द्वारन ह्वैं जाँय गन्धकुटी-लग देव नर॥

ॐ ह्रीं चैत्यभूमेः अग्रेवेदिकालघुद्वारसेतुमार्गेभ्यः गन्धकुट्याः भूमिपर्यन्त-सुगममार्गसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

दूजी वेदी दरवाजे में जानिये, निकसें सो नर देव परमसुख मानिये।
ऐसे सो अन्तर गलियन में होयकें, चले जाँय सो गन्धकुटी लगि जायकें॥

ॐ ह्रीं द्वितीयवेदिकाद्वारमध्यतः गन्धकुटीपर्यन्त-सुमगमामर्गसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुल के ऊपर बैठक बहुत बनी सही, दोऊ तरफ जानि परम सुख की मही।
तिन पर गुमटी कलशा कंचनमय कहे, तिनपर ध्वजा विशाल सुन्दर लहलहे।।
ॐ ह्रीं सेतोः उपरि उभयपार्श्वे कलश-ध्वजा-बहुशिखरयुक्त-बहुविष्ठरसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सायवान दल-परदा करि शोभैं तहां, नानाविध अभिराम चित्र अंकित जहाँ।
ऐसी बैठक बनी परम छवि सो लहे, झलकें खाई नीर-विषैं दुति को कहे।।
ॐ ह्रीं सेतोः उपरि अनेकविष्ठरसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)
उदधि क्षीर-समान सु नीर जू, सरस खाई नीर गहीर जू।
लसत हैं नौकायें सार जू, बहुत छोटी-बड़ी सु धार जू।।
ॐ ह्रीं अनेकलघुविशालनौकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बने बंगला तिन ऊपर सही, सुभग छतरी मनमोहें वही।
सिंह-हय-गज आदिक मुंह कहे, रतनजड़ित परम छवि को लहे।।
ॐ ह्रीं यवनिशोभाशोभितानेकनौकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिन सु नौकाओं में सुर जानिये, सुभग विद्याधर परमानिये।
बजत साज सु जिनगुन गावते, करहिं नृत्य सु पुण्य उपावते।।
ॐ ह्रीं जिनगुणगायक-देवविद्याधर-युक्तनौकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बैठ सुर सु नौकाओं में तहां, सहज दौड़ा-दौड़ि करें जहाँ।
दोय पार सु खाई की कही, चलत भव्य सु आनंद-सौं सही।।

ॐ ह्रीं खातिकासु अतिशीघ्रगामिनीनौकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(मदअवलिप्तकपोल छन्द)

तहां नृत्य अरु गान, करें सुर बहुविधि भाई। कहीं सु स्वच्छ तरंग, बहुत शोभा अधिकाई।।
शोभा बहुत विशाल, धन्य जे नयनन पेखें। श्री जिन पुण्य महान् जान 'कवि लाल' सु देखें।।

ॐ ह्रीं अनेकातिशययुक्त-पुण्यसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय पुष्पवाटिका भूमि वर्णन प्रारम्भ

अडिल्ल

तीजी भूमि गली के बाँई ओर जू, और दाहिनी ओर अन्तर-गलि जोर जू।
दरवाजे आभ्यन्तर वेदी दूसरी, भाग चार की जानि बनी सुन्दर खरी।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमिद्वारेवामदक्षिणान्तरर्गलीषुचतुर्थभागप्रमाणद्वितीयवेदिका-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

और दूसरो कोट बहुत सुन्दर बनो, चार भाग परमान लिये शोभा घनो।
विदिशा में पहिचान जानके देखिये, तीजी भूमि सपुष्प-वाटिका लेखिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमि चतुर्थभागद्वितीयसालसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि तीसरी कोट वलय अरु व्यास जू, भाग चवालिस जान परम सुखकार जू।
तहँ नाना-परकार सु फुलवारी बनी, ताको वर्णन सार सुनो चित दे गुनी।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमि-चत्वारिंशद्भाग-वलयव्यासपुष्पवाटिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भाग चवालिस में फुलवारी जानियो, नानाविध के पुष्प-वृक्ष मन आनियो।
तिनकी सुरभि-प्रवाह पाय अलि आइयो, विषयशक्ति परमान सु मदकर छाइयो।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमि-चत्वारिंशद्भागपुष्पवाटिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सो फुलवारी ऐसी विध-सो देखिये, भूमि तीसरी अन्तरगली सु देखिये।
प्रथम जान दरवाजो ताको लीजिये, ताके आगे भूमि सु सार गनीजिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अन्तर्गल्याः द्वाराग्रे रम्यभूमिसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रौंस-तने चौतरफा दरवाजे कहे, शोभे सार उतुंग सहज शोभा लहे।
तिन पर गोखें सार सु तहिरी जानिये, ऊपर कलशा ध्वजासहित परमानिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौपुष्पवाटिका चतुर्दिसु अनेक रचनायुक्त-चतुर्द्धार-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चली रौंस चौतरफा बीच चबूतरा, चार ओर सोपान जान मणिमय खरा।
तापर बारहदरी लहें शोभा खरी, ऊपर गोखें सार जु सुन्दरता भरी।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अन्तर्गल्याः द्वाराग्रे ससीमद्वादशद्वारीयुक्त-चतुःचतुष्क-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

बन रहे कलशा तिन पर तहां, जानियो सुन्दर सु ध्वजा जहां।
चार कोण सु खम्भा चार जू, बन रहे बंगला सुखकार जू।।

ॐ ह्रीं अनेकप्रकोष्ठयुक्तेतृतीयभूमिसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग कलशा ता-ऊपर कहे, परम सुन्दर मण्डप बन रहे।
रहे है तहँ अलिगण आयके, सहज सार सुगन्ध सु पायके।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमि-पुष्पवाटिका-मण्डपसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रौंस चौतरफा ऐसी बनी, रतनजडित सु क्यारी है घनी।
बीच में सुरवृक्ष सु फूल के, बन रहे सुन्दर बिन शूल के।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमिरत्नखचितसीमाचतुरालवालसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहुँ सु 'वेला' सुंदर देखिये, कहुँ सु सार गुलाब सु पेखिये।
कहुँ 'गुलमेंहदी' शोभा लही, कहुँ चमेली फुल्लित है सही।।
कहुँ सु 'गेदा' सुन्दर सार जू, खिल रहे जु हजारों द्वार जू।
फूलियो 'मचकुन्द' सुहावनो, 'केवरो' महके मनभावनो।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अनेकपुष्पयुक्तपुष्पवाटिका संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस 'मरुआ' नैन निहारिये, 'कुन्द' 'गुलतुरा' सु विचारिये।
सरस 'पाडल' और 'जुही' की, 'सेवती' फुलवारि जु बन रही।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अनेकपुष्पयुक्तवाटिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फूल उत्तम जो जग में कहे, सुरभिता करि लीन जु लहलहे।
फैलियो जसुगन्ध दिशा दशों, करत क्रीड़ा देखि जु मन बसों।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ देवादिक्रीड़ायुक्तपुष्पवाटिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रौंस के दोऊ तट जानिये, वृक्ष केला के परमानिये।
सहज श्रेणीबद्ध चले गये, सघन बंगला-लों चहुँदिश गये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ सीमातट-श्रेणीबद्धकदलीवृक्षसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रौंस दाहनी बाईं ओर जू, सरस सुन्दर वृक्ष सु जोर जू।
लग रहे सु 'अनार' निहारिये, 'आम'-'नारंगी'-फल धारिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ सीमायाः वामदक्षिणभागयोः अनेकवृक्ष् फलपुष्पसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग निंबुओं की पंकति कहो, सुभग 'संगतरा' फलियो सही।
'नारियल' सु 'छुहारे' के कहे, 'आमिली'-'जामुन' झुक लहलहे।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ सीमापार्श्वद्वय-निम्बुक-सगंतरप्रमुखवृक्षसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जान तरु 'सीताफल' सोहने, 'जायफल' 'बादाम' सु मोहने।
और वृक्ष अनेक सु जानिये, बीच में बंगला परमानिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अनेकरचनासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(भुजंगप्रयात छन्द)

सुनों रौंस की चार विदिशा जु माँही, बनी वापिका ताल सुन्दर सुहायीं।
बनी सार बैठक सु गौंखें विराजे, लसें तुंग कलशा ध्वजा सार छाजें।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ सीमचतुर्विदिशासु वापिका-सरोवर-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसें सार झालरि बंधी रत्नमाला, धरें कान्ति भारी सु सुन्दर विशाला।
भरो नीर उज्ज्वल मनो दूध-धारा, रलें 'कुन्ज' के फूल सुन्दर अपारा।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ वापी-सरः-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तहां रत्न मणिमय बनी पैरकारी, रही वृक्ष की झूमि शाखा विचारी।
तलें सार सुन्दर शिला शुद्ध सोहें, विराजें मुनी तास पै भव्य मोहें।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ वापिका-प्रमुखस्थल-विराजित-संयमिसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धरें जोग भारी अनागार धारी, वरें मुक्तिनारी सु सोहै शिला-पै।
चले भव्य आवें मुनीधर्म गावें, भले भव्य धावें सुने धर्म ता-पै।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ धर्मवृष्टिकारकदिगम्बरमुनिसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

अब सु बंगला को वर्णन सुनो, तीन योग सुथिर करके गुनो।
चार दिश झालर शुभ जानिये, लटकते गुच्छा परमानिये।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ मनोहरप्रकोष्ठसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतनमाल सु मोतीमाल जू, बांध के सु झकाझक लाल जू।
बन रहीं झंझरी सुखकार जू, परम सुन्दरता तित धार जू।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ धर्मोपदेशकयतियुक्त प्रकोष्ठसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्रकान्त-शिला तहं देखिये, मुनि सु ध्यान धरें तहं पेखिये
करें भव्यन को उपदेश जू, नमत आय सु देव नरेश जू।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ चन्द्रकान्तशिलोपरि-ध्यानस्थ-यतिसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जान आभ्यन्तर बंगलाविषें, देव-विद्याधर बैठै दिखे।
तहं बाजत साज समाज सो, करत नृत्य सु जिन गुणगान सो।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ देवीदेवनृत्ययुक्त-प्रकोष्ठयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देवरौंसन पर इत-उत फिरें, परम सुन्दरता तन पै धरें।
सहज पुण्य सु उत्तम पायकें, करत जिनदर्शन इत आयकें।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ देवक्रीड़ायुक्तसीमासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग बेलन के मण्डप तने, वृक्ष श्रेणीबद्ध खड़े घने।
एक फुलवारी वर्णन कह्यो, अन्य तीनों में यों ही अह्यो।।
बहुत फुलवारी ऐसी सही, आसपास सु विदिशा में कही।
अन्य पुण्य सु जिनवरदेव को, लाल जान सु कीजे सेवको।।

ॐ ह्रीं तृतीयभूमौ अनेकरचनासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्थ भूमि वर्णन प्रारम्भ

(अडिल्ल छन्द)

चौथी गली विशाल सु नैनन देखिये, वाम सु दक्षिण अन्तरगली सु पेखिये।
तहँ दरवाजे तुंग सु सुन्दर जानिये, सुभग नाट्यशाला जु आगे मानिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थवीथिकायां वाम-दक्षिणान्तर-वीथिकाद्वारसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तहां नाट्यशाला सुन्दर सु विचारिये, नाचें देवी-देव हरष उर धारिये।
एक नाट्यशाला में बती सु जानिये, बने अखाड़े सुभग नृत्य परमानिये।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ सुभगनाट्यशालासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एक अखाड़े सुरीं बतीस नचें खरीं, बजें बीन मिरदगं सु थेइ-थेइ धुनि खिरी।
श्री जिन के गुणसार गावतीं भाव-सों, हाव-भव बहु करें धरें पग चाव-सों।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ द्वारे नाट्यशालासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ताके आगे कोट दूसरी जानिये, भगा चार परमान सु मन में आनिये।
तीजो वेदी सुभग सु नैन निहारिये, भाग चार सौ परम उर धारिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ तुर्यभागप्रमाणद्वितीयदुर्गतृतीयवेदिकासंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिन दोउन के बीच सु विदिशा में कही, चौथी उपवनभूमि जान सुन्दर सही।
वलय व्यास के भाग चवालिस लीजिये, ताके आगे वर्णन और सुनीजिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ द्वितीयदुर्गतृतीयवेदिका-चत्वारिंशद्भागोपवनसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

जान दिश 'आग्नेय' सु हेत है, वन अशोक महाछवि देत है।
दिश सु 'नैर्ऋत' देख विचारिये, सप्तवर्ण सु वन मन धारिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ 'आग्नेयदिशि' आशोकवनेन, 'नैर्ऋतदिशि' सप्तपर्णवनेनसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिश सु 'वायव' में चम्पक कहो, आम्रवन 'ईशान' सु दिश लहो।
वृक्ष ओर अनेक तहाँ घने, सहज शोभा कर मण्डित ठने।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ वायव्यदिशायां चम्पकवनेन, ईशानदिशायाम् आमवनेन संयुक्तसमवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वृक्ष जाति अनेक सु देखिये, भूप-वृक्ष सु चार विशेषिये।
गिन अशोक सु चम्पक दूसरो, सप्तपर्ण सु आम्र लसे खरो।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ अशोक-चम्पक-सप्तपर्ण-रसालवन-मध्यस्थ-भूपवृक्ष-संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सहज शोभ वन में जानिये, लसत मन्दिर वापी आनिये।
सुभग पर्वत-ताल-विताल जू, करत क्रीड़ा देव सु 'लाल' जू।।
ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ अनेकरचनायुक्तचतुर्वन संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूपवृक्षन की शोभा सुनो, बने हैं जा विध सेती भनो।
वन अशोक सु बीच विशेखिये, लसत, बारहदरी सु देखिये।
ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ अशोकवनेद्वादशद्वारीसंयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर सु बारह ऊपर जानियो, बन रहीं बैठक परमानियो।
लसत कलशा और ध्वजा कहीं, बन रही सुन्दर शोभ सही।।
ॐ *ह्रीं चतुर्थभूमौ अनेकरचनायुक्तद्वादशद्वारी संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।*

तिन सु बैठक की गोखें कहीं, सुभग दर-परदा शोभा लहीं।
रतनमाल सु मोतीमाल जू, झकमकात सु जगमग लाल जू।।
ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ द्वादशद्वार्याः उपरि अनेकरचनायुक्त-त्रियलगवाक्ष संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

तिन गोखिन में सुर विद्याधर जायके, बैठक हर्ष बढ़ाय सु जिनगुन गायके।
अब सो वर्णन और सुनो न विलोकिये, योगत्रय सु लगाय जु मन में धोकिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ अशोकवने द्वादशद्वार्याः उपरि देवाद्यधिष्ठित-गवाक्ष संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

बन रही बारहदरि सार जू, तास आभ्यन्तर सु विचार जू।
चौक-बीच सु कोट जुतीन जू, बी पीठ सु तीन नवीन जू।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ द्वादशद्वार्याः आभ्यन्तरे दुर्गत्रयमध्ये पीठत्रय संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन पीठ सु ऊपर राजई, भूपवृक्ष अशोक विराजई।
सरस सीधे वृक्ष सु जानिये, परम सुन्दरता परमानिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ जिनदेहप्रमाणतः द्वादशगुणोत्तुंगाशोकवृक्षयुक्त-पीठत्रय संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फिर सु कैसो वृक्ष अशोक है, नयन देख सु भाजत शोक है।
मूल में हीरा सु जड़े सही, हेममय सुन्दर शाखा कही।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ विविधशोभायुक्ताशोकवृक्ष संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पत्र पन्ना के रंग जानिये, लाल फूल खिले परमानिये।
फल महारमणीय सुहावने, झुक रहे सु सरस मनभावने।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ विविधशोभायुक्ताशोकवृक्ष संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(भुजंगी छन्द)

लखो सार विदिशा-विषें वृक्षसारं, गनी भूप-वृक्षं सुशोभा अपारं।
लसें चार वन नाम ऊपर सु भाखे, सोई भूपवृक्ष भले इन्द्र राखे।।
लसें सार शोभा सु देखो निहारी, भजें पाप ताके लहे सौख्य भारी।
करे देव पूजा भलीभाँति भाई, जजें लाई जी धन्य नर सो कहाई।।

ॐ ह्रीं चतुर्थभूमौ चतुर्वनेषु चतुर्भूपवृक्षशोभा संयुक्त-समवशरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अशोक वृक्ष पूजा प्रारम्भ

(सुन्दरी छन्द)

वन अशोक महाछवि देत है, सकलजीव तनो सुख-हेत है।
भूपवृक्ष अशोक सुहावनो, जिन सुपूज परमसुख पावनो।।

ॐ ह्रीं अशोकवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्रावतारावतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं अशोकवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं अशोकवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।
(सन्निधिकरणम्)

अष्टक (गीता छन्द)

द्रहनीर निर्मल परम पावन, कनक-झारी में भरों।
जिनराज-चरण-प्रक्षाल भविजन, जन्म-मरण-व्यथा हरों।।

'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनो।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर केशर मलय पिसकर, सुरभि दशदिश में भई।
श्री जिन सु पूजत पूज हूजत, भव सु दाह विलय गई।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः सुगन्धं निर्वपामीति स्वाहा।

अति सरस तन्दुल चन्द्र-सम वन, श्वेतवर्ण सु लीजिये।
प्रक्षाल के प्रासुक सु पानी, पुंज सुन्दर दीजिये।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकी अरु गुलाब सु, गन्ध-महकत लाइये।
श्री जिन सु अग्र चढ़ाय के भवि, समरबाण विलाइये।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान नीको शुद्ध घी को, कनकभाजन धारिये।
श्री जिन चढ़ाय सु गाय जिनगुण, क्षुधारोग निवारिये।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय होत जगमग, ज्योति सुभग सुहावती।
तम मोह-नाशं भयो सु पूजत, शची जिनगुण गावती।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर अगर सुगन्ध ले वसु, कूट जिनपद खेइये।
वसु दुष्टकर्म अनादि के ही, दाह शिवसुख लेइये।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल-सुपारी-लोंग सारी, फल-समूह सुलाइये।
श्रीजिन चढ़ाय सु गाय जिनगुण, मोक्षफल शुभ पाइये।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-गन्ध-अक्षत-पुष्प-नैवज-दीप-धूप-सु खेइये।
फल लेय अर्घ्य करो सु भविजन, पूज प्रभु-पद सेइये।।
'आग्नेय' दिशा अनूप सोहत, वन अशोक सुहावनो।
तहँ भूपवृक्ष अशोक जानो, पूज जिन निज-अघ-हनौ।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि अशोकवनवृक्षस्थ जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सप्त पर्णवन वृक्षस्थ जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा

सप्तपर्ण-वन सोहनो समवसरण में जान। भूपवृक्ष सो नाम है, 'नैर्ऋत' दिशा प्रमान।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशि सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः अत्रावतारावतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशि सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशि सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।(सन्निधिकरणम्)

अथाष्टक (त्रिभंगी छन्द)

उज्ज्वल शुभ पानी प्रासुक छानी सुरभि-समानी सुखकारी।
भरि कंचनझारी जिनपद-धारी जन्म-नशानी हितकारी।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चन्दन दाह-निकन्दन सहज सुवासी ले हेरा।
जिनचरण चढ़ायो मन हरषायो दाह मिटायो भव-केरा।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सुखदास कमोदं धार प्रमोदं प्रासुक जलसों प्रक्षालों।
उज्ज्वल शुभ कीजे पुंज सु दीजे जिन पूजीजे अघ टालों।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ फूल सुवासी परिमल खासी चित्त हुलासी कर लावो।
श्री जिनपद पूजों नर-सुर हूजों काम-नाश दिव शिव-पावों।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान सु साजे मोदक खाजे बहुविध ताजे मालपुआ।
देखत दृग-नासा परम हुलासा ले शुभ खासा सुकृत हुआ।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिदीप-उद्योतं तम-क्षय होतं जगमग ज्योतं जयकारी।
मो तिमिर-विनाशे स्व-पर-प्रकाशे ज्ञान सु भासे भवतारी।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ गन्ध दशों-कर अग्निमांहि-धर अष्टकर्म-हर धर खेवो।
अतिपुण्य कमावो बलि-बलि जावो निज दरशावो प्रभु सेवो।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले श्रीफल भारी लोंग-सुपारी-दाख-छुहारे ले आवो।
जिनचरण-चढ़ावत जिनगुण-गावत ताल-बजावत शिव पावो।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-चन्दनगारं अक्षतधारं पुहुप-चरु-सारं दीप धरौं।
कवि 'लाल' सु धूपं फल सु अनूपं जज जिनभूपं मुक्ति वरों।।
श्री सप्तपर्णवन समवसरण-धन नैर्ऋतदिशा सु हूजीजे।
जय भव-भव शरणं शिवसुख-करणं श्री जिनचरण सु पूजीजे।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायां सप्तपर्णवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पक वनवृक्षस्थ जिनप्रतिमा पूजा प्रारम्भ

वन मनोहर चम्पक जानिये, भूपवृक्ष सु चम्पक मानिये।
दिशा वायव सुन्दर सार जू, जिन सु पूज भये भवपार जू।।

ॐ ह्रीं वायव्यदिशायां चम्पकवनवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्रावतारावतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायां चम्पकवनवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायां चम्पकवनवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।(सन्निधिकरणम्)

अथाष्टक (चाल-नन्दीश्वरपूजा भाषा जी)

उज्ज्वल जल सुन्दर लाय वास अनेक लई। धर मणिमय झारी-माँहि अघहर धार दई।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभग सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चन्दनवास फैली सुखकारी नाशत भवताप सु त्रास जय जय बलिहारी।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

उज्ज्वल अक्षत सु प्रक्षाल पुंज करो भाई। अक्षयपद हो तत्काल पूजत जिन राई।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बहुविध उत्तम ले फूल जिनपद पूजीजे। रहे कामबाण नहिं मूल सन्मुख हूजीजे।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-घेवर बहु आन मोदक ले ताजे। पूजत जिनराज सु पाँय रोग-क्षुधा भाजे।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ऊँ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक मणिमय प्रकाश जगमग ज्योति धरे। भयो मोह-अंधेरो नाश ज्ञान-प्रकाश करे।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ऊँ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

करपूर सु अगुरु मंगाय धूप सु खेईजे। हर अष्टकर्म दुखदाय जिनपद सेईजे।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ऊँ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल-बादाम सुलाय पिस्ता धोय धरों। फल पूज सु जिनगुण गाय श्रीधर मोक्ष वरों।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। वायवदिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ऊँ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-चन्दन ले इत्यादि वसुविध अर्घ्य करों। कवि 'लाल' सु पूजत पाँय श्रीजिन मुकतिवरों।।
चम्पकवन सोहे सार सर-नर गुण-गावें। 'वायव' दिश सुभय सुहाय पूजत शिव-पावें।।
ऊँ ह्रीं वायव्यदिशि चम्पकवनवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आम्रवनस्थ जिनपूजा प्रारम्भ

अडिल्ल

शोभत वन सु विशाल आम्र को जानिये। भूपवृक्ष तँह आम परम परमानिये।।
तहँ जिन भवन अनूपम शोभित थान जू। पूजें सुर-नर आनि दिशा ईशान जू।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि आम्रवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्रावतारावतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं ईशानदिशि आम्रवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं ईशानदिशि आम्रवृक्षस्थजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अथाष्टक (सुन्दरी छन्द)

परम पावन नीर सु लाइये धार तीन सु दे हरषाइये।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलय-केशर-गन्ध मिलायके भव सु दाह चढ़ाय बुझायके।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल शोभित तन्दुल सार जू करत पुंज अखयपद धार जू।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रसव केतकि-चम्पक पावने काम-नाश सु जिनगुण-गावने।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहनो सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

चरु मनोहर सुन्दर देखिये जिन चढ़ाय परमसुख पेखिये।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय सुन्दरता लहे मोह-नाश सु निज-पर को कहे।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस धूप दशांग सु खेइये करम जारि सु जिनपद सेइये।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल सु नयनन को प्रियता करें फल चढ़ाय सु शिवफल को धरें।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल सु आदि गनो फल अन्त जू 'लाल' अर्घ्य चढ़ावत सन्त जू।
वन सु आम्र जु सुन्दर सोहने सुर सु पूजत तन-मन-मोहनो।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशायाम् आम्रवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

चौथी भूमि सुहावनी पूजा भई विशाल। शुभ-शुभ शब्द मिलायके 'लाल' भने जयमाला।।

(पद्धरि छन्द)

जय-जय श्री वृक्ष अशोक जान जय वर्णन ताको हृदय-आन।
जय वृक्ष अशोक जु दिपे सार सब वृक्षन में भूपति निहार।।
जय ताकी चारो दिश बखान जिनमन्दिर चार कहे सूजान।
जय पीठ तीन तापर जु सार शोभे श्री गन्धकुटी विचार।।
जय ता-बिच सिंहासन अनूप जय तापर कमल रचो सरूप।
जय तापर प्रतिमा जिन सु देव जय राजत एक करो सु सेव।।
जय चारों दिश ऐसे सु जान जय श्री अरिहन्त विराजमान।
जय तीन छत्र शिर शोभकार त्रिभुवन के ईश्वर कहत सार।।
मोतिन की झल्लरि बहुविशाल जय छत्रन में लटकैं जु लाल।
जय प्रातिहार्य-वसु दिपें सार तिनकों लख सुर नाचें अपार।।
जय बड़ी विभूति विलोक देव ता थेइ-थेइ-थेइ-थेइ करत सेव।
बाजत मृदंग-बीनादि सार जय सब समाज बाजत सु धार।।
जय चारों दिश फिरिकें सढ़ार जिनराज सुगुण जय-जय उचार।
जय क्षीरोदधि उज्ज्वल सु नीर झट लाय करत जिन न्हव वीर।।
जय फिर पूजत वसु द्रव्य लाय जय नृत्य करत जिनगुण सु गाय।
जय-जय परदक्षिण देहि तीन जय चारों दिश थिरकें प्रवीन।।
जय-जय श्री जिनवर-गुण विशाल तिनकौं मैं नमन करो त्रिकाल।
तिन आगे मानस्तम्भ सार जय शोभें बहु आनन्दकार।।
जय-जय मुख इन्द्र करें उचार अस्तुति-जिनराज पढ़ें विचार।
जय चक्रवर्ति-बलदेव जान जय नारायण-प्रतिहरि प्रमान।।
जिनशासन में आनन्द-धार पददक्षिण देहि अनेक बार।

ज्यों मेघ-घटा को देख मोर नाचत ऐसे सुर-नर सु जोर।।
जय हाथ जोर सनमुख सुरेश जिनराज-छवी देखें विशेष।
दो नैनन तृप्तभयो न इन्द्र तब सहसनेत्र रचियो सुरेन्द्र।।
जय फिर-फिर जिनको नमस्कार कर गावत जिनगुण हरषधार।
वह समयो जिन देखो विशाल धनि जीव कहें जिनकों सु 'लाल'।।
जय या विध पूजत हैं त्रिकाल जय-जय जिन-चरनन नमत भाल।
जय एक अशोक सु वृक्ष-सार ताको वरनन भाषो विचार।।
ऐसे ही चारों भूप-वृक्ष पूजत मिलिके सुर-नर-प्रतक्ष।
श्रीजिनमहिमा-वर्णन अपार कवि कौन लहे ताको सु पार।।
पर तुच्छबुद्धि हमने सु पाय जय-जय-जय जिनगुण कहे गाय।
उपदेश दियो सब सुख जु राय कवि 'लाल' भक्त बलि-बलि सुर जाय।।

दोहा

चौथी उपवन-भूमि की पूजा अरु जयमाल। जो बाँचे मन-लायके पावे शिवपद हाल।।

ॐ ह्रीं चतुर्थदिशासम्बन्धि-चतुर्थोपवनभूमिवृक्षस्य-जिनप्रतिमाभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचे यह पाठ सरस मन लायके, सुने भव्य दे कान सु मन हरषायके।
धन-धान्यादि पुत्र-पौत्र-सम्पत्ति बढ़े, नर-सुर के सुख भोग बहुरि शिव-तय वरे।।

इत्याशीर्वादः ।

पंचम भूमि वर्णन प्रारम्भ

अडिल्ल

भूमि पंचमी गली सु नैनन पेखिये, वाम-दाहिने भाग गली दो देखिये।
दरवाजे आभ्यन्तर वेदी तीसरी, चार भाग परिमान सु सुन्दरता धरी।।

ॐ ह्रीं पंचमगल्यां वाम-दक्षिणभागयोः आभ्यन्तरगल्यां चतुर्थभागप्रमाणान्तरवेदिकासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कोटि तीसरो भाग चार को सार जू, सुवरण-वर्ण विचार हिये में धार जू।
तहाँ पांचवीं भूमि महा-सुन्दर कही, ध्वजा-समूह सु लहकें सुन्दरता लही।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ चतुर्थभागस्वर्णमयमहासुन्दर-तृतीयसालसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूमि पाँचई भाग चवालिस जानिये, वलय व्यास पहिचान हिये में आनिये।
वेदी कोट विशाल महाशोभा-शचो, नानाविध चित्राम चित्र करिके खचो।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ चतुःचत्वारिंशद्-भागवलयव्यासवेदिका-चित्रसमूह-संयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण चित्राम कहीं सु बने सही, कहं तीर्थंकर देव भवान्तर शुभ लही।
इनके चित्र बने सुन्दर सु निहारिये, झकझकात सुखकार हिये में धारिये।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ समवसरण-शालवेदिकायां-तीर्थंकरपूर्वभव-चित्रसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहिं जिनमाता सुपने देखें सार जू, तिनके फल पूँछत पति-सो सुविचार जू।
कहिं तीर्थंकर पंचकल्याणकरूपजू, तिनके चित्र-निहार सु परम अनूप जू।।
ॐ ह्रीं पंचमभूमौ शालवेदिकाचित्र-संयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर को नहुन भयो गिरि पर जहां, नागदत्त हाथी चढ़ इन्द्र गयो तहां।
कर जिनवर को नहुन बड़े आनन्द-सों, नृत्य करत हरषायु सु गावें छन्द-सों।।
ॐ ह्रीं पंचमभूमौ जिनस्नपनचित्रसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इन ही के चित्राम बने तहँ पेखिये, चक्रवर्ति की विभव कहूँ दृग दुखिये।
षड्विध सेनाजाति तने चित्राम जु, सोहं सरस विशाल परम अभिराम जु।।
ॐ ह्रीं पंचमभूमौ चक्रवर्तिभव-चित्रसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नारायण-बलभद्र सु नयन निहारिये, प्रतिनारायण जान परम उर धारिये।
तिनकी बड़ी विभूति और भव पाछिले, इनके भी चित्राम दिखावत हैं भले।।
ॐ ह्रीं पंचमभूमौशालवेदिकायानारायण-बलभद्रादि-विभवचित्रसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भोगभूमि त्रय उत्तम-मध्यम जानिये, और जघन्य मिलाय सु हियमें आनिये।
इनमें राजें सार जुगलिये देखिये, ऐसे ही चित्राम मनोहर पेखिये।।
ॐ ह्रीं पंचमभूमौ शालवेदिकायां भोगभूमियुगलचित्रसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पवृक्ष दशभेद बने चित्राम जू, कहूं स्वर्ग 'सौधर्म' महा अभिराम जू।
दूजो लख 'ईशान' सहज सुखकार जू, 'सनतकुमार-महेन्द्र' स्वर्ग ये चार जू।।
दो-दो बीच विचार खड़े सुखकार जू, सेवें देवी-देव परम मुद-धार जू।
तिनको वर्णन सार विशेष सु जानये, परम-ग्रंथ-सिद्धान्तसार' से जानिये।
ऐसे-मानस्तम्भ 'छत्र' शिर तीन जू, सिंहासन जिनबिम्ब विराजत तीन जू।
रतनन की जंजीर मंजूषा लटकते, तिन मंजूषाविषैं सु भूषण मटकते।।
तिनमें तीर्थंकर होवत हैं सुखकार जू, इन्द्राणी आभूषि-वस्त्र निहार जू।
पहिरावत जिनराज हरष उरधारके, श्री जिनरूप-निहार सु नैन विचारके।
ऐसे भी चित्राम बने तहाँ जानिये, नानाविध सुखकार हरष उर-आनिये।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ प्राक्चतुःस्वर्गमध्य-मानस्तम्भे सुन्दरवस्त्राभूषियुक्तमंजूषाद्वययुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहुँ सागर के बीच से पर्वत जानिये, बनी कुभोग सु भूमि तहाँ परमानिये।
तहँ के होहैं मानुष-मुख ऐसे बने, हाथी-घोड़ा-मेढ़ा-बैल गिनो घने।।
इन आदिक चित्राम सु वेदी कोटमें, बने सरस सुखकार सु झलके ओटमें।
वेदी कोट विशाल सु ऊपर जानिये, बने कंगूरा-गुरज परम परमानिये।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ वेदिकाशालकंगूरागुरजादिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बनी बैठकें तिहरीं ऊपर पेखिये, तिन में चित्र विशाल बने तहँ देखिये।
कलशाध्वजा विशाल सु लहकें सारजू, बैठत देवी-देव सु मुख जयकार जू।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ कोटशालवेदिकोपरि देवी-देवयुक्तत्रितल-विष्टसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

लसतभूमि ध्वजा की जानिये, धरहिं चिन्ह ध्वजा परमानिये।
सिंह-हाथी-वृषभ-सु मोर जू, गगनमाला-गरुड़ सु जोर जू।।
हंस-चक्र सु कमल निहारिये, चिन्ह ये दशभेद विचारिये।
लहकती सुध्वजा सुन्दर तहाँ, कथन कों कवि को समरथ तहां।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ सिंहादिदशोदचिन्हयुक्त ध्वजासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसत चिन्ह सु एक ध्वजा कहो, एकसौ अरु आठ गिनो सही।
चिन्ह दश की ध्वजा गिनीजिये, सहस एक असी गिन लीजिये।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ एकदिशासम्बन्ध्यशीत्यधिकसहस्रध्वजासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एकदिश की भाषीं गायकें, चार दिश की जोड़ो ध्यायकें।
सहस चार सु तीन सो गाइये, बीस ऊपर गिन मन आनिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिक्षु त्रिशतविंशत्यधिकचतुः सहस्रमहाध्वजासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

महाध्वजा जो एक है ताके संग निहार। कहीं एक सौ आठ जो छोटी ध्वजा विचार।।
चारों दिश छोटीं ध्वजा चार लाख मनलाय। छयासठ सहस सु पांचसौ
साठ अधिक सुखदाय।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशासु महाध्वजाभिः सह 466560 लघुध्वजासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चाह सहस अरु तीन सौ बीस अधिक सब जान।
महाध्वजा चारों दिशा भाखीं श्री भगवान्॥

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ चतुर्दिशासु 4320 महाध्वजासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

सब ध्वजा गिनियो मन-लायकें लाख चार कही जिन गायकें।
सहस सत्तर वसु सौ जानिये गिन सु अस्सी ऊपर मानिये॥

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ चतुर्दिशासु 470880 ध्वजासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कनक-थम्भ ध्वजा के पेखिये सहज सुन्दरता कर देखिये।
वृषभजिन के थम्भ जु सार जू गिन अठासी अंगुल धारजू॥

ॐ ह्रीं वृषभजिनस्य अष्टाशीत्यंगुलप्रमाण-सुवर्णमयध्वजा-स्तम्भसंयुक्त समवसरणस्थित-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तासु ऊपर दण्ड सु मणिमयी धनु पचीस सु अन्तरता लई।
सहस लहकत ध्वजा सु जानिये करत नृत्य मनों उर आनिये॥

ॐ ह्रीं पंचभूमौ ध्वजासमूहसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(भुजंगप्रयात छन्द)

बनी भूमि सुन्दर ध्वजा की सु जानो, तहां ताल-वापी-सु पर्वत बखानो।
बनी सार सुन्दर लसैं पैरकारीं, करें देव क्रीड़ा धरें कान्ति भारी॥
वहाँ वृक्ष जानो फले फूल मानों, झुकी डार आनो भली शोभ-धारा।
मनो कल्पवृक्षं सु सोहे प्रतक्षं, लेखे सौक्ख अक्षं क्षुधा-दोष टारा॥

तहां मुनि विहारी धरें योग भारी, सु आतम-विचारी भली-भाँति भाई।
बुरे कर्म नाशी, स्व-पर-ज्ञान भासी, सु आतम-विलासी जगी ज्योति पाई।।
चले भव्य आवे भली-भाँति ध्यावें, विनय शीश नावें सुने धर्म-वानी।
कोई ध्यान 'लाल' सु पूजैं त्रिकालं, सु दीखें विशाल भली बुद्धि ठानी।।

दोहा

पंचम भूमि सुहावनी वर्णन कियो सुर धार।
धन्य सु नरभव 'लाल' जो देखत नयन निहार।।

ॐ ह्रीं पंचमभूमौ विविधरचनासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण षष्ठभूमि पूजा प्रारम्भ

अडिल्ल

छट्ठी भूमि गली की बाँई ओर जू, जान दाहिनी तरफ अन्तरगलि जोर जू।
दरवाजे आभ्यन्तर भाखे गायके, बनी नाट्यशाला सुन्दर सुख पायके।।

ॐ ह्रीं षष्ठभूमेः गल्यांवामदक्षिणभागे अन्तरगल्याः द्वारे नाट्यशाला-संयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आगे तीजो कोट भाग सै चार जू, चौथी वेदी जान भाग दो धार जू।
तास बीच की भूमि चवालिस भाग जू, वलय व्यास उर आन देख दृग राज जू।।

ॐ ह्रीं तुर्यभाग-तृतीयसालभागद्वय-चतुर्थवेदिकामध्येचतुः चत्वारिंशद्भागवलयव्यासभूमि संयुक्त समवसरणस्थित- जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीजो कोट विशाल वर्ण कंचन-तनो, बनो कंगूरा सहज ध्वजा लहकें बनो।
बनी बैठकें तिहरी गौख विचारिये, नाचें देवी-देव हरष उर-धारिये।।

ॐ ह्रीं विविधरचनायुक्त-तृतीयसालयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रही बीच में भूमि तासु वर्णन कहो, चारों विदिशा-माँहि सु वन सुन्दर लहो।
कल्पवृक्ष के जान समूह चले गये, आसपास चौतरफा सुन्दर शोभये।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमिं परितः कल्पवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पवृक्ष काहे ते नाम सु पाइयो, जो मनवांछित वस्तु देय हर्षाइयो।
कहे सु दश परकार भेद तिनके सुनो, श्री जिन-पुण्य महान् विभव ऐसो गुनो।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ मनोवांछितवस्तुदायक-कल्पवृक्षसंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

सुभग भाजन एक सु देत है गृह बने दूजो सुख-हेत हैं।
सुभग आभूषण तीते दये वस्त्र सुन्दर चौथी तरु लये।।
पाँचमो भोजन सुखकार जू पेय-वस्तु छठी उर-धार जू।
जोति जगमग जान सु सातमों सुभग माला देता आठमों।।
देत बाजे नवमों जानिये देत दीपक दशमों मानिये।
वस्तु मनवांछित शुभ सार जू देत हैं तरु आनंदकार जू।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ दशप्रकारकल्पवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसत वन सुन्दर सुखकार जू कल्पवृक्षन को दिश चार जू।
बन रहे मन्दिर तहाँ देखिये वापिका अरु ताल सु पेखिये।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ वापिकाद्रहमन्दिरसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(भुजंगप्रयात छन्द)

धरें ध्यान भारी सु आतम विचारी, महापुण्यधारी लसें संयमी जू।
हनी मोह-फाँसी सदा सौख्य-राशी, स्वपर-भेद-भाषी कषायें दमी जू।।

ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ आत्मध्यानयुक्त-पुण्यसम्पादक-महामुनिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लखें नर जू देवा करें चर्ण-सेवा, सुनें धर्म भेवा भले भेद गाई।
चले भव्य आवें तिन्हें शीश नावें, भले सौख्य पावें लहें ज्ञान भाई।।

ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ विविधस्थानेषु धर्मोपदेशकदिगम्बरयतिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहूं सार पर्वत बने सौख्यकारी, सु तिनकी शिखर पर शिला शुद्ध भारी।
तहाँ मुनि विराजे धरे ध्यान गाजे, सवै पाप भाजे सु एकाविहारी।।

ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ ध्यानाढ़्यतियुक्त-पर्वतसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तहां देव क्रीड़ा करें भांति नीकी, जजें चर्ण मुनि के जु पूंछत सु जी की।
करैं वर्न गुरु जी सुनो सार सुर, जी, जगे भाव उर जी भली-भांति जाके।।
लखें भेद आपं भने पुण्य-पापं, जपैं भव्य जापं नशें पाप ताके।।

ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ स्वपरोपकारीदिगम्बरयतिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बनें वन सु चारों दिशा-माँहि, धारों, सु बीचैं निहारो अहो भव्य भाई।
बने भूप वृक्षं लखें पाप गच्छं, सु देखें प्रतक्षं रहे सुर सु छाई।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ चतुर्दिशासु वनमध्ये चतुर्भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

भूप-वृक्ष सु वर्णन मैं भनो, तीन योग लगाय सु भवि सुनो।
एकदिश वन बीच विचारिये, सुभग बारहदरि सु निहारिये।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ एकदिशिवनमध्ये द्वादशद्वारीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसत कुरसीदार सु जानिये, खचित मणि-सोपान प्रमानिये।
दरन ऊपर बैठक देखिये, सरस गौखें तिहरी पेखिये।।
ॐ ह्रीं विविधरचनायुक्त-द्वादशद्वारीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जान ऊँचे शिखर सुहावने, लसत कलशा जगमग भावने।
तुंग जान ध्वजा लहकें तहां, मनहुँ भव्य बुलावत हैं जहाँ।।
ॐ ह्रीं विविधरचनायुक्त-द्वादशद्वारीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतनमाल सु मोतीमाल जू, झकझकात सु लाल विशाल जू।
देव विद्याधर सुर गावते, बजत साज सु पुण्य उपावते।।
ॐ ह्रीं जिनेन्द्रगुणगायकदेवयुक्त-द्वादशद्वारीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर सु बारह भीतर जानिये, लसत चौक तु मन में आनिये।
तीन कोट बने सुन्दर तहाँ, बीच पीठ सु तीन बनी जहाँ।।
ॐ ह्रीं द्वादशद्वायां सालत्रयमध्ये सिंहासनत्रय-पीठत्रय-संयुक्तसमवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न मणिमय पीठ तहाँ बनी, जगमगात सु ज्योति सुहावनी।
भूपवृक्ष सु मेरु सुहानी, पीठ तीन सु ऊपर गावनो।।
ॐ ह्रीं पीठत्रयोपरि भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जड़-विषें सुन्दर हीरा जड़े, सुभग दिश सीधे चारों खड़े।
मणिमई शाखा परमानिये, पत्र पन्ना के रंग जानिये।।
ॐ ह्रीं विविधरचनायुक्त-भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लाल फूलन के गुच्छा कहे, फल मनोहर मिष्ट सु लह लहे।
लसत शोभाकर शुभ जानिये, भूप वृक्ष मनोहर मानिये।।
ॐ ह्रीं विविधपुष्पयुक्त-भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन-समाज सु ऊँची जानिये, वृक्ष बारह गुन परमानिये।
सरस शोभाकार सो सार जू, बन रहो सुन्दर आकार जू।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ जिनशरीरद्वादशगुणोच्च-भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वृक्ष की चारों दिश जानिये, चार जिनमन्दिर उर आनिये।
लसत मानस्तम्भ सु देखिये, भूपवृक्ष सु एक विशेषिये।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौचतुर्दिशासुचतुःचतुःमन्दिरस्थित-भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एक वृक्ष-तनों वर्णन करों, चारदिश चारों ऐसे धरों।
धन्य पुण्य जिनेश्वरको सही, देखके भवि पुण्य करो यही।।
ॐ ह्रीं प्रथमभूपवृक्षसमान-शेषभूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(मदअवलिप्तकपोल छन्द)

मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा-माँही परमानो, 'नैर्ऋत' में मन्दार सुभग शोभाकार जानो।
'वायव' में सन्तान जानके सन्मुख हूजे, पारिजात 'ईशान' दिशा कवि 'लाल' सु पूजे।।
ॐ ह्रीं षष्ठभूमौ चतुर्विदिशसु मेरुवृक्षं-द्विचतुर्भूपवृक्षसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मेरुवृक्ष भूपकल्पवृक्षस्थित जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा

कल्पवृक्ष की भूमि तहँ समवशरण में जान। मेरुवृक्ष जहँ भूमि हैं पूजें श्री भगवान्।।

ॐ ह्रीं मेरुवृक्षचतुर्दिशि जिनमन्दिरप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं मेरुवृक्षचतुर्दिशि जिनमन्दिरप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं मेरुवृक्षचतुर्दिशि जिनमन्दिरप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक

पदम-द्रह को नीर सु ले के मणिमय झारी धारो।
जन्म-जरादिक नाशन कारण श्री जिनपद पर ढारो।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।

ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिर कर्पूर मिलावो केसर रंग सुवासी।
श्री जिनवर के चर्ण चढ़ावो भव-आताप-विनाशी।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।

ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

देवजीर सुखदास अटूट अक्षत उज्ज्वल लीजे।
अक्षयपद-उपजावन-कारन जिन-ढिंग पुंज सु दीजे।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकी-कुन्द-चमेली सहज गुलाब सुहाया।
जिनपद-पूज मदनशर-क्षयकर निज आतमपद पाया।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

बाबर-घेवर-मोदक-खाजे-गोझा फेनी लाजे।
श्री जिन-चरन चढ़ाय मनोहर रोग-क्षुधादिक भाजै।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रत्नमय कनकथाल में जगमग ज्योति उजारी।
मोहितमिर के नाशन-कारण जिन-चरणन-तल धारी।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु कर्पूर मिलाके धूप दशांग सु लाओ।
जिनपद पूजों खेय अग्नि में कर्म-जारि सुख पावो।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

लोंग-सुपारी-दाख-छुहारे-पिस्ता धोय धरीजे।
श्रीजिनचरण जजें भवि-प्राणी भवसागरैं सीजे।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलचन्दन-चावल शुभ लेके फूल सु लाल निहारो।
नेवज-दीप-धूप-फल उत्तम अर्घ्य पूजि अघ टारो।।
समवसरण में कल्पवृक्ष की भूमि रत्नमय सोहे।
मेरुवृक्ष 'आग्नेय' दिशा में जिन-पूजत दिव-शिव होहे।।
ॐ ह्रीं मेरुवृक्षस्य आग्नेयदिशि जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन्दारभूपकल्पवृक्ष जिन पूजा प्रारम्भ

अडिल्ल

कल्पवृक्ष की भूमि विराजत सोहनी, समवसरण मैं जान सु जगमग मोहनी।
भूपवृक्ष मन्दार परम शोभा धरे, 'नैर्ऋतदिशा' प्रमाण सु सुर पूजा करे।।

ॐ ह्रीं मन्दारभूपवृक्षस्य चतुर्दिशि चतुर्जिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं मन्दारभूपवृक्षस्य चतुर्दिशि चतुर्जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं मन्दारभूपवृक्षस्य चतुर्दिशि चतुर्जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।(सन्निधिकरणम्)

अथाष्टक (गीता छन्द)

श्री सार पदम-द्रह अनूपम नीर तातें लाइये।
जिनराज चरण चढ़ाय भवि जिय जिन सुमंगल गाइये।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर केसर मलय-संग घसि सरस वास सुहावनी।
संसारताप-निवार प्रभु जी जजों प्रीति उपावनी।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल अमल अक्षत अखण्डित परम पावन लीजिये।
पद अखय कारण जिन सु आगे पुंज सुन्दर दीजिये।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पक-चमेली-केवरी-मचकुन्द जिन आगे धरों।
गुलदावदी सु गुलाब ले के मदनबाण व्यथा हरों।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी सु घेवर सरस मोदक सिता बहु तामें परी।
जिनराज-चरण चढ़ाय के तत्काल रोग-क्षुधा हरी।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप मणिमय ज्योति जगमग कनक-भाजन पायके।
प्रभुचरण पूजत ज्ञान हूजत मोह जात पलायके।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूप सुन्दर ले दशांग सु अग्निमाँहिं जलाइये।
जिनचरण पूज अनादि के वसु कर्म-पुंज जराइये।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम सु फल जगमाँहिं जेते ढूँढ़कर भवि लावहीं।
जिनराज पूजत भाव सेती मोक्षफल तहं पावहीं।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-गंध-अक्षत-फूल-नेवज-दीप-धूप सु खेवते।
कवि 'लाल' फल प्रासुक सु लेकर अर्घ्य धर प्रभुसेवते।।
'मन्दार' नाम सु भूपवृक्ष अनूप जिनपद-पूजिये।
सुन्दर दिशा 'नैर्ऋत्य' जानी हरष सम्मुख हूजिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशायाः मन्दारभूपवृक्षस्थ-जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सन्तानभूपवृक्ष जिनपूजा

सोरठा

कल्पवृक्ष की भूमि भूरवृक्ष सन्तान है। पूजत सुर-नर झूमि 'वायव' दिशा प्रमान है।।

ॐ ह्रीं सन्तानभूपवृक्षस्य चतुर्दिशानां जिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं सन्तानभूपवृक्षस्य चतुर्दिशानां जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं सन्तानभूपवृक्षस्य चतुर्दिशानां जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (त्रिभंगी छन्द)

पदम-द्रह नीरं गन्ध-गहीरं कंचनझारी भरि लावो।
जिनचरणन पूजो तन-मन हूजो और न दूजो प्रभु पावो।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजें 'वायव' विदिश में जु कहा।।

ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन दाह-निकंदन केशर घसि तामें लीजे।
भवताप-विनाशी परम-लखासी श्रीजिन आगे धरि दीजे।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।

ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत शुभ लीजे पुंज सु दीजे जिन पूजीजे सुखकारी।
अक्षयपद पावे विलम न लावे जिनगुण-गावे बलिहारी।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

श्री पुष्प सुसारं परिमलं-धरं मधु-झंकारं धरि खासे।
जिन-अग्र सु धारों काम-निवारों सुख-विस्तारों अघ नाशे।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

धरि बाबर-घेवर-मोदक-खाजे बहुविध ताजे तुरत करे।
धर जिनपद आगे अघसब भागे क्षुधा न लागे ले सुथरे।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमगत दिवालो दीप प्रजालो जिनपद बालो सुखकारी।
मो तिमिर विनाशे स्व-परकाशे आतम-भावे भवहारी।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूप दशंगी परिमल चंगी अग्नि सुरंगी में खेवो।
वसु-कर्म जरावो जिनगुण-गावो तूर बजावो प्रभु-सेवो।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री लोंग-सुपारी-श्रीफल भारी दाख-छुहारे धोय धरों।
जिनराज चढ़ावो मन हरषावों पुण्य कमावों मोक्ष वरों।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-चंदन-अक्षत-फूल सु लक्षित नेवज-दीप सु धूप धरी।
जिन अर्घ्य चढ़ासी चित्त हुलासी शिवफल-पासी तुरत धरी।।
सन्तान सु वृक्षं जिन-परतक्षं दरशत गक्षं पाप महा।
सुरनर सब पूजें तनमन हूजूं 'वायव' विदिश में जु कहा।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशायाः सन्तानभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पारिजामभूपवृक्ष जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा

कल्पवृक्ष की भूमि में भूपवृक्ष परमान। 'पारिजात' शुभ नाम है विदिशा गिन 'ईशान'।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (सुन्दरी छन्द)

गिरि सु हिमवनतें धारा ढरी, जल सु ला जजों जिन अघहरी।

पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस चन्दन-केसर गारिये, जिन सु पूजत दाह-निवारिये।

पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

परम पावन अक्षत लीजिये, पद अखय लहि पुंज सु दीजिये।

पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकि फूल सुहावने, जन सु पूजि परमपद पावने।

पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।

ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

चरु मनोहर उत्तम लाइये, जिन सु पूजि क्षुधादि विलाइये।
पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कनक-भाजन दीप सु लहलहे, स्व-पर-भेद चढ़ावत हो गये।
पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगुरुचन्दन-कुंकुम खेइये, करम-नाशि सु जिनपद-सेइये।
पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

जल सु प्रासुक ले उत्तमधरो, जिन चढ़ाय सु शिवतिय को वरो।
पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु सुद्रव्य संजोय विशालजी, जिन चढ़ावत अर्घ्य सु 'लाल' जी।
पारिजात सु वृक्ष महान् है, जिन सु पूज दिशा ईशान है।।
ॐ ह्रीं ईशानदिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चारों भूपवृक्ष सम्बन्धी जयमाल

दोहा

छठवीं भूमि सुहावनी देखत नयन अघात। तीन योग दे के सुनो 'लाल' कुँवर बलि जात।।

(पद्धरि छन्द)

जय मेरुवृक्ष भूपति बखान, सब वृक्षानि में नृप-सम सुजान।
जय सुर-नर लख नाचत प्रवीन, जय तसु वर्णन भाषों नवीन।।
जय शोभा वृक्ष-तनी अपार, ऊपर जैसी ही कही सार।
जय वृक्ष सु चरों दिश-प्रमान, जिनभवन सु चार कहे बखान।।
जय गन्धकुटी शोभे अनूप, जय जगमगात रवि ज्योतिरूप।
जय सिंहासन शोभे सु तीन, जय तापर कमल रचो नवीन।।
जय तापर प्रतिमा एक जान, श्री सिद्धस्वरूप तनी बखान।
जय तीन छत्र शोभें महान् जय चमर ढुरें आनन्द-खान।।
जय तिन द्युति उज्ज्वल जगमगात, मानो दुग्धोदधि लहलहात।
जय सुर-नर पूजा करत गाय, जय वसुविध द्रव्य सु ले चढ़ाय।।
जय अर्घ्य देत आनन्द पाय, जयमाल पढ़त हरषात अघाय।
जय फिर सुर नृत्य करें बनाय, ता-थेई थेइ-थेइ जिनगुण सु गाय।
जय बाजत बीन-मृदंग साज, सुरताल लिये मुहचंग बाज।
जय नाचत प्रभुगुण मनविचार, झम-झमकि चाले थई-थई सु धार।।
जय फिर परदक्षण देहिं तीन, चारों जिनमन्दिर की प्रवीन।
जय फिर-फिर प्रभु को दरश सार, नयनन भरि निरखत हर्ष धार।।
जय जिनथुति फिर मुखतें उचार, जय-जय जिन जगतें करहु पार।
जय सुर वरषावत सुमनसार, गन्धोदक बरषा हृदय धार।।
जय रतनधार बरषे विशाल, जय जगमग नभ दीखे सु लाल।
जय दुन्दुभि-बाजे बजें धीर, तिनकी धुनि सुन सुर नचें वीर।।
जय ता आगे जानी सु सार, जय मानस्तम्भ हृदय विचार।

देखत मानी मो मद विलाय, जय-जय श्री मानस्तम्भ गाय।।
इक भूपवृक्ष जिनभवन चार, जय या-विध भाषत हरष धार।
जय ऐसे चारों दिश बखान, यह सोलह जिनमन्दिर प्रमान।।
ये सोलह जिनमन्दिर विशाल, सुर नर मिल पूजत हैं त्रिकाल।
जय पूरव पुण्य उदय सु आय, जय जिन पूजत आनन्द पाय।।
जय जिन मंदिर बाहर निहार, तरु झूमि रहे शाखा-पसार।
तहँ चन्द्रकान्तमणि-शिला जान, शशि की द्युति लज्जित भई मान।।
जय तापर श्री मुनिगुण-निधान, धर ध्यान विराजत क्षमावान्।
जय दर्शन कर भविमुनि सु पास, वृष-वचन सुनें आनन्दरास।।
धर्मामृत मुनि-वच सुन प्रवीन, निजआतम का चिन्तवन कीन।
जय कोई मुनि-ढिग जो माँड, बैठे सब-विध परिग्रह सु छाँड।।
ऐसी शोभा जिनभवन-द्वार, सुर-नर लख क्रीडा करत सार।
जय जिन-गुण-महिमा आगम जान, कवि कौन कहें ताको बखान।।
पर तुच्छबुद्धि मेरी सु जान, सोधी जो पण्डित बुद्धिमान्।
उपदेश पाय सब सुख सु राय, कवि 'लाल' सु जिन-पद शीश नाय।।

दोहा

श्री जिन-महिमा अगम है को कवि पावे पार। तुच्छबुद्धि कवि 'लाल' जी भाषा रची विचार।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशि पारिजातभूपवृक्षस्य जिनेन्द्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचे यह पाठ सरस मन लाय के, सुने भव्य दे कान सु मन हरषाय के।
धन-धान्यादिक पुत्र-पौत्र-सम्पति धरे, नरसुर के सुख भोग बहुरि शिव-तिय बने।।

इत्याशीर्वादः।

सप्तम भूमि वर्णन प्रारम्भ

(भुजंगप्रयात छन्द)

गिनो सातवीं भूमि सुन्दर सु खासी, बने तूप जानों महा सौख्य-रासी।
गिनो और बाँई गिनो और दाँई, सु अन्तर-गली बीच के माँहि भाषी।।
बने द्वार-सारं आभ्यन्तर निहारं, सु चौथी विचारं सु वेदी प्रमानो।
कंगूरा विराजें भले बुरज राजें, सु सुन्दर सु छाजें हृदय-माँहि आनो।।

ॐ ह्रीं सप्तमभूमिगल्याः स्तूपवामदक्षिणाभागे अन्तरगल्याः द्वारे आभ्यन्तरे चतुर्थवेदिकासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

जान वेदी में चित्राम जू, लसत सुन्दर हैं अभिराम जू।
कहीं श्री मुनि-संघ विराजते, देखिये चित्राम सु राजते।।

ॐ ह्रीं विविधचित्रयुक्त-चतुर्थवेदिकासंयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहुँ सु मुनिवर ध्यान सु धर रहे, कहुँ सु वृष-उपदेश भले कहे।
गिरि-विषें ठांढ़े धरि जोग जू, चित्र ऐसे विरकित-भोग जू।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ चतुर्थ वेदिका चतुर्थशालामध्ये धर्मोपदेशक-यतिचित्र-संयुक्त समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चलत भूमि सु नयन निहारिकें, देखियत मुनिराज विचारकें।
देत श्रावक दान सु जानकें, रतन बरषत तिन घर आनकें।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ चतुर्थवेदिकाचतुर्थशालमध्ये आत्मलीन-दिगम्बरयतिसंयुक्त समवसरणस्थित-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देव लौकान्तिक पाड़े-विषें, वसत ते सुन्दर चित्रित दिखे॥
कहुँ सु नभ चित्राम सु देखिये, छिपत बादर में रवि पेखिये॥
निकसि ज्योति सु जगमग जानिये, लाल-श्याम सु श्वेत प्रमानिये।
बैंगनी कहुं जरद निहारिये, कहुं सुरंग प्रियंगु विचारिये॥
श्याम देख घटा सु निहारिके, चमकती बिजली लख धारिके,
देखि कुहकत मोर सु आनियो, नृत्य करत सु चित्र प्रमानियो॥

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ नानाविधचित्रचित्रित-चतुर्थवेदिकासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

वेदी भाग सु चार हृदय में आनिये, श्वेत-वरन हैं कोट सु चौथो मानिये।
हीरा ही की बनो भाग सो चार जू, रचो धनद-निज-हाथ महासुखकार जू॥

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ चतुर्थशाल-चतुर्भागसमवेत-वर्णवेदिकासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वलय व्यास बाईस भाग सो पेखिये, नानाविध मन्दिर-पंक्ति तह देखिये।
कंचनमय खम्भा तिनके परमानिये, हीरन-करि सो जड़ित हिये में आनिये॥

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ द्वाविंशंतिभाग-वलयव्यासंयुक्त-मन्दिरपंक्तिसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दुखनी तिखनी और चौखनी सार जू, बनीं बैठकें सुन्दर शोभादार जू।
दल-परदा मोतिन की झालर पेखिये, नाचें देवी-देव-विद्याधर देखिये॥

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ विविधरचनायुक्त-जिनमन्दिरसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिन मन्दिर के शिखर चले आकाश में, ऊपर कलशा सुन्दर सोहें तासतें।
दण्ड धरें सो ध्वजा लहकती देखिये, सुर-नर टेरत मनो सु नैनन पेखिये।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ विविधरचनायुक्त-जिनमन्दिरसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कहुँ मन्दिर में देव सु पौढें सार जू, सुन्दर शय्या परम सुखकार जू।
कहुँ मन्दिर में बीन बजें सुरताल सों, कहुँ बाजें मुहचंग मृदंग सु ढार सों।।
कहुँ मन्दिर में थेइ-थेइ-थेई ध्वनि हो रही, गांवें जिनगुण सुरी हरष हिय में सही।
कहुँ बनी हैं सार नृत्यशाला जहाँ, करें सु सुन्दर गान नचें सुर-तिय तहाँ।।

ॐ ह्रीं एवंविधानेकरचनासंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

तिन सु मन्दिर बीच निहारिये, चौक कुरसीदार विचारिये।
रतन-जड़ित लगे सोपान जू, चढ़ि मन्दिर ऊपर मान जू।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ मन्दिरमध्यचतुष्टकोपरि मण्डपसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सहस एक सु खम्भा जानिये, चौक ऊपरतें परमानिये।
बनरहो मण्डप सुखकार जू, ध्वजा कलशा लसत निहार जू।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ मध्य चतुष्कोपरि मण्डपसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसत तोरण सुन्दर पेखिये, रतनमाल सु लहकत देखिये।

झकझकात सु जोति उदय कही, पुण्य जान सु जिनवर को सही।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ श्रीमण्डपसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग गन्धकुटी तहँ जानिये, तीन सिंहासन परमानिये।

छत्र तीन सु शिर पर सोहने, लसत केवलज्ञानी मोहने।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ श्रीमण्डप-केवलिजिनसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

ताही में श्रुतकेवलि बैठै देखिये परम धरम दातार सु नैनन पेखिये।

चारों कोने चार सु छोटे जानिये, लघु-मण्डप-परमान हृदय में आनिये।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ श्री मण्डपे श्रुतकेवलिसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिनही में मोतिन की झालर सार जू, बँधी सु बन्दनवार रतनमय धार जू।

तँह जिनवाणी चार सुशास्त्र बखानते, सुने भव्य जे जीव लहें वर जानते।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ विविधरचनासंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानगम्य सो जान देख सब अघ हरे, वचनगम्य सो नाहिं कथन कां लों करे।

श्री जिन-महिमा सार निहार विशालजी, भाषों वर्णन गाय नाम कवि 'लाल' जी।।

दोहा

जो कछु चूक विलोकिये शोधो श्री गुणवान्। क्षमाभाव मो पर करो कवि लघुताई जान।।

ॐ ह्रीं सप्तभूमौ विविधरचनासंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

केवलज्ञान पूजा प्रारम्भ

दोहा

भूमि सप्तमी के विषैं कहे केवली गाय। तिन पद सुर-नर मिल सबै पूजत निर्मल भाय।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानसंयुक्तजिनेन्द्राः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं केवलज्ञानसंयुक्तजिनेन्द्राः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं केवलज्ञानसंयुक्तजिनेन्द्राः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक

('सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें')

जय समवसरण मे केवलज्ञानी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
पूजत सुर-नर मिल भवि प्राणी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जय मलयागिरि चन्दन घसि वासी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय भव आताप हरे जगवासी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

जय मुक्ताफल-सम अक्षत लावो सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय जिनपद पूज अखयपद पावा सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

जय कमल-केतकी फूल सुखासे सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय जजत जिनेश्वर अघ-मल नासे सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

जय फेनी-मोदक-खाजे लावों सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय क्षुधा न शे जिन-चरन चढ़ावो सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जय मणिमय दीप जले शुभ वाती सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय जजत जिनेश्वर मोह सु घाती सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।

जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

जय धूप मनोहर खेय दशांगी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय कर्म जरें जिनपूज अष्टांगी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

जय उत्तमफल जगमाहिं सु जेते सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूज जिनेश्वर शिवफल देते सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जय जल-फल-अर्घ्य चढ़ाय सु सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय 'लाल' सदा जिन-पूजत प्राणी ज्ञानी सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पद्म-द्रह को नीर सु ले के सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।
जय पूजत जिन-पद धार सु दे कें, सुगुण हम ध्यावें, सुगुण हम ध्यावें।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ-केवलिजिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला - दोहा

भूमि सातवीं जानिये मन्दिर-बीच विशाल। श्रीमण्डप में केवली राजत है जयमाल।।

(पद्धरि छन्द)

जय-जय जिन कर्म-हने दयाल, जय केवलिपद-पायो विशाल।
जय श्रीमण्डप शोभें अनूप, रचि सहस-थम्भ सुन्दर स्वरूप।।
जय तिन पर तोरण बने सार, झालर मोतिन की बँधी धार।
रत्नन की वन्दनवार जान, जय झकझकात आनन्द-खान।।
जय श्रीमण्डप तापर निहार, जय ऊँचे कलशा लसें सार।
लहकें सु ध्वजा मनों नचें सोय, ऐसी आशंका हृदय होय।।
जय मण्डप-विच जानो प्रवीन, जय गन्धकुटी शोभे नवीन।
जय तीन पाठ पर लसत सोय कलशा अरु ध्वजा उतुंग जोय।।
जय सिंहासन ता-बीच तीन, शिर छत्र तीन शोभे नवीन।
निकसो द्युति रश्मि चली अशेष, दशदिश में फैल रही सुवेष।।
तहँ केवलज्ञानी जिन अनूप, जिनराज विराजत सुभग रूप।
जय वानी वरषत मेघधार, जय भव्यजीव आनन्दकार।।
जय सुर ढोरत हैं चमर, जान, जय-जय-जय मुख बोलत प्रमान।
जय सुर-नर-मुनि बैठें अपार, जिनराज-सुगुण गावें विचार।।
जय सुरपति पूजा करत आय, वसु-द्रव्य सु उज्ज्वल ले बनाय।
फिर स्तुति इन्द्र करे सु गाय, भवसागर-तारक जग तराय।।
जय तुम देवन के देव ईश, सुर-नर अरु इन्द्र नवाँय शीश।
तुमकों पूजत मन लाय देव, फिर-फिर मुख-देख करें जु सेव।।
जय पूजा कर जयमाल गाय, परदक्षण तीन दई सु जाय।

फिर-फिर सुर नृत्य करें बनाय, ता थेई-थेई-थेई ताल लाय।।
जहाँ बाजत वीर-मृदंग साज, मुहचंग-मुरज-मुरली अवाज।
जय सुर गावत धुनि रहौ पूर, गावत सु ख्याल झुरमुट हजूर।।
जय छमछमछम घुँघरू बजाय, जय ठम-ठम-ठम कि चलें सु धाय।
जय द्रम-द्रम-द्रम बाजत मृदंग, जय झुक-झुक-झुक नाचत अभंग।।
जँह झुमरे खेलत सुर अपार, बाजत समाज आनन्दकार।
जय फिर-फिर जिन को शीस-नाय, बहु पुण्य लहावत सुर सुराय।।
जय ताही मण्डप में निहार, श्री श्रुतकेवलि हृदयें विचार।
जय मण्डप-वर्णन कियो गाय, मण्डप के चारों कोन लाय।।
सब छोटे मण्डप चार जान, मणिमयी रतन-सों जड़े मान।
जय तिनमें शास्त्र बचत निहार, छह द्रव्यन की चर्चा विचार।।
जय भव्यजीव समझें सुधार, जिनधर्म परम आनन्दकार।
जय भूमि सातवीं को बखान, जय भाषों सुन अघ होय हान।।
जय जय केवलज्ञानी जिनेश, जय तिन-पद पूजत हैं सुरेश।
जय-जय-जय वर्णन बहु विशाल, जय शीश नाय पूजत सु 'लाल'।।

दोहा

भूमि सातवीं की कही पूजा सरस सुजान। केवलज्ञानी दर्शकर पूजत हैं मतिमान।
ॐ सप्तमभूमौ केवलज्ञानिजिनेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचे यह पाठ सरस मन लायकें, सुने भव्य दे कान सु मन हरषायकें।
धन-धान्यादि पुत्र-पौत्र-सम्पति धरे, नर-सुर के सुख भोग बहुरि शिवतिय वरे।।

इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

पूर्वदिशा नवस्तूप पूजा प्रारम्भ

दोहा

समवसरण जिनराज को पूरब दिशा बताय। शोभित तूप सुहावनै पूजों नव हरषाय।।

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूप-जिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूप-जिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूप-जिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (सोरठा छन्द)

नीर सु द्रह को सार रत्न-जड़ित झारी भरों।

तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केसर गार रत्न-कटोरी में धरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल-उनहार अक्षत जिन आगे धरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

महकें फूल अपार काम देख आपहिं डरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ *जिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।*

फेनी गोझा सार उतम षट्रस संचरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग दीपं अपार मोहनाश जगतें तरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अग्नि में डार अष्टकर्म आपहिं जरें। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्कृष्ट सम्हार शिवसुन्दरि क्षण में वरों। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलफल अर्घ्य बनाय 'लाल' सु जिन-पायन परें। तूप सु नव सुखकार पूरब-दिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पूर्वदिशि नवस्तूपस्थ जिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दक्षिण दिशा नवस्तूप जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा

समवसरण जिनराज को दक्षिण-दिशा बताय। शोभित तूप सुहावने पूजों नव सुखदाय।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (सोरठा छन्द)

नीर सु द्रह को सार रतनन की झारी भरों। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केशर गार भव-आताप-व्यथा हरो। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल उनहार अक्षत जिन आगे वरों। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

महकें फूल अपार काम देख आपहिं डरों। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-गोझा सार उत्तम षट् रस संचरों। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग दीप निहार मोह-नाश जगतें करों।तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अग्नि में डार दुष्ट कर्म आपहिं जरें। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्कृष्ट सम्हार शिवसुन्दरि क्षण में वरों। तूप सु नव सुखकार दक्षिणदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि *नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।*

जल-फल अर्घ्य सु धारि 'लाल' पूजि पांयन परें। तूप सु नव सुखकार
दक्षिणदिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं दक्षिणदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम दिशा नवस्तूप जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा

समवसरण जिनराज को पश्चिम दिशा बताय। शोभित तूप सुहावने पूजों नव सुखदाय।।

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अथाष्टक (सोरठा छन्द)

नीर सु द्रह को सार रतनन की झारी भरों।तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केशर गार भव-आताप व्यथा हरों। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल-उनहार अक्षत जिन आगे धरों। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

महकें फूल अपार काम देखि आपहिं डरों। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।

ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-गोझा सार उत्तम षट् रस संचरो। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अग्नि में डार दुष्ट कर्म आपहिं जरें। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्कृष्ट सम्हार शिवसुन्दरि आपहिं वरों। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलफल अर्घ्य बनाय लाल सु जिन-पायन परें। तूप सु नव सुखकार पश्चिमदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं पश्चिमदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर दिशा नवस्तूप जिनपूजा प्रारम्भ

दोहा छन्द

समवसरण जिनराज को उत्तरदिशा बताय। शोभित तूप सुहानवे पूजों नव सुखदाय।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (सोरठा छन्द)

नीर सु द्रह को सार कंचनझारी में भरों। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन केशर गार भव-आताप-व्यथा हरों। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्ताफल उनहार अक्षत जिन-आगे धरों। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

महकें फूल अपार काम देख आपहिं डरें। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-गोझा सार उत्तम षट्रस संचरो। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग दीप निहार मोह नाश जगतैं तरों। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप अग्नि में डार दुष्टकर्म आपहिं जरें। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्कृष्ट सम्हार शिवसुन्दरि क्षण में वरों। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलफल अर्घ्य सु धार लाल सुजिन-पांयन परें। तूप सु नव सुखकार उत्तरदिश पूजा करों।।
ॐ ह्रीं उत्तरदिशि नवस्तूपजिनप्रतिमाभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल - दोहा

गली सातवीं के विषें चारों दिशा विशाल। तूप सु छत्तिस जानिये सुनो सु भवि जयमाल।।

(पद्धरि छन्द)

जय जय छत्तीसों तूप जान, जय चारों दिश के कहे मान।
जय तिनकों नमन करों त्रिकाल, जय वर्णन भाषे बहु विशाल।।
जय भूमि सातवीं बीच जान, जय नव-जव चारों दिश बखान।
जय पूरब दिश नव जान तूप जय दरवाजें सोहें अनूप।।
तिनमें इक तूप-तनी सु वर्न, जय भाषत हैं शिव-सौख्य-कर्म।
जय तीन पीठ जानो प्रमान, मणिमयी रतनसों जड़े जान।।
तिनमें श्रीतूप लसें विशाल, जय लसें सु मोती-रतन-माल।
जय जिन-तनतें ऊँची निहार, जय बारह-गुणों हिये विचार।।
जय ऊँची शिखर लसे सु जान, तापर कलशा सुन्दर प्रमान।
शुभ दण्ड धरं सुध्वजा विचार, लहके नभ में आनन्दकार।।
जय तिन में तोरण शोभमान, मणिमयी रतनसों जड़े जान।
जय मोतिन की झालरि रसाल, जय जगमग-जगमग होत लाल।।
जय तिस पर तोरण तीन सार, जय सिंहासन शोभे अपार।
जय तिन दुति देख छिपो जु सुर, निकसी द्युति दश-दिश रही पूर।।
जय तिन पर राजत जिन सु देव, जय-जय अरिहन्त जु सिद्ध देव।
इनकी प्रतिमा जानो विचार, भवि जीवन को आनन्दकार।।
जय तिनसु शीश पर छत्र तीन 'त्रिभुवन के पति' भाषत प्रवीन।
जय वसुविध मंगलद्रव्य आन, जय राजत मंगल की सु खान।।
जय देवी-देव तहाँ अपार, वैताढ्य-तने नर बहु विचार।
जय वसुविध द्रव्य जु सार लाय, जय पूजत श्रीजिन के सुर पाय।।

जय-जय-जय जिन-गुणमाल गाय, जय स्तुति फिर भाषत बनाय।
जय सब मिल नृत्य करें सु जान, जय बजत मृदंग सु ताल मान।।
मुहचंग-बीन इन आदि साज, सुरताल-सहित निकसे आवाज।
जय थेइ-थेइ-थेइ धुनि होत सार, जय सुर-नर-तिय नाचें निहार।
जय जिनगुण गावत हरष-धार, बहु पुण्य-बढ़ावत सुर विचार।
जय धन्य जन्म तिनको बखान, जय जिन-दर्शन देखत सुजान।।
जय सफल जन्म तिनको प्रमान, जिन-पूजि सुपावन तन सुजान।
जय एक तूप वर्णन-निहार, जानो इकदिश में नव विचार।।
चारों दिश छत्तिस कहे गाय, सुर-नर पूजत आनन्द पाय।
छत्तीस तूप वर्णन विशाल, जय शीश नाय भाषत सु 'लाल।।

दोहा

गली सातवीं चार दिश, तूप सु छत्तीस जान। शुभ-शुभ अक्षर लायकें, पूजा करो बखान।।

ॐ ह्रीं चतुर्दिशसम्बन्धि-षट्त्रिंशत्स्तूपस्थ-जिनेन्द्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचे यह पाठ सरस मन लायकें, सुने भव्य दे कान सु मन हरषायकें।
धन-धान्यादि-पुत्र-पौत्र-सम्पति बढ़े, नर-सुर के सुख भोग बहुरि शिवतिय वरे।।

।। इत्याशीर्वादः।।

श्रीमण्डप वर्णन प्रारम्भ

(अडिल्ल छन्द)

चौथा नाम सु कोट वज्रमय जानिये, हीरा कैसी कान्ति श्वेत मन आनिये।
ऊँचो जिन-तनतें जु चौगुनो देखिये, एक भाग मोटाई परम विशेखिये।।

ॐ ह्रीं जिनतनुतः चतुर्गुणोतुंगभागात्-वज्रमय-श्वेतवर्ण-चतुर्थप्राकारसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फिर कैसो है कोट किरण तातें कढ़ी, जगमग-जगमग-ज्योति होत दश दिश बढ़ी।
तहाँ रात-दिन को कुछ भेद न जानिये, पंचवरन के रतन-जड़ित मन आनिये।।

ॐ ह्रीं चतुर्थप्राकारप्रबुद्धकान्तिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वुरज-कंगूरा ध्वजा-सहित शोभे तहाँ, नाचे कुरसा सुभग विराजत हैं जहाँ।
भूमि सातवीं-तें सोपान लगे सही, सुवरण-मणिमय-जड़ित चढ़त शोभा लही।

ॐ ह्रीं चतुर्थप्राकार-दुरज-कंगूरा-ध्वजासुशोभित-विष्ठरविशिष्ठ-सप्तमसोपानसंयुक्त-समवसरणस्थित जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चढ़ि शिवान पै चौक सु आगे देखिये, कैसा है सो चौक सु मणिमय पेखिये।
चौक छोड़ि के कोट वज्र के जानिये, दरवाजे सु विशाल लसें उर आनिये।।

ॐ ह्रीं द्वारयुक्तचतुर्थप्राकारसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दरवाजे कारण-युत शोभे सार जू, नानाविध के रतन जड़े सुखकार जू।
लगे किवर नि हार हरित पन्नामई, झलकें सब चित्राम सुभंग शोभा लई।।

ॐ ह्रीं अनेकरचनायुक्तद्वारसहित-चतुर्थप्राकारसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिनमें शोभें जालबंद रूमी जहाँ, और जाल सुन्दर सु विराजत है तहां।
द्वारपाल सुर जान कल्पवासी सही, पुण्यसहित सो खड़े गदा हाथन लही।।

ॐ ह्रीं द्वारपालसहितद्वारयुक्त-चतुर्थप्रकारसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वारपाल शिर मुकुट महाशोभ धरे, पद्मरागमणि-जड़ित कान्ति जगमग करें।
कानन कुण्डलसार हार हृदें लसें, रतन-जड़ित कर कथा हाथ मुंदरी बसें।
पहुँची पहुँचन-माँहि विराजत नग-जड़े, नये वस्त्र तन पहिर सु सुन्दर सुर खड़े।
आभ्यन्तर सुन्दर गिन वेदी पांचई, ताको भी वर्णन ऐसे ही साँचई।।

ॐ ह्रीं द्वारपालयुक्तद्वारसहित-पंचमवेदिकायुक्त-चतुर्थप्राकारसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वज्रकोट वेदी सु पांचई जानिये, भूमि आठवीं गली सु नैनन आनिये।
गली भूमि बाँई अरु दाहिनी ओर जू, तासु भूमि में चार सुअन्तर जोर जू।।

ॐ ह्रीं वज्रप्राकारपंचमवेदिकायाः अष्टमंगल्याः भूमो उभयपार्श्वभूमेः चुरन्तरालसंयुक्त-समवसरण स्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिनमें दो-दो गली-तनी वेदी कहीं, दोय-दोय बिच भीति फटकमय हैं सही।
चार भीति विच अन्तर तीन सु पेखिये, तेई कोठा तीन सु नैनो देखिये।।
चार दिशा की सोलह भीति विचारिये, भये सु बारह काठा नैन निहारिये।

तिनकोठन में शिखर सु गुमटीदार जू, तिनपर कलशा ध्वजा विराजे सार जू।।
कोठन के दरवाजन पै रचना रची, वंदनवार सु बंधी रतन मोतिन खची।
घण्टन को पंकति सुन्दर शोभे जहाँ, सुनिके देव सु शब्द नृत्य ठाने तहाँ।

ॐ ह्रीं अष्टभूमौ विविधरचनायुक्त-द्वादशशालप्रकौष्ठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

गनि दिशा 'आग्नेय' -विषें सही, लसत कोठा तीन प्रभू कही।
मुनि सुरीं सु कल्पवासिनि गिनो, तिय मनुष्यन की तीजी भनो।।
ॐ ह्रीं आग्नेयदिशि कोष्ठत्रये दिगम्बर मुनि-कल्पवासिनी-मनुष्यनीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिश सु 'नैर्ऋत्य' कोठा तीन जू सुभग ज्योतिषिनी भरि लीन जू।
सुनहिं जिन-वच व्यन्तरसुर-तिया, भवनवासिनी तीजे में लिया।।
ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यदिशि कोष्ठत्रय-ज्योतिष्क-वयन्तरणी-भवनवासिनी संयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन कोठा 'वायव' में कहा, भवनवासी व्यन्तर-सुर लहा।
ज्योतिषी-सुर बैठे सार जू, सुनत जिनवाणी हितकार जू।।
ॐ ह्रीं वायव्यदिशि कोष्ठत्रये ज्योतिष्कभवनव्यन्तर-सुरवास-संयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुभग दिश ईशान विचारिये, लसत कोठा तीन निहारिये।
कल्पवासी-सुर-नर देखिये, बारवें तिर्यंच स देखिये।।

ॐ ह्रीं नैर्ऋत्य दिशि कोष्ठत्रये कल्पोपन्न-देव-नर-तिर्यंच संयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वज्रकोट सु सूची जानिये, भाग अड़तालीस प्रमानिये।
तिस-विषें गिन चौथा कोट जू, वज्रमय सुन्दर शुभ जोट जू।।
आठमीं गिन भूमि सभा सही, पाँचवीं वेदी सुन्दर लही।
वलय व्यास दुतरफा के गहो, भाग चौबिस तामें घटि लहो।।

ॐ ह्रीं वज्रशालाष्टचत्वारिंशद्भागे व्रजमयचतुर्थसालतः चतुर्विंशतिभागवेदिकासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रहे भाग तु चौबिस जानिये, सहस चार सु धनुष प्रमानिये।
जान सूची मन में लायके, धनुष आठ सु ऊँची गायकें।।
लसत सोलह पैड़ी सार जू, प्रथम पीठ सु हृदय में धार जू।
रतन वैडूरज-मय बन रहीं, सुभग शोभा कर सुन्दर कहीं।।

ॐ ह्रीं अष्टचापोच्चसूचीयुक्त-चतुःसहस्रचाप-प्रथमपीठ संयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम पीठ-विषें अबह जानियो, यक्ष-देव खड़े परमानियो।
हाथ जोड़ सु भक्ति करें खड़े, धरमचक्र सु मस्तक पर मड़ें।।

ॐ ह्रीं बद्धकर-मस्तकस्थधर्मचक्रयक्षयुक्त-प्रथमपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मचक्र सु नयन निहारिये, सुभग पहियाकार विचारिये।
बन रहे आरे सु हजार जू, सुभग कान्ति-विशेष सुधार जू।।

ॐ ह्रीं विचित्रधर्मचक्रसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम पाठ विषैं दिश चार जू, धर्मचक्र सु चार निहार जू।
वसु सु मंगल द्रव्य बने तहाँ, प्रथमपीठ विराजत हैं जहाँ।।
ॐ ह्रीं चतुर्दिश-वसुमंगलद्रव्य-धर्मचक्रसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पीठ दूज पर चढ़ ना लहें, जान जिनवाणी को इह कहे।।
पुण्य श्री जिनदेव विशाल जू, करत पूजा इन्द्र त्रिकाल जू।।
ॐ ह्रीं द्वितीयपीठे इन्द्रगत्यभावातिशय-व्यवस्थासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जान ऊपर पीठ सु दूसरो, धनुष पच्चिस सौ सूची धरो।
धनुष चार सु ऊँचो जानिये, लसत आठ शिवान प्रमानिये।।
ॐ ह्रीं सुवर्णमयोच्चद्वितीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पीठ दूजी परिध निहारिये, लसत खम्भ अनेक विचारिये।
बन रहे सु सुराहीदार जू, स रस सुन्दर पहल सुधार जू।।
ॐ ह्रीं विचित्रविविधिरचनायुक्तद्वितीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लसत कंचनमय खम्भा खड़े, पांच-वर्ण सु रतननसों जड़े।
बन रही मरगोले सार जू, शिखर-सहित सु नैन निहार जू।।

ॐ ह्रीं स्तम्भशिखरामरगोलायुक्त-द्वितीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बन रह्यो श्री मण्डप देखिये, बंधिय झालरि मोतिन पेखिये।
और रचना बहुत बनी तहाँ, लसत कलशा तुंग ध्वजा जहाँ।।
ॐ ह्रीं विविधरचनायुक्त-श्रीमण्डपसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तरु अशोक सु नयन निहार कें, नशत शोक महाभय धार कें।
जडित हीरा मूल सु जानिये, कनकमय शाख परमानिये।।
पत्र पन्ना के रंग देखिये, फूल लाल सु नयनन पेखिये।
फल मनोहर सुन्दर गाइये, लसत मण्डप पर सो छाइये।।
ॐ ह्रीं श्री मण्डपपोपरि विविधरचनायुक्ताशोकवृक्षशोभासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पीठ दूजी आठ दिशा गनो, तहँ सु आठ ध्वजा लहकें भनो।
चक्र-हाथी-सिंह विशेषिये, नभ सु माला वृषभ सु पेखिये।।
गरुड़-कमल-पताका के विषें, लसत चिन्ह सु लहकतही दिखें।
वसु सु-मंगलद्रव्य धरी तहाँ, धूप-घट सुन्दर सोहे जहाँ।।
ॐ ह्रीं अनेकरचनयुक्तद्वितीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पीठ तीजी नयन निहारिये, धनुष एक हजार सु मानिये।
कही सूची सुन्दर गाय के, धनुष चार सु ऊंची पाय कें।।
ॐ ह्रीं एकसहस्रधनुरायत-चतुर्धनुरुच्चतृतीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बन रहे वसु जाम शिवान जू, रतनजड़ित सु सु निहचे आन जू।
लसत है जु कटहरा सार जू, पीठ तजी पर सु विचार जू॥
ॐ ह्रीं महाशोभायुक्त-तृतीयपीठसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पीठ तीन सु ऊपर जानिये, लसत गन्धकुटी मन आनिये।
गन्धकुटी चौकोर निहारिये, बनि रहो सुन्दर सु विचारिये॥
ॐ ह्रीं पीठत्रयोपरि समुचतुष्टकोणगन्धकुटीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)
अब जु गन्धकुटी को वर्णन जानिये, लम्बी छहसौ धनुष वृषभ के मानिये।
इतनी ही चौड़ाई नयन निहारिये, नवसै धनुष उतुंग जु यह मन धारिये॥
ॐ ह्रीं गन्धकुटीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तेइस के क्रमहीन जान सुखकार जू, फिर कैसी है गन्धकुटी सु विचार जू।
सार सुगन्ध-समूह पूर तामें रह्यो, 'गन्धकुटी' यह नाम जान तातें कह्यो॥
ॐ ह्रीं अन्तित्रयोविंशतिजिनेन्द्राणां क्रमहीनविस्तारापन्न-गन्धकुटीसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जहाँ विराजत श्री जिनदेव सुहावने, सो सुथान को वर्णन सुन गुणगावने।
ज्ञानगम्य सो जान कहै को सारजू, वचननद्वार को बाँचे सो सुखकार जू॥

ॐ ह्रीं वचनागोचर-गन्धकुटीसिंहासनसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गन्धकुटी में सिंहासन त्रय जानिये, श्वेत फटिकमय जान हृदय में आनिये।
नानाविध के रतन जड़े तहँ पेखिये, जटकत घण्टा आदिक नैनन देखिये।।
ॐ ह्रीं विविधरत्नमयगन्धकुटी-सिंहासनसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सुन्दरी छन्द)

लसत सिंहासन पर सोहने, कमल सुर-नर को मन-मोहने।
वर्ण लाल लसें सुखकार जू, सहसपत्र विलोक विचार जू।।
ॐ ह्रीं सहस्रपत्रयुक्त-सुवर्णकमल-विशिष्टसिंहासनसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-बीच करणिका जानिये, चार अंगल ऊँची मानिये।
लसत श्री जिनराज विशाल जू, करत पूजा इन्द्र त्रिकाल जू।।
ॐ ह्रीं कमलोपरि चतुरंगुलान्तरीक्षजिनसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(*अडिल्ल छन्द*)

जैसी श्री जिनदेव-कान्ति तैसी कही, ताही को भामण्डल पूर रह्यो सही।
अब तीर्थंकरदेव ऊँचाई जानिये, सो कहने परिणाम हृदय में आनिये।।
ॐ ह्रीं जिनतनुसमान-कान्तियुक्त-भामण्डलसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय
अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(सवैया छन्द)

पांच साढ़े चार-चार साढ़े तीन-तीन ढाई, दोय डेढ़ एक सौ धनुष उर आनिये।
नवै असी सत्तरि धनुष साठि जानिये, पचास गिन पैतालीस चालिस प्रमानिये।।
पैतिस जु तीस अरु पचीस बीस पन्द्रहदश, सवा-द्वै-पौने-द्वै धनुष सु पेखिये।
चौबिस जिनेश-काय तुंगता दई बताय, भव्यजीव हिये लाय शीश नाय देखिये।।

ॐ ह्रीं एतत्पद्योक्त-जिनकायोच्चता-शोभासंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चार कोट वेदी पांच चौगुने जिनेश जु, ऊंचे कहे गात भैया देखो मन लाय कें।
मन्दिर जिनेश-थान कोट वेदी द्वार जान, तूप मानस्तम्भ धरें पर्वत बनाय कें।।
क्रीड़ा के सु थान नृत्यशाला कल्पवृक्ष जान, सिद्धारथ वृक्ष सार सुन्दर सु लीजिये।
बारे कोठा बीच श्री मण्डप विराजमान, बारह गुणे ऊंचे जान देख प्रभू जीजिये।।

ॐ ह्रीं समवसरणरचना-तुंगताप्रमाणसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीमण्डप पूजा प्रारम्भ

(अडिल्ल छन्द)

श्री मण्डप में जान विराजें देव जू, सुर-नर पूजत पांय करें नित सेव जू।
हम पूजत शिरनाय यहां कर थापन, जजत जिनेश्वर-पाय लहें हित आपना।।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्।

(सन्निधिकरणम्)

अष्टक

(श्री शंतिनाथ जी की पूजा की चाल में)

सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।। (अचरी-इस चाल में)
कंचन की झारी में भरि के उज्जवल नीर सु लावो।
जन्म-जरा दुःख नाशन-करण श्री जिन-चरण चढ़ावो।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केशर में कर्पूर मिला के मलयागिर सुखराशी।
चरण पूज जिनराज प्रभु के भव-आताप-विनाशी।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

देवजीर सुखदास सु अक्षत मुक्ताफल-सम आनों।
पूंज मनोहर जिनपद आगे देत अखय-पद जानो।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकी-जुही-चमेली-बेला सुभग सुहावे।
ले गुबाल जिनवर-पद-पूजों काम-नाश शिव पावे।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेनी-घेवर-मोदक-लाडू-गोझा सरस सुहाते।
क्षुधारोगी-निर्वारन-कारन पूजत कर धर ताते।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय दीप अमोलक लेकर बाती तुरत प्रजालो।
मोहतिमिर भहरात फिरें तहँ जगमग होत दिवाली।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु कर्पूर कूट के धूप दशांगी खेवो।
अष्टकर्म छिनमाँहि सु जरि के छार होंय प्रभु सेवो।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं *समवसरणस्थितजिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।*

श्रीफल-लोंग-सुपारी भारी पिस्ता नये चढ़ावो।
कहत जिनेश्वर-मुखतैं वानी तुम हू सुर शिव जावो।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-फल अर्घ्य बनाय गाय गुण पढ़ि जयमाल सु नाचों।
तुच्छबुद्धि कवि 'लाल' पाय के वाँचत मन धर सांचो।।
सु तारक पूजत हों जय समवसरण में जाय सु तारक पूजत हों।
श्री चौबिस जिन के पाय सु तारक पूजत हों।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल - दोहा

समवसरण के बीच में श्रीमण्डप सुविशाल। बीच विराजे शम्भु जी 'लाल' भने जयमाल।।

(त्रिभंगी छन्द)

जय जय गुण-सुन्दर पुरन्दर धरम धुरन्धर जगपते।
जगमग तसु ज्ञानं दुर्णय भानं जोग-निधानं देव-नते।।

(पद्धरि छन्द)

जय चार घातिया घात नमस्ते, राग-द्वेष दो टारि नमस्ते।
केवलदर्शन पाय नमस्ते, परमौदारिक-काय नमस्ते।।

इन्द्र आय आनन्द नमस्ते, पूजा करत सु छन्द नमस्ते।
क्षीरोदधि जल लाय नमस्ते, नहुन करत गुण-गाय नमस्ते।।
वसुविधि द्रव्य चढ़ाय नमस्ते, स्तुति करत बनाय नमस्ते।
सब देवन सिरताज नमस्ते, गुणमण्डित जिनराज नमस्ते।।
महामोह-हतिकार नमस्ते, भव्यन को सुखदाय नमस्ते।
पर-परिणति-परिहार नमस्ते, ज्ञाननिधान सु भान नमस्ते।।
निस्पृह हो जगतें जु नमस्ते, धरि समाधि वैराग्य नमस्ते।
सिद्ध-चिदानंदराय नमस्ते, शिवमारग दरशाय नमस्ते।
सुर-नर मिल नित ध्याय न मस्ते, करुणासागर देव नमस्ते।
अशरण-शरण जिनेश नमस्ते, वचन दयारस लीन नमस्ते।।
हरि-हर करि प्रभु-पूज नमस्ते, लोकालोक-विलोक नमस्ते।
जय-जय जग-आधार नमस्ते, सुर जय-जय उच्चार नमस्ते।।
पंचाचार सु पाय नमस्ते, इन्द्र सु स्तुति गाय नमस्ते।
फिर निज भाल नवाय नमस्ते, मण्डित नृत्य सु ध्याय नमस्ते।।
थेइ-थेइ-थेइ धुनि होत नमस्ते, जगमग जिन-तन-ज्योति नमस्ते।
बाजत बीन-मृदंग नमस्ते, दे परदक्षिण तीन नमस्ते।।
बहुविध पुण्य उपाय नमस्ते, जय-जय-जय सुखदाय नमस्ते।
प्रातिहार्य वसु पाय नमस्ते, तरु अशोक हो पास नमस्ते।।
सुर वरषावत पुष्प नमस्ते, वाणी-खिरत जिनेश नमस्ते।
तीन छत्र शिरधार नमस्ते, ढोरत चौंसठ चमर नमस्ते।।
सिंहासन थिर देख नमस्ते, भामण्डल छवि-पेख नमस्ते।
बाजत दुन्दुभि द्वार नमस्ते, श्रावक-श्राविका करें नमस्ते।।
देव असंख्यातें सुख नमस्ते, गुण अनन्त विख्यात नमस्ते।

श्रावकगण सुखदाय नमस्ते, क्षमावान् गुणवान् नमस्ते।।
जय-जय भाल नवाय नमस्ते, तुच्छबुद्धि 'कवि लाल' नमस्ते।
भव-वारिधितें तार नमस्ते, यह विनती उरधार नमस्ते।।

दोहा

श्री अरिहन्त जिनेश की, गूंथी शुभ जयमाल। जो पहिरे भवि कण्ठ में, तिनके भाग्य विशाल।।

ॐ ह्रीं श्रीमण्डपकेवलिसंयुक्त-समवसरणस्थितजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल

जो बाँचे यह पाठ सरस मन-लायके, सुनें भव्य दे कान सुन मन हरषायकें।
धन-धान्यादि पुत्र-पौत्र-सम्पत्ति वरें, सुरनर के सुख भोगि बहुरि शितिय वरे।।

।।इत्याशीर्वादः।।

चक्रवर्ती, बलभद्र, नारायण, कामदेव आदि अनेक राजाओं व भव्य जीवों द्वारा

समसरण में क्रियमाण पूजा का वर्णन

दोहा

छहों-खण्ड त्रय-खण्डपति भूष सु मन हरषाय।
समवसरण में जायकें पूजत श्री जिनराय।।

ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राः ! अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राः ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राः ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अष्टक (कुसुमलता छन्द)

पद्म-द्रह को नीर अनुपम कंचन-झारी में भर लाय।
श्री जिन-वर्ण चढ़ावत भविजन जन्म-जरा-दुःख दूर पलाय।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।

ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केशर अरु कर्पूर मिला के रतन कटोरा में धर सार।
भव-आताप-विनाशन-कारन श्री जिन-वर्ण चढ़ावत गार।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।

ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

देवजीर सुखदास अटूटे अक्षत सुन्दर धोय बनाय।
पुँज धरों श्रीजिनवर के ढिंग अक्षयपद पावों गुण गाय।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल-केतकी-बेल-चमेली-श्रीगुलाब सुन्दर सुखकार।
श्री जिनवर पद-पूजत भविजन भावसहित भाजे खल मार।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

बावर-घेवर-मोदक-खाजे-फेनी-गोझा सरस सुहाय।
श्रीजिन-चर्ण चढ़ावत भविजन देखत क्षुधा सु दूर पलाय।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रतनमय कनक रकेबी जगमग ज्योति सु होत विशाल।
श्री जिन-चर्ण चढ़ाय गाय गुण मोह-तिमिर भाजे तत्काल।।

तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु वर धूप अग्नि में खेवत भविजन मन-हरषाय।
अष्टकर्म के नाशन-कारण श्री जिनवर पद-पूजत आय।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल-दाख-छुहारे-पिस्ता-लोंग-सुपारी आदिक लाय।
भाव सहित श्री जिन पद पूजे मुक्ति श्री पावे हरषाय।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल-चन्दन धरि फूल मनोहर अक्षत-नेवज-दीप विशाल।
धूप-श्रीफल अष्टद्रव्य ले अर्घ्य चढ़ाय गाय गुणमाल।।
तीनखण्ड छहखण्ड-भूप मिल पूजत श्री जिनवर के पाँय।
ताल-मृदंग साज सब बाजत जय-जय-जय जिनवर सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल - छन्द

जय-जय-जय जिनराज जी तीर्थंकर सु विशाल। तिन पद वन्दों भव-सों 'लाल' भने

जयमाल॥

(पद्धरि छन्द)

सुर-नर-मुनिगण गावत जय-जय, श्री आदीश्वर ध्यावत जय-जय।
अजितनाथ जिनराज सु जय-जय, सब वेदन सिरताज सु जय-जय।
सम्भवजिन जगनायक जय-जय, गुणमंडित अघघातक जय-जय।
श्री अभिनन्दन देव सु जय-जय, करत अमरगण सेव सु जय-जय॥
सुमति सुमति दातार सु जय-जय, भविजीवन-सुखकार सु जय-जय।
पद्मप्रभ शिवदायक जय-जय, मुकतिवधू वरनायक जय-जय॥
श्री सुपार्श्व वरज्ञान सु जय-जय, लोकालोक सु ज्ञायक जय-जय।
चन्द्रप्रभ द्युति-चन्द्र सु जय-जय, पूजत पातक मन्द सु जय-जय॥
पुष्पदन्त परमेश्वर जय-जय, पूजा करत सुरेश सु जय-जय।
श्री शीतल जिनराज सु जय-जय, छत्र सु तीन विराजित जय-जय॥
श्री रेयांस जिनेन्द्र सु जय-जय, पूजत सर्व सुरेन्द्र सु जय-जय।
बजत दुन्दुभी-साज सु जय-जय, वासुपूज्य जिननाथ सु जय-जय॥
विमल शीश पर अमर सु जय-जय, ढोरत चौसंठ चमर सु जय-जय।
ज्ञान अनन्तों पाय सु जय-जय, श्री अनन्त जिनराज सु जय-जय॥
धर्मनाथ पद परसत जय-जय, शिवसुन्दरि को दरसत जय-जय।
शान्ति शान्ति-करतार सु जय-जय, भवि जीव आधार सु जय-जय॥
कुन्थुनाथ सुखकारण जय-जय, श्री परमेश्वर तारण जय-जय।

अर जिनवर यशवान सु जय-जय, परमपुरुष गुणखान सु जय-जय।।
मल्लि मुक्ति-कान्तवार जय-जय, शिव सु थान में वास सु जय-जय।
मुनिसुव्रत जगदीश्वर जय-जय, सब विद्या के ईश्वर जय-जय।
नमि जिनवर जिनराज सु जय-जय, पूजत भवि सिर नाय सु जय-जय।
नेमिनाथ रजमति वर जय-जय, छोड़े बन्दि दयाधर जय-जय।।
श्री पारस पद-वन्दत जय-जय, तीन लोक आनन्दित जय-जय।
निज आतमहित-कारण जय-जय, वर्धमान भवतारक जय-जय।।
चौबीसों जिनराज सु जय-जय, पूजत मन-वच-काय सु जय-जय।
पावत शिवपद हाल सु जय-जय, नमन करतु कवि 'लाल' सु जय-जय।।

(दोहा छन्द)

चौबीसों जिनराज के समवसरण में जाय। नारायण षट्खण्ड-पति पूज करी सुखदाय।।
ॐ ह्रीं श्रीसमवसरणस्थलचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

जो बाँचे यह पाइ सरस मन लाय के, सुने भव्य दे कान सु मन हरषाय के।
धन-धान्यादिक पुत्र-पौत्र-सम्पति करे, न र-सुर के सुखभाग बहुरि शिवतिय वरे।।

इति आशीर्वादः

चतुर्विंशति जिनपूजा प्रारंभ

(सुन्दरी छन्द)

फिर सु इन्द्र प्रभु-पूजा करे नाय शीश सु भक्ति हिय धरे।
करत पूजा इन्द्र सु गायके हम यहाँ पूजत मन लायके।।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः ! अत्र अवतार अवतरत संवौष्ट्। (आह्वानं)

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधापनम्। (सन्निधिकरणम्)

अथ अष्टक (कार्तिक की चाल में)

प्राणी पद्म-द्रह को नीर ले उज्जवल शशि की उनहार।
प्राणी श्री जिन-चरण चढ़ाय के दुःख जन्म-जरा निरवार।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।

ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी केशर-अगरु-कपूर ले मलयागिर-गन्ध अपार।

प्राणी श्री जिन-चरण चढ़ायकें भवताप-नाश-निर्धार।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी अक्षत आछे लाय कें अनबीधें मोती आन।
प्राणी श्री जिन-चर्ण चढ़ाय के अक्षयपद पावे जान।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी बेल-चमेली-केवरी इन आदिक फूल गुलाब।
प्राणी श्री जिन-चर्ण चढ़ाय के काम-बाण मिट जाय।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी फेनी-घेवर आदि ले बहु भाँतिन के पकवान।
प्राणी श्री जिन-चर्ण चढ़ाय के क्षुधा-नशे दुःखदान।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी कृष्णागरु कर्पूर ले धरि धूप दशांग बनाय।

प्राणी श्री जिन-चर्ण चढ़ाय के वसुकर्म दये सु जराय।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी लोंग-सुपारी-लायची-बादाम सु पिस्ता सार।
प्राणी श्री जिन-चर्ण चढ़ाय के शिवफल पावे सुखकार।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणी जल-फल अर्घ्य बनाय के जिनराज चढ़ावत लाय।
प्राणी आठों कर्म-विनाश के 'कवि लाल' सदा बलि जाय।।
प्राणी इन्द्र सुरग-तें आय के पूजत शिवनायक-पाँय।
प्राणी चौबीसों जिन पूजिये, प्राणी चौबीसों जिन पूजिये।।
ॐ ह्रीं समवसरणस्थ चतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाल - दोहा

चौबीसों जिनराज की कही समुच्च गाय।
जय-जय-जय जयमाल यह नित-नित मंगलदाय।।
जय चौबीसों जिनराज देव, सुर-नर-इन्द्रादिक करें सेव।
जब बलि-बलि जाय नवाय शीश, जय-जय-जयत्रिभुवनतार ईश।।
जय समवसरण तिनको रसाल, जय सुरनि-रचायो बहुविशाल।
जय वृषभ आदि महावीर जान, क्रम-हान सु ऊपर कही मान।।

जय कर्म छार कीने जिनेश, सुर-नर-मुनि मिल ध्यावत जिनेश।
चौबीसो जिन समवादिसर्न, सब संग विराजत सुनो वर्न।।
जय गणधर चौदह सौ विशाल, त्रेपन वानी झेलत त्रिकाल।
सब संग-भेद गनि सात सार, अट्ठाइस लख हृदयें विचार।।
अड़तालिस सहस कहे बखान, जा भिन्न-भिन्न वर्णन सुजान।
जय नव सै सेंतिस सहस आन, पूरबधारी चालीस मान।।
जय बीस लाख सौ पाँच गाय, पचपन मुनिशिष चित में सु लाय।
इक लाख सताइस सहस गाय, धारें जु अवधि छह सै सु लाय।।
वसु सौ पौने दो लाख जान, केवलज्ञानी जिनवर समान।
इक लाख सु पैंतालिस हजार, नव सौ सु पाँच चित में विचार।।
पर के मन की जानत सु बात, जे धरों विक्रिया सुनो भ्रात।
पैंतीस सहस दो लाख धार, नव सौ जिनराज कहे निहार।।
चौबीस सहस सौ तीन जान, इक लाख वाद जीते प्रमान।
जय सात संघ भाषे सु गाय, जय सुनो आर्यिका मन-मिलाय।।
जय लाख चवालिस गनि हजार, चौरानव जान लिखो सुधार।
जय साढ़े छह सौ धर्म-लीन, जय लसें आर्यिका शुभ प्रवीन।।
श्रावक अड़तालिस लाख जान, जिनधर्म हृदय तिनके समान।
श्रावकनी छयानव लाख सार, मिथ्यात्व-त्याग बैठी निहार।।
जिनराज दरश देखें विलोक, उन्हीं के गुण मन में सु धोक।
अनुबन्ध केवली लेहु जान, तेरह सौ आठ कहे बखान।।
ग्यारह सौ ब्यासी परम जान, गति सन्त केवली हृदय आन।
गत सिद्ध यती चौबीस लाख, चौंसठ हजार चौ चार भाख।
अनउत्तर गति दो लाख जान, वसु सौ सत्तहत्तरि सहस आन।

सौधर्म अनुत्तर गति-मंझार, इक लाख सहस गनि पंच सार।।
वसु सौ मुनि भाषिक हे जिनेश! चौबीस यक्ष भाषे मुनेश।
जय यक्षिणि चौबिस कहीं गाय, अब सिद्धक्षेत्र भाषों बनाय।।
चम्पापुरि पावापुरि निहार, गिरनार शिखर कैलाश धार।
सम्मेदशिखर जग में महान, जो बीस जिनेश्वर मोक्षस्थान।।
जय एक बार वन्दै जु कोय, तिर्यंच-नरकगति तजे सोय।
चौबीसों जिन संग मोक्ष पाय, गनि ग्यारह सहस दिये बताय।।
इक घाट पाँच सौ कहे वीर, जिन-संग मोक्ष पहुँचे सु धीर।
